7996. Sanskrit
Gl. 31022

THE LAGHUSIDDHANT KOUMUDI

OF

PANDIT BARADRÁJ BHATT

EDITED

WITH HINDI BHASHA TRANSLATION

BY

PANDIT BRAJRATNA BHATTÁCHÁRYA

Translator of Hitopdesh, Ratnavali, Shrutbodh and several chief books of Sanskrit course Examination.

FIRST EDITION

PRINTED AND PUBLISHED

BY

GANGAVISHNU SHRIKRISHNADASS

"LAXMI-VENKATESHWAR" PRESS

KALYAN & BOMBAY.

1896

(All rights reserved)

॥ श्रीः ॥

लघुसिद्धान्तकौमुदी.

पदवाक्यप्रमाणपारावारीणश्रीमद्वरदराजभट्टप्रणीता.

मुरादाबादीय-

धर्मसभामहोपदेशक-पण्डितप्रवर-दैवज्ञ-विद्वद्वर-

श्रीयुतज्वालानाथसूरिसूनुना

व्रजरत्नभट्टाचार्येण

प्रणीतया रसालाख्यया हिंदीभाषाव्याख्यया समलंकृता.

परीक्षोपयोगिप्रश्नाः, गणेष्वनिर्दिष्टा उत्तरत्रोदाहृता धातवः, परिभाषापाठः, शिक्षा, गणपाठः, अकारादिवर्णक्रमेण सुबन्तशब्द (प्रातिपदिक) सूची, अकारादिक्रमेण धातुसूची, अकारादिक्रमेण सूत्रसूची च तत्तत्पृष्ठबोधकाङ्कसंयुता, मङ्गलवादश्चेत्यं विविधपरिशिष्टेन समुपबृंहिता च

सेयम्

गङ्गाविष्णु-श्रीकृष्णदासेत्यनेन

स्वकीये "लक्ष्मीवेंकटेश्वर" यन्त्रालयेऽकिता.

अभिनवसंस्करणम्.

कल्याण-मुम्बई.

संवत् १९५३. शकाब्दा १८१८.

इस पुस्तकके सब हक यन्त्राधिकारीने अपने स्वाधीन रखे हैं

TO

PANDIT JWÀLÀNÀTH SHÀSTRI

THE BOOK IS DEDICATED AS A TOKEN

BY

P. BRAJRATNA BHATTACHARYA

MOHULLA PATUBARGANJ,

MORADABAD

N W P. 1896.

॥ श्रीः ॥

समर्पणम्.

पूज्यपादश्रीमद्ज्वालानाथशास्त्रियोगारगुरुभ्यो नमः ।

ये चास्मिन्नगति कानने कुसुमस्तवक इव स्वकीयकाव्यसौरभं विस्तीर्य विशीर्णाः, ये चाखिलविद्यासारस्वतो गाढं गाढञ्चापि पारदेशीयानामबहुपरिचिताः समभूवन्; तेषामेव स्वर्ग्गसुखप्राप्तश्रीज्वालानाथज्योतिर्विदाममलचरणसरोरुहेषु रसालेयं सबहुमानपुरःसरं समर्पितास्ति ।

मुरादाबादः
८ दे० कृ० १९५३
पट्टवरगञ्ज

तेषामौरससूनुना—
ब्रजरत्नभट्टाचार्येण
अनुवादकर्त्रा.

अनुवादकवंशपरिचयः ।

उद्घाटितारो ग्रन्थानां सर्वेषामर्थग्रन्थयः ॥
विमत्सरा वाग्मिनश्च कवयः साधुसम्मताः ॥ १ ॥

कृतकुक्कुटव्रताश्चैव त्यक्तबैडालवृत्तयः ॥
सततं क्रतुकर्त्तारो विद्यावन्तो यशस्विनः ॥ २ ॥

सर्गादौ समजायन्त कर्म्मठाढ्याः सुगुर्जराः ॥
परिवादपराचीनचेतसो हि द्विजन्मनः ॥ ३ ॥

आसीत्कुलपतिस्तत्र विद्वद्रत्नमहाशयः ॥
विद्याचुञ्च राज्यमान्यो राधाकृष्णाभिधः कविः ॥ ४ ॥

तद्वंशे श्रीनृपजीधर्म्मदत्तो ज्योतिःशास्त्रे लब्धकीर्त्तिः किलास्ताम् ॥
तारुण्ये वै कोविदो धर्म्मदत्तः स्वर्गं ह्यातीद्यायजूकप्रवर्हः ॥ ५ ॥

सुतावभूतां किल धार्मिकस्य भुत्
वदाम्बका चन्द्रमणिश्च प्राणमुद् ॥
अनूपदत्तस्य कुलप्रकाशकौ
सुराज्यमान्यौ कविताविलासिनौ ॥ ६ ॥

श्रीमद्भूदेववंशप्रथितगुणगणाभूषणालङ्कृताङ्गो
गोषद्धर्मार्चनादिष्वविरतनिरतश्चान्द्रमणिश्चण्डकर्म्मा ॥
श्रीमच्चन्द्रार्धचूडामणिपदकमलाराधकः शुद्धबुद्धिः
ज्वालानाथः कवीन्द्रो ह्यजनि जनकजाजानिपादप्रसादात्॥७॥

तत्सूनुना व्रजरत्नभट्टाचार्येण निर्मिता ॥
रसालाख्या सुव्याख्येयं विद्वन्मार्गानुसारिणा ॥ ८ ॥

---

१ प्राणसुख ।

॥ श्रीः ॥ 7996

मुखबन्धः ।

सन्ति श्वान इवोद्वान्तभोजिनः किल पण्डिताः ।
स्वकीयपालवान् विद्वान् शरभः कोऽपि दुर्लभः ॥

प्रियवाचकवर्ग !

असार और अपार इस संसारमें विधाताने विद्या कैसा अमूल्य रत्न उत्पन्न किया है, जिसके द्वारा समस्त मनुष्य स्वकीय कर्त्तव्य कर्मोंको भली प्रकार जान सक्ते हैं ऐसी कोईभी वस्तु नहीं है जिसे कि विद्वान् न जान सके विद्वान् मनुष्यको जो कुछ लाभ है वोह सर्वसाधारणपर प्रकट हैं, पठित मनुष्य पुस्तक पढकर केवल सब स्थानोंहीके सुखका अनुभव नहीं किन्तु जिस समयका वर्णन उसमें होता है उसका ठीक २ अनुभव कर सक्ता है इस विद्याहीके द्वारा प्राणी महाराज रामचन्द्र कृष्णचन्द्र और युधिष्ठिर आदिकोंके चरित्रोंको इस प्रकार देख सक्ता है जैसे कोई दर्पणमें प्रतिबिंबको देखता हो. विद्यायुक्त प्राणी अपना चित्त प्रसन्न करनेके हेतु उन पूर्वपुरुषोंके बडे २ कार्य मानो दूसरीवार कर सक्ता है, यह विद्यारत्न ऐसा अपूर्व और अनर्घ होनेपरभी चोरसे चुराया नहीं जाता विद्याधन दान करनेसे ह्रास न होकर वृद्धिगतही होता है. विशेष क्या कहे-विद्यारूप नेत्र जिसके नहीं है वोह अन्धेकी समान परिगणित होता है। इस विद्यामन्दिरमें प्रविष्ट होनेके अर्थ यह व्याकरणही एक मुख्य द्वार माना गया है, कारण कि-ऐसा कौनसा-वेद, धर्मशास्त्र, छन्दोग्रन्थ, अलंकार, इतिहास पुराण कोष काव्य, नीति या नाटक है कि-जिसके पढने पढाने वा देखनेमें व्याकरणशास्त्रकी आवश्यकता न हो। व्याकरणशास्त्रके न जाननेसे अनेकों अनभिमत अर्थ हो जाते हैं, कारण यह है कि-जबतक उदात्तादि स्वरोंको सत्य २ न जाना जाय तबतक यथार्थ उच्चारण नहीं हो सक्ता अत एव यथार्थ अर्थकी प्रतीतिभी नहीं हो सक्ती. कहाभी गया है:-

" दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह ।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात् ॥ "

अर्थात्-स्वर वा वर्णसे मिथ्या (अन्यथा) प्रयोग किया गया दुष्ट शब्द उस (अभीष्ट) अर्थको नहीं कहता, किन्तु-स्वरके दोषसे ' इन्द्र-

शत्रुः ' की सदृश वोह (मिथ्याप्रयुक्त) वाणीरूप वज्र यजमानहीका हनन करता है,-

तात्पर्य यह है कि-इन्द्रस्य शत्रुः (इन्द्रशत्रुः) यहां तत्पुरुष समासमें अन्तोदात्त स्वर होता है, और उसे अन्यथा उच्चारण करनेसे-इन्द्रः शत्रुः यस्य सः (इन्द्रशत्रुः) यहां बहुव्रीहि समासमें आद्युदात्त स्वर होनेसे अन्य अनभिमत अर्थ हो जाता है ।

अतएव हम मुक्तकण्ठसे कह सक्ते हैं कि-व्याकरणका पठन परमावश्यक है, कहाभी है:-

" यद्यपि बहु नाधीषे तथापि पठ पुत्र व्याकरणम् ।
स्वजनः श्वजनो मा भूत्सकलं शकलं सकृच्छकृत् ॥

अर्थात् यदि बहुतभी न पढो तथापि व्याकरण पढना उचित है, क्योंकि-विना व्याकरणके अध्ययनसे स्वजन (कुटुम्बी) को श्वजन (श्वान) सकल (सम्पूर्ण) को शकल (खण्ड) और सकृत (एकवार) को शकृत् (विष्ठा) कहनेकी सम्भावना है । विशेष क्या लिखें ?

शब्दशास्त्रमनधीत्य यः पुमान् ।
वक्तुमिच्छति वचः सभान्तरे ॥
रोद्धुमिच्छति वने मदोत्कटं ।
हस्तिनं कमलनालतन्तुना ॥ १ ॥

अर्थात् जो मनुष्य व्याकरणशास्त्रको न पढकर सभामें वक्तृताकी इच्छा करते हैं, मानो वे मनुष्य कमलनालके तन्तुसे वनके बीचमें उन्मत्त गजराजका बन्धन करना चाहते है । प्रथम व्याकरणशास्त्रमें श्रीपाणिनिमुनिप्रणीत अष्टाध्यायी पढायी जाती थी, परन्तु-उसके पढनेमें संक्षेप अधिक और सूत्रोंके पूर्वापरका क्रम न होनेके कारण अतिशय कठिनाई पडती थी. कुछ दिनों पीछे श्रीजयादित्य महाशयने अष्टाध्यायीके क्रमानुसारही ' काशिका ' नाम वृत्ति बनायी, इसके पाठसे छात्रवर्गको किञ्चिन्मात्र लाभ पहुँचा परन्तु-कठिनताका अत्यन्ताभाव न हुआ । तदनन्तर श्रीभट्टोजिदीक्षितने सूत्रोंके क्रमको परिवर्त्तन कर ' सिद्धान्तकौमुदी ' नामक वृत्ति बनायी, परन्तु-उसके पढनेभी यत्रतत्र आगामिसूत्रोंकी आवश्यकता होती थी, येही नहीं बल्कि-फक्किकाओंकी क्लिष्टता और परदेशका वास सदाके लिये दृष्टान्तालङ्कार हो गये हैं:-

" प्रथमतः पठनं कठिनं कृतं ।
पुनरहो परदेशनिवासनम् ॥
कठिनदीक्षितकौमुदिफक्किका ।
दहति छात्रवधूहृदयं सदा ॥ १ ॥ "

इत्यादि असंख्य आपत्तियोंका प्रध्वंसाभाव करनेके लिये श्रीवरदराज-भट्टने ' मध्यसिद्धान्तकौमुदी ' और ' लघुसिद्धान्तकौमुदी ' निर्माण करीं, उनमेंभी ' लघुकौमुदी ' ही व्याकरणशास्त्रमें प्रवेश होनेका मुख्य द्वार है ।

उक्त नामके इस ग्रन्थमें–कोकिलकलकण्ठीका कलरव, जयदेव महापण्डितका ' मञ्जितमणिमञ्जीरे मलयसमीरे ' आदि श्रवणसुखद वाक्यविन्यास, और भौरविकविका अर्थगौरव, तथा दण्डी पण्डितका पदलालित्य, कौलीदास कवीश्वरकी उपमाकी अनुपम छटा नहीं है, इसमें बाणभट्टकी अलौकिक लेखशक्तिका धाराप्रवाह या भार्घ कवीश्वरका अकथनीय पाण्डित्य और नैयायिकोंका वागाडम्बरभी नहीं है, इसके आदिहीमें भूतभावन योगिराज श्रीमहादेवजीके डमरुका भीषण निनाद और ' टिड्ढाण॰ ' आदि श्रवणकटु शब्द हैं, फिर इसके पढनेमें कौन बद्धादर हो इसके पाठमें किसका लोलुपमन लगे ? नहीं नहीं–इसमें समास (संक्षेप) से महागूढ-गौरवता रक्खी है; आज दिन इस भूमण्डलपर कौन ऐसा हिंदूसन्तान होगा कि–जो वेद भगवान्को अपना धर्मपुस्तक कहना स्वीकार न करता हो, आज दिन जितने मत मतान्तर हैं सभीका वेदके ऊपर निर्भर है, उसी वेदको न्यायशीला ब्रिटिश गव्हर्मेण्टनेभी सबसे प्राचीन पुस्तक समझ विशेष आदर किया है । पूर्वकालमें जिस वेदकी ध्वनिसे ब्राह्मणोंके आश्रम गुञ्जायमान रहते थे उसी आदि पुस्तक वेदका यह व्याकरणभी एक अङ्ग है ।

पहिले इस वेदाङ्गहीके नहीं बल्कि सबही विद्याओंके पढनेमें अधिकतर परिश्रम सहने पडते थे । यद्यपि प्राचीन छात्रवर्ग भगवान् कुमुदिनीनायककी उज्ज्वल चन्द्रिकाका आश्रय ले घोषणा करते थे, गुरुकुलकी अनेकों

१ " उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम् । दण्डिन पदलालित्य माघे सन्ति त्रयो गुणा ॥ १ ॥ " २ नवमगते माघे नवशब्दो न विद्यते । ३ शिक्षा कल्पो व्याकरण निरुक्त छन्दसा चय । ज्योतिषामयन चैव वेदाङ्गानि षडेव तु ॥ १ ॥

सेवा करनेसे किंचिन्मात्र गुरुलक्ष्य विद्या मिलती थी, तथापि प्राचीन पण्डित महाशय अर्वाचीन महापण्डितोंसे कहीं बढ चढ कर होते थे, विशेष प्राचीनोंकी तो कहनाही क्या है अल्पकालकेभी पण्डित महाशय अपनी कीर्त्तिको चिरस्थायी कर गये है, ऐसा कौनसा पढा लिखा जन है कि-जिसकी जिह्वाग्र गुरुवर श्रीबालशास्त्रीजी महोदयका नाम नृत्य न करता हो ।

यद्यपि हमें इंग्रेजी राज्यमें पढनेके बहुतसे सुभीते हैं, सरकारने हमारेही उपकारके लिये अनेकों महाविद्यालय (कॉलिज) स्थापित करा दिये हैं, दयालु गव्हर्मेण्टने प्रतिस्थानमें लालटेनोंकी कतार लगा दी है कि-जिसके प्रकाशमें हम सुखसे पढ सक्ते है प्राज्ञ-शास्त्री-और आचार्य आदि परीक्षायें हमारेही सुभीतेके लिये नियत करी है, तथापि यह देववाणी संस्कृतविद्या प्रतिदिन अधोगतिको जा रही है. हा-भाषाकी कुछ उन्नति कह सक्ते है ।

भिन्न २ देशभाषाओंमें सम्पूर्ण व्यवहार होनेहीसे संस्कृत भाषा विशेष कठिन हो गयी, अतएव संस्कृत ग्रन्थोंका भाषानुवाद हो २ कर मुद्रित होने लगा इस बीचमे परमोदार गुणग्राहक श्रीयुक्त सेठजी गंगाविष्णु श्रीकृष्णदासजीके अनुरोधसे हमने यह अनुवाद निर्माण किया:

यद्यपि-सिद्धान्त और मध्यसिद्धान्त कौमुदीके ऊपर संस्कृत टीकेभी है. परन्तु-लघुकौमुदीके ऊपर अद्यावधि कोई संस्कृत टीका अधिगत नहीं हुआ । इस ग्रन्थके ऊपर प्रथम बनारस कॉलिजके मुख्याध्यक्ष श्रीयुत डाक्टर थीबोटन साहबने इंग्रेजी भाषामें अनुवाद किया था । तदनन्तर उन्हीं महानुभावकी आज्ञासे इसका भाषानुवादभी छपकर प्रकाशित हुआ परन्तु यह अनुवाद सर्वथा श्लाघनीय होनेपरभी विशेष प्रसिद्ध न हुआ. तथापि अभिनव परिश्रम होनेके कारण विशेष प्रशंसनीय है । इसके अनन्तर गुजराती मरहठी आदि कई भाषाओंमे कई टीके मुद्रित हुए जो कि-उक्त भाषाटीकेहीके आश्रयमे निर्मित हुए । तत्पश्चात् औरभी एक दो स्थानोंमें हिन्दीमें अनुवादित होकर यह ग्रन्थ छपा परन्तु-बाम्बे प्रान्तमें अद्यावधि कोई लाभकारी टीका मुद्रित नहीं हुआ था इस अभावको दूर करनेके लिये यह अनुवाद लक्ष्मीवेंकटेश्वर नामक यन्त्रालयमे अंकित कराया ।

प्रथम हमने संवत् १९४३ में लघुसिद्धान्तकौमुदीका हिन्दीभाषानुवाद बनाना आरम्भ किया था, परन्तु उस समय षड्लिंगही पर्यन्त पूर्ण कर किसी विशेष कारणसे छोड़ दिया, हितोपदेश आदि अन्यान्य पुस्तकोंका अनुवाद बनाना प्रारंभ किया। तदनन्तर फिरभी सवत् १९४९ में विजया दशमीके दिनसे इसका अनुवाद बनानेमें चित्त लगाया. परन्तु विघ्नोंका बाहुल्य होनेके कारण यह ग्रन्थ शीघ्र पूर्ण नहीं हो सका। तदनन्तर इस अवसरमें श्रीयुत गंगाविष्णु श्रीकृष्णदासजीके अनुरोधसे अधिक प्रोत्साहित होकर सवत् १९५१ कार्तिकी पूर्णिमाके दिन यह अनुवाद पूर्ण किया।

कोमल हृदयवाले प्रेमियोंसे यहभी सादर निवेदन किया जाताहै कि-इस ग्रन्थमें यदि कहीं आपको कोई कुषांच्य शब्द प्रतीत होय तौ चित्तको सावधान रखकर उसपर ध्यान न दे के उसके उद्देशसे लाभके भागी हूजिये, अभिप्राय यह है कि-हमको अपने लेखमें ऐसे श्रवणकटु शब्द जो गये प्रतीत होते हैं जो साधुसज्जनोंके चित्तमें छिदकर उद्विग्न करेंगे-अतएव यह प्रार्थना करनी आवश्यक समझी गयी है, आशा है कि-पाठक महाशय उदारबुद्धिसे इस अनुचित ढिठाईको क्षमा करेंगे-

पाठकों! इस हिन्दीके अनुवादमेंभी सर्वोत्तम आदि भाषा व्रजभाषाकी रसीली वाणी, बडे २ षड्भाली लेखकोंकी लेख परम्पराका आश्रय, हिन्दीभाषाके ऊपर गुर्जर (गुजराती) भाषाकी बिन्दीका लगाना तथा सर्वगुणआगरी नागरीको निज राजभाषा इंग्रेजीसे विभूषित करना और मरेहठी आदि अनेक भाषाओंके सहवासका होना इत्यादि कोई गुण नहीं है, इन सबके बदलेमें इसका केवल 'रसाला' नाम रखकर आपको लुभाया है।

इस टीका करनेके प्रथम दो तीन स्थानोंके मुद्रित औरभी टीके देखनेमें आये, परन्तु-वोह सर्वसाधारणके विशेष उपकारी न हुए कारणके वोह अनुवादक महाशय उन त्रुटियोंको पूर्ण नहीं कर सके हैं।

स्मरण रहे कि- इस टीकेको जैसा उत्तम बनाना हम चाहते थे उसका सहस्रतम अशभी न बना सके, इसका कारण शीघ्र मुद्रित होकर प्रकाश होना था।

१ व्रजकी रहनेवाली पांच वर्षकी अबोधबालिकाके कोमल चरणोंमें जब ककरी गडने लगी तब वोह अपनी मातासे कहने लगी "माय री माय मग सांकरी गायनुमें कांकरी भरतु है" जहांके अबोध बालकोंकी भाषामें इतनी कमनीयता है वहांके कवियोंकी कौन कहे।

जिस प्रकार कि-' श्रीयुत शेठजी गङ्गाविष्णु श्रीकृष्णदासजी ' ने इस ग्रन्थको मुद्रित कर दान और सम्मानसे हमें सन्तुष्ट किया है इसी प्रकार हमभी उक्त महानुभावके यश आयुं सन्तान और लक्ष्मीकी वृद्धि श्रीमहादेवजीसे निरन्तर प्रार्थना करते हैं ।

अन्तमें-पाठकोंसे प्रार्थना है कि-इस अनुवादमें आपको अशुद्धियें उप लब्ध होंगी आशा है आप क्षमा कर गुण ग्रहण करेंगे । अनुग्राहक वा चकोंसे यहभी निवेदन है कि-इस आवृत्तिमें जो कोई उपयोगी विषय रह गया हो कृपा कर पत्रद्वारा उसे सूचित कर दीजिये कारण कि-द्वितीया वृत्तिमें निविष्ट कर दिया जायगा ।

भवदीय प्रीतिविश्रम्भभाजन-

व्रजरत्नभट्टाचार्यः

मोहल्ला-पटुवरगंज,

मुरादाबाद सिटी.

१५ चैत्र १९५३ ।
२९ मार्च १८९६. ।



॥ श्रीः ॥

परीक्षोपयोगिप्रश्नाः ।

१ सुखार्त्तः । एतद्मुरारिः । चक्रिस्त्रायस्व । सञ्च्छम्भुः । एतेषां साधुत्वं प्रदर्शनीयम् ।
विष्ण इह । रामष्टीकते । राजँश्चित्रम् । देवा इह । कथमेते साधवः ।

२ दधिमतियुष्मच्छब्दानां षष्ठीचतुर्थ्येकवचने कीदृशानि रूपाणि, कथञ्च तत्सिद्धिः ।
क्रोष्टुहरिवारिविश्वावादश्शब्दानां द्वितीयासप्तम्येकवचने कीदृशानि रूपाणि, विशेषसूत्रोपन्यासेन साध्यन्ताम् ।

३ अभूत् । अवोढाम् । अजुहवुः । अद्धिः । चकरतुः । अशिनत् । एषां सिद्धिः प्रदर्शनीया ।
अगौताम् । इयष्ट । अयावि । बभूविथ । एतेषां प्रयोगाणां साधुत्वं ब्रूत ।

४ शतमपजानीते । दास्याः संयच्छते कामुकः । एतयोः आत्मनेपदविधायकं किं पृथगुपपादनीयम् ।

५ जनमेजयः । रागः । अनयोः साधुत्वमुपपादयत ।

६ देवब्राह्मणः । रूपवद्भार्यः । महाराजः । अधिहरि । अहोरात्रः ।
अत्र प्रत्येकं कः समासः कश्च सिद्धिप्रकारः ।
अधस्तनानां पदानां विग्रहाः समासनामानि च निरूपणीयानि—
मारुतपूर्णरन्ध्रैः । जायाप्रतिग्राहितगन्धमाल्याम् । विसृष्टपार्श्वानुचरस्य । पल्वलोत्तीर्णवराहयूथानि । बाहुप्रतिष्टम्भविवृद्धमन्युः । पादार्पणानुग्रहपूतपृष्ठम् । पीतप्रतिबद्धवत्साम् ।

७ दाक्षायणः । अत्र कः प्रत्ययः किञ्च तद्विधायकम् ।

८ गोपी । गोपालिका । सुकेशी । एषां साधुत्वं कथम् ।
मृद्वी । चन्द्रमुखी । शूर्पणखा । एतेषु स्त्रीप्रत्ययविधायकसूत्राण्युपन्यस्य—दाण्डातुरः । तावकीनः । नादेयः । एतेषां साधुत्वप्रकारः विग्रहश्च प्रदर्शनीयः ।

९ प्राहुः । इत्यस्य कथं सिद्धिः कथं चास्य उत्तमपुरुषैकवचनम् । प्रमादाल्लस्यजाड्यानि कथमत्र समासः ।

१० वस-धातोः लिटि कथं रूपाणि ।

११ गम-धातोः लुडि रूपाणि प्रदर्श्य घानिष्यते इति साधु साधनीयम् ।

१२ साध्यः । शङ्कितदृष्टिः । अधोदृष्टिः । उपेक्षितः । एतेषां पदानां सविस्तरं साधनं लेख्यम् ।

१३ गुणग्राहिणी । वत्सराजचरितम् । वाञ्छितफलप्राप्तेः । मद्भाग्योपचयात् । एतेषां पदानां समासो लेख्यः ।

१४ अध्यास्य । अवेहि । निषेदुषी । आददाना । एतेषां पदानां प्रकृतिप्रत्ययविभागः कथम् ।

१५ गजो वनविहाराणां सस्मार । अस्मभ्यं रोचते । धनाय स्पृहयति । मनुष्येषु पण्डितः श्रेष्ठः । एषु वाक्येषु का का विभक्तिः कस्मिन्नर्थे केन केन सूत्रेण विहितास्ति ।

१६ कामयमानः । शोचन् । जाज्वल्यमानः । पार्वतीयः । निष्किञ्चनः । चस्खाल । जगाद । एतेषां पदानां साधनं लेख्यम् ।

१७ मुमोच । अगच्छन् । पठ्यति । तिष्ठति । जिघ्रति । दध्मौ । यच्छति । कस्य कस्य धातोरेतानि रूपाणि कथं चैषां धातूनां लोटि लिडि च रूपाणि ।

१८ विश्रान्तविग्रहकथः । बद्धपरिकराणाम् । व्यसनोद्गमैः । कोपविपल्लयति । सरोरुहद्युतिमुषः । श्रवणपथातिथित्वम् । हृदयनिहितातङ्कविधुरा । सर्वमनोरमा । एषां पदानां विग्रहोऽर्थश्च प्रदर्शनीयः ।

१९ अन्तर्लीनभुजङ्गमं गृहमिव व्यालाकुलं वा वनम् ।
ग्राहाकीर्णमिवाभिरामकमलच्छायासनाथं सरः ॥
नानादुष्टजनैरसत्यवचनासत्कारनार्यैर्वृतम् ।
दुःखेन प्रतिगम्यते प्रचकितैः राज्ञां गृहं वाद्धिमत् ॥ १ ॥

लोकेऽथवा तनुभृतां निजकर्म्मपाकं ।
नित्यं समाश्रितवतां सुहितक्रियाणाम् ॥
भावार्जितं शुभमथाप्यशुभं निकामम् ।
यद्भावि तद्भवति नात्र विचारहेतुः ॥ २ ॥

प्रथमश्लोके निम्नरेखाङ्कितपदानां समासाः व्यासवाक्यानि च विलिख्य, प्रथमद्वितीयश्लोकयोर्वाच्यपरिवर्त्तनं विधेयम् ।

२० लीन । भुजङ्गम । भावि । सुहित । क्रिया । कर्म्म । पाक । आकीर्ण । इति शब्दानां प्रकृतिप्रत्ययनिर्देशः कार्य्यः ।

२१ श्रि । भू । भृ । अर्ज् । अर्द । इति धातूनां लिटः प्रथमपुरुषैकवचने कानि रूपाणि ।

२२ युद्धाय अवस्थितः । भोगाय अलम् । न मे त्वया अर्थः । अल्पस्य हेतोः बहु त्यजति । विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम् । एषु अधोरेखाङ्कितपदेषु प्रयुक्तानां विभक्तीनामुपपत्तिः कार्य्या ।

२३ "मुक्ताफलाय हरिणं करिणं पलाय
सिंहं निहन्ति भुजविक्रमसूचनाय"
इत्यस्मिन्श्लोके कश्चिद्दोषोऽस्ति न वा ? सयुक्तिकमुत्तरणीयम् ।

२४ अथ प्रयत्नोन्नमितानमत्फणैर्धृते कथंचित्फणिनां गणैरधः ।
न्यधायिषातामभिदेवकीसुतं सुतेन धातुश्चरणौ भुवस्तले ॥ १ ॥
घूर्णयन्मदिरास्वादमदपाटलितद्युती ।
रेवतीवदनोच्छिष्टपरिपूतपुटौ दृशौ ॥ २ ॥
निशान्तनारीपरिधानधूनुनस्फुटागसाप्यूरुषु लोलचक्षुषः ।
प्रियेण तस्यानपराधबाधिताः प्रकम्पनेनानुचकम्पिरे सुराः ॥३॥
उपेयिवांसि कर्त्तारः पुरीमाजातशात्रवीम् ।
राजन्यकान्युपायङ्गरेकार्थानि चिरैस्तव ॥ ४ ॥
अयोचकैस्तोरणरङ्गभङ्गभयावनम्रीकृतकेतकानि ।
क्रियाफलानीव सुनीतिभाजं सैन्यानि सोमान्वयमन्वयुस्तम् ॥ ५ ॥

अधोविन्यस्तरेखापदानां विग्रहाः व्यासवाक्यानि च देयानि, उद्धारितेषु श्लोकेषु यदि कुत्रचिदशुद्धिरुपलभ्येत तर्हि सा सुस्पष्टं प्रदर्शनीया शोधनीया च ।

२५ ऊरुमुक्तशीकरौघान् । विमलमणिद्युतिसभृतेन्द्रचापान् । आबद्धनेत्राञ्जनपङ्क्तलेशः । इति पदानां समासान् ब्रूत ।

२६ अनादरे गम्यमाने षष्ठ्याः, अभेदे गम्यमाने तृतीयायाः, क्रियाग्रहणाच्चतुर्थ्याश्च उदाहरणानि लेखनीयानि ।

२७ 'राज्यं भुंक्ते' अत्र कथं भुजेरात्मनेपदम् । 'कर्तुं शक्नोति' इत्यत्र कथं शकस्तुमुन् ।

२८ 'विदुः' इति पदस्य प्रकृतिप्रत्ययनिर्देशं कुरु । एतत्प्रकृतेर्लोटि प्रथमपुरुषबहुवचने रूपाणि लिख ।

२९ अर्थग्रहणं किम्, वृत्तावर्थान्तरेति फक्किकाभिप्रायः स्फुटं स्फोरणीयः । अमुकेऽत्र-पुंस्त्यानम्-कांस्कानित्येतेषु संधिश्च निरूपणीयः ।

३० उभय-शब्दस्य द्विवचनमिति पङ्क्तेराशयः कः, उभयोश्च मतयोः कतरदाद्यम्, तदुपपादयत । साधु साध्नुत च सुसखिना बहुश्रेयस्याम् मत्याम् हे कतरदिति रूपाणि ।

लित्सु मघवान् गोरक् उक्षनन् दधिसेचौ पिपठिषि । एते प्रयोगा यथाशास्त्रमुपपादनीयाः ।

३१ शूद्रोपाध्यायशब्दयोः स्त्रियां किं किं रूपं भवति, कथंच तत् 'शैषिके कपितु विकल्प एव, ताच्छीलिके णेपी' ति वचनयोश्च किम्भानम् ।

३२ बलिं याचते वसुधाम्, उभयतः कृष्णं गोपाः, यागाय याति, केशेषु चमरीं हन्ति, सर्पिषोपि स्यात् । एतेषां प्रयोगाणां साधुत्वमुपपादयत ।

३३ कर्तृकर्मणोः कृतीति सूत्रे कृद्ग्रहणस्य फलं ब्रूत ।

३४ द्वयङ्गजातः, द्वयान्हा, चित्रजरद्वयीकः, गायत्रीं पच्छः शंसति, कौमुदगन्धीपतिः, दूर्वोवणम् ।

३५ व्राध्नायन्यः, वैयासकिः, श्रौवेयः, पाणिनीयः, साखेयम्, शार्करिकम् ।

३६ एको गोत्रे इति सूत्रस्य प्रयोजनं सप्रपञ्चं कथयत ।
साधुत्वे दुर्जनो जनः । नवे दारपरिग्रहे । विस्मारिता वयं तातदशरथस्य रामभद्रेण । इत्यत्र सप्तम्याः षष्ठ्याश्च कोऽर्थः अकथितं चेत्यस्य सूत्रस्य कोऽर्थः कश्चोपयोगः । १२

३७ दुर्जनः । दशरथः । रामभद्रः । विचारणीयचरिताः । कपथः । पश्चार्धम् । द्वादशम् । लोलोल्लोलक्षुभितकरणोद्वेगः । इत्यत्र प्रत्येकं कः समासः कश्च विग्रहः । १२

३८ असद्यः । सद्मम् । पौर्वशालः । दाक्षायणः । शीर्षघाती । स्तनसंबाधम् । सम्पृक्तौ । प्रत्यक्षम् । इत्यत्र प्रत्येकं प्रकृतिप्रत्यया विभागः प्रदर्श्यः । १२

३९ उत्तरेण । कनिष्ठः । पितृकः । पौरुषेयः । सार्वभौमः । आरावः । वनस्थली । इत्यत्र प्रत्येकं कस्मिन्नर्थे प्रत्ययः । १२

४० वरीवर्ति । पुत्रीयति । भृशायते । पिपठिषति । इति रूपाणि साध्यंताम । १२

४१ व्रज्-दा-हु-अन्-मृज्-स्तु-रुध्-इत्येषां लडि लिटि च रूपाणि प्रदेयानि । प्रत्येकं निष्ठान्तं शत्रन्तं रूपमपि प्रदर्श्यम् । २०

४२ अस्मत्-अदस्-जग्मिवस्-गववन्-इत्येषां प्रथमाद्वितीयारूपाणि प्रदर्श्य स्त्रीप्रत्ययान्तं रूपमपि यथासंभवं प्रदर्श्यम् । २०

व्रजरत्नभट्टाचार्यः
पटुवरगंज, मुरादाबाद

विषयानुक्रमणिका.

विषय	पृष्ठ
मङ्गलाचरणम्	१
सङ्ज्ञाप्रकरणम्	२
अच्सन्धिः	१२
हल्सन्धिः	३१
विसर्गसन्धिः	४५
पञ्चमसन्धिः।	
अजन्तपुंल्लिङ्गम्	५०
अजन्तस्त्रीलिङ्गम्	८४
अजन्तनपुंसकलिङ्गम्	९३
हलन्तपुंल्लिङ्गम्	९९
हलन्तस्त्रीलिङ्गम्	१४०
हलन्तनपुंसकलिङ्गम्	१४३
षड्लिङ्गम्।	
अव्ययानि	१५०
तिङन्ते भ्वादिगणः	१५६
,, अदादिगणः	२२१
,, जुहोत्यादिगणः	२४७
,, दिवादिगणः	२५८
,, स्वादिगणः	२६८
,, तुदादिगणः	२७१
,, रुधादिगणः	२८५
,, तनादिगणः	२९२
,, क्र्यादिगणः	२९७
,, चुरादिगणः	३०४
दशगणविभागः।	
तिङन्ते श्यन्तप्रक्रिया	३०६
,, सन्नन्तप्रक्रिया	३०८
,, यङन्तप्रक्रिया	३११
,, यङ्लुगन्तप्रक्रिया	३१२
,, नामधातवः	३१४
,, कण्ड्वादिगणः	३१९
,, आत्मनेपदप्रक्रिया	३१९
,, परस्मैपदप्रक्रिया	३२३
षड्व्यवस्था।	
तिङन्ते भावकर्मप्रक्रिया	३२४

विषय	पृष्ठ
तिङन्ते कर्मकर्तृप्रक्रिया	३३०
,, लकारार्थप्रक्रिया	३३१
कृदन्तकृत्यप्रक्रिया	३३३
कृदन्तम्	३३८
कृदन्ते उणादयः	३५५
विभक्त्यर्थाः	३६७
केवलसमासः	३७३
अव्ययीभावसमासः	३७५
तत्पुरुषसमासः	३८०
बहुव्रीहिसमासः	३९५
द्वन्द्वसमासः	४०१
समासान्तप्रकरणम्	४०४
तद्धिते अपत्यार्थप्रत्ययाः	४०५
तद्धिते चातुरर्थिकाः	४१५
तद्धिते शैषिकाः	४२३
तद्धिते विकारार्थाः, प्राग्दीव्यतीयाः	४३४
तद्धिते ठगधिकारः	४३५
तद्धिते प्राग्घितीयाः, यतोऽधिः	४३८
तद्धिते छयतोरधिकारः	४४०
तद्धिते ठञधिकारः	४४२
तद्धिते नक्षत्रेऽर्थाधिकारः	४४३
तद्धिते मत्वर्थीयाः	४४६
तद्धिते स्वार्थिकाः	४५५
स्त्रीप्रत्ययाः	४६९

अथ परिशिष्टम्।

गणेष्वनादिष्टधातवः	१
परिभाषापाठः	७
शिक्षा	११
गणपाठः	१७
अकारादिक्रमेण सुबन्तशब्दसूची	६०
,, धातुसूची	६२
,, सूत्रसूची	६५

विषयानुक्रमणिका समाप्ता।

॥ श्रीः ॥

अथ

रसालाख्यहिन्दीव्याख्यासमन्विता

लघुसिद्धान्तकौमुदी.

(सटिप्पणीका)

अत्रभवान् व्याकरणाचार्य्यो वरदराजभट्टः स्वग्रन्थानिर्विघ्नपरिसमाप्त्यर्थं नमस्कारात्मकमङ्गलमाचरन् स्वाभिलषितं सूचयति, नत्वेत्यादिना—

नत्वा सरस्वतीन्देवीं शुद्धाङ्गुण्याङ्करोम्यहम् ।
पाणिनीयप्रवेशाय लघुसिद्धान्तकौमुदीम् ॥ १ ॥

अन्वयः—अहं शुद्धां गुण्यां सरस्वतीं देवीं नत्वा, पाणिनीयप्रवेशाय लघुसिद्धान्तकौमुदीं करोमि ॥ १ ॥

अर्थः—अहमिति । अहम् ग्रन्थकारो भट्टवरदराज इत्यर्थः, शुद्धाम्—शुद्धियोगात् शुद्धा, शुद्धिश्च ? दोषराहित्य, सात्त्विकत्व वा, रजस्सम्पर्कशून्यत्व वा, यद्वा नैर्मल्यापरपर्य्यायत्व तद्योगात् शुद्धा तां शुद्धाम्, गुण्याम्—गुणैर्वात्सल्यादिभिर्युक्ता गुण्या, वा गुणा देवस्तोमानुमोदनादीनि तैर्युक्ता गुण्या, उत विविधमूर्तिप्रकाशरूपाः गुणास्तैर्युक्ता गुण्या, यद्वा सत्त्वादिभिः जन्मस्थितिलयहेतुभिर्गुणैर्युक्ता गुण्या तां गुण्याम्, सरस्वतीम्—सरः प्रसरणम्मुखेऽस्यास्तीति सरस्वती ताम् सरस्वतीम्, देवीम्—दीव्यति द्योतते त्रिभुवने देवसभायां वेति देवी, अथवा दीव्यति ससारचक्रेण क्रीडतीति देवी, वा दीव्यति स्तूयते मोक्षार्थिभिर्विद्यार्थिभिर्वेति देवी, यद्वा दीव्यति व्यवहरति नानारूपप्रदर्शनेनेति देवी, उत दीव्यति विजिगीषति नवरसात्मकसृष्टिप्रदर्शनेन स्रष्टार रक्तबीजादीनि वेति देवी, किं वा दीव्यति स्वानन्देनात्मानि मोदते इति देवी, वा दीव्यति देवभयदूरतरापास्तत्वेन माद्यतीति देवी, वा

१ मगलादीनि, मगलमध्यानि, शास्त्रान्ते च मगलानि प्रथन्त इति भाष्यम् ।

२ दिवु क्रीडाविजिगीषाव्यवहारद्युतिस्तुतिमोदमदस्वप्नकान्तिगतिषु ।

दीव्यति भक्तेभ्योऽर्थमिच्छतीति देवी, किंवा दीव्यति सुधासमुद्रान्तःपातिनि मणिद्वीपे क्रीडते इति देवी, उत दीव्यति सत्हृदयपद्मेऽतर्तीति देवी तां देवीम्, 'नत्वा-कायवाङ्मनोभिः प्रणम्येत्यर्थः; पाणिनीयेति-पणन पणः स्तुतिः सा विद्यते यस्य सः पणिर्ब्रह्मा तस्य गोत्रापत्य युवा पाणिनिस्तेन प्रोक्तम्पगोपदेश विनैव परिज्ञायते इति पाणिनीय, 'तेन प्रोक्तमित्यण्' व्याकरणशास्त्र तस्मिन्प्रवेशः पाणिनीयप्रवेशस्तस्मै पाणिनीयप्रवेशाय, लघ्वित्यादिः-लघितु योग्याः लघवः, सिद्धो निष्पन्नः अन्तः अर्थो येषां ते सिद्धान्ताः, यद्वा वादिप्रतिवादिभ्यां सिद्धाः निर्णीता अन्ताः अर्थाः येषां ते सिद्धान्ताः लघवश्च ते सिद्धान्ताः इति लघुसिद्धान्तास्तेषां कौमुदी-कुभूमि मोदयतीति कुमुदश्चन्द्रस्तस्येय चन्द्रिका कौमुदी, 'कौमुदीव कौमुदी' यथा सा घटपटादीन्प्रकाशयति तथेयमपि घटपटादिशब्दान्प्रकाशयति, वा कुमिलां मोदयति ग्राहावतारे इति कुमुदो विष्णुस्तस्येय गदा कौमुदी सा यथा दुष्टदलनशीला तथेयमपि दुःशब्ददलनशीला, पूर्ववत्समासः, उद् कुमवनि मोदयति पालननेनेति कुमुदोऽवनिपतिस्तस्येय सभा कौमुदी, यथा सा लोकव्यवहार शोधयति तथेयमपि शब्दशुद्धि करोति, ह्यत्रापि पूर्ववत्समासः, ताम् कौमुदीम् करोमि सम्पादयामि विधास्यामीति भावः॥१॥

भाषार्थः-मैं (वरदराजभट्ट) पवित्र तथा गुणवान् सरस्वती महादेवीको नमस्कार करके, पाणिनीयजीके कहे हुए व्याकरणशास्त्रमें प्रवेशके अर्थ लघुसिद्धान्तकौमुदीकू निर्माण करता हूं ॥ १ ॥

अथ संज्ञाप्रकरणम्। प्रत्याहारसूत्राणि।

१-अइउण्[1] १, ऋऌक्[2] २, एओङ्[3] ३, ऐऔच्[4] ४, हयवरट्[5] ५, लण्[6] ६, ञमङणनम्[7] ७, झभञ्[8] ८, घढधष्[9] ९, जबगडदश्[10] १०, खफछठथचटतव्[11] ११, कपय्[12] १२, शषसर्[13] १३, हल्[14] १४॥

---

१ अण्। २ अक्, इक्, उक्। ३ एङ्। ४ अच्, इच्, एच्, ऐच्। ५ अट्। ६ अण्, इण्, यण्। ७ अम्, यम्, ङम्। ८ झश्, भष्। ९ झष्, भष्। १० अश्, हश्, वश्, भश्, जश्, बश्। ११ छव्। १२ यय्, मय्, झय्, खय्, चय्। १३ यर्, झर्, झर्, चर्, शर्। १४ अल्, हल्, वल्, रल्, झल्, शल्, एते प्रत्याहाराः। हकारो द्विरुपान्योयमटि शल्यपि वाच्छता। अहँणाधुक्षदित्यत्र दुपं सिद्धम्भविष्यति ॥ १ ॥

२ इति +माहेश्वराणि *सूत्राण्यणादिसंज्ञार्थानि ॥

यह महादेवजीसे प्राप्त हुए चतुर्दश सूत्र अणादि-प्रत्याहार बनानेके अर्थ हैं, जोकि अगाडी (सू० ६) से सिद्ध होते हैं ॥

एषामन्त्या इतः ॥

इन चतुर्दशसूत्रोंमें अंत्यके वर्ण (ण् क् ङ् च् ट् ण् म् ञ् ष् ॒ं व् य् र् ल्) ×इत्संज्ञावाले हैं ॥

हकारादिष्वकार उच्चारणार्थः ॥

पूर्वोक्त हकारादिवर्णोंमें अकार उच्चारणके अर्थ है, वास्तवमें यह सब ' ह् य् व् र् ' ऐसे हैं; परन्तु विना स्वरके इनका उच्चारण नहीं होता, महाभाष्यकारनेभी लिखा है कि—" अन्वग् भवति व्यंजनम् " व्यंजनके अंत्यमें स्वर रहते हैं ॥

लण्मध्ये त्वित्संज्ञकः ॥

लण्-सूत्रके मध्यके अकारकी इत्संज्ञा है, कारण कि (सू० ३४) में 'लण्सूत्रस्था०' यहां र-प्रत्याहार सिद्ध करके र और ल-का ग्रहण करना है ॥

३ हलन्त्यम् । १ । ३ । ३ ॥

(हल्-प्रथमान्तम् । अन्त्यम्-प्रथमान्तम् ॥) उपदेशेऽन्त्य हलित् स्यात् । [1]उपदेश आद्योच्चारणम् ॥

उपदेशमें जो पिछला हल् (व्यंजन) है उसकी इत्संज्ञा है । पाणिनी, कात्यायन, पतञ्जलि, इन तीन व्याकरणाचार्योंके उच्चारणको उपदेश कहते हैं ॥

सूत्रेष्वदृष्टम्पद सूत्रान्तरादनुवर्त्तनीयं सर्वत्र ॥

+ नृत्यावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नवपञ्चवारम् । उद्धर्तुकाम सनकादिसिद्धानेतद्विमर्शे शिवसूत्रजालम् ॥ १ ॥ * संज्ञा च परिभाषा च विधिर्नियम एव च । अतिदेशोऽधिकारश्च षड्विध सूत्रलक्षणम् ॥ १ ॥ प्रतिषेधोऽनुवादश्च विभाषा च निपातनम् । एतच्चतुष्टय क्षिप्त्वा दशधा सूत्रमुच्यते ॥ २ ॥ × इत् यह पाणिनिजीका पारिभाषिक शब्द है, इसी प्रकार टि, भू, नदी इत्यादि और भी शब्द इस ग्रंथमें हैं, इनके यौगिकअर्थका ग्रहण नहीं होता है, इनका फलभी भिन्न २ होता है ॥ १ धातुसूत्रगणोणादिवाक्यलिङ्गानुशासनम् । आगमप्रत्ययादेशा उपदेशाः प्रकीर्त्तिताः ॥ १ ॥

जो पद सूत्रमें नहीं हो वोह पद सर्वत्र और (पिछले) सूत्रोंसे ले आना चाहिये । एक पद बारम्बार कहना न पडे इसलिये एक सूत्रमें एक पदको कहकर पाणिनीजी और सूत्रोंमें उस पदको अनुवृत्तिकरके ग्रहण कर लेते हैं, जैसे कि (मू० ३) में उपदेश आदिक पद (मू० ३४) से लाकर उनका यथार्थ अर्थ किया जाता है, अष्टाध्यायीके क्रमानुसार (मू० ३ से, मू० ३४) पूर्व है, क्योंकि प्रथम अध्यायके प्रथमपादका दूसरा सूत्र है और (मू० ३) प्रथमाध्यायके पहले पादका तीसरा सूत्र है, इसी प्रकार सम्पूर्ण सूत्रोंमें समझ लेना ॥

४ अदर्शनं लोपः । १ । १ । ६० ॥

(अदर्शनम्-प्रथमा० । लोपः-प्रथमा० ॥) प्रसक्तस्यादर्शन लोपसंज्ञ स्यात् ॥

विद्यमान (दीखते हुए) के नहीं दीखनेको लोप कहते हैं । और जो विद्यमानही न हो उसके न दीखनेको अभाव कहते हैं ॥

५ तस्य लोपः । १ । ३ । ९ ॥

(तस्य-षष्ठ्यन्तम् । लोपः-प्रथमा० ॥) तस्येतो लोपः स्यात् । णादयोणाद्यर्थाः ॥

उस इत्संज्ञावाले वर्णका लोप (४) हो । उक्त चतुर्दश सूत्रोंमें णकारादिक हल् (इत्) वर्ण अण् आदि प्रत्याहार बनानेके अर्थ है । प्रत्याहार बनानेका क्रम-

६ आदिरन्त्येन सहेता । १ । १ । ७१ ॥

(आदिः-प्रथमा० । अन्त्येन-तृतीयान्तम् । सह-अव्ययपदम् । इता-तृतीया० ॥) अन्त्येनेता सहित आदिर्मध्यगानां स्वस्य च संज्ञा स्यात् ॥

पिछले इत्के साथ जो प्रथम अक्षर वोह मध्यगामियोंकी और अपनी संज्ञावाला हो-

यथाणिति *अ इ उ वर्णानां संज्ञा । एवमक् अच् हल् अलित्यादयः ॥

*-१ अण्-अ इ उ ।
२ अक्-अ इ उ ऋ ऌ ।

जैसे—अण्-प्रत्याहार कहनेसे 'अ इ उ' इन तीन वर्णोंका बोध होता है ण-कारका नहीं, अर्थात्—पिछला इत् जो 'ण्' तिसके साथ पहिला जो 'अ' सो अपनी और बीचके अक्षरोंकी संज्ञा ग्रहण करता है। इसी प्रकार अक्-अच्-हल् और अल्-प्रत्याहारभी जानो ॥

३ अच्-अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ।
४ अट्-अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ ह य व र।
५ अण्-अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ ह य व र ल।
६ अम्-अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ ह य व र ल ञ म ङ ण न।
७ अश्-अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द।
८ अल्-अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह।
९ इक्-इ उ ऋ ऌ।
१० इच्-इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ।
११ इण्-इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ ह य व र ल।
१२ उक्-उ ऋ ऌ।
१३ एङ्-ए ओ।
१४ एच्-ए ओ ऐ औ।
१५ ऐच्-ऐ औ।
१६ हश्-ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द।
१७ हल्-ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह।
१८ यण्-य व र ल।
१९ यम्-य व र ल ञ म ङ ण न।
२० यञ्-य व र ल ञ म ङ ण न झ भ।
२१ यय्-य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प।
२२ यर्-य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स।
२३ वश्-व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द।
२४ वल्-व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह।
२५ रल्-र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह।

७ ऊकालोऽज्झ्रस्वदीर्घप्लुतः । १ । २ । २७ ॥

(ऊकालः-प्रथ० । अच्-प्रथ० । ह्रस्वदीर्घप्लुतः-प्रथ० ॥) उश्च ऊश्च ऊ३ श्च वः, वां काल इव कालो यस्य सोऽच् क्रमात् ह्रस्वदीर्घप्लुत-संज्ञः स्यात् । स प्रत्येकमुदात्तादिभेदेन त्रिधा ॥

उ ऊ ऊ३ इन तीन उकारोंको व कहते हैं । इन तीन उकारोंके उच्चारणकालके सदृश जिस अच् (स्वर) के उच्चारणका काल (समय) हो वोह अच् क्रमसे ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत संज्ञावाला हो । वोही प्रत्येक अच् उदात्त अनुदात्त और स्वरित इन भेदोंसे तीन प्रकारका है । उदात्तादिकोंको लिखते हैं-

८ उच्चैरुदात्तः । १ । २ । २९ ॥

(उच्चैः-अव्य० । उदात्तः-प्रथमा० ॥)

तालु आदि स्थानोंके ऊपरके भागसे जिस अच्का उच्चारण हो वोह उदात्त कहावे ॥

---

२६ मय्-म ञ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प ।
२७ ञम्-ञ म ङ ण न ।
२८ झय्-झ भ घ ढ ध ।
२९ झश्-झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ।
३० झय्-झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प ।
३१ झर्-झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ।
३२ झल्-झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह ।
३३ भष्-भ घ ढ ध ।
३४ जश्-ज ब ग ड द ।
३५ बश्-ब ग ड द ।
३६ खय्-ख फ छ ठ थ च ट त क प ।
३७ खर्-ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ।
३८ छव्-छ ठ थ च ट त ।
३९ चय्-च ट त क प ।
४० चर्-च ट त क प श ष स ।
४१ शर्-श ष स ।
४२ शल्-श ष स ह ।

९ नीचैरनुदात्तः । १ । २ । ३० ॥

(नीचैः-अव्ययं० । अनुदात्तः-प्रथमा० ॥)

तालु आदि स्थानोंके नीचेके भागसे जिस अच्का उच्चारण हो उसकी अनुदात्त संज्ञा हो ॥

१० समाहारः स्वरितः । १ । २ । ३१ ॥

(समाहारः-प्रथमा० । स्वरितः-प्रथमा० ॥)

जिसके उच्चारण करनेमें उदात्त और अनुदात्त यह दोनों वर्णधर्म समानतासे मिले हों उसकी स्वरित संज्ञा हो । इस प्रकार अचोंके नौ भेद हुए ॥

स नवविधोऽपि प्रत्येकमनुनासिकाननुनासिकत्वाभ्यां द्विधा ॥

फिर वोही अच् नौ प्रकारका होकर अनुनासिक और अननुनासिक भेदोंसे द्विगुण (दूना) होता है ॥

११ मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः । १ । १ । ८ ॥

(मुखनासिकावचनः-प्रथमा० । अनुनासिकः-प्रथमा० ॥) मुखसाहितनासिकयोच्चार्यमाणो वर्णोऽनुनासिकसंज्ञः स्यात् ॥

जिस वर्णका मुख और नासिकासे उच्चारण होता है उसकी अनुनासिक संज्ञा हो ।

तदित्थम्-अ इ उ ऋ ऌ एषां वर्णानां प्रत्येकमष्टादश भेदाः* ॥

* भेदज्ञापकयंत्रमिदम् ।

अक्षराणि	अ इ उ ऋ ऌ	अ इ उ ऋ ए ओ ऐ औ	अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ
भेदाः	ह्रस्वोदात्तानुनासिकः	ह्रस्वोदात्तानुनासिकः	प्लुतोदात्तानुनासिकः
	ह्रस्वोदात्तानननुनासिकः	ह्रस्वोदात्तानननुनासिकः	प्लुतोदात्तानननुनासिकः
	ह्रस्वानुदात्तानुनासिकः	ह्रस्वानुदात्तानुनासिकः	प्लुतानुदात्तानुनासिकः
	ह्रस्वानुदात्तानननुनासिकः	ह्रस्वानुदात्तानननुनासिकः	प्लुतानुदात्तानननुनासिकः
	ह्रस्वस्वरितानुनासिकः	ह्रस्वस्वरितानुनासिकः	प्लुतस्वरितानुनासिकः
	ह्रस्वस्वरितानननुनासिकः	ह्रस्वस्वरितानननुनासिकः	प्लुतस्वरितानननुनासिकः
	दीर्घोदात्तानुनासिकः	दीर्घोदात्तानुनासिकः	
	दीर्घोदात्तानननुनासिकः	दीर्घोदात्तानननुनासिकः	
	दीर्घानुदात्तानुनासिकः	दीर्घानुदात्तानुनासिकः	
	दीर्घानुदात्तानननुनासिकः	दीर्घानुदात्तानननुनासिकः	
	दीर्घस्वरितानुनासिकः	दीर्घस्वरितानुनासिकः	
	दीर्घस्वरितानननुनासिकः	दीर्घस्वरितानननुनासिकः	

सो इस उक्त प्रकारसे अ–इ–उ–ऋ इन प्रत्येक अक्षरोंके अठारह अठारह भेद हैं। परन्तु–

ऌवर्णस्य द्वादश, तस्य दीर्घाभावात् । एचामपि द्वादश, तेषां ह्रस्वाभावात् ॥

ऌ इस अक्षरके बारह भेद हैं, कारण कि–इसे दीर्घका अभाव है। एच् (ए-ओ-ऐ-औ) वर्णोंकेभी बारह भेद हैं, क्योंकि–उनको ह्रस्वका अभाव है ॥

१२ तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम् । १ । १ । ९ ॥

(तुल्यास्यप्रयत्नम्–प्रथमा० । सवर्णम्–प्रथमा०॥) ताल्वादिस्थानमाभ्यन्तरप्रयत्नश्चेत्येतद्द्वय यस्य येन तुल्य तन्मिथः सवर्णसज्ञ स्यात् ॥

तालु आदि स्थान और आभ्यन्तर प्रयत्न यह दोनों जिस वर्णके स्थान और प्रयत्नके तुल्य हों वे दोनों वर्ण परस्पर सवर्णसंज्ञावाले हों॥

१३ (ऋऌवर्णयोर्मिथः सावर्ण्यं वाच्यम्) ॥

यह कहना चाहिये कि–ऋ और ऌ इन दोनों वर्णोंकी परस्पर सवर्णसंज्ञा होय ।

१४ अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः । इचुयशानां तालु । ऋटुरषाणां मूर्धा । ऌतुलसानां दन्ताः । उपूपध्मानीयानामोष्ठौ । ञमङणनानां नासिका च । एदैतोः कण्ठतालु । ओदौतोः कण्ठोष्ठम् । वकारस्य दन्तोष्ठम् । जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम् । नासिकानुस्वारस्य ॥

अ (तीन प्रकारका) कवर्ग (क ख ग घ ङ) ह और विसर्ग इनका कण्ठस्थान है। इ और चवर्ग (च छ ज झ ञ) य और श इनका तालुस्थान है। ऋ और टवर्ग (ट ठ ड ढ ण) र और ष इनका मूर्धास्थान है। ऌ (ऌ३) तवर्ग (त थ द ध न) ल और स इनका दन्तस्थान है। उ और पवर्ग (प फ ब भ म) और उपध्मानीय (५ प ५ फ) इनका ओष्ठस्थान है । ञ म ङ ण न इनका

[1] यह सर्वत्र जान लेना चाहिये । २ जिस स्थानीसे पैर विसर्ग होते हैं वोही विसर्गका स्थान होता है, यहा अकारसे पैरका निर्देश है ।

अपने २ वर्गोंसे विशेष नासिकाभी स्थान है । ए और ऐका कण्ठ और तालुस्थान है । ओ और औका कण्ठ और ओष्ठस्थान है । व-कारका दन्त और ओष्ठस्थान है । जिव्हामूलीय (५ क ५ ख) का जिव्हाका मूल स्थान है । और अनुस्वार (ं) का नासिकास्थान है॥

यत्नो द्विधा-आभ्यन्तरो बाह्यश्च । आद्यः पचधा-स्पृष्टेषत्स्पृष्टेषद्विवृतविवृतसंवृतभेदात् । तत्र-स्पृष्ट प्रयत्न स्पर्शानाम् । ईषत्स्पृष्टमन्तस्थानाम् । ईषद्विवृतमूष्मणाम् । विवृत स्वराणाम् । ह्रस्वस्यावर्णस्य प्रयोगे संवृतम्, प्रक्रियादशायान्तु विवृतमेव ॥

यत्न दो प्रकारका है-आभ्यन्तर (मुखमें) और बाह्य (मुखके बाहर वा कण्ठ आदिमें) । पहिला (आभ्यन्तर) प्रयत्न पांच प्रकारका है-१-स्पृष्ट (जिसमें जीभ स्थानका स्पर्श करे) २-ईषत्स्पृष्ट (किंचित्स्पृष्ट) ३-ईषद्विवृत (जिसमें जीभ स्थानसे थोडी अलग रहै) ४-विवृत (जिसमें जीभ स्थानका स्पर्श न करे) ५-संवृत (भलीप्रकार भिन्न) इन भेदोंसे । तिनमेंसे-स्पृष्टप्रयत्न स्पर्शवर्णोंका है । ईषत्स्पृष्टप्रयत्न अन्तस्थ अक्षरोंका है । ईषद्विवृतप्रयत्न ऊष्मवर्णोंका है । विवृतप्रयत्न स्वरोंका है । प्रयोग (बोल चाल) में तो ह्रस्व अकारका संवृतप्रयत्न है, परन्तु-साधनकी दशामें (जहां अकार किसी विधिमें किया जाता हो तहां) तौ विवृतही प्रयत्न है ॥

बाह्यप्रयत्नस्त्वेकादशधा-विवारः संवारः श्वासो नादो घोषोऽघोषोऽल्पप्राणो महाप्राण उदात्तोऽनुदात्तः स्वरितश्चेति । खरो विवाराः श्वासा अघोषाश्च । हशः संवारा नादा घोषाश्च । वर्गाणां प्रथमतृतीयपञ्चमा यणश्चाल्पप्राणाः । वर्गाणां द्वितीयचतुर्थौ शलश्च महाप्राणाः ॥

बाह्य प्रयत्न इन भेदोंसे ग्यारह प्रकारका है-विवार १, संवार २, श्वास ३, नाद ४, घोष ५, अघोष ६, अल्पप्राण ७, महाप्राण ८, उदात्त ९, अनुदात्त १०, और स्वरित ११ । खर्-प्रत्याहारके अक्षरों (ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स) का विवार श्वास और

---

१ अत्र चकारेण स्वरा अपि गृह्यन्ते । अतो भाष्योक्तनितमल्पप्राणप्रयत्नकत्वमत्रां सिद्धम् ।

अघोष प्रयत्न है। हश्-प्रत्याहारके अक्षरों (ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द) का संवार नाद और घोष प्रयत्न है। वर्गोंके पहिले (क च ट त प) तथा तीसरे (ग ज ड द ब) पांचवें (ङ ञ ण न म) और यण्-प्रत्याहारके अक्षर (य व र ल) अल्पप्राण-प्रयत्नवाले हैं। वर्गोंके दूसरे (ख छ ठ थ फ) चौथे (घ झ ढ ध भ) और शल्-प्रत्याहारके अक्षर (श ष स ह) महाप्राण-प्रयत्नवाले हैं ॥ *

कादयो मावसानाः स्पर्शाः। यणोऽन्तस्थाः। शल ऊष्माणः। अचः स्वराः। ≍ क ≍ ख इति कखाभ्यां प्रागर्धविसर्गसदृशो जिह्वामूलीयः। ≍ प ≍ फ इति पफाभ्यां प्रागर्धविसर्गसदृशः उपध्मानीयः। अ अः इत्यचः [1]परावनुस्वारविसर्गौ ॥

ककारसे लेकर मकारपर्यन्त (पांचों वर्गों) के अक्षर स्पर्श कहाते हैं। यण्-प्रत्याहारके अक्षरोंकू अन्तस्थ कहते हैं। शल्-प्रत्याहारके वर्ण ऊष्म कहलाते हैं। अच्-प्रत्याहारके अक्षरोंका स्वर नाम है। क और खसे पहिले जो आधे विसर्गकी सदृश चिन्ह होता

* प्रयत्नज्ञापकयंत्रम्।

बाह्यप्रयत्नाः	विवार, श्वास, अघोष, अल्पप्राण	विवार, श्वास, अघोष, महाप्राण	संवार, नाद, घोष, अल्पप्राण				संवार, नाद, घोष, महाप्राण	
			उदात्त, अनुदात्त, स्वरित					
अक्षराणि	क	ख	श	ग ड		इ ए	य	घ	
	च	छ	ष	ज ञ		उ ओ	व	झ	
	ट	ठ	स	ड ण	अ	ऋ ऐ	र	ढ	ह
	त	थ		द न		ऌ औ	ल	ध	
	प	फ		ब म				भ	
आभ्यन्तरप्रयत्नाः	स्पृष्ट	ईषद्विवृत	स्पृष्ट	ह्रस्वस्य संवृत	विवृत	ईषत्स्पृष्ट	स्पृष्ट	ईषद्विवृत

1 " शिरोविन्दुरनुस्वारो विन्दू द्वौ च विसर्गकौ। शृङ्गद्वालवत्सस्य कुमारीस्तनयुग्मवत्। नेत्रवत्कृष्णसर्पस्य विसर्जनीय इति स्मृतः ॥ १ ॥ "

है उसे **जिव्हामूलीय** कहते हैं, जैसे ×क ×ख । प और फ से पहिले जो आधे विसर्गकी सदृश चिन्ह होते हैं उन्हे **उपध्मानीय** कहते हैं, जैसे– ×प ×फ । अकार आदि अचसे परे जो बिन्दु होते हैं उनको **अनुस्वार** और **विसर्ग** कहते हैं, जैसे–अं अः । इसी प्रकार अचसेही अनुस्वार विसर्ग होते हैं, हलसे परे नहीं ॥

१५ अणुदित्सवर्णस्य चाप्रत्ययः । १ । १ । ६९ ॥

(अण्-प्रथमान्तम् । उदित्-प्रथ० । सवर्णस्य-षष्ठ्यन्तम् । च-अव्ययपदम् । अप्रत्ययः-प्रथमान्तम् ॥) प्रतीयते विधीयते इति प्रत्ययः । अविधीयमानोऽणुदिच्च सवर्णस्य सज्ञा स्यात् । अत्रैवाण् परेण णकारेण ॥

जो किसी शब्दादिकसे विधान किया जाय (किसी शब्दादिकके लिये जो कुछ लायाजाय) उसको **प्रत्यय** कहते हैं, जैसे (राम+सु) इस प्रयोगमें सुका नाम **प्रत्यय** है, इसी प्रकार सब जगह जानो । जिस अण्–प्रत्याहारके अक्षरका विधान नहीं किया जाय वह और उदित्भी यह अपने सवर्णसंज्ञावालेका ग्रहण करते हैं । इसी पूर्वोक्त (१५) सूत्रमें अण्–प्रत्याहार अगाडी (लण्) के णकारतक जानो ॥

कु चु टु तु पु एते उदितः ॥

कु–(कवर्ग) चु–(चवर्ग) टु–(टवर्ग) तु–(तवर्ग) और पु–(पवर्ग) इनको उदित् कहते है ॥

तदेवम्–अ इत्यष्टादशानां सज्ञा । तथेकारोकारौ ॥

सो इस प्रकार–अकारकी अठारह प्रकारकी संज्ञा है । ऐसेही इकार और उकारकीभी अठारह प्रकारकी संज्ञा है ॥

ऋकारखिंशतः । एव ऌकारोऽपि ॥

अठारै अपने और बारह ऌके भेद मिलनेसे ऋकारकी तीस तरहकी संज्ञा है । ऐसेही ऌकारकीभी तीसही तरहकी संज्ञा है ॥

एचो द्वादशानाम् ॥

एच्–प्रत्याहारके अक्षर बारह प्रकारकी संज्ञावाले हैं ॥

अनुनासिकाननुनासिकभेदेन यवला द्विधा । तेनानुनासिकाऽननुनासिकास्ते द्वयोर्द्वयोः सज्ञा ॥

अनुनासिक और अननुनासिक इन दो भेदोंसे यकार वकार और लकार दो-दो तरहके हैं, अर्थात् एक तो अनुनासिक और एक अननुनासिक, तिसीसे वे य व ल अनुनासिक अननुनासिक इन दो अपनी २ संज्ञाओंका ग्रहण करते हैं ॥

१६ परः सन्निकर्षः संहिता । १ । ४ । १०९ ॥

(परः-प्रथ० । सन्निकर्षः-प्रथ० । संहिता-प्रथमान्तम् ॥) वर्णानामतिशयितः सन्निधिः संहितासंज्ञः स्यात् ॥

अक्षरोंकी अत्यन्त जो समीपता है (जो धोरे २ अक्षर हों) उसको **संहिता** कहते हैं ॥

१७ हलोऽनन्तराः संयोगः । १ । १ । ७ ॥

(हलः प्र० । अनन्तराः-प्रथ० । संयोगः-प्रथ० ॥) अज्भिरव्यवहिता हलः संयोगसंज्ञाः स्युः ॥

जिन हल् अक्षरोंके बीचमें कोई अच् नहीं हो उनको **संयोग** कहते हैं ॥

१८ सुप्तिङन्तं पदम् । १ । ४ । १४ ॥

(सुप्तिङन्तम्-प्रथमान्तम् । पदम्-प्रथमान्तम् ॥) सुबन्तं तिङन्तं च पदसंज्ञं स्यात् ॥

सुप्-प्रत्याहार (१३८) और तिङ्-प्रत्याहार (४२१) जिसके अन्तमें होय उसको पद कहते हैं ॥

इति भाषाटीकायुतायां श्रीवरदराजकृतायां
लघुकौमुद्यां संज्ञाप्रकरणं समाप्तम् ।

अथाच्संधिप्रकरणम् ।

१९ इको यणचि ६ । १ । ७७ ॥

(इकः-षष्ठ्य० । यण्-प्र० । अचि-सप्तम्यन्तम् ॥) इकः स्थाने यण् स्यादचि संहितायां विषये ॥

जो सन्धि करनेकी इच्छा होय तौ इक्–प्रत्याहारके अक्षरोंके स्थानमें यण्–प्रत्याहारके अक्षर हो जांय । जब उस इक्–प्रत्याहारके अक्षरसे अच्–प्रत्याहारका कोई अक्षर परे होय तौ । जैसे–सुधी+उपास्यः, इस प्रयोगमें तीन इक् हैं और तीनोंसेही अच् परे हैं। तौ कौनसे इक्को यण् हो, जब ऐसी शंका हुई, तब यह सूत्र समाधान करनेके लिये लगा कि–

२० तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य । १ । १ । ६६ ॥

(तस्मिन्–सप्तम्यन्तम् । इति–अव्ययपदम् । निर्दिष्टे–सप्त० । पूर्वस्य–षष्ठ्यन्तम् ॥) सप्तमीनिर्देशेन विधीयमान कार्यं वर्णान्तरेणाव्यवहितस्य पूर्वस्य बोध्यम् ॥

सप्तमीसे करा हुआ कार्य वर्णान्तर करके अव्यवहित पूर्वको (जिस इक्के और अच्के बीचमें कोई अक्षर न हो उसको) जानना चाहिये । सप्तमीनिर्देश जो–(सू० १९ की) अचि, उससे किया हुआ यण्–कार्य जिस इक्के बीचमें कोई और अक्षर नहीं है, ऐसी इको यण् पाया, और शेष दो इक् व्यवधानवाले हैं, इस कारण उनको यण् नहीं हुआ । यण्–प्रत्याहारमें चार अक्षर हैं, कौनसा अक्षर हो, इस शंकाको दूर करनेके अर्थ यह सूत्र लगा–

२१ स्थानेऽन्तरतमः । १ । १ । ५० ॥

(स्थाने–सप्त० । अन्तरतमः–प्रथमान्तम् ॥) प्रसंगे सति सदृशतम आदेशः स्यात् ॥

जहां किसीकी प्राप्ति हो उस जगह बराबर आदेश हो, अर्थात् जिसका स्थान-प्रयत्न मिलै वह आदेश होना चाहिये । पूर्व (२०) सूत्रसे 'इ' को यण् पाया है और अब (सू० २१) के अनुसार 'इ' को यकार पाता है परन्तु यह शंका होती है कि 'इ' का और 'य' का स्थान तौ मिलता है परन्तु प्रयत्न नहीं मिलता, इस शंकाको दूर करनेके कारण यह परिभाषा प्रवृत्त होती है–

यत्रानेकविधमान्तर्य्यं तत्र स्थानत आन्तर्य्यं बलीयः ॥

जहां बहुत प्रकारके आन्तर्य होते हैं वहां स्थानी आन्तर्य सबसे बली होता है–सो यहां प्रयत्न नहीं मिलता तौ स्थान मिलाकरही 'इ' कूं 'य' कर लिया, तब–'सुध् य्+उपास्य' ऐसा सिद्ध होनेपर यह सूत्र लगा–

२२ अनचि च । ८ । ४ । ४७ ॥

(अनचि-सप्त० । च-अव्ययपदम् ॥) अचः परस्य यरो द्वे वा स्तो न त्वचि ॥

अच्से परे जो यर् हो उससे परै यदि अच् न हो तौ उस यर्-को विकल्प करकै दो हो जाय, 'उ' से परे जो यर् (ध) है उससे परे यकार अच् नहीं है, इस कारण दो धकार हो गये तौ–सुध्ध्य्+उपास्यः । ऐसा सिद्ध होनेपर–

२३ झलां जश् झशि । ८ । ४ । ५३ ॥

(झलाम्-षष्ठ्य० । जश्-प्रथ० । झशि-सप्तम्यन्तम् ॥)

यदि झल्–प्रत्याहारसे परे झश्–प्रत्याहार होय तौ झल्को जश् हो जाय, पहले धकारको झल् होनेसे, दूसरा धकार झश् परे होनेसे (सू०२१) के अनुसार 'द' जश् हो गया. दूसरेको इस कारण नहीं होता कि, उससे झश परे नहीं है, तौ–सुद्ध्य्+उपास्यः । ऐसा रूप सिद्ध होनेपर यह सूत्र लगा–

२४ संयोगान्तस्य लोपः । ८ । २ । २३ ॥

(संयोगान्तस्य-षष्ठ्य० । लोपः-प्रथमान्तम् ॥) संयोगान्तं यत्पदं तदन्तस्य लोपः स्यात् ॥

जिस पद (१८) के अन्तमें संयोग (१७) होय और वोह संयोग जिस समुदायके अन्तमें होय तिसका लोप (४) हो जावै । इस प्रकार–'सुद्ध्य्' इस संयोगान्तपदके लोपकी प्राप्ति हुई ॥ तब–

२५ अलोऽन्त्यस्य । १ । १ । ५२ ॥

(अलः-षष्ठ्यन्तम् । अन्त्यस्य-षष्ठ्यन्तम् ॥) षष्ठीनिर्दिष्टोऽन्त्यस्यादेशः स्यात् ॥

षष्ठी जिस आदेशको कहै वह आदेश अन्त्यके अक्षरको हो । षष्ठी जो (सू०२४) में ' संयोगान्तस्य ' है उसने लोप आदेशको कहा है, सो वह आदेश अन्त्यके अक्षर ' य् ' का पाया, तब इस वार्तिकने निषेध किया–

२ (यणः प्रतिषेधो वाच्यः) ॥

यदि अन्त्यमें यण्–प्रत्याहारका कोई अक्षर हो तौ उसका लोप नहीं हो, और कोई वर्ण हो तौ लोप हो जाय। सो यण्–प्रत्याहारका होनेसे ' य् ' काभी लोप न हुआ तौ–सुधी+उपास्यः = सुद्ध्युपास्यः, सुध्युपास्यः । मधु+अरिः = मद्ध्वरिः, मध्वरिः । धातृ+अंशः = धात्रंशः, धात्रंशः । लृ+आकृतिः = लाकृतिः । सिद्ध हुए ॥

२७ एचोऽयवायावः । ६ । १ । ७८ ॥

(एचः-षष्ठ्यः । अयवायावः-प्रथमान्तम् ॥) एचः क्रमादय् अव् आय् आव् एते स्युरचि ॥

जो अच् परे होय तौ एचों (ए ओ ऐ औ) को क्रमसे अय्–अव्–आय्–आव् यह आदेश हो हरे+ए । विष्णो+ए । नै+अकः । पौ+अकः । इत्यादि प्रयोगोंके अर्थ कोई नियम नहीं किया कि, कौनसे अक्षरको कौनसा आदेश हो सो निश्चय करते हैं–

२८ यथासंख्यमनुदेशः समानाम् । १ । ३ । १० ॥

(यथासंख्यम्-अव्यः । अनुदेशः-प्रथः । समानाम्-षष्ठ्यः ॥) समसम्बन्धी विधिर्यथासंख्य स्यात् ॥

जिस विधिका बराबर संबन्ध हो वह विधि यथा संख्य (पहलेको पहला, दूसरेको दूसरा, तीसरेको तीसरा, चौथेको चौथा) इस क्रमसे हो तौ (सू०२७) के सूत्रसे यथासंख्य अय्–आदिक आदेश होकर–हरये । विष्णवे । नायकः । पावकः । इत्यादि प्रयोग सिद्ध हुवे॥

---

१ " अन्वग्भवति व्यञ्जनम् " यह महाभाष्यमें लिखा है कि–व्यञ्जनके अन्तमें अच् होता है, कारण कि–अच्हीन (हल्) वर्णका उच्चारण नहीं हो सक्ता, अतएव हल् अक्षर अच्स्वरूपअवधिपर्यन्त वर्णमें मिलाये जाते हैं ॥

२९ वान्तो यि प्रत्यये । ६ । १ । ७९ ॥

(वान्तः-षष्ठ्यः । यि-सप्तः । प्रत्यये-सप्तम्यन्तम् ॥) यकारादौ प्रत्यये परे ओदौतोरव् आव् एतौ स्तः ॥

यकार जिसके आदिमें हो ऐसे प्रत्ययके परे हुए संते ओ और औको अव् और आव् आदेश होंय, जैसे-गो+यम् । (मु०२९) से प्राप्त (मु०२८) के अनुसार आदेश होनेपर । गव्यम् । नौ+यम् = (२९-२८) नाव्यम् । इत्यादिरूप सिद्ध हुए ॥

३० (अध्वपरिमाणे च) ॥

रस्ता वाच्य होनेमेंभी गो-शब्दको यूति परे होनेमें अव् आदेश हो । जैसे-गो+यूतिः = गव्यूतिः । गव्यूति नाम (गव्यूतिः स्त्री क्रोशयुगम्) इस कोषके प्रमाणसे दो कोषका है ॥

३१ अदेङ् गुणः । १ । १ । २ ॥

(अत्-प्रथमान्तम् । एङ्-प्रथ० । गुणः-प्रथमान्तम् ॥) अत् एङ् च गुणसञ्ज्ञः स्यात् ॥

ह्रस्व अकार (अ) और एङ्-प्रत्याहार (ए-ओ) को गुण कहते हैं ॥

३२ तपरस्तत्कालस्य । १ । १ । ७० ॥

(तपरः-प्रथमान्तम् । तत्कालस्य-षष्ठ्यन्तम् ॥) तः परो यस्मात्स तात् परश्चोच्चार्यमाणः *समकालस्यैव सञ्ज्ञा स्यात् ॥

जिस अच्से परे तकार हो वह अच् और तकारसे परे उच्चारण किया हुआ अच् अपनीही संज्ञावाला होता है । अर्थात् अत् कहनेसे ह्रस्व अकाही बोध होता है, अठारह भेदोंका ग्रहण नहीं किया जाता । इसी प्रकार सब जगह तपरकरणके ग्रहणसे जानो ॥

३३ आद्गुणः । ६ । १ । ८७ ॥

---

१ यस्मिन्विधिस्तदादावल्ग्रहणे-अल्ग्रहणे सप्तम्यन्ते विशेषणीभूते यो विधिर्विधीयते स तदादौ ज्ञेयः । तदन्तविधेरपवादोऽयम् । * तेन अत् इत् उत् इत्यादयः षण्णां षण्णां सञ्ज्ञा ।

(आत्-पचम्यन्तम् । गुणः-प्रथमान्तम् ।) अवर्णादचि परे पूर्वपरयोरेको गुणादेशः स्यात् ॥

अवर्ण (अ-आ) से परे यदि अच् होय तब पूर्व और परके स्थानमें एक गुण (सू० ३१) आदेश हो जाय । जैसे-उप+इन्द्रः-यहां 'प' के 'अ' से इन्द्रः की 'इ' अच् परे है, सो पूर्व 'अ' और पर 'इ' के स्थानमें (सू०२१) के अनुसार गुणोंमेंसे 'ए' हो गया, तब उपेन्द्रः-और ऐसेही-गंगा+उदकम्-गङ्गोदकम् । इत्यादि रूप सिद्ध हुए ॥

३४ उपदेशेऽजनुनासिक इत् । १ । ३ । २ ॥

(उपदेशे सप्तम्यन्तम् । अच्-प्रथमान्तम् । अनुनासिकः-प्रः । इत्-प्रथमान्तम् ।) उपदेशेऽनुनासिकोऽजित्संज्ञः स्यात् ॥

उपदेशमें (सू०३) जो अनुनासिक (सू०११) अच् है उसकी इत्संज्ञा होती है ॥

प्रतिज्ञानुनासिक्याः पाणिनीयाः ॥

पाणिनिमुनिके कहे गये सम्पूर्ण वर्ण प्रतिज्ञा करके अनुनासिक होते हैं॥

लण्सूत्रस्थावर्णेन सहोच्चार्य्यमाणो रेफो रलयोः सज्ञा ॥

लण्सूत्रमें स्थित जो (इत्संज्ञक) अवर्ण तिसके साथ उच्चारण किया रकार (र-प्रत्याहार) र और ल इन दो अक्षरोंका ग्रहण करता है ॥

३५ उरण् रपरः । १ । १ । ५१ ॥

(उ.-षष्ठ्यन्तम् । अण्-प्रथ० । रपरः-प्रथमान्तम् ।) ऋ इति त्रिशत. सज्ञेत्युक्तम्, तत्स्थाने योऽण् स रपरः सन्नेव प्रवर्त्तते ॥

ऋ-यह अक्षर (सू०१५) के अनुसार तीस तरहका होता है, सो उस ऋकारके स्थानमें जो अण् होता है वह अण् एक रकारके साथही प्रवृत्त होता है, (सू०३४) के अनुसार ऌकारके स्थानमें वही अण् लकारके साथही प्रवृत्त होता है, जैसे-कृष्ण+ऋद्धिः-कृष्ण-

१ " ऋतुभिकान्यायेन रेफस्योच्चारणम् " ।

द्धिः । और-तव+लृकारः-तवल्कारः । यहां (सू०३३) से पूर्व-परके स्थानमें एक गुण आदेश होनेपर (सू०३५) से यथाक्रमसे र और ल हो गये ॥

३६ लोपः शाकल्यस्य । ८ । ३ ।१९ ॥

(लोपः-प्रथमान्तम् । शाकल्यस्य-षष्ठ्यन्तम् ।) अवर्णपूर्वयोः पदान्तयोर्यवयोर्लोपो वाऽशि परे ॥

शाकल्यमुनिके मतमें जिससे पहले अ (आ) कार हो ऐसे पदान्त (सू० १८) के यकार और वकारका विकल्प करके लोप हो ॥

३७ पूर्वत्रासिद्धम् ।८ । २ । १ ॥

(पूर्वत्र-अव्ययपदम् । असिद्धम् प्रथमान्तम् ।) सपादसप्ताध्यायी प्रति त्रिपाद्यसिद्धा त्रिपाद्यामपि पूर्वम्प्रति पर शास्त्रमसिद्धम् ॥

जहां सपादसप्ताध्यायीका कोई सूत्र लगता है उसके लगनेपर त्रिपादीका सूत्र असिद्ध हो जाता है और त्रिपादीमेंभी इतना विशेष है कि, पूर्वसूत्रके प्रति (दृष्टिमें) परसूत्र असिद्ध हो जाता है ॥ जैसे-हरे+इह । इस प्रयोगमें (सू०७७) के अनुसार एकारको अय् आदेश हुआ तो रकार अयूके अमे मिलनेसे-हरय्+इह-ऐसा रूप बननेपर (सू०३६) के अनुसार यकारका लोप हो गया, तब-हर+इह-इस रूपमें (सू० ३३) के अनुसार पूर्वपरके स्थानमें एक गुण आदेशकी प्राप्ति होनेमें (सू०३७) ने निषेध किया अर्थात्-(सू०३६) त्रिपादीका सूत्र है उसने जो लोप किया है वोह सपादसप्ताध्यायीके (सू० ३३) की दृष्टिमें असिद्ध है, मानो (सू०३३) यकारहीको देखता है, जब उसकी दृष्टिमें यलोप असिद्ध हुआ, तो गुण (सू०३३) की प्राप्तिही न रही । हरे+इह-हर इह. हरयिह । विष्णो+इह-विष्ण इह, विष्णविह । इसी प्रकार सर्वत्र जानना ॥

३८ वृद्धिरादैच् । १ । १ । १ ॥

(वृद्धिः प्रथमा० । आत्-प्रथमा० । ऐच् प्रथमान्तम् ।) आदैच्च वृद्धिसञ्ज्ञः स्यात् ॥

आकार और ऐच्-प्रत्याहार (ऐ औ) इनकी वृद्धि संज्ञा है ॥

३९ वृद्धिरेचि । ६ । १ । ८८ ॥

(वृद्धिः-प्रथमान्तम् । एचि-सप्तम्यन्तम् ।) आदेचि परे वृद्धिरेकादेशः स्यात् । गुणापवादः ॥

अ (आ) कारसे परे यदि एच् हो तो पूर्व-परके स्थानमें वृद्धि एकादेश होय । यह सूत्र (म०३३) से विहित गुणका बाधक अर्थात् निषेध करनेवाला है । कृष्ण+एकत्वम् । इस प्रयोगमें (मू०३९) से प्राप्त वृद्धि (म०२१) के अनुसार पूर्व-परके स्थानमें ऐ वृद्धि होनेपर-कृष्णैकत्वम्, और-गंगा-ओघः । यहां औ वृद्धि और-देव+ऐश्वर्यम् । और-कृष्ण+औत्कंठ्यम् । इन प्रयोगोंमें यथाक्रमसे पूर्व-परके स्थानमें ऐ-और औ वृद्धि होनेसे-गङ्गौघः । देवैश्वर्यम् । कृष्णौत्कंठ्यम । इत्यादि रूप सिद्ध हो गये "निरवकाशो विधिरपवादः" यह (म०३९) से प्राप्त विधि अवकाशरहित होकर गुणकी बाधक होती है, अर्थात्-यदि इस (म०३९) के विषयमभी गुण (म०३३) होय तो यह (म० ३९) कहां चरितार्थ होगा, अतः यह गुणका बाधक है ॥

४० एत्येधत्यूठसु । ६ । १ । ८९ ॥

(एत्येधत्यूठसु सप्तम्यन्तम् ।) अवर्णादेजाद्योरेत्येधत्योरूठि च परे वृद्धिरेकादेशः स्यात् । पररूपगुणापवादः ॥

अ (आ) कारसे एजादि (जिनके पहले एच्-प्रत्याहारका कोई अक्षर हो) एति और एधतिके और ऊठके परे होनेपर पूर्वपरके स्थानमें वृद्धि एकादेश होय । यह सूत्र (मू० ४८) से प्राप्त पररूप और (म०३३) से प्राप्त गुणका अपवाद है । जैसे-उप+एति । यहां एतिपरे होनेसे वृद्धि होनेपर-उपैति । और । उप+एधते । यहां एध परे होनेपर वृद्धि होनेसे । उपैधते । सिद्ध हुआ । और-प्रष्ठ+ऊहः । यहां ऊठ परे होनेसे औ वृद्धि होकर-प्रष्ठौहः । इत्यादिक रूप बने ॥ एजाद्योः किम् ॥ एजादि एति और एधति क्यों कहे ? यदि एजादि न कहते तो । उप+इतः । इस प्रयो-

गमेंभी वृद्धिही होती, क्योंकि यहांभी एतिकाही 'इत' परे है सो नहीं होती वह तौ एजादि कहता है, तो फिर (सू० ३३) से प्राप्त गुण होकर । उपेतः । मा भवान् प्र+इदिधत्—मा भवान् प्रेदिधत् । इत्यादि प्रयोग सिद्ध हुए ॥

४१ (अक्षादूहिन्यामुपसंख्यानम्) ॥

अक्ष-शब्दसे जब ऊहिनी शब्द परे हो तौ वृद्धि हो, जैसे—अक्ष +ऊहिनी सेना । यहां अक्ष-शब्दसे ऊहिनी शब्द परे होनेसे । *अक्षौहिणी सेना । यह प्रयोग बना ॥

४२ (प्रादूहोढोढ्येषेष्येषु) ॥

प्र-शब्दसे ऊह, ऊढ, ऊढि, एष, एष्य, इतने शब्दोंके परे हुए सते वृद्धि हो । जैसे—प्र+ऊहः—प्रौहः । प्र+ऊढः प्रौढः । प्र+ऊढिः—प्रौढिः । प्र+एषः—प्रैषः । प्र+एष्यः—प्रैष्यः । यह प्रयोग यथाक्रमसे सिद्ध हो गये ॥

४३ (ऋते च तृतीयासमासे) ॥

तृतीयासमास (सू० ९१९) में अकारसे परे ऋतशब्द हो तौ वृद्धि होय । सुखेन ऋतः = सुख+ऋतः—सुखार्तः ॥ तृतीयेति किम् ॥ तृतीयासमासमें हो, यह कहनेसे परमश्चासौ ऋतः = परम+ऋतः—परमर्तः । यहां वृद्धि (सू० ४३) न हुई, क्योंकि यहां तृतीयासमास नहीं, किन्तु कर्मधारय (सू० १०१७) समास है ॥

४४ (वत्सतरकम्बलवसनार्णदशानामृणे) ॥

प्र, वत्सतर, कम्बल, वसन, ऋण और दशन, इन शब्दोंसे परे जब ऋण-शब्द हो तब वृद्धि हो, जैसे—प्र+ऋणम्—यहां (सू० २१) के अनुसार (सू० ४४) से प्राप्त आकार वृद्धि होनेपर (सू० ३५) से रपर होनेसे । प्रार्णम् । वत्सतर+ऋणम्—वत्सतरार्णम् । कम्बल+

*अक्षाणामहनीति विग्रहे पतत्, अक्षाणामूहोऽस्यास्तीति विग्रहे तु 'अक्षौहिणी' इत्येव, तत्राऽक्षशब्दऊहिनीशब्दयोरन्त्यत्वाभावात् ।

ऋणम्–कम्बलार्णम् ।वसन+ऋणम्–वसनार्णम् । ऋण+ऋणम्–ऋणार्णम् । दशन+ऋणम्–दशनार्णम् । यह रूप यथाक्रमसे सब सिद्ध हो गये ॥

४५ उपसर्गाः क्रियायोगे । १ । ४ । ५९ ॥

(उपसर्गाः-प्रथमान्तम् क्रियायोगे-सप्तम्यन्तम् ।) प्रादयः क्रियायोगे उपसर्गसंज्ञाः स्युः ॥

जब प्र-इत्यादि क्रियाके योग (संग) में हों तब उनको उपसर्ग कहते हैं । प्रादिक यह हैं–

प्र १, परा २, अप ३, सम् ४, अनु ५, अव ६, निस् ७, निर ८, दुस् ९, दुर १०, वि ११, आङ् १२, नि १३, अधि १४, अपि १५, अति १६, सु १७, उद् १८, अभि १९, प्रति २०, परि २१, उप २२ ॥

प्रकर्ष (बहुत) १, उलटा २, वियोग–त्याग ३, भलीप्रकार ४, पीछे ५, निश्चय–अनादर ६, निषेध–निश्चय ७, निषेध–निश्चय–बाहर होना ८, दुष्ट–निषेध–निन्दा–दुःख ९। १०, विगत–विशेष ११, मर्य्यादा–थोडा १२, अत्यन्त १३, अधिकता १४, भी–क्या १५, प्रशंसा–अतिशय १६, अत्यन्त–अच्छा–विना श्रम १७, उत्कर्ष–ऊपर १८, सन्मुख–चारों ओरसे १९, बदला–सामने २०, छोडकर–सब तर्फ २१, धोरे २२ ॥

एते प्रादयः ॥

यह बाईस प्रादिक कहाते हैं । इन प्रादिकोंके और २ भी अर्थ होते हैं, कार्यानुसार समझ लेने ॥

४६ भूवादयो धातवः । १ । ३ । १ ॥

(भूवादयः-प्र० । धातवः-प्रथमान्तम् ।) क्रियावाचिनो भ्वादयो धातुसंज्ञाः स्युः ॥

क्रियाका प्रतिपादन करनेवाला भ्वादि (भ्वादि १, अदादि २, जुहोत्यादि ३, दिवादि ४, स्वादि ५, तुदादि ६, रुधादि ७, तना-

दि ८ क्र्यादि ९, चुरादि १०) आदिक इन दश गणोंमें उसका पाठ हो, उसको धातु कहते हैं॥

४७ उपसर्गादृति धातौ । ६ । १ । ९१ ॥

(उपसर्गात्-पञ्चम्यन्तम् । ऋति-सप्तम्य० । धातौ-सप्तम्यन्तम् ।) अवर्णान्तादुपसर्गादृकारादौ धातौ परे वृद्धिरेकादेशः स्यात् ॥

अकारान्त उपसर्गसे ऋकारादि (जिसके पहले ऋकार हो) धातुके परे होनेपर वृद्धि (सू०३८) एकादेश हो। जैसे–प्र+ऋच्छति। यहां अकारसे परे ऋकारादि धातु परे होनेसे पूर्व-परके स्थानमें (सू० २१) के अनुसार आ वृद्धि होनेपर (सू०३५) से रपर होनेपर। प्रार्च्छति। यह रूप सिद्ध हुआ ॥

४८ एङि पररूपम् । ६ । १ । ९४ ॥

(एङि-सप्तम्यन्तम् । पररूपम्-प्रथमान्तम् ।) आदुपसर्गादेङादौ धातौ परे पररूपमेकादेशः स्यात् ॥

अकारन्त उपसर्गसे परे जब एङादि (जिसके पूर्व ए-ओ यह हों) धातुके (सू०४६) परे हुए सन्तें पररूप एकादेश हो। जैसे–प्र+एजते। यहां (सू०३९) की प्राप्ति थी सो उसको बाध कर प्र के अका पररूप (अर्थात् परमें ए है वैसाही उस 'अ' काभी रूप हो गया) होकर। प्रेजते। और–उप-ओषति का उपोषति। इत्यादि रूप बने ॥

४९ अचोऽन्त्यादि टि । १ । १ । ६४ ॥

(अचः-षष्ठ्यन्तम् । अन्त्यादि-प्रथ० । टि-प्रथमान्तम् ।) अचाम्मध्ये योऽन्त्यः स आदिर्यस्य तदित्संज्ञं स्यात् ॥

अचोंमेंसे जो पीछेका अच् है वह अच् जिसके पहले हो उसकी टि संज्ञा होती है ॥

५० (शकन्ध्वादिषु पररूपं वाच्यम्) तच्च टेः ॥

ऐसा कहना चाहिये–शकन्ध्वादि-गणमें पठित शब्दोंमें पररूप

होता है । और वह पररूप टि-संज्ञक वर्णका हो जैसे–शंक+अन्धुः । यहां ककारका पररूप प्राप्त था, परंतु पररूप टिकाही होता है, तौ (सू०४९) से ककारके 'अ' की टिसंज्ञा करके 'अ' काही पररूप कर दिया तब । शकन्धुः । ऐसेही । कर्क+अन्धुः–कर्कन्धुः । हो गया, और । मनस्+ईशा । यहां (सू०४९) के अनुसार अस्-मात्रकी टिसंज्ञा होनेसे टिका पररूप हो गया तौ । मनीषा । यह सिद्ध हो गया । ऐसेही । लाङ्गल+ईषा–लाङ्गलीषा । मार्त्त+अंडः–मार्त्तंडः । इत्यादि रूप सिद्ध हो गये ॥

आकृतिगणोऽयम् ॥

यह शकन्ध्वादिगण आकृतिगण (सूरतसे पहचानने लायक) होता है ॥

५१ ओमाङोश्च । ६ । १ । ९५ ॥

(ओमाङोः-सप्तम्यन्तम् । च-अव्ययपदम् ।) ओमि आङि चात्परे पररूपमेकादेशः स्यात् ।

जब अकारसे परे ओम्–या–आङ् हो तौ पररूप एकादेश हो । जैसे । शिवाय+ओम् नमः–शिवायोन्नमः । रूप सिद्ध होता है । शिव+आ+इहि । यहांभी आङ् परे है, इसलिये यहां (सू०५१) से पररूप होता है, परन्तु यहां यह सूत्र विशेष है–

५२ अन्तादिवच्च । ६ । १ । ८५ ॥

(अन्तादिवत्-तद्धितातमव्ययम् । च-अव्ययपदम् ।) योऽयमेकादेशः पूर्वस्यान्तवत्, परस्यादिवत् स्यात् ॥

जो यह एकादेश होता है यह यदि पूर्वको हो तौ अन्तकी सदृश और परको आदिकी सदृश हो । जैसे । शिव+आ+इहि । यहां पररूप होता है सो पूर्वकी सदृश (पूर्वमें छोटा 'अ' है, पररूप होनेसेभी छोटाही 'अ') हुआ तौ । शिव+इहि । ऐसा रूप बननेपर (सू० ३३) से पूर्वपरके स्थानमें एक गुणादेश होकर । शिवेहि । रूप सिद्ध हो गया ॥

५३ अकः सवर्णे दीर्घः । ६ । १ । १०१ ॥

(अकः-पञ्चम्यन्तम् । सवर्णे-सप्तम्यन्तम् । दीर्घः-प्रथमान्तम् ।) अकः सवर्णेऽचि परे पूर्वपरयोर्दीर्घ एकादेशः स्यात् ॥

अक्-प्रत्याहारके अक्षरसे परे जब सवर्णी (जिसकी सवर्णसंज्ञा (सू० १२) होती है) अच् परे हो तब पूर्व-परके स्थानमें दीर्घ एकादेश हो । जैसे । दैत्य+अरिः-दैत्यारिः । श्री+ईशः-श्रीशः । विष्णु+ उदयः-विष्णूदयः । इत्यादिक रूप बने ॥

५४ (ऋति सवर्णे ऋ वा) ॥

जब ऋ से ऋ परे होय तौ विकल्प करकै दीर्घ एकादेश हो । जैसे होतृ+ऋकारः-होतृकारः, होतॄकारः ॥

५५ (ऌति सवर्णे ऌ वा) ॥

यदि सवर्णसंज्ञक ऌ परे हो तौ विकल्पसे दीर्घ हो । जैसे-होत्ऌ+ऌकारः-होत्ऌकारः, होत्ॡकारः। यहां ऌवर्ण दीर्घ नहीं होता, इसी कारण जहां विकल्पसे ऌ दीर्घ प्राप्त होती है वहां सवर्णसंज्ञक होनेसे दीर्घ ऋही हो जाती है.परन्तु श्रीभट्टोजीदीक्षितने सिद्धान्तकौमुदीमें ऌकोही दीर्घ कर रूप सिद्ध किया है. सो सिद्धान्तकौमुदीमें स्पष्ट कर दिया है ॥

५६ एङः पदान्तादति । ६ । १ । १०९ ॥

(एङः-पञ्चम्यन्तम् । पदान्तात्-पदः । अति-सप्तम्यन्तम् ।) पदान्तादेङोऽति परे पूर्वरूपमेकादेशः स्यात् ॥

पदान्तके एङ्से जब अ परे हो तौ पूर्वरूप एकादेश होय । जैसे । हरे+अव-हरेऽव । और । विष्णो+अव-विष्णोऽव । यहां यथाक्रमसे जो पहले अक्षरका रूप है वैसाही 'अ' कामी हो गया । जहां पूर्वरूप होता है वहां अकारका ऐसा (ऽ) रूप हो जाता है। इसीको अर्धाकार कहते हैं, प्रायकरकै पूर्वरूपमें ऐसाही चिन्ह आता है ॥

५७ सर्वत्र विभाषा गोः । ६ । १ । १२२ ॥

(सर्वत्र-अव्ययपदम् । विभाषा-विकल्पार्थकमव्ययपदम् । गोः-षष्ठ्यन्तम् ।)लोके वेदे चैडन्तस्य गोरति वा प्रकृतिभावः पदान्ते ॥

वैदिक और अवैदिकभी प्रयोगोंमें जो पदान्तमें एडन्त (ए ओ जिसके अन्तमें हों) गो-शब्दसे जब ह्रस्व अकार परे हो तौ विकल्प (जो काम एकवार तौ हो, और दूसरी वार न हो, उसको विकल्प कहते हैं) करके प्रकृतिभाव (जैसेका तैसाही रहजानेको प्रकृतिभाव कहते हैं) हो । जैसे । गो+अग्रम् । एकवार तौ प्रकृतिभाव होकर । गो अग्रम् । ऐसाही रह गया, और दूसरीवार । गो+अग्रम् । यहां (सू० ५६) से ' अ ' का पर्वरूप हो गया तौ । गोऽग्रम् । ऐसा सिद्ध हो गया ॥ एडन्तस्य किम् ॥ एडन्त गो-शब्दही क्यों ग्रहण करा । जो एडन्त गो-शब्द न कहते तौ । चित्रगु+अग्रम् । यहां गो-शब्द तौ है, परन्तु एडन्त नहीं, जो एडन्त ग्रहण न करते तौ यहांभी प्रकृति भाव हो जाता, अब यहां (सू० ५९) से उ-को व हो गया तौ । चित्रग्वग्रम् । हो गया ॥ पदान्ते किम् ॥ पदान्तमें प्रकृतिभाव हो यह क्यों कहा, जो पदान्त न कहते तौ । गो+अस् । यहांभी प्रकृतिभाव हो जाता, ओकी पदसंज्ञाही नहीं । गोः (सू०१९१ । ११३) ॥

५८ अनेकाल् शित् सर्वस्य । १ । १ । ५५ ॥

(अनेकाल्-प्रथ० । शित्-प्रथमा० । सर्वस्य-षष्ठ्यन्तम्)

अनेकाल् (जिसमें अल्-प्रत्याहारके जादे वर्ण हों) और शित् (जिसके ' श ' की इत्संज्ञा हो) आदेश स्थानीके सम्पूर्ण स्थानमें होते हैं परन्तु-

५९ ङिच्च १ । १ । ५३ ॥

(ङित्-प्रथ० । च-अव्ययपदम् ।) ङिदनेकाल्यन्तस्यैव स्यात् ॥

ङित् (जिसके ङ्की इत्संज्ञा होती है) आदेश यदि अनेकाल्-भी हो तौभी अंतहीको हो (सू०५८) से प्राप्त सबको न हो ॥

६० अवङ् स्फोटायनस्य । ६ । १ । १२३ ॥

(अवङ्-प्रथमाः । स्फोटायनस्य-षष्ठ्यन्तम् ।) पदान्ते एङन्तस्य गोरवङ् वाऽचि ॥

पदान्तमें जो एङन्त गो शब्द है उसे स्फोटायनआचार्यके मतमें अच्के परे होनेपर विकल्पकरके अवङ् (अव) आदेश हो। जैसे-गो+अग्रम् । यहां ओको अवङ् हो गया तो (सू०३) से 'ङ्' की इत्संज्ञा होकर (सू०५३) से दीर्घ हो गया तो । गवाग्रम् । यह रूप बना । गो+अग्रम् । यहां विकल्पके कारण अवङ् न हुआ तो (सू०५६) से पूर्वरूप हो गया । गोऽग्रम् ॥ पदान्ते किम् ॥ पदान्तमें कहनेसे,-गो+इ (सू०२७) से-गवि । यहां अवङ् न हुआ, क्योंकि, गो+इ । ऐसे प्रयोगमें ओकू पदान्तत्व नहीं है गवि सिद्ध होकर इसमें पदान्त रहता है ॥

६१ इन्द्रे च । ६ । १ । १२४ ॥

(इन्द्रे-सप्तम्यन्तम् । च-अव्ययपदम् ।) गोरवङ् स्यादिन्द्रे ॥

गो-शब्दको इन्द्र-शब्द परे होनेपर अवङ् आदेश हो । जैसे-गो+इन्द्रः । यहां (सू०६१) से प्राप्त जो गो-शब्दको अवङ् आदेश है वह (सू०५८) से सारे गो-शब्दको प्राप्त था सो फिर (सू०५९) से अन्त अर्थात् ओको अवङ् हो गया तो (सू० ३) से 'ङ्' की इत्संज्ञा होकर (सू०५३) से दीर्घ एकादेश हो । गवेन्द्रः । ऐसा रूप बना ॥

६२ दूराद्धूते च । ८ । २ । ८४ ॥

(दूरात्-पञ्चम्यः । हूते-सप्तः । च-अव्ययपदम् ।) दूरात्सम्बोधने वाक्यस्य टेः प्लुतो वा ॥

दूरसे संबोधन (पुकारने) में वाक्यकी टि (सू०४९) को प्लुत (सू० ७) विकल्प करके हो ॥

६३ प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम् । ६ । १ । १२५ ॥

(प्लुतप्रगृह्याः-प्रथ० । अचि-सप्त० । नित्यम्-प्रथमान्तम् ।) एतेऽचि नित्य प्रकृत्या स्युः ॥

यह प्लुत (सू० ७) और प्रगृह्य (सू० ६४) नित्यही अच्के परे हुए सते जैसेके तैसेही रह जाय । जैसे । आगच्छ कृष्ण+अत्र गौश्चरति । यहां दूरसे कृष्णके बुलानेमें, अही टि है उसको प्लुत हो गया तो ऐसा (३) चिन्ह हो गया, फिर (सू० ५३) की प्राप्ति थी तौ (सू० ६३) ने निषेध कर दिया । आगच्छ कृष्ण ३ अत्र गौश्चरति । ऐसाही रूप रह गया ॥

६४ ईदूदेद्विवचनं प्रगृह्यम् । १ । १ । ११ ॥

(ईदूदेद्विवचनम्-प्रथमा० । प्रगृह्यम् प्रथमान्तम् ।) ईदूदेदन्त द्विवचन प्रगृह्य स्यात् ॥

ई ऊ ए जिनके अन्तमें हों ऐसा द्विवचन **प्रगृह्य**नामवाला हो । हरी+एतौ-हरी एतौ । विष्णू+इमौ-विष्णू इमौ । यहां (सू० १९) की प्राप्ति थी सो (सू० ६२) से जैसेका तैसाही रह गया । और-गंगे+अम्र । यहां (सू० २७) की प्राप्ति थी सो (सू० ६३) ने निषेध कर दिया । यहां क्रमसे ईदन्त ऊदन्त एदन्त द्विवचन समझ लो ॥

६५ अदसो मात् । १ । १ । १२ ॥

(अदसः पञ्चम्यन्तम् । मात् पञ्चम्यन्तम् ।) अस्मात्परावीदूतौ प्रगृह्यौ स्तः ॥

जब अदस्-शब्दके मकारसे परे जो ईदन्त और ऊदन्त सो **प्रगृह्य** (सू ६४) संज्ञक हों ॥ जैसे-अमी+ईशाः । यहां (सू० ५३) की प्राप्ति थी, उसको (सू० ६५) ने बाध लिया तो (सू० ६३) से ऐसाही रह गया । अमी ईशाः । यही रूप रहा । रामकृष्णावमू+आसाते । यहां (सू० १९) को बाधकर (सू० ६५) से प्रगृह्य संज्ञा हो (सू० ६३) से ज्योंका त्यों रह गया । रामकृष्णावमू आसाते । ऐसाही रहा ॥ मात् किम् ॥ अदस्-के 'म' सैही परे क्यों

कहा। यदि मकारसे पर न कहते तो। अमुके+अत्र। यहांभी प्रगृह्य-संज्ञा हो जाती, अब यहां (सू० ५६) से अका पूर्वरूप होकर। अमुकेत्र। ऐसा रूप बना। इस सूत्रमें (सू० ६४) से अनुवृत्ति होती है॥

६६ चादयोऽसत्वे। १। ४। ५७॥

(चादयः-प्रथ०। असत्वे-सप्तम्यन्तम्।) अद्रव्यार्थाश्चादयो निपाताः स्युः॥

द्रव्यअर्थसे रहित जो चादिगणपठित शब्द हैं उनकी **निपात** संज्ञा हो। अद्रव्य उनको कहते हैं-जिनका अन्वय लिंग-संख्याके साथ न हो॥

६७ प्रादयः। १। ४। ५८॥

(प्रादयः-प्रथमान्तम्।) एतेऽपि तथा॥

अद्रव्यार्थ प्रादिकों (सू० ४५) की **निपात** संज्ञा हो॥

६८ निपात एकाजनाङ्। १। १। १४॥

(निपातः-प्रथ०। एकाच् प्रथ०। अनाङ्-प्रथमान्तम्।) एकोऽज् निपात आङ्वर्ज्यः प्रगृह्य स्यात्॥

आङ्से रहित जो एकअच्वाला निपात (सू० ६६।६७) है उसकीभी **प्रगृह्य** संज्ञा हो। जैसे-इ+इन्द्रः। यहां (सू० ५३) का निषेध होकर प्रगृह्य संज्ञा हुई, क्योंकि यहां (सू० ६६) से 'इ' की निपात-संज्ञा है और आङ्से रहितभी हो तो (सू० ६३) से जैसेके तैसाही रह गया। इ इन्द्रः। और। उ+उमेशः। यहांभी पूर्ववत्ही साधनका है। उ उमेशः॥

६९ (वाक्यस्मरणयोरङित्)॥

वाक्य और स्मरण करनेमें आङ्कीभी ङित् संज्ञा न हो। और जगह हो जाय। जैसे-आ+एवं नु मन्यसे।(क्या अब आप ऐसा मानते हैं ?।) यहां वाक्यमें आकी ङित्संज्ञा न हुई तो (सू० ६८)

से प्रगृह्य संज्ञा हो (सू० ६३) सै ज्योंका त्यों रह गया। आ एवं नु मन्यसे। और आ+एवं किल तत्—आ एवं किल तत् (हां वह ऐसेही है) यहां स्मरणमें आकी सब पूर्ववत् साधनका समझ लो। यहां दोनों प्रयोगोंमें (सू०३९) काभी निषेध है ॥ अन्यत्र ङित् ॥ वाक्य और स्मरणसे रहित और जगह तौ आकी ङित्संज्ञाही होती है। जैसे—आ+उष्णम्। यहां आ थोडेका वाची है, इससे प्रगृह्य संज्ञा न हुई तौ (सू० ३३) से पूर्व-परके स्थानमें एक ओ-गुण होकर। आष्णम्। ऐसा रूप बना ॥ ईषदुष्णम् ॥ अर्थात् थोडा गरम ॥

७० ओत्। १। १। १५ ॥

(ओत्-प्रथमान्तम्।) ओदन्तो निपातः प्रगृह्यः स्यात् ॥

ओकार जिसके अंतमें हो ऐसा निपात (सू०६६) भी **प्रगृह्यसंज्ञक** हो। जैसे—अहो+ईशाः। यहां (सू० २७) का निषेध कर प्रगृह्य संज्ञा हो (सू० ६३) से। अहो ईशाः। ऐसाही रह गया ॥

७१ सम्बुद्धौ शाकल्यस्येतावनार्षे। १। १।१६ ॥

(सम्बुद्धौ-सप्तम्य० । शाकल्यस्य-षष्ठ्यन्तम् । इतौ सप्त० । अनार्षे-सप्तम्यन्तम ।) सम्बुद्धिनिमित्तक ओकारो वा प्रगृह्योऽवैदिके इतौ परे ॥

यदि वेदभिन्न (लौकिक) इति-शब्द परे होय तौ सम्बोधनसंबंधी ओकारकी विकल्प करके शाकल्यआचार्यके मतमें **प्रगृह्य** संज्ञा हो और किसीके मतमें नहीं। जैसे—विष्णो+इति। यहां लौकिक इति-शब्द परे होनेसे सम्बोधनके ओकी प्रगृह्य संज्ञा हुई तौ। विष्णो इति। ऐसाही रहा। औरोंके मतमें। विष्णो+इति। यहां (सू० २७) से ओकूं अवादेश हो गया तौ। विष्णविति। यह रूप बना। और जब (सू० ३६) से 'व' का लोप हो गया तौ। विष्ण इति। यह तीन रूप बने ॥

---

१ इदमर्थे क्रियायोगे मर्यादाभिविधौ च य। एतमात् ङित् विद्याद्वाक्यस्मरणयोर्ङित्॥१॥

७२ मय उञो वो वा । ८ । ३ । ३३ ॥

(मयः-पञ्चम्यः । उञः-षष्ठ्यः । वः-प्रथः । वा-विकल्पार्थकमव्ययपदम् ।) मयः परस्य उञो वो वा अचि ॥

मय्-प्रत्याहारसे परे जो उञका उ तिसको अच्के परे हुए संते विकल्प करके व हो । जैसे-किम्+उक्तम् । यहां जब उको व हुआ तो । किम्वुक्तम् । हुआ । नहीं तो (मू० ६८) से प्रगृह्य संज्ञा हो (मू० ६३) से ज्योंका त्योंही रह गया । किमु उक्तम् ॥

७३ इकोऽसवर्णे शाकल्यस्य ह्रस्वश्च । ६ । १ । १२७ ॥

(इकः-प्रथः । असवर्णे-सप्तः । शाकल्यस्य-षष्ठ्यः । ह्रस्वः-प्रथः । च अव्ययपदम् ।) पदान्ता इको ह्रस्वा वा स्युरसवर्णेऽचि ॥

यदि असवर्णी (जिसकी सवर्ण संज्ञा न हो) अच् परे होय तो पदान्तके इक् विकल्प करके ह्रस्व हो । चक्री+अत्र । यहां ईको ह्रस्व कर लिया तो । चक्रि अत्र । ऐसा रूप बननेपर (मू० १९) की प्राप्ति होनेपर ॥ ह्रस्वविधिसामर्थ्यान्न स्वरसंधिः ॥ ह्रस्वविधिकी सामर्थ्यसे अच्संधिका फिर कुछ कार्य नहीं होता है । क्योंकि, जो (मू० १९) की संधि कर लेते तो ह्रस्व करनेका कुछ फल न होता । और जब ह्रस्व न हुआ तब तो (मू० १९) से । चक्रयत्र । ऐसाही रूप बनता है ॥ पदान्ता इति किम् ॥ पदान्तके इक् हों ऐसा क्यों कहा । जो पदान्त न कहते तो । गौरी+औ । यहांभी ह्रस्व हो जाता । अब यहां (मू० १९) से ईकू य होकर गौर् य्+औ ॥ ऐसा होनेपर-

७४ अचो रहाभ्यां द्वे । ८ । ४ । ४६ ॥

(अचः पञ्चः । रहाभ्याम्-पञ्चः । द्वे-प्रथः ।) अचः परस्माद्रेफहकाराभ्यां परस्य यरो द्वे वा स्तः ॥

अच्से परे जो रेफ और ह-कार उनसे परे यर्को विकल्प करके द्वित्व हो, जैसा-गौर् य्+औ । यहां गौके औसे परे रेफ है तिससे

पर ' य ' यह यर् है उसे विकल्प करके द्वित्व हुआ तो । गौय्यौं । और न हुआ तो । गौयौं । यह रूप सिद्ध हुए ऐसेही । हरि+अनुभवः । (सू० १९) से य होकर द्वित्व हुआ तो । हर्य्यनुभवः । और द्वित्व न हुआ तो । हर्यनुभवः । इत्यादि रूप बने ॥

७७ (न समासे) ॥

समासमें ह्रस्व (सू०७३) न हो । जैसे–वापी+अश्वः । यहां । वाप्यां+अश्वः । ऐसा समास है इस कारण ह्रस्व न हुआ तो (सू० १९) से यू होकर । वाप्यश्वः । ऐसा सिद्ध हो गया ॥

७८ ऋत्यकः । ६ । १ । १२८ ॥

(ऋति सप्तम्यन्तम् । अकः प्रथमान्तम् ।) ऋति परे पदान्तो अकः प्रायेण स्यु ॥

जो ऋकार परे हो तो पदान्तके अक विकल्प करके ह्रस्व हों । जैसे–ब्रह्मा+ऋषिः । जब यहां ह्रस्व हुआ तब तो । ब्रह्म ऋषिः । ऐसा हुआ । नहीं तो (सू० ३३) से गुण हो और (सू० ३५) से ' र ' होकर । ब्रह्मर्षिः । ऐसा बना ॥ पदान्ता इति किम् ॥ पदान्तग्रहण क्यों करा । जो पदान्तग्रहण न करते तो।आ+ऋच्छत । यहां विना पदान्तमेभी ह्रस्वकी प्राप्ति थी सो उसका निषेध कर (सू० ३९) से वृद्धि और (सू० ३५) से रपर होकर । आर्च्छत् । यह रूप सिद्ध हुआ ॥

॥ इत्यच्संधिः ॥

अथ हल्संधिः ।

७७ स्तोः श्चुना श्चुः । ८ । ४ । ४० ॥

(स्तोः षष्ठ्यन्तम् । श्चुना तृतीयान्तम् । श्चुः प्रथमान्तम् ।) सकार-तवर्गयोः शकार-चवर्गाभ्यां योगे शकार-चवर्गौ स्तः ॥

जब सकार-तवर्गकू शकार-चवर्गका योग हो तब यथाक्रमसै सकारको शकार और तवर्गको चवर्ग हो । जैसे–रामस्+शेते = रामश्शेते । और–रामस्+चिनोति = रामश्चिनोति । यह रूप बने, और–सत्+चित् = सच्चित् । शार्ङ्गिन्+जय = शार्ङ्गिञ्जय । यहांभी पूर्ववत् साधनका कर लो ॥

७८ शात् । ८ । ४ । ४४ ॥

(शात्-पञ्चम्यन्तम् ।) शात्परस्य तवर्गस्य श्चुत्वं न स्यात् ॥

शकारसे परे जो तवर्ग तिसको चवर्गादेश न हो । जैसे–विश्+नः = विश्नः । प्रश्+नः = प्रश्नः । यहां शकारसै परे होनसे तवर्गको चवर्ग न हुआ ॥

७९ ष्टुना ष्टुः । ८ । ४ । ४१ ॥

(ष्टुना-तृतीयान्तम् । ष्टुः-प्रथमान्तम् ।) स्तोः ष्टुना योगे ष्टुः स्यात् ॥

जब सकार और तवर्गको षकार और टवर्गका योग हो तौ यथाक्रमसै सकारको षकार और तवर्गको टवर्ग हो जाय । जैसे–रामस्+षष्ठः = रामष्षष्ठः । रामस्+टीकते = रामष्टीकते । पेष्+ता = पेष्टा । इत्यादि रूप सिद्ध हुए। तत्+टीका = तट्टीका। चक्रिन्+ढौकसे = चक्रिण्ढौकसे । इत्यादि प्रयोगोंमें (पृ० २८) के क्रमसे साधनका करनी उचित है ॥

८० न पदान्ताट्टोरनाम् । ८ । ४ । ४२ ॥

(न निषेधार्थकमव्ययपदम् । पदान्तात्-पञ्चः । टोः-षष्ठः । अनाम्-लुप्तषष्ठ्यन्तम्पदम् ।) पदान्ताट्टवर्गोत्परस्यानामः स्तोः ष्टुर्न स्यात् ॥

पदान्तके टवर्गसै परे नामरहित जो सकार और तवर्ग तिसकूं षकार-टवर्ग न हो । और नामका जो तवर्ग (न) तिसको तौ-टवर्ग (ण) होही जाय । जैसे–षट्+सन्तः = षट्सन्तः। षट्+ते = षट्ते । यहां सकार-तवर्गकू षकार-टवर्ग न हुआ ॥ पदान्तात्किम् ॥ पदान्तके टवर्गसे परे, ऐसा क्यों कहा । जो ऐसा न कहते तौ–ईट्+ते यहां

पदान्तके टवर्गसे परे नहीं है इससे (सू० ७९) के अनुसार तवर्गको टवर्ग होकर । ईट्टे । ऐसा रूप बना ॥ टोः किम् ॥ टवर्गहीसे परे क्यों कहा । जो टवर्गसे परे न कहते तो । सर्पिष्-तमम् = सर्पिष्टमम् । यहां टवर्गसे परे नहीं है, इस कारण (सू० ७९) से तवर्गको टवर्ग हो गया तो । सर्पिष्टमम । यह रूप सिद्ध हुआ ॥

८१ (अनाश्रवनिनगरीणामिति वाच्यम्) ॥

जो (सू० ८०) में नाम्-शब्दको छोड़कर, ऐसा कहा है वहां नाम्, नवति और नगरी, इन शब्दोंको ग्रहणकर, नामरहित नवति-रहित नगरीरहित पदान्तके टवर्गसे परे सकार-तवर्गको षकार-टवर्ग न हो, ऐसा अर्थ करना चाहिये । और जहां । नाम, नवति, नगरी । यह परे हो वहां तो सकार तवर्गके षकार-टवर्ग होही जाय । जैसे—षट् नाम्—षण्णाम् । षट् नवतिः—षण्णवतिः । षट् नगर्यः—षण्णगर्यः । इन प्रयोगोंमें यथाक्रम नाम नवति नगरी-शब्द परे होनेसे (सू० ७९) से (सू० ८०) के अनुसार सकारको षकार हो फिर (सू० ८४) से टकारभी यही हो गया तो ऊपर लिखे हुये रूप सिद्ध हो गये ॥

८२ तोः षि । ८ । ४ । ४३ ॥

(तोः षष्ठ्यन्तम् । षि सप्तम्यन्तम् ।) तवर्गस्य षकारे परे ष्टुत्वम् स्यात् ॥

जब तवर्गसे परे षकार हो तो उसको टवर्ग न हो । जैसे—सन्-षष्ठः—सन्षष्ठः । यहां तवर्गको टवर्ग न हुआ ॥

८३ झलां जशोऽन्ते । ८ । २ । ३९ ॥

(झलाम् षष्ठ्यन्तम् । जशः प्रथमान्तम् । अन्ते सप्तम्यन्तम् ।) पदान्ते झलां जशः स्युः ॥

पदान्तमें झलोंको जश हों । जैसे—वाक्-ईशः—वागीशः । चित्-रूपम्—चिद्रूपम् । यहां (सू० ८३) से ज्ञान जो जश् है सो (सू० २१) के अनुसार होता है ॥

८४ यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा । ८ । ४ ।४५ ॥

(यरः-षष्ठ्यं० । अनुनासिके-सप्त० । अनुनासिकः-प्रथमा० । वा-विकल्पार्थकमव्ययपदम् ।) यरः पदान्तस्यानुनासिके परेऽनुनासिको वा स्यात् ॥

जब अनुनासिक परे होय तौ पदान्तके यरकू विकल्प करके अनुनासिक हो । जैसे–एतत्+मुरारिः–एतन्मुरारिः । रूप बना । और जब अनुनासिक न हुआ तौ (मु०८३) से प्राप्त जश् (मु०२१) के अनुसार होकर । एतद्मुरारिः । हो गया ॥

८५ (प्रत्यये भाषायाञ्नित्यम्) ॥

जो प्रत्यय परे हो तौ लौकिक प्रयोगोंमें नित्यही अनुनासिक हो। जैसे–तत्+मात्रम् = तन्मात्रम । यहां (मात्रच्) प्रत्यय परे होनेसे और–चित्+मयम् = चिन्मयम् । यहां (मयट्) प्रत्यय परे होनेसे नित्यही अनुनासिक हुआ ॥

८६ तोर्लि । ८ । ४ । ६० ॥

(तोः-षष्ठ्यं० । लि सप्तम्यं० । । तवर्गस्य लकारे परे परसवर्णो भवति॥

जब तवर्गसे लकार परे हो तौ तवर्गको परसवर्ण (लकार) ही होता है । जैसे–तत्+लयः = तल्लयः ॥ नश्चानुनासिको लः ॥ नकारका अनुनासिकही लकार होना चाहिये । जैसे–विद्वान्+लिखति। यहां नको अनुनासिक ' ल ' होकर । विद्वाँल्लिखति । ऐसा रूप सिद्ध हो गया ॥

८७ उदः स्थास्तम्भोः पूर्वस्य । ८ । ४ । ६१ ॥

(उदः पच० । स्थास्तम्भोः-षष्ठ्यं० । पूर्वस्य-षष्ठ्यं० ।) उदः परयोः स्थास्तम्भोः पूर्वसवर्णः स्यात् ॥

उद्-उपसर्गसे परे स्था और स्तम्भकू पूर्वका सवर्णो हो ॥

८८ तस्मादित्युत्तरस्य । १ । १ । ६७ ॥

(तस्मात् पच० । इति अव्यं० । उत्तरस्य-षष्ठ्यं० ।) पञ्चम्यानिर्देशेन क्रियमाण कार्य वर्णान्तरेणाव्यवहितस्य परस्य ज्ञेयम् ॥

पंचम्यन्त पदसे जो कार्य्य किया जाय वह कार्य वर्णान्तरे करके अव्यवहित परको होना चाहिये ॥

८९ आदेः परस्य । १ । १ । ५४ ॥

(आदेः षष्ठ्यन्तम् । परस्य षष्ठ्यन्तम् ।) परस्य यद्विहितं तत्तस्यादेर्बोध्यम ॥

जो कार्य्य परको किया जाता है वह उसके आदिको होना चाहिये ॥ इति स्थस्य थः ॥ इस सूत्रसे स-को थ हो गया। जैसे उद् + थानम । यहां (म० ८७) से स्था-को पर्वका सवर्णी पाया तौ पूर्वमें ' उ-द् ' यह दो अक्षर है, तौ कौनसेका सवर्णी होना चाहिये । ऐसी शंका होनेसें (म० ८८) करके स्था-को द-का सवर्णी पाया तौ स्थामेभी दो अक्षर है ' द ' का सवर्णी ' स ' को हो या ' थ ' को हो । यह शंका होनेपर (म०८९) से द-का सवर्णी स-को पाया । सवर्णसंज्ञामें (म० ९२) के अनुसार जब आभ्यन्तर-प्रयत्न नहीं मिले तो, फिर-: स ' के विवार-श्वास-अघोष-और महाप्राण-प्रयत्न है और पर्वोक्त प्रयत्नोंवाला सकारका सवर्णी थकारही है इस कारण ' स ' के स्थानमें ' थ ' होनेसें-उद्+थ्+थानम । ऐसा हुआ. तब-

९० झरो झरि सवर्णे । ८ । ४ । ६५ ॥

(झरः षष्ठ्यन्तम् । झरि-सप्तम्यन्तम् । सवर्णे सप्तम्यन्तम् ।) हल. परस्य झरो वा लोपः सवर्णे झरि ॥

सवर्णी झरके पर हुए संते हल्से परे झरका विकल्प करके लोप हो। उद्+थ थानम् । यहां इसी सूत्रसे पहले थकारका लोप होकर-उद् थानम । ऐसा रूप हुआ फिर-

९१ खरि च । ८ । ४ । ५५ ॥

(खरि-सप्त० । च अव्ययपदम् ।) खरि झलां चरः स्युः ॥

जब खर् परे हो तब झलोंको चर् हो । इस सूत्रसे जब 'द्' को 'त्' हो गया तब । उत्थानम् । ऐसा रूप, और जब (मू०२०) से विकल्प करके थ-कारका लोप न हुआ तो । उत्थ्थानम् । ऐसा रूप सिद्ध हुआ । ऐसेही-उद्+स्तम्भनम्=उत्स्तम्भनम्, उत्थ्तम्भनम् । होता है ॥

९२ झयो होऽन्यतरस्याम् । ८ । ४ । ६२ ॥

(झयः-पञ्च० । हः-प्रथ० । अन्यतरस्याम्-विकल्पार्थकमव्य० प० ।) झयः परस्य हस्य वा पूर्वसवर्णः ॥

झय्से परे जो हकार तिसको विकल्प करके पूर्वसवर्ण हो ॥

नादस्य-घोषस्य-संवारस्य-महाप्राणस्य हस्य तादृशो वर्गचतुर्थः ॥

नाद-प्रयत्नवाले-घोष-प्रयत्नवाले-संवार-प्रयत्नवाले-महाप्राण-प्रयत्नवाले-ह-कारके वैसा (पूर्वोक्त-नादादि-प्रयत्नवाला) ही वर्गका चौथा अक्षर हो । जैसे-वाक्-हरिः । यहां झय्से परे जो 'हरिः' का ह-कार तिसको (मू० ९२) से प्राप्त पूर्वकी सवर्णी (नादस्य० इत्यादिसे) वर्गका चतुर्थ अक्षर अर्थात्-घ होकर फिर (सूत्र ८३) से 'क' को 'ग' हुआ तो । वाग्घरिः । रूप बना । जब पूर्वसवर्ण विकल्पसे न हुआ तो । (सू०८३) से 'क' को गकारही होकर वाग्हरिः । ऐसा रूप बना ॥

९३ शश्छोटि । ८ । ४ । ६३ ॥

(शः-षष्ठ्य० । छः-प्रथ० । अटि-सप्तम्यन्तम् ।) झयः परस्य शस्य छो वाऽटि ॥

झय्-प्रत्याहारसे परे जो शकार तिसको विकल्प करके छकार हो अट्-प्रत्याहार परे रहते ॥

तद् शिव, इत्यत्र दस्य श्चुत्वेन जकारे कृते स्तोः श्चुना श्चुः इत्यनेन जकारस्य चकारः ॥

'तद्+शिव' इस प्रयोगमें दकारके 'स्तोः श्चुना श्चुः' इस सूत्रसे जकार किये सति 'खरि च' इस सूत्रसे जकारके चकार हुआ । जैसे-तद्+शिवः । यहां (सू० ७७) से दको ज करके फिर

(सू० ९१) से जको चकर जब (सू० ९३) से शकारको छकार हुआ तौ । तच्छिवः । यह रूप बना, और जब विकल्प करके श-कारको छकार हुआ तौ पूर्वोक्त रीतिके अनुसार । तच्शिवः । यह रूप बना ॥

९४ (छत्वममीति वाच्यम्) ॥

झय्से परे जो शकार तिसको छकार हो अमके परे हुए सन्ते ऐसा कहना उचित है । जैसे—तद्+लोकेन । यहां (सू०७७) से ' द् ' के स्थानमें ' ज् ' कर फिर (सू०९१) से जकारको चकार कर करके (सू०९४) से ' श ' को ' छ ' हुआ ' ल ' अम परे है तौ । तच्छोकेन । यह रूप बना । यहां (सू० ९३) से शकारको छकार इस कारण नहीं होता कि उससे सस्वर शकारका बोध होता है ॥

९५ मोऽनुस्वारः । ८ । ३ । २३ ॥

(मः पदस्य । अनुस्वारः प्रथमान्तम् ।) मान्तस्य पदस्यानुस्वारो हलि ॥

मकारान्त पदको अनुस्वार हो यदि हल् परे हो तौ । जैसे—हरि-म्+वन्दे । यहां (सू०२५) के अनुसार मकारको अनुस्वार होकर । हरिं वन्दे । यह रूप बना ॥

९६ नश्चापदान्तस्य झलि । ८ । ३ । २४ ॥

(नः पदस्यान्तम् । च अव्ययः । अपदान्तस्य पदस्यान्तः । झलि-सप्तम्यन्तम् ।) नस्य मस्य चापदान्तस्य झल्यनुस्वारः ॥

जो अल् परे होय तौ अपदान्तके नकार और मकारकू अनुस्वार हो । जैसे—यशान्-सि । यहां (सू० २५) के अनुसार नकारको अनुस्वार होकर । यशांसि । रूप हुआ, ऐसेही—आक्रम+स्यते—आक्रंस्यते । यहां मकारको अनुस्वार हुआ ॥

९७ अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः । ८ । ४ । ५८ ॥

(अनुस्वारस्य-षष्ठ्यः । ययि-सप्तः । परसवर्णः-प्रथमान्तम् ।)

यदि यय् परे होय तौ अनुस्वारकू परसवर्ण होय। जैसे–शाम्+तः यहां अनुस्वार (म्र० ९६) से होकर फिर (म्र०२१) के अनुसार ' त ' का सवर्णी न् होकर । शान्तः । रूप बना ॥

९८ वा पदान्तस्य । ८ । ४ । ५९ ॥

(वा विकल्पार्थकमव्ययपदम् । पदान्तस्य-षष्ठ्यन्तम् ।) पदान्तस्यानुस्वारस्य यायि परे परसवर्णो वा स्यात् ॥

जो यय् परे होय तौ पदान्तके अनुस्वारकू विकल्प करके अनुस्वार हो । जैसे–त्वम्+करोषि । यहां अनुस्वार (म्र०९५) कर फिर जब परसवर्ण हुआ तौ । त्वङ्करोषि । नहीं तौ–त्वं करोषि । ऐसा रूप बना ॥

९९. मो राजि समः क्वौ । ८ । ३ । २५ ॥

(मः षष्ठ्यः । राजि-सप्तः । समः-षष्ठ्यः । क्वौ-सप्तः ।) क्विबन्ते राजतौ परे समो मस्य म एव स्यात् ॥

क्विप् (म्र० ८६८) प्रत्यय जिसके अन्तमें हो ऐसी राज् धातुसे परे जो सम् तिसके मकारकू मकारही हो अर्थात्–(म्र० ९५) के अनुसार अनुस्वार नहीं होय । जैसे–सम्+राट् = सम्राट् । यहां राट्-शब्द क्विपप्रत्ययान्त राज्धातुका रूप है ॥

१०० हे मपरे वा । ८ । ३ । २६ ॥

(हे सप्तः । मपरे सप्तः । वा विकल्पार्थकमव्ययपदम् ।) मपरे हकारे परे मस्य मो वा स्यात् ॥

जिस हकारसै परे मकार है ऐसे हकारके परे हुए तत्तें मकारकू मकार विकल्प करके होय । जैसे–किम्+ह्लादयति । यहां जब मकारही हुआ तौ । किम्ह्लादयति । जब ' म ' नहीं हुआ तौ (म्र० ९५) से अनुस्वार होकर । किं ह्लादयति । रूप बना ॥

१०१ (यवलपरे यवला वा) ॥

जिस हकारसै परे य–व–ल हों ऐसा हकार परे रहते मकारकू

क्रमानुसार य-व-ल हो । जैसे-किम्+ह्यः । यहां (सू० १५) के अनुसार । किंय्यः । वा । (सू० ९५) के अनुसार । किंह्यः । यह रूप सिद्ध हुआ । इसी प्रकार यथाक्रमसे । किम्+व्हलयति-किंव्हलयति,किं व्हलयति । किम्+ल्हादयति-किंल्हादयति, किं ल्हादयति । इत्यादि रूप सिद्ध हो गये ॥

१०२ नपरे नः । ८ । ३ । २७ ॥

(नपरे षष्ठ्यन्तम् । न प्रथमान्तम् ।) नपरे हकारे परे यस्य नो वा स्यात् ॥

जिस हकारसे नकार परे हो ऐसे हकारके परे हुए सन्तें मकारके नकार विकल्प करके हो । जैसे-किम्+न्हुते । यहां जो मको न हुआ तो । किन्हुते । नहीं तो (सू०९५) से किं हुते । रूप बना ॥

१०३ डः मि धुट् । ८ । ३ । २९ ॥

(ड-षष्ठ्यन्तम् । मि सप्त० । धुट् प्रथ० ।) डात्परस्य सस्य धुट् वा ॥

डकारसे परे जो सकार है तिस विकल्प करके धुट्का आगम हो॥

१०४ आद्यन्तौ टकितौ । १ । १ । ४६ ॥

(आद्यन्तौ प्र० । टकितौ प्रथमान्तम् ।) टिकितौ यस्योक्तौ तस्य क्रमादाद्यन्तावयवौ स्तः ॥

टित (जिसके 'ट' की इत्संज्ञा हो) और कित् (जिसके 'क' की इत्संज्ञा हो) आदेश जिसको प्राप्त हो उसके आदि-अन्तके अवयव, अर्थात् टित आदि और कित अन्तमें हो । जैसे-षट्+सन्तः । यहां (सू० १०३) से धुट् (सू० १०४) के अनुसार सकारकी आदिमें हुआ, फिर (सू० ९१) से (सू० २१) के अनुसार 'ड' कू 'ट' हो गया तो । षट्-धुट्-सन्तः । हुआ फिर (सू० ३४ और ३) से उट्का लोप हुआ तो । षट्-ध्-सन्तः । रूप हुआ फिर (सू० ८३) से धकू द हुआ फिर (सू० ९१) से दकू न हुआ तब । षट्त्सन्तः । ऐसा रूप बना, और जब धुट् न हुआ तो (सू० ९१) से 'ड' कू 'ट' होकर । षट् सन्तः । ऐसा रूप बना ॥

१०५ ङ्णोः कुक्टुक् शरि । ८ । ३ । २८ ॥

(ङ्णोः-षष्ठ्य० । कुक्टुक्-प्रथमा० । शरि-सप्त० ।) ङकारणकारयोः कुक्टुकावागमौ वा स्तः शरि ॥

जो शर् परे होय तौ ङकार और णकारकू क्रमसें कुक् और टुक्के आगम विकल्प करके हों ॥

१०६ (चयो द्वितीयाः शरि पौष्करसादेरिति वाच्यम्) ॥

पौष्करसादी आचार्यके मतमें चयकू वर्गके दूसरे अक्षर हों । जैसे-प्राङ्+षष्ठः । यहां (सू० १०५) सें कुक् होकर (म०३४।३) सें 'उ, कू' का लोप हुआ फिर (म०१०६) सें 'क' कू 'ष' हो गया तौ । प्राङ् ष् षष्ठः । रूप हुआ । जब ष न हुआ तौ । 'कषसंयोगेक्षः' । क और ष मिलकर क्ष हो गया । प्राङ् क्षष्ठः । जब कुक्ही न हुआ तौ । प्राङ् षष्ठः । यही रूप बना । ऐसेही । सुगण+षष्ठः । सुगणष् षष्ठः-सुगणष् षष्ठः-सुगण षष्ठः । इत्यादि रूप बने ॥

१०७ नश्च । ८ । ३ । ३० ॥

(नः-पञ्चम्य० । च अ० प० ।) नान्तान्तस्य सस्य धुड्वा स्यात् ॥

नकारान्त पदसें परे जो सकार तिसकू धुट्का आगम विकल्प करके हो । जैसे-पदस् सः । यहां धुट् होकर (म० ३४।३) सें उट्का लोप हो गया तौ (म० ८३) सें 'द' कू 'त' होकर । सन्तस्सः । यह रूप बना । जब धुट् न हुआ तब । सन्सः । ऐसाही रह गया ॥

१०८ शि तुक् । ८ । ३ । ३१ ॥

(शि-सप्तम्य० । तुक् प्रथ० । । पदान्तस्य नस्य शे परे तुगवा ॥

यदि शकार परे होय तौ पदान्तके नकारकू विकल्प करके तुक्का आगम हो । जैसे-सन्+शम्भुः । यहां (सू० १०८) सें तुक् हुआ तौ (सू० ३४।३) सें उक्का लोप हो गया, फिर (सू०

७७) से ' त ' कू ' च ' हो गया, और (सू० ९३) से ' ज ' कू ' छ ' हो गया और फिर (सू० ७७) से ' न ' कू ' ञ ' हो गया तो । सञ्च्छम्भुः । रूप बना, और जब तुक् विकल्प करके होता है इस कारण नहीं हुआ तो (सू० ७७) से नकू ञ् होकर । सञ्चशम्भुः । रूप बना, और जब तुक् तो हुआ और विकल्पके कारण ' श ' कू ' छ ' न हुआ तो—(सू०७७) से ' त ' कू तो ' च ' और ' न ' कू ' ञ ' होकर । सञ्चच्शम्भुः । यह रूप बना । पक्षान्तरमें— ' न ' कू ' ञ ' और ' श ' कू ' छ ' हो गया—सञ्चछम्भुः ॥

१०९ डमो ह्रस्वादचि डमुण् नित्यम् ।८ । ३ । ३२ ॥

(डम पष्ठ्यः । ह्रस्वात् पञ्चः । अचि सप्तः । डमुट् प्रथमः । नित्यम् प्रथमः ।) ह्रस्वान्तयो यो डम् तदन्त यत्पद तस्मात्परस्याचो नित्य डमुट् स्यात् ॥

ह्रस्वसे परे जो डम्-प्रत्याहार (ड्–ण–न) तदन्त (वोह डम् जिनके अन्तमें है ऐसा) जो पद तिसमें परे जो अच् तिसकू नित्य डमुट्का आगम हो । जैसे—प्रत्यङ् आत्मा—प्रत्यङ्ङात्मा । सुगण्+ ईशः—सुगण्णीशः । सन्+अच्युतः—सन्नच्युतः । इत्यादि रूपोंमें यथाक्रमसें डमुट् हुआ ॥

११० समः सुटि । ८ । ३ । ५ ॥

(सम षष्ठ्यः । सुटि सप्तम्यन्तम् ।) समो रः सुट् ॥

सम्के मकारकू रु हो, जब सुट् परे होय तो ॥

१११ अत्रानुनासिकः पूर्वस्य तु वा । ८ । ३ । २ ॥

(अत्र–अव्ययपदम् । अनुनासिकः प्रथमः । पूर्वस्य- षष्ठ्यः । तु अव्ययपः । वा विकल्पार्थकमव्ययपदम् ।) अत्र रुप्रकरणे यः पूर्वस्यानुनासिको वा स्यात् ॥

इस रुके प्रकरणमें जोसें पहले वर्णकू विकल्पसें अनुनासिक हो ॥

१ डमुटके स्थानमें कहनेसें डम् होता है, इस वा० मे० १०९ ; के अनुसार आदिमें करनेके अर्थ लगा लिया है ।

१११ अनुनासिकात्परोऽनुस्वारः । ८ । ३ । ४ ॥

(अनुनासिकात्-पञ्चम्यन्तम् । परः-प्रथमः । अनुस्वारः-प्रथमान्तम् ।) अनुनासिकं विहाय यः पूर्वस्मात्परोऽनुस्वारागमः स्यात् ॥

अनुनासिकके पक्षको छोडकर रूके पूर्ववर्णसे पर अनुस्वारका आगम हो ॥

११३ खरवसानयोर्विसर्जनीयः । ८ । ३ । १५ ॥

(खरवसानयोः सप्तम्यः । विसर्जनीयः-प्रथमान्तम् ।) खरि अवसाने च पदान्तस्य रस्य विसर्गः ॥

खर् पर होय अथवा अवसान (सू० १४१) के विषय पदान्तके रकारकू विसर्ग हो ॥

११४ (संपुंकानां सो वक्तव्यः) ॥

जो सम्-अथवा-पुम्-वा-कान शब्दकी विसर्ग हो तौ उनकू सकार हो ऐसा कहना चाहिये । जैसे-सम्+स्कर्त्ता । यहां(सू०११०) सै 'म्' कू 'रु' हुआ, फिर (सू०१११) सै रुके पूर्ववर्ण सक अनुनासिक हुआ तौ । स ँ रु+स्कर्त्ता । अथवा (सू०११२) सै पर्व अनुस्वार होकर । संरु+स्कर्त्ता, ऐसा हुआ तौ (सू० ३४) सै 'उ' का लोप होकर (सू० ११३) सै 'र' की विसर्ग हो फिर (सू० ११४) सै विसर्गोकू 'स' हुआ तौ । स ँ स्स्कर्त्ता । संस्स्कर्त्ता । इत्यादि रूप सिद्ध हुए ॥

११५ पुमः खय्यम्परे । ८ । ३ । ६ ॥

(पुमः षष्ठ्यः । खयि सप्तम्यः । अम्परे सप्तम्यन्तम् ।) अम्परे खयि पुमो रुः ॥

जिस खय्सै पर अम् हो ऐसे खय्के परे हुए सन्ते पुम्के मकारकू रु हो । जैसे पुम्-कोकिलः । यहां मकारकू रु होकर (सू० ३४) सै 'उ' का लोप हो गया, फिर (सू०१११) सै रुके पूर्व अनुनासिक हो गया और पक्षमें (सू०११२) सै अनुस्वार हो गया फिर (सू० ११३) सै 'र' क विसर्ग हो गई और (सू० ११४)

से विसर्गोंकू सकार हो गया तो । पुँस्कोकिलः । पुंस्कोकिलः । यह रूप बने ॥

११६ नश्छव्यप्रशान् । ८ । ३ । ७ ॥

(नः-षष्ठ्यः । छवि-सप्त० । अप्रशान्-लुप्तषष्ठीकम्पदम् ।) अम्परे छवि नान्तस्य पदस्य रु र्नत्र प्रशान्शब्दस्य ॥

जिससे अम् परे हो ऐसे छव्के परे होनेपर नकारांत पदक रु हो और प्रशान्शब्दक न हो ॥

११७ विसर्जनीयस्य सः । ८ । ३ । ३४ ॥

(विसर्जनीयस्य षष्ठ्यन्तम् । स प्रथमान्तम् ।) विसर्जनीयस्य सः स्यात्खरि ॥

विसर्गोंक सकार हो खरके परे हुए सन्ते । जैसे-चक्रिन्+आयस्व यहां (सू ११६) से 'न' क 'रु' हुआ फिर (म० १११) से अनुनासिक और एक पक्षमे (सू० ११२) से अनुस्वार हो गया, और (सू० ३४) से 'उ' की इत्संज्ञा होकर (सू० १७३) से 'र' की विसर्ग हो गई तो (म० ११७) से विसर्गोंक 'स' होकर चक्रिंस्त्रायस्व-चक्रिंस्त्रायस्व । रूप बने ॥ अप्रशान किम् ॥ प्रशान् शब्दक न हो, ऐसा क्यों कहा ? जो ऐसा न कहते तो । प्रशान्+तनोति = प्रशान्तनोति । यहांभी रु आदिक कार्य हो जाते ॥ पदान्तस्येति किम् ॥ पदान्तहीके पदक रु हो, इस कहनेसे । हन्+ति = हन्ति । यहांभी रु आदि कार्य न हुए, क्योंकि यहां पदांत नहीं है ॥

११८ नूनं पे । ८ । ३ । १० ॥

(नूनम् लुप्तषष्ठीकम्पदम । पे-सप्तम्यः ।) नूनित्यस्य रुर्वा पे ॥

पकारके परे होनेपर नूनम्-शब्दके नकारकू विकल्पसे रु हो ॥

११९ कुप्वोः ꣔क꣔पौ च । ८ । ३ । ३७ ॥

(कुप्वोः-षष्ठ्यः । ꣔क꣔पौ-प्रः । च-अव्ययप० ।) कवर्गस्य ꣔क꣔पौ स्तः, चाद्विसर्गः ॥

कवर्ग और पवर्गके परे होनेपर विसर्गोंके जिह्वामूलीय और उपध्मानीय हों एक पक्षमें विसर्गभी हों जैसे–नॄन्+पाहि। (मू०११८। १११। ११९) नॄँ॒ पाहि। (मू० ११८। १११। ११९) नॄँः पाहि। (मू० ११८। ११२। ११९) नॄँ॒ पाहि। (मू० ११८। ११२। ११९) नॄँः पाहि। जब रुभी न हुआ तो। नॄन्पाहि॥

१२० तस्य परमाम्रेडितम् । ८ । १ । २ ॥

(तस्य-षष्ठ्यः। परम्-प्रः। आम्रेडितम्-प्रथमाः।) द्विरुक्तस्य परमाम्रेडितं स्यात्॥

दोबार कहे हुए शब्दका दूसरा जो भाग है तिसकी आम्रेडित संज्ञा हो॥

१२१ कानाम्रेडिते । ८ । ३ । १२ ॥

(कान्-लुप्तषष्ठ्यः। आम्रेडिते-सप्तमः।) कान्नकारस्य रुः स्यादाम्रेडिते॥

कान्-शब्दके नकारके रु हो, यदि आम्रेडित परे होय तो। जैसे–शनैस्+कान्। यहां (मू०१२१) से रु होकर (मू० १११) से अनुनासिक और (मू० ११२) से अनुस्वार होकर(मू०११३) से 'र' की विसर्ग हुई, फिर (मू० ११४) से विसर्गोंके 'स' होकर। कांस्कान्। इत्यादि रूप सिद्ध हुए॥

१२२ छे च । ६ । १ । ७३ ॥

(छे-सप्तमः। च अव्ययः।) ह्रस्वस्य छे तुक्॥

यदि छकार परे होय तौ ह्रस्व वर्णके तुक्का आगम हो। जैसे–शिव+छाया। यहां तुक होकर (मू० ३१। ३) से 'उक्' को लोप हुआ,तब फिर (मू०७७) से 'त' कू 'च' होकर। शिवच्छाया। यह रूप सिद्ध हुआ॥

१२३ पदान्ताद्वा । ६ । १ । ७६ ॥

१ ह्रस्वस्य पिति कृति तुगित्यस्माद् ह्रस्वस्य तुक् चेत्यनुवर्तते-ह्रस्वस्येति तुगागमो बोध्य।

(पदान्तात्-पञ्चम्यन्तम् । वा-विकल्पार्थकमव्ययपदम् ।) दीर्घात्पदान्ताच्छे तुग्वा स्यात् ॥

यदि छकार परे हो दीर्घ-पदान्तकू विकल्प करके तुक्का आगम हो । जैसे-लक्ष्मी+छाया । यहां तुक् हुआ, फिर (सू० ३४।३) से उसका लोप करके (सू० ७७) से ' त ' कू जब ' च ' किया तो । लक्ष्मीच्छाया । यह रूप बना । जब तुक् न हुआ तो । लक्ष्मी-छाया । ऐसाही रह गया ॥

॥ इति हलसंधिः ॥

अथ विसर्गसन्धिः ।

(११७) विसर्जनीयस्य सः । ८ । ३ । ३४ ॥

(विसर्जनीयस्य षष्ठ्य० । सः प्रथमान्तम् ।) स्यरि ॥

विष्णुः-त्राता । यहां (सू० ११७) से विसर्गोंकू सकार० होकर । विष्णुस्त्राता । रूप सिद्ध हुआ ॥

११८ वा शरि । ८ । ३ । ३६ ॥

(वा विकल्पार्थकमव्यय० । शरि सप्तम्यन्तम् ।) शरि विसर्गस्य विसर्गो वा ॥

यदि श् परे होय तो विसर्गोंकू विकल्पसे विसर्ग हो । पक्षमें सकार हो । जैसे-हरिः+शेते यहां एकवार तो विसर्गही रही, और दूसरीवार (सू० ११७) से सकार हो गया तो । हरिः शेते, हरिस्शेते । इत्यादिक रूप सिद्ध हुए ॥

११९ समजुषो रुः । ८ । ३ । ६६ ॥

(समजुषो-षष्ठ्य० । रुः प्रथमान्तम् ।) पदान्तस्य सस्य समजुषश्च रुः स्यात् ॥

पदान्तके सकार और मजुष-शब्दके षकारकू रु हो । जैसे-शिवस्-अर्च्यः-(रु)-शिवरु+अर्च्यः । हुआ ॥

१२६ अतो रोरप्लुतादप्लुते । ६ । १ । ११३ ॥

(अतः-पञ्चम्यः । रोः-षष्ठ्यः । अप्लुतात्-पञ्चम्यः । अप्लुते-सप्तम्यः ।) अप्लुताद्यः परस्य रोः रुः स्यादप्लुतेऽति ॥

अप्लुत (जिसकी सू०७से प्लुतसंज्ञा न हुई हो) अकारसे परे जो रु उसको उकार हो, यदि उन रुसे परेभी अप्लुत अकार होय तो । जैसे—शिव रु+अर्च्यः । यहां 'रु' कू 'उ' हो गया तो । शिव +उ+अर्च्यः । फिर (सू०३३) से वकारके अकार और उकारको मिलकर एक गुण हुआ, फिर (सू०९६) से अर्च्यः के 'अ' का पूर्वरूप होकर । शिवोऽर्च्यः । रूप सिद्ध हुआ ॥

१२७ हशि च । ६ । १ । ११४ ॥

(हशि सप्तः । च अव्ययपदम् ।) अप्लुताद्यः परस्य रोः रुः स्याद्धशि परे ॥

अप्लुत अकारसे परे रुकू उ हो यदि हशप्रत्याहार परे होय तो । शिवस्+वन्द्यः । यहां (सू० १२५) से रु (सू० १२७) से उ (सू०३३) से पूर्व-परके स्थानमे ओ गुण होकर । शिवो वन्द्यः । रूप सिद्ध हुआ ॥

१२८ भोभगोअघोअपूर्वस्य योऽशि । ८ । ३ । १७ ॥

(भोभगोअघोअपूर्वस्य षष्ठ्यः । यः प्रथः । अशि सप्तम्यः । एतत्पूर्वस्य रोर्यादेशोऽशि ॥

भो-भगो-अघो-अ० इनमेंसे कोईभी जिसके पूर्व हो ऐसे रुकू य आदेश होय जो अश् परे होय तो । जैसे—देवास्+इह । यहां (सू० १२५) से रु और (सू०१२८) से अकार पूर्व होनेकारण 'रु' कू 'य' और (सू०३६) से विकल्प करके यका लोप होकर । देवा इह, देवायिह । रूप सिद्ध हुए ॥

भोस् भगोस्-अघोस्-इति सान्ता निपाताः । तेषां रोर्यत्वे कृते ॥

भोस्-भगोस् अघोस्-यह सकारान्त निपातन है । उनके सकारकू 'रु' और 'रु' कू 'य' करने पर ॥

१२९ हलि सर्वेषाम् । ८ । ३ । २२ ॥

(हलि-सप्तम्यन्तम् । सर्वेषाम् षष्ठ्यन्तम् । । भो-भगो-अघो-पूर्वस्य-अस्य लोपः स्याद्धलि ॥

सम्पूर्ण व्याकरणाचार्योंके मतमें जिस यकारसे पूर्व भो–भगो–अघो–अ इनमेंसे कोई होय तो उस यकारका लोप हो, यदि उस यकारमें परे हल् होय तो । जैसे–भोस्+देवाः–भो देवाः । भगोस्+नमस्ते–भगो नमस्ते । 'अघोस्+याहि–अघो याहि । यहां (म०१२५) से 'र' और (म०१२८) से 'रु' कू 'य' और (म०१२९) से 'य' का लोप होकर पूर्वोक्त रूपोंकी सिद्धि हुई ॥

१३० गोऽमुपि । ८ । २ । ६९ ॥

(रः प्रथमाः । अमुपि सप्तम्यः । । अहन्-रेफादेशो नतु मुपि ॥

यदि मुप् परे न होय तो अहन्-शब्दके नकारकू र आदेश होय । जैसे- अहन्+अहः–अहरहः । अहन्+गणः- अहर्गणः। यहां रपर होकर पूर्वोक्त शब्द सिद्ध हुए ॥

१३१ रोरि । ८ । ३ । १४ ॥

(रोः षष्ठ्यः । रि सप्तम्यन्तम् ।) रेफस्य रेफे परे लोपः ॥

यदि रेफ परे होय तो पहिले रेफका लोप होय ॥

१३२ ढ्रलोप पूर्वस्य दीर्घोऽणः । ६ । ३ । १११ ॥

(ढ्रलोपे-सप्तम्यः । पूर्वस्य-षष्ठ्यः। दीर्घः-प्रथमाः । अणः षष्ठ्यः ।) ढ्रेफयोर्लोपनिमित्तयोः पूर्वस्याणो दीर्घः ॥

जो लोपके निमित्त (लोप करनेवाले) ढकार वा रेफ परे होय तो पहले अणकू दीर्घ होय । जैसे–पुनर+रमते । यहां (सू० १३१) से 'र' का लोप होकर (सू०१३२) से नकारके 'अ' कू दीर्घ हो गया तो । पुना रमते । सिद्ध हुआ । ऐसेही । हरिस+रम्यः–हरी रम्यः । शम्भुस्+राजते–शम्भू राजते । यहां (सू०१२५) से सकारकू 'र' और उकी इत्संज्ञा होकर (म०१३१) से रकारका लोप

(सू० १३२) से पूर्व अण्कू दीर्घ होकर पूर्वोक्त प्रयोगोंकी सिद्धि हुई ॥ *अणः किम् ॥ अण्कूही दीर्घ हो, ऐसा कहनेसे यहां दीर्घ नहीं हुआ । जैसे–तृह्+ढः–तृढः । वृढ+ढः–वृढः । यहां ढकार-का लोप (सू०६०१) तो हुआ है, परन्तु अण् नहीं है इस कारण दीर्घ नहीं हुआ ॥

मनस् रथ इत्यत्र रुत्वे कृते हशि चेत्युत्वे रोरीति लोपेच प्राप्ते ॥

' मनस्+रथः ' इस प्रयोगमें (सू० १२५) से रु करके फिर ' हशि च ' से उकार, और ' रो रि ' से लोपकी प्राप्ति होनेपर ॥

१३३ विप्रतिषेधे परं कार्यम् । १ । ४ । २ ॥

(विप्रतिषेधे सप्तः । परम् प्रथमः । कार्यम्–प्रथमा० ।) † तुल्यबल-विरोधे पर कार्यं स्यात् ॥

बराबरके विरोधमें (जहां दो सूत्रोंकी एकसाथ प्राप्ति हो) अष्टाध्यायीके क्रमानुसार जो सूत्र पर हो उससे प्राप्त कार्य हो ॥ इति लोपे प्राप्ते ॥ इस सूत्रसे लोपहीकी प्राप्ति हुई, क्योंकि (सू०१२७) ६ अध्यायके १ पादका ११४ होनेके कारण (सू० १३१) ८ अध्यायके ३ पादका १४ में सूत्रकी दृष्टिमें असिद्ध है, अर्थात् (सू० १३१) ही पर है तो लोप प्राप्त हुआ ॥

पूर्वत्रासिद्धमिति रो रीत्यस्यासिद्धत्वादुत्वमेव ॥

' पूर्वत्रासिद्धम् ' इस सूत्रसे ' रो रि ' इस सूत्रके असिद्ध होनेसे ' हशि च ' इस सूत्रसे उकारही होता है, क्योंकि यदि ' रो रि ' से लोप करेंगे तो (सू० ३७) के अनुसार (सू० १२५) से करा हुआ ' रु ' असिद्ध हो जायगा, तब ' रो रि ' की प्राप्तीही न रहे-गी, इस कारण ' उ ' ही हुआ । जैसे–मनस्+रथः । यहां (सू० १२५) से रु और (सू०१२७)से ' रु ' कू ' उ ' और (सू०३३) से ओ गुण होकर । मनोरथः । सिद्ध हुआ ॥

* अण्ग्रहणसूत्रे सर्व एकशाणग्रहणवत् सवर्णाः । † तेन ऽकुप्विङ्नुम्व्यवायेऽपि विसर्जनीय एव ॥
‡ अन्यसूत्रान्यत्र लक्ष्यानुरोधात्कचित्तत्रैवोदाहरणमुपपत्तिश्च ।

१३४ एतत्तदोः सुलोपोऽकोरनञ्समासे हलि । ६ । १ । १३२ ॥

(एतत्तदोः-षष्ठ्य० । सुलोपः-प्रथ० । अकोः-षष्ठ्य० । अनञ्समासे-सप्त० । हलि-सप्तम्यन्तम् ।) अककारयोरेतत्तदोर्यः सुस्तस्य लोपो हलि, नतु नञ्समासे ॥

ककार (सू० १३४१)से रहित जो एतत् और तत्-शब्दका सकार तिसका लोप हो हल् परे रहते,परन्तु—नञ्समास (सू० १०२४) में नहीं। जैसे—एषस्+विष्णुः—एष विष्णुः। सस्+शम्भुः—स शम्भुः॥अकोः किम् ॥ ककार रहित कहनेसे यहां न हुआ । जैसे—एषकस्+रुद्रः । यहां (सू० १२५) से रु और (सू० १२७) से 'उ' और (सू० ३३) से ओ गुण होकर । एषको रुद्रः । ऐसा सिद्ध हुआ ॥ अनञ्समासे किम् ॥ ' नञ्समासको छोडकर ' ऐसा कहनेसे यहांभी लोप नहीं हुआ—असस्+शिवः। यहां (सू० १२५) से रु (सू० ११३) से रकार-की विसर्ग होकर । असः शिवः । सिद्ध रूप बना, क्योंकि इस पूर्वोक्त रूपमें नञ्समास है ॥ हलि किम् ॥ यदि हल् परे होय तौ ऐसा कहनेसे यहांभी लोप न हुआ—एषस्+अत्र । यहां (सू० १२५) से रु (सू० १२६) से उ (सू० ३३) से गुण और (सू० ५६) से अकारका पूर्वरूप होकर । एषोऽत्र । रूप बना, क्योंकि यहां हल् परे नहीं है ॥

१३५ सोऽचि लोपे चेत्पादपूरणम् । ६ । १ । १३४ ॥

(सः-षष्ठ्य० । अचि-सप्त० । लोपे-सप्त० । चेत्-अव्य० । पादपूरणम्-प्रथमा० ॥) स इत्यस्य सोर्लोपः स्यादचि पादश्लोके सत्येव पूर्य्यते ॥

यदि अच् परे हो और लोपके करनेहीसे पादकी पूर्णता हो तौ 'सस्' शब्दके सकारका लोप हो। जैसे—सस्+इमामविहृदि प्रभृतिम्। यहां सकारका लोप विना किये अनुष्टुप् श्लोकके पादकी पूर्त्ति होती नहीं है. इस कारण सकारका लोप करके (सू० ३३) से 'ए' गुण होकर। सेमा मविहृदि प्रभृतिम्। रूप सिद्ध हुआ। ऐसेही—सस्+ग-

ष दाशरथी रामः । यहां लोप होकर (सू० ३९) से ऐ-वृद्धि हो । **सैष दाशरथी रामः** । ऐसे रूपकी सिद्धि हुई ॥

॥ इति विसर्गसन्धिः । इति पंचसन्धिः ॥

अथ षड्लिङ्गम् ।

अजन्तपुल्लिङ्गम् ।

१३६ अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम् । १ । २ । ४५ ॥

(अर्थवत्-प्रथ० । अधातुः-प्रथ० । अप्रत्ययः-प्रथ० । प्रातिपदिकम्-प्रथमान्तम् ॥) धातुम्प्रत्ययम्प्रत्ययान्त च वर्जयित्वाऽर्थवच्छब्दस्वरूप प्रातिपदिकसंज्ञ स्यात् ॥

धातु (सू०४६) प्रत्यय (सू०४०) प्रत्ययान्त भिन्न जो **अर्थवाला** शब्दस्वरूप सो प्रातिपदिक-संज्ञावाला हो ॥

१३७ कृत्तद्धितसमासाश्च । १ । २ । ४६ ॥

(कृत्तद्धितसमासाः-प्रथ० । च-अव्ययपदम् ॥) कृत्तद्धितान्तौ समासाश्च तथा ॥

कृत् (सू०१३२) प्रत्ययान्त, और तद्धितप्रत्ययान्त (सू०१०८३) समास (सू०९७५) कीभी प्रातिपदिक-संज्ञा होय ॥

१३८ स्वौजसमौट्छष्टाभ्याम्भिस्ङेभ्याम्भ्यस्ङसिभ्याम्भ्यस्ङसोसाम्ङ्योस्सुप् । ४ । १ । २ ॥

(प्रथमान्तम् ।) सु औ जस् , इति प्रथमा । अम् औट् शस् , इति द्वितीया । टा भ्याम् भिस् , इति तृतीया । ङे भ्याम् भ्यस् , इति चतुर्थी । ङसि भ्याम् भ्यस् , इति पचमी । ङस् ओस् आम् , इति षष्ठी । ङि ओस् सुप् , इति सप्तमी ॥

इसीको सुप् (प्रत्याहार) कहते हैं ॥

---

१ सैष दाशरथी रामः सैष भीमो महाबलः । सैष कर्णो महात्यागी सैष राजा युधिष्ठिरः ॥

१३९ ङ्याप्प्रातिपदिकात् । ४ । १ । १ ॥

(पञ्चम्यन्तम् ॥)

१४० प्रत्ययः । ३ । १ । १ ॥

(प्रथमान्तम् ।)

१४१ परश्च । ३ । १ । २ ॥

(परः-प्रथमान्तम् । च-अव्ययः ।)

(सू० १३९ । १४० । १४१) येह तीनों अधिकारसूत्र हैं । प्रत्यय परेही होता है ॥

इत्यधिकृत्य । ङ्यन्तादाबन्तात्प्रातिपदिकाच्च परे स्वादयः प्रत्ययाः स्युः ॥

ङ्यन्त (ङीप्-ङीष्-वा-ङीन् , जिसके अन्तमें हो) आबन्त (टाप्-डाप्-वा-चाप् , जिसके अन्तमें हो) और प्रातिपदिकसे परे स्वादिक प्रत्यय हों ॥

१४२ सुपः । १ । ४ । १०३ ॥

(सुपः-षष्ठ्यन्तम् ॥) सुपस्त्रीणि त्रीणि वचनान्येकश एकवचनद्विवचनबहुवचनसंज्ञानि स्युः ॥

सुप्-प्रत्याहारके प्रथमादिक तीन २ विभाग क्रमसे एकवचन द्विवचन बहुवचन संज्ञक हों । यथा-

(विभक्तीनां वचनज्ञापकयन्त्रमिदम्)

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा-	सु	औ	जस्
द्वितीया-	अम्	औट्	शस्
तृतीया-	टा	भ्याम्	भिस्
चतुर्थी-	ङे	भ्याम्	भ्यस्
पञ्चमी-	ङसि	भ्याम्	भ्यस्
षष्ठी-	ङस्	ओस्	आम्
सप्तमी-	ङि	ओस्	सुप्

१४३ द्व्येकयोर्द्विवचनैकवचने । १ । ४ । २२ ॥

(द्व्येकयोः-सप्त० । द्विवचनैकवचने-प्रथमान्तम् ॥) द्वित्वैकत्वयोरर्थे स्तः ॥

वक्ताकी द्विवचन और एकवचनकी इच्छामें क्रमसे द्विवचन और एकवचन हों ॥

१४४ बहुषु बहुवचनम् । १ । ४ । २१ ॥

(बहुषु-सप्तम्यन्तम् । बहुवचनम्-प्रथमान्तम् ॥) बहुत्वविवक्षायाम्बहुवचनं स्यात् ॥

जब बहुवचन बोलनेकी विवक्षा (इच्छा) हो तब बहुवचन हो ॥

१४५ विरामोऽवसानम् । १ । ४ । ११० ॥

(विरामः-षष्ठ्यन्त० । अवसानम्-प्रथमा० ॥) वर्णानामभावोऽवसानसञ्ज्ञः स्यात् । रुत्वविसर्गौ ॥

वर्णोंके अभावका नाम अवसान है । रुकी विसर्ग हों । यथा-

'राम' शब्दकी *प्रातिपदिक संज्ञा करके (सू० १३९) से प्रथमादि सातों विभक्ति (सुप्-प्रत्याहार) प्राप्त हुईं, फिर (सू० १४३) के अनुसार यथाक्रमसे प्रथमाका एकवचन-सु आकर । राम+सु । हुआ, तब (सू० ३४ । १२५ । ११३) के अनुसार यथाक्रमसे कार्य होकर । रामः । सिद्ध हुआ ॥

१४६ सरूपाणामेकशेष एकविभक्तौ । १ । २ । ६४ ॥

(सरूपाणाम्-षष्ठ्यन्त० । एकशेषः-प्रथ० । एकविभक्तौ-सप्तम्यन्तम् ॥) एकविभक्तौ यानि सरूपाण्येव दृष्टानि तेषामेक एव शिष्यते ॥

एक विभक्तिके पूर्व जितने एकसे शब्दस्वरूप दीखें,उनमेंसे एकही शेष (बाकी) रहता है,औरोंका लोप हो जाय। जैसे (सू०१४३)-

* सम्पूर्ण शब्दोंमें दो पक्ष होते हैं तिनमेंसे एक तो व्युत्पत्तिपक्ष, दूसरा अव्युत्पत्तिपक्ष, सो यदि राम शब्दमें 'रमु क्रीडायाम्' धातुसे 'घञ्' प्रत्यय करके "रम्यन्ते योगिनोऽस्मिंनिति राम" ऐसी व्युत्पत्ति करके व्युत्पत्तिपक्ष माना जाय तो (सू० १३७) प्रातिपदिक संज्ञा होती है । यदि साधारणही राम किसीका नाम मात्रही समझा जाय तो (सू० १३६) से प्रातिपदिक संज्ञा होती है । यही क्रम सम्पूर्ण शब्दोंमें जानना चाहिये । इति ॥ ते अन्ये कृत्यन्ते योऽवशिष्यते स कृत्यमानायामधाती ॥

क अनुसार द्विवचनकी विवक्षामें । राम राम+औ । होनेपर एक रा-
का लोप होकर । राम+औ । रहा, ऐसी स्थिति होनेपर–

१४७ प्रथमयो: पूर्वसवर्णः । ६ । १ । १०२ ॥

(प्रथमयोः–सप्त० । पूर्वसवर्णः–प्रथ० ॥) अक: प्रथमाद्वितीययोरचि पूर्वसवर्णदीर्घ एकादेशः स्यात् ॥

जब अक्‌से प्रथमा वा द्वितीयासम्बन्धी अच् परे होय तौ दोनों-के स्थानमें पूर्वका सवर्णी दीर्घ एकादेश हो । राम+औ । में ' म ' सम्बन्धी ' अ ' कू दीर्घ प्राप्त होनेपर–

१४८ नादिचि । ६ । १ । १४० ॥

(न–निषेधार्थकम् अव्ययपदम् । आत्-पचम्यन्तम् । इचि–सप्तम्य०॥) आदिचि न पूर्वसवर्णदीर्घः ॥

यदि अवर्णसे इच् परे हो तौ पूर्वसवर्णदीर्घ नहीं हो । राम+औ । इस प्रयोगमें दीर्घका निषेध होकर (सू० ३९) से वृद्धि हो गई, तौ । रामौ । सिद्ध हो गया ॥

राम-शब्दके बहुवचनकी अपेक्षामें (सू० १४४) के अनुसार जस् लानेपर बहुत राम हुआ, फिर (सू० १४६) से एकही शेष रहा, तौ । राम+जस् । ऐसा हुआ ॥

१४९ चुटू । १ । ३ । ७ ॥

(प्रथमान्तम् ॥) प्रत्ययाद्यौ चुटू इतौ स्तः ॥

प्रत्ययकी आदिके चवर्ग और टवर्गकी इत्संज्ञा हो । राम+अस् । ऐसा होनेपर (अस्) के ' स ' का लोप प्राप्त हुआ– ॥

१५० विभक्तिश्च । १ । ४ । १०४ ॥

(विभक्तिः–प्रथ० । च-अव्ययः ॥) सुप्तिङौ विभक्तिसंज्ञौ स्तः ॥

सुप् (सू० १३८) और तिङ् (०सू ४२१) विभक्ति-संज्ञक हो ॥

१५१ न विभक्तौ तुस्माः । १ । ३ । ४ ॥

(न- निषेधा० अ० । विभक्तौ-सप्त० । तुस्माः-प्रथ० ॥) विभक्तिस्थास्तंवर्गसमा इतो न स्युः ॥

विभक्तिके तवर्ग तथा सकार और मकारकी इत्संज्ञा नहीं होवे । राम+अस् । में ' स ' की इत्संज्ञाका निषेध होकर (मू० १४७) से पूर्वसवर्णदीर्घ-एकादेश होकर (मू० १२५।११३) के कार्य होकर । रामाः । हे राम+सु ॥

१५२ एकवचनं सम्बुद्धिः । २ । ३ । ४९ ॥

(एकवचनम्-प्रथ० । सम्बुद्धिः-प्रथमान्तम् ॥) सम्बोधने प्रथमाया एकवचन सम्बुद्धिसंज्ञ स्यात् ॥

सम्बोधनके विषय प्रथमा विभक्तिका एकवचन (सु) सम्बुद्धिसंज्ञक हो ॥

१५३ यस्मात्प्रत्ययविधिस्तदादि प्रत्ययेऽङ्गम् । १।४।१३ ॥

(यस्मात्-पञ्चम्यन्तम् । प्रत्ययविधिः-प्रथ० । *तदादिः-प्रथ० । प्रत्यये-सप्त० । अगम्-प्रथमान्तम् ॥) यः प्रत्ययो यस्मात्क्रियते तदादि शब्दस्वरूप तस्मिन्प्रत्यये परेऽङ्गसंज्ञ स्यात् ॥

जो प्रत्यय जिस प्रकृति (शब्द) से किया जाय वोह प्रकृति जिसकेभी पूर्व हो, उस समुदायशब्दस्वरूपकी उसी प्रत्ययके पर रहते अंग संज्ञा है ॥

१५४ एङ्ह्रस्वात्सम्बुद्धेः । ६ । १ । ६९ ॥

(एङ्ह्रस्वात्-पञ्च० । सम्बुद्धेः-षष्ठ्य० ॥)एङन्ताद् ह्रस्वान्ताच्चाङ्गाद्धल्लुप्यते सम्बुद्धेश्चेत् ॥

एङन्त और ह्रस्वान्त अङ्गसे परे हल्-अक्षरका लोप हो, यदि वोह हल् सम्बुद्धिका होय तो । हे राम+सु । यहां (मू० १५२)से सम्बुद्धिसंज्ञा करके (मू० १५३) से अंगसंज्ञा हुई, फिर(मू०१५४) से ' स ' का लोप हो गया तो । हे राम । हे रामौ । हे रामाः ॥

१५५ अमि पूर्वः । ६ । १ । १०७ ॥

* भत्राभि भविष्यार्थीत्वादौ विकरणविशिष्टस्यैवाङ्गसंज्ञार्थं तदादिग्रहणमिति ॥

(आमि-सप्त० । पूर्वः-प्रथमा० ॥) अकोऽम्यचि परे पूर्वरूपमेकादेशः स्यात् ॥

अक्-प्रत्याहारसे यदि अम्सम्बन्धी अच् परे होय तौ पूर्व-परके स्थानमें दीर्घ एकादेश हो । राम+अम्-रामम् । राम+औ-रामौ । इसकी साधनका प्रथमकीही तरह है ॥

१५६ लशकृतद्धिते । १ । ३ । ८ ॥

(लशकु-प्रथमा० । अतद्धिते-सप्तम्यन्तम् ॥) तद्धितवर्जप्रत्ययाद्या लशकवर्गा इतः स्युः॥

तद्धितभिन्न प्रत्ययकी आदिके ल-श-कवर्ग इत्संज्ञावाले हों । राम+शस् । में शस-प्रत्ययके आदिके ' श ' की इत्संज्ञा होकर (सू० १३७) से पूर्वसवर्णदीर्घ होकर । रामास् । रहा ॥

१५७ तस्माच्छसो नः पुंसि । ६ । १ । १०३ ॥

(तस्मात्-पञ्चम्य० । शसः-षष्ठ्य० । नः-प्रथ० । पुंसि-सप्तम्यन्तम् ॥) पूर्वसवर्णदीर्घात्परो यः शसस्तस्य नः स्यात् पुंसि ॥

पुल्लिङ्गमें-यदि पूर्वसवर्णदीर्घसे परे शस्का सकार हो तौ उसकू नकार हो जाय । रामास्-रामान् ॥

१५८ अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि । ८ । ४ । २ ॥

(अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवाये-सप्त० । अपि-अव्ययपदम् ॥) अट् कवर्ग पवर्ग आङ् नुम्, एतैर्व्यस्तैर्यथासम्भव मिलितैश्च व्यवधानेऽपि रषाभ्यां परस्य नस्यः णः समानपदे ॥

अट्-प्रत्याहार, कवर्ग, पवर्ग, आङ् उपसर्ग, नुम्, यह पृथक् २ हों, अथवा यथासम्भव मिले हों, तौ तुल्यपदमें रकार या षकारसे परे जो नकार उसको णकार हो जाय । रामान्-में राकारमें आकार अट् है, और मकार पवर्ग है,तौ इसके क्रमसे पूर्वोक्तप्रयोगमें णकारकी प्राप्ति हुई ॥

१५९ पदान्तस्य । ८ । ४ । ३७ ॥

(षष्ठचन्तम् ॥) नस्य णो न ॥

पदान्तके नकू णकार न हो । रामान् । राम+टा ॥

१६० टाङसिङसामिनात्स्याः । ७ । १ । १२ ॥

(टाङसिङसाम्-षष्ठ्य० । इनात्स्याः-प्रथ० ॥) अदन्ताट्टादीनां क्रमादिनादयः स्युः ॥

अदन्त-शब्दसे परे टा-ङसि और ङसकू क्रमसे इन-आत् और स्य आदेश हो । राम+इन (मू० ३३ । १५८) से । रामेण । राम+स्याम् ॥

१६१ सुपि च । ७ । ३ । १०२ ॥

(सुपि-सप्त० । च-अव्ययपदम् ॥) यञादौ सुप्यतोऽङ्गस्य दीर्घः ॥

यञ्-प्रत्याहारके वर्णपूर्ववाले सुप् परे रहते अदन्त अंगकू दीर्घ हो । रामाभ्याम् । राम+भिस् ॥

१६२ अतो भिस ऐस् । ७ । १ । ९ ॥

(अतः-पञ्च० । भिसः-षष्ठ्य० । ऐस्-प्रथ० ॥)

अदन्त अंगसे परे भिसकू ऐस् आदेश हो । राम+ऐस (मू०५८ । ३९ । १२५ । ३१ । ११३) के अनुसार । रामैः । राम+ङे ॥

१६३ ङेर्यः । ७ । १ । १३ ॥

(ङेः-षष्ठ्य० । यः-प्रथमान्तम् ॥ अतोऽङ्गात्परस्य ङेर्यादेशः स्यात् ॥

अदन्त अंगसे परे जो ङे हो तो उसको य आदेश हो। राम+य॥

१६४ स्थानिवदादेशोऽनल्विधौ । १ । १ । ५६ ॥

(स्थानिवत्-तद्वितांतमव्य० । आदेशः-प्र० । अनल्विधौ-सप्तम्यन्तम् ॥) आदेशः स्थानिवत्स्यात्तु स्थान्यलाश्रयविधौ ॥

आदेश स्थानीके सदृश हो जाय, यदि स्थानीके अवयव अथवा तद्रूप अलकी विधिमें न हो ॥ इति स्थानिवत्त्वात्सुपि चेति दीर्घः ॥ इस सूत्रसे यकारकू स्थानी (ङे) के तुल्य सुप् मानकर 'सुपि च' से दीर्घ हुआ । रामाय । रामाभ्याम् । राम+भ्यस् ॥

* अत्र 'सुपि च' इति दीर्घे कर्त्तव्ये 'सन्धिपातलक्षणो विधिर्नानिमित्तान्तद्विघातस्य' इति परिभाषा न हि प्रवर्त्तते, 'चतुर्थ्याः क्रमणे' इत्यादिनिर्देशात् ।

१६५ बहुवचने झल्येत्। ७ । ३ । १०३ ॥

(बहुवचने-सप्त० । झलि-सप्त० । एत्-प्रथमान्तम् ॥) झलादौ* बहुवचने सुप्यतोऽङ्गस्यैकारः ॥

झल् जिसके पहले हो ऐसे बहुवचन-सुप्के परे रहते अदन्त अंगको एकार हो । रामे+भ्यस्–(सू० १२५ । ११३) के अनुसार । रामेभ्यः ॥ सुपि किम् ॥ 'सुप परे रहते' ऐसे कहनेसे । पच+ध्वम्–पचध्वम् । इसमें एकार न हुआ, कारण कि–'ध्वम्' सुप् परे नहीं है, किन्तु तिङ् है । राम+ङसि । यहां (सू० १६०) से । राम+आत् । (सू० ५३)रामात् । यहां (सू० ८३) से तकारकू दकार नित्य प्राप्त था, तौ–

१६६ वावसाने । ८ । ४ । ५६ ॥

(वा-विकल्पार्थकमव्ययपदम् । अवसाने-सप्त० ॥)अवसाने झलां चरो वा स्युः ॥

अवसानके विषय झलोंकू विकल्पसे चर् हों । रामात्, रामाद् । (सू० १६१) रामाभ्याम् । (सू० १६५) रामेभ्यः । राम+ङस् । (सू० १६०) रामस्य । राम+ओस् ॥

१६७ ओसि च । ७ । ३ । १०४ ॥

(ओसि-सप्त० । च-अव्ययपदम् ॥) अतोऽङ्गस्यैकारः स्यादोसि ॥

यदि ओस्-प्रत्यय परे हो तौ अदन्त अंगकू एकार हो जाय । रामे+ओस् । (सू० २७) के अनुसार । रामयोस् । (सू० १२५ । ११३) से । रामयोः । राम+आम् ॥

१६८ ह्रस्वनद्यापो नुट् । ७ । १ । ५४ ॥

(ह्रस्वनद्यापः-पञ्च० । नुट्-प्रथमान्तम् ॥) ह्रस्वान्तान्नद्यन्तादाबन्तात्पदाङ्गात्परस्यामो नुडागमः ॥

ह्रस्वान्त तथा नद्यन्त और आबन्त अंगसे परे जो आम् उसको नुट्का आगम हो । (सू० १०४) के अनुसार । राम+नुट्+आम् ।

* नदी संज्ञा स्त्रीलिंगमें आवेगी ।

हुआ, फिर (मू० ३। ३४) से उद्-का लोप होकर। राम+नाम्। रहा, फिर–

१६९ नामि।६। ४। ३॥

(सप्तम्यन्तम् ॥) अजन्तांगस्य दीर्घः स्यान्नामि ॥ *नामि परे*

यदि नाम् परे हो तो अजन्त अंगकू दीर्घ हो। रामा+नाम्। (मू० १५८) के अनुसार। रामाणाम्। राम+ङि। (मू० १५६) राम+इ। (मू० ३३) रामे। राम+ओस्। (मू०१६७) रामयोः। राम+सुप् ॥ एत्वे कृते ॥ पूर्वोक्त रूपमें (मू० १६५) से एकार करनेपर। रामे+सुप्। हुआ, तब–

१७० आदेशप्रत्यययोः। ८। ३। ५९॥

(सप्तम्यन्तम् ॥) इण्कुभ्याम्परस्यापदान्तस्यादेशस्य प्रत्ययावयवस्य च यस्सस्तस्य मूर्द्धन्यादेशः ॥

*इण्-प्रत्याहार अथवा कवर्गसे परे जो अपदान्तके आदेशका–वा–प्रत्ययके अवयवका जो सकार उसकू मूर्द्धन्य आदेश हो ॥ ईषद्विवृतस्य सस्य तादृश एव षः ॥ ईषद्विवृत प्रयत्नवाले सकारकू तत्तुल्य प्रयत्नवाला मूर्द्धन्यादेशमेंसे षकारही होता है। रामेषु॥ एवं कृष्णादयोप्यदन्ताः ॥ यह सामान्य नियम है कि, इसी राम-शब्द-की सदृश कृष्ण आदि अदन्त शब्दोंके रूप होते हैं ॥

१७१ सर्वादीनि सर्वनामानि । १। १। २७॥

(सर्वादीनि-प्रथमा० । सर्वनामानि-प्रथमान्तम् ॥) सर्वादीनि शब्द-स्वरूपाणि सर्वनामसंज्ञानि स्युः। सर्व। विश्व। उभ। उभय। डतर। डतम। अन्य। अन्यतर। इतर। त्वत्। त्व। नेम। सम। सिम॥ पूर्वपरावरदक्षिणोत्तरापराधराणि व्यवस्थायामसंज्ञायाम् ॥ स्वमज्ञातिधनाख्यायाम् ॥ अन्तर बहिर्योगोपसंव्यानयोः ॥ त्यद्। तद्। यद्। एतद्। इदम्। अदस्। एक। द्वि। युष्मद्। अस्मद्। भवतु। किम्। इति ॥

* इण्प्रत्याहार लृण्के लकारतक लिया जाता है, इसका प्रमाण (मू० १३२) की संस्कृत टिप्पणीसे ज्ञात होता है ॥

सर्वादिगणपठित शब्दस्वरूप सर्वनामसंज्ञक हों । वोह सर्वादिगण पठित शब्द यह हैं–सर्व (सम्पूर्ण) , विश्व (सम्पूर्ण,-संसार) . उभ (दो), उभय (दो अवयववाला), डतर, डतम , यह दोनों प्रत्यय जिसके अन्तमें हो–यथा 'कतर–कतम' । अन्य (दूसरा), अन्यतर (दोमें एक), इतर (भिन्न), त्वत्–त्व (दूसरा), नेम (आधा), सम (सम्पूर्ण), सिम (सम्पूर्ण), पूर्व १, पर २, अवर ३, दक्षिण ४, उत्तर ५, अपर ६, अधर ७, यह सात शब्द संज्ञाभिन्न और व्यवस्थावाची हों तौ सर्वनामसंज्ञक जानने । 'स्व' इस शब्दका ज्ञाति और धनसै अन्य अर्थात्–आत्मा-वा-आत्मीय अर्थ हो तौ सर्वनामसंज्ञा कहती । 'अन्तर' इस शब्दका यदि बाह्य अथवा परिधान अर्थ हो तौ सर्वनामसंज्ञा होती है । त्यद् (वोह),तद् (वोह), यद् (जो),एतद् (यह), इदम् (यह),अदस् (यह वोह),एक (एक), द्वि (दो), युष्मद् (तू),अस्मद् (मैं),भवतु (आप), किम् (क्या, कौन) ॥ इति ॥ इनको सर्वादिगण कहते हैं ॥ सर्वः । सर्वौ । सर्व+जस् ॥

१७२ जसः शी । ७ । १ । १७ ॥

(जसः–षष्ठ्यः । शी–प्रथमान्तम् ॥) अदन्तात्सर्वनाम्नो जसः शी स्यात् ॥

अदन्त सर्वनामसै परै जस्क् शी आदेश हो ॥ अनेकाल्त्वात्सर्वादेशः ॥ शी आदेश अनेकाल् है इस कारण सम्पूर्ण जस्क् होता है । सर्व+शी । (मु० १५६ । ३३) के अनुसार । सर्वे । सर्वम् । सर्वौ । सर्वान् । सर्वेण । सर्वाभ्याम् । सर्वैः । सर्व+ङे ॥

१७३ सर्वनाम्नः स्मै । ७ । १ । १४ ॥

(सर्वनाम्नः–पंच० । स्मै–प्रथमान्तम् ॥) अतः सर्वनाम्नो ङेः स्मै स्यात्॥

अदन्त सर्वनामसै परै ङेक् स्मै आदेश हो । सर्व+स्मै–सर्वस्मै । सर्वाभ्याम् । सर्वेभ्यः । सर्व+ङसि ॥

१७४ ङसिङ्योः स्मात्स्मिनौ । ७ । १ । १५ ॥

(ङसिङ्योः–षष्ठ्य० । स्मात्स्मिनौ–प्रथ० ॥) अतः सर्वनाम्नो ङिसिङ्योः स्मात्स्मिनौ स्तः ॥

अदन्त सर्वनामसे परे ङसि और ङि क्रमसे स्मात्—और स्मिन् हों । सर्वस्मात् (ङ्) । सर्वाभ्याम् । सर्वेभ्यः । सर्वस्य । सर्वयोः । सर्व+आम् ॥

१७५ आमि सर्वनाम्नः सुट् । ७ । १ । ५२ ॥

(आमि–सप्तम्य० । सर्वनाम्नः–पच० । सुट्–प्रथ० ।) अवर्णान्तात्परस्य सर्वनाम्नो विहितस्यामः सुडागमः ॥

अवर्णान्तसे परे और सर्वनामसे विधान किये हुए आमूको सुट्का आगम हो । सर्व+सुट्+आम् । (मू० ३ । ३४) से । सर्व+साम् ॥ एत्वषत्वे ॥ (मू० १६५) से एत्व, और (मू० १७०) से षत्व करके । सर्वेषाम् । सर्व+ङि । (मू० १७४) सर्वस्मिन् । सर्वयोः । सर्वेषु । हे सर्व । हे सर्वौ । हे सर्वे ॥

एव विश्वादयोऽप्यदन्ताः ॥

इसी तरह विश्वादिक अदन्त सर्वनामसंज्ञक शब्दोंके रूप होते हैं । अब विशेषता कहते हैं ॥

उभशब्दो नित्य द्विवचनान्तः ॥

सर्वादिगणमें पठित उभ-शब्द नित्य द्विवचनान्त है । उभौ २ । उभाभ्याम् ३ । उभयोः २ ॥

तस्येह पाठोऽकजर्थः ॥

उभ-शब्दका पाठ सर्वादिगणमें अकच्-प्रत्ययके अर्थ है । अर्थात्—' उभ-शब्दमें कोई सर्वादिगणकृत कार्य तो होता नहीं, फिर उभ-शब्दको सर्वादिगणमें क्यों पढा ? ' इस शंकाको दूर करनेको कहते हैं कि—(मू० १३४४) से अव्यय और सर्वनामकी टिसे पूर्व अकच्-प्रत्यय करके (उभकौ) रूप बनानेके अर्थ है, यदि गणमें पाठ न रखते तो अकच् नहीं होता ॥

डतरडतमौ प्रत्ययौ । प्रत्ययग्रहणे *तदन्तग्रहणमिति तदन्ता ग्राह्याः ॥

डतर और डतम प्रत्यय हैं । प्रत्ययके ग्रहणमें तदन्त अर्थात्—

* कतर, कतम, यतर, यतम, ततर, ततम, एकतर, एकतम, एते शब्दा ग्राह्याः ।

जिसके अन्तमें प्रत्यय होते हैं उसका ग्रहण होता है, इसके अनुसार डतर और डतम जिसके अन्तमें हो उस शब्दको सर्वादिगणमें जानना ॥

नेम इत्यर्द्धे ॥

नेम यह शब्द यदि आधेका वाची हो तो सर्वनामसंज्ञक हो ॥

समः सर्वपर्यायः, तुल्यपर्यायस्तु नेह गृह्यते, यथासख्यमनुदेशः समानामिति ज्ञापकात् ॥

सम-शब्द सम्पूर्णका वाची हो तौ सर्वनामसंज्ञक होता है, बराबरका वाची सर्वादिगणमें नहीं लिया जाता, कारण कि-(मृ० २८) में सूत्रकारने-" समानाम् " पाठ किया है, यदि बराबरका वाचीभी सर्वादिगणमें होता तौ-" समेषाम् "रूप पढना था ॥ पूर्वः । पूर्वौ । पूर्व+जस् ॥

१७६ पूर्वपरावरदक्षिणोत्तरापराधराणि व्यवस्थायामसंज्ञायाम् । १ । १ । ३४ ॥

(पूर्वपरावरदक्षिणोत्तरापराधराणि-प्रथ० । व्यवस्थायाम्-सप्तम्य० । असज्ञायाम्-सप्तम्यः ॥) एतेषां व्यवस्थायामसज्ञायां सर्वनामसज्ञा गणसूत्रात्सर्वत्र या प्राप्ता सा जसि वा ॥

पूर्व-(पहले, पूर्व दिशा, पूर्वदिशामें होनेवाला), पर-(दिशा. परदिशावर्ती), अवर-(पश्चात्दिशा, पश्चात्दिशामें रहनेवाला), दक्षिण-(दिशा, दक्षिणदिशामें रहनेवाला), उत्तर-(दूसरा, उत्तरदिशा, उत्तरदिशावर्ती), अपर-और,अधर-(नीचे), इन पूर्वादि-शब्दोंकी गणसूत्रसे सर्वत्र जो सर्वनामसंज्ञा प्राप्त है सो जस् परे रहते विकल्पसे हो, यदि यह शब्द व्यवस्था और असंज्ञावाचक हों तौ । पूर्व+शी । (मृ० १५६ । ३३) पूर्वे । अथवा । पूर्व+जस् (मृ० १४९ । १४७ । १२५ । ११३) के अनुसार । पूर्वाः ॥

असज्ञायां किम् । उत्तराः कुरवः ॥

असंज्ञावाचक कहनेसे पूर्वोक्त उदाहरणमें वैकल्पिक सर्वनामसंज्ञा

होकर दो रूप नहीं बने, क्योंकि—यहां उत्तर यह कुरुदेशकी संज्ञा है॥

*स्वाभिधेयापेक्षावधिनियमो व्यवस्था ॥

पूर्वादिशब्दोंके पूर्वदिशा आदि अभीष्ट अवधिके नियमोंको व्यवस्था कहते हैं ॥ व्यवस्थायां किम् । दक्षिणाः गाथकाः । कुशला इत्यर्थः ॥ व्यवस्थामें कहनेसे पूर्वोक्त उदाहरणमेंभी दो रूप न बने, यहां व्यवस्था इस कारण नहीं है कि—दक्षिण-शब्दका अर्थ दिशावाची नहीं है, यहां यह अर्थ है कि—चतुर गवैये ॥ पूर्वम् । पूर्वौ । पूर्वान् । पूर्वेण । पूर्वाभ्याम् । पूर्वैः । पूर्वस्मै । पूर्वाभ्याम् । पूर्वेभ्यः । पूर्व+ङसि ॥

१७७ पूर्वादिभ्यो नवभ्यो वा । ७ । १ । १६ ॥

(पूर्वादिभ्यः-पच० । नवभ्यः-पच० । वा-विकल्पार्थकमव्य० ॥) एभ्यो ङसिङ्योः स्मात्स्मिनौ वा स्तः ॥

पूर्व आदिक नव शब्दोंसे परे ङसि और ङि क्रमपूर्वक विकल्पसे स्मात् और स्मिन् हों । पूर्वस्मात् (द्द), पूर्वात् (द्द)। पूर्वाभ्याम् । पूर्वेभ्यः । पूर्वस्य । पूर्वयोः । पूर्वेषाम् । पूर्वस्मिन्,पूर्वे । पूर्वयोः । पूर्वेषु ॥ एवम्परादीनाम् । शेषं सर्ववत् ॥ इसी प्रकार पर आदिकभी शब्द जानने । शेष रूप सर्वकी सदृश हैं ॥

१७८ स्वमज्ञातिधनाख्यायाम् । १ । १ । ३५ ॥

(स्वम्-प्रथमा० । अज्ञातिधनाख्यायाम्-सप्तम्यन्तम् ॥) ज्ञातिधनान्यवाचिनः स्वशब्दस्य प्राग्वा सञ्ज्ञा जसि वा ॥

ज्ञाति, धन, आत्मा, आत्मीय, स्व-शब्दके यह चार अर्थ होते हैं, इनमें ज्ञाति (बन्धु) और धनसे अन्यवाची अर्थात्—आत्मा आत्मीय अर्थवाची स्व-शब्दकी जस् परे रहते विकल्पसे सर्वनामसंज्ञा हो । स्व+जस्—(मु०१७२ । ३३) स्वे । वा (मु० १४९ । १४७ । १२५ । ३४ । ११३) स्वाः ॥ आत्मीयाः, आत्मान इति वा ॥

* स्वस्य पूर्वादिशब्दस्याभिधेयेनापेक्ष्यमाणस्यावधेर्नियमोऽवधिनियम, स्वाभिधेयापेक्षश्चासाववधिनियमश्चेति विग्रह ॥

इनका यह अर्थ हुआ कि–आप अथवा अपने ॥ ज्ञातिधनवाचिनस्तु स्वाः । ज्ञातयोऽर्था वा ॥ ज्ञाति और धनवाची स्व-शब्दका । स्वाः । ही रूप बनता है, अर्थात्–जाति वा धन ॥

१७९ अन्तरम्बहिर्योगोपसंव्यानयोः । १ । १ । ३६ ॥

(अन्तरम्–प्रथ० । बहिर्योगोपसव्यानयोः–सप्त० ॥) बाह्ये परिधानीये चार्थेऽन्तरशब्दस्य प्राप्ता सज्ञा जसि वा ॥

बाहर और वस्त्र पहरनेके अर्थमें अन्तर-शब्दकी जस् परे रहते विकल्पसे सर्वनामसंज्ञा हो ॥ अन्तरे, अन्तराः वा गृहाः–बाह्या इत्यर्थः ॥ अर्थात्–बाहरके घर ॥ अन्तरे, अन्तराः वा शाटिकाः, परिधानीया इत्यर्थः ॥ अर्थात्–पहरने लायक साड़ी ॥

१८० प्रथमचरमतयाल्पार्धकतिपयनेमाश्च । १ । ८ । ३३ ॥

(प्रथमचरमतयाल्पार्धकतिपयनेमाः–प्र० । च–अव्य० ॥) एते जस्युक्तसज्ञा वा स्युः ॥

प्रथम, चरम, तय–प्रत्ययान्त, अल्प, अर्द्ध, कतिपय, नेम, इन शब्दोंकी जस् परे रहते विकल्पसे सर्वनामसंज्ञा हो । प्रथमे, प्रथमाः । तयः प्रत्ययः । तयप्रत्ययान्त, जैसे–द्वितीये, द्वितीयाः ॥ शेषं रामवत् ॥ इस शब्दके बाकी रूप रामकी तुल्य होते है । नमे, नेमाः ॥ शेषं सर्ववत् ॥ इसके शेष रूप सर्वकी सदृश होते है ॥

१८१ (तीयस्य ङित्सु वा) ॥

ङित् अर्थात्–चतुर्थी पंचमी षष्ठी सप्तमीके एकवचनके परे रहते तीय-प्रत्ययान्त (मू० १२८४ । १२८५) शब्दकी विकल्पसे सर्वनाम संज्ञा हो । द्वितीय+ङे–(मू० १७३) के अनुसार । द्वितीयस्मै । अथवा (मू० १६३ । १६१) के अनुसार । द्वितीयायेत्यादिः । इत्यादिक पंचमीआदिक विभक्तियोंमेंभी रूप जानने ॥ एवं तृतीयः ॥ इसीप्रकार तृतीयशब्दकेभी रूप होते हैं । निर्जरः । निर्जर+ओ ॥

१ षष्ठीके एकवचनमें सर्वनामको कोई विशेष कार्य होता नहीं, इस कारण 'द्वितीयस्य' इत्यादिकही रूप होते है ॥

१८२ जराया जरसन्यतरस्याम् । ७ । २ । १०१ ॥

(जरायाः-षष्ठ्य० । जरस्-प्रथ० । अन्यतरस्याम्-विकल्पार्थक० ॥) जराशब्दस्य जरसादेशो वा स्यादजादौ विभक्तौ ॥

यदि अजादिविभक्ति परे हो तौ जरा-शब्दकू विकल्पसै जरस् आदेश हो । यदि कहो कि 'निर्' पूर्ववाले 'जर' कू आदेश नहीं होना चाहिये, केवल जहां 'जर' शब्द हो वहांही आदेश हो तौ ॥

पदाङ्गाधिकारे तस्य तदन्तस्य च ॥

अष्टाध्यायीके क्रममें पद और अंगके अधिकारमें जो कार्य होता है सो उसकोभी हो ता है, और वोह जिसके अन्तमें हो उसकोभी होता है, अर्थात्-जहां जरा-शब्द निर्के अन्तमें है तौ जरस् हो। यदि कहो कि-आदेशभी निर्सहितकूही होना चाहिये तौ ॥

*निर्दिश्यमानस्यादेशा भवन्ति ॥

सूत्रमें निर्देश किये हुए शब्दकूही आदेश होते हैं, अर्थात्-सूत्र (मु०१५२) में जरा-शब्दकू जरस्-निर्देश किया है इस कारण निर्कू छोडकर आदेश होता है । यदि कहो कि-यहां जरा-शब्द नहीं है, किन्तु-(निर्) ' जर ' शब्द है, तौ-

एकदेशविकृतमनन्यवादिति जरशब्दस्य जरस् ॥

एकदेशके विकारकू प्राप्त होनेसे औरकी सदृश नहीं होता इसकारण जर-शब्दकू जरस् आदेश हुआ । निर्जरसौ, निर्जरौ । निर्जरसः, †निर्जराः । इत्यादि ॥ पक्षे हलादौ च रामवत् ॥ एक पक्ष (जरसादेशके अभाव) में, और हलादि विभक्तियोंमें रामशब्दकी सदृश रूप होते हैं॥ विश्वपा-संसारकी रक्षा करनेवाला। विश्वपाः। विश्वपा श्वौ ॥

१८३ दीर्घाज्जसि च । ६ । १ । १०५ ॥

---

* षष्ठ्यन्तप्रकृतजन्यप्राधान्यकोपस्थितिविषयत्व निर्दिश्यमानत्वम् ॥ † वृत्तिकृता तु पूर्वविप्रतिषेधेन इनादो कृतयो सन्निपातपरिभाषाया अनित्यतामाश्रित्य जसि कृते निर्जरसिन, निर्जरसादिति रूपे, इति केचिदित्युक्तं, भिसि निर्जरसैरिति रूपान्तरमुक्तम्, तदनुसारिभिश्च ङसि निर्जरस्यैव रूपमिति स्वीकृतमेतच्च भाष्यविरुद्धम् ॥

(दीर्घात्-पचः । जसि-सप्त० । च-अव्ययपदम् ॥) दीर्घाज्जासे इचि च परे पूर्वसवर्णदीर्घो न स्यात् ॥

यदि दीर्घसे जस् वा इच् परे रहे तो दीर्घ न हो। (सू०३९) से वृद्धि होकर । विश्वपौ । विश्वपाः-जस्- (सू०१४९ । ५३ । १२५ । ११३) के अनुसार । विश्वपाः । हे विश्वपाः । यहां सका लोप न हुआ क्योंकि एङन्त और ह्रस्वान्त अंगसे पर नहीं है । विश्वपाम् । विश्वपौ । विश्वपाः शस् ॥

१८४ सुडनपुंसकस्य । १ । १ । ४३ ॥

(सुट् प्रथ० । अनपुंसकस्य षष्ठ्यन्तम् ॥) स्यादिषञ्चवचनानि सर्वनामस्थानसंज्ञानि स्युरनपुंसकस्य ॥

नपुंसकलिङ्गके छोडकर स्यादिके पांच वचनों (सु । औ । जस् । अम् । औट्) की सर्वनामस्थान-संज्ञा हो ॥

१८५ स्वादिष्वसर्वनामस्थाने । १ । ४ । १७ ॥

(स्यादिषु सप्त० । असर्वनामस्थाने सवर्ण्यन्तम् ॥) कप्प्रत्ययपर्यन्तेषु स्यादिष्वसर्वनामस्थानेषु पूर्वे पद स्यात् ॥

सु (सू०१३८) से लेकर कप्-प्रत्ययपर्यन्त सर्वनामस्थान(सू०१८४) भिन्न प्रत्ययोंसे पहले प्रत्ययोंकी पदसंज्ञा हो ॥

१८६ यचि भम् । १ । ४ । १८ ॥

(यचि सप्त० । भम् प्रथमान्तम् ॥) यादिष्वजादिषु च कप्प्रत्ययपर्यन्तेषु स्यादिष्वसर्वनामस्थानेषु पूर्वमङ्गसंज्ञं स्यात् ॥

स्यादि-असर्वनामस्थानके परे रहते सु-प्रत्ययसे लेकर कप्प्रत्यय-पर्यन्त जितने यकारादि तथा अजादि प्रत्यय होते है उनसे पहले अङ्गकी भसंज्ञा हो । (सू०१५६) से । विश्वपा+अस् । यहा तो (सू० १८५) से पद संज्ञा प्राप्त हुई, और (सू०१८६) से भसंज्ञा प्राप्त हुई तो, कौनसी संज्ञा करनी चाहिये ? ॥

१८७ आकडारादेका संज्ञा । १ । ४ । १ ॥

(आक्डारात् परः । एका सञ्ज्ञा-प्रथमाः ॥) इत ऊर्ध्वं ' कडाराः कर्मधारये ' इत्यत आगेकस्यैकैव सञ्ज्ञा ज्ञेया । या पराऽनवकाशा च ॥

अष्टाध्यायीके क्रमानुसार यहांसे लेकर ' कडाराः कर्मधारये ' सूत्रमें पहले एकशब्दकी एकही संज्ञा जाननी । उनमेंसे वोह संज्ञा हो जो अनवकाश हो । अनवकाश उसको कहते हैं कि–

जिसका कहीं अवकाश न हो, अर्थात्–पदसंज्ञाको छोडकर भसंज्ञाको और कहींभी अवकाश नहीं है, इस कारण अजादि विभक्ति परे रहते जहां पदसंज्ञाभी प्राप्त है वहांभी भ संज्ञाही होती है, अतएव यहांभी भसंज्ञाही हुई । फिर–

१८८ आतो धातोः । ६ । ४ । १४० ॥

(आतः षष्ठ्यः । धातोः षष्ठ्यः ॥) आकारान्तो यो धातुस्तदन्तस्य भस्याऽगस्य लोपः ॥

आकारान्त जो धातु वोह धातु जिसके अन्तमें हो ऐसे भसंज्ञावाले अंगका लोप हो । इस सूत्रसे भसंज्ञक विश्वपा-शब्दका लोप पाया तो (सू० २५) से ' पा ' के 'आ' का लोप होकर (सू० १२५) से ' स् ' क ' रु ' हो (सू० ११३) के अनुसार । विश्वपाः । वि-वापा । विश्वपाभ्याम् । इत्यादिः । अजादि-विभक्तियोंमें सब स्थानोंमें आका लोप होता गया ॥ एवं शङ्ख-मादयः ॥ इसी प्रकार आकारान्तधात्वन्त शंखध्मादिक औरभी शब्द होते हैं । हाहा–गन्धर्व । हाहाः । हाहौ । हाहाः । हाहाम । हाहौ ॥ धातोः किम् ॥ धातु कहनेसे–हाहा-शम् (सू० १५६।१४७।१२५।११३) के अनुसार । हाहान् । यहां आका लोप न हुआ । हाहा । हाहाभ्याम् ३ । हाहाभिः । हाहे । हाहाः २ । हाहौः २ । हाहाम् । हाहे । हाहासु । हरिः–दुःखोंको हरनेवाला । हरिः । हरी । हरि+जस् ॥

१८९ जसि च । ७ । ३ । १०९ ॥

(जसि समः । च अव्ययः ॥) ह्रस्वात्तस्याऽगस्य गुणो जसि परे ॥

जस् परे रहतेभी ह्रस्वान्त अंगक गुण हो । हरे+जस् (सू० १४२ । २७ । १२७ । ११३) से । हरयः । हे हरि+सु ॥

१९० ह्रस्वस्य गुणः । ७ । ३ । १०८ ॥

(ह्रस्वस्य षष्ठ्यः । गुणः प्रथमाः ॥) सम्बुद्धौ ॥

सम्बुद्धि परे रहनेपर ह्रस्वको गुण हो । हे हरे+सु (सू० ३४ । १०४) से । हे हरे । हे हरी । हे हरयः । हरिम् । हरी । हरीन् । हरि टा ॥

१९१ शेषो घ्यसखि । १ । ४ । ७ ॥

(शेषः प्रथमः । घि प्रथमः । असखि प्रथमान्तम् ॥) शेषो इति स्पष्टम् । ह्रस्वो यश्चीदूतौ लक्षयन् सखिवर्जो घिसंज्ञः स्यात् ॥

इस सूत्रमें शेषग्रहण सरलताके अर्थ है । सखिशब्दक छोड़कर ह्रस्व इकारान्त और उकारान्त शब्दकी घि संज्ञा हो । अर्थात्–सखिशब्दकी घिसंज्ञा न हो ॥

१९२ आङो नाऽस्त्रियाम् । ७ । ३ । १२० ॥

(आङः षष्ठ्यः । नाः प्रथमः । अस्त्रियाम् सप्तम्यः ॥) घे परस्याङो नाः स्त्रियाम् । आङिति स्वरूपग्रहणं प्राच्यम् ॥

घिसंज्ञावाले शब्दसे परे आङ् (टा) को ना हो, स्त्रीलिंगके न्यायसूत्र । प्राचीन आचार्योंके मतमे टाको आङ् कहते है । (सू० १९१) से घिसंज्ञा करके (सू० १९२) के अनुसार । हरि+ना– (सू० १५८) हरिणा । हरि+याम् ३ । हरिभिः । हरि+ङे (सू० १५६) से । हरि+य् ॥

१९३ ङेर्ङिति । ७ । ३ । १११ ॥

(ङेः षष्ठ्यः । ङिति-सप्तम्यन्तम् ॥) घिसंज्ञकस्य ङिति सुपि गुणः ॥

ङित्-सुप् परे रहते घिसंज्ञक शब्दको गुण होय । हरे+य् (सू० २७) हरये । हरिभ्यः २ । हरि+ङसि–ङस् । (सू० १५६ । १९३) से । हरे+अस् ॥

१९४ ङसिङसोश्च । ६ । १ । ११० ॥

(ङसिङसोः-षष्ठ्यः । च-अव्ययः ॥) एङो ङसिङसोरति पूर्वरूपमेकादेशः स्यात् ॥

एङ्‌से ङसि तथा ङस्‌सम्बन्धी अत् परे रहते पूर्वरूप एकादेश हो । (मु० १२५ । ११३) से । हरेः२ । हर्योः २ । हरीणाम् । हरि+ङि ॥

१९५ अच घेः । ७ । ३ । ११९ ॥

(अत्-प्रथः । च-अव्ययप० । घेः-षष्ठ्यः ॥) इदुद्भ्यामुत्तरस्य ङेरात् घेरत् ॥

इ और उ-से परे ङि-कू औ हो, तथा घिसंज्ञक शब्दकू अ-कार हो । हर+औ (मु० ३९) से । हरौ । हरिषु ॥ एवं कव्यादयः ॥ इसी प्रकार ह्रस्व-इकारान्त कवि आदिक शब्दोंकेभी रूप होते हैं ॥ सखि+सु ॥

१९६ अनङ् सौ । ७ । १ । ९३ ॥

(अनङ्-प्रथः । सौ-सप्तम्यन्तम् ॥) सम्बुद्ध्यगम्यानङादेशोऽसम्बुद्धौ सौ ॥

सम्बुद्धिभिन्न सुकै परे रहते सखि-रूप अंगकू अनङ् आदेश हो। यह आदेश (मु० ५९) के अनुसार अन्तकूही होता है, और (मु० ३ । ३४) से अनङ्-के अङ्-का लोप होता है। सखन्+सु॥

१९७ अलोऽन्त्यात्पूर्व उपधा । १ । १ । ६५ ॥

(अलः-षष्ठ्यः । अन्त्यात् षष्ठ्यः । पूर्वे-प्रथ० । उपधा-प्रथ० ॥) अन्त्यादलः पूर्वो वर्ण उपधासंज्ञः स्यात् ॥

अन्तके अलसे पूर्वके वर्णकी उपधा संज्ञा होती है । पूर्वोक्त उदाहरणमें अन्त्य अल्-नकारसे पूर्ववर्ती अकारकी उपधा संज्ञा है ॥

१९८ सर्वनामस्थाने चाऽसम्बुद्धौ । ६ । ४ । ८ ॥

(सर्वनामस्थाने-सप्त० । च अव्य० । असम्बुद्धौ-सप्तम्यः ॥) नान्तस्योपधाया दीर्घोऽसम्बुद्धौ सर्वनामस्थाने ॥

संबुद्धिभिन्न सर्वनामस्थान परे रहते नकारान्त-शब्दकी उपधाको दीर्घ हो । सखान्+सु (सू०३४) सै । सखान्+स् ॥

१९९ अपृक्त एकाल् प्रत्ययः । १ । २ । ४१ ॥

(अपृक्तः- प्रथः । एकालप्रत्ययः-प्रथमान्तम् ॥) एकाल्प्रत्ययोऽपृक्त सञ्ज्ञः स्यात् ॥

जिस प्रत्ययमें एकही अल् हो, उसकी अपृक्तसंज्ञा होती है । पूर्वोक्त उदाहरणमें सु-की अपृक्तसंज्ञा हो गई, तब ॥

२०० हलङ्याब्भ्यो दीर्घात्सुतिस्यपृक्तं हल् । ६ । १ । ६८ ॥

(हलङ्याब्भ्यः षः । दीर्घात् पञ्चः । सुतिसि-प्रः । अपृक्तम् प्रथमाः । हल् प्रथमान्तम् ॥) हलन्तात्पर दीर्घो यौ ङ्याबौ तदन्ताच्च पर सुति सिप्रत्ययावपृक्त हल्लुप्यते ॥

हलन्तसे परे और दीर्घ ङी (ङीप् , ङीष् , ङीन्) तथा आप् (टाप् , डाप् , चाप्) जिसके अन्तमें हो ऐसे शब्दसे परे जो-सु-ति-सि-का अपृक्त हल् हो तो उसका लोप हो । सखान्+स् । यहां स-कारका लोप हो गया तो । सखान् । रूप रहा-

२०१ न लोपः प्रातिपदिकान्तस्य । ८ । २ । ७ ॥

(न अव्ययपदम् । लोपः प्रथः । प्रातिपदिकान्तस्य षष्ठ्यन्तम् ॥) प्रातिपदिकसञ्ज्ञक यत्पद तदन्तस्य नकारस्य लोपः ॥

प्रातिपदिकसंज्ञावाले पदके अन्तमें जो नकार उसका लोप हो । सखान्-की प्रातिपदिक-संज्ञा है इसकारण नकारका लोप हो गया । सखा ॥

२०२ सख्युरसम्बुद्धौ । ७ । १ । ९२ ॥

(सख्युः षष्ठ्यः । असम्बुद्धौ सप्तम्यन्तम् ॥) सख्युरङ्गात्परं सम्बुद्धिवर्जं सर्वनामस्थानं णिद्वत्स्यात् ॥

सखि रूप अंगसे परे यदि सम्बुद्धिभिन्न सर्वनाम परे रहै, तो वह

१ सुतिसीति किम् ? अमेत्सीदत्र । तिपा सहचारात्तस्य सिपो ग्रहणम्सिचो ग्रहण नास्तीति सिप्रत्येन सिचो लोपो मा भत् ।

णित्की सदृश हो, अर्थात्–जो कार्य णित्-प्रत्ययके परे हुए सन्ते होते हैं। वोही कार्य उस सर्वनामस्थानके परे रहते हों। सखि+औ। यहां (औ) को णिद्वत् माना, तब–

२०३ अचो ञ्णिति । ७ । २ । ११५ ॥

(अचः-षष्ठ्यः । ञ्णिति-सप्तम्यः ॥) अजन्तागस्य वृद्धिर्ञिति णिति च प्रत्यये परे ॥

जिसके ञ-कारकी इत्संज्ञा हो वा जिसके ण-कारकी इत्संज्ञा हो, ऐसे प्रत्ययके परे रहते अजन्त-अंगकू वृद्धि हो। इस सूत्रसे वृद्धि हुई। सखे+औ (सू० २७) से सख्यायौ। सख्यायः। हरिकी सदृश–। हे सखे, इत्यादि।सख्यायम्।सख्यायौ। सखीन। सखि+टा–(सू०१४९। १९) सख्या। सख्यिभ्याम् ३। सख्यिभिः। सख्ये। सख्यिभ्यः २। सखि+ङसि (सू०१५६।३४।५) मे। सखि+अस् (सू० १९) के अनुसार। सखय्+अस्॥

२०४ य्वोरनङौ ।६।३।१३७ ॥

(य्वोः-षष्ठ्यः । अनङौ-प्रथमान्तम् ॥) इकः स्थाने यण्-देशाभ्यां परे ङि-शब्दाभ्यां स्त्री-ती-शब्दाभ्यामपरस्य ङसिङसोरत उः ॥

जिसको यण आदेश किया हो ऐसे-खि वा ति-शब्द, अथवा स्त्री-वा ती-शब्दसे परे जो ङसि या ङस-का अत उसको उकार-आदेश हो। सख्य्+उस (सू० १२५।११३) मे। सख्युः २। सख्योः २। सखीनाम्। सखि+ङि॥

२०५ औत् । ७ । ३ । ११८ ॥

(प्रथमान्तम् ॥) इत परस्य ङेरौत्स्यात् ॥

इदन्तसे परे जो ङि उसको औ आदेश हो। सखि+औ। (सू० १९) के अनुसार। सख्यौ। सखिषु॥

२०६ पतिः समास एव । १ । ४ । ८ ॥

(पतिः-प्रथमः । समासे-सप्तम्यः । एव-अव्ययपदम् ॥) विसर्गः ॥

पति-शब्दकी समासहीमें घि संज्ञा होती है । पतिः । पती २ । पतयः । पतिम् । पतीन् । पत्या । यहां घिसंज्ञा न होनेसे,(सू० १९२) न लगा । पतिभ्याम् ३ । पतिभिः । पत्ये । पतिभ्यः २ । पत्युः २ । पत्योः २ । पतीनाम् । पत्यौ । पतिषु ॥ समासे तु भपतिना ॥ समासमें तौ भपतिना इत्यादिक रूप होते हैं । क्योंकि—तहां घिसंज्ञा होकर तत्सम्बन्धी कार्य होते हैं ॥ कतिशब्दो बहुवचनान्तः ॥ कति (कितने) शब्द बहुवचनान्त है । कति+जस ॥

२०७ बहुगणवतुडति संख्या । १ । १ । २३ ॥

(बहुगणवतुडति-प्रथमः । संख्या प्रथमान्तम् ॥) एते संख्यासंज्ञाः स्युः ॥

बहु-शब्द, गण-शब्द, तथा वतु और डति-प्रत्ययान्त शब्दोंकी **संख्या-संज्ञा** हो । कति-शब्द डति-प्रत्ययान्त है, इस कारण उसकी संख्या संज्ञा हुई, फिर ॥

२०८ डति च । १ । १ । २५ ॥

(डति सप्तमः । च अव्ययम् ॥) डत्यन्ता संख्या षट्संज्ञा स्यात् ॥

डति-प्रत्ययान्त जो संख्यासंज्ञक शब्द है उसकी षट्-संज्ञा हो । इस सूत्रसे कति-शब्दकी षट्संज्ञा हुई, तब ॥

२०९ षड्भ्यो लुक् । ७ । १ । २२ ॥

(षड्भ्य पञ्चमः । लुक् प्रथमान्तम् ॥) षड्भ्यः परयोर्जस्शसोर्लुक् स्यात् ॥

षट्-संज्ञक शब्दसे परे जस् और शस्-का लुक् (लोप) हो । जस्-का लोप होकर । 'कति' सिद्ध हुआ, तौ ॥

२१० प्रत्ययलोपे प्रत्ययलक्षणम् । १ । १ । ६२ ॥

(प्रत्ययलोपे सप्तमः । प्रत्ययलक्षणम् प्रथमाः ।) प्रत्यये लुप्तेऽपि तदाश्रितमङ्गकार्यं स्यात् ॥

प्रत्ययका लोप होजानेपरभी तदाश्रित अंगकार्य अर्थात्—उस प्रत्ययके परे रहते जो अंगकू कार्य होना है वोह होय ॥ इति जस्-

चेति गुणे प्राप्ते ॥ इस सूत्रके अनुसार " जसि च " से गुणकी प्राप्ति होनेपर ॥

२११ प्रत्ययस्य लुक्श्लुलुपः । १ । १ । ६१ ॥

(प्रत्ययस्य-षष्ठ्यः । लुक्श्लुलुपः-प्रथमान्तम् ॥) लुक्-श्लु-लुप्-शब्दैः कृतम्प्रत्ययस्यादर्शन क्रमात्तत्तत्संज्ञ स्यात् ॥

लुक् तथा श्लु वा लुप् जहां इन तीन शब्दोंसे प्रत्ययका लोप किया जाय, वहां उस लोपका क्रमसे लुक् , श्लु, लुप् नाम हो जाय ॥

२१२ न लुमताङ्गस्य । १ । १ । ६२ ॥

(न निषेधार्थकम् । लुमता तृतीयान्तम् । अंगस्य षष्ठ्यन्तम् ॥) लुमता शब्देन लुप्ते तन्निमित्तमङ्गकार्यन्न स्यात् ॥

लुक् , श्लु, लुप् यह लुमन्त है । लुमत् शब्दसे जहां लोप किया जाय वहां उस लोपको मानकर अंगकार्य न हो । कति-शब्दमें (सू० २०९) से लुक्-शब्द करके जस्-का लोप हुआ है, इस कारण (सू० २१२) के अनुसार 'जसि च' से गुण न हुआ । कति २ । कतिभिः । कतिभ्यः २ । कतीनाम । कतिषु ॥

युष्मदस्मदर्पदसंज्ञकास्त्रिषु सरूपाः ॥ त्रिशब्दो नित्यम्बहुवचनान्तः ॥

युष्मद्-अस्मद्-शब्दोंके तथा पद-संज्ञक शब्दोंके रूप तीनों लिङ्गोंमें समान होते हैं ॥ त्रिशब्द नित्यही बहुवचनान्त है । त्रयः । त्रीन् । त्रिभिः । त्रिभ्यः २ । त्रि-आम् ॥

२१३ त्रेस्त्रयः । ७ । १ । ५३ ॥

(त्रेः षष्ठ्यन्तम् । त्रय-प्रथमान्तम् ॥) त्रिशब्दस्य त्रयादेशः स्यादामि ॥

आम् पर रहते त्रि-शब्दको त्रय-आदेश हो । त्रय+आम्-(सू० १६८। १६९। १५८) के अनुसार । त्रयाणाम् । त्रिषु ॥

गौणस्तु नेति केचित् । त्रियुगाणाम् । वस्तुतस्तु भवत्येवात्रियत्रयाणाम् ॥

कोई व्याकरणाचार्य कहते हैं कि-जहां त्रि-शब्द गौण (मुख्य नहीं) है उस स्थानमें आम् पर रहते त्रि-को त्रय-आदेश नहीं होता,

जैसे-प्रियत्रीणाम् । वस्तुतः (दरअसलमें) तो होताही है,जैसे प्रियत्रयाणाम ॥

द्विशब्दो नित्यं द्विवचनान्तः ॥

द्वि शब्द नित्यही द्विवचनान्त है । द्वि-औ-॥

२१४ त्यदादीनामः । ७ । २ । १०२ ॥

(त्यदादीनाम्-षष्ठ्यन्तम् । अः प्रथमान्तम्॥) एषामन्त्यस्य विभक्तौ । द्विपर्यन्तानामेतेषाम् ॥

त्यद्-आदिक शब्दोंके अकारान्त आदेश हो, विभक्ति परे रहते॥ द्वि-शब्द पर्यन्तही (त्यद्, तद्, यद्, एतद्, इदम्, अदस्, एक, द्वि) यहांतक त्यदादिकोंका ग्रहण होता है, भाष्यकारका यह अभिप्राय है । द्वि औ-(म० ३१) द्वी २ । द्वाभ्याम् ३ । द्वयोः २ ॥ पपीः (संसारकी रक्षा करनेवाला-सूर्य) । पपीः । पपी-औ-(म० १४७)में पूर्वसवर्णदीर्घ प्राप्त हुआ (म०१८३) ने निषेध कर दिया तौ (म० १९) में यण हो गया । पप्यौ २ । पप्यः । हे पपीः । पपीम । पपीन । पप्या । पपीभ्याम ३ । पपीभिः । पप्ये । पपीभ्यः २ । पप्यः २ । पप्योः २ । पपी-आम्-॥ दीर्घस्वाच्चडभावः ॥ दीर्घ होनेके कारण (म०१६८) में नुट् न हुआ तौ (म०१९) से यण हो गया । पप्याम । पपी-ङि-॥ ङौ नु सवर्णदीर्घः ॥ ङि परे रहते (म० १५६) में ङ कारकी इत्संज्ञा होकर (म० २३) से सवर्णदीर्घ हो गया । पपौ । पपीषु ॥ एवं वातप्रम्यादयः ॥ इसी प्रकार वातप्रमी (हरिणकी जातिविशेष) आदिक शब्दोंके रूप होते हैं ॥ बह्व्यः श्रेयस्यो यस्य स बहुश्रेयसी ॥ जिसकी बहुतसी स्त्रियें कल्याण करनेवाली हों, वोह बहुश्रेयसी होता है । बहुश्रेयसी-सु-(म० ३४ । २०० के अनुसार । बहुश्रेयसी । बहुश्रेयस्यौ २ । बहुश्रेयस्यः । हे बहुश्रेयसी-सु-॥

२१५ यू स्त्र्याख्यौ नदी । १ । ४ । ३ ॥

(यू-प्रः । ख्याञ्-प्रः । नदी-प्रथमान्तम् ॥) ईदूदन्तौ नित्यस्त्रीलिंगौ नदीसंज्ञौ स्तः ॥

ईकारान्त और ऊकारान्त जो नित्यस्त्रीलिंगवाची शब्द हैं, उनकी नदी-संज्ञा हो । श्रेयसी-शब्द ईकारान्त नित्यस्त्रीलिंग है इस कारण वोह नदीसंज्ञक हो । यदि कहो कि–बहुव्रीहिसमास होकर पुल्लिंगका विशेषण हो गया है इसकारण उसकी नदी-संज्ञा नहीं होनी चाहिये, तौ ॥

२१६ (प्रथमलिंगग्रहणञ्च) ॥

पूर्वं ख्याख्यस्योपसर्जनत्वेऽपि नदीत्वं वक्तव्यमित्याशयः ॥ पहले-ही लिङ्गका ग्रहण होता है, अर्थात्–जो शब्द पहले स्त्रीलिङ्गवाचक हो, पीछेसे समासमें यदि पुल्लिंग हो गया हो, तौभी उनकी नदी-संज्ञा हो, यह वार्त्तिककारका आशय है । श्रेयसी-शब्द पहले तौ नित्य स्त्रीलिंग है, इस कारण नदीसंज्ञा हो गई, तब ॥

२१७ अम्बार्थनद्योर्ह्रस्वः । ७ । ३ । १०७ ॥

(अम्बार्थनद्योः-षष्ठ्यः । ह्रस्व -प्रथमान्तम् ॥) अम्बार्थानां नद्यन्तानां च ह्रस्वसम्यात्सम्बुद्धौ ॥

सम्बुद्धि परे रहते मातावाचक शब्द, और नदीसंज्ञक शब्दोंको ह्रस्व हो । बहुश्रेयसी-शब्दकी (सू० २१५ । २१६) के अनुसार नदीसंज्ञा है इस कारण उसको ह्रस्व हो गया । हे बहुश्रेयसि+सु–(सू० ३४ । १५४) से । हे बहुश्रेयसि । बहुश्रेयसीम् । बहुश्रेयसीन् । बहुश्रेयस्या । बहुश्रेयसीभ्याम् ३ । बहुश्रेयसीभिः । बहुश्रेयसी+ङे (सू० १५६) से । बहुश्रेयसी+ए ॥

२१८ आण्नद्याः । ७ । ३ । ११७ ॥

(आट्-प्रथः । नद्याः पञ्चम्यन्तम् ॥) नद्यन्तात्परेषां ङितामाडागमः स्यात् ॥

नदी-संज्ञक शब्दोंसे परे ङित् (ङे । ङसि । ङस् । ङि) प्रत्य-

योंकू आट्-का आगम हो । (मू० १०४) से आदिमें हुआ । बहु-श्रेयसी+आट्+ए (मू० ३।१) से । बहुश्रेयसी+आ+ए ॥

२१९ आटश्च । ६ । १ । ९० ॥

(आटः-पञ्चः । च-अव्ययपदम् ॥) आटोऽचि परे वृद्धिरेकादेशः स्यात् ॥

यदि आट्से अच परे हो तो दोनोंके स्थानमें एक वृद्धि हो (मू० २१) के अनुसार आ-को और ए-कू मिल ' ऐ ' वृद्धि हुई । फिर (मू०१९) से । बहुश्रेयस्यै । बहुश्रेयसीभ्यः २ । बहुश्रेयस्याः २ । बहुश्रेयस्योः २ ॥ नद्यन्ताङ्नुट् ॥ नदीसंज्ञक होनेके कारण । बहुश्रेय-सी+आम् । यहां (मू०१६८) से नुट् हो गया । बहुश्रेयसी+नुट्+ आम्-(मू० ३।३४।५) से बहुश्रेयसीनाम् । बहुश्रेयसी+ङि ॥

२२० ङेराम्नद्याम्नीभ्यः । ७ । ३ । ११६ ॥

(ङेः षष्ठ्यः । आम्-प्रथमः । नदयाम्नीभ्य पञ्चम्यन्तम् ॥) नद्यन्ता-दावन्तान्नी शब्दाच्च परस्य ङेरेकम् स्यात् ॥

नदीसंज्ञक शब्द,तथा आवन्त,और नी-शब्दसे पर जो ङि उसको आम्-आदेश हो।बहुश्रेयसी-शब्दकी नदी संज्ञा है, इस कारण ङिके स्थानमें आम आदेश हो गया । बहुश्रेयसी+आम्-(मू०१९) से बहुश्रेयस्याम् ॥ शेषं पतीवत् ॥ शेष रूप पती-शब्दकी सदृश होते है । अतिलक्ष्मी+सु ॥ अङ्यन्तत्वान्न सुलोपः ॥ यहां (मू०२००) से स-का लोप इसलिये नहीं हुआ कि अतिलक्ष्मी (लक्ष्मीका अतिक्र-मण करनेवाला) शब्द ङ्यन्त नहीं है इसकारण सकारकी विसर्ग होगई । अतिलक्ष्मीः । शेषं बहुश्रेयसीवत् । शेषरूप बहुश्रेयसीकी सदृश जानो ॥ प्रधी-(अत्यन्तबुद्धिमान) । प्रधीः । प्रधी+औ ॥

२२१ अचि श्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ । ६ । ४ । ७७ ॥

(अचि सप्तः । श्नुधातु-भ्रुवाम् षष्ठ्यः । य्वोः षष्ठ्यः । इयङुवङौ-प्रथमान्तम् ॥) श्नुप्रत्ययान्तस्येवर्णोवर्णान्तस्य धातोरङ्ग इत्यस्य चाङ्गस्येयङुव-ङौ स्योऽजादौ प्रत्यये परे । इति प्राप्ते सति ॥

अजादि-प्रत्यय परे होनेपर भ्रु-प्रत्यय जिसके अन्तमें हो ऐसे अंग वा इवर्णान्त तथा उवर्णान्त, धातु, और भ्रू अंगकूभी इकारकू इयङ् और उकारकू उवङ्-आदेश हो । पूर्वोक्त उदाहरणमें इकारान्त धातु है, इस कारण इयङ् होना चाहिये, इस सूत्रकी प्राप्ति हुई तौ ॥

२२२ एरनेकाचोऽसंयोगपूर्वस्य । ६ । ४ । ८२ ॥

(एः-षष्ठ्यन्तम् । अनेकाचः-षष्ठ्यः । असंयोगपूर्वस्य-षष्ठ्य० ॥) धात्ववयवसंयोगपूर्वो न भवति य इवर्णस्तदन्तो यो धातुस्तदन्तस्यानेकाचोऽङ्गस्य यण् स्यादजादौ प्रत्यये परे ॥

धातुका अवयव (हिस्सा) संयोग जिसके पहले न हो ऐसा जो इकारान्त धातु,वाह (धातु)जिसके अन्तमें हो ऐसे अनेकाच्-अंगकू यण हो,अजादि प्रत्यय परे रहते.अर्थात्-जिस इकारान्तधातुके पहले संयोगी धातुका अवयव न हो,और वाह इकारान्त धातु जिसके अन्तमें हो उस अनेकाच् अंगकू यण् हो,अजादि प्रत्यय परे रहनेपरा प्रधी+ औ । यहां धातुका अवयव पहले नहीं है, ऐसी ईकारान्त-'धी' धातु है उसको औ परे रहते यण हो गया । प्रध्यौ २ । प्रध्यः ४ । प्रध्यम् । प्रध्या । प्रधीभ्याम ३ । प्रधीभिः । प्रध्ये । प्रधीभ्यः २ । प्रध्योः २ । प्रध्याम् । प्रध्यि । प्रधीषु ॥ एवं ग्रामणीः, ङौ तु ग्रामण्यामिति विशेषः ॥ इसी प्रकार ग्रामणी (गांवका सरदार) शब्दके रूप होते हैं । ग्रामणी+ङि-(सू० २२०) के अनुसार । ग्रामण्याम् । विशेष है ॥ नीः। अनेकाचः किम् ॥ अनेकाच् अंगकू यण् हो,यह कहनेसे । नी+औ-(सू० २२१) नियौ २ । यहां यण न हुआ, कारण कि नी-शब्द अनेकाच् नहीं, किन्तु एकाच है। नियः ४। नियम् । निया। नीभ्याम ३ । नीभिः । निये । नीभ्यः २ । नियोः २। अमि शसि च परत्वादियङ् ॥ अष्टाध्यायीके क्रमानुसार (सू० १५५) से, और (सू० १४७) से (सू० २२१) ही पर है, इस कारण अम और शस् परे रहनेभी (सू० २२१) से इयङ्ही होता है ॥ नियम् । नी+डि ॥ डेराम् ॥

१ एकाच् । ग्रामणीशब्दे हि नित्यसंज्ञाभावात्रदीर्घाभावेन नाम ।

(सू० २२०) सै ङिङ् आम् । नियाम् । नीषु ॥ सुश्री-(अच्छी शोभावाला) । सुश्रीः ॥ असंयोगपूर्वस्य किम् ॥ धातुका अवयवसंयोग पूर्व न हो, ऐसा कहने से । सुश्री+औ–(सू०२२१) सुश्रियौ । यहां यण् न हुआ, क्योंकि, यहां श्री-धातुका संयोगी अवयव पहले है । सुश्रियः । यवक्री–(जवोंका क्रय करनेवाला) । यवक्रीः । यवक्रियौ । यवक्रियः । इन दोनों शब्दोंके शेषरूप नी-शब्दकी सदृश होते हैं ॥ शुद्धधी–(पवित्र बुद्धिवाला) । शुद्धधीः । शुद्धधी+औ । यहां (सू०२२२) के अनुसार यण् प्राप्त है, परन्तु विशेष यह है कि–॥

२२३ गतिश्च । १ । ४ । ६० ॥

(गति · प्रथमान्तम् । च–अव्ययपदम् ॥) प्रादेयः क्रियायोगे गतिसंज्ञाश्च स्युः ॥

प्र-आदि उपसर्ग (सू० ४५) यदि क्रियाके योगमें हों तो उनकी गति-संज्ञाभी हो जाय ॥

२२४ (गतिकारकेतरपूर्वपदस्य यण् नेष्यते) ॥

महाभाष्यकारका मत है कि–गति और कारकसे इतर कोई पद जिसके पूर्व हो, अर्थात्-गतिसंज्ञक और कारक जिसके पहले न हो, ऐसे शब्दसेभी अजादि-विभक्ति परे रहते–(सू०२२२) से यण् न हो । शुद्धधी-शब्दमें 'धी' के पहले न तो गतिसंज्ञक पद है, न कारक-ही पूर्वपद है, इस कारण यण् न हुआ, तो (सू० २२१) के अनुसार इयङ् हो गया । शुद्धधियौ । शुद्धधियः ॥ शेषं सुश्रीवत्॥ शेष रूप सुश्री-शब्दकी सदृश होते हैं।सुधीः । सुधी+औ । यहां (सू०२२२) से प्राप्त यण् (सू०२२४) के अनुसार तो हो सक्ता है, कारण कि–धी-शब्दके पहले गतिसंज्ञक 'सु' है; परन्तु–॥

२२५ न भूसुधियोः । ६ । ४ । ८५ ॥

१ ६४ च शोभन श्रयतीत्यत्र विग्रहे । शोभनाः श्रीरस्येति । २ शोभाप्राप्ति । एवमेव सुधाप्राप्तेः सुधा यस्य । ३ यत्क्रियायुक्ता प्रादयस्तत्र तस्येव गत्युपसर्गसंज्ञा स्युः ।

(न-निषेधार्थकमव्ययपदम् । भ्वादिधर्योः-षष्ठ्यन्तम् ॥) एतयोरचि सुपि यण् न स्यात् ॥

अजादि-सुप् परे होय तो भू और सुधि-शब्दको यण न हो। सुधी-शब्दको यण न हुआ तो (सू० २२१) से इयङ् हो गया। सुधियौ। सुधियः ॥ शेषं सुश्रीवत् ॥ बाकी रूप सुश्री-शब्दकी सदृश जानो॥ सुखमिच्छतीति सुखीः, सुतमिच्छतीति सुतीः॥ सुख-चाहनेवाला—सुखीः, सुत (पुत्र) को चाहनेवाला—सुतीः। सुखीः। सुख्यौ २। सुख्यः २। सुख्यम्। सुख्या। सुखीभ्याम् ३। सुखी-भिः। सुख्ये। सुखीभ्यः २। सुखीः ङसि (सू० १५६। २२२।२०४) से। सुख्युः २। सुख्योः २। सुख्याम्। सुखि। सुखीषु ॥ इसी-प्रकार सुती- शब्दकेभी रूप होते हैं ॥ शम्भुर्हरिवत्, एवम्भान्वादयः॥ शम्भु शब्दके रूप हरि-शब्दकी तरह होते है, ऐसेही भानु-आदिक शब्दोंके रूपभी जानने। क्रोष्टु-(गीदड़)। क्रोष्टृ+सु ॥

२२६ तृज्वत् क्रोष्टुः । ७। १। ९५ ॥

(तद्वत्-तद्विशातमव्ययम् । क्रोष्टु-षष्ठ्यन्तम् ॥) असर्वनामस्थाने परे क्रोष्टुशब्दस्तृजन्तेन तुल्य स्यात् ॥

यदि सम्बुद्धिभिन्न सर्वनामस्थान परे होय तो क्रोष्टु-शब्द तृच् प्रत्ययान्तकी सदृश हो. अर्थात्- क्रोष्टुके स्थानमें क्रोष्ट्र-आदेश हो जाय। क्रोष्ट्रौ। क्रोष्टून् ॥

२२७ ऋतो ङि सर्वनामस्थानयोः । ७। ३। ११० ॥

(ऋतः षष्ठ्यन्तम् । ङिसर्वनामस्थानयोः सप्तम्यन्तम् ॥) ऋदन्तस्याङ्ग गुणो ङौ सर्वनामस्थाने च परे। इति प्राप्ते ॥

ङि (सप्तमीका एकवचन) और सर्वनामस्थान परे होय तो ऋदन्त-अङ्गको गुण हो, पूर्वोक्त उदाहरणमें ऋदन्त (क्रोष्टु) शब्दसे सर्वनामस्थान (सु) परे है, इसलिये गुण होना चाहिये। इस सूत्रकी प्राप्ति हुई, तो—॥

२२८ ऋदुशनस्पुरुदंसोऽनेहसां च । ७। १। ९४ ॥

(ऋदुशनस्पुरुदंसोऽनेहसाम् पष्ठ्यः । च-अन्ययपदम् ॥) ऋदुशनादीनामुशनसादीनां चानङ् स्यादसम्बुद्धौ सौ ॥

यदि सम्बुद्धिरहित सु परे होय तौ ऋदन्त-शब्द, उशनस्, पुरुदंसस् , और अनेहस-शब्दोंकू अनङ् होय । (म० ५९) सै अनङ् कोष्टृ-शब्दकी ऋ कू हुआ, और (म० ३ । ३४ । ५) सै अनङ्-मात्रका लोप हो गया । कोष्टन् सु–॥

२२९ अप्तृन्तृच्स्वसृनप्तृनेष्टृत्वष्टृक्षत्तृहोतृपोतृप्रशास्तॄणाम् । ६ । ४ । ११ ॥

(षष्ठ्यन्तम् ॥) अचादीनामुपधायाः दीर्घोऽसम्बुद्धौ सर्वनामस्थाने ॥

अप्-शब्द, और -तृन्-तृच्-प्रत्ययान्त शब्द, तथा स्वसृ–नप्तृ–नेष्टृ–त्वष्टृ क्षत्तृ–होतृ–पोतृ और प्रशास्तृ, इनकी उपधाकू दीर्घ हो, सम्बुद्धिभिन्न सुके पर रहते । कोष्टृ-शब्दकू तृच्-प्रत्ययान्त माना गया है, इस कारण उसकी उपधा (म० १९७) को दीर्घ हो गया, और (म० २००) सै सु-का लोप हो गया, तौ फिर (म० २०१) सै न-कारका लोप हो गया तौ । कोष्टा । कोष्टृ+औ (म० २२७ । ३५ । २२९) के अनुसार । कोष्टारौ २ । कोष्टारः । कोष्टारम् । कोष्टृ+अस्–(म० १९८ । १४७ । १५७) के अनुसार कोष्टॄन । कोष्टृ+टा । (म० १४९) सै । कोष्टृ+आ ॥

२३० विभाषा तृतीयादिष्वचि । ७ । १ । ९७ ॥

(विभाषा विकरणैः । तृतीयादिषु सप्तसु । अचि सप्तम्यः ॥) अजादिषु तृतीयादिषु कोष्टुर्वा तृच्वत् ॥

अच् जिनके पहले हो ऐसी तृतीयादिक-विभक्तियोंके परे होनेमें कोष्टु-शब्द विकल्प करके तृच्-प्रत्ययान्तकी तुल्य हो । कोष्टृ+आ–(म० १९) के अनुसार । कोष्टा, वा । कोष्टृ+टा–(म० १९२) सै । कोष्ट्रना । कोष्टृभ्याम् २ । कोष्टृभिः । कोष्ट्रे, कोष्टवे । कोष्टुभ्यः २ । कोष्टृ+ङ (अ) सि । (म० ३४) कोष्टृ+अस् ।

२३१ ऋत उत् । ६ । १ । १११ ॥

(ऋतः-पञ्चम्य० । उत्-प्रथमा० ॥) ऋतो ङसिङसोरति उदेकादेशः । रपरः ॥

यदि ङसि वा ङस् का अत् परे होय तौ ऋदन्त-अंगकू उत् एकादेश हो, और (मू० ३५) के अनुसार रकारभी उसके साथही प्रवृत्त हो । क्रोष्टृ+उ-र्-स् ॥

२३२ गतिरनन्तरः । ८ । २ । २४ ॥

(गतिः-प्रथमा० । अनन्तरः-प्रथमा० ॥) गतिसंज्ञकादनन्तरः पदस्य । प्रकृत्या । अनुदात्तम् ॥

गतिसंज्ञक परे होय तौ अनन्तर पदकू प्रकृतिभाव होय । क्रोष्टृ+उ-र्-स ॥

२३२ गत्यन्तस्य । ८ । २ । २५ ॥

(गति-पञ्च० । अन्त-षष्ठ्यन्तम् ॥) गत्यन्तस्य पदस्य प्रकृत्या । अनुदात्तम् ॥

गतिसंज्ञक परे होय तौ अन्तमें गतिसंज्ञक होय पदकू प्रकृतिभाव होय । क्रोष्टृ+उ-र्-स ॥

२३३ (नामिचिरतृज्वद्भावेभ्यो नुट् पूर्वविप्रतिषेधेन) ॥

वार्तिककारकी आज्ञा है कि-नुम् (मू०२७२) अच परे रहते रभाव (मू०२५१) और तृज्वद्भाव (मू०२३०) इन तीनोंको बाधकर आम् परे रहते पूर्व विप्रतिषेध करके नुटही हो, अर्थात् सूत्रकारने जो कहा है कि परकार्य (मू०१३३) हो, उसका यह प्रतिबंधक है । क्रोष्टृ+नुट्+आम् (मू० ३ । ३४ । ५ । ६०) से क्रोष्टृनाम् । क्रोष्टृ+ङि (इ) (मू० २३० । २२७) से । क्रोष्टरि, वा (मू० १०५ । ३९) से । क्रोष्टौ । क्रोष्टुषु । हे क्रोष्टो । इत्यादि ॥ हृद्-(गंभीर) । हृदः । हृद्+औ (मू० १९) हृदौ २ । हृद्+३ । हृदम । हृदन् । हृद्भ्याम् ३ । हृद्भिः । हृदे । हृद्भ्यः २ । हृदोः २ । हृदाम् । हृदि । हृत्सु ॥ अतिचमूशब्दे तु नदीकार्यविशेषः ॥ अतिचमू-(सेनाका धावन) शब्दमें चम-शब्द नित्यस्त्रीलिंग है इस कारण उसकी (मू० २१५) स

नदीसंज्ञा होकर, सम्बोधनमें (सू० २१७) और ङे-ङसि-ङस्में (सू० २१८। २१९) तथा ङिमें (सू० २२०) का कार्य विशेष है। खलपू–(खलकू पवित्र करनेवाला) । खलपूः । खलपू+औ–॥

२३४ ओः सुपि । ६ । १ । ८३ ॥

(ओः–षष्ठ्य० । सुपि–सप्त० ॥) धात्ववयवसंयोगपूर्वो न भवति य उवर्णस्तदन्तो यो धातुस्तदन्तस्यानेकाच्कोऽगस्य यण् स्यादचि सुपि॥

धातुका अवयवसंयोग जिसके पूर्वमें न हो ऐसा उवर्ण जिसके अन्तमें हो ऐसी धातु जिस अनेकाच्के अन्तमें हो उस अंगकू यण् हो अजादि-सुप परे होनेपर । पूर्वोक्त उदाहरणमें यण् हो गया । खलप्वौ २ । खलप्वः ४ । खलप्वम् । खलप्वा । खलपूभ्याम् ३ । खलपूभिः । खलप्वे । खलपूभ्यः २ । खलप्वोः २ । खलप्वाम् । खलप्वि । खलपूषु ॥ एवं मुल्वादयः ॥ इसी प्रकार मुल्–(भली-भाँति काटनेवाला) आदिक शब्दोंकभी रूप होते हैं॥ स्वभू–(ब्रह्मा) । स्वभूः । स्वभू+औ । यहां (सू० २२२) से यण् प्राप्त था(सू०२२५) ने निषेध कर दिया तौ (सू०२२१) से उवङ् हो गया । स्वभुवौ । स्वभुवः । इत्यादि, सब स्थानोंमें अजादिविभक्ति परे उवङ्ही होता गया ॥ वर्षाभू–(वर्षामें उत्पन्न होनेवाले) । वर्षाभूः । वर्षाभू+औ । यहांभी (सू०२२५) से यणका निषेध प्राप्त था, परन्तु–॥

२३५ वर्षाभ्वश्च । ६ । १ । ८४ ॥

(वर्षाभ्वः–षष्ठ्य० । च–अव्ययः ॥) अस्य यण् स्यादचि सुपि ॥

यदि अजादि-सुप् परे होय तौ वर्षाभू-शब्दकूभी यण् हो। वर्षाभ्वौ। वर्षाभ्वः। शेष रूप खलपू-की समान जानो ॥ दृन्भू-(सर्प)। दृन्भूः। दृन्भू+औ ॥

२३६ (दृन्-कर-पुनः-पूर्वस्य भुवो यण् वाच्यः) ॥

दृन् और कर तथा पुनः यह पूर्वोक्त तीन शब्द जिसके पूर्व हों

ऐसे भू-शब्दकू यण् हो अजादि-विभक्ति परे रहते। द्वन्द्वौ। द्वन्द्वः। शेष रूप वर्षाभू-शब्दकी तुल्य होते हैं॥ एवं करभूः। तथा पुनर्भूः॥ इसी प्रकार करभू-(नखआदि) और पुनर्भू (ब्राह्मण) शब्दके रूपभी जानो॥ धातृ-(धारण वा पोषण कर्त्ता)। धातृ+सु। यहां-(मू० २२८) से। धातर्+सु (मू०२२९।२०० । २०१) से। धाता। धातृ+औ-(मू०२२७।३५) से। धातर्+औ। (मू० २२९) से। धातारौ २। धातारः। धातारम्। धातृ+शस् (मू०१५६। १४७। १५७) से। धातॄन्। धात्रा। धातृभ्याम् ३। धातृभिः। धात्रे। धातृभ्यः २। धातृ+ङसि (मू०१५६।३४) से। धातृ+अस् (मू० २३१। ३५।२३२।११३) से। धातुः २। धात्रोः २। धातृ+आम् (मू० १६८।३।३४।५) धातृ+नाम् (मू०१६९) से। धातृ+नाम्-॥

२३७ (ऋवर्णान्नस्य णत्वं वाच्यम्) ॥

ऋकारसे परे जो न-कार उसको ण-कार हो। धातॄणाम्। धातृ+ङि-(मू० १५६। २२७ । ३५) से। धातरि। धातृषु। हे धातृ+सु। यहां (मू० २२७) से। हे धातर्+सु (मू० २०० । ११३) से। हे धातः। हे धातारौ। हे धातारः॥ एवं नप्त्रादयः॥ इसी भांति नप्तृ-(पौत्र) आदिक शब्दोंके रूपभी जानो॥

नप्त्रादिग्रहण व्युत्पत्तिपक्षे नियमार्थम्। तेन पितृभ्रातृप्रभृतीनां न। उद्गातृशब्दस्य तु भवत्येव, समर्थसूत्रे ' उद्गातारः ' इति भाष्यप्रयोगात्॥

(मू० २२९) में नप्तृ-आदि शब्दोंका ग्रहण नियमके लिये है।

---

१ जो वार्त्तिक जिस सूत्रका अर्थ पूर्ण करता है, उसमें उस सूत्रकाभी अनुवृत्तिसे अर्थ आ जाता है, इसी कारण यहा (मू० २३५) से अजादि-सुपका अर्थ किया।

२ कन्यैवाक्षतयोनिर्या पाणिग्रहणदूषिता। पुनर्भूः प्रथमा प्रोक्ता पुनः संस्कारकर्मणा॥

३ सिद्धे सति आरभ्यमाणो विधिर्नियमार्थः-उणादिनिष्पन्नाना तृनतृचप्रत्ययान्तानाम् सज्ञाशब्दाना चेदुपधाया दीर्घस्तर्हि नप्त्रादीनामेवेति नियमार्थम्। महाभाष्यमते तृणादिघटकतृप्रत्यये सानुबन्धकत्वाभावादिह नियमवर्णनमसंगतमेवेति ध्येयम्।

४ शङ्का-तृन्-तृच्-प्रत्ययान्त कहनेहीसे ' नप्तृ ' आदि शब्दोंका ग्रहण हो जाता, फिर यह शब्द (मू० २२८) में क्यों ग्रहण करे? समाधान-व्युत्पत्ति पक्षमें यदि उणादिसिद्ध

इस कारण पितृ-भ्रातृ आदिशब्दोंकी उपधाकू (सू० २२९) से दीर्घ नहीं होता। परन्तु उद्गातृ-शब्दकी उपाधाकू दीर्घ होताही है, कारण कि–समर्थ-सूत्रमें 'उद्गातारः' ऐसा भाष्यका प्रयोग है, यदि दीर्घ न होता तो समर्थ-सूत्रमें 'उद्गातरः' रूप लिखना था॥ पितरौ। पितरः॥ शेषं धातुवत्॥शेष रूप धातुकी सदृश जानो॥ एवं जामात्रादयः॥ इसी प्रकार जामातृ–(कन्यापति) आदिशब्दोंके रूप होते है॥ नृ–(मनुष्य)। ना। नरौ २। नरः। नरम्। नॄन्। न्रा। नृभ्याम् ३। नृभिः। न्रे। नृभ्यः २। नुः २। न्रोः। नृ+आम् (सू० १६८) से। नृ+नाम्॥

२३८ नृ च। ६। ४। ६॥

(नृ लुप्तषष्ठ्यन्तपदम्। च-अव्ययपदम्॥) अस्य नामि वा दीर्घः॥

यदि नाम् परे होय तो इस नृ-शब्दकू विकल्पसे दीर्घ हो(सू०२३७) नृणाम्, नृणाम्। नरि। नृषु। हे नः!इत्यादि। गो–(गाय)। गो+सु–॥

२३९ गोतो णित्। ७। १। ९०॥

(गोतः पञ्च०। णित्–प्रथमा०॥) ओकारादिहित सर्वनामस्थानं णिद्वत्स्यात्॥

जैसे यहां गो-शब्दसे विहित है इसी प्रकार ओकारसे विधान किया हुआ सर्वनामस्थान णित्की तुल्य हो, अर्थात्–जो णित्कू कार्य होता है वोही उस सर्वनामस्थानकू मानकर कार्य हो। पूर्वोक्त उदाहरणमें सु-कू णित् मानकर (सू० २०३) से ओकू औ वृद्धि होकर सकारकी विसर्ग हो गई। गौः। गो+औ–(सू० २०३। २७) से। गावौ २। गावः। गो+अम्–॥

तृन्-तृच्-प्रत्ययान्तकी दीर्घ होय तो केवल नप्तृ-आदिकोंको होय, औरोंको नहीं, यदि 'नप्तृ' आदिका ग्रहण पृथक न करते तो "नप्तृ, नेष्टृ, त्वष्टृ, होतृ, पोतृ, भ्रातृ, जामातृ, मातृ, पितृ, दुहितृ" इन सबही उणादिशब्दोंकू दीर्घ हो जाता।

१ नृशब्दमें 'उपधाकू दीर्घ न होना' और (सू०२३८) के कार्यसे अतिरिक्त बाकी सारे कार्य धातुशब्दकी सदृश हुए हैं, इस कारण उसमें सम्पूर्ण सूत्रोंका विवरण नहीं किया।

२४० औतोऽम्शसोः । ६ । १ । ९३ ॥

(आ-लुप्तप्रथमान्त प०। ओतः-पच०। अम्शसोः-षष्ठ्य०॥) ओकारादम्शसोरचि परे आकार एकादेशः स्यात् ॥

यदि ओकारसे अम् वा शस्का अच् परे होय तो दोनोंके स्थानमें आकार एकादेश हो। इस सूत्रने (मू० २३९) कू बाध दिया। गाम्। गो+शस्-(मू० १५६। २४०) से। गाः। गो+टा-(मू० १४९। २७) से। गवा। गोभ्याम् ३। गोभिः। गवे। गोभ्यः २। गो+ङसि-(मू० १५६। ३४) गो+अस्-(मू० १९४। १२५। ११३) गोः २। गवोः २। गवाम्। गवि। गोषु॥ रै-(द्रव्य)। रै+सु-॥

२४१ गयो हलि । ७ । २ । ८५ ॥

(गयः-षष्ठ्यन्तम्। हलि-सप्तम्यन्तम्॥) रै-शब्दस्याकारादेशो हलि विभक्तौ। अचि आयादेशः॥

यदि हलादि-विभक्ति परे होय तो रै-शब्दकू आकारान्त आदेश हो। और अजादि-विभक्ति परे रहते (मू० २७) से आय्-आदेश हो। सकारकी विसर्ग हो गई। राः। रायौ २। रायः ४। रायम्। राया। राभ्याम् ३। राभिः। राये। राभ्यः २। रायोः २। रायाम्। रायि। रासु॥ द्यौ-(चन्द्रमा)। द्यौः। द्यावौ २। द्यावः। द्यावम्। द्यावः। द्यावा। द्यौभ्याम् ३। द्यौभिः। द्यावे। द्यौभ्यः। द्यावः २। द्यावोः २। द्यावाम्। द्यावि। द्यौषु। हे द्यौः। हे द्यावौ। हे द्यावः॥

॥ इत्यजन्ताः पुल्लिङ्गाः ॥

अथाऽजन्ताः स्त्रीलिङ्गाः।

रमा-(लक्ष्मी)। रमा+सु-(मू० ३४। २००) से सकारका लोप हो गया, कारण कि, रमाशब्द दीर्घ-आबन्त है। रमा। रमा+औ-॥

२४२ औङ आपः । ७ । १ । १८ ॥

(औङ्-षष्ठ्य०। आपः-पचम्य०॥) आबन्तादङ्गात्परस्यौङः शी स्यात्॥

आबन्त-अङ्गसे परे औङ्कू शी-आदेश हो ॥ ' औङ् ' इत्यौकारविभक्तेः संज्ञा ॥ औकार-विभक्ति (प्रथमा-द्वितीयाका द्विवचन) का नाम औङ् है । रमा+शी–(मू० १५६ । ३३) सै । रमे २ । रमा+जस्–(मू० १४९।१४७।१२५।११३) सै । रमाः । हे रमा+सु–॥

२४३ सम्बुद्धौ च । ७ । ३ । १०६ ॥

(सम्बुद्धौ सप्तः । च अव्ययप० । आप एकारः स्यात्सम्बुद्धौ ॥)

सम्बुद्धि परे रहते आप्-कू ए-कार हो । हे रमे+सु–(मू० ३४ । १५४) से । हे रमे । हे रमा+औ–(म०२४२।३३) सै । हे रमे । हे रमाः । रमाम् । रमाः । रमा+टा–(मू०१४९) से । रमा+आ–॥

२४४ आङि चापः । ७ । ३ । १०५ ॥

(आङि-सप्तः । च अव्ययः । आपः-षष्ठ्यन्तम् ॥) ओङि ओसि चाप एकारः स्यात् ॥

आङ् और ओस् परे रहते आबन्तकू एकार हो । पूर्वोक्त उदाहरणमें आङ् परे है इस कारण रमाकू ' ए ' हो गया । रमे+आ–(मू० २७) से । रमया । रमाभ्याम् ३ । रमाभिः । रमा+ङे–(मू०१५६) सै । रमा+ए–॥

२४५ याडापः । ७ । ३ । ११३ ॥

(याट् प्रथ० । आपः षष्ठ्यन्तम् ॥) आपो ङितो याडागमः ॥

आबन्तसे ङित् (ङे-ङसि-ङस्-ङि) सुप् परे होय तौ याट्का आगम हो । याट् (मू० १०४) के अनुसार ङितसुपके पहले होता है, और (म०३) से ट-कारकी इत्संज्ञा हो जाती है । रमा+या+ए (मू ३९) से । रमायै । रमाभ्यः २ । रमा+अ (ङ) सि (मू० २४५ । ५३ । ३४।१२५।११३) के अनुसार । रमायाः २ । रमा+ओस्–(मू०२४४ । २७ । १२५।११३) से । रमयोः २ । रमा+आम्–(मू० १६८ । १५८) से । रमाणाम् । रमा+ङि । यहां

१ आङिति टासंज्ञा प्राचाम् ।

(सू० २४५) से याट् हुआ, और (सू० २२०) से ङि-कू आम् हो गया तो। रमा+या+आम्–(सू० ५३) से। रमायाम्। रमासु॥ एवं दुर्गाम्बिकादयः ॥ इसी प्रकार दुर्गा तथा अम्बिकादिक आबन्त स्त्रीलिंगवाची शब्दोंके रूप होते हैं ॥ सर्वा–(स्त्रीवाचक-सर्वनाम)। सर्वा। सर्वे २। सर्वाः २। सर्वाम्। सर्वया। सर्वाभ्याम् ३। सर्वाभिः। सर्वा+ङे (ए)–॥

२४६ सर्वनाम्नः स्याट् ह्रस्वश्च । ७ । ३ । ११४ ॥

(सर्वनाम्नः–पच० । स्याट्–प्रथ० । ह्रस्वः–प्र० । च–अव्यय० ॥) आबन्तात्सर्वनाम्नो ङितः स्याट् स्यादापश्च ह्रस्वः ॥

आबन्त-सर्वनामसे परे ङित्-सुपको स्याट्का आगम हो, और आबन्त-अङ्गको ह्रस्व हो। स्याट् (सू० १०४) के अनुसार आदिमें होता है। और (सू० ३) से टकारका लोप हो जाता है। सर्व+स्या+ए–(सू० ३९) से। सर्वस्यै । सर्वाभ्यः २। सर्वा+ङसि–(सू० १५६ । ३४ । २४६) से। सर्व+स्या+अस्–(सू० ५३) से। सर्वस्या+स्–(सू० १२५ । ११३) से। सर्वस्याः २। सर्वयोः २। सर्वा+आम् (सू० १७५) से। सर्वासाम्। सर्वा+ङि (सू० २४६ । २२०) से। सर्वस्याम्। सर्वासु। हे सर्वे २। हे सर्वाः ॥ एवं विश्वादय आबन्ताः ॥ इसी प्रकार आबन्त-स्त्रीलिंगवाची सर्वनाम-विश्वादिक शब्दोंके रूप होते हैं ॥ उत्तरपूर्वा–(जिसके पहले उत्तर दिशा हो)। उत्तरपूर्वा। उत्तरपूर्वे २। उत्तरपूर्वाः २। उत्तरपूर्वाम्। उत्तरपूर्वया । उत्तरपूर्वाभ्याम् ३ । उत्तरपूर्वाभिः। उत्तरपूर्वा+ङे (ए)–॥

२४७ विभाषा दिक्समासे बहुव्रीहौ । १ । ३ । २८ ॥

(विभाषा–विकल्पार्थकमव्ययपदम् । दिक्समासे–सप्त० । बहुव्रीहौ–सप्तम्यन्तम् ॥) अत्र सर्वनामता वा स्यात् ॥

१ जो पुल्लिंगमें अकारान्त शब्द होते हैं, जब उनको स्त्रीवाची किया जाता है तब "अजाद्यतष्टाप् ४ । १ । ४॥" स्त्रीप्रत्ययके सूत्रसे टाप् होकर वोह शब्द दीर्घ हो जाता है, जैसे–सर्व+आ–सर्वा इत्यादि ।

सर्वनाम-शब्दोंकी दिशावाचक बहुव्रीहिसमास (सू० १०४९) में विकल्पसे सर्वनामसंज्ञा हो। जब सर्वनामसंज्ञा हुई तौ (सू० २४६) से स्याट् हो गया। उत्तरपूर्वस्यै। जब सर्वनामसंज्ञा न हुई तौ (सू० २४५) से याट् हो गया। उत्तरपूर्वायै। उत्तरपूर्वाभ्यः २। उत्तरपूर्वा+ङ (अ) सि। यहां जब (सू० २४७) से सर्वनामसंज्ञा हुई तौ (सू० २४६) से स्याट् हो गया। उत्तरपूर्वस्याः २। जब सर्वनामसंज्ञा न हुई तौ (सू० २४५) से याट् हो गया। उत्तरपूर्वायाः २। उत्तरपूर्वयोः २। उत्तरपूर्वासाम्। उत्तरपूर्वा+ङि (सू० २४७ । २४६ । २२०) से। उत्तरपूर्वस्याम्। वा (सू० २४५ । २२०) से। उत्तरपूर्वायाम्। उत्तरपूर्वासु। हे उत्तरपूर्वे२। हे उत्तरपूर्वाः। द्वितीया, तृतीया-इन दोशब्दोंके रूप (सू० १८१) के अनुसार ङित्-सुप् परे रहते विकल्पसे सर्वनामसंज्ञा होनेके कारण एकवार (सू०२४६) से। द्वितीयस्यै। और एकवार। (सू० २४५) के अनुसार। द्वितीयायै। इत्यादिक रूप होते हैं,शेषरूप रमा-शब्दकी नाईं जानो ॥ एवं तृतीया ॥ इसी प्रकार तृतीया-शब्दके रूप जानो॥ अम्बा-(माता)। अम्बा। अम्बे। अम्बाः। हे अम्बा+सु-(सू० २१७) से ह्रस्व हो गया (सू० १५४) से 'स' का लोप हो गया। हे अम्ब। शेषं रमावत्। शेष सम्पूर्ण रूप रमा-शब्दकी सदृश होते हैं ॥ एवं अक्का-अल्ला॥ इसी अम्बाशब्दकी सदृश अक्का-(माता) और अल्ला-(माता) शब्दके रूपभी होते हैं ॥ जरा-(बुढापा)॥ जरा+सु (सू० २००) से 'सु' का लोप हो गया। जरा। जरा+औ (सू०१८२) से विकल्प करके जरस्-आदेश हो गया-। जरसौ। जो जरस् आदेश न हुआ तौ-। जरा+औ-(सू० २४२) से औ-को शी हो गई (सू०१५६ । ३३) से-। जरे। इत्यादि ॥ पक्षे हलादौ च रमावत् ॥ एकपक्ष (जहां जरस् नहीं होता उस) में और हलादि-विभक्तिमें रमा-शब्दकी समान रूप जानो ॥ गोपा विश्वपावत् ॥ गोपा-(उपकार करनेवाला) शब्दके

रूप विश्वपा–(गोपा । गोपे, इत्यादिक) की समान जानो ॥ मतिः प्रायेण हरिवत् ॥ मति–(बुद्धि) शब्दके रूप प्रायः हरिकी सदृश होते हैं ॥ अन्तर इतनाही है–। मति+शस् (सू०१५६ । १४७) से–। मती–स् ॥ स्त्रीत्वान्नत्वाभावः ॥ स्त्रीलिंग होनेके कारण (सू० १५७) से न-कार नहीं होता, तौ (सू० १२५ । ११३) से । मतीः । मति+टा । यहांभी स्त्रीत्व होनेसे (सू० १९२) से ' टा ' कू ' ना ' नहीं हुआ तौ (सू० १४९ । १९) से । मत्या । मति-भ्याम् २ । मतिभिः । मति+ङे (ए)–॥

२४८ ङिति ह्रस्वश्च । १ । ४ । ६ ॥

(ङिति-सप्त० । ह्रस्वः-प्रथ० । च-अव्ययपदम् ॥) इयङुवङ्स्थानौ-स्त्रीशब्दाभिन्नौ नित्यस्त्रीलिंगावीदूतौ ह्रस्वौ च इउवर्णौ स्त्रियां वा नदी सञ्ज्ञौ स्तो ङिति ॥

इयङ् और उवङ् जिनकू होते हों, स्त्री-शब्दकू छोड़कर ऐसे जो नित्यस्त्रीलिंगवाची ईकारान्त और ऊकारान्त शब्द तथा ह्रस्व इकारान्त उकारान्तभी शब्द स्त्रीलिंगमें विकल्पसे नदी-संज्ञक हों, यदि ङित् (जिसके ' ङ ' की इत्संज्ञा हो) सुप् परे हो तौ । मति-शब्द ह्रस्व-इकारान्त है नदीसंज्ञा हो गई तौ (सू०२१८) से । मत्यै । वा (सू०१९१ । १९३।२७) से । मतये । मतिभ्यः २ । मत्याः२। मतेः २ । मत्योः २ । मति+आम् (सू०१८८।१६९) से । मती-नाम् । मति+ङि–॥

२४९ इदुद्भ्याम् । ७ । ३ । ११७ ॥

इदुद्भ्यां नदीसञ्ज्ञकाभ्यामुत्तस्य ङेरात् । औत्सन्नापवादः ॥

नदीसंज्ञक-इदन्त और उदन्तसे परे जो ङि उसको आम् हो । यह सूत्र औत्–(सू० २०५) सूत्रका अपवाद है । मति+आम् (सू०१९) से।मत्याम्, मति+ङि (सू०१९५) से । मत+औ (सू० ३९) से मतौ । मतिषु । हे मते ॥ एवम्बुद्ध्यादयः ॥ इसी प्रकार बुद्धि-आदि इदन्त-शब्दोंके रूप होते हैं ॥ त्रि–(तीन)। त्रि+जस् (सू०१४९)–॥

२५० त्रिचतुरोः स्त्रियां तिसृचतसृ । ७ । २ । ९९ ॥

(त्रिचतुरोः-षष्ठ्यन्तम् । स्त्रियाम्-सप्त० । तिसृचतसृ-प्रथ० ॥) स्त्रीलिङ्गयोरेतयोरेतावादेशौ स्तो विभक्तौ ॥

स्त्रीलिंगवाची त्रि और चतुर्-शब्दकू क्रमसे तिसृ और चतसृ आदेश हों विभक्ति परे रहते । तिसृ+अस्-॥

२५१ अचि र ऋतः । ७ । २ । १०० ॥

(अचि-सप्त० । रः- प्रथमा० । ऋतः-षष्ठ्यन्तम् ॥) तिसृ चतसृ एतयोर्ऋकारस्य रेफादेशः स्यादचि ॥

अच् परे रहते तिसृ और चतसृ-के ऋकारकू र आदेश हो ॥ गुणदीर्घोत्वानामपवादः ॥ यह रेफ (र्) आदेश गुण-(मू० १८९ । २२७) तथा दीर्घ-(मू० १४७) और उत्व-(मू० २३१) का बाधक है। तिस्रः २ । तिसृभिः । तिसृभ्य २ । तिसृ+आम् (मू० २३३) से तिसृ+नाम् । यहां (म० १६९) से दीर्घकी प्राप्ति हुई तौ-॥

२५२ न तिसृचतसृ । ६ । ४ । ४ ॥

(न निषेधार्थकमव्ययपदम् । तिसृचतसृ लुप्तषष्ठीकम्पदम् ॥) एतयोर्नामि दीर्घो न ॥

तिसृ और चतसृ-कू नाम् परे रहते दीर्घ न हो । (मू०२३७) से तिसृणाम् । तिसृषु । द्वि+औ (मू० २४२ । १५६ । ३३) से । द्वे २ । द्वाभ्याम् ३ । द्वि+ओस (:) (मू०२४४।२७) से। द्वयोः२। हे द्वे ॥ गौरी+सु । मे दीर्घ-ङ्यन्त होनेसे (मू०२००) करके सुका लोप हो गया । गौरी । गौर्यौ २ । गौर्यः । गौरीम् । गौरीः। गौर्या । गौरीभ्याम् ३ । गौरीभिः । गौरी+ङे (ए) (मू० २१८ ।

१ म० २३१ से उत्व गुणसे प्राप्त हुआ मुख्यसे नहीं । ('प्रियास्त्रियो यस्य' इति विग्रहे,-प्रियास्त्रियः- अत्र-प्रियास्त्रियाः, इत्यादि गुण (जहां त्रि 'तिस्र' मुख्य न हो) मेंभी संज्ञा बाध लेता है । २ 'तिसृचतसृ' इति लुप्तषष्ठीक पदमेतदग्रम्भमाम्यादेशाभावे तृचि च सिद्धे 'नृमातृ०' इति वार्त्तिके मातृग्रहण न विधेयम् । ३ द्विशब्दमें 'अद्यतनीनाम्' होकर अदन्त हो जानेके कारण 'अजाद्यतष्टाप्' से टाप् (आ) प्रत्यय होता है, तब द्वा सिद्ध होता है ।

२१९। १९) से। गौर्य्यौ। गौरीभ्यः २। गौर्याः २। गौर्य्योः २। गौरी+आम्। नद्यन्त होनेके कारण (मू०१६८।१५८) से। गौरी-णाम्। गौरी+ङि–(मू०२२०।१९) से। गौर्याम। गौरीषु। हे गौरी+सु–(मू० २१७। १५४) से। हे गौरि॥ एवं नद्यादयः॥ इसी प्रकार नदी आदिक शब्द जानो। लक्ष्मीः। यहां (मू०२००) से सुका लोप नहीं होता, क्योंकि लक्ष्मी-शब्द ऊचन्त नहीं है॥ शेषं गौरीवत्॥ शेष रूप गौरी-शब्दकी सदृश होते हैं॥एवं तरीतन्त्र्यादयः॥ इसी प्रकार तरी–(नौका) तन्त्री–(वीणा) आदि शब्द होते हैं। स्त्री+सु (मू०२००) से। स्त्री। हे स्त्री+सु (मू०२१७।१५४) से। हे स्त्रि। स्त्री+औ–॥

२५३ स्त्रियाः। ६। ४। ७८॥

(षष्ठ्यन्तम्॥) अस्येयङ् स्यादजादौ प्रत्यये परे॥

यदि अजादि-प्रत्यय परे हो तो स्त्री-शब्दकू इयङ् आदेश हो जाय। स्त्रियौ २। स्त्रियः। स्त्री+अम्–॥

२५४ वाम्शसोः। ६। ४। ८०॥

(वा–वि०मव्ययप०। अम्शसोः–सप्तम्यन्तम्॥) अमि शसि च परे स्त्रियाः इयङ् वा स्यात्॥

अम् और शस् परे रहे तो स्त्रीकू इयङ् आदेश विकल्प करके होय। स्त्रियम्। वा (मू० १५५) से। स्त्रीम्। स्त्री+शस्–स्त्रियः, वा (मू० १४७) से। स्त्रीः। स्त्रिया। स्त्रीभ्याम् ३। स्त्रीभिः। स्त्री+ङे (मू०२१८।२१९।१५३) से। स्त्रियै। स्त्रीभ्यः २। स्त्रियाः २। स्त्रियोः २। स्त्री+आम्। परत्वान्नुट्। 'स्त्रियाः' सूत्रसे ह्रस्वनद्यापो नुट्' अष्टाध्यायीके क्रमानुसार पर है इस कारण आम् परे रहते नुट्ही होता है। स्त्रीणाम। स्त्री+ङि–(मू०२२० । २५३) से। स्त्रियाम्। स्त्रीषु॥ श्री–(शोभा)। श्रीः। श्री+औ (मू०२२१)

१ अतीतन्त्रीतरीलक्ष्मीधात्रीश्रीणामृणादिषु।
सप्तस्त्रीलिंगशब्दानां न सुलोपः कदाचन॥ १॥

से । श्रियौ २ । श्रियः २ । श्रियम् । श्रिया। श्रीभ्याम् ३।श्रीभिः। श्री+ङे–(मु०२४८।२१८।२२१) से । श्रिये, वा श्रिये । श्रीभ्यः२। श्रियाः २, श्रियः २ । श्रियोः २ । श्रि+आम्–॥

२५५ वामि । १ । ४ ।५ ॥

(वा–वि०म०प० । आमि–सप्तम्य० ॥) इयङुवङ्स्थानौ स्त्र्याख्यौ यू आमि वा नदी-सञ्ज्ञौ स्तो नतु स्त्री ॥

जिन ईकारान्त-ऊकारान्त शब्दोंकू इयङ् उवङ् होते है वोह शब्द आम् पर रहते विकल्पसे नदीसंज्ञक हो,स्त्री-शब्दको छोडकर अर्थात् यह विकल्पविधि स्त्री-शब्दमें न लगे । नदीत्वपक्षमें (मु०१६८)से । श्रीणाम् , वा (मु०२२१) से । श्रियाम । श्रियाम् , श्रियि। श्रीषु । हे श्री+सु–॥

२५६ नेयङुवङ्स्थानावस्त्री । १ । ४ । ४ ॥

(न–निषे०म०प० । इयङुवङ्स्थानौ प्रथ० । अस्त्री–लु० ष० प० ॥) इयङुवङौ स्थानिनियोम्नादतौ नदीसञ्ज्ञौ न स्तो नतु स्त्री ॥

जिन ईकारान्त-ऊकारान्त शब्दोंकू इयङ् उवङ् होते हो उनकी नदीसंज्ञा न हो स्त्रीशब्दको त्यागकर । इस सूत्रके अनुसार नदीसंज्ञा न होनेके कारण (मु०२१७) से ' श्री ' कू ह्रस्व न हुआ । हे श्रीः ॥ धेनुर्मतिवत् ॥ धेनु–(गौ) के रूप मति-शब्दकी सदृश होते है ॥ क्रोष्टु–(गीदडी) । क्रोष्टु–सु–॥

२५७ स्त्रियाञ्च । ७ । १ । ९६ ॥

(स्त्रियाम्–सप्त० । च–अव्ययपदम ॥) स्त्रीवाचि क्रोष्टृ शब्दस्तृजन्तस्तद्वत् स्यात ॥

स्त्रीवाचक क्रोष्टु-शब्द तृच्-प्रत्ययान्तकी समान हो जाय । क्रोष्टृ+सु । ऐसा होनेपर–॥

२५८ ऋन्नेभ्यो ङीप् । ४ । १ । ५ ॥

(ऋन्नेभ्यः–पच० । ङीप्–प्रथमा० ॥) ऋदन्तेभ्यो नान्तेभ्यश्च स्त्रियां ङीप् स्यात् ॥

ऋत् जिनके अन्तमें हो उन तथा नकारान्त-शब्दोंसे परे ङीप्-प्रत्यय हो, (मू० १५६) से ङ-कारकी इत्संज्ञा हो गई (मू० ३) से पकारकी इत्संज्ञा हो गई । क्रोष्टृ+ई+सु (मू०१९) से । क्रोष्ट्री +सु–(मू०२००) से । क्रौष्ट्री ॥ शेषं गौरीवत् ॥ शेष रूप गौरी-की समान होते हैं । भ्रू–(भौं) शब्दके रूप श्री-शब्दकी समान होते हैं ॥ स्वयम्भूः स्वभूवत् ॥ स्वयंभू–(ब्रह्मा) शब्दके रूप स्वभू-शब्दकी समान जानो ॥ स्वसृ–(बहिन) । स्वसृ+सु । यहां (मू० १५८) से ङीप्की प्राप्ति हुई तो, फिर–॥

२५९ न षट्स्वस्रादिभ्यः । ४ । १। १० ॥

(न-त्रिः म० प० । षट्स्वस्रादिभ्यः-पच० ॥) ङीप्टापौ न स्तः ॥

षट्संज्ञक-(मू०२०८) और स्वसृ-आदि (सात) शब्दोंसे ङीप् और टाप्-प्रत्यय न होय ॥ " स्वसा तिस्रश्चतस्रश्च ननान्दा दुहिता तथा । याता मातेति सप्तैते स्वस्रादय उदाहृताः ॥ १ ॥ " स्वसा-(बहिन १) तिस्र–(तीन ३) चतस्र–(चार ४) ननान्दा–(ननद ५) दुहिता–(बेटी ६) याता–(भाईकी स्त्री ७) माता–(जननी ७) यह सात शब्द स्वसृ-आदि कहे जाते हैं । इसके अनुसार ङीप् न हुआ तो (मू० २२८ । २२९ । ३ । ३४) से । स्वसा-न्+सु (मू० २०० । २०१) से । स्वसा । स्वसृ+औ (मू० २२७ । ३५ । २२९) से । स्वसारौ २ । स्वसारः । स्वसारम् । स्वसृ+शस् (मू० १४७ । १२५ । ११३) से । स्वसृः । स्वस्रा । स्वसृभ्याम् ३ । स्वसृभिः । स्वस्रे । स्वसृभ्यः २ । स्वसृ+ङसि (मू० २३१ । ३५ । २३२ । ११३) से । स्वसुः २ । स्वस्रोः २ । स्वसृणाम् । स्वसृ+ङि (इ) (मू० २२७ । ३५) से । स्वसरि । स्वसृषु । हे स्वसृ+सु (मू० २२७ । ३५ । २३२ । ११३) से । हे स्वसः । इत्यादि ॥ माता पितृवत् , शसि मातॄः ॥ मातृ–(माता) के रूप पितृ-शब्दके समान होते हैं, केवल शस्में (मू० १५७) से सकारकू नकार न होकर–। मातॄः । बन जाता है ॥ द्यौर्गोवत् । राः पुंवत् । नौर्ग्लौवत् ॥ द्यो–(आ-

काश) के रूप गो-शब्दकी समान जानो। रै-(धन) शब्दके रूप जैसे पुंल्लिंगमें होते हैं उसीप्रकार यहांभी होते हैं। नौ-(घन्नई) शब्दके रूप ग्लौ-शब्दके समान होते हैं॥

॥ इत्यजन्ताः स्त्रीलिंगाः ॥

अथाजन्तनपुंसकलिङ्गम् ।

२६० अतोऽम् । ७ । १ । २४ ॥

(अतः-पञ्च० । अम्-प्रथमा० ॥) अतोंऽगात् क्लीबात् स्वमोरम्[1] ॥

अदन्त नपुंसकलिंग अंगसे परे जो सु और अम् उनको अम् हो। ज्ञान+सु = ज्ञान+अम (सू० १५५) से। ज्ञानम्। ज्ञान+औ-॥

२६१ नपुंसकाच्च । ७ । १ । १९ ॥

(नपुंसकात्-पञ्च० । च-अव्ययपदम् ॥) क्लीबादौङः शी स्यात्[2] । भसंज्ञायाम्[3] ॥

नपुंसक-लिंगसे परे औङ् (औ) को शी हो। ज्ञान+शी (सू० १५६) से श-कारकी इत्संज्ञा होकर (सू० १८६) से भसंज्ञा हुई तो-॥

२६२ यस्येति च । ६ । ४ । १४८ ॥

(यस्य-षष्ठ्य० । इति-अव्य० । च-अव्ययपदम् ॥) इकारे तद्धिते च परे भस्येतौ णिलोपः[4] । इत्यलोपे प्राप्ते ॥

ईकार और तद्धित-प्रत्यय परे रहते भसंज्ञक-इवर्ण और अवर्ण-का लोप हो। इस सूत्रसे ज्ञान-शब्दके नकारोत्तरवर्त्ती अकारके लोपकी प्राप्ति होनेपर-॥

२६३ (औङः श्यां प्रतिषेधो वाच्यः) ॥

१ सूत्र २४९ और २५० में गो-शब्दके रूप देखने चाहियें। २ पुंल्लिंगमें र शब्दके रूप, और स्त्री-शब्दके सू० २४१ में देखो। ३ अमोऽग्रहणं ज्ञ्यात्यर्थम्। ४ औङ् इत्याकारविधेः सञ्ज्ञा।

यदि औ-के स्थानमें हुई शी परे हो तो अकार और इकारके लोपका निषेध है । (मू०३३) से । ज्ञाने २ । ज्ञान+जस्–॥

२६४ जश्शसोः शिः । ७ । १ । २० ॥

(जश्शसोः-षष्ठ्य० । शिः-प्रथ० ॥) क्लीबादनयोः शिः स्यात् ॥

नपुंसक-अंगसे परे जस् और शस्को शि आदेश हो। ज्ञान+शि–॥

२६५ शि सर्वनामस्थानम् । १ । १ । ४२ ॥

(शि-प्र० । सर्वनामस्थानम्-प्रथ०॥) शि सर्वनामस्थानसञ्ज्ञं स्यात् ॥

शि-आदेश सर्वनामस्थान-संज्ञक हो ॥

२६६ नपुंसकस्य झलचः । ७ । १ । ७२ ॥

(नपुंसकस्य-षष्ठ्य० । झलचः-षष्ठ्यन्तम् ॥) झलन्तस्याजन्तस्य च क्लीबस्य नुम् सर्वनामस्थाने परे ॥

सर्वनामस्थान परे रहते झलन्त और अजन्त नपुंसकअंगको नुम्-का आगम हो । नुम् अंगसे पूर्व हो वा पीछे, यह शंका होनेपर–॥

२६७ मिदचोऽन्त्यात्परः । १ । १ । ४७ ॥

(मित्-प्र० । अचः-षष्ठ्य० । अन्त्यात्-पं० । परः-प्रथ० ॥) अचा-म्मध्ये योऽन्त्यस्तस्मात्परस्तस्यैवान्तावयवो मित् स्यात् ॥

मित् (जिसके मकारकी इत्संज्ञा हो) आगम जिसको विधान किया है उसके अचोंमें जो अन्त्यका अच् उससे परे हो,और जिससे विधान किया है उसकाही अवयव माना जाय । ज्ञान+नुम्+शि । (मू०३।३४) से उमकी इत्संज्ञा हो गई । (मू०१५६) से शकार-की इत्संज्ञा हो गई । (मू०१९८) से उपधाके दीर्घ हो गया । ज्ञा-नानि २ ॥ पुनरपि तद्वत् ॥ द्वितीयामेंभी इसी प्रकार रूप होते हैं ॥ शेषं पुंवत् ॥ शेष रूप अदन्त शब्दकी समान पुल्लिंगवत् जानो । हे ज्ञान+स्–(मू०२६०। १५५) से । हे ज्ञानम् ॥ एङ् ह्रस्वादेरति हल्मात्रलोपः ॥ (मू०१६४) से हल्मात्रका लोप हो गया । हे

---

१ अचः इति निर्धारणे षष्ठी ।

ज्ञान ॥ एवं धनवनफलादयः ॥ इसी प्रकार ह्रस्व अकारान्त धन (द्रव्य), वन और फल आदिक नपुंसक-शब्दोंके रूप होते हैं। कतर+सु–॥

२६८ अदड्डतरादिभ्यः पञ्चभ्यः । ७ । १ । २५ ॥

(अदड्–प्रथमांतम् । डतरादिभ्यः-पञ्च० । पञ्चभ्यः-पञ्च० ॥) पञ्चभ्यो डतरादिभ्यः क्लीबेभ्यः स्यमोरद्डादेशः स्यात् ॥

नपुंसकवाची पांच डतरादि अर्थात्–डतर, डतम, अन्य, अन्यतर, इतर, इन शब्दोंसे परे सु और अम्‌को अद्ड् (अद) आदेश हो। कतर+अद् । रहा तव–॥

२६९ टेः । ६ । ४ । १४३ ॥

(षष्ठ्यन्तम् ॥) डिति पे भस्य टेर्लोपः स्यात् ॥

डित् (डकार इत्संज्ञक) प्रत्यय परे रहते भसंज्ञक-टि (सू० ४२) का लोप हो। कतरद् (सू० १६६), कतरत् २। कतरे २। कतराणि २। हे कतरत–द् ॥ शेषं पुंवत् ॥ शेष रूप रामकी सदृश होते हैं॥ एवं–कतमत्,इतरत्,अन्यत्,अन्यतरत ॥ इसी प्रकार कतम आदि शब्दोंके 'कतमत्' आदि रूप होते हैं ॥ अन्यतमशब्दस्य तु अन्यतममित्येव ॥ और अन्यतम-शब्दका तो ' अन्यतमम् ' रूपही होता है (अर्थात्–अन्यतम-शब्द तमप-प्रत्ययान्त होनेसे सू० २६८ का कार्य नहीं होता) ॥

२७० (एकतरात्प्रतिषेधो वाच्यः) ॥

महर्षिकात्यायनजीका मत है कि–एकतरशब्दसे परे पूर्वोक्त विधिका निषेध है, अर्थात्-सु-अम्‌को अद्ड् आदेश नहीं होता। एकतर+सु–(सू०२६०।१५५) । एकतरम् २। एकतरे २। एकतराणि, इत्यादि पुल्लिंगके समान जानो ॥ श्रीपा–(लक्ष्मीकी रक्षा करनेवाला)। श्रीपा+सु–॥

२७१ ह्रस्वो नपुंसके प्रातिपदिकस्य । १ । २ । ४७ ॥

(ह्रस्वः-प्र० । नपुंसके-स० । प्रातिपदिकान्तस्य प्रातिपदिकस्य ह्रस्वः स्यात् ॥ स्य-षष्ठ्यन्तम् ॥) क्लीबेऽज-

नपुंसक-लिंगमें (दीर्घ) अजन्त-प्रातिपदि क्लीब-संज्ञकको ह्रस्व हो । श्रीष+सु–(सू०२६०।१५५) श्रीषम् ॥ ज्ञानवद् ॥ शेष रूप ज्ञान- शब्दकी समान होते हैं । द्वि+औ (सू० २१४) ॥ शेष रूप ज्ञान- द्वे २ ॥ पुंवत् ॥ शेष रूप पुंवत् जानो । त्रि+जस्–(सू० २६१ । ३३) २६६ । १९८) त्रीणि २ ॥ पुंवत् ॥ इसकेभी शेष रूप सू० २६४ । की समान होते हैं ॥ वारि–(जल) । वारि+सु– ॥ ल पुल्लिंग-

२७१ स्वमोर्नपुंसकात् । ७ । १ । २३ ॥

(स्वमोः-षष्ठ्यः । नपुंसकात्-पञ्चम्यन्तम् ॥) नपुंसकादङ्गात्स्वमोर्लुक्

क्लीब-अंगसे परे सु और अम्-का लुक् (लोप) हो । वारि+औ–॥ न्त क् स्यात्॥ वारि २ ।

२७२ इकोऽचि विभक्तौ । ७ । १ । ७३ ॥ नक्

(इकः-षष्ठ्यः । अचि-सप्तम्यः । विभक्तौ-सप्त० ॥) इकान्तस्य क्लीब- स्य नुमचि विभक्तौ ॥

जिसके इक अन्तमें हो ऐसे क्लीब-अंगको नुम् (न प्रथ०) का आगम हो अजादि-विभक्ति परे रहते । वारि+न्+औ–(सू० २ ६१ । १५८) वारिणी २ । वारि+जस्–(सू० २६४ । २७२ । १९८ को । १५८) वारीणि २ । हे वारि+सु–(सू०२७१) हे वारि ॥ नलोपः और पतेति निषे- धस्यानित्यत्वात्पक्षे सम्बुद्धिनिमित्तो गुणः ॥ " न लुमताङ्ग पूर्व+प्य " इस निषेधविधिके अनित्य होनेके कारण एकपक्षमें सम्बुद्धिकृ शक मानकर गुण (सू१९०) भी हो जाता है । हे वारे, वारि । वारि+टा–(ना- सू० १९२) वारिणा । वारिभ्याम् ३ । वारिभिः ॥ घेर्ङितीति गुण प्राप्ते ॥ वारि+ङे (ए), यहां (सू० २७२) से नुम् और " घे- र्ङिति" से गुणकी प्राप्ति होनेपर–॥

२७३ (वृद्धौत्वतृज्वद्भावगुणेभ्यो नुम् पूर्वविप्रतिषेधेन)॥

वृद्धि (सू० २०३) औत्व (सू० १९५) तृज्वत्भाव (सू०

२२६) और गुण (सू० १९३) इनकी अपेक्षा (सू० १३३) के अनुसार पूर्वविप्रतिषेधकरके नुम्ही होता है । वारिणे । वारिभ्यः २ । वारिणः २ । वारिणोः २ । वारि+आम् (सू० २३३ । १६९) वारीणाम् । वारिणि । वारिषु ॥ दधि–(दही) । दधि २ । दधिनी २ दधीनि २ । दधि+टा (आ)–॥

२७४ अस्थिदधिसक्थ्यक्ष्णामनङुदात्तः । ७ । १ । ७५ ॥

(अस्थिदधिसक्थ्यक्ष्णाम्-षष्ठ्य० । अनङ्-प्रथ० । उदात्तः–प्रथमान्तम् ॥) एषामुदात्तोऽनङ् स्याट्टादावचि ॥

अस्थि–(हड्डी),दाधि–(दही), सक्थि–(जंघा),अक्षि–(नेत्र), इन शब्दोंसे उदात्त अनङ् (अन्) आदेश हो टा-आदि अजादि विभक्ति परे रहते । दध्+अन्+आ–॥

२७५ अल्लोपोऽनः । ६ । ४ । १३४ ॥

(अत्-लुप्तषष्ठ्य० । लोपः-प्रथ० । अनः–षष्ठ्यन्तम् ॥) अंगावयवोऽसर्वनामस्थानयजादिस्वादिपरो योऽन् तस्याकारस्य लोपः ॥

जो अन् अंगका अवयव हो और उससे सर्वनामस्थानभिन्न यजादि वा स्वादि-प्रत्यय परे हो तो उस अनके अकारका लोप हो । दध्ना । दधिभ्याम् २ । दधिभिः । दध्ने । दधिभ्यः २ । दध्नः २ । दध्नोः २ । दध्नाम । दध्+अन्+ङि (इ)–॥

२७६ विभाषा ङिश्योः । ६ । ४ । १३६ ॥

(विभाषा–त्रि०म०प० । ङिश्योः–सप्तम्यन्तम् ॥) अंगावयवोऽसर्वनामस्थानपरोयोऽन् तस्याकारस्य लोपो वा ङिश्योः परयोः ॥

अंगका अवयव जो अन् उसके अकारका लोप विकल्पसे हो सर्वनामस्थानभिन्न ङि और शी परे रहते । दध्नि, दधनि । दधिषु । हे दध्ने, हे दधि ॥ एवं अस्थिसक्थ्यक्षि ॥ इसी प्रकार अस्थि, सक्थि, अक्षि, शब्दोंके रूप होते हैं ॥ सुधी–(भली बुद्धिवाला) । सुधी+सु–(सू० २७० । २७१) सुधि २ । सुधिनी २ । सुधीनि २ । हे सुधे, हे सुधि । सुधि+टा (आ)–॥

२७७ तृतीयादिषु भाषितपुंस्कपुंवद्गालवस्य ।७।१।७४॥

(तृतीयादिषु सप्त० । भाषितपुंस्कम्-प्रथ० । पुंवत्- प्रथ० । गालवस्य-षष्ठ्यन्तम् ॥) प्रवृत्तिनिमित्तैक्ये भाषितपुंस्कमिगन्त क्लीब पुंवद्वा स्यादाद्यचि ॥

पुल्लिंगमें कथित इगन्त-क्लीब-शब्द-प्रवृत्तिके निमित्तकी एकतामें विकल्पसे पुल्लिंगके सदृश हो, टा-आदि अच् परे रहते गालव-आचार्यके मतमें। जब पुंवत् माना तब (सू० १९२) से । सुधिना, सुधिया । (सू० २२१) सुधिने, सुधिये । सुधिनः, सुधियः ॥ मधु २ । मधुनी २ । मधूनि २ । हे मधु, हे मधो । मधुना ॥ सुलु २ । सुलुनी २ । सुलूनि २ । सुलुना, सुल्वा ॥ धातृ २ । धातृणी २ । धातॄणि २ । हे धातः, हे धातृ । धात्रा, धातृणा ॥ एवं जात्रादयः॥

२७८ एच इग्घ्रस्वादेशे ।१।१।४८॥

(एचः-षष्ठ्यः । इक्-प्रथ० । ह्रस्वादेशे सप्तम्यन्तम् ॥) आदिश्यमानेषु ह्रस्वेषु एच इगेव स्यात् ॥

जब एचोंको ह्रस्व (सू० २७०) आदेश किया जाय तो एचोंको इक् अर्थात्-ए-ऐ-को इ ओ-औ-को उ-ही हों । प्रद्यो+सु-(सू० २७० । २७८ । २७९) प्रद्यु २ । प्रद्युनी २ । प्रद्यूनि २ । (सू० २७२) प्रद्युना । प्रद्युभ्याम् ३ । प्रद्युभिः । प्रद्युने । प्रद्युभ्यः २ । प्रद्युनः २ । प्रद्युनोः २ । प्रद्यु+आम्-(सू० २३३ । १६१) प्रद्यूनाम् । प्रद्युनि । प्रद्युषु । हे प्रद्यो,हे प्रद्यु ॥ प्रैरे-(श्रेष्ठधन) । प्रैरे+सु-(सू० २७० । २७८ । २७९) प्रारि २ । प्रारिणी २ । प्रारीणि २ । प्रारिणा । प्रारि+भ्याम् ॥ एकदेशविकृतमनन्यवत् ॥ एकदेशविकारी होनेवाला अन्यकी सदृश न होनेके कारण (सू० २४१)[1] से आकार-आदेश हो जाता है । प्रराभ्याम् ३ । प्रराभिः । (सू०

१ प्रवृत्तिके निमित्तकी एकता इसको कहते हैं, जैसे—सुधी-शब्द तीनों लिंगोंमें शोभनबुद्धिके अर्थकको लेकर प्रवृत्त होता है, और पीलु-शब्दके प्रवृत्तिके निमित्तकी एकता नहीं है, कारण कि-पीलु-शब्द पुल्लिंगमें वृक्ष और नपुंसकमें फलके अर्थको लेकर प्रवृत्त होता है । २ न धुमास्थागापाजहातिसां हलि ।६।४।६६। सर्वादिनिमित्तो गुण ।

२७२) । प्ररिणे । प्रराभ्यः २ । प्ररिणः २ । प्ररिणोः २ । प्ररीणाम् । प्ररिणि । प्ररासु । हे प्ररि, हे प्ररे ॥ सुनु–(शुभ नौका) । सुनु २ । सुनुनी २ । सुनु+जस्–(म० २६४ । २६५ । १९८) सुनूनि २ । सुनुना । सुनुभ्याम् ३ । सुनुभिः । सुनुने । सुनुभ्यः २ । सुनुनः २ । सुनुनोः २ । सुनूनाम् । सुनुनि । सुनुषु । हे सुनो, हे सुनु । हे सुनुनी । हे सुनूनि ॥

॥ इत्यजन्ता नपुंसकलिंगाः ॥

हलन्तपुँल्लिङ्गम् ।

लिह्–(चाटनेवाला) । लिह्+सु (म० २००) से 'सु' का लोप । लिह् ॥

२७९ हो ढः । ८ । २ । ३१ ॥

(हः षष्ठ्यन्तम् । ढः प्रथमान्तम् ॥) हस्य ढः स्याज्झलि पदान्ते च ॥

झल् परे रहते अथवा पदान्तमें हकारकू ढ-आदेश हो, लिह् (मू० १६६ । ८३ । २१)-लिट् , लिड् । लिढौ २ । लिढः २ । लिढम् । लिढा । लिड्+भ्याम् , (म० २७९)-लिड्भ्याम ३ । लिड्भिः । लिढे । लिड्भ्यः २ । लिढः २ । लिढोः २ । लिढाम् । लिढि । लिह्+सु–(म० २७९ । ९१) लिड्+सु (म० १०३ । ९१) लिट्सु, लिट्त्सु । हे लिट् (ड्) । हे लिढौ । हे लिढः । दुह्+सु(मू० २००) दुह्– ॥

२८० दादेर्धातोर्घः । ८ । २ । ३२॥

(दादेः-षष्ठ्यन्त० । धातोः-षष्ठ्यन्त० । घः-प्रथमान्तम् ॥) उपदेशे दादेर्धातोर्हस्य घः स्याज्झलि पदान्ते च ॥

उपदेशके विषय दकारादि-धातुके हकारकू घकारादेश हो झल् परे रहते वा पदान्तमें । दुघ् ॥

२८१ एकाचो बशो भष् झषन्तस्य स्ध्वोः । ८ । २ । ३७॥

(एकाचः-षष्ठ्यः । वशः-षष्ठ्यः । भष्-प्रथ० । झषन्तस्य-षष्ठ्यः । ध्वोः-सप्तम्यन्तम् ॥) धात्ववयवस्यैकाचो झषन्तस्य वशो भष् से ध्वे पदान्ते च ॥

एकाच्-धातुका अवयव जो झषन्त वश् उसके भष् हो सकार और ध्व-शब्द परे रहते वा पदान्तमें । पूर्वोक्त रूपमें एकाच्-धातु ' दुघ् ' है, उसका अवयव है ' दु ' वो घ अन्तमें होनेसे झषन्त वश् ' द ' है उसको भष् हुआ, (मू० २१) धुघ्-(मू० १६६ । ८३) धुक्, धुग् । दुहौ २ । दुहः २ । दुहम् । दुहा । दुह्-भ्याम् (मू० २८० । २८१ । २१ । ८३) धुग्भ्याम् ३ । धुग्भिः । दुहे । दुहः २। दुहोः २। दुहाम् । दुहि । दुह्+सुप् (मू० २८०। २८१। २१ । ९१। १७०)-' कषसंयोगे क्षः ' धुक्षु ॥ दुह्-(अनिष्टचिन्तन करनेवाला) । दुह्+सु (मू०२००) दुह्-(मू० २८१) धुह्-॥

२८२ वा दुहमुहष्णुहष्णिहाम् । ८ । २ । ३३ ॥

(वा-वि०म०प० । दुहमुहष्णुहष्णिहाम्-षष्ठ्यः ॥) एषां हस्य वा घो झलि पदान्ते च ॥

दुह्-(द्रोह करना), मुह्-(मोहित होना), ष्णुह् (वमन करना), ष्णिह्-(स्नेह करना), इनके हकारको घकार विकल्पसे हो झल् परे रहते और पदान्तमें । जिस पक्षमे इस सूत्रसे ' ह ' को ' घ ' होता है तब (मू० १६६ । ८३) से ' क ' और ' ग ' हो जाते हैं । दूसरे पक्षमे-धुह्-के ' ह ' को (मू० २७९ । १६६ । ८३ । २१) से ' ट ' और ' ड ' होते है । धुक्, धुग्, धुट्, धुड् । दुहौ २ । दुहः २ । दुहम । दुहा । दुह्-भ्याम (मू० २८२ । १८५। ८३ । २८१)-धुग्भ्याम् ३, वा (मू० २७९ । ८३) धुड्भ्याम् ३ । धुग्भिः, धुड्भिः । दुहे । दुग्भ्यः २, धुड्भ्यः २ । दुहः २ । दुहोः २ । दुहाम् । दुहि । दुह्+सुप् (मू० २८२ । ९१ । १७० । २८१) धुक्षु, वा (मू० २७९ । ८३ । २८१ । १०३) धुट्त्सु-वा (मू २७९ । ९१) धुट्सु । ष्णुह्+सु (मू० २००) ष्णुह्-॥

२८३ धात्वादेः षः सः । ६ । १ । ६४ ॥

(धात्वादेः-षष्ठ्य० । षः-षष्ठ्य० । सः-प्रथमा० ॥) धातुकी आदि के मूर्द्धन्य-षकारकू दन्त्य-सकार हो ॥ स्नुह् द्रुहवत् ॥

स्नुह-शब्दमें शेष संपूर्ण कार्य द्रुहकी समान होकर उसीकी समान रूप होते हैं ॥ एवं स्निह् ॥ इसी प्रकार स्निह्-आदिके रूप जानो ॥ विश्ववाह्-(संसारका धारण करनेवाला) । विश्ववाह्+सु (सू० २०० । २७० । २६६ । ८३)-विश्ववाट् । विश्ववाड् । विश्ववाहौ २ । विश्ववाहः । विश्ववाहम् । विश्ववाह्+शस् (अस्)-॥

२८४ इग्यणः सम्प्रसारणम् । १ । १ । ४५ ॥

(इक्-प्रथ० । यणः-षष्ठ्य० । सम्प्रसारणम्-प्रथमान्तम् ॥) यणः स्थाने प्रयुज्यमानो य इक् स सम्प्रसारणसंज्ञः स्यात् ॥

यणके स्थानमें जो इकका प्रयोग किया जाता है उसको **सम्प्रसारण** कहते हैं ॥

२८५ वाह ऊठ् । ६ । ४ । १३२ ॥

(वाहः षष्ठ्य०।ऊठ्-प्रथमान्तम् ॥)अस्य वाह सम्प्रसारणमूठ स्यात्॥

भसंज्ञक-वाहकू ऊठ् (ऊ) सम्प्रसारण हो । विश्व-वाह्+अस् । का-विश्व+ऊ+आह्+अस् । इस अवस्थामें-॥

२८६ सम्प्रसारणाच्च । ६ । १ । १०८ ॥

(सम्प्रसारणात्-पच० । च-अव्ययपदम् ॥) सम्प्रसारणादचि पूर्वरूपमेकादेशः ॥

सम्प्रसारणसे यदि अच् परे हो तो पूर्वका रूप हो जाय । विश्व+ऊह्+अस् (सू० ४०) विश्वौहः । विश्ववाह्+टा (आ) (सू० २८५ । २८६ । ४०)-विश्वौहा । विश्ववाह्+भ्याम् (सू० २७९ । ८३)-विश्ववाड्भ्याम् ३ । विश्ववाड्भिः । विश्वौहे । विश्ववाड्भ्यः २ । विश्वौहः २ । विश्वौहोः २ । विश्वौहाम् । विश्वौहि । विश्ववाह्+सुप् (सू० २७९ । ८३ । १०३ । ९१) विश्ववाट्सु, विश्ववाट्सु ॥ अनडुह्-(वृषभ) । अनडुह्+सु-॥

२८७ चतुरनडुहोरामुदात्तः । ७ । १ । ९८ ॥

(चतुरनडुहोः-षष्ठ्यः । आम्-प्रथः । उदात्तः-प्रथमाः ॥) अनयोराम् स्यात्सर्वनामस्थाने परे ॥

चतुर् और अनडुह्-शब्दको उदात्त-आम्का आगम हो सर्वनामस्थान परे रहते । आम्का आगम (सू० २६७) के अनुसार ' उ ' के अन्तमें होता है । अनडु+आम्+ह्+सु(सू० १९)-अनड्वाह्+सु-॥

२८८ सावनडुहः । ७ । १ । ८२ ॥

(सौ-सप्तः । अनडुह-षष्ठ्यन्तम् ॥) अस्य नुम् स्यात्सौ परे ॥

सु परे रहनेपर अनडुह्-शब्दको नुम् (न्) का आगम हो । अनड्वान्+ह्+सु (सू० २०० । २४) -अनड्वान् । अनड्वाहौ २ । अनड्वाहः । हे अनडुह्+सु-॥

२८९ अम् सम्बुद्धौ । ७ । १ । ९९ ॥

(अम् प्रथमाः । सम्बुद्धौ सप्तम्यन्तम् ॥) अनयोरम् स्यात्सम्बुद्धौ ॥

चतुर् और अनडुह्-शब्दको अम् (अ) आगम हो सम्बुद्धि(सू० १५२) परे रहते । हे अनडुह्+सु (सू० २८८ । २०० । २४)-हे अनड्वन् । अनडुह्-श (अ) स्-अनडुहः । यहां सर्वनामस्थान परे न होनेके कारण (सू० २८७) से आम् नहीं होता । अनडुहा । अनडुद्भ्याम्- ॥

२९० वसुस्रंसुध्वंस्वनडुहां दः । ८ । २ । ७२ ॥

(वसुस्रंसुध्वंस्वनडुहाम् षष्ठ्यः । दः-प्रथः ॥ । सान्तवन्तस्य स्रंसादेश्च दः स्यात्पदान्ते ॥

सकारान्त जो वसु-प्रत्ययान्त तथा स्रंसु, ध्वंसु और अनडुह्-शब्दोंके अंत्यको दकार आदेश हो पदान्तमें । अनडुद्भ्याम् ३ । अनडुद्भिः । अनडुहे । अनडुद्भ्याः २ । अनडुहः २ । अनडुहोः २ । अनडुहाम् । अनडुहि । अनडुह्+सुप् (सू० २१० । ९१)-अनडुत्सु ॥ सान्तेति किम् । विद्वान् ॥ सकारान्त वसु-प्रत्ययान्त कहनेसे

'विद्वान्' में दकार न हुआ, कारण यह वस्वन्त तो है परन्तु सान्त नहीं ॥ पदान्ते किम्-स्रस्तम्, ध्वस्तम् ॥ पदान्तमें कहनेके कारण 'स्रस्तम्, ध्वस्तम्' यहां स्रंसु और ध्वंसुको दकार नहीं हुआ॥ तुरासाह्-(इन्द्र)। तुरासाह्+सु (सू० २०० । २७१ । १६६ । ८३) का कार्य्य होकर-। तुरासाट्-ड ॥

२९१ सहेः साडः सः । ८ । ३ । ५६ ॥

(सहेः-पञ्चम्यः । साडः-पञ्चम्यः सः-पञ्चम्यन्तम ॥) साड्रूपस्य सहेः सस्य मूर्द्धन्यादेशः ॥

साड्-रूप (अर्थात्-'हो ढः' आदि कार्योंके पीछे) सह-के सकारको मूर्द्धन्य (ष) आदेश हो। तुरासाट्, तुरासाड्। तुरासाहौ २। तुरासाहः २। तुरासाहम्। तुरासाहा। तुरासाड्भ्याम्। (सू०२७१। ८३।२०१)-तुरासाड्भ्याम् ३। तुरासाड्भिः। तुरासाहे। तुरासाड्भ्यः २। तुरासाहः २। तुरासाहोः २। तुरासाहाम्। तुरासाहि। तुरासाट्सु, तुरासाट्सु ॥ सुदिव्-(सुन्दर आकाश)। सुदिव+सु-॥

२९२ दिव औत् । ७ । १ । ८४ ॥

(दिवः-पञ्चम्यः। औत् प्रथमान्तम्॥) दिविति प्रातिपदिकस्यौत्स्यात्सौ॥

सु परे रहते प्रातिपदिक-संज्ञक दिव्-शब्दको औकार आदेश हो। सुदि+औ+सु (सू० १९)-सुद्यौ+सु (सू० १२५ । ११३)-सुद्यौः। सुदिवौ २। सुदिवः २। सुदिवम्। सुदिवा। सुदिव्+भ्याम्-॥

२९३ दिव उत् । ६ । १ । १३१ ॥

(दिवः-षष्ठ्यन्तम्। उत्-प्रथमा०॥) दिवोन्तादेश उकारः स्यात्पदान्ते॥

पदान्तमें विद्यमान दिव्-शब्दको उकार अन्तादेश हो। सुद्युभ्याम् ३। सुद्युभिः। सुदिवे। सुद्युभ्यः २। सुदिवः २। सुदिवोः २। सुदिवाम्। सुदिवि। सुद्युषु ॥ चतुर्-(चार)। चतुर्+जस (सू० २८७)-चत्वारः। चतुरः। चतुर्भिः। चतुर्भ्यः २। चतुर्+आम्। इस दशामें-॥

२९४ षट्चतुर्भ्यश्च । ७ । १ । ५५ ॥

(षट्चतुर्भ्यः-पञ्च० । च-अव्ययपदम् ॥) एभ्य आमो नुडागमः स्यात् ॥

षट्-संज्ञक (सू० ३२६ । २०८) शब्द और चतुर्-शब्दसे परे जो आम् उसको नुट् (न्) का आगम हो । चतुर्+न्+आम् । इस दशामें—॥

२९५ रषाभ्यां नो णः समानपदे । ८ । ४ । १ ॥

(रषाभ्याम्-पञ्च० । नः-षष्ठ्यः । णः-प्र० । समानपदे-सप्तम्य० ॥) एकपदस्थाभ्यां रषाभ्यां परस्य नस्य णस्स्यात्समानपदे ॥

एकपदमें स्थित रकार व षकारसे परे जो नकार उसको णकार हो समानपदमें । (सू० ७४)—चतुर्णाम्, चतुर्णाम् । चतुर्+सुप् । इस दशामें—(सू० ११३) से रकारकी विसर्ग प्राप्त हुई, परन्तु—॥

२९६ रोः सुपि । ८ । ३ । १६ ॥

(रोः-षष्ठ्यः । सुपि सप्तम्यन्तम् ॥) रोरेव विसर्गः सुपि नान्यरेफस्य पत्वम् । पस्य द्वित्वे प्राप्ते ॥

सुप (सप्तमीका बहुवचन) परे रहते रुकेही रकारकी विसर्ग हो और रकारकी नहीं । चतुर्का रकार रुके स्थानका नहीं (सू० १७०) से षत्व हुआ । और (म० ७४) से षकारको द्वित्व प्राप्त हुआ तो—॥

२९७ शरोऽचि । ८ । ४ । ४९ ॥

(शरः-षष्ठ्यः । अचि-सप्तम्यन्तम् ॥) अचि परे शरो न द्वे स्तः ॥

जिस शर्से अच् परे हो उस शर्को द्वित्व नहीं हो । चतुर्षु । यहां षकारोत्तरवर्त्ती उकारको अच् समझना । हे चत्वारः ॥ प्रशाम् (शान्त) । प्रशाम्+सु (सू० २००)—॥

२९८ मो नो धातोः । ८ । २ । ६४ ॥

(मः-षष्ठ्यः । नः-प्र० । धातोः-षष्ठ्यन्तम् ॥) धातोर्मस्य नः स्यात्पदान्ते ॥

पदान्तमें वर्त्तमान धातुके मकारकू नकार हो । प्रशान् । प्रशामौ। प्रशामः । प्रशान्भ्याम् । इत्यादि । इसका साधन सरलही है॥ किम्–(क्या) । किम्+सु । इस अवस्थामें–॥

२९९ किमः कः । ७ । २ । १०३ ॥

(किमः-षष्ठ्यन्तम् । कः-प्रथमान्तम् ॥) किमः कः स्याद्विभक्तौ ॥

विभक्ति परे रहते किम्-शब्दके स्थानमें क-आदेश हो । कः । कौ। किम्+जस् । (सू० २९९।१७२।३३) के ॥ इत्यादि सर्ववत् ॥ शेष रूप सर्वशब्दकी समान होते हैं ॥ इदम्–(यह) । इदम्+सु–॥

३०० इदमो मः । ७ । २ । १०८ ॥

(इदमः-षष्ठ्यः । मः–प्रथमा०॥) इदमो मस्य मस्स्यात्सौ । त्यदादित्वात्पश्चात्' ॥

इदम् शब्दके मकारको मकारही हो सु परे रहते । यह सूत्र 'त्यदादीनामः' का अपवाद है । फिर– ॥

३०१ इदोऽय् पुंसि । ७ । २ । १११ ॥

(इदः-षष्ठ्यः । अय्-प्रथः । पुंसि–सप्तम्यः ॥) इदम इदोऽय स्यात्सौ पुंसि ॥

सु परे रहते पुल्लिंगमें इदम्-शब्दके इदकू अय् आदेश हो। अय्–अम्+सु (सू०२००) अयम् । इदम्+औ (सू०२१४)–इद्+अ+औ–॥

३०२ अतो गुणे । ६ । १ । ९७ ॥

(अतः-पञ्च० । गुणे–सप्त०॥) अपदान्तादतो गुणे पररूपमेकादेशः॥

अपदान्त अत्से परे यदि गुण (अ–ए–ओ) परे होय तौ दोनोंके स्थानमें पररूप एकादेश हो । इद्+औ ऐसी अवस्थामें–॥

३०३ दश्च । ७ । २ । १०९ ॥

(दः-षष्ठ्यः । च–अव्ययपदम् ॥) इदमो दस्य मः स्याद्विभक्तौ ॥

विभक्ति परे रहते इदम्-के दकारकू मकार हो । इम+औ (सू० ३९) इमौ २ । इदम्+जस् (सू० २१४ । ३०२ । ३०३ ।

१७२।३३)–इमे ॥ त्यदादेः सम्बोधनं नास्तीत्युत्सर्गः ॥ त्यदादि-शब्दोंका यह उत्सर्ग (स्वभाव) ही है कि–वे सम्बोधनमें नहीं होते । इदम्+टा (सू० २१४।३०२)–इद्+टा । ऐसी अवस्थामें–॥

३०४ अनाप्यकः ।७ । २ । ११२ ॥

(अन्–प्रथमा० । आपि–सप्त० । अकः–षष्ठ्य० ॥) अककारस्येदम इदोऽनापि विभक्तौ । आदिति टा इत्यारभ्य सुपः पकारेण प्रत्याहारः ॥

ककाररहित इदम्-शब्दके इद्को अन आदेश हो आप्-विभक्ति परे रहते । आप यह टाके आसे लेकर सुप्-के पकारपर्य्यंत प्रत्याहार है । अन+टा (सू०१६०।३३)अनेन। इदम्+भ्याम् (सू०२१४।३०२ इद्+भ्याम्– ॥

३०५ हलि लोपः ।७ । २ । ११३ ॥

(हलि सप्त० । लोपः–प्रथमान्तम् ॥) अककारस्येदम इदो लोपः स्याद्-हलादौ ॥

इदम्-शब्दके इद्-का लोप हो हलादि आप्-प्रत्याहार (भ्याम् । भिस् । भ्यस् । सुप) परे रहते । यहां (सू० २५) से अंत्य द-कारका लोप प्राप्त हुआ ॥ नानर्थकेऽलोन्त्यविधिरनभ्यासविकारे ॥ अभ्यासविकार (पूर्वोऽभ्यासः । और–उरत् । जो वक्ष्यमाण सूत्रों-में आवेगा) को छोडकर निरर्थकमें 'अलोन्त्यस्य' नहीं लगता और यहांभी इद्-भाग निरर्थक है, इस कारण द-मात्रका लोप नहीं होता तो इद् मात्रकाही लोप होता है । अ भ्याम्–॥

३०६ आद्यन्तवदेकस्मिन् । १ । १ । २१ ॥

(आद्यन्तवत् तद्विधानमव्ययपदम् । एकस्मिन्–सप्तम्यन्तम् ॥) एक-स्मिन् क्रियमाणं कार्य्यमादाविवान्ते इव स्यात् ॥

जो कार्य्य आदि और अन्तमें किया जाता है वोही कार्य एकवर्ण-मेंभी हो, अर्थात्–(सुपि च १६१) से जो दीर्घ अदन्तकू होता है

१ उत्सर्ग उसको कहते हैं जो विशेषरूपसे दृढ़ताके लिये कहीं किया जाय, इसी कारण महाभाष्यकारने 'हे म' यह उसका उदाहरण दिया है ।

वोह दीर्घ केवल 'अ' कोभी हो। (सू० १६१) से दीर्घ-। आभ्याम् ३। इदम्+भिस् (सू०२१४ । ३०२ । ३०५)-अं+भिस्। इस अवस्थामेंभी (सू० १६२) से भिस्को ऐस् प्राप्त था सो न हुआ, कारण कि-॥

३०७ नेदमदसोरकोः ।७ । १ । ११ ॥

(न-त्रिः सः पः । इदमदसोः पञ्चः । अकोः-षष्ठ्यन्तम् ॥) अककारयोरिदमदसोर्भिस ऐस् न स्यात् ॥

ककाररहित इदम और अदस् शब्दसे परे जो भिस उसको ऐस् आदेश नहीं हो। तो फिर (सू०१६५) से-। एभिः । इदम्+ङे (सू०२१४।३०२)-इद-ए (सू०१७३।३०५)-अस्मै। एभ्यः२। इदम-ङसि (सू० २१४।३०२।१७४।३०५)-अस्मात, अस्माद्। अस्य। इदम्+ओस (सू०२१४।३०२।३०४।१६७।२७)-अनयोः २। इदम-इद-आम (सू० १७५। २०५।१६५।१७०) एषाम्। (इदम-) इद-ङि (सू० १७४।३०५) अस्मिन। एषु ॥ ०

किञ्चित् कार्यं विधायानुपपन्नस्य कार्यान्तर विधात् पुनरुपादानमन्वादेश ॥

जिसका एकवाक्यमें प्रयोग हो गया हो फिर कुछ एक कार्य करनेके अर्थ पुनः उसी शब्दका जो प्रयोग किया जाय उसे अन्वादेश कहते हैं ॥ इसका फल-॥

३०८ द्वितीयाटोःस्वेनः । २ । ४ । ३४ ॥

(द्वितीयाटौस्सु स्मः । एन प्रथमान्तः ॥) द्वितीयायाः टौसोश्च परत इदमेतद्योरेनादेशः स्यादन्वादेशे ॥

द्वितीया (अम्-औट्-शस) टा और ओस् परे रहते इदम् और एतद्-शब्दको एन आदेश हो अन्वादेशमें। यथा। "अनेन व्याकरणमधीतमेनं छन्दोऽध्यापयेति" "अनयोः पवित्रं कुलमेनयोः प्रभूनं स्वमिति" अब अन्वादेशमें एन-आदेशका उदाहरण देते हैं। जैसे- (अनेन) इसने व्याकरण तो अध्ययन किया और अब (एनम)

इसकू वेद अध्ययन कराओ । (अनयोः) इन दोनोंका कुल पवित्र है और (एनयोः) इन दोनोंका विपुल धन है । यहां एक २ कार्य कर दूसरी वार्ता कही तब ए-आदेश हो गया, ऐसेही सर्वत्र जानो । एवम् । एनौ । एनान् । एनेन । एनयोः २ । इनकी साधनका सरलही है ॥

राजन्-(राजा) । राजन्+सु (सू० १९८ । २०० । २०१) राजा । हे राजन्+सु । इस अवस्थामें-॥

३०९ न डिसम्बुद्ध्योः । ८ । २ । ८ ॥

(न-निषेधार्थकः । डिसम्बुद्ध्योः-सप्तम्यः ॥) नस्य लोपो न स्यात् डौ सम्बुद्धौ च ॥

डि और सम्बुद्धि (संबोधन) का सु परे रहते नकारका लोप न हो । (सू० २००) से सुका लोप हो गया । हे राजन् ॥ डौ तु छन्दस्युदाहरणम् । परमे व्योमन् ॥ डि परे रहते नकारके लोपका निषेध वेदमें आता है, जैसे-व्योमन्+डि । यहां (सू० ३०९) से नलोपका निषेध होकर (सुपां सुलुक्पूर्वसवर्णाच्छेयाडाड्यायाजालः ।७।१।३९॥) इस वैदिकप्रक्रियाके सूत्रसे डिका लुक् हो गया तौ-। व्योमन् । ऐसा सिद्ध हो गया । और 'परमे' इस सप्तम्यन्तके साथ होनेसे ' व्योमन् ' सप्तम्यन्तही स्पष्ट है ॥

३१० (डावुत्तरपदे प्रतिषेधो वक्तव्यः) ॥

जिसके उत्तर (परे) पद हो ऐसे डिके परे होनेपर (सू०३०९) की विधिका निषेध है । ब्रह्मणि निष्ठा अस्य ब्रह्मनिष्ठः । ब्रह्मन्-डि-निष्ठः । मे डिसे ' निष्ठः ' यह पद परे है, अत एव 'सुपो धातुप्रातिपदिकयोः' इस सूत्रसे डिका लोप होकर नकारका लोप हुआ

१ 'परमे व्योमन्०' इत्यादि यह श्रुति उपनिषदकी है, इससे स्पष्टरूपसे ज्ञात होता है कि-वेद कहनेसे उपनिषदकाभी ग्रहण होता है, कारण कि-" डौ तु छन्दस्युदाहरण " लिखकर श्रीयुत भट्टोजीदीक्षितने उपनिषदका प्रमाण दिया है, इस कारण स्वामी दयानन्दसरस्वतीका यह कहना सर्वथा असत्य है कि उपनिषद् वेद नहीं ।

तौ–। ब्रह्मनिष्ठः। रूप सिद्ध हुआ (ब्रह्मन् निष्ठः। नहीं सिद्ध होता।) राजन्+औ (मू० १९८) राजानौ २ । राजानः । राजानम् । राजन्+शस् (मू० २७५)–राज्–न्+शस् (मू० ७७ । १५६) +राज्–ञ्+अस् (जञोर्ज्ञः) जकार और ञकारको मिलकर ज्ञ बन जाता है । राज्ञः । राज्ञा । राजन्+भ्याम् (मू० १८५ । २०१) से जब–राज+भ्याम्–ऐसा हो गया तब (मू० १६१) से जकारकू दीर्घकी प्राप्ति हुई–॥

३११ नलोपः सुप्स्वरसञ्ज्ञातुग्विधिषु कृति । ८ । २।२॥

(नलोपः–प्रथमा० । सुप्स्वरसञ्ज्ञातुग्विधिषु सप्त० । कृति–सप्तम्य० ॥) सुच्विधौ स्वरविधौ सञ्ज्ञाविधौ कृति तुग्विधौ च नलोपोऽसिद्धः । नान्यत्र राजाश्च इत्यादौ। इत्यसिद्धत्वादात्वमित्वमैस्त्वं च न ॥

सुप्-विधिमें स्वर-विधिमें संज्ञा-विधिमें और कृदन्त परे रहते तुक्-विधिमे नकारका लोप असिद्ध होता है । सुप्विधिमें दो प्रकारके समास होते है, जैसे–सुप्के परे रहते जो विधि और सुप्के स्थानमें जो विधि, सुपके परे रहते विधि–राज+भ्याम् । यहां सुप् परे रहते (मू० १६१) से जो दीर्घ प्राप्त है सो नलोप असिद्ध होनेसे दीर्घ नहीं होता । सुप्के स्थानमें विधि राज+भिस् । यहां (मू० १६२) से भिस्के स्थानमें ऐस् प्राप्त है सो नहीं होता । स्वर-विधिके उदाहरण कठिन होनेके कारण यहां नहीं लिखे, देखनेवालेको स्वरप्रक्रियामें देख लेने चाहिये । संज्ञाविधि–पंचन्+जस्–(मू० २०१) से नलोप होकरभी नलोपको असिद्ध मान (ष्णान्ता षट्) सूत्रसे षट्-संज्ञा होकर (मू० २०९) से जश्-शस्का

---

१ " जञोर्ज्ञः " " कषसयोगे क्ष " इसी २ शिक्षाओंके देखनेसे भलीभांति प्रकट होता है कि-(ज और ञ के संयोगसे) ज्ञ वर्ण, तथा (ककार-षकारके संयोगसे) क्ष वर्ण विपर्य्य हो जाता है, और स्वामी-दयानन्दके मतानुयायी जो (ज्ञ) इस प्रकारका उच्चारण करते है सो सर्वथा उनका भ्रम है, क्योंकि यदि जैसे दो अक्षर मिलकर उनका स्वरूप और उच्चारण जैसेका तैसाही रह जाता तो उक्त शिक्षा बनानेकी आवश्यकताही नहीं थी, क्योंकि ज्यों के त्यों तो वेद स्वयही होते है ।

लुक् होता है । कृत् परे रहते विधि-(ह्रस्वस्य पिति कृति तुक्) सूत्रसे समझो । पूर्वोक्त विधिको परित्याग करके अन्यत्र-राजन्+अश्वः (सू० २०१ । ५३) राजाश्वः-इत्यादिमें नकारका लोप असिद्ध नहीं होता, कारण कि-यहां सुप्-आदि कोईभी विधि नहीं है । इस सूत्रसे नकारके लोपके असिद्ध होनेसे (सू० १६१ । १६५ । १६२) करके आकार एकार और ऐस नहीं होता । राजभ्याम् ३ । राजभिः । राजन्+ङे (ए) (सू० २७५ । ७७)-राज्ञे । राजभ्यः २ । राज्ञः २ । राज्ञोः २ । राज्ञाम् । राजन्+ङि (इ) (सू० २७६ । ७७)-राज्ञि, राजनि । राजसु ॥ यज्वन्-(याज्ञिक) । यज्वन्+सु (सू० १९८ । २०० । २०१)-यज्वा । यज्वानौ २ । यज्वानः । यज्वानम् । यज्वन्+शस् (सू० २७५) से अल्लोप प्राप्त होनेपर-॥

३१२ न संयोगाद्वमन्तात् । ६ । ४ । १३७ ॥

(न निषेधार्थकम० षष्ठ्य० । संयोगात्-पञ्च० ।) वमन्तसंयोगात्परस्यानोऽकारस्य लोपो न ॥

वकारान्त वा मकारान्त-संयोगसे परे जो अन् उसके अकारका लोप नहीं होय । (सू० १५६ । १२५ । ११३) से । यज्वनः । यज्वना । यज्वन्+भ्याम् (सू० २०१) यज्वभ्याम् ३ । यज्वभिः । यज्वने । यज्वनः २ । यज्वनोः २ । यज्वनाम् । यज्वनि । यज्वसु । हे यज्वन् । (सू० ३१२) का सूत्र (सू० २७५ । २१६) काही बाधक है ॥ ब्रह्मन्+सु (सू० १९८ । २०० । २०१)-ब्रह्मा । ब्रह्मन्+औ (सू० १९८ । १५८) से । ब्रह्माणौ । ब्रह्माणः । शे परे यज्वन्-शब्दकी सदृश होते है ॥ वृत्रहन्-(इन्द्र) । वृत्रहन्+सु । यहां (सू० १९८) से दीर्घकी प्राप्ति होनेपर-॥

३१३ इनहनपूषार्य्यम्णां शौ । ६ । ४ । १२ ॥

(इनहनपूषार्य्यम्णां-षष्ठ्यन्तम् । शौ -सप्तम्यन्तम॥) एषां शावेवोपधायाः दीर्घो नान्यत्र । इति नियमे प्राप्ते ॥

इन्-हन्-पूषन्-अर्यमन्-इन शब्दोंकी उपधाको केवल शि परे

रहनेही दीर्घ हो अन्यत्र नहीं। इस सूत्रसे पूर्वोक्त उदाहरणमें दीर्घका निषेध प्राप्त भया तौ–॥

३१४ सौ च । ६ । ४ । ११ ॥

(सौ- सप्तम्यः । च-अ०प० ॥) इन्नादीनामुपधायाः दीर्घः स्यादसम्बुद्धौ सौ परे ॥

सम्बुद्धिभिन्न सु परे रहते इन् , हन् , पूषन् , अर्यमन् इन शब्दोंकी उपधाको दीर्घ हो। (सू०२००।२०१)–वृत्रहा। (सू०३०९) हे वृत्रहन्। वृत्रहन्+औ–॥

३१५ एकाजुत्तरपदे णः । ८ । ४ । १२ ॥

(एकाच् प्रथ० । उत्तरपदे स० । ण प्रथमा० ॥) एकाच् उत्तरपदे यस्य तस्मिन् समासे पूर्वपदस्थान्निमित्तात्परस्य प्रातिपदिकान्तनुम्विभक्तेस्थस्य नस्य णः स्यात् ॥

एक अच जिसके उत्तर (दूसरे) पद हो उस समासमें पूर्वपदमें स्थित रकार वा षकार हो उससे परे प्रातिपदिकान्तका वा नुम्का अथवा विभक्तिमें स्थित जो नकार उसको णकार हो जाय। पूर्वोक्त प्रयोगमें प्रातिपदिकान्तका नकार होनेसे णकार हो गया। वृत्रहणौ २। वृत्रहणः। वृत्रहणम्। वृत्रहन्+शस् (अ)स । ऐसी अवस्थामें–॥

३१६ हो हन्तेर्ञ्णिन्नेषु । ७ । ३ । ५४ ॥

(हः-षष्ठ्यः । हन्तेः षष्ठ्यः । ञ्णिन्नेषु सप्तम्यन्तम् ॥) ञिति णिति च प्रत्यये नकारे च परे हन्तेर्हकारस्य कुत्वम् ॥

ञित वा णित् प्रत्यय परे होय तौ वा नकार परे रहे तब हन्ति (हन) के हकारकू कुत्व (कवर्गादेश) हो जाय। वृत्रघन्+अस् (सू० १२५)–वृत्रघ्नः। वृत्रघ्ना। वृत्रहन+भ्याम् (सू०२०१) वृत्रहभ्याम् ३। वृत्रहभिः। वृत्रघ्ने। वृत्रहभ्यः २। वृत्रघ्नः २। वृत्रघ्नोः २। वृत्रघ्नाम्। वृत्रहन्+ङि (इ) सू०२७६।३१६) वृत्रघ्नि, वा (सू०३१५) वृत्रहणि। वृत्रहसु ॥ एवं–शार्ङ्गिन् , यशस्विन् , अर्य-

१ नादस्य घोषस्य संवारस्य महाप्राणस्य हस्य तादृशो वर्गचतुर्थः ।

मन्, पूषन् ॥ ऐसेही शार्ङ्गिन्-(विष्णु), यशस्विन्-(यशवान्), अर्य्यमन्-(सूर्य), पूषन्-(सूर्य), शब्दोंके रूप होते हैं ॥ मघवन्-(इंद्र) । मघवन्+सु । इस दशामें-॥

३१७ मघवा बहुलम् । ६ । ४ । १२८ ॥

(मघवा-प्रथमा० । बहुलम्-अ०प० ॥) मघवन्शब्दस्य वा तृ इत्यन्तादेशः । ऋ इत् ॥

मघवन्-शब्दकू विकल्प करकै 'तृ' यह अन्तकू आदेश हो । (मू०३४) से ऋकारकी इत्संज्ञा है । मघवत्+सु । इस अवस्थामें-॥

३१८ उगिदचां सर्वनामस्थानेऽधातोः । ७ । १ । ७० ॥

(उगिदचाम्-षष्ठ्य० । सर्वनामस्थाने-सप्त० । अधातोः-षष्ठ्य० ॥) अधातोरुगितो नलोपिनोऽञ्चतेश्च नुम् स्यात् सर्वनामस्थाने ॥

धातुसे भिन्न तौ उगित् (उ ऋ ऌ-जिसकी इत् हों) शब्दकू और जिसके नकारका लोप हो गया हो ऐसी अञ्च धातुकोभी नुम् (न्) का आगम हो सर्वनामस्थान परे रहते । पूर्वोक्त प्रयोगमें ऋ इत् होनेसे उगित हुआ तौ नुम् हो गया । मघवन्-त्+सु (मू० २००। २४ । २०१)-मघवान् । मघवन्+औ (मू०३१७।३१८) मघवन्तौ २ । मघवन्तः । मघवन्तम् । मघवतः । मघवता । मघवद्भ्याम् ३ । मघवद्भिः । मघवते । मघवद्भ्यः २ । मघवतः २ । मघवतोः२। मघवताम् । मघवति । मघवत्सु । हे मघवन् ॥ तृत्वाभाव सुटि राजवत् ॥ जिस पक्षमें तृ-आदेश नहीं होता उस पक्षमें सुसे लेकर औट् पर्यन्त तथा हलादि विभक्तिमें मघवन्के रूप राजन्-की समान होते है, जहां विशेष होता है सो अधो लिखते है-मघवन्+शस् ॥

३१९ श्वयुवमघोनामतद्धिते । ६ । ४ । १३३ ॥

(श्वयुवमघोनाम्-षष्ठ्यन्तम् । अतद्धिते-सप्तम्यन्तम् ॥) अन्नन्तानाम् भसञ्ज्ञकानामेषामतद्धिते परे सम्प्रसारण स्यात् ॥

अन् जिनके अन्तमें हो ऐसे भसंज्ञक श्वन्-(कुत्ता), युवन्-(त-

रुण), मघवन् (इन्द्र), इन शब्दोंको सम्प्रसारण हो, यदि तद्धित-का प्रत्यय परे न होय तो । मघ–उन्+अस् (सू० ३३) मघोनस् (सू० १२९।११३) मघोनः । मघोना । मघोने । मघोनः २ । मघोनोः २ । मघोनाम् । मघोनि । हे मघवन् ॥ एवं–श्वन् । इसी प्रकार श्वन्-शब्दके रूप होते है । और निम्न लिखित रूपोंके अतिरिक्त शेष रूप युवन्-केभी इवन्-की समान होते है । युवन्+शस् (सू० ३१९) से– । यु–उ–न्+अस् । इस दशामें (सू० ३१९) से यकारकूभी ' इ ' संप्रसारण प्राप्त है–॥

३२० न सम्प्रसारणे सम्प्रसारणम् । ६ । १ । ३७ ॥

(न-नि० म० पु० । सम्प्रसारणे-सप्त० । सम्प्रसारणम्-प्रथमा० ॥) सम्प्रसारणे परतः पूर्वस्य यणः सम्प्रसारणं न स्यात् । इति यकारस्य नेत्वम् । अतएव ज्ञापकादन्त्यस्य यणः पूर्वं सम्प्रसारणम् ॥

यदि सम्प्रसारण परे रहे तो पूर्वके यण्-कू सम्प्रसारण न हो । इस सूत्रके अनुसार यकारकू इकार नहीं होता, क्योंकि–संप्रसारण उकार परे है । यहां यह शंका नहीं हो सक्ती कि–प्रथम यकारकूही संप्रसारण करके पश्चात् वकारकू उकार-संप्रसारण कर लेंगे, कारण कि–इसी (३२०) सूत्रकेही विधानसे पहले अन्त्य यण्-कू सम्प्रसारण होता है अर्थात्–प्रथम ' य ' कू ' इ ' करनेसे (सू० ३२०) व्यर्थ हो जायगा । पूर्वोक्त उदाहरणमें (सू० ५३) से दीर्घ हो गया । यूनः । यूना । यूने । यूनः २ । यूनोः २। यूनाम । यूनि ॥ अर्वन्–(अश्व) । अर्वन्+सु (सू० २०० । १२८ । २०१)–अर्वा । हे अर्वन् । अर्वन्+औ–॥

३२१ अर्वणस्त्रसावनञः । ६।४।१२७ ॥

(अर्वणः-षष्ठ्य० । तृ-प्र० । त्रसौ-सप्त० । अनञः-षष्ठ्य० ॥) नञा रहितस्यार्वन्नित्यस्यागस्य तृ इत्यन्तादेशो नतु सौ परे । ऋ इत् ॥

नञ्समास भिन्न जो अर्वन्-शब्द अंग तिसको तृ यह अन्तादेश हो, सु परे रहते न हो । अर्वन्+औ (सू० ३१८) अर्वन्तौ २ ।

अर्वन्तः। अर्वन्तम्। अर्वतः। अर्वता। अर्वद्+भ्याम् (सू० ३२१। ८३)–अर्वद्भ्याम् ३। अर्वद्भिः। अर्वते। अर्वद्भ्यः २। अर्वतः २। अर्वतोः २। अर्वताम्। अर्वति। अर्वत्सु॥ अनञः किम्, अनर्वा यज्ञवत्॥ नञ्भिन्न कहनेसे अनर्वन्-शब्दके रूप यज्वन्-शब्दकी समान होते हैं॥ पथिन् (मार्ग)। पथिन्+सु। इस अवस्थामें–॥

३२२ पथिमथ्यृभुक्षामात्। १। ७। ८५॥

(पथिमथ्यृभुक्षाम्-षष्ठ्य०। आत्-प्रथमान्तम्॥) एषामाकारोऽन्तादेशः स्यात्सौ परे॥

पथिन् (मार्ग), मथिन् (मंथन करनेवाला), ऋभुक्षिन् (इंद्र), इन शब्दोंको आकार अन्तादेश हो सु-विभक्ति परे रहते। पथि–आ+सु। इस दशामें (सू० १९) से यण् प्राप्त था, उसका बाधक निम्न सूत्र प्रवृत्त होता है–॥

३२३ इतोऽत्सर्वनामस्थाने। ७। १। ८६॥

(इतः-षष्ठ्य०। अत्-प्रथमा०। सर्वनामस्थाने-सप्तम्य०॥) पथ्यादेरिकारस्याकारः स्यात्सर्वनामस्थाने॥

पथिन्, मथिन् और ऋभुक्षिन्-शब्दोंके इकारको अकार हो सर्वनामस्थान परे रहते। पथ–आ+सु। इस अवस्थामें–॥

३२४ थो न्थः। ७। १। ८७॥

(थः-षष्ठ्य०। न्थ्-प्रथमा०॥) पथिमथोस्थस्य न्थादेशः सर्वनामस्थाने परे॥

पथिन् और मथिन्-शब्दके थकारको न्थ् आदेश हो। पन्थाः। पथिन्+औ (सू० ३२३। ३२४) पन्थ्–अ–न्+औ (सू० ५३) से–पन्थानौ २। पन्थानः। पन्थानम्। पथिन्+शस् (अ) सु। यहां (सू० ४९) से इन्-मात्रकी टि-संज्ञा होकर–॥

३२५ भस्य टेर्लोपः। ७। १। ८८॥

(भस्य-षष्ठ्य०। टेः-षष्ठ्य०। लोपः-प्रथमा०॥) भस्य पथ्यादेष्टेर्लोपः स्यात्॥

भ-संज्ञक जो पथिन् मथिन् और ऋभुक्षिन् शब्द उनकी टि-का लोप हो। पथः। पथा। पथिन्+भ्याम् (सू० २०१)-पथिभ्याम् ३। पथिभिः। पथे। पथिभ्यः २। पथः२। पथोः २। पथाम्। पथि। पथिषु ॥ एवं मथिन् ऋभुक्षिन् ॥ इसी प्रकार माथिन् और ऋभुक्षिन्-शब्दोंके रूपभी जानो ॥ पञ्चन्शब्दो नित्यम्बहुवचनान्तः ॥ पञ्चन् (पांच) शब्द नित्यही बहुवचनान्त होता है। पञ्चन्+जस्। इस दशामें-॥

३२६ ष्णान्ता षट्। १। १। २४ ॥

(ष्णान्ता-प्रथमा० । षट्-प्रथमा० ॥) षान्ता नान्ता च सङ्ख्या षट्संज्ञा स्यात् ॥

संख्यावाची षकारान्त और नकारान्त-शब्दोंकी षट्-संज्ञा हो। पंचन्-शब्द नान्तसंख्यावाची होनेसे षट्-संज्ञक होकर (सू०२०९)सै जश्शस्-का लुक् हो गया, तदनन्तर (सू०२०१) से नकारका लोप हुआ। पञ्च २। पंचभिः। पंचभ्यः २। पंचन्+आम् (सू० २९४)-पञ्चन्+न्+आम्-॥

३२७ नोपधायाः। ६। ४। ७ ॥

(न-लु०प०प० । उपधायाः-षष्ठ्य० ।) नान्तस्योपधाया दीर्घो नामि॥

नाम् परे रहते नकारान्तकी उपधा (सू०१९७) को दीर्घ हो। पंचान्+नाम् (सू० २०१)-पंचानाम्। पंचसु ॥ एवं सप्तन्-नवन्दशन्प्रभृतयः ॥ इसी प्रकार सप्तन्-(सात), नवन्-(नौ), दशन्-(दश) इत्यादिक शब्दोंके रूप होते हैं ॥ अष्टन् (आठ) ॥

३२८ अष्टन आ विभक्तौ। ७। २। ८४ ॥

(अष्टनः-षष्ठ्य० । आ-प्रथमा० । विभक्तौ-सप्तम्यन्तम्) अष्टन आत्वं वा स्याद्धलादौ विभक्तौ परे ॥ [चोः कुः] सूत्रेण कवर्गः ।

यदि हलादि-विभक्ति परे हो तो आ असिद्ध है। (सू० १६६) हो॥

३ अष्टाभ्य औश्जसोः २। ऋत्विजः ४। ऋत्विजम्।

(अष्टाभ्यः-पच० । औश्-प्रथमा० ॥) कृताकारादष्टनः परयोर्जश्-शसोरौश् ॥

जिस अष्टन्-शब्दको पूर्वोक्त (सू० ३२८) सूत्रसे आकार कर-लिया हो उस अष्टन्-से परे जो जस् और शस् तिनको औश् (औ) आदेश हो ॥

अष्टभ्य इति वक्तव्ये कृतात्वनिर्देशो जश्शसोर्विषये आत्वं ज्ञापयति ॥

' अष्टभ्य औश् ' ऐसा कहनेमें ' अष्टाभ्यः ' यह दीर्घनिर्देश जस् और शस् परे रहतेभी आकारादेशको बोधन कराता है, अर्थात् यद्यपि जस तथा शस्के परे रहते आत्वकी प्राप्ति नहीं है तथापि सू-त्रकारने ' अष्टभ्यः ' ऐसा लाघव छोडकर ' अष्टाभ्यः ' ऐसा जो पढा अतएव ज्ञात होता है कि, जस्-शस् परे रहतेभी आत्व होता है । अष्टन्+जस् (सू०३२८।१३।६२९)–अष्टा+औ (सू० ३९)–अष्टौ २। अष्टाभिः । अष्टाभ्यः २। अष्टन्+आम् (सू०२९४।३२७ । २०१)–अष्टानाम । अष्टासु ॥ आत्वाभावे–अष्ट पंचवत् ॥ जहां आ-त्व नहीं होता उस पक्षमें अष्टन्-शब्दके रूप पंचन्-शब्दकी समान होते है ॥

३३० ऋत्विग्दधृक्स्रग्दिगुष्णिगञ्चुयुजिक्रुञ्चां च ।३।१।५९॥

(क्रुञ्चाम् (यहांतक) षष्ठ्यन्तम् । च अ०प० ॥) एभ्यः क्विन् स्यात् । अञ्चे: सुप्युपपदे, युजिक्रुञ्चोः केवलयोः; क्रुञ्चेर्नलोपाभावश्च निपात्यते । कनाविति ॥

ऋत्विज् (प्रति ऋतुमें यज्ञ करने वा करानेवाला), दधृक् (धार-णकर्ता), स्रज् (माला), दिक् (दिशा), उष्णिक् (छंद), अञ्चु (गत्यर्थ और पूजार्थ धातु), युजि (सम्मेलनार्थ धातु), क्रुंच् (अनादरार्थक), इनसे क्विन् संज्ञा होकर लुप्त होय । परन्तु अंचु-धातुसे परे सप्तम्यर्थ टिलोपः । ७ । १ । युजि और क्रुंच् यह दो धातु भस्य-षष्ठ्य० । टेः-षष्ठ्य० । लोपः-प्रथ० निपातन किया जाता है पः स्यात् ॥

कि कुञ्च्-धातुके नकारका लोप (सू० ३७७) न हो। क्विन-प्रत्ययके ककार-नकारकी (सू० १५६।३) से इत्संज्ञा है। ऋत्विज्+क्विन्-ऋत्विज्+वि । इस अवस्थामें (सू० ३४) से इकारकी इत्संज्ञा हो गई तौ । ऋत्विज्+व् । इस दशामें (सू० १९९) से वकारकी अपृक्त-संज्ञा हो गई । उसका फल—॥

३३१ वेरपृक्तस्य । ६ । १ । ६७ ॥

(वेः-षष्ठ्यन्तम् । अपृक्तस्य-षष्ठ्यन्त० ॥)अपृक्तस्य वस्य लोपः स्यात्॥

अपृक्त-संज्ञक जो वि अर्थात् इकारान्तसंज्ञक व उसका लोप हो । यदि सम्पूर्ण क्विन् लोप किया तौ, उसके करनेहीसे क्या फल हुआ सो दिखलाते हैं—॥

३३२ कृदतिङ् । ३ । १ । ९३ ॥

(कृत्-प्रथमा० । अतिङ्-प्रथमा० ॥) अत्र धात्वधिकारे तिङ्भिन्नः प्रत्ययः कृत्संज्ञः स्यात् ॥

(धातोः ३ । १ । ९१) इस सूत्रके अधिकारमें (अर्थात् तीसरे अध्यायकी समाप्ति पर्यन्त) जो तिङ्भिन्न प्रत्यय हैं उनकी कृत्-संज्ञा हो । क्विन-प्रत्यय द्वितीयाध्यायका होनेके कारण कृत् माना जाकर (सू० १३७) से कृदन्तकी प्रातिपदिक-संज्ञा होकर स्वादि-प्रत्यय आते हैं। ऋत्विज्+सु (सू० २००)-ऋत्विज् । इस अवस्थामें—॥

३३३ क्विन्प्रत्ययस्य कुः । ८ । २ । ६२॥

(क्विन्प्रत्ययस्य-षष्ठ्य० । कुः-प्रथमा० ॥) क्विन्प्रत्ययो यस्मात्तस्य कवर्गोन्तादेशः स्यात्पदान्ते । अस्यासिद्धत्वाच्चोः कुरिति कुत्वम् ॥

क्विन्-प्रत्यय जिस शब्दसे विहित हो उसको पदान्तमें कवर्ग अन्तादेश हो । पूर्वोक्तरूपमें ' चोः कुः ' सूत्र से कुत्व नहीं होता है, कारण कि यह सूत्र उसकी अपेक्षा असिद्ध है । (सू० १६६ । ८३) ऋत्विक्, ऋत्विग् । ऋत्विजौ २ । ऋत्विजः ३ । ऋत्विजम् ।

ऋत्विजा । ऋत्विग्भ्याम् ३ । ऋत्विग्भिः । ऋत्विजे। ऋत्विग्भ्यः २। ऋत्विजोः २ । ऋत्विक्षु ॥ युज्+सु–॥

३३४ युजेरसमासे । ७ । १ । ७१ ॥

(युजेः-षष्ठ्य० । असमासे-सप्तम्यन्तम् ॥) युजेः सर्वनामस्थाने नुम् स्यादसमासे । सुलोपः । संयोगान्तलोपः । कुत्वेन नस्य ङः ॥

यदि समास न हो तो सर्वनामस्थान परे रहते युज्-कू नुम् (न्) आगम हो । यु–न्–ज्+सु (सू०२००) से सुका लोप (सू०२४) से संयोगान्त जकारका लोप हो गया तब । युन् । इस दशामें–॥

३३५ चोः कुः ।८ । २ । ३० ॥

(चोः-षष्ठ्य०।कुः-प्रथमान्तम्॥) चवर्गस्य कवर्गः स्याज्झलि पदान्ते च॥

झल् परे रहते तथा पदान्तमें चवर्गकू कवर्ग हो । इस सूत्रसे नकारकू ङकार हुआ । युङ् ॥ अनुस्वारपरसवर्णौ ॥ युन्ज्+औ । यहां (सू० ९६ । ९७) से अनुस्वार और परसवर्ण ञकार होता है । युञ्जौ २ । युञ्जः । युञ्जम् । नुम् न होकर–। युजः । युजा । युग्भ्याम् ३ । युग्भिः । युजे । युग्भ्यः २ । युजः २ । युजोः २ । युजाम् । युजि । युज्+सु (सू०२३५।१७०)–॥ कषसंयोग क्षः ॥ युक्षु ॥ असमासे किम् । सुयुक्, सुयुग् ॥ (सू० ३३४) में असमास कहनेसे–सुयुज्+सु (सू० २०० । ३३५ । ८३ । १६६)–सुयुक्,(ग्) । यहां नुम् नहीं होता, क्योंकि, यहां सु-के साथ समास है । सुयुजौ २ । सुयुजः २ । सुयुजम् । शेष रूप युज्की समान जानो ॥ खञ् (पङ्कु) । खञ्ज्+सु (सू० २०० । २४) से ' सु ' और जकारका लोप हुआ । जब जकारकाही लोप हो गया तो (सू० ७७) से जो नकारकू ञकार हुआ था सोभी न रहा कारण कि– "निमित्तापाये नैमित्तिकस्याप्यपायः" अर्थात्–जब निमित्तका अभाव होता है तब नैमित्तिक (निमित्तके आश्रयीभूत कार्य) काभी अभाव हो जाता है । खन् । खञ्जौ । खन्ज्+भ्याम् (सू० २४) खन्भ्याम् । खन्सु । हे खन् ॥ राज्+सु–॥

३३६ ब्रश्चभ्रस्जसृजमृजयजराजभ्राजच्छशां षः।८।२।३६॥

(छशाम् (तक)षष्ठ्यन्तम् । षः प्रथमा० ॥) ब्रश्चादीनां सप्तानां छशान्तयोश्च षकारोऽन्तादेशः स्याज्झलि पदान्ते च । जश्त्वचर्त्वे ॥

ब्रश्च १ भ्रस्ज २ सृज ३ मृज ४ यज ५ राज ६ भ्राज ७ सात तौ इन पूर्वोक्त शब्दोंकू और छकारान्त वा शकारान्त शब्दोंकू षकार अन्तादेश हो झल् परे रहते और पदान्तमें, उस षकारकू (मू० १६६ । ८३) से जश् और चर् हो । राष्+सु (मू० २००) राट्, ड् । राजौ २ । राजः । राज्+भ्याम् (मू० ३३६ । ८३), राड्भ्याम् । राज्+सुप् (मू० ३३६ । ८३ । १०३)–राट्त्सु, राट्सु ॥ एवं विभ्राट् । देवेट् । विश्वसृट् ॥ इसी प्रकार–विभ्राट् (विशेष शोभित), देवेट (देवप्रीत्यर्थ यज्ञ करनेवाला), विश्वसृट् (विधाता)–शब्दके रूप होते है ॥ परि–व्रज्–॥

३३७ (परौ व्रजेः षः पदान्ते) ॥

परावुपपदे व्रजेः क्विप् स्यात् दीर्घश्च पदान्तविषये षत्वं च । सर्वं परित्यज्य व्रजतीति परिव्राट् ॥

व्रज–(गतौ) धातुसे परि-उपपद (प्रथम) हो तो क्विप्-प्रत्यय और दीर्घ हो तथा पदान्त-विषयमें षत्वभी हो । क्विपका पूर्ववत् सर्वापहारी लोप होता है । जो सम्पूर्णकू परित्याग कर चला जाय सोह, परिव्राट्–(संन्यासी) । परिव्राष्+सु (मू०२०० । १६६ । ८३) परिव्राट्-ड् । परिव्राजौ । परिव्राजः । परिव्राज्+भ्याम् (मू० ३३७। ८३)–परिव्राड्भ्याम् । परिव्राट्त्सु, परिव्राट्सु ॥ विश्व–राज्+सु (मू० २०० । १६६ । ८३) विश्व–राट् (ड्)–इस अवस्थामें–॥

३३८ विश्वस्य वसुराटोः । ६ । ३ । १२८ ॥

(विश्वस्य-षष्ठ्य० । वसुराटोः–सप्तम्य० ॥) विश्वशब्दस्य दीर्घः स्याद्वसौ राट्शब्दे च परे । राडिति पदान्तोपलक्षणम् ॥

विश्व-शब्दको दीर्घ हो वसु और राट्-शब्दके परे रहनेपर । सूत्रमें

कू क्रमसे युव और आव-आदेश हों विभक्ति परे रहते। युव+अद्+औ। आव+अद्+औ (मू० ३४३) युव+औ। आव+औ—॥

३४५ प्रथमायाश्च द्विवचने भाषायाम्। ७। २। ८८॥

(प्रथमायाः-षष्ठ्य० । च-अ० प० । द्विवचने-सप्त० । भाषायाम्-सप्त० ॥) औङ्येत्ययोरात्व लोके ॥

औङ् परे रहते युष्मद् और अस्मद्-शब्दकू आकार हो लोकमें, अर्थात् वेदमें न हो। (मू०३४१।३३) युवाम् २। आवाम् २। युष्मद्+जस्। अस्मद्+जस् (मू०३४१)—युष्मद्+अम्। अस्मद्+अम्—॥

३४६ यूयवयौ जसि। ७। २। ९३॥

(यूयवयौ-प्रथमा० । जसि-सप्तम्य० ॥) अनयोर्मपर्यन्तस्य यूयवयौ स्तो जसि ॥

जस परे रहते युष्मद् और अस्मद्-शब्दके मपर्यन्त-भागकू क्रमसे यूय और वय हों (मू० ३४३) यूयम्। वयम्। युष्मद्+अम्। अस्मद्+अम्। इस दशामें—॥

३४७ त्वमावेकवचने। ७। २। ९७॥

(त्वमौ-प्रथमा० । एकवचने-सप्त० ॥) एकस्योक्तावनयोर्मपर्यन्तस्य त्वमौ स्तो विभक्तौ ॥

एकके वाची युष्मद्-अस्मद्-के मपर्यन्त-भागको त्व और म यह आदेश क्रमसे हो विभक्ति परे रहते । (मू० ३४१) त्व+अम । अह+अम । ऐसी अवस्थामें—॥

३४८ द्वितीयायाश्च। ७। २। ८७॥

(द्वितीयायाम्-सप्त० । च-अ० प० ॥) अनयोरात्स्यात् ॥

द्वितीया-विभक्ति परे रहतेभी युष्मद् और अस्मद्-शब्दकू आकार होय । त्वाम् । माम् । युष्मद्+शस् । अस्मद्-शस्—(मू०१।१६)॥

३४९ शसो न। ७। १। २८॥

(शसः षष्ठ्य० । न-निर्विभक्तिकं पदम् ॥) आभ्यां शसो नः स्यादमोपवादः ॥

युष्मद् और अस्मद्-शब्दोंसे परे जो शस् तिसे न-आदेश हो । यह सूत्र अम् (सू०३४१) का अपवाद है। (सू०८९)–युष्मद्+नस् । अस्मद्+नस् (सू० २४।३४३।३४८) युष्मान् । अस्मान् ॥ युष्मद्+(टा) आ । अस्मद्+(टा) आ–॥

३५० योऽचि । ७ । २ । ८९ ॥

(यः–प्रथमा० । अचि–सप्तम्य० ॥) अनयोर्यकारादेशः स्यादनादेशेऽजादौ परतः ॥

जिसको कोई आदेश न हुआ हो ऐसी अजादि-विभक्ति परे रहते युष्मद्-अस्मद्-शब्दकू यकार-आदेश हो । (सू० ३४७)–त्व-अ-य+आ । म-अ-य+आ (सू० ३०२।३३)–त्वया । मया । युष्मद्+भ्याम् । अस्मद्+भ्याम् । (सू० ३४४) युव–अद्+भ्याम् । आव-अद्+भ्याम । इस प्रकार होनेपर–॥

३५१ युष्मदस्मदोरनादेशे । ७ । २ । ८६ ॥

(युष्मदस्मदोः–षष्ठ्य० । अनादेशे–सप्त० ॥) अनयोर्यकारः स्यादनादेशे हलादौ विभक्तौ ॥

अनादेश अर्थात्–जिसको कोई आदेश न हुआ हो ऐसी हलादि-विभक्ति परे रहते युष्मद्-अस्मद्-शब्दको आकार हो । यहां अन्त्य-दकारकू आकार होकर (सू० ३३)–से । युवाभ्याम् ३ । आवाभ्याम् ३ । युष्माभिः । अस्माभिः । युष्मद्+ङे । अस्मद्+ङे ॥

३५२ तुभ्यमह्यौ ङयि । ७ । २ । ९५ ॥

(तुभ्यमह्यौ–प्रथमा० । ङयि– सप्तम्य० ॥) अनयोर्मपर्यन्तस्य तुभ्यमह्यौ स्तो ङयि ॥

ङे परे रहते युष्मद्-अस्मद्-शब्दोंके मपर्यन्त-भागको क्रमसे तुभ्य और मह्य-आदेश हों । तदनन्तर (सू०३४१ । ३४३) का कार्य होय । तुभ्यम् । मह्यम् । युष्मद्+भ्यस् । अस्मद्+भ्यस्–॥

३५३ भ्यसोऽभ्यम् । ७ । १ । ३० ॥

(भ्यसः-षष्ठ्यः । अभ्यम्-प्रथमा० ॥) आभ्याम्परस्य भ्यसोऽभ्यमादेशः स्यात् ॥

युष्मद्-अस्मद्-शब्दोंसे परे भ्यस्-कू अभ्यम्-आदेश हो । (मू० ३४३) युष्मभ्यम् । अस्मभ्यम् । युष्मद्+ङसि । अस्मद्+ङसि (मू० ३४७ । ३४३)-त्व+ङसि । म+ङसि । फिर-॥

३५४ एकवचनस्य च । ७ । १ । ३२ ॥

(एकवचनस्य-षष्ठ्यः । च-अव्य० ॥) आभ्यां ङसेरत् स्यात् ॥

युष्मद् और अस्मद्-शब्दके परे जो ङसि उसके स्थानमें अत् होय । त्व+अत् । म+अत् (मू०३०२)-त्वत् । मत् । युष्मद्+भ्यस् । अस्मद्+भ्यस् । यहां अद्-भागका लोप होकर-॥

३५५ पञ्चम्या अत् । ७ । १ । ३१ ॥

(पञ्चम्याः-षष्ठ्यः । अत्-प्रथमा०॥) आभ्यांपंचम्या भ्यसोऽत्स्यात्॥

यदि युष्मद् और अस्मद्-शब्दसे परे पंचमी-विभक्तिका प्रत्यय भ्यस् होय तौ उसको अत् हो जाय । युष्मत् । अस्मत् । युष्मद्+ङस् । अस्मद्+ङस् । इस अवस्थामें-॥

३६६ तवममौ ङसि । ७ । २ । ९६ ॥

(तवममौ-प्रथमा० । ङसि-सप्तम्य० ॥) अनयोर्मपर्यन्तस्य तवममौ स्तो ङसि ॥

ङस् परे रहते युष्मद्-अस्मद्-के मपर्यन्त-भागको क्रमसे तव और मम-आदेश हों । और अद्-भागका लोप होकर । तव्+ङस् । मम्+ङस् । ऐसी सिद्धि होने पर-॥

३६७ युष्मदस्मद्भ्यां ङसोऽश् । ७ । १ । २७ ॥

(युष्मदस्मद्भ्याम्-पञ्च० । ङसः-षष्ठ्यः । अश्-प्रथमा० ॥)

युष्मद्-अस्मद्-शब्दसे परे जो ङस उसको अश्-आदेश हो । (मू० ५८) तव्+अश् । मम्+अश (मू० ३ । ५) तव । मम ।

३६६ यहांसे मूलाक अशमें लगे है, द्वितीयावृत्तिमें ठीक हो जायेंगे ।

युष्मद्+ओस् । अस्मद्+ओस् (मू० ३४४ । ३५०) युवयोः २ । आवयोः २ । युष्मद्+आम् । अस्मद्+आम् (मू० ३४३) युष्म+आम् । अस्म+आम् । इस अवस्थामें—॥

३६८ साम आकम् । ७ । १ ३३ ॥

(सामः-षष्ठ्यः । आकम्-प्रथमा० ॥) आभ्यामपरस्य साम आक स्यात् । भाविनः सुटो निवृत्त्यर्थं ससुट्कनिर्देशः ॥

युष्मद् और अस्मद्-शब्दसे परे जो साम् अर्थात् विद्यमान जो आम् और भविष्यत् जो सुट् उसके स्थानमें आकम्-आदेश हो । यहां भविष्यत्-सुट्की निवृत्ति करनेके अर्थ सुट्-सहित आम्-का निर्देश किया है । तदनन्तर (मू० ५३) से दीर्घ हो जाय । युष्माकम् । अस्माकम् । युष्मद्+ङि (इ) । अस्मद्+ङि (इ) (मू० ३४७ । ३५०)—त्वयि । मयि । युष्मद्+सु । अस्मद्+सु (मू० ३५१।५३) युष्मासु । अस्मासु । जो इन दो शब्दोंमें विशेषता है उसको निम्न लिखित चार सूत्रोंसे स्पष्ट लिखते हैं—॥

३६९ युष्मदस्मदोः षष्ठीचतुर्थीद्वितीयास्थयोर्वान्नावौ । ८। १ । २० ॥

(युष्मदस्मदोः-षष्ठ्यः । षष्ठीचतुर्थीद्वितीयास्थयोः-षष्ठ्यः । वान्नावौ-प्रथमान्तम् ॥) पदात्परयोरषादौ स्थितयोः षष्ठ्यादिविशिष्टयोरनयोर्वा नौ इत्यादेशौ स्तः ॥

जो षष्ठी-चतुर्थी-द्वितीयासे युक्त युष्मद् और अस्मद्-शब्द पदसे तो पर हों और पाद (श्लोकके चरण) की आदिमें न हों तो उनको

---

१ युष्मद्+आम् । अस्मद्+आम् । यहां 'डेर्यः लोपः ' से अन्त्यवर्णका लोप करने-पर 'आमि सर्वनाम्नः सुट्' इस सूत्रसे सुट्की प्राप्ति हो कारण कि अब आम् अदन्तसे परेकी है, यदि सुट्का आगमभी मान लिया जाय तभी आकम् हो जाता है । और 'डेर्यः लोपः ' सूत्रमें दो पक्ष हैं-एकमें तो ङि-का लोप माना है, दूसरेमें आदेशसे शे-षका लोप माना है, पूर्वपक्षमें तो सुट्की प्राप्तिही नहीं है, परन्तु सुकुमारमति-विद्यार-सिकोंका दूसरा पक्ष ग्रहण करनेमें सुगमता रहेगी और सुट्-सहित निर्देशकी शंकाभी सहजमेंही निवृत्त हो जायगी । 'ब्रजरत्नभट्टाचार्य '

क्रमसे **वाम्** और **नौ** यह आदेश हो जांय । निम्न लिखित तीन सूत्रोंसे बाधित होकर यह सूत्र केवल द्विवचनमेंही लगता है ॥

३७० बहुवचनस्य वस्नसौ । ८ । १ । २१ ॥

(बहुवचनस्य-षष्ठ्य० । वस्नसौ-प्रथमा० ॥) उक्तविधयोरनयोः षष्ठ्यादिबहुवचनान्तयोर्वस्नसौ स्तः ॥

पदसे परे अपादादिमें स्थित षष्ठी-चतुर्थी-द्वितीयाके बहुवचन-सहित युष्मद्-अस्मद्-कू क्रमसे वस् (वः) और नस् (नः) आदेश हों ॥

३७१ तेमयावेकवचनस्य । ८ । १ । २२ ॥

(तेमयौ-प्रथमा० । एकवचनस्य-षष्ठ्यन्तम् ॥) उक्तविधयोरनयोः षष्ठीचतुर्थ्येकवचनान्तयोस्तेमे एतौ स्तः ॥

पूर्वोक्तविधिमें षष्ठी-चतुर्थी-के एकवचनान्त युष्मद्-अस्मद्-शब्दकू क्रमसे त और मे आदेश हों-॥

३७२ त्वामौ द्वितीयायाः । ८ । १ । २३ ॥

(त्वामौ-प्रथमा० । द्वितीयायाः-षष्ठ्यन्तम् ॥) उक्तविधयोः द्वितीयैकवचनान्तयोस्त्वामा इत्यादेशौ स्तः ॥

पूर्वोक्तविषयमें द्वितीया-विभक्तिके एकवचन-सहित युष्मद्-अस्मद्-शब्दको क्रमसे त्वा और मा आदेश हों,-॥

वचन	द्वितीया	आदेश	चतुर्थी	आदेश	षष्ठी	आदेश
एकवचन.	त्वाम्	त्वा	तुभ्यम्	ते	तव	ते
द्विवचन.	युवाम्	वाम्	युवाभ्याम्	वाम्	युवयोः	वाम्
बहुवचन.	युष्मान्	व	युष्मभ्यम्	व	युष्माकम्	व

वचन	द्वितीया	आदेश	चतुर्थी	आदेश	षष्ठी	आदेश
एकवचन.	माम्	मा	मह्यम्	मे	मम	मे
द्विवचन.	आवाम्	नौ	आवाभ्याम्	नौ	आवयोः	नौ
बहुवचन.	अस्मान्	नः	अस्मभ्यम्	नः	अस्माकम्	नः

श्रीशस्त्वाऽवतु मामीह, दत्तात्ते मेऽपि शर्म सः।
स्वामी ते मेऽपि स हरिः, पातु वामापि नौ विभुः ॥ १ ॥
सुखं वां नौ ददात्वीशः, पतिर्वामपि नौ हरिः।
सोऽव्याद्वो नः शिवं वो नो,दद्यात्सेव्योऽत्र वः स नः ॥ २ ॥

श्रीशः-लक्ष्मीपती **त्वा** (त्वाम्) तुझको **मा** (माम्)-मुझको **अपि**-भी **इह**-इस संसारमें **अवतु**-रक्षा करें। **सः**-वोही परमेश्वर **ते**-(तुभ्यम्) तेरे अर्थ **मे**-(मह्यम्) मेरे अर्थभी **शर्म**-कल्याण **दत्तात्**-देवें। **सः-हरिः**-वोह भगवान **ते**-(तव) तेरा **मे**-(मम) **अपि**-मेराभी **स्वामी**-स्वामी है, **विभुः**-सर्वव्यापक नारायण **वाम्**-(युवाम्) तुम दोनोंको **नौ**-(आवाम्) **अपि**-हम दोनोंकोभी **पातु**-पालन करें ॥ १ ॥ **ईशः**-ईश्वर **वाम्**-(युवाभ्याम्) तुम दोनोंके अर्थ **नौ** (आवाभ्याम्) हम दोनोंके अर्थ **सुखम्**-सुख **ददातु**-देवें, **हरिः**-परमात्मा **वाम्**-(युवयोः) तुम दोनोंका **नौ**-(आवयोः) हम दोनोंकाभी **पतिः**-स्वामी है। **सः**-वोही **वः**-(युष्मान्) तुमको **नः**-(अस्मान्) हमको **अव्यात्**-पालन करे, **वः**-(युष्मभ्यम्) तुह्मारे निमित्त **नः**-(अस्मभ्यम्) हमारे निमित्त **शिवम्**-कल्याण **दद्यात्**-दे, **सः**-वोही परमेश्वर **वः**-(युष्माकम्) तुह्मारे **नः**-(अस्माकम्) हमारे **सेव्यः**-सेवन करने योग्य है ॥ २ ॥ इति ॥ पदान्त परयोः किम् ॥ पदसे परे कहनेके कारण ' त्वाम्पातु ' इत्यादिमें उक्त आदेश नहीं होता ॥ अपादादौ किम् ॥ पादकी आदिमें न हों, ऐसा कहनेसे ' अस्मान् कृष्णः सर्वदावतु ' यहां पादकी आदिमें आदेश न हो जाय ॥

३७३ (एकतिङ् वाक्यम्) ॥

जिसमें एक तिङ् अर्थात् एकही क्रिया हो उसको वाक्य कहते हैं। इसका फल-॥

३७४ (एकवाक्ये युष्मदस्मदादेशा वक्तव्याः) ॥

युष्मद्-अस्मद्-शब्दोंको जो आदेश उक्त चार सूत्रोंसे कहे हैं

वोह आदेश एकवाक्यमेंही हों अर्थात् जहां एकही क्रिया हो तहां आदेश हों । जैसे–शालीनां ते ओदनं दास्यामि ॥ चावलोंका भात मैं (ते) तुझको दूंगा, यहां ' दास्यामि ' इस एक क्रियाके होनेसे ' ते ' आदेश हो गया ॥ तेन ॥ ' एकतिङ् ' कहनेसे यहां नहीं होता ' ओदनं पच तव ष्यति ' क्योंकि यहां ' पच ' और ' भविष्यति ' यह दो क्रिया ६ ॥

३७५ (एते वान्नावादय आदेशा अनन्वादेशे वा वक्तव्याः)। अन्वादेशे तु नित्यं स्युः ॥

यह वाम् और नौ-आदि आदेश अनन्वादेशमें विकल्प करके हों । और अन्वादेश (सू० ३०८) में तो नित्यही होय । " धाता ते भक्तोऽस्ति, धाता तव भक्तोऽस्ति वा " यहां अन्वादेश न होनेसे तव-कू ते-आदेश विकल्पसे हुआ और ' तस्मै ते नमः ' अर्थात्-धाता जिसका भक्त है उसी तुझको नमस्कार है, यहां अन्वादेशमें तुभ्यं-कू ते-आदेश नित्यही हुआ ॥

सुपाद् (सुन्दर चरणवाला) । सुपाद्+सु (सू० २००।१६६)–सुपात् (द्) । सुपादौ २ । सुपादः । सुपादम् । सुपाद्+श (अ) स्–॥

३७६ पादः पत् । ६ । ४ । १३० ॥

(पादः पच्च० । पत्–प्रथमा० ॥)पाच्छब्दान्त यदंग भ तदवयवस्य पाच्छब्दस्य पदादेशः ॥

पाद्-शब्द जिसके अन्तमें हो ऐसा जो भ-संज्ञक अंग उसके अवयव पाद्-शब्दकू पद्-आदेश हो । सुपदः । सुपदा । सुपाद्भ्याम् ३ । सुपाद्भिः । सुपदे । सुपाद्भ्यः २ । सुपदः २ । सुपदोः २ । सुपदाम् । सुपदि । सुपात्सु ॥

अग्रिमथ् (मंथनकर अग्निका निकालनेवाला) । अग्रिमथ्+सु । (सू० २००।८३।१६६) अग्रिमत्–दू । अग्रिमथौ २ । अग्रिमथः २ ।

अग्निमथम् । अग्निमथा । अग्निमथ्+भ्याम् (सू० ८३) अग्निमद्भ्याम् ३ । अग्निमद्भिः । अग्निमथे । अग्निमद्भ्यः २ । अग्निमथः २ । अग्निमथोः २ । अग्निमथाम् । अग्निमाथे । अग्निमत्सु ॥

३७७ अनिदितां हल उपधायाः क्ङिति । ६ । ४ । २४॥

(अनिदिताम्-षष्ठ्यः । हलः षष्ठ्यः । उपधायाः ष० । क्ङिति-सप्त० ॥) हलन्तानामनिदितामगानामुपधाया नस्य लोपः क्ङिति ङिति । नुम् । संयोगान्तलोपः । नस्य कुत्वेन ङः ॥

जिसके नकारकी इत्संज्ञा न होती हो ऐसा जो हलन्त-अंग उसकी उपधाके नकारका लोप हो कित् वा ङित्-प्रत्यय परे रहते । प्राञ्च् (पूर्वदिशा) यहां प्र-पूर्वक अञ्चु-धातुसे (सू०३३०) करके जो क्विन्-प्रत्यय होकर लोप हो जाता है, उस लुप्त क्विन्-को कित् परे मानकर अञ्चुमें जिस नकारको चकार परे रहते (सू०७७) से अकार हो रहा है उसी नकारका लोप हो गया । प्राच्+सु । इस दशामें (सू०३१८) से नुम हुआ । प्रान्च्+सु–(सू० २००।२४) प्रान् । इस अवस्थामें (सू० ३३३) नकारके ङ-कार हुआ तौ । प्राङ् । प्राञ्चौ २ । प्राञ्चः । प्राञ्चम् । प्रच्+अ (अ) स् ॥

३७८ अचः । ६ । ४ । १३८ ॥

(षष्ठ्यन्तम् ॥) लुप्तनकारस्याञ्चतेर्भस्याकारस्य लोपः ॥

जिसके नकारका लोप हो गया हो ऐसे अंचु-धातुके भ-संज्ञक अकारका लोप हो । प्र–च्+अस् । फिर–॥

३७९ चौ । ६ । ३ । १३८ ॥

(सप्तम्यन्तम् ॥) लुप्तनकाराकारेऽञ्चतौ परे पूर्वस्याणो दीर्घः स्यात् ॥

जिसके नकार और अकारका लोप हो गया हो ऐसे अञ्चु-धातुके परे रहते पूर्ववर्ती अण्-को दीर्घ हो । इससे 'प्र' के अकारको

---

१ यद्यपि 'प्राच्' इस प्रयोगमें प्रथम अकारका लोप किया, फिर दीर्घ किया अतः अकारका लोप व्यर्थसा ज्ञात होता है, परन्तु 'अति-पच शस्' इस अवस्थामें अकारका लोप होकर पूर्व अण् अर्थात् तकारोत्तरवर्ती इकारको दीर्घ कर 'प्रतीचः' ऐसा रूप सिद्ध

पुनः दीर्घ हो गया । प्राचः । प्राचा । प्राच्+भ्याम् (सू०३३५।८३) प्राग्भ्याम् ३ । प्राग्भिः । प्राचे । प्राग्भ्यः २। प्राचः २ । प्राचोः२। प्राचाम् । प्राचि । प्राच्+सु (सू० ३३५ । ८३ । १७०) प्राक्षु ॥ प्रत्यञ्च् (सर्वमें गमन कर्त्ता) । प्रत्यञ्च्+सु (सू०३७७ । ३१८। २०० । २४ । ३३३ से) प्रत्यङ् । प्रत्यञ्च्+शस् (सू० ३७७ । ३७८ । ३७२ से) प्रतीचः । प्रत्यच्+भ्याम् (सू० ३३५ । २३) प्रत्यग्भ्याम् । प्रत्यक्षु । इसी प्रकार–उदङ् । उदञ्चौ २ । उदञ्चः । उदञ्च्+शस् । (सू०३७७) से । उदच्+अस् । इस अवस्थामें–॥

३८० उद ईत् । ६ । ४ । १३९ ॥

(उदः-पञ्च० । ईत्–प्रथमा० ॥) उच्चारणात्परस्य लुप्तनकारस्याञ्चतेर्भस्याकारस्य ईत् ॥

उद्-उपसर्गसे परे जिसके नकारका लोप हो गया हो ऐसे अंचु-धातुके भ-संज्ञक अकारको ईकार हो । उदीचः । उदीचा । उदग्भ्याम् । उदक्षु ॥ सम-अञ्च्+क्विन् । क्विन्का सर्वापहारी लोप हो गया । सम्-अञ्च् । इस अवस्थामें–॥

३८१ समः समि । ६ । ३ । ९३ ॥

(समः-पञ्चम्य० । समि–इति निर्विभक्तिकम्॥) अप्रत्ययान्तेऽञ्चतौ परे॥

जिसके अन्तमें प्रत्यय न हो ऐसे अञ्चु-धातुके परे रहते सम्-को समि-आदेश हो । इस सूत्रसे समि-आदेश होकर (सू० १९ से) ण् हो गया तो पूर्ववत् साधुत्व होकर–। सम्यङ् । सम्यच्+शस् (सू०३७७ । ३७८ । ३७२ से) समीचः । सम्यग्भ्याम् । सम्यक्षु ॥ सह+अञ्चु । यहां–॥

३८२ सहस्य सध्रिः । ६ । ३ । ९५ ॥

(सहस्य-षष्ठ्य० । सध्रिः-प्रथमा० ॥) अप्रत्ययान्तेऽञ्चौ परे ॥

हाता है । अतः अकारलोपका व्यर्थ समझनाही व्यर्थ है. और विद्यार्थिमहाशयोंको ऐसेही प्रयोगोंमें उक्त दो सूत्रोंकी चरितार्थता स्पष्ट रूपसे ध्यानमें आवेगी ।

जिसके अन्तमें प्रत्यय न हो ऐसे अञ्चु-धातुके परे रहते सह-कू सध्रि-आदेश हो। इस सूत्रसे सध्रि-आदेश होकर (सू० १९) से यण् होता है, और पूर्वकी समान साधन है। सध्यङ्। सध्रीचः। सध्यग्भ्याम्। सध्यक्षु॥ तिरस्-अञ्चु। यहां—॥

३८३ तिरसस्तिर्यलोपे। ६। ३। ९४॥

(तिरसः। तिर्यलोपे सप्तः॥) अलुप्ताकारेऽचौ वप्रत्ययान्ते परे तिरसस्तिर्यादेशः॥

जिसके अकारका लोप न हुआ हो और जिसके अन्तमें कोई प्रत्यय न हो ऐसे अञ्चु-धातुके परे रहते तिरस्-को तिरि-आदेश हो। (सू० १९) से यण और साधुत्व पहलेकी समान जानो। तिर्यङ्। इत्यादिः॥ प्र-अञ्च=प्राञ्च्+सु। इस अवस्थामें—॥

३८४ नाञ्चेः पूजायाम्। ६। ४। ३०॥

(न। नि० मः पः। अञ्चेः पञ्चः। पूजायाम् सप्तम्यः॥) पूजार्थाच्चेतमधाया नस्य लोपो न॥

पूजा-अर्थवाले अञ्चु-धातुकी उपधाके नकारका लोप न हो। तो (सू० २००। २४) से-प्रान्-(सू० ३३३) प्राङ्। प्राञ्चौ २। प्राञ्चः। प्राञ्चम्। नलोपाभावादलोपो न। प्रान+शस्। इस अवस्थामें नकारका लोप न होनेके कारण 'अचः' से अकारका लोप-भी नहीं होता। प्राञ्चः। प्राञ्चा। प्राञ्च्+भ्याम् (सू० २४। ३३३) प्राङ्भ्याम् ३। प्राङ्भिः। प्राञ्चे। प्राङ्भ्यः २। प्राञ्चः २। प्राञ्चोः २। प्राञ्चाम्। प्राञ्चि। प्राञ्च्+सु (सू० २४।३३३।१७०) से-प्राङ्+षु, (सू० १०५) प्राङ्क्षु, प्राङ्क्षु॥ एवं पूजार्थे प्रत्यङ्-आदिकाः॥ इसी प्रकार पूजा-अर्थमें प्रत्यङ्-आदिके रूप होते हैं॥ कुञ्च्+सु-(सू० २००। २४। ३३३) कुङ्। कुञ्चौ। कुञ्चः। कुञ्चाम्। कुङ्क्षु, कुङ्क्षु। सरलताके हेतु सब रूप नहीं लिखे॥ पयोमुच् (मेघ)। पयोमुच्+सु (सू० २००। ३३५। १६६। ८३) पयोमुक्। पयोमुचौ २। पयोमुचः। पयोमुग्भ्याम्। पयो-

मुधु ॥ महत् (बडा) । महत्+सु (सू० ३१८) मह्-न्-त्+सु । इस दशामें—॥

३८५ सान्तमहतः संयोगस्य । ६ । ४ । १४ ॥

(सान्तमहतः-षष्ठ्य० । संयोगस्य-षष्ठ्य० ॥) सान्तसंयोगस्य महतश्च यो नकारस्तस्योपधाया दीर्घोऽसम्बुद्धौ सर्वनामस्थाने ॥

सकारान्त-संयोग और महत्-शब्दका जो नकार उसकी उपधाको दीर्घ हो सम्बुद्धिभिन्न सर्वनामस्थान परे रहते । महान्-त्+सु-(सू०२००।२४) महान् । महान्तौ २ । महान्तः । हे महन् । महान्तम् । महतः । महता । महत्+भ्याम्-(सू० ८३) महद्भ्याम् २ । महद्भिः । महते । महद्भ्यः २ । महतः २ । महतोः २ । महताम् । महति । महत्सु ॥ धी-से मतुप्-प्रत्यय होकर धीमत्-शब्द सिद्ध होता है । धीमत्+सु—॥

३८६ अत्वसन्तस्य चाऽधातोः । ६ । ४ । १४ ॥

(अत्वसन्तस्य-षष्ठ्य० । च-अव्यय० । अधातोः-षष्ठ्यन्तम् ॥) अत्वन्तस्योपधाया दीर्घो धातुभिन्नासन्तस्य चासम्बुद्धौ सौ परे ॥

अतु जिसके अंतमें हो उसकी उपधाको और धातुको छोडकर असन्तको दीर्घ हो असम्बुद्धि-सु परे रहते । धीमान्+सु-(सू० ३१८ । २००।२४) धीमान् । धीमत्+औ (सू०३१८) धीमन्तौ २। धीमन्तः २ । हे धीमन् ॥ शसादौ महद्वत् ॥ शसादि-विभक्तिमें महत्-शब्दकी समान रूप होते है ॥ भांतर्डवतुः । डित्त्वसामर्थ्यादभस्यापि टेर्लोपः॥ 'भा दीप्तौ' धातुसे डवतु-प्रत्यय होता है । यद्यपि डवतु परे रहते भ-संज्ञा नहीं है, तथापि डवतुमें जो डकारकी इत्संज्ञा की है इस डित्त्वसामर्थ्यसेही (सू०२६१) करके टि-का लोप हो जाता है । भवत्+सु-(सू०३१८ । २०० । २४) भवान् । भवन्तौ । भवन्तः शेष रूप महत्-शब्दकी समान होते हैं ॥ शत्रन्तस्य तु भाधियोंको ऐसी भवत् शतृ-प्रत्ययान्त है तब-' भवन् ' रूप होता है ।

शतृ-प्रत्यय अत्यन्त न होनेके कारण उक्त (मू०३८६) सूत्रसे दीर्घ नहीं होता । शेष रूप उसी प्रकार जानें॥ ददत्+सु–॥

३८७ उभे अभ्यस्तम् । ६ । १ । ५ ॥

(उभे-प्रथमाः । अभ्यस्तम् प्रथमाः ॥) षाष्ठद्वित्वप्रकरणे ये द्वे विहिते ते उभे समुदिते अभ्यस्तसंज्ञे स्तः ॥

छठे अध्यायके द्वित्वप्रकरणमें जो दो विधान किये हैं वोह दोनों अभ्यस्त-संज्ञक हों । उक्त उदाहरणें ' ष्ठौ ६ । १ । १० ॥ ' इस षष्ठाध्यायके सूत्रसे द्वित्व हुआ है, अतएव अभ्यस्त-संज्ञा मानी गई । अभ्यस्त-संज्ञाका फल–॥

३८८ नाभ्यस्ताच्छतुः । ७ । १ । ७८ ॥

(न-निः पः । अभ्यस्तात्-पञ्चः । शतुः-षष्ठ्यः ॥) अभ्यस्तात्परस्य शतुर्नुम् न ॥

अभ्यस्त-संज्ञकसे पर जो शतृ-प्रत्यय तिसको नुम न हो । उक्त प्रयोगमें जो (मू० ३१८) से नुम प्राप्त था, उसका निषेध होकर (मू०२००) से मु-का लोप हो गया । ददत् , (मू०८३) ददद् । ददतौ २ । ददतः २ । ददता । ददद्भ्याम् । ददत्सु॥ जक्षत् (खानेवाला) । जक्षत्+सु । यहांभी (मू०३१८) से नुम्-की प्राप्ति है। परन्तु–॥

३८९ जक्षित्यादयः षट् । ६ । १ । ६ ॥

(जक्षित्यादयः-प्रथ० । षट्-प्रथमाः ॥) षट् धात्वोऽन्ये जक्षितिश्च सप्तम एतेऽभ्यस्तसंज्ञाः स्युः ॥

छै धातुऐं तौ और तथा सातमा जक्ष-धातु यह अभ्यस्त-संज्ञक होय । उक्त उदाहरणमें जक्ष-की अभ्यस्त-संज्ञा होनेके कारण (मू० ३८८) से नुमका निषेध होकर (मू० २००) से मुका लोप हो गया ।

१ आद छै धातु यह है जाग्रत् १, दरिद्रत् २, शासत् ३, चकासत् ४, दीधयत् ५, वेव्यत् ६ " दीधीवेवीटाम् " इस सूत्रसे दीधी और वेवी इन पिछले दो धातुओंके द्वित्व होनेपरभी सूत्रपाठमें होनेसे परस्मैपद हो जाता है । अन्यथा द्वित्-धातुसे आत्मनेपद होता है ।

जक्षत् (दृ)। जक्षतौ २। जक्षतः २। जक्षतम्। जक्षता। जक्षद्भ्याम् ३। जक्षद्भिः। जक्षते। जक्षद्भ्यः २। जक्षतः २। जक्षतोः २। जक्षताम्। जक्षति। जक्षत्सु ॥ एवं जाग्रत्। दरिद्रत्। शासत्। चकासत् ॥ इसी प्रकार जाग्रत् (जागनेवाला), दरिद्रत् (दरिद्री होनेवाला), शासत् (शिक्षक), चकासत् (प्रकाशक), शब्दोंके रूप होते हैं ॥ गुप्-(रक्षक)। गुप्+सु (सू० २०० । ८३ । १६६) गुप्, गुब्। गुपौ २। गुपः २। गुपम्। गुपा। गुप्+भ्याम्-(सू० ८३) गुब्भ्याम् ३। गुब्भिः। गुपे। गुब्भ्यः २। गुपः २। गुपोः २। गुपाम्। गुपि। गुप्सु। यहां 'खरि च' से पकारही रहता है ॥ तत्+दृश्-॥

३९० त्यदादिषु दृशोऽनालोचने कञ्च । ३ । २ । ६० ॥

(त्यदादिषु-सप्त० । दृशः-षष्ठ्यः । अनालोचने-सप्त० । कञ्-प्रथमा० । च-अ० प० ॥) त्यदादिषूपपदेषु अज्ञानार्थेभ्यो दृशः कञ् चात् क्विन् ॥

जब त्यद्-आदि शब्द उपपद हों तो अज्ञान-अर्थवाले दृश-धातुसे कञ्-प्रत्यय हो, सूत्रमें चकार लिखनेसे ज्ञात होता है कि-क्विन्-प्रत्ययभी हो। उक्तप्रयोगमें क्विन्-प्रत्ययका सर्वापहारी लोप कर दिया, तदनु स्वादि-प्रत्यय आये। तत्+दृश्+सु (सू०२००)-॥

३९१ आ सर्वनाम्नः । ६ । ३ । ६१ ॥

(आ० प्रथमा० । सर्वनाम्नः-षष्ठ्यः ॥) सर्वनाम्न आकारोऽन्तादेशः स्यात् दृक्दृशवतुषु ॥

दृक् दृश् और वतु पर रहते सर्वनाम-शब्दोंको आकार अन्तादेश हो। तादृश्-(सू०३३६ प। ८३ षकू ड। ३३३ से ग। १६६ पाक्षिक कू) तादृक्-ग्। तादृशौ २। तादृशः २। तादृशम्। तादृशा। तादृग्भ्याम् ३। तादृग्भिः। तादृशे। तादृग्भ्यः २। तादृशः २। तादृशोः २। तादृशाम्। तादृशि। तादृक्षु ॥ ब्रश्चेति षः। जश्त्वचर्त्वे ॥ विश+सु। यहां (सू० ३३६) से 'ष' और (सू० १६६ । ८३) से 'ट' और 'ड'। विट्, विड्। विशौ। विड्भ्या-

म् । विड्+सुप् (सू० ३३६ । ८३) विड्+सु (सू० १०३।९१) विट्त्सु, विट्सु ॥ नश्+सु (सू० २००)–॥

३९२ नशेर्वा । ८ । २ । ६३ ॥

(नशेः-षष्ठ्यः । वा-वि० म० पः ॥) नशेः क्वचिदन्तादेशो वा पदान्ते । पक्षे ब्रश्चेति षः । जश्त्वचर्त्वे ॥

पदान्तके विषयमें नश्-धातुको कवर्ग यह अन्तकू आदेश हो । और पक्षमें 'ब्रश्चभ्रस्ज०' से ष, तथा 'झलां जशोऽन्ते' और 'खरवसानयो०' का कृत्य हो । नक्, नग्, नट्, नड । नशौ । नग्भ्याम्, नड्भ्याम् । नक्षु, नट्त्सु, नट्सु ॥ घृतस्पृश् (घीका स्पर्श करनेवाला)॥

३९३ स्पृशोऽनुदके क्विन् । ३ । २ । ५८ ॥

(स्पृशः षष्ठ्यः । अनुदके-सप्तम्यः । क्विन्-प्रथमः ॥) अनुदके सुप्युपपदे स्पृशेः क्विन् ॥

उदकभिन्न सुप् उपपद रहते स्पृश्-धातुसे क्विन् हो । इस सूत्रसे क्विन् होकर सर्वापहारी लोप हो गया । फिर 'सु' काभी लोप होकर (सू० ३३३) से कुत्वमेंसे अल्पप्राणादि-प्रयत्नमेंसे 'क' हो गया । (सू० १६६ । ८३) घृतस्पृक्–ग् । घृतस्पृशौ । घृतस्पृग्भ्याम् । घृतस्पृक्षु ॥ दधृष्–(सू० ३२० । ३३३। १६६। ८३) दधृक्–ग् । दधृषौ । दधृषः । दधृग्भ्याम् । दधृक्षु ॥ रत्नमुष् (रत्नोंका चोर) । रत्नमुष्+सु (सू० २०० । १६६ । ८३) रत्नमुट्, रत्नमुड । रत्नमुषौ । रत्नमुड्भ्याम् । रत्नमुट्त्सु, रत्नमुट्सु ॥ षट्+जस्, शस्–(सू० २०० । १६६ । ८३) षट्, षड् । षष्+भिस्–(सू० ८३) षड्भिः । षड्भ्यः २।८३) षट्, षड् । षष्+भिस् (सू० २९४ । ८३।८४) षण्णाम् । षट्त्सु, षट्सु ॥ पिष्+आम (सू० २९४ । ८३।८४) पण्णाम् । सु । "रुत्वम्प्रतिषिद्धं (पढनेमें ~ को करनेवाला) । पिपठिष्+शः प्रत्ययथोः" ये जो सन्-के सत्वस्यासिद्धत्वात्ससजुषोरिति रुत्वम्" "पिपठिष्" में जो सन्-के सत्वको मूर्द्धन्य करा है, सो मूर्द्धन्यविधायक 'आदेः' रुत्वके प्रति असिद्ध है, अतएव 'ससजुषो रुः'

से स होता है, अर्थात् ' ससजुषो रुः ' सूत्र सन्-के षकारकू दन्त्यही समझता है । पिपठिर्+ सु (सू० २००)–॥

३९४ वोरुपधाया दीर्घ इकः । ८ । २ । ७६ ॥

(वोः–षष्ठ्य० । उपधायाः–षष्ठ्य० । दीर्घः–प्रथ० । इकः–षष्ठ्य०॥) रेफवान्तस्य धातोरुपधाया इको दीर्घः पदान्ते ॥

रकारान्त तथा वकारान्त धातुकी उपधारूप इक्कू दीर्घ होय पदान्तमें । इससे दीर्घ हो (सू० ११३) से–पिपठीः । पिपठिषौ । पिपठीर्भ्याम् । पिपठिस्+सुप्–(सू० १२५ । ३९४ । १२४) पिपठीः+सु । इस अवस्थामें–॥

३९५ नुम्विसर्जनीयशर्व्यवायेऽपि । ८ । ३ । ५८ ॥

(व्यवाये (तक) सप्तम्यन्तम् । अपि–अ० प० ॥) एतैः प्रत्येक व्यवधानेऽपि इण्कुभ्याम्परस्य सस्य मूर्धन्यादेशः । प्रुत्वेन पूर्वस्य षत्वम् ॥

र्धधातुक (सू० ४७९) लिङ् परे रहते ऋकारके स्थानमें रिङ् (रि) आदेश हो ॥ इस स्थानमें सूत्र (सू० ११४२) से अनुवृत्ति आकर रिङ् आदेश करके प्रयोजन सिद्ध हो जाता, पुनः यहां रिङ्-विधान करनेसे क्या फल सिद्ध हुआ ? यहां रिङ् करनेसे यह ज्ञात होता है कि सू० ५३३ से रिङ्-को दीर्घ नहीं होता कारण कि–यदि दीर्घ करना इष्ट होता तो उक्त (सू० ९९४) सूत्रमेंही दीर्घ रीङ् विधान कर देते ॥ भ्रियात् (ई० वोह पालै) । भृ+त (सू०५७०।५७३) भृ+सी+स्+त्–॥

५९५ उश्च । १ । २ । १२ ॥

ऋवर्णात्परौ झलादी लिङ्सिचौ कितौ स्तस्तडि ॥

ऋवर्णसे परे जो झलादि लिङ् और सिच् वोह कित्-संज्ञक हों, तङ् (आत्मनेपद) परे रहते । भृषीष्ट (सू० १७० । ४८१) (ई० वोह पालें) । भृषीयास्ताम् (ई० वे दो पालें) । अभृ+स्+त् (सू० ४९३ । १७० । ५३४) अभार्षीत् (उसने पाला) । अभृ+स्+त । आत्मनेपदकी इस अवस्थामें ॥

५९६ ह्रस्वादङ्गात् । ८ । २ । २७ ॥

सिचो लोपो झलि ॥

ह्रस्व-अंगसे परे जो सिच् उसका लोप हो,झल्-प्रत्याहारान्तर्गत वर्ण परे रहते । अभृत (उसने पाला) । अभृषाताम् (उन दोने पाला) । अभरिष्यत्, अभरिष्यत (जो वोह पालै) ॥

३ हृञ् हरणे । ४४ । द्विकर्मकः उभयतः अनिट् ॥

हृञ् = हृ-(हरना) धातुके रूप लिखने हैं ॥

हरति, हरते (वोह हरता है) । जहार (सू० २०३ । ५०३), जह्रे (सू० ५६३) (उसने हरा) । जहर्थ, जह्रिषे (सू०५६० । ५२९) (तूने हरा) जह्रिव । जह्रिवहे (हम दोने हरा) । हर्त्ता (वोह हरैगा) । हरिष्यति, हरिष्यते (वोह हरैगा) । हरतु, हरताम्

(वह हरे) । अहरत् , अहरत (उसने हरा) । हरेत् , हरेत (वह हरे) । हियात् (मू० ५९४), हृषीष्ट (मू० ५७०।५७३ । ५९५) (ई० वोह हरे) । अहार्षीत् (मू० ५३४), अहृत (मू० ५९६) (उसने हरा था) । अहरिष्यत् , अहरिष्यत (जो वह हरे) ॥

४ धृञ्-धरणे । ४६ । सकर्म० उभय० अनिट् ॥

धृञ् = धृ-(धरना) धातुको दिखाते हैं ॥

धरति, धरते (वोह धरता है) इत्यादि सुगमम् ॥

५ णीञ्-प्रापणे । ४६ । सक० उभय० अनि० ॥

णीञ् = णी (ले जाना) । नयति (मू० ५०७), नयते (वह ले जाता है) इत्यादि ॥

६ डुपचष्-पाके । ४७ । सक० उभय० अनिट् ॥

डुपचष् = (मू० ५११ । ३ । ३४) पच् (पकाना) । पचति, पचते (वह पकाता है) । पपाच, पेचे (मू० ५०९) (उसने पकाया) । पेचिथ (मू० ५३२ । ५१०), पपक्थ (मू० ५३१) (तूने पकाया) । पक्ता (वोह पकावेगा) । पक्ष्यति, पक्ष्यते (वह पकावेगा) इत्यादि ॥

७ भज-सेवायाम् । ४८ । सक० उभ० अनि० ॥

भज = भज् (सेवा करना) । भजति, भजते (वह सेवा करता है) । बभाज, भेजे (मू० ५९३) (उसने सेवा की) । भक्ता (वह सेवा करेगा) । भक्ष्यति, भक्ष्यते (वह सेवा करेगा) । अभाक्षीत् (मू० ५१४), अभक्त (मू० ५२८) (उसने सेवा की) । अभाष्टाम् , अभक्षाताम् (उन दोने सेवा की) इत्यादि ॥

८ यज-देवपूजासंगतिकरणदानेषु । ४९ । सक० उभय० अनि० ॥

यज = यज् (देवीपूजा करना । संग करना । दान करना) ॥ यजति, यजते (वह यज्ञ करता है) ॥ यज् यज्+ति = अ (मू० ४४२) ॥

५९७ लिट्यभ्यासस्योभयेषाम् । ६ । १ । १७ ॥

वच्यादीनां ग्रह्यादीनां चाभ्यासस्य सम्प्रसारणं लिटि ॥

वच्-आदि धातु (सू० ५९८) तथा ग्रह-आदि धातु-(सू० ६८६) ओंके अभ्यासकू सम्प्रसारण हो, लिट् परे रहते ॥ इयाज (सू० २०३) (उसने पूजा की) । यज्+त ॥

५९८ वचिस्वपियजादीनां किति । ६ । १ । १५ ॥

वचिस्वप्योर्यजादीनां च सम्प्रसारणं किति ॥

वच् (बोलना), स्वप् (सोना) और यज्-आदि धातुओंको सम्प्रसारण हो, कित् परे रहते । इ-अज्+त (सू० ५०१ । २८६) इज्+त (सू० ४४० । ५६३) ईजे (उसने पूजा की) । ईजतुः, ईजाते (उन दोने पूजा की) । ईजुः, ईजिरे (सू० ५६३) (उनने पूजा की) । इयजिथ (सू०५९७), इयष्ट (सू० ५३१ । ३३६ । ७९) (तूने पूजा की) । यष्टा (सू०३३८) (वह पूजा करैगा) । यज्+स्य+ति (ते) (सू० ३३६) यष्+स्य+ति (ते)-॥

५९९ षढोः कः सि । ८ । २ । ४१ ॥

षस्य ढस्य च कः स्यात्सकारे परे ॥

षकार तथा ढ-कारकू क हो सकार परे रहते । यक्+स्यति (ते) (सू० १७०) यक्ष्यति, यक्ष्यते (वोह पूजा करैगा) । इज्यात् (सू० ५९८ । ३३९), यक्षीष्ट (सू० ५७० । ५७३) (ईं० वह पूजा करै) । अयाक्षीत् (सू० ५१४), अयष्ट (सू० ३३६ । ५२८ (उसने पूजा की) इत्यादि ॥

१ वह-प्रापणे । ७० । द्विक० उभयः अनिट् । यजादि ॥

वह = वह (ले जाना) । वहति, वहते (वह ले जाता है) । परस्मैपद-उवाह (सू० ५१७) (वोह ले गया) । ऊहतुः (सू० ५९८) (वे दो ले गये) । ऊहुः (वे ले गये) । उवहिथ (सू० ५१७ । ५३२) (तू ले गया) । उवह+थ । इस अवस्थामें-॥

६०० झषस्तथोर्धोऽधः । ८ । २ । ४० ॥

झषः परयोस्तथोर्धः स्यान्न तु दधातेः ॥

धारणार्थ धा-धातुकू छोडकर झषूसे परे जो त और थ तिनकू ध हो । उवह्+ध (मू० २७९ । ७९) उवह्+ ढ ॥

६०१ दो दे लोपः । ८ । ३ । १३ ॥

दस्य लोपः स्याद्ढे परे ॥

ढकार परे रहते पूर्व ढ-कारका लोप हो । उव+ढ ॥

६०२ सहिवहोरोदवर्णस्य । ६ । ३ । ११२ ॥

अनयोरवर्णस्य ओत् स्यात् ढलोपे सति ॥

सह (सहना), वह (ले जाना) इन दो धातुओंके अकारकू ओ-कार हो जब कि-ढकारका लोप (मू० ६०१) हो गया हो ॥ उवोढ (तू ले गया)। ऊहथुः (तुम दो ले गये)। ऊह (तुम ले गये) । उवाह, उवह (मैं ले गया) । ऊहिव (हम दो ले गये) । ऊहिम (हम ले गये)॥ आ०प०—ऊहे । ऊहाते । ऊहिरे । ऊहिषे । ऊहाथे । ऊहिध्वे । ऊहे । ऊहिवहे । ऊहिमहे । इनका अर्थ पूर्ववत् जानो ॥ लुट्-वोढा (मू० ६०० । २७९ । ७९ । ६०१ । ६०२) (वोढ ले जायगा) । वोढासि, वोढास्थ (तू ले जायगा) । वोढास्मि, वोढास्व (मैं लाऊंगा) ॥ लृट्-वक्ष्यति (मू० ५९९), वक्ष्यते (वोढ ले जायगा) ॥ लोट्- वहतु, वहताम् (वोढ ले जावे)। अवहत, अवहत् (वोढ ले गया) । वहेत्, वहेत (वोढ ले जाय)॥ आ० लि०—उह्यात्, वक्षीष्ट (ई०वोढ ले जाय)॥ लुङ्—अवाक्षीत् (मू० ५१४ । ५९९) (वोढ ले गया था) । अवोढाम् (मू० ५२८ । ६०० । २७९) (वे दो ले गये थे) । अवाक्षुः (वे ले गये थे) । अवाक्षीः (तू ले गया था) । अवोढम् (तुम दो ले गये थे) । अवोढ (तुम ले गये थे) । अवाक्षम् (मैं ले गया था) । अवाक्ष्व (हम दो ले गये थे) । अवाक्ष्म (हम ले गये थे) ॥ आ० पदं—अवोढ (मू० ५२८ । ६०० । २७९ । ७९। ६०१ । ६०२) । अवक्षाताम् (मू० ५९९)। अवक्षत । अवोढाः । अवक्षाथाम् । अवोढ्वम् । अवक्षि । अवक्ष्वहि । अवक्ष्महि । इनके

अर्थभी परस्मैपदवत् जानो ॥ लृङ्-अवक्ष्यत्, अवक्ष्यत (जो वोह ले जाय)। अवक्ष्यः, अवक्ष्यथाः (जो तू ले जाय)। अवक्ष्यम्, अवक्ष्ये (जो मैं ले जाऊं)। इत्यादि ॥

॥ इति भ्वादयः ॥

अथादादयः।

अद्-भक्षणे। १। सक० पर० अनिट् ॥

अद्- (खाना) धातुके रूप सिद्ध करते हैं ॥ अद्+शप्+ति ॥

६०३ अदिप्रभृतिभ्यः शपः। २। ४। ७२ ॥

लुक् स्यात् ॥

अदादि धातुओंसे परे शप्- (मू० ४३३) का लुक् (लोप) हो। अत्ति (मू० ९१) (वह खाता है)। अत्तः (वे दो खाते हैं)। अदन्ति (मू० ४३५) (वे खाते हैं)। अत्सि (तू खाता है)। अत्थः (तुम दो खाते हो)। अत्थ (तुम खाते हो)। अद्मि (मैं खाता हूं)। अद्वः (हम दो खाते हैं)। अद्मः (हम खाते हैं)। अद्+लिट्=ति ॥

६०४ लिटि धस्वनभ्यासस्याम्। २। ४। ४० ॥

अदो घस्लृ वा स्याल्लिटि ॥

अद्-धातुको घस्लृ-(घस्) आदेश विकल्पकरके हो, लिट् परे रहते। घस्+ति (मू० ४४०। ४४२। ४३८) घघस्+अ (मू० २०३। ५०३) जघास (उसने खाया)। जघस्+अतुस् (मू० ७५५) जघ्-स्+अतुस् ॥

६०५ शासिवसिघसीनां च। ८। ३। ६० ॥

इण्कुभ्यामपरस्येषां सस्य षः स्यात्। धस्य चान्वेम् ॥

इण् अथवा कवर्गसे परे जो शास् (शिक्षा करना), वस् (वसना), घस् (खाना) यह धातु इनके स-कारको ष-कार हो। और यहां

(सू० ९१) से 'घ' कू चर् (क) होता है । जक्षतुः (उन दोने खाया) । जक्षुः (उनोंने खाया) । जघसिथ (सू० ५२९) (तू-ने खाया) । जक्षथुः (तुम दोने खाया) । जक्ष (तुमने खाया)। जघास, जघस (सू०५०५) (मैंने खाया) । जक्षिव (हम दोने खाया) । जक्षिम (हमने खाया) । सू० ६०४ के दूसरे पक्षमें आद (सू० ४९१) । आदतुः । आदुः । आद्+सिप्=थ । इस अवस्थामें-॥

६०६ इडत्यर्तिव्ययतीनाम् । ७ । २ । ६६ ॥

अदॄऋव्येञ् एभ्यस्थलो नित्यमिट् स्यात् ॥

अद् (खाना), ऋ (जाना), और व्येञ् (आच्छादन करना) इन धातुओंसे परे जो थल् तिस नित्य इट्-(इ) का आगम हो । आदिथ । आदथुः । आद । आद् । आदिव । आदिम । इन रूपोंके अर्थभी वस्-आदेशकी समानही होते हैं । अत्ता (वोह खायगा) । अत्तासि (तू खायगा) । अत्तास्मि (मैं खाऊंगा) । अत्स्यति (वोह खायगा) । अत्स्यसि (तू खायगा) । अत्स्यामि (मै खाऊंगा) । अत्तु (सू० ४५७), अत्तात् (सू० ४५८) (वोह खावे) । अत्ताम् (सू०४६०) (वे दो खावें) । अदन्तु (वे खावें) । अद्+सिप् (सू० ४६१) अद्-हि ॥

६०७ हुझल्भ्यो हेर्धिः । ६ । ४ । १०१ ॥

होझलन्तेभ्यश्च हेर्धिः स्यात् ॥

हु-(होम करना, खाना) धातु तथा झलन्त-धातुओंसे परे जो हि उसे धि-आदेश हो । अद्धि, अत्तात् (सू०४५८) (तू खाय) । अत्तम् (तुम दो खाओ) । अत्त (तुम खाओ) । अदानि (सू० ४६३ । ४६४) (मैं खाऊं) । अदाव (सू० ४५९ । ४६९) (हम दो खावें) । अदाम (हम खावें)। अद्+ति (सू०४७२)॥

६०८ अदः सर्वेषाम् । ७ । ३ । १०० ॥

अदः परस्यापृक्तसार्वधातुकस्याट् स्यात्सर्वमतेन ॥

अद्-धातुसे परे अपृक्त-(सू० १९९) सार्वधातुककू अट्-(अ) का आगम हो, यह सम्पूर्ण वैयाकरणोंका मत है । आदत् (सू० ४९२) (उसने खाया) । आत्ताम् (उन दोने खाया) । आदन् (उनोंने खाया) । आदः (तूने खाया) । आत्तम् (तुम दोने खाया) । आत्त (तुमने खाया) । आदम (मैंने खाया) । आद्व (सू० ४६९) (हम दोने खाया) । आद्म (हमने खाया) । अद्यात् (सू० ४७५) (वोह खाय) । अद्याताम् (वे दो खायँ) । अद्युः (सू० ५४२) (वे खायँ) । अद्याः (तू खा) । अद्याम् (मैं खाऊं) । अद्यात् (सू० ३३९) (ई० वह खाय) । अद्यास्ताम् (ई० वे दो खायें) । अद्यासुः (वे खांय) । अद्याः (ई० तू खा) । अद्यासम् (मैं खाऊं) । अद्+लङ् = त (सू० ४८३) ॥

६०९ लुङ्-सनोर्घस्लृ । २ । ४ । ३७ ॥

अदो घस्लृ स्याल्लुङि सनि च । लृदित्वादङ् ॥

अद्-धातुकू घस्लृ-(घस्) आदेश हो, लुङ् और सन् (सू० ७६५) परे रहते । उक्त आदेशके लृदित होनेसे ङित्कू अङ् (सू० ५५७) होता है । अघसत् (सू० ४७१) (उसने खाया था) । अघसः (तूने खाया था) । अघसम् (मैंने खाया था) । आस्यत् (सू० ४९२) (जो वोह खाय) । आस्यः (जो तू खाय) । आस्यम (जो मैं खाऊं) ॥

हन-हिंसागत्योः । २ । सक० परस्मै० अनिट् ॥

हन = हन्- (मारना । जाना) धातुकी साधनका करते हैं ॥ हन्ति (वह मारता है) । हन्तः ॥

६१० अनुदात्तोपदेशवनतितनोत्यादीनामनुनासिकलोपो झलि क्ङिति । ६ । ४ । ३७ ॥

अनुनासिकान्तानामेषां वनेश्च लोपः स्याज्झलादौ क्ङिति डिति ॥

उपदेशमें जो अनुदात्त-धातु हैं वे, तथा वन् (मांगना) और तन् (विस्तार करना) यह धातु यदि अनुनासिकान्त हों तो इन-

के अनुनासिक (मू० ११) वर्णका लोप हो । उपदेशमें अनुदात्त-धातु लिखते है—॥

यमि-रमि-नमि-गमि-हनि-मन्यतयोऽनुदात्तोपदेशाः ॥

यम् (निवृत्त होना), रम् (क्रीडा करना), नम् (नमस्कार करना), गम् (जाना), हन् (मारना । जाना), मन्य = मन् (मानना) इतने धातु अनुनासिकान्त उपदेशमें अनुदात्त हैं ॥ तनोत्यादि-धातु नीचे लिखते है—॥

तनु क्षणु-क्षिणु-ऋणु-तृणु-घृणु-वनु-मनु-तनोत्यादयः ॥

तन् (फैलाना), क्षण् (मारना), क्षिण् (मारना), ऋण् (जाना), तृण् (खाना), घृण् (चमकना), वन् (मांगना), मन् (समझाना), वह तन्-आदि अनुनासिकान्त धातु हैं । इस उक्त सूत्रानुसार नकार-का लोप हुआ । हतः (मू० ५३०)(वे दो मारते हैं) । घ्नन्ति (मू० ५५५ । ३१६ । ९६ । ९७) (वे मारते हैं) । हंसि (मू० १६) (तू मारता है) । हथः (मू० ६१०) (तुम दो मारते हो) । हथ (तुम मारते हो) हन्मि (मैं मारता हूं) । हन्वः (हम दो मारते हैं) । हन्मः (हम मारते हैं)। जघान (मू० ३१६ । ५०३ । ५०४) (उसने मारा) । जघ्नतुः (मू० ५२५) (उन दोने मारा) । जघ्नुः (उन्होने मारा) । जहन्+थ ॥

६११ अभ्यासाच्च । ७ । ३ । ५५ ॥

अभ्यासात्परस्य हन्तेर्हस्य कुत्वं स्यात् ॥

अभ्यासके पर हन-धातुके हकार-कू कवर्ग हो । जघनिथ (मू० ५३२), अघन्ध (मू० ५३१) (तूने मारा) । जघ्नथुः (मू०५२५) (तुम दोने मारा) । जघ्न (तुमने मारा) । जघान (मू० ५०४), जघन (मू० ५०५) (मैंने मारा) । जघ्निव (मू० ५२९) (हम दोने मारा) । जघ्निम (हमने मारा) । हन्ता (मू० ५२५) (वह

मारेंगा)। हन्तासि (तू मारेंगा)। हन्तास्मि (मैं मारूंगा)। हनिष्यति (म० ४४७) (वह मारेंगा)। हनिष्यसि (तू मारेंगा)। हनिष्यामि (मैं मारूंगा)। हन्तु, हतात् (म० ४५८। ६१०) (वह मारे)। हनाम (वे दो मारें)। घ्नन्तु (म० ४५५। ३१६) (वे मारें)। हन-हि (म० ४६१)। इस अवस्थामें—॥

६।१२ हन्तेर्जः। ६। ४। ३६॥

हौ परे॥

हि परे रहते हन-धातुके ज-आदेश हो। ज-हि। यहां हि-का लोप (म० ४६२) प्राप्त हुआ, तब—॥

६।१३ असिद्धवदत्राभात्। ६। ४। २२॥

इत ऊर्ध्वम् यदधिकृत्य वेदिष्यामः तदसिद्धम्। इति जयादित्यसिद्धकाण्डं हेदः॥

इस सूत्रसे आगे छठे अध्यायके चतुर्थ-पादकी समाप्तिपर्यन्त जितने सूत्र हैं, वे सब आभीय कहाते हैं। जब एक आभीयका कार्य किसी निमित्तको मानके किया हो और दूसरे आभीयका कार्य-भी उसी प्रयोगमें उसी निमित्तको मानके किया जाय तो—प्रथम प्रवृत्त हुआ आभीय (अर्थात् जिस आभीयका कार्य कर चुके हैं) असिद्ध होता है। इसी कारण छठे अध्यायसम्बंधी चौथे पादके सूत्र (म० ६१०) से हन्-को ज आदेश हुआ है, वह आदेश दूसरे आभीय (म० ४६२) की दृष्टिमें असिद्ध हुआ तो—हि-का लुक् नहीं होना कारण कि दोनोंही सूत्र (म० ४६१। ४६२) प्रकृति-प्रत्ययका आश्रय करते हैं। जहि, हतात् (म० ४५८) (तू मार)। हतम (म० ६१०) (तुम दोनों मारो)। हत (तुम मारो)। हनानि (म० ४६३। ४६४) (मैं मारूं)। हनाव (हम दो मारें)। हनाम (हम मारें)। अहन (म० ४७२।२००) (उसने मारा)। अहनाम (म० ६१०) (उन दोने मारा)। अघ्नन् (म० २७७। ३१६। २४) (उन्होंने मारा)। अहन् (म० २००) (तूने

मारा)। अहतम् (तुम दोने मारा)। अहत (तुमने मारा)। अहनम् (मैंने मारा)। अहन्व (हम दोने मारा)। अहन्म (हमने मारा)। हन्यात् (मू० ४७४ । ४७५) (वह मारै)। हन्युः (मू० ४७८) (वे मारें)। हन्याः (तू मारे)। हन्याम् (मैं मारूं)। हन्+या+त् (मू० ४७९)–॥

६१४ आर्धधातुके । २ । ४ । ३५ ॥

इत्यधिकृत्य ॥

आर्धधातुक-प्रत्यय परे रहते हो। जहां सम्भव होता है तहां आर्धधातुकको मानक कार्य हो। अधिकार-सूत्रका फलितार्थ विषय-सूत्रसे विदित होता है, जैसे– मू० ६१५ में–॥

६१५ हनो वध लिङि । २ । ४ । ४२ ॥

आर्धधातुक लिङ् परे रहते हन्-धातुकू वध आदेश हो ॥

६१६ लुङि च । २ । ४ । ४३ ॥

वधादेशोऽदन्तः । आर्धधातुके इति विषयसप्तमी । तेनार्धधातुकोपदेशे अकारान्तत्वादतो लोपः ॥

और लुङ् पर रहतेभी हन्-धातुकू वध-आदेश हो ॥ वध-आदेश अदन्त है। आर्धधातुके (मू० ६१४) यहां विषय-अर्थमें सप्तमी है, अर्थात्–आर्धधातुकके विषयमें हो। इसीसे–जब आर्धधातुक होनेवाला हो तब वधके अदन्त होनेसे अकारका लोप (मू० ५२०) होता है। वध्यात् (मू० ३३९) (ई० वह मारे)। वध्यास्ताम् (वे दोनो मारे)। वध्याः (तू मारे)। वध्यासम (मैं मारूं)। अवधीत् (मू० ४१४) (उसने मारा था)। अवधीः (तूने मारा था)। अवधिषम् (मैंने मारा था)। अहनिष्यत् (जो वह मारै)। अहनिष्यः (जो तू मारे)। अहनिष्यम् (जो मैं मारूं)॥

यु-मिश्रणामिश्रणयोः । ३ । सकः परः सेट् ॥

यु-(मिलाना वा अलग करना) धातुको साधते हैं ॥ यु+ति (मू० ६०३)–॥

६।४।७ उतो वृद्धिर्लुकि हलि । ७ । ३ । ८९ ॥

लुग्विषये उतो वृद्धिः पिति हलादौ सार्वधातुके, नत्वभ्यस्तस्य ॥

लुक्-विषयमें उत (उ) को वृद्धि हो, हलादि पित्-सार्वधातुक परे रहते, परन्तु-अभ्यस्त-(सू० ३८७) संज्ञकके उ-को वृद्धि न हो । यौति (वह मिलाता है) । युतः (सू० ५५०। ४८१) (वे दो मिलाते हैं) । युवन्ति (सू० २२१) (वे मिलाते हैं) । यौषि (सू० ५७०) (तू मिलाता है) । युथः (तुम दो मिलाते हो) । युथ (तुम मिलाते हो) । यौमि (मैं मिलाता हूं) । युवः (हम दो मिलाते हैं) । युमः (हम मिलाते हैं) । युयाव (सू० २०३ । २७) (उसने मिलाया) । युयुवतुः (सू० २२१) (उन दोने मिलाया) । युयविथ (तूने मिलाया) । युयाव, युयव (मैंने मिलाया) । यास्यति (सू० ४४७ । ४३४) (वह मिलावेगा) । यास्यामि (न मिलावेगा) । यास्यामि (मैं मिलाऊंगा) । यास्यति (वह मिलावेगा) । यास्यसि (न मिलावेगा) । यास्यामि (मैं मिलाऊंगा) । यौतु, युनात (सू० ४५८) (वह मिलावे) । यौहि (न मिला) । अयौत् (उसने मिलाया) । अयुताम् (उन दोने मिलाया) । अयुवन् (सू० ४७१ । ४७२ । २२१) (उनने मिलाया) । अयौः (तूने मिलाया) । अयुवम् (मैंने मिलाया) । युयात् (वह मिलावे) । " इह उतो वृद्धिर्न- भाष्ये " पित्त्वं डित्त्वं, डित्त्वं पित्त्वं " इति व्याख्यानात् । " युयात्-में उकारकी वृद्धि (सू० ६१७) नहीं होती-भाष्यमें लिखा है कि-पित् तो डित् नहीं माना जाता और डित् पित् नहीं माना जाता । यासुट् (सू० ४७४) तो डित् है, इस कारण किसी प्रकार पित् नहीं हो सक्ता, पित् न होनेसे यह सूत्र (सू० ६१७) नहीं लगता । युयाताम् (वे दो मिलावें) । युयुः (सू० ४७८ । ५४०) (वे मिलावें) । युयात् (सू० ३३०।९२३) (ई० वह मिलावे) । युयास्ताम् (वे दो मिलावें) । युयासुः (ई० वे मिलावें) । युयाः (तू मिला) । युयासम् (मैं मिलाऊं) । अया-

वीत् (मू० ५३४) (उसने मिलाया) । अयावीः (तूने मिलाया)। अयाविषम् (मैंने मिलाया) । अयविष्यत् (मू० ४३४ । ४४७। २७) (जो वह मिलावे) । अयविष्यः (जो तू मिलावे) । अयाविष्यम् (जो मैं मिलाऊं) ॥

या-प्रापणे । ४ । सक० पर० अनिट् ॥

या-(जाना) धातुके रूप लिखते हैं ॥ याति (वह जाता है) । यातः (वे दो जाते हैं) । यान्ति (वे जाते हैं) । यासि (तू जाता है) । यामि (मैं जाता हूं) । ययौ (मू० ५३८ । ४४३) (वोह गया) । ययतुः (मू० ५३९) (वे दो गये) । ययिथ, ययाथ (तू गया) । ययौ (मैं गया) । याता (वोह जायगा) । यातासि (तू जायगा) । यातास्मि (मैं जाऊंगा) । यास्यति (वह जायगा)। यास्यसि (तू जायगा) । यास्यामि (मैं जाऊंगा) । यातु, यातात् (वोह जाय) । याहि, यातात् (तू जा) । यानि (मैं जाऊं) । अयात् (वोह गया) । अयाताम् (वे दो गये) । अया+झि—॥

६।१।८ लङः शाकटायनस्यैव । ३ । ४ । १११ ॥

आदन्तात्परस्य लङो झेर्जुस् वा स्यात् ॥

अकारान्त-धातुसे परे लङ्-के स्थानमें जो झि उसे विकल्पसे जुस् (उस्) हो, श्रीशाकटायन आचार्यके मतमें । अयुः (मू०५४२), अयान् (मू० ४३५ । ४७२) (वे गये) । यातात् (मू०४७५) (वोह जाय) । यायाताम् (वे दो जांय) । यायुः (मू० ५४२) (वे गये) । यायाः (तू जा) । यायाम् (मैं जाऊं) । यायात् (ई० वोह जाय) । यायास्ताम् (ई० वे दो जाय) । यायासुः (ई० वे जांय) । यायाः (ई० तू जा) । यायासम् (ई० मैं जाऊं) । अयासीत् (मू० ४९३) (वोह गया) । अयासीः (तू गया) । अयास्यत् (जो वह जाय) । अयास्यः (जो तू जाय) । अयास्यम् (जो मैं जाऊं) ॥ इसी प्रकार निम्न-लिखत धातुओंके रूप जानो ॥

वा-गतिगन्धनयोः । ७ । सक० पर० अनिट् ॥

वा (जाना वा सुगंधित करना) । वाति । ववौ । वाता । वास्यति । वातु । अवात् । वायात । वायात् । अवासीत् । अवास्यत् । अर्थज्ञान स्वयं करो ॥

भा-दीप्तौ । ६ । अक० पर० अनिट् ॥

भा (चमकना) । भाति । बभौ । भाता । भास्यति । भातु । अभात् । भायात । भायात । अभासीत् । अभास्यत ॥

ष्णा-शौचे । ७ । अकर्म० पर० अनिट् ॥

स्ना (शुद्ध होना) । स्नाति । सस्नौ । स्नाता । स्नास्यति । स्नातु । अस्नात् । स्नेयात् । स्नायात । अस्नासीत । अस्नास्यत ॥

ओ पाके । ८ । अक० पर० अनिट् ॥

श्रा (पकाना) । श्राति । शश्रौ । श्राता । श्रास्यति । श्रातु । अश्रात । श्रेयात । श्रायात् । अश्रासीत । अश्रास्यत ॥

द्रा कुत्सायां गतौ । ९ । परस्मै० अक० अनिट् ॥

द्रा (कुगह जाना) । द्राति । ददौ । द्राता । द्रास्यति । द्रातु । अद्रात । द्रायात । द्रेयात (म० ५२४) । अद्रासीत । अद्रास्यत ॥

प्सा भक्षणे । १० । सक० पर० अनिट् ॥

प्सा (खाना) । प्साति । पप्सौ । प्साता । प्सास्यति । प्सातु । अप्सात । प्सायात २ । अप्सासीत । अप्सास्यत ॥

रा दाने । ११ । सक० पर० अनिट् ॥

रा (देना) । राति । ररौ । राता । रास्यति । रातु । अरात् । रायात २ । अरासीत । अरास्यत ॥

ला-आदाने । १२ । सकर्म० पर० अनिट् ॥

ला (लेना) । लाति । ललौ । लाता । लास्यति । लातु । अलात् । लायात् २ । अलासीत । अलास्यत ॥

दाप्-लवने । १३ । सक० पर० अनिट् ॥

दाप्=दा (काटना) । दाति । ददौ । दाता । दास्यति । दातु । अदात् । देयात् । देयात् । अदासीत् । अदास्यत ॥

पा-रक्षणे । १४ । सक० पर० अनिट् ॥

पा (रक्षा करना) । पाति । पपौ । पाता । पास्यति । पातु । अपात् । पायात् २ । अपासीत् । अपास्यत् ॥

ख्या-प्रकथने । १५ । सक० पर० अनिट् ॥ अय सार्वधातुक एव प्रयोक्तव्यः ॥

ख्या (कहना) यह धातु केवल सार्वधातुकहीमें होता है।ख्याति। ख्यातु । अख्यात् । ख्यायात् । ख्येयात् ॥

विद-ज्ञाने । १६ । सक० पर० सेट् ॥

विद् (जानना) । विद्+लट् = ति ॥

६१९ विदो लटो वा । ३ । ४ । ८३ ॥

वेत्तेर्लटः परस्मैपदानां णलादयो वा स्युः ॥

विद-धातुसे परे लट्-के स्थानमें जो परस्मैपद आदेश तिने णल् (मू०४३८) आदि प्रत्यय विकल्पसे हों । विद्+अ = वेद (मू० ५००) (वह जानता है) । विदतुः (वे दो जानते हे) । विदुः (वे जानते हैं) । वेत्थ (तू जानता है) । विदथुः (तुम दो जानते हो) । विद (तुम जानते हो) । वेद (मै जानता हूं) । विद्व (हम दो जानते हे) । विद्म (हम जानते हे) । पक्षान्तरमें । वेत्ति (मू० ५०० । ९१) । वित्तः (मू० ५५०।४८१) । विदन्ति । वेत्सि । वित्थः । वित्थ । वेद्मि । विद्वः । विद्मः ॥ विद्+लिट् = ति (अ)-॥

६२० उषविदजागृभ्योऽन्यतरस्याम् । ३ । १ । ३८ ॥

एभ्यो लिटि आम् वा स्यात् । विदेरदन्तत्वप्रतिज्ञानादाभि न गुणः ॥

उष (जलाना), विद (जानना), जागृ (जागना) इन धातुओंसे आम्-प्रत्यय विकल्प करके हो लिट् परे रहते । और विद-धातुकू अदन्त माननेकी प्रतिज्ञा है इसकारण गुण (मू०५००) नहीं होता। विदाञ्चकार (मू०५२२)। विदाम्बभूव । विदामास (उसने जाना)। वा । विवेद । विवेदिथ । विवेद । इत्यादि ॥ वेदिता (वोह जानेगा)।

वेदितासि (तू जानेगा)। वेदितास्मि (मैं जानूंगा) । वेदिष्यति (वह जानेगा) । वेदिष्यसि (तू जानेगा) । वेदिष्यामि (मैं जानूंगा) । विद+लोट् ॥

६२१ विदाङ्कुर्वन्त्वित्यन्यतरस्याम् । ३ । १ । ४१ ॥

वेत्तेर्लोटि आम् गुणाभावो लोटो लुक् लोडन्तकरोत्यनुप्रयोगश्च वा निपात्यते । पुरुषवचने न विवक्षिते ॥

विद-धातुसे परे आम् हो, और गुणका निषेध रहे, तथा लोट्का लोप हो, लोट् जिसके अन्तमें ऐसे कृ-(करोतु) का प्रयोगभी विकल्पसे निपातन किया जाय । और इस सूत्रमें पुरुष और वचनकी विवक्षा नहीं है ॥

व्याख्यानः-यद्यपि ' विदांकरोतु ' ऐसा रूप किसी सूत्रसे सिद्ध नहीं होता, और शास्त्रोंमें ऐसा प्रयोग आता है, इस कारण सूत्रकारने ' विदांकुर्वन्तु ' यह सिद्ध शब्दही सूत्रमें पढ दिया। सूत्रमें ' विदांकुर्वन्तु ' ऐसा रूप देखके यह न समझना कि-सर्वत्रही प्रथम पुरुष और बहुवचन होता है, क्योंकि-यहां पुरुष और वचनकी विवक्षा न कर उदाहरणमात्र दिखा दिया है, अर्थात तीनों पुरुष और तीनों वचनभी होते हैं । विद+आम्+करोतु = विदांकरोतु ॥

६२२ तनादिकृञ्भ्य उः । ३ । १ । ७९ ॥

तनादेः कृञश्च उ प्रत्ययः स्यात् । शपोऽपवादः ॥

तन-आदि धातु-(म० ७३३) और कृ-धातुसे परे उ-प्रत्यय हो । यह शप (सू० ४३३) का अपवाद है । विदांकृ+उ+तु (सू० ४३४)-॥

६२३ अत उत्सार्वधातुके । ६ । ४ । ११० ॥

उप्रत्ययान्तस्य कृञोऽत उत्सार्वधातुके किति ङिति ॥

उ-प्रत्ययान्त कृ-धातुके अकारकू उ-कार होय सार्वधातुक किंत् वा ङित् परे रहते । विदांकुरुतात् (सू० ४५८) (वोह जान) । विदांकुरुताम् (वे दो जानें)। विदांकुर्वन्तु (वे जानें) । विदांकुरु

(मू० ६६१ । ५५३) (तू जाने) । विदांकुरुतम् (तुम दो जानो) । विदांकुरुत (तुम जानो)। विदांकरवाणि (मैं जानूं) । विदांकरवाव (हम दो जाने)। विदांकरवाम (हम जाने) । तथा-वेत्तु,वित्तात्। वित्ताम् । विदन्तु। विद्धि । वित्तम् । वित्त । विदानि । विदाव । विदाम । अवित्+त् (मू० ५०० । २००) अवेत् (उस-ने जाना) । अवित्ताम् (उन दोने जाना) । अविदुः (मू०४९६) (उन्होंने जाना) । अवेद्+सु-॥

६२४ दश्च । ८ । २ । ७५ ॥

धातोर्दस्य पदान्तस्य सिपि परे रुत्वं ॥

सिप् परे रहते धातुके पदान्तरूप दकारकू रु विकल्पसे हो । अवेः (मू० ११३) अवेद् (त्) (तूने जाना) । विद्यात् (वोह जाने) । अवेदीत् (उसने जाना) । अवेदिष्यत् (जो वोह जाने)॥

अस्-भुवि । १७ । अक० पर० सेट् ॥

अस् (होना) । अस्ति (वोह है) । अस्+तस्-॥

६२५ श्नसोरल्लोपः । ६ । ४ । १११ ॥

श्नस्यास्तेश्चातो लोपः सार्वधातुके किति ङिति ॥

श्नम्-प्रत्यय (मू० ७२६) के तथा अस्-धातुके अकारका लोप हो, कित् वा ङित् सार्वधातुक परे रहते । स्तः (मू० ५५०) (वे दो हैं) । सन्ति (वे हैं) । असि (मू० ४५२) (तू है) । स्थः (तुम दो हो) । स्थ (तुम हो) । अस्मि (मैं हूं) । स्वः (हम दो हैं) । अस्मः (हम हैं) । अस्+लिट्-॥

६२६ अस्तेर्भूः । २ । ४ । ५२॥

आर्धधातुकविषये अस्तेर्भूः ॥

आर्धधातुक-विषयमें अस्-धातुकू भू आदेश हो। बभूव । भविता । भविष्यति ॥ आ० लिं०-भूयात् । अभूत् । अभविष्यत् । अस्तु (मू० ४५७), स्तात् (मू० ४५८ । ६२५) (वोह होय) ।

स्ताम् (वे दो होंय) । सन्तु (वे होंय) । असि (मू० ४६१) अस्+हि । इस अवस्थामें—॥

६२७ ध्वसोरेद्धावभ्यासलोपश्च । ६ । ४ । ११९ ॥

धोस्तेश्च एत्व स्याद्धौ परे. अभ्यासलोपश्च । आभीयन्त्वेन एत्वस्यासिद्धत्वाद्धेर्धिः । तातङ् पक्षे एत्व न. परेण तातङा बाधात् ॥

हि परे रहते घु-संज्ञक धातु (मू० ६७६) और अस-धातुको एकार हो, और अभ्यासका लोप हो । आभीयन्त्व (मू० ६१३) से एत्व असिद्ध होनेके कारण हिकू धि (मू० ६०७) होती है । और तातङ् (मू० ४५८) के पक्षमें एत्व नहीं होता, कारण कि—तातङ् (मू०४५८) मू० ६२७ से पर होनेके कारण बाधक है । एधि (मू० ६२५), स्तात (तू हो) । स्तम् (तुम दो हो) । स्त (तुम हो) । असानि (मू० ४६३ । ४६४) (मैं होऊं) । असाव (हम दो हो) । असाम (हम हो) । आसीत (मू० ४९२ । ४९३) (वोह था) । आस्ताम (वे दो थे) । आसन (वे थे) । आसीः (तू था) । आसम (मैं था) । स्यात (मू० ४७४।६२५) (वोह हो) । स्याताम (वे दो हो) । स्युः (वे हो) । स्याः (तू हो) । स्याम् (मैं होऊं) ॥ प्र—नि—सन्ति ॥

६२८ उपसर्गात्प्रादुरोर्यामस्तिर्यचूपरः । ८ । ३ । ८७ ॥

उपसर्गेभ्यः[1] प्रादुषश्च परस्यास्ते. अस्य यो यकारोऽचि च परे ॥

उपसर्गोंसे तथा प्रादुस-अव्ययसे परे अस-धातुके सकारकू षकार हो यकार और अच परे रहते । जैसे—प्रनिषन्ति (वे बाहर जाते हैं) । प्रादुस+सन्ति (मू० १२५ । ११३) प्रादुःषन्ति (वे प्रकट होते हैं) । नि+स्यात = निष्यात् (वोह जाय) ॥

यत्परः किम् ? अभिस्तः ॥

यदि कोई यह शंका करै कि—य और अच् परे रहते मू० ६२८ सूत्र लगे ऐसा क्यों कहा ? तब यह उत्तर देना चाहिये कि—यदि

[1] अर्थात्—उपसर्गमें स्थित इण-प्रत्याहारान्तर्गत वर्णसे परे यह अर्थ करना ।

ऐसा न कहेंगे तो–अभि+स्तः = अभिस्तः (वे दो सर्वथा हैं) । यहांभी मू० ६२८ सूत्रका प्रयोग हो जायगा ॥

इण्–गतौ । १७ । सक० पर० अनिट् ॥

इ (जाना) । एति (मू० ४३४) (वह जाता है) । इतः (मू० ५५० । ४८१) (वे दो जाते हैं) । इ+झि (मू०४३५) इ+अन्ति ॥

६२९ इणो यण् । ६ । ४ । ८१ ॥

अजादौ प्रत्यये परे । इयङुवङोरपवादः ॥

अजादि-प्रत्यय परे रहते इ-धातुकू यण् हो । यह सूत्र इयङ् (मू० २२१) का अपवाद है । यन्ति (वे जाते हैं) । एसि (तू जाता है) । एमि (मैं जाता हूं) । इ+इ+अ (मू० ४३८)–॥

६३० अभ्यासस्यासवर्णे । ६ । ४ । ७८ ॥

इ-उ-ऋणयोरियङुवङौ स्तोऽसवर्णेऽचि परे ॥

अभ्यासके इकार उकारकू क्रमसे इयङ् उवङ् हो असवर्णी अच् परे रहते । इयू इ+अ (मू० २०३ । २७) इयाय (वोह गया)। इ यू इ+अतुस् ॥

६३१ दीर्घ इणः किति । ७ । ४ । ६९ ॥

इणोऽभ्यासस्य दीर्घः किति लिटि ॥

इ-धातुके अभ्यासकू दीर्घ हो, कित्-संज्ञक (मू०५०१) लिट् परे रहते । ईयतुः (मू० ६२९ । ६३१) (वे दो गये) । ईयुः (वे गये)। इयेथिथ (मू०५३२), इयेथ (मू० ९३०।४३४।६३०) (तू गया) । एता (वोह जायगा) । एष्यति (वोह जायगा) । एतु, इतात् (वोह जाय) । ऐत् (मू० ४९२ । २१९) (वोह गया)। ऐताम् (वे दो गये) । आयन् (मू० २७) (वे गये) । इयात् (वोह गया) । इयाताम् (वे दो गये) । ईयात् (मू० ५३३) (ई० वोह जाय) । इ+लुङ् ॥

६३२ इणो गा लुङि। २। ४। ४५॥

गातिस्थेति सिचो लुक्॥

लुङ्-लकार परे रहते इण्-धातुको गा-आदेश हो। अगा+सि+त् (सू० ४८५) अगात (वोह गया)। ऐष्यत् (सू०४९२।२१९) (जो वोह जाय)। निर्+ईयात॥

६३३ एतेर्लिङि। ७। ४। २४॥

उपसर्गात्परस्य इणोऽणो ह्रस्व आर्धधातुके किति लिङि॥

उपसर्गसे परे इण्-धातुका जो अण् तिसे ह्रस्व हो, जब लिङ्के स्थानमें कित्-संज्ञक आर्धधातुक परे हो। निरियात (ई० वह निकले)॥

उभयत आश्रयेण तान्तादित्व। अभीयात॥

अभि+ईयात्=अभीयात (ई० वोह जाय)। यहां ह्रस्व नहीं हुआ कारण कि-किसी कार्यके अर्थ जब प्रयोगमें पूर्व और पर-भागका आश्रय एकहीमें किया जाता है तब वोह (सू० ५२) सूत्र प्रवृत्त नहीं होता, अतएव अभीयात् के इकारको एक साथ धातुका अवयव और उपसर्ग नहीं मान सक्ते॥ अणः किम्? समेयात॥ अणको ह्रस्व हो यह कहनेसे-सम्+एयात (सम आ ईयात) समेयात (ई० वोह आवे)। यहां ह्रस्व नहीं हुआ॥

शीङ् स्वप्ने। १८। अक० आत्म० सेट्॥

शी (सोना)। शी+त (सू० ४२४)॥

६३४ शीङः सार्वधातुके गुणः। ७। ४। २१॥

क्ङिति चेत्यस्यापवादः॥

सार्वधातुक-प्रत्यय परे रहते शीङ्-धातुको गुण हो। यह सूत्र (सू० ४८१) का अपवाद है। शेते (सू० ५१८) (वह सोता है)। शयाते (सू०२७) (वे दो सोते हैं)। शी+झ (सू०६३४।५७४) शे+अत्+अ। इस अवस्थामें-॥

६३५ शीङो रुट्। ७। १। ६॥

शीङः परस्य झादेशस्यातो रुडागमः स्यात् ॥

शीङ्-धातुसे परे झ-के स्थानमें आदेश हुआ जो अत् तिसे रुट् (र्) का आगम हो । शेरते (म्० ५५८) (वे सोते हैं) । शेषे (तू सोता है) । शयाथे (तुम दो सोते हो) । शेध्वे (तुम सोते हो) । शये (मैं सोता हूं) । शेवहे (हम दो सोते है) । शेमहे (हम सोते हैं) । शिश्ये (म्० ४४३ । ५६३ । १९) (वोह सोया) । शिश्याते (वे दो सोये) । शिश्यिरे (म्० ५६३) (वे सोये) । शयिता (म्० ४४७) (वोह सोवेगा) । शयिष्यते(वोह सोवेगा) । शेताम् (म्०५६७) (वह सोवै) । शयाताम् (वे दो सोवै) । शेरताम् (म्० ६३५) (वे सोवें) । शेष्व (तू सो) । शये (मैं सोऊं) । अशेत (वोह सोया) । अशयाताम् (वे दो सोये) । अशेरत (म्० ५७४ । ६३५) (वे सोये) । शयीत (म्० ५७० । ७७) (वह सोवै) । शयीयाताम् (वे दो सोवै) । शयीरन् (म्० ५७१) (वे सोवें) । शयीथाः (तू सोवै) । शयीय (म्० ५७२) (मैं सोऊं) । शयिषीष्ट (म्० ५७३)(ई० वह सोवै) । अशयिष्ट (म्० ४३४ । ४८४ । ४४७) (वह सोया था) । अशयिष्ठाः (तू सोया था) । अशयिषि (मैं सोया था) । अशयिष्यत (जो वह सोवै) ॥

इङ्-अध्ययने । १९ । इङिकावध्युपसर्गतो न व्यभिचरन्त । सक० आत्म० अनिट् ॥

इ (पढना), इङ् (पढना), इक् (स्मरण) यह दो धातु अधि- उपसर्गसे कभी पृथक् नहीं होते, अर्थात्—दोनों धातुके पहले अधि-उपसर्ग रहता है । अधीते (म्० ५५३ । ५५८) (वह पढता है)। अधि+इ+आते (म्० ५५८ । २२१ । ५३) अधीयाते (वे दो पढते हैं) । अधीयते (म्० ५७४) (वे पढते हैं) । अधि+इ+त (म्० ५६३) ॥

६३६ गाङ् लिटि । २ । ४ । ४९ ॥

इडो गाङ् स्याल्लिटि ॥

इङ्-धातुकू गाङ्-(गा) आदेश हो लिट् परे रहते। अधि+गा+ए (सू० ४४०।४४३।५०३।५३९) अधिजगे (उसने पढा) । अधिजगाते (उन दोने पढा) । अधिजगिरे (उनोंने पढा) । अधि+इ+ता (सू० ४३४ । १९) अध्येता (वह पढेगा) । अध्येष्यते (वोह पढेगा) । अधीताम (सू० ५६७) (वोह पढे) । अधीयाताम् (वे दो पढे) । अधीयताम् (सू० ५७४ । २२१ । ५३) (वे पढे) । अधीष्व (सू० ५६८) (तू पढ) । अधीयाथाम् (तुम दो पढो) । अधीध्वम (तुम पढो) । अधि+इ+इट् (सू० ५५८ । ५६० । ४६४ । २१९) अधि+इ+ऐ (सू० ४३४ । २७ । १९) अध्यैय (मै पढे) । अध्ययावहै (हम दो पढे) । अध्ययामहै (हम पढे) । अधि+इ+त (सू० ४९२ । २१०) अधि+ऐ+त (सू० १०) अध्यैत (उसने पढा) । अध्ययाताम (उन दोने पढा)। अध्यैयत (सू० ५७४) (उनोंने पढा) । अध्यैथाः (तूने पढा)। अध्यैयाथाम (तुम दोने पढा) । अध्यैध्वम (तुमने पढा) । अध्यैय (मैने पढा)। अध्यैवहि (हम दोने पढा) । अध्यैमहि (हमने पढा) । अधीयीत (सू० ५७० । ५७५ । ५७७ । २२१ । ५३) (वोह पढे) । अधीयीयाताम (वे दो पढे) । अधीयीरन (सू० ५७५) । वे पढे) । अधीयीथाः (तू पढ)। अधीयि (मै पढे)। अध्येषीष्ट (सू० ५७३) (ई० वोह पढे) । अध्येषीष्ठाः (ई०तू पढ) । अध्येषीय (ई० मै पढे) । अधि+इ+लुङ् = त ॥

६३७ विभाषा लुङ्लृङोः । २ । ४ । ७० ॥

इङो गाङ् स्याल्लुङि ॥

इङ्-धातुकू गाङ्-(गा) आदेश विकल्पसे हो लुङ् वा लृङ् परे रहते । अधि-गा+त (सू० ४७१) ॥

६३८ गाङ् कुटादिभ्योऽञ्णिन्ङित् । १ । २ । १ ॥

गाङादेशात्कुटादिभ्यश्च परेऽञिणन्ङितः प्रत्ययाः ङितः स्युः ॥

जो प्रत्यय ञित् और णित् न हों वे प्रत्यय गाङ्-(सू० ६३६) आदेशसे परे और कुट्-आदि धातुओंसे परे डित् माने जॉय। अधि+अ+गा+त (सू० ४८१ । ४८४) ॥

६३९ घुमास्थागापाजहातिसां हलि । ६ । ४ । ६६ ॥

एषामात ईत्स्याद्धलादौ ङित्यघिति के ॥

घु-(सू०६७६) संज्ञक धातु, तथा मा (मापना), स्था (रुकना), गा (पढना), पा (पीना) और ओहाक् (त्यागना), पो (नाश करना) इन धातुओंके आ-कू ई हो हलादि कित् वा डित् आर्धधातुक परे रहते । अधि+अगी+स्+त (सू० १७० । ७९ । ११) अध्यगीष्ट, अध्यैष्ट (सू० ४९२ । २१९) (उसने पढा था) । अध्यगासाताम्, अध्यैषाताम् (उन दोने पढा) । अध्यगीष्यत, अध्यैष्यत (जो वोह पढ़े) । अध्यगीष्यथाः, अध्यैष्यथाः (जो तू पढ़े) । अध्यगीष्ये, अध्यैष्ये (जो मैं पढ़ूं) ॥

दुह-प्रपूरणे । २० । उभयपः द्विकर्मः अनिट् ॥

दुह-(दूहना) । दोग्धि (सू० २८० । ६०० । २३ । ४३४) (वोह दूहता है) । दुग्धः (वे दो दुहते हैं) । दुहन्ति (वे दूहते हैं) । धोक्षि (सू० ६०० । २८० । २८१ । २३ । ९१ । १७०) (तू दुहता है) । दुग्धे (सू० २८० । ९१ । ६०० । ५५८) (वह दूहता है) । दुहाते (वे दो दुहते हैं) । दुहते (सू० ५७४) (वे दुहते हैं) । धुक्षे (सू० २८० । २८१ । २३ । ९१ । १७० । ५५० । ४८१) (तू दुहता है) । धुग्ध्वे (सू० २८० । २८१ । २३) (तुम दुहते हो) । दुदोह (सू० ५००) (उसने दुहा) । दुदुहिथ (तूने दुहा) । दुदोह (मैंने दुहा) । दुदुह (सू० ५६३) (उसने दुहा) । दोग्धा (सू० ६००) (वोह दुहैगा) । दोग्धासि, दोग्धासे (तू दुहैगा) । दोग्धास्मि, दोग्धाहे (मैं दुहूंगा) । धोक्ष्यति (सू०५००। २८० । २८१ । २३ । ९१), धोक्ष्यते (वोह दुहैगा) । दोग्धु, दुग्धात (सू० ४५८ । ४८१) (वोह दुहै) । दुग्धाम् (वे दो

दुहे)। दुहन्तु (वे दुहें)। दुग्धि (मू० ६०७), दुग्धात् (मू० ४५८) (तू दुहे)। दुग्धम् (तुम दो दुहो)। दुग्ध (तुम दुहो)। दोहानि (मैं दुहूं) । दोहाव (हम दो दुहें) । दोहाम (हम दुहें) ॥ आ० प०—दुग्धाम् (मू० ६०० । ५६७)। दुहाताम्। दुहताम् (मू० ५७४) । धुक्ष्व (मू० २८१ । ५६८)। दुहाथाम्। धुग्ध्वम् (मू० २८० । २८१ । २३)। दोहै । दोहावहै । दोहामहै । अधोक् (मू०२०० । २८० । २८१) (उसने दुहा)। अदुग्धाम् (मू० ६००) (उन दोने दुहा)। अदुहन् (उनोंने दुहा)। अधोक्—(ग्) (मू०१६६) (तूने दुहा) । अदुग्धम् (तुम दोने दुहा)। अदुग्ध (तुमने दुहा) । अदोहम् (मैंने दुहा) ॥ आ० प०— अदुग्ध । अदुहाताम् । अदुहत । अदुग्धाः । अदुहाथाम् । अधुग्ध्वम् । अदुहि । अदुह्वहि । अदुह्महि । दुह्यात् (वोह दुहे)। दुह्याः (तू दुह) । दुह्याम् (मैं दुहूं) । दुहीत (मू० ५७०) । दुहीयाताम् । दुहीरन् । दुह्यात् । दुह्यास्ताम्इत्यादि ॥ दुह्+सी+स+त—॥

६४० लिङ्सिचावात्मनेपदेषु । १ । २ । ११ ॥

इक्समीपाद्धलः परौ झलादी लिङ्सिचौ कितौ स्तस्तडि ॥

इक्-के समीप जो हल् तिससे परे झलादि लिङ् तथा सिच (मू०प्र०) कित् हो, आत्मनेपद परे रहते । उक्त प्रयोगमें दु- ...गत 'उ' (इक्) के समीप 'ह' हल् है। धुक्षीष्ट (मू० २८० । २८१ । २३ । ९१ । १७० । ७१ । ४८१) (ई० वोह दुहे) । धुक्षीष्ठाः (ई० तू दुहे) । धुक्षीय (मू० ५७२) (ई० मैं दुहूं) । दुह+च्लि+त् (मू० ४७२) ॥

६४१ शल इगुपधादनिटः क्सः । ३ । १ । ४५ ॥

इगुपधो यः शलन्तस्तस्मादनिटश्च्लेः क्सादेशः ॥

जिसकी उपाधा इक् हो ऐसे शलन्तसे परे अनिट् च्लिकू क्स-आदेश हो। अदुह्+क्स+त् (मू० ४८१। २८०। २८१। २३। ९१। १७०। १५६) अधुक्षत् (उसने दुहा)। अधुक्षः (तूने दुहा)। अधुक्षम् (मैंने दुहा)। अदुह्+क्स+त ॥

६४२ लुग्वा दुहदिहलिहगुहामात्मनेपदे दन्त्ये। ७। ३। ७३॥

एषां क्सस्य लुग्वा स्याद् दन्त्ये तडि ॥

दुह (दुहना), दिह (इकट्ठा करना), लिह (चाटना), गुह (ढकना) इन धातुओंके क्स-का लोप विकल्पसे हो, दन्तस्थानीय आत्मनेपद प्रत्यय परे रहते। अदुह्+त (मू०२८०। ६००) अदुग्ध, अधुक्षत (उसने दुहा)। अदुह्+क्स+आताम् (मू० २८०।२८१। ९१।२३) अधुक्+क्स+आताम् ॥

६४३ क्सस्याचि। ७। ३। ७२॥

अजादौ तडि क्सस्य लोपः ॥

अजादि-आत्मनेपद परे रहते क्स-का लोप (मू० २५) हो। अधुक्षाताम् (मू० १७०) (उन दोने दुहा)। अधुक्षन्त (मू० ४३९) (उनोंने दुहा)। अदुग्धाः, अधुक्षथाः (तूने दुहा)। अधुक्षाथाम् (तुम दोने दुहा)। अधुग्ध्वम्, अधुक्षध्वम् (तुमने दुहा)। अधुक्षि (मू० ६४३) (मैंने दुहा)। अदुह्वहि (मू० ६४२), अधुक्षावहि (मू० ४३६) (हम दोने दुहा)। अधुक्षामहि (हमने दुहा)। अधोक्ष्यत (मू० ४७२। ४७१), अधोक्ष्यत (जो वोह दुहे)। अधोक्ष्यः, अधोक्ष्यथाः (जो तू दुहे)। अधोक्ष्यम्, अधोक्ष्ये (जो मे दुहूं) ॥

एवं दिह-उपक्षये। २१। उभय० सकर्म० अनिट् ॥

इसी प्रकार दिह-(उन्नति करना) धातुके रूपभी होते हैं ॥

१ कोई ० महाशय (दही) के उक्त दो रूपोंके अलावे यहांभी (अदुग्धाहि) ऐसा वैकल्पिक रूप लिखते हैं सो भ्रान्तिमात्र है। उन्हें मू० ६४२ के 'दन्त्ये' पदपर ध्यान देना चाहिये।

लिह-अस्वादने। २२। उभय० सकर्म० अनिट्॥

लिह (चाटना)। लिह्+ति (मू० २७९। ६००। ७९) लिह्+ढि (मू० ५००। ६०१) लेढि (वोह चाटता है)। लीढः (मू० १३२) (वे दो चाटते हैं)। लिहन्ति (वे चाटते हैं)। लेक्षि (मू० २७९। ५९९) (तू चाटता है)। लेह्मि (मैं चाटता हूं)। लीढे (मू० ५५८) (वह चाटता है)। लिहाते (वे दो चाटते हैं)। लिहते (मू० ५७४। ५५८) (वे चाटते हैं)। लिक्षे (तू चाटता है)। लिहाथे (तुम दो चाटते हो)। लीढ्वे (तुम चाटते हो)। लिहे (मैं चाटता हूं)। लिलेह (मू० ५००) उसने चाटा)। लिलेहिथ (तूने चाटा)। लिलेह (मैंने चाटा)। लिलिहे। लिलिहिषे। लिलिहे। लीढा (वोह चाटेगा)। लीढासि, लीढासे (तू चाटेगा)। लेढास्मि, लेढाहे (मैं चाटूंगा)। लेक्ष्यति, लेक्ष्यते (वोह चाटेगा)। लेक्ष्यसि, लेक्ष्यसे (तू चाटेगा)। लेक्ष्यामि, लेक्ष्ये (मैं चाटूंगा)। लेढु (मू० ४५७), लीढात् (मू० ४५८। ४८१) (वोह चाटे)। लीढाम् (मू० ४६०) (वे दो चाटें)। लिहन्तु (वे चाटें)। लीढि (मू० ४६१। २७९। ६०७। ७९। ६०१। १३२), लीढात् (मू० ४५८) (तू चाट)। लेहानि (मैं चाटूं)। लीढाम (मू० ५६७)। लिहाताम्। लिहताम्। लिक्ष। लेढ्। अलेट् (मू० २७९। २००। १६६), अलेड् (मू० ८३) (उसने चाटा)। अलेट्-ड् (मू० ८३) (तूने चाटा)। अलेह्म् (मैं चाटूं)। अलीढ। अलीढाः। अलिहि। लिह्यात् (वोह चाटे)। लिहीत (वोह चाटे)। लिह्यात्, लिहीष्ट (ई० वोह चाटे)। लिह्यास्ताम, लेक्षीयास्ताम् (ई० वे दो चाटें)। इत्यादि॥ अलिक्षत् (मू० ६४१। २७९। ५९९); अलिक्षत, अलीढ (मू० ६४३) (उसने चाटा)। अलेक्ष्यत्, अलेक्ष्यत (जो वोह चाटे)॥

लूस्-व्यक्तायां वाचि। २३। उभय० हिंसकर्म० सेट्॥

ब्रूञ् = ब्रू (स्पष्ट बोलना) । ब्रू+लट् = ति ॥

६४४ ब्रुवः पञ्चानामादित आहो ब्रुवः। ३ । ४ । ८४ ॥

ब्रुवो लटस्तिबादीनां पञ्चानां णलादयः पञ्च वा स्युः, ब्रुवश्चाहादेशः ॥

ब्रू-धातुसे परे लट्-के स्थानमें तिप्-आदि (तिप्, तस्, झि, सिप्, थस्) पांच आदेशोंकू णल्-आदि पांच (णल् अतुस्, उस्, थल्, अथुस्) आदेश विकल्पकरके हों और ब्रू-धातुकू आह-आदेश हो । आह (वोह कहता है) । आहतुः (वे दो कहते हैं) । आहुः (वे कहते हैं) । आह्+थ ॥

६४५ आहस्थः । ८ । २ । ३५ ॥

झलि परे । चर्त्वम् ॥

झल् पर रहते आह-(सू० ६४४) कू थ (सू० २५) होय । और थकू चर्त्व अर्थात् त (सू० ९१) होता है । आत्थ (तू कहता है) । आहथुः (तुम दो कहते हो) । जब मूल ६४४ कू नहीं लगाया तौ-। ब्रू+ति । इस दशामें-॥

६४६ ब्रुव ईट् । ७ । ३ । ९३ ॥

ब्रुवः परस्य हलादेः पित ईट् स्यात् ॥

ब्रू-धातुसे परे हलादि-पित् संज्ञक प्रत्ययकू ईट् (ई) का आगम हो । ब्रू+ई+ति (सू० ४३४ । २७) ब्रवीति (वोह कहता है) । ब्रूतः (वे दो कहते हैं) । ब्रुवन्ति (सू० २२१) (वे बोलते हैं)। ब्रवीषि (तू कहता है) । ब्रवीमि (मै कहता हूं) । आ० प०-ब्रूते (सू०५५८) । ब्रुवाते (सू० २२१)। ब्रुवते (सू० ५७१।२२१) । ब्रूषे । ब्रुवे (सू० २२१) । ब्रू+लिट् = ति (सू० ४३८) ॥

६४७ ब्रुवो वचिः । २ । ४ । ५३ ॥

आर्धधातुके ॥

आर्धधातुक प्रत्ययकी विवक्षामें ब्रू-कू वच्-आदेश हो । वच्+अ (सू० ४४६ । ४४० । ४४२ । ५९७ । ५०४) उवाच (उसने

कहा)। ऊचतुः (मू०५९८) (उन दोने कहा)। ऊचुः (उनोंने कहा)। उवचिथ (मू० ५३२), उवक्थ (मू० ३३९। ५३१) (तूने कहा)। उवाच (मू० ५०४), उवच (मू० ५०५) (मैंने कहा)। ऊचे (मू०५९८। ५६३)। ऊचाते। ऊचिरे। ऊचिषे। ऊचे। वक्ता (मू० ३३५) (वोह बोलेगा)। वक्तासि, वक्तासे (तू बोलेगा)। वक्तास्मि, वक्ताहे (मै बोलूंगा)। वक्ष्यति, वक्ष्यते (वोह बोलैगा)। ब्रवीतु (मू० ६२६), ब्रूतात् (मू० ४५८) (वोह बोलै)। ब्रूतम् (वे दो बोलैं)। ब्रुवन्तु (मू० २२१) (वे बोलैं)। ब्रूहि (तू बोल)। ब्रवाणि (मै बोलूं)। ब्रूताम्। ब्रुवाताम्। ब्रुवताम्। ब्रूष्व। ब्रुवै (मू०५६९)। अब्रवीत् (मू०६४६), अब्रूत (वोह बोलै)। अब्रवीः, अब्रूथाः (तू बोला)। अब्रुवम्, अब्रूवि (मै बोला)। ब्रूयात् (वोह बोलै)। ब्रूयाः (तू बोल)। ब्रूयाम् (मै बोलूं)। ब्रुवीत (मू० ५७०। ४७७। २२१)। ब्रुवाथाः। ब्रुवीय। उच्यात् (मू० ६४७। ५५८), वक्षीष्ट (मू० ५७०। ५७३) (ई० वोह बोला)। उच्याः, वक्षीष्ठाः (ई० तू बोल)। उच्यासम्, वक्षीय (ई० मै बोलूं)। ब्रू+च्लि+त् (मू० ४७२। ६४७। ४७१) अवच्+च्लि+तू॥

६४८ अस्यतिवक्तिख्यातिभ्योऽङ्। ३। १। ५२॥

एभ्यश्च्लेरङ् स्यात्॥

अस् (फेंकना), वच् (बोलना), ख्या (कहना) इन धातु ओंसे परे च्लिकू अङ् (अ) हो। अवच्+अ+त्॥

६४९ वच उम्। ७। ४। २०॥

१ कोई २ नवयुवक प्रमादसे विद्यालयोंमेभी मू० ५५८ लगाकर अनेक स्थानोंमें विद्यार्थियोंको श्रममें डाल देते हैं, यदि गुरुके सन्मुख कुछभी परिश्रम किया होता तो मू० ५५८ का 'टित.' पैद निश्चय उपस्थित रहता, वा बाल्यावस्थामें रूपावलीही कठ करी होती तौभी कार्य साधीकर सक्तेथे, परन्तु आगेको ऐसी पुस्तकमें हस्तक्षेपकर व्यर्थ श्रम न कीजिये।।

अङि परे ॥

अङ् (सू० ६४८) परे रहते वच्-धातुकू उम्का आगम (सू० २६७) हो । अवोचत् (सू० ३३), अवोचत (उसने कहा) । अवोचः, अवोचथाः (तूने कहा) । अवोचम्, अवोचे (मैंने कहा) । अवक्ष्यत्, अवक्ष्यत (जो वोह कहै) । अवक्ष्यः, अवक्ष्यथाः (जो तू कहै) । अवक्ष्यम्, अवक्ष्ये (जो मैं कहूं) ॥

६५० (चर्करीतं च) ॥

चर्करीतमिति यङ्लुङन्त तददादौ योक्ष्यम् ॥

चर्करीतम् यह यङ्लुङन्तप्रक्रियामें क्री-धातुका रूप होता है, परन्तु धातुमात्रका उपलक्षण है, अर्थात्—जिससे परे यङ्-(सू० ७७१ । ७७८) का लुक् हुआ हो, तथा जिसको द्वित्व हुआ हो उस धातुकोभी अदादि गणमें जानो ॥

ऊर्णुञ् आच्छादने । २४ । उभय० सकर्म० सेट् ॥

ऊर्णु (ढांकना) । ऊर्णु+ति ॥

६५१ ऊर्णोतेर्विभाषा । ७ । ३ । ९० ॥

वा वृद्धिः स्याद्धलादौ पिति सार्वधातुके परे ॥

ऊर्णु-धातुकू विकल्पसे वृद्धि हो, हलादि पित्-सार्वधातुक परे रहते । ऊर्णोति, ऊर्णौति (सू० ४३४) (वोह ढकता है) । ऊर्णुतः (सू० ५५० । ४८१) (वे दो ढकते हैं) । ऊर्णुवन्ति (सू० २२१) (वे ढकते हैं) । ऊर्णोषि, ऊर्णौषि (तू ढकता है) । ऊर्णोमि, ऊर्णौमि (मैं ढकता हूं) । ऊर्णुते । ऊर्णुवाते (सू० २२१) । ऊर्णुवते (सू० ५७४) । ऊर्णुषे । ऊर्णुवे । ऊर्णु+अ (सू० ४३८) ॥

६५२ (ऊर्णोतेराम्नेति वाच्यम्) ॥

यह कहना चाहिये कि—ऊर्णु-धातुकू आम (सू० ५६१) न हो । ऊर्णु+अ । यहां सू० ४४० से रकारकू द्वित्व पाया, परन्तु—॥

६५३ न न्द्राः संयोगादयः । ६ । १ । ३ ॥

अचः परः सयोगादयो नदरा द्वित्वं भवन्ति। नु-शब्दस्य द्वित्वम्॥

अच्-से परे संयोगकी आदिके जो न-द-र तिने द्वित्व (सू०४४०) न हो। अतः नु-मात्रकू द्वित्व होता है। ऊर्णनाव (सू०२०३।२७) (उसने ढका)। ऊर्णनुवतुः (सू० २२१) (उन दोने ढका)। ऊर्णनुवुः (उनोंने ढका)। ऊर्णनु+इ+थ॥

६५४ विभाषोर्णोः। १। २। ३॥

इडादि-प्रत्ययो वा ङित्स्यात्॥

ऊर्ण-धातुसे परे जिसकी आदिमें इट् ऐसा प्रत्यय विकल्पसे ङित् हो। ऊर्णनुविथ (सू० २२१), ऊर्णनविथ (सू० ४३४। २७) (तूने ढका)। ऊर्णनाव (मैंने ढका)। ऊर्णनुवे। ऊर्णनुवाते। ऊर्णनुविरे। ऊर्णनुविषे, ऊर्णनविषे। ऊर्णनुवे। ऊर्णविता, ऊर्णविता (तू ढकेगा)। ऊर्णवितासि, ऊर्णवितासि; ऊर्णवितासे, ऊर्णवितासे (तू ढकेगा)। ऊर्णवितास्मि, ऊर्णवितास्मि; ऊर्णविताहे, ऊर्णविताहे (मैं ढकूंगा)। ऊर्णविष्यति, ऊर्णविष्यति; ऊर्णविष्यते, ऊर्णविष्यते (वोह ढकेगा)। ऊर्णविष्यसि, ऊर्णविष्यसि; ऊर्णविष्यसे, ऊर्णविष्यसे (तू ढकेगा)। ऊर्णविष्यामि, ऊर्णविष्यामि; ऊर्णविष्ये, ऊर्णविष्ये (मैं ढकूंगा)। ऊर्णोतु (सू० ६५१), ऊर्णोतु (सू० ४३४), ऊर्णुतात् (सू० ४५८) (वोह ढकै)। ऊर्णुहि, ऊर्णुतात् (तू ढक)। ऊर्णवानि (मैं ढकूं)। ऊर्णुताम्। ऊर्णुष्व। ऊर्णवै (सू० ५६९)॥ ऊर्णु+त (सू० ४७२। ४९२) आ+ऊर्णु+त्॥

६५५ गुणोऽपृक्ते। ७। ३। ९१॥

ऊर्णोतेर्गुणोऽपृक्ते हलादौ पिति सार्वधातुके। वृद्ध्यपवादः॥

ऊर्ण-धातुकू गुण हो, अपृक्त-(सू० १९९) हलादि पित् सार्वधातुक परे रहते। यह सूत्र वृद्धि (सू० ६५१) का अपवाद है। और्णोत् (सू० २१९) (उसने ढका)। और्णाः (तूने ढका)।

और्णवम् (मैंने ढका) । और्णुत । और्णुथाः । और्णुवि । ऊर्णुयात्, ऊर्णुवीत (मू० ५७० । २२१) (वोह ढकै) । ऊर्णुयाः, ऊर्णुवीथाः (तू ढक) । ऊर्णुयाम्, ऊर्णुवीय (मैं ढकूं) । ऊर्णूयात् (मू० ५३३); ऊर्णुविषीष्ट, ऊर्णविषीष्ट (मू० ६५४) (ईश्वर करै वोह ढकै) । ऊर्णूयाः; ऊर्णुविषीष्ठाः, ऊर्णविषीष्ठाः (ई० तू ढक) । ऊर्णूयासम्; ऊर्णुविषीय, ऊर्णविषीय (ई० मैं ढकूं) ॥ आ+ऊर्ण+इ+सिच्+त् (मू० ४९३) ॥

६५६ ऊर्णोतेर्विभाषा । ७ । २ । ६ ॥

इडादौ परस्मैपदे परे सिचि वा वृद्धिः । पक्षे गुणः ॥

इडादि-परस्मैपद सिच् परे रहते ऊर्णु-धातुकू विकल्पकरकै वृद्धि हो । पक्षान्तरमें गुण हो । और्णावीत् (मू० ४९४), और्णुवीत् (मू० ६५४), और्णवीत् (उसने ढका) । और्णाविष्टाम्, और्णुविष्टाम्, और्णविष्टाम् (उन दोने ढका) । और्णाविषुः, और्णुविषुः, और्णविषुः (उन्होंने ढका) । और्णावीः, और्णुवीः, और्णवीः (तूने ढका) । और्णाविष्टम्, और्णुविष्टम्, और्णविष्टम् (तुम दोने ढका) । और्णाविष्ट, और्णुविष्ट, और्णविष्ट (तुमने ढका) । और्णाविषम्, और्णुविषम्, और्णविषम् (मैंने ढका) । और्णाविष्व, और्णुविष्व, और्णविष्व (हम दोने ढका) । और्णाविष्म, और्णुविष्म, और्णविष्म (हमने ढका) । और्णुविष्ट (मू० ६५४ । २२१), और्णविष्ट (मू० ४३४ । २७) । और्णुविषाताम्, और्णविषाताम् । और्णुविषत, और्णविषत । और्णुविष्ठाः, और्णविष्ठाः । और्णुविषाथाम्, और्णविषाथाम् । और्णुविढ्वम्, और्णविढ्वम् । और्णुविषि, और्णविषि । और्णुविष्वहि, और्णविष्वहि । और्णुविष्महि, और्णविष्महि । और्णुविष्यत्, और्णविष्यत्; और्णुविष्यत, और्णविष्यत (जो वह ढकै) । और्णुविष्यः, और्णविष्यः; और्णुविष्यथाः, और्णविष्यथाः (जो तू ढकै) । और्णुविष्यम्, और्णविष्यम्; और्णुविष्ये, और्णविष्ये (जो मैं ढकूं) ॥

॥ इत्यदादयः ॥

अथ जुहोत्यादयः।

हु-दानादनयोः। १। परस्मै० सकर्म० अनिट्॥

हु (यज्ञ करना, खाना)। हु+शप्+ति॥

६५७ जुहोत्यादिभ्यः श्लुः। २। ४। ७५॥

शपः श्लुः स्यात्॥

जुहोत्यादि-गणकी धातुओंसे परे शप्-का श्लु (लोप, मू०२११) हो। हु+ति॥

६५८ श्लौ। ६। १। १०॥

धातोर्द्वे स्तः॥

श्लु-के विषयमें धातुकू द्वित्व हो। हु-हु+ति (मू० ५०३।४१४) जुहोति (वोह यज्ञ करता है)। जुहुतः (मू०५५०) (वे दो यज्ञ करते हैं)। जुहु+झि॥

६५९ अदभ्यस्तात्। ७। १। ४॥

झस्यात् स्यात्॥

अभ्यस्त-संज्ञक-(मू०३८७) धातुसे परे झ-कू अत् आदेश हो। जुह्वति (मू० ५५१) (वे यज्ञ करते हैं)॥ हु+लिट्=ति (मू० ४३८)॥

६६० भीह्रीभृहुवां श्लुवच्च। ३। १। ३९॥

एभ्यो लिटि आम्वा स्यात्, आमि श्लाविव कार्यं च॥

भी (डरना), ह्री (लजाना), भृ (पालना), हु (यज्ञ करना) इन धातुओंसे लिट् परे रहते आम् विकल्प करकै हो, और आम् परे रहतेभी श्लु-की सदृश कार्य (मू० ६५८) हो। जुहवाञ्चकार, जुहाव (मू० ४४० । २०३) (उसने यज्ञ किया)। होता (मू० ४४९) (वोह यज्ञ करैगा)। होष्यति (वोह यज्ञ करैगा)। जुहोतु (मू० ४५७), जुहुतात् (मू० ४५८) (वोह

यज्ञ करैं) । जुहुताम् (वे दो यज्ञ करें) । जुह्वतु (मू० ६५९) (वे यज्ञ करें) । जुहुधि (मू० ६०७) (तू यज्ञ कर) । जुहवानि (मू० ४६४) (मैं यज्ञ करूं) । अजुहोत् (मू० ४७२) (उसने यज्ञ किया) । अजुहुताम् (उन दोने यज्ञ किया) । अजुहु+झि = जुस् (मू० ४०६ । १४९) ॥

६६१ जुसि च । ७ । ३ । ८३ ॥

इगन्तांगस्य गुणोऽजादौ जुसि ॥

जिसके अन्तमें इक् हो ऐसे अंगकू गुण हो, अजादि जुस् परे रहते । अजुहवुः (मू० २७) (उनोंने यज्ञ किया) । जुहुयात् (वोह यज्ञ करै) । हूयात् (मू० ४७१।४८० । ५३३) (ई० वोह यज्ञ करै) । हूयास्तामित्यादि ॥ अहु+स्+त् (मू० ४९३ । ५३४ । १७०) अहौषीत् (उसने यज्ञ किया था) । अहौष्टाम् (इन दोने यज्ञ किया था) । अहौषुः (उनोंने यज्ञ किया था) । अहौषीः (तूने यज्ञ किया था) । अहौषम् (मैंने यज्ञ किया था) । अहोष्यत् (जो वह यज्ञ करै) । अहोष्यः (जो तू यज्ञ करै) । अहोष्यम् (जो मैं यज्ञ करूं) ॥

ञिभी–भये । २ । पर० सक० अनिट् ॥

ञिभी = भी (मू० ५११) (डरना) । बिभेति (मू० ४४३ । ४३४ । ६५८) (वोह डरता है) । बिभी+तस् (मू० ५५०) ॥

६६२ भियोऽन्यतरस्याम् । ६ । ४ । ११५ ॥

इकारो वा स्याद्ध्रलादौ क्ङिति सार्वधातुके ॥

भी-धातुकू इकार विकल्पकरकै हो, हलादि-कित् वा ङित् सार्वधातुक परे रहते । बिभितः, बिभीतः (वे दो डरते हैं) । बिभ्यति (मू० ६५९ । १९) (वे डरते हैं) । बिभेषि (तू डरता है) । बिभेमि (मैं डरता हूं) । बिभयाञ्चकार (मू० ६६०), बिभाय (मू० २०३ । २७) (वोह डरा) । भेता (वोह डरैगा) । भेष्यति (वोह डरैगा) । बिभेतु, बिभितात् (मू० ४५८ । ६६२),

बिभीतात् (वोह डरै)। बिभेहि (तू डर)। बिभ्यानि (मैं डरूं)। अबिभेत् (वोह डरा)। अबिभेः (तू डरा)। अबिभयम् (मैं डरा)। बिभियात् (मू० ६६२), बिभीयात् (वोह डरै)। बिभियाः, बिभीयाः (तू डरै)। बिभियाम्, बिभीयाम् (मैं डरूं)। भीयात् (ई० वोह डरै)। अभैषीत् (मू० ४९३। ५३४) (वोह डरा)। अभैष्टाम् (वे दो डरें)। अभैषीः (तू डरा)। अभैषम् (मैं डरा)। अभेष्यत् (जो वोह डरै)॥

ह्री-लज्जायाम्। ३। पर० अक० अनिट्॥

ह्री (लजाना)। जिह्रेति (मू० ६५८। ४४२। ४४३। ५०३। ४३४) (वोह लज्जित होता है)। जिह्रीतः (वे दो लज्जित होते हैं)। जिह्रियति (मू० ६५९। २२१) (वे लज्जित होते हैं)। जिह्रयाञ्चकार (मू० ६६०), जिह्राय (वोह लज्जित हुआ)। ह्रेता (वोह लज्जित होगा)। ह्रेष्यति (वोह लज्जित होगा)। जिह्रेतु, जिह्रीतात् (वोह लज्जित हो)। अजिह्रेत् (वह लज्जित हुआ)। जिह्रीयात् (वोह लज्जित हो)। ह्रीयात् (ई० वोह लज्जित हो)। अह्रैषीत् (मू० ४८४। ४९३। ५३४) (वोह लज्जित हुआ था)। अह्रेष्यत् (जो वोह लज्जित हो)॥

पॄ-पालनपूरणयोः। ४। पर० सक० सेट्॥

पॄ (पालना वा पूर्ण करना)। पॄ+ति (मू० ६५८) पॄ पॄ+ति॥

६६३ अर्तिपिपर्त्योश्च। ७। ४। ७७॥

अभ्यासस्य इकारोऽन्तादेशः स्यात् श्लौ॥

श्लु के विषयमें ऋ (जाना) और पॄ (पालना) इन दो धातुओंके अभ्यासकू इकार अन्तादेश हो। पिपॄ+ति (मू० ४३४) पिपर्त्ति (वोह पालता है)। पिपॄ+तस्॥

६६४ उदोष्ठ्यपूर्वस्य। ७। १। १०२॥

अङ्गावयवौष्ठ्यपूर्वो य ऋवर्ण तदन्ताङ्गस्य उत्स्यात्॥

अंगका अवयव ओष्ठस्थानीय वर्ण जिसके प्रथम हो ऐसे ऋदन्त अंगको उत् हो । पिपुर्+तस् (मू० ३५) ॥

६६५ हलि च । ८ । २ । ७७ ॥

रेफवान्तस्य धातोरुपधाया इको दीर्घो हलि ॥

रेफान्त तथा वान्त-धातुकी उपरूप इक्-को दीर्घ हो, हल् परे रहते । पिपूर्त्तः (वे दो पालते हैं) । पिपुरति (मू० ६२९।६६४) (वे पालते हैं) । पिपर्सि (तू पालता है) । पिपर्मि (मैं पालता हूं) । पॄ पॄ+अ (मू० ५२३ । २०३ । ३५) पपार(उसने पाला)। पप्+अतुस् (मू० ५०१) ॥

६६६ शॄदॄप्रां ह्रस्वो वा । ७ । ४ । १२ ॥

एषां किति लिटि ह्रस्वो वा स्यात् ॥

शॄ (मारना), दॄ (फाडना), पॄ (पालना) इन धातुओंको ह्रस्व विकल्प करके हो, कित्-संज्ञक लिट् परे रहते । यह सूत्र मू० ६६७ का अपवाद है । पप्+अतुस् (मू० १९) पप्रतुः (उन दोने पाला) । वा । पप्+अतुस् ॥

६६७ ऋच्छत्यृताम् । ७ । ४ । ११ ॥

तौदादिकऋच्छेऋधातोरेतां च गुणो लिटि ॥

तुदादि-गणकी ऋच्छ-धातुको तथा ऋ-धातुको और ऋदन्त-धातुओंको गुण हो, लिट् परे रहते । पपरतुः (मू० ३५) (उन दोने पाला) । पपरुः (मू० ६६६), पप्रुः (उनोंने पाला) । पॄ+इ+ता (मू० ४४७) ॥

६६८ वृतो वा । ७ । २ । ३८ ॥

वृङ्-वृञ्-भ्यामृदन्ताच्चेटो दीर्घो वा, नतु लिटि ॥

वृङ् (सेवा करना), वृञ् (स्वीकार करना) और ऋदन्त-धातुओंसे परे इट्-को दीर्घ विकल्पकरके हो, परन्तु-लिट्में विकल्पसे न हो । परीता, परिता (मू० ४३४) (वोह पालैगा) । परीष्यति,

परिष्यति (वोह पालैगा) । पिपर्तु, पिपूर्त्तात् (मू०६६३।४५७) (वोह पालै) । पिपर्धि (तू पालै) । पिपराणि (मैं पालूं) । अपिपः (मू० ४७२ । ४३४ । २०० । ११३) (उसने पाला) । अपिपूर्त्ताम् (मू०६६४ । ६६५) (उन दोने पाला) । अपिपरुः (मू०४१६ । ६६१) (उनोंने पाला) । पिपूर्यात् (मू० ६६४ । ६६५) (वोह पालैं) । पिपर्यातम् (वे दो पालैं) । पूर्यात् (ई० वोह पालै) । अपारीत् (मू०४४७ । ४९३ । ४९४ । ५३४) (उसने पाला) । अपार्+इ+स्+ताम् । यहां इट्-कू दीर्घ (मू०६६८) प्राप्त हुआ—॥

६६९ सिचि च परस्मैपदेषु । ७ । २ । ४० ॥

अत्र इटो न दीर्घः ॥

वृङ् तथा वृञ् और ऋदन्त धातुओंसे सिच् परे रहते इट्-कू दीर्घ न हो, परस्मैपदमें । अपारिष्टाम् (मू० १७० । ७९) (उन दोने पाला) । अपरीष्यत्, अपरिष्यत् (मू० ६६८) (जो वोह पालै) ॥

ओ-हाक्-त्यागे । ५ । पर० सक० अनिट् ॥

ओहाक् = हा (त्यागना) । जहाति (मू० ६५८ । ५०३) (वोह त्यागता है) । जहा+तस् (मू०५५०) ॥

६७० जहातेश्च । ६ । ४ । ११६ ॥

इह्या स्याद्ध्रलादौ क्ङिति सार्वधातुके ॥

हा-धातुकू इकार विकल्पकरकै हो, हलादि-कित् वा ङित्-सार्वधातुक परे रहते । जहितः (वे दो त्यागते है) । वा । जहा+तः ॥

६७१ ई हल्यघोः । ६ । ४ । ११३ ॥

श्ना-भ्यस्तयो रात ई स्यात्सार्वधातुके क्ङिति ङिति हलि, नतु घोः ॥

श्ना (मू० ७४४) और अभ्यस्त-(मू० ३८७) के आ-कू ई हो कित् वा ङित् सार्वधातुक परे रहते, परन्तु—अभ्यस्त-संज्ञक

घु-(सू० ६७६) कू न हो । जहीतः (वे दो त्यागते हैं) । जहा+अति (सू० ६५९) ॥

६७२ श्ना-अभ्यस्तयोरातः । ६ । ४ । ११२ ॥

अनयोरातो लोपः ङिति सार्वधातुके ॥

श्ना-(सू० ७४४) प्रत्यय और अभ्यस्त-(सू० ३८७) संज्ञक के आ-का लोप हो, कित् अथवा ङित् सार्वधातुक प्रत्यय परे रहते । जहति (वे त्यागते हैं) । जहौ (सू० ५३८) (उसने त्यागा) । जहतुः (सू० ५३९) (उन दोने त्यागा) । हाता (वोह त्यागेगा) । हास्यति (वोह त्यागेगा) । जहातु (सू० ४५७), जहितात् (सू० ६७०), जहीतात् (सू० ६७१) (वोह त्यागे) । जहा+हि (सू० ४६१) ॥

६७३ आच हौ । ६ । ४ । ११७ ॥

जहातेर्हौ परे आ स्याच्चादिर्हौ तौ ॥

हि परे रहते हा-धातुके आ कू आ हो, चकारसे इत् (इ) हो तथा ईत् (ई) हो । जहाहि, जहिहि, जहीहि (तू त्याग) । अजहात् (उसने त्यागा) । अजहुः (सू० ४९६ । ६७२) (उनोंने त्यागा) । जहा+या+त् (सू० ४७४) ॥

६७४ लोपो यि । ६ । ४ । ११८ ॥

जहातेरातो लोपो यादौ सार्वधातुके परे ॥

यकारादि-सार्वधातुक परे रहते हा-धातुके आका लोप हो । जह्यात् (वोह त्यागे) । हेयात् (सू० ४७९ । ५४०) (ईं वोह त्यागे) । हेयास्तामित्यादि ॥ अहासीत् (सू० ५४५ । ४९३ । ४९४) (उसने त्यागा था) । अहासिष्टामित्यादि ॥ अहास्यत् (जो वोह त्यागे) ॥

माङ्-माने शब्दे च । ६ । आत्मने० सकर्मे० अनिट् ॥

---

१ शब्देऽकर्मक ।

माङ् = मा (मान करना वा शब्द करना) । मामा+ते (मू० ६५८ । ५५८) ॥

६७५ भृञामित् । ७ । ४ । ७६ ॥

भृञ् माङ् ओहाङ् एषां त्रयाणामभ्यासस्य इत्स्यात् श्लौ ॥

भृञ् (पालना), माङ् (मान करना), ओहाङ् = हा (जाना) इन तीन धातुओंके अभ्यासकू इ हो, श्लु-के विषयमें । मि मा+ते (मू० ६७१) मिमीते (वोह प्र-मान करता है) । मिमाते (मू० ६७२) (वे दो मान करते हैं) । मिमते (मू० ६५९ । ६७२) (वे मान करते हैं)। मिमीषे (तू मान करता है)। मिमे (मैंने मान किया) । ममे (मू० ५६३ । ४४० । ४४३ । ५३९) (उसने मान किया) । ममिषे (तूने मान किया) । माता (वोह मान करेगा) । मास्यते (वोह मान करेगा) । मिमीताम् (मू०५६७ । ६७१) (वोह मान करै) । मिमीष्व (तू मान करै) । मिमै (मैं मान करूं) । अमिमीत (उसने मान किया) । अमिमीथाः (तूने मान किया) । अमिमि (मैंने मान किया) । मिमीत (मू० ५७० । ६७१) (वोह मान करै) । मिमीयाताम् (वे दो मान करैं) । मासीष्ट (मू० ५७३) (ई० वोह मान करै) । मासीयास्तामित्यादि ॥ अमास्त (मू० ४८३ । ४८४) (उसने मान किया) । अमासाताम् (उन दोने मान किया) । अमास्यत (जो वोह मान करै) ॥

ओहाङ्-गतौ । ७ । आत्मने० सकर्म० अनिट् ॥

ओहाङ् = हा (जाना) । जिहीते (मू० ६७१) (वोह जाता है) । जिहाते (मू० ६७२) (वे दो जाते हैं) । जिहते (मू० ६५९ । ६७२) (वे जाते हैं) । जिहीसे (तू जाता है) । जिहते (मैं जाता हूं) । जहे (मू० ५६३ । ५३९) (वोह गया) । हाता (वोह जायगा) । हास्यते (वोह जायगा) । जिहीताम् (मू० ५६७) (वोह जाय) । अजिहीत (वोह गया) । जिहीत

(मू० ५७० । ६७२) (वोढ़ जाय) । हासीष्ट (मू० ५७३) (ई० वोढ़ जाय) । अहास्त (मू० ४८४) (वोढ़ गया) । अहास्यत (जो वोढ़ जाय) ॥

डुभृञ्-धारणपोषणयोः । ८ । उभय० सकर्म० अनिट् ॥

डुभृञ् = भृ (धारण करना वा पोसना) । बिभर्त्ति, बिभृते (वोढ़ धारण करता है) । बिभृतः, बिभ्रति (वे दो धारण करते हैं) । बिभ्रति (मू० ६५९ । १९), बिभ्रते (वे धारण करते हैं) । बिभरांचकार (मू० ६६०), बभार (मू० ५२३ । २०३), बिभराञ्चक्रे, बभ्रे (मू० ५६३) (उसने धारण किया) । बभर्थ, बभृवे (तूने धारण किया) । बभृव (मू० ५२९), बभृवहे (हम दोने धारण किया) । भर्त्ता (मू० ५२५) (वोढ़ धारण करैगा) । भर्त्तासि, भर्त्तासे (तू धारण करैगा) । भरिष्यति, भरिष्यते (मू० ५४७) (वोढ़ धारण करैगा) । बिभर्त्तु, बिभृतात् ; बिभृताम् (वोढ़ धारण करै) । बिभराणि, बिभरै (मैं धारण करूं) । अबिभः (मू० ४३४ । २०० । ११३), अबिभृत (उसने धारण किया) । अबिभृताम्, अबिभ्राताम् (उन दोने धारण किया) । अबिभरुः (मू० ४९६ । ६६१), अबिभ्रत (उनोंने धारण किया) । बिभृयात्, बिभ्रीत (मू० ५७०) (वोढ़ धारण करै) । भ्रियात् (मू० ४७९ । ५९४), भृषीष्ट (मू० ५७३ । ५९५ । ४८१) (ई० वोढ़ धारण करै) । अभार्षीत् (मू० ४९३ । ५१४), अभृत (मू० ५९५ । ४८१ । ६९६) (उसने धारण किया था) । अभरिष्यत् (मू० ५४७), अभरिष्यत (जो वोढ़ धारण करै) ॥

डुदाञ्-दाने । ९ । उभय० सकर्म० सेट् ॥

डुदाञ् = (मू० ५११) दा (देना) । ददाति, दत्ते (मू० ६७२ । ९१) (वोढ़ देता है) । दत्तः (मू० ६७२ । ९१), ददाते (वे दो देते हैं) । ददति (मू० ६५९ । ६७२), ददते (मू० ६५९ । ५५८) (वे देते हैं) । ददौ (मू० ५३८), ददे (मू० ५६३ ।

५३९) (उसने दिया) । दाता (वोह देगा) । दातासि, दातासे (तू देगा) । दास्यति, दास्यते (वोह देगा)। ददातु, दत्तात्; दत्ताम् (मू० ६७२।५६७) (वोह दे) । ददा+हि (मू०४६१) ॥

६७६ दाधाघ्वदाप् । १ । १ । २० ॥

दारूपा धारूपाश्च धातवो घुसंज्ञाः स्युर्दापंदैपौ विना ॥

दाप् (काटना), दैप् (निर्मल करना) इन दो धातुओंको छोडकर दारूप और धारूप धातु घुसंज्ञक हो । देहि (मू०६२७), दत्स्व (तू दे)। अददात्, अदत्त (मू०६७२) (उसने दिया)। दद्यात् (मू० ४७४ । ६७२), ददीत (मू० ५७० । ६७२) (वोह दे) । देयात् (मू० ५४०), दासीष्ट (मू० ५७३ । ५७०) (ई० वोह दे) । अदात् (मू० ४८५) वा । अदा+स्+त ॥

६७७ स्थाघ्वोरिच्च । १ । २ । १७ ॥

अनयोरिदन्तादेशः सिच् कित्स्यादात्मने पदे ॥

स्था और घु-संज्ञक (मू० ६७६) धातुके अंत्यके अक्षरकू इत् हो, और सिच् कित् हो । अदि+स् त (मू०५२६) अदित (उसने दिया था) । अदाताम्, अदिताम् (उन दोने दिया था) । अदुः (मू० ५३९), अदिषत (उनोंने दिया था) । अदास्यत, अदास्यत (जो वोह दे) ॥

डुधाञ्-धारणपोषणयोः । १० । उभ० सक० अनिट् ॥

डुधाञ् = धा (धारण करना वा पोषण करना) । दधाति (वोह धारण करता है) । दधा+तस् ॥

६७८ दधस्तथोश्च । ८ । २ । ३८ ॥

द्विरुक्तस्य झषन्तस्य धाञो वशो भषू, तथोः स्वोश्च परतः ॥

द्वित्व किये हुए झषन्त धा-धातुके वश्-कू भष् हो त और थ तथा स और ध्वके परे रहते । धधा+तः (मू० ६७२ । ९१) धत्तः

१ दा (देना), दो (खंडन करना), दे (रक्षा करना वा प्रत्यर्पण करना) ।
२ धा (धारण करना), धे (पान करना) ।

(वे दो धारण करते हैं) । दधति (मू० ६५९) (वे धारण करते हैं) । दधासि (तू धारण करता है) । धत्थः (मू० ६७८) (तुम दो धारण करते हो) । धत्थ (तुम धारण करते हो) । धत्ते (मू०५५८।६७८) । दधाते । दधते (मू०६५९) । धत्से । दधाथे । धद्धे । दधातु (वोह धारण करै) । दधा+हि (मू० ६७६ । ६२७) धेहि (तू धारण करै) । दधानि (मैं धारण करूं) । धत्ताम् । धत्स्व । दधै । अदधात् , अधत्त (मू० ६७२ । ६७८) (उसने धारण करा) । दध्यात् (मू० ४७४ । ६७२), दधीत (मू० ५७०।६७२) (वोह धारण करै) । धेयात् (मू० ५४०), धासीष्ट (मू० ५७० । ५७३) (ई० वोह धारण करै) । अधात (मू० ४८५), अधित (मू० ६७७ । ५२६) (उसने धारण किया) । अधास्यत् , अधास्यत (जो वोह धारण करै) ॥

णिजिर-शौचपोषणयोः । ११ ।

णिजिर् = निजिर् (मू० ५०७) (शुद्ध करना वा पोषण करना) ॥

६७९ (इर इत्संज्ञा वाच्या) ॥

धातुके इर्-की इत्-संज्ञा कहनी चाहिये । निनिज्+ति (मू०६५८) ॥

६८० निजां त्रयाणां गुणः श्लौ । ७ । ४ । ७५ ॥

निजादित्रयविषयाभ्यासस्य गुणः स्यात् श्लौ ॥

निज् (शुद्ध करना), विज् (पृथक् करना), विष् (विप्लृ) (व्याप्त होना) इन तीन धातुओंके अभ्यास-(मू० ४४१) को गुण हो श्लु-के विषयमें । नेनेज्+ति (मू० ५०० । ३३५) नेनेक्ति (वोह शुद्ध करता है) । नेनिक्तः (मू० ५५० । ४८१) (वे दो शुद्ध करते हैं) । नेनिजति (मू० ६५९) (वे शुद्ध करते हैं) । नेनेक्षि (मू० १७०) (तू शुद्ध करता है) । नेनेज्मि (मैं शुद्ध करता हूं) । नेनिक्ते (मू०५५०) । नेनिजाते । नेनिजते । नेनिक्षे ।

नेनिजे। निनेज (मू० ५००), निनिजे (मू० ५६३।५०१।४८१) (उसने शुद्ध करा)। नेक्ता (वोह शुद्ध करैगा)। नेक्तासि, नेक्तासे (वोह शुद्ध करैगा)। नेक्ष्यति (मू० ३३५। १७०), नेक्ष्यते (वोह शुद्ध करैगा)। नेनेक्तु, नेनिक्तात्; नेनिक्ताम् (वोह शुद्ध करै)। नेनिग्धि (मू० ६०७। ३३५), नेनिक्ष्व (तू शुद्ध कर)। नेनिज्+आ+नि (मू० ४६३। ४६४)॥

६८१ नाभ्यस्तस्याचि पिति सार्वधातुके। ७। ३।८७॥

लघूपधगुणो न स्यात्॥

अभ्यस्तसंज्ञक धातुकी लघु-(मू० ४९७) उपधा-(मू० १९७) कू गुण न हो, पित्-सार्वधातुक परे रहते। यह सूत्र मू० ५०० का बाधक है। नेनिजानि, नेनिजै (मैं शुद्ध करूं)। अनेनेक् (गु) (मू० २०० । ३३५।१६६), अनेनिक्त (उसने शुद्ध किया)। अनेनिक्ताम्, अनेनिजाताम् (उन दोने शुद्ध किया)। अनेनिजुः (मू०४९६), अनेनिजत (उनोंने शुद्ध किया)। अनेनिजम्, अनेनिजि (मैंने शुद्ध किया)। नेनिज्यात्, नेनिजीत (मू०५७०) (वोह शुद्ध करै)। निज्यात्, निक्षीष्ट (मू० ५७३। ६४०। ४८१) (ई० वोह शुद्ध करै)। अनिज्+च्लि+त्॥

६८२ इरितो वा। ३। १। ५७॥

इरितो धातोश्च्लेरङ् वा परस्मैपदेषु॥

जिस धातुके इरकी इत्संज्ञा (मू०६७९) हो, उससे परे च्लि-कू अङ् (अ) विकल्पसे हो, परस्मैपदमें। अनिजत्, अनेक्षीत् (मू० ४८४। ५१४। ५२५); अनिक्त (मू० ५२८) (उसने शुद्ध किया)। अनेक्ष्यत्, अनेक्ष्यत (जो वोह शुद्ध करै)॥

॥ इति जुहोत्यादयः॥

अथ दिवादयः ।

दिवु-क्रीडाविजिगीषाव्यवहारद्युतिस्तुतिमोदमदस्वप्नकान्तिगतिषु । १ । परस्मै० सकर्म० (अकर्म० च) सेट् ॥

दिवु = दिव् क्रीडा करना । विजयकी इच्छा करना । व्यवहार करना । चमकना । स्तुति करना । आनन्द करना । उन्मत्त होना । शयन करना । इच्छा करना । जाना) ॥

६८१ दिवादिभ्यः श्यन् । ३ । १ । ६९ ॥

शपोऽपवादः ॥

दिवादिगणपठित धातुओंसे परे श्यन्-प्रत्यय हो । यह सूत्र शप्- (सू० ४३३) का अपवाद है । दिव्+श्यन्+ति (सू० १५६ । ३) दिव्+य+ति (सू० ६८५) दीव्यति (वोह क्रीडा करता है)। दीव्यसि (तू क्रीडा करता है) । दीव्यामि (मैं क्रीडा करता हूं)। दिदेव (सू० ५००) (उसने क्रीडा करी) । देविता (वोह क्रीडा करैगा) । देविष्यति (वोह क्रीडा करैगा) । दीव्यतु (सू०४५७ । ६६५) (वोह क्रीडा करै) । अदीव्यत् (उसने क्रीडा करी) । दीव्येत् (सू० ४७६ । ४७७) (वोह क्रीडा करै) । दीव्यात् (सू० ४७९) (ई० वोह क्रीडा करै) । अदेवीत् (सू० ४९४) (उसने क्रीडा की थी) । अदेविष्यत् (जो वोह क्रीडा करै)। एवम्-॥

षिवु-तन्तुसन्ताने । २ । पर० सक० सेट् ॥

इसी उक्त-प्रकारसे षिवु = सिव्-(सू० २८३) (तन्तु विस्तार (सीवना) करना) धातुके रूप जानो ॥

नृती-गात्रविक्षेपे । ३ । पर० अकर्म० सेट् ॥

नृती = नृत् (नाचना) । नृत्यति (वोह नाचता है) । ननर्त्त (सू० ५२३ । ५००) (वोह नाचा) । नर्तिता (वोह नाचेगा)। नृत्+श्य+ति । इस दशामें-॥

१ क्त्वा वेट् ।

६८२ सेऽसिचि कृतचृतच्छृदतृदनृतः। ७। २। ५७॥

एभ्यः परस्य सिज्भिन्नस्य सादेरार्धधातुकस्येड्वा स्यात्॥

कृत (काटना), चृत (मारना) छृद (उच्छिदिर्) (क्रीडा करना वा चमकना), तृद (उतृदिर्) (मारना वा अनादर करना), नृत (नाचना) इन धातुओंसे परे सिच्-(सू० ४८४) भिन्न सकारादि आर्धधातुकको विकल्पकरके इट्-का आगम हो। नर्तिष्यति, नर्त्स्यति (वोह नाचेगा)। नृत्यतु, नृत्यतात् (वोह नाचे)। अनृत्यत् (वोह नाचा)। नृत्येत् (वोह नाचै)। नृत्यात् (ई० वोह नाचे)। अनर्तीत् (सू० ४९३। ४९४) (वोह नाचा)। अनर्तिष्यत (सू० ६८२), अनर्त्स्यत् (जो वोह नाचै)॥

त्रसी-उद्वेगे। ४। पर० अक० सेट् फणादि॥

त्रसी=त्रस् (घबराना)। त्रस्यति (सू० ५३५), त्रसति (वोह घबराता है)। तत्रास (सू० ४४२। ५०४) (वोह घबराया)। तत्रस+अतुस्॥

६८३ वा भ्राम्यत्रसाम्। ६। ४। १२४॥

एषां किति लिटि सेटि थलि च एत्याभ्यासलोपौ वा॥

भ्रू (प्राचीन होना), भ्रम् (घूमना), त्रस् (घबराना) इन धातुओंके अकारकू एकार अभ्यासका लोप विकल्पकरके हो, कित् (सू० ५०१) लिट् और सेट् थल परे रहते। त्रेसतुः, तत्रसतुः (वे दो घबराये)। तत्रसुः (वे घबराये)। त्रेसिथ, तत्रासिथ (तू घबराया)। त्रसिता (वोह घबरावेगा)। त्रसिष्यति (वोह घबरावेगा)। त्रस्यतु, त्रसतु (वोह घबरावे)। अत्रस्यत्, अत्रसत् (वोह घबराया)। त्रस्येत्, त्रसेत् (वोह घबरावे)। त्रस्यात् (ई० वोह घबरावे)। अत्रासीत्, अत्रसीत् (वोह घबराया)। अत्रसिष्यत् (जो वोह घबरावे)॥

शो-तनूकरणे। ५। पर० सक० अनिट्॥

शो (पतला करना)। शो+य+ति (सू० ६८१)॥

६८४ ओतः श्यनि । ७ । ३ । ७१ ॥

लोपः स्यात् श्यनि ॥

श्यन्-प्रत्यय परे रहते ओकारका लोप हो। श्यति (वोह पतला करता है) । श्यतः (वे दो पतला करते हैं)। श्यन्ति (वे पतला करते हैं) । शो–शो+अ (मू० ५४३ । ४४३) शश+अ (मू० ५३८ । ५३९ । ३९) शशौ (उसने पतला किया) । शशतुः (मू० ५४३ । ४३८) (उन दोने पतला किया) । शशुः (मू० ५४३ । ५३९) (उनोंने पतला किया) । शाता (मू० ५४३) (वोह पतला करेगा) । शास्यति (वोह पतला करेगा) । श्यतु (वोह पतला करे) । अश्यत् (उसने पतला किया) । अ+शा+स्+त् (मू० ५४३ । ४८४) ॥

६८५ विभाषा घ्राधेट्शाच्छासः । २ । ४ । ७८ ॥

एभ्यः सिचो लुग्वा परस्मैपदे परे ॥

घ्रा (सूंघना), धेट् (पीना), शा (शो) (पतला करना), छो (काटना), षो (नाश करना) इन धातुओंसे परे सिच्-का विकल्पसे लुक् (लोप) हो, परस्मैपद प्रत्यय परे रहते । अशात्, अशाशीत् (मू० ५४५) (उसने पतला किया)। अशाताम्, अशाशिष्टाम् (उन दोने पतला किया)। अशुः (मू०५४३।५४१। ५४२),अशाशिषुः (उनोंने पतला किया) । अशारयत् (जो वोह पतला करे) ॥

छो–छेदने । ६ । परः सकः अनिट ॥

छो (काटना)। छयति (मू० ६८१।६८४) (वह काटता है) । अच्छात्, अच्छासीत् (उसने काटा था) ॥

षो–अन्तकर्मणि । ७ । परः अकः अनिट ॥

षो (मू० २८३) सो (नाश करना) । स्यति (वोह नाश करता है) । ससो (मू० ५४३ । ४२० । ४४३ । ५३८ । ३९) (उसने नाश किया) । असात्, असासीत् (उसने नाश किया था)॥

दो-अवखण्डने। ८। पर० सकर्म० अनिट्॥

दो (तोडना। काटना)। द्यति (वोह तोडता है)। ददौ(उसने काटा)। देयात् (मू० ५४०) (ईश्वर करै वोह तोडै)। अदात् (मू० ४८५) (उसने तोडा था)॥

व्यध-ताडने। ९। पर० सक० अनिट्॥

व्यध् (मारना)। व्यधू+य+ति॥

६८६ ग्रहिज्यावयिव्यधिवष्टिविचतिवृश्चतिपृच्छतिभृज्जतीनां ङिति च। ६। १। १६॥

एषां सम्प्रसारणं स्यात् किति ङिति च॥

ग्रह (लेना), ज्या (वृद्ध होना), वय् (बुनना), व्यध् (मारना), वश् (इच्छा करना), व्यच् (ठगना), व्रश्च (काटना), प्रच्छ (पूछना,) भ्रस्ज् (भूनना) इन धातुओंकू सम्प्रसारण (मू० २८४) हो कित् वा ङित् प्रत्यय परे रहते। मू० ५५० से इयन् (मू० ६८१) ङित् है और उक्त (मू० ६८६) सूत्रसे व्यध-के य-कारकू ई सम्प्रसारण हो गया। विध्यति (वोह मारता है)। विव्याध (मू०५९७। २८६। ५०४) (उसने मारा) विविधतुः (उन दोने मारा)। विविधुः (उनोंने मारा)। विव्यधिथ (मू० ५३२), विव्यद्ध (मू० ५३१। ६००) (तूने मारा)। व्यद्धा (मू० ६००) (वोह मारेगा)। व्यत्स्यति (वोह मारैगा)। विध्यतु (वोह मारे)। अविध्यत् (उसने मारा)। विध्येत् (मू० ४७४। ४७६। ३३।४७७) (वोह मारै)। विध्यात् (मू०४८०) (ई० वोह मारै)। अव्यात्सीत् (मू० ४६३। ५१४।९१) (उसने मारा)। अव्यत्स्यत् (जो वोह मारै)॥

पुष-पुष्टौ। १०। पर० अक० अनिट्॥

पुष् (पुष्ट करना)। पुष्यति (वोह पुष्ट करता है)। पुपोष (मू० ५००) (उसने पुष्ट किया)। पुपुषतुः (मू०५०१) (उन

१ पोषणे सकर्मकः।

दोने पुष्ट किया)। पुपोषिथ (मू० ५२९) (तूने पुष्ट किया)। पोष्टा (मू० ७९) (वोह पुष्ट करैगा)। पोक्ष्यति (मू० ५९९ । १७०) (वोह पुष्ट करैगा)। पुष्यतु (वोह पुष्ट करै)। अपुष्यत् (उसने पुष्ट किया) । पुष्येत् (वोह पुष्ट करै)। पुष्यात् (ई० वोह पुष्ट करै)। अपुषत् (मू० ५२७) (उसने पुष्ट किया)। अपोक्ष्यत् (जो वोह पुष्ट करै) ॥

शुष–शोषणे। १२। पर०सक० अनिट ॥

शुष् (सूखना)। शुष्यति (वोह सूखता है)। शुशोष (वोह सूखा)। अशुषत (मू० ५५७) (वोह सूख गया) ॥

णश–अदर्शने। १३। परस्मै० अकर्म० वेट ॥

णश (मू० ५०७) नश् (नष्ट होना) । नश्यति (वोह नष्ट होता है)। ननाश (वह नष्ट हुआ) । नेशतुः (मू० ५०९) (वे दो नष्ट हुए)। ननश्+थ ॥

६८७ रधादिभ्यश्च । ७ । २ । ४५ ॥

रधनशतृपदृहमुहष्णुहष्णिह् एभ्यो वलाद्यार्धधातुकस्य वेट स्यात् ॥

रध् (हिंसा करना । उत्पन्न करना) , नश् (नष्ट होना) , तृप् (तृप्त होना । तृप्त करना), दृप् (हर्ष करना । गर्व करना), दृह् (मारनेकी इच्छा करना), मुह् (मोहित होना), ष्णुह् (कै करना), ष्णिह् (दुलारना) इन धातुओंसे परे वलादि-आर्धधातुकको इट्-का आगम विकल्पकरके हो । नेशिथ (मू० ५१०) वा–॥

६८८ मस्जिनशोर्झलि । ७ । १ । ६० ॥

नुम् स्यात् ॥

मस्ज् (निमग्न होना) और नश् (नष्ट होना) इन धातुओंको नुम्-का आगम हो, झल् परे रहते । ननंष्ट (मू० ३३६ । ७९) (तू नष्ट हुआ) । नेशिव (मू० ५०९ । ६८७), नेश्व (हम दो नष्ट हुए) । नेशिम, नेश्म (हम नष्ट हुए) । नशिता (मू०६८७), नंष्टा (वोह नष्ट होगा) । नशिष्यति, नंक्ष्यति (मू० ३३६।५९९।

१७०) (वोह नष्ट होगा) । नश्यतु (वोह नष्ट होय) । अनश्यत् (वह नष्ट हुआ) । नश्येत् (वह नष्ट हो) । नश्यात् (ई०वोह नष्ट हो) । अनशत् (मू० ५५७) (वोह नष्ट हुआ) । अनाशिष्यत , अनंक्ष्यत् (जो वोह नष्ट हो) ॥

षूङ्-प्राणिप्रसवे । १३ । आत्मने० सकर्म० सेट् ॥

षूङ्=(मू० २८३) सू (प्राणिको उत्पन्न करना) । सूयते (मू० ५५८) (वह उत्पन्न करता है) । सुषुवे (मू० ५६३ । २२१) (उसने उत्पन्न किया) । सुषुविषे (मू० ५२९) (तूने उत्पन्न किया) । सुषुविवहे (हम दोने उत्पन्न किया) । सुषुविमहे (हमने उत्पन्न किया) । सविता (मू० ५२६), सोता (वोह उत्पन्न करैगा) । सविष्यते, सोष्यते (वोह उत्पन्न करैगा) । सूयताम् (मू० ५६७) (वोह उत्पन्न करै) । असूयत (उसने उत्पन्न किया) । सूयेत (वह उत्पन्न करै)। सविषीष्ट (मू०५७३), सोषीष्ट (ई० वोह उत्पन्न करै) । असविष्ट, असोष्ट (उसने उत्पन्न किया था) ॥

दूङ्-परितापे । १४ । आत्मने० अक० सेट ॥

दूङ्=दू (दुःखी होना) । दूयते (वोह दुःखी होता है) । अदविष्ट (वोह दुःखी हुआ) ॥

दीङ्-क्षये । १५ । आत्मने० अक० अनिट् ॥

दीङ्-दी (क्षय होना)। दीयते (वोह क्षीण होता है)।दि+दी+ए (मू० ४४३ । ५६३ । ५०१) ॥

६८९ दीङो युडचि क्ङिति । ६ । ४ । ६३ ॥

दीङः परस्याजादेः क्ङित आर्धधातुकस्य युट् स्यात् ॥

दीङ्-धातुसे परे अजादि-कित् वा ङित् आर्धधातुकको युट्-(य्) का आगम हो । दिदी+य्+ए ॥

६९० (वुग्युटावुवङ्यणोः सिद्धौ वक्तव्यौ) ॥

उवङ् (मू० २२१) वा यण् (मू० २२२) करनेकी इच्छामें

वुक् (सू० ४३९) और युट् (सू० ६८९) सिद्ध हों, अर्थात्-मूल ६१३ से असिद्ध न हों ऐसा कहना चाहिये । दिदीये (वोह क्षीण हुआ) । दी+त । यहां मूल ४३४ की प्राप्ति है, क्योंकि-'त' गुणका निमित्त परे है ॥

६९१ मीनातिमिनोतिदीङां ल्यपि च । ६ । १ । ५० ॥

एषामात्वं स्यात् ल्यपि, चात्-अशित्येजनिमित्ते ॥

मी (मीञ्) (मारना), मि (डुमिञ्) (फेंकना) और दीङ् (क्षीण होना) इन धातुओंकू आकार हो ल्यप्-प्रत्यय (सू० ९५५) परे रहते, और शित्-भिन्न गुण तथा वृद्धिका निमित्त परे रहते । दाता (वोह क्षीण होगा) । दास्यते (वोह क्षीण होगा) । दीयताम् (वोह क्षीण हो) । अदीयत (वोह क्षीण हुआ) । दीयेत (वोह क्षीण हो) । दासीष्ट (ई० वोह क्षीण हो) । अदा+स+त (सू० ४८४) यहां मूल ६७७ से इत्-की प्राप्ति होनेपर-॥

६९२ (स्थाघ्वोरित्वे दीङः प्रतिषेधः) ॥

(सू० ६७७) स्थाघ्वोरिच्च । १ । २ । १७ ॥ इस सूत्रसे स्था और घु-संज्ञक (सू० ६७६) धातुओंकू इत्व विधान करनेमें दीङ्-धातुका प्रतिषेध है, अर्थात्-दीङ्-धातुकू इत्व न हो। अदास्त (वोह क्षीण हो गया) । अदास्यत (जो वोह क्षीण हो) ॥

डीङ्-विहायसा गतौ । १६ । आत्म० अक० सेट् ॥

डीङ् = डी (उडना) । डीयते (वोह उडता है) । डिड्ये (सू० ४४३ । २२२) (वोह उडा) । डयिता (सू० २७) (वोह उडेगा) । डयिष्यते (वोह उडेगा) । डीयताम (सू० ५६७) (वोह उडै) । अडीयत (वोह उडा) । डयीत (वोह उडै) । डयिषीष्ट (ई० वोह उडै) । अडयिष्ट (वोह उडा था) । अडयिष्यत (जो वोह उडै) ॥

पीङ्-पाने । १७ । आत्म० सक० अनिट् ॥

पीङ् = पी (पीना) । पीयते (वोह पीता है) । पेता (मू० ५२५) (वोह पियेगा) ॥

माङ् -माने । १८ । आत्म० सक० अनिट् ॥

माङ् = मा (मापना । जाचना) । मायते (वोह मापता है) । ममे (उसने मापा) ॥

जनी-प्रादुर्भावे । १९ । आत्म० अकर्म० सेट्, घटादिः ॥

जनी = जन् (प्रकट होना) । जन्+य+ते (मू० ५५८) ॥

६९३ ज्ञाजनोर्जा । ७ । ३ । ७९ ॥

ज्ञा (जानना), जन (प्रकट होना) इन दो धातुओंकू जा-आदेश हो, शित् परे रहते । जायते (वोह प्रकट होता है) । जन्-जन्+त (मू० ४४२ । ५५५ । ५६३) जज्न्+ए (मू० ७७) जज्ञे (वोह प्रकट हुआ) । जनिता (वोह प्रकट होगा) । जनिष्यते (वोह प्रकट होगा) । जायताम (मू० ६९३ । ५६७) (वोह प्रकट हो) । अजायत (वोह प्रकट हुआ) । जायेत (मू० ५७०) (वोह प्रकट हो) । जनिषीष्ट (ई० वोह प्रकट हो) । अजन्+च्लि+त (मू० ४८३) ॥

६९४ दीपजनबुधपूरितायिप्यायिभ्योऽन्यतरस्याम् । ३ । १ । ६१ ॥

एभ्यश्च्लेश्चिण् वा स्यात् एकवचने तशब्दे परे ॥

दीप (चमकना), जन (प्रकट होना), बुध (बोध करना), पूर (भरना), तायृ (फैलाना । पालन करना), प्यायृ (फूलना) इन धातुओंसे परे च्लि-कू चिण् (इ) आदेश विकल्प करके हो, एकवचन त-प्रत्यय परे रहते । अजन्+इ+त ॥

६९५ चिणो लुक् । ६ । ४ । १०४ ॥

चिणः परस्य तशब्दस्य लुक् स्यात् ॥

चिण्-(मू० ६९४) से परे त-प्रत्ययका लुक् (लोप) हो । अजन्+इ । यहां मू० ५०४ की प्राप्ति हुई—॥

६९६ जनिवध्योश्च । ७ । ३ । ३५ ॥

अनयोरुपधाया वृद्धिर्न चिणि ञ्णिति कृति च ॥

जन् (प्रकट होना), वध् (मारना) इन धातुओंकी उपधाकी वृद्धि न हो, जब चिण् वा ञित् अथवा णित् कृत्- (सू० ३३२) प्रत्यय परे हो। अजनि, अजनिष्ट (सू० ४८४) (वोह प्रकट हुआ था) । अजनिष्यत (जो वोह प्रकट हो) ॥

दीपी-दीप्तौ । २० । आत्मने० अक० सेट् ॥

दीपी = दीप् (चमकना) । दीप्यते (वोह चमकता है) । दिदीपे (वोह चमका) । अदीपि, अदीपिष्ट (वोह चमका था) ॥

पद- गतौ । २१ । आत्मने० सकर्म० अनिट् ॥

पद् (जाना) । पद्यते (वोह जाता है) । पेदे (सू० ५०९) (वोह गया) । पत्ता (सू० ९१) (वोह जायगा) । पत्स्यते (वोह जायगा) । पद्यताम् (वोह जाय)। अपद्यत (वोह गया)। पद्येत (वोह जाय) । पत्सीष्ट (ई०वोह जाय) । अपद्+च्लि+त॥

६९७ चिण् ते पदः । ३ । १ । ६० ॥

पदः च्लेश्चिण् स्यात् तशब्दे परे ॥

पद्-धातुसे परे च्लि- (सू० ४८३) को चिण् (इ) हो, एकवचन तशब्द परे रहते । अपद्+इ+त (सू० ६९५ । ५०४) अपादि (वोह गया) । अपत्साताम् (वे दो गये)। अपत्सत (वे गये)। अपत्स्यत (जो वोह जाय) ॥

विद-सत्तायाम् । २२ । आत्मने० अकर्म० अनिट् ॥

विद् (होना) । विद्यते (वोह है) । विविदे (वोह था) । वेत्ता (वोह होगा) । वेत्स्यते (वोह होगा) । विद्यताम् (वोह हो) । अविद्यत (वोह था) । विद्येत (वोह हो)। वित्सीष्ट (ई० वोह हो) । अवित्त (सू० ६४० । ४८१ । ५२८) (वोह था) । अवित्स्यत (जो वोह हो ॥

बुध- अवगमने । २३ । आत्मने० सकर्म० अनिट् ॥

बुध् (समझना। जानना)। बुध्यते (वोह समझता है)। बुबुधे (उसने समझा)। बोद्धा (भू० ६००) (वोह समझेगा)। भोत्स्यते (भू० २८१) (वोह समझेगा)। बुध्यताम् (वोह समझे)। अबुध्यत (उसने समझा)। बुध्येत (वोह समझे)। भुत्सीष्ट (भू० ६४० । ४८१ । २८१ । ९१) (ई० वोह समझे)। अबोधि (भू० ६९४ । ६९५ । ४३४), अबुद्ध (भू० ६४० । ४८१ । ६००) (उसने समझा)। अभुत्साताम् (भू० २८१) (उन दोने समझा)। अभोत्स्यत (जो वोह समझे)॥

युध-सम्प्रहारे। २४। आत्मने० सकर्म० अनिट्॥

युध् (लडना)। युध्यते (वोह लडता है)। युयुधे (वोह लडा)। योद्धा (भू० ६००) (वोह लडेगा)। योत्स्यते (वोह लडेगा)। युध्यताम् (वोह लडे)। अयुध्यत (वोह लडा)। युध्येत (वोह लडे)। युत्सीष्ट (ई० वोह लडे)। अयुद्ध (भू० ६४० । ४८१ । ६००) (वोह लडा)। अयोत्स्यत (जो वोह लडे)॥

सृज-विसर्गे। २५। आत्मने० सक० अनिट्॥

सृज् (छोडना)। सृज्यते (वोह छोडता है)। ससृजे (भू० ५२३ । ५६३) (उसने छोडा)। ससृजिषे (तूने छोडा)। सृज्+ता—॥

६९८ सृजिदृशोर्झल्यमकिति। ६।१।५८॥

अनयोरमागमः स्याज्झलादावकिति॥

सृज् (छोडना), दृश् (देखना) इन दो धातुओंकू अम् (अ) आगम हो, झलादि-कित्-भिन्न प्रत्यय परे रहते। सृ+अ+ज्+ता = स्रज्+ता (भू० ३३६ । ७९) स्रष्टा (वोह छोडेगा)। स्रक्ष्यते (भू० ३३६ । ५९९ । १७०) (वोह छोडेगा)। सृज्यताम् (वोह छोडे)। असृज्यत (उसने छोडा)। सृज्येत (वोह छोडे)। सृक्षीष्ट (ई० वोह छोडे)। असृष्ट (भू० ५२८ । ६४० । ३३६ । ७९) (उसने

छोड़ा) । असृक्षाताम् (मू० ६४० । ३३६ । ५९९ । १७०) (उन दोने छोड़ा) । असृज्यत (जो वोह छोड़ै) ॥

मृष-तितिक्षायाम् । २६ । सकर्म० उभ० सेट् ॥

मृष् (सहना) । मृष्यति, मृष्यते (वोह सहता है) । ममर्ष, ममृषे (उसने सहा) । ममर्षिथ, ममृषिषे (तूने सहा) । मर्षिता (वोह सहैगा) । मर्षितासि, मर्षितासे (तू सहैगा) । मर्षिष्यति, मर्षिष्यते (वोह सहैगा) । मृष्यतु, मृष्यताम् (वोह सहै)। अमृष्यत्, अमृष्यत (उसने सहा) । मृष्येत्, मृष्येत (वोह सहै)। मृष्यात्, मृषिषीष्ट (ई० वोह सहै) ॥

णह-बन्धने । २७ ।

णह = नह् (बांधना) । नह्यति, नह्यते (वोह बांधता है) । ननाह, नेहे (उसने बांधा) । ननद्ध (मू० ५३१ । ४०३ । ६००। २३), नेहिथ (मू०५३२) (तूने बांधा) नद्धा (वोह बांधैगा) । नत्स्यति, नत्स्यते (वोह बांधैगा) । नह्यतु, नह्यताम् (वोह बांधै)। अनह्यत्, अनह्यत (उसने बांधा)। नह्येत्, नह्येत (वोह बांधै)। नह्यात्, नत्सीष्ट (ई० वोह बांधै)। अनात्सीत् (मू० ५१४), अनद्ध (उसने बांधा) । अनत्स्यत्, अनत्स्यत (जो वोह बांधै) ॥

॥ इति दिवादयः ॥

अथ स्वादयः ।

षुञ्-अभिषवे[1] । १ । सक० उभ० अनिट् ॥

षुञ् = सु (स्नान कराना । सोमको कूटना । स्नान करना । मद्य बनाना) ॥

६९९ स्वादिभ्यः श्नुः । ३ । १ । ७३ ॥

शपोऽपवादः ॥

१ अभिषव – स्नपन पीडन स्नान सुरासधान च । तत्र स्नानेऽकर्मक ।

स्वादिगणी-धातुओंसे श्नु-प्रत्यय हो। यह शप्-(मू० ४३३) का अपवाद है। सु+नु+ति (मू० १५६। ४३४) सुनोति, सुनुते (मू० ५५०। ४८१। ५५८) (वोह स्नान करता है)। सुनुतः (मू० ४३२।५५०।४८१), सुन्वाते (वे दो स्नान करते हैं)। सुन्वन्ति (मू० ५५१), सुन्वते (वे स्नान करते है)। सुन्वः (मू० ५५२), सुनुवः; सुन्वहे, सुनुवहे (हम दो स्नान करते हैं)। सुषाव, सुषुवे (उसने स्नान किया)। सोता (वोह स्नान करेगा)। सोष्यति, सोष्यते (वोह स्नान करेगा)। सुनोतु, सुनुताम् (वोह स्नान करे)। सुनु (मू० ५५३), सुनुष्व (तू स्नान करे)। सुनवानि, सुनवै (मैं स्नान करूं)। असुनोत्, असुनुत (उसने स्नान किया)। सुनुयात्, सुन्वीत (वोह स्नान करे)। सूयात् (मू० ५३३), सोषीष्ट (ई० वोह स्नान करे)। असु+स्+त् (मू० ४८४)॥

७०० स्तुसुधूञ्भ्यः परस्मैपदेषु। ७। २। १२॥

एभ्यः सिच इट् परस्मैपदेषु॥

स्तु (स्तुति करना), सु (स्नान करना आदि), धू (कांपना) इन धातुओंसे परे सिच्-कू इट् (इ) आगम हो, परस्मैपदमें। असु+इ+स्+त् (मू० ५१४। ५२८। २७) असावीत्, असोष्ट (मू० ४३४। १७०। ७९) (उसने स्नान किया)। असोष्यत्, असोष्यत (जो वोह स्नान करे)॥

चिञ्-चयने। २। उभय० द्विकर्म० अनिट्॥

चिञ्=चि (इकट्ठा करना)। चिनोति, चिनुते (वोह संग्रह करता है)। चिचि+अ॥

७०१ विभाषा चेः। ७। ३। ५८॥

अभ्यासात्परस्य चिञः कुत्वं वा स्यात् सनि लिटि च॥

१ किसी २ टीकाकारोंने 'सुनुष्व' के स्थानमें 'सुन्वाताम्' ऐसा अशुद्धरूप लिखकर कोमलमति छात्रोंको भ्रममें डाला है, न जाने महापण्डितोंने बिना समझे बूझे कैसे लिख घसीटा क्या मू० ५६८ पर ध्यान नहीं दिया।

अभ्याससे परे चिञ्-धातुके च-(सू० ८९) के स्थानमें कवर्ग विकल्प करके हो, सन (सू०७६१) और लिट् परे रहते। चिकि+अ (सू० २०३ । २७) चिकाय, चिचाय; चिक्ये, चिच्ये (उसने इकट्ठा किया) । अचैषीत्, अचेष्ट (उसने संग्रह किया) ॥

स्तृञ्-आच्छादने । ३ । उभय० सकर्म० अनिट् ॥

स्तृञ् = स्तृ (ढकना । घेरना) । स्तृणोति (सू० २३७), स्तृणुते (वोह ढकता है) । स्तृस्तृ+अ । यहां तृ-का लोप (सू० ४४२) प्राप्त हुआ, परन्तु—॥

७०२ शर्पूर्वाः खयः । ७ । ४ । ६१ ॥

अभ्यासस्य शर्पूर्वाः खयः शिष्यन्तेऽन्ये हलो लुप्यन्ते ॥

अभ्यासके ऐसे खय् शेष रहते हैं कि जिनके प्रथम शर् हो,और हलोंका लोप हो । तस्तार (सू० २०३), तस्तरे (सू० ५४६) (उसने ढका) । तस्तरतुः (सू० ५४६), तस्तराते (उन दोने ढका) । स्तर्यात (सू० ५४८) वा । स्तृ+सी+स्+त (सू०५७३)॥

७०३ ऋतश्च संयोगादेः । ७ । २ । ४३ ॥

ऋदन्तात् संयोगादेः परयोर्लिङ्सिचोरिट् वा तडि ॥

जिस धातुके अंतमें ऋ और आदिमें संयोग हो उससे परे लिङ् और सिच्-कू विकल्पसे इट् (इ) का आगम हो, आत्मनेपदमें । स्तरिषीष्ट, स्तृषीष्ट (सू०५२५। ४८१) (ई० वोह ढँके) । अस्तारीत्; अस्तरिष्ट, अस्तृत (सू०५९५।४८१।५०६) (उसने ढका)॥

धूञ्-कम्पने । ४ । उभ० सक० वेट् । ष्वादिः ॥

धूञ् = धू (कांपना) । धूनोति, धूनुते (वोह कांपता है) । दुधाव, दुधुवे (वोह कांपा) । दुधविथ (सू० ५२६), दुधोथ; दुधविषे, दुधोषे (तू कांपा) । दुधू+व (सू० ५०१) इस दशामें—॥

७०४ श्नुकः किति । ७ । २ । ११ ॥

श्नित्र एकाच उगन्ताच्च परयोः गितकितोरिण् न । परमपि स्वरत्या-

दिविकल्पं बाधित्वा पुरस्तात्प्रतिषेधकाण्डारम्भसामर्थ्यादनेन निषेधे प्राप्ते क्त्यादिनियमाच्चित्यामिट् ॥

श्रि-धातु अथवा उक्-प्रत्याहार जिसके अन्तमें हो ऐसे एकाच्-धातुसे परे गित् वा कित्-संज्ञक प्रत्यय परे रहते इट् न हो। परभी स्वरत्यादि-(सू० ५२६) विकल्पकू बाधकर अगाडीके निषेधकाण्डके आरम्भकी सामर्थ्यकरकै इस सूत्रसे निषेधकी प्राप्ति होनेपर क्त्यादि-नियम-(सू० ५२९) से नित्यही इट् होता है। दुधुविव (सू० १२१), दुधुविवहे (हम दो कांपे)। अधावीत् (सू० ७०० । ५३४); अधविष्ट (सू० ५२६), अधोष्ट (वोह कांपा)। अधविष्यत्, अधोष्यत (सू० ५२६); अधविष्यत, अधोष्यत (जो वोह कांपै)। अधविष्यताम्, अधोष्यताम ; अधविष्येताम , अधोष्येताम (जो वे दो कांपैं) ॥

॥ इति स्वादयः ॥

अथ तुदादयः।

तुद्–व्यथने। १। उभय० सकर्म० अनिट् ॥

तुद् (पीडा देना) ॥

७०५ तुदादिभ्यः शः। ३। १। ७७ ॥

शपोऽपवादः ॥

तुदादिगणीय धातुओंसे परे श-(सू० १५६-अ) प्रत्यय हो। यह श शप्-(सू० ४३३) का अपवाद है। तुदति, तुदते (सू० ४३२। ५५०। ४८१। ५५८) (वोह पीडा देता है)। तुतोद (सू० ५००), तुतुदे (सू० ५६३) (उसने पीडा दी)। तुतोदिथ (सू० ५२९), तुतुदिषे (तूने पीडा दी)। तोत्ता (वोह पीडा देगा)। तोत्स्यति, तोत्स्यते (वोह पीडा देगा)। तुदतु, तुदताम् (वोह पीडा दे)। अतुदत् , अतुदत (उसने पीडा दी)। तुदेत्, तुदेत (वोह पीडा दे)। अतौत्सीत् (सू० ५१४), अतु-

त्त (सू० २५८।४८१) (उसने पीडा दी)। अतुत्स्यत् , अतुत्स्यत (जो वोह पीडा दे) ॥

णु (नु) द्-प्रेरणे। २। उभयः सकर्मः अनिट् ॥

नुद् (प्रेरणा करना)। नुदति, नुदते (वोह प्रेरणा करता है)। नुनोद, नुनुदे (उसने प्रेरणा की)। नेत्ता (वोह प्रेरणा करैगा)। नोत्स्यति, नोत्स्यते (वोह प्रेरणा करैगा)। नुदतु, नुदताम् (वोह प्रेरणा करै)। अनुदत् , अनुदत (उसने प्रेरणा की)। नुदेत् , नुदीत (वोह प्रेरणा करे)। नुद्यात् , नुत्सीष्ट। अनौत्सीत् , अनुत्त (उसने प्रेरणा की)। अनोत्स्यत् , अनोत्स्यत (जो वोह प्रेरणा करै) ॥

भ्रस्ज् पाके। ३। उभयः सक० अनिट् ॥

भ्रस्ज् [पकाना (भूंजना)]। भ्रस्-ज्+अ+ति (सू० ६८६। ७७। २३। २१) भृज्जति, भृज्जते (वोह पकाता है)। भ्रस्ज्-भ्रस्ज्+अ ॥

७०६ भ्रस्जो रोपधयोरमन्यतरस्याम् । ६ । ४ । ४७ ॥

भ्रस्जेरेफस्योप-धायाश्च स्थाने रमागमः स आर्धधातुके मित्त्वादन्त्यादचः परः। स्थानषष्ठीनिर्देशाद्रेफयोरेवोच्चारणम् ॥

भ्रस्ज-धातुके रेफ और उपधाके स्थानमें रम् (र्) का आगम विकल्प करके हो, आर्धधातुक प्रत्यय पर रहते। यह रमागम मित् होनेके कारण अन्त्य अच्-से पर (सू० २६७) होता है। 'रोपधयोः' इससे रकार और उपधाका बोध होता है, इससे ज्ञात होता है कि-'रम्' आदेश होता है आगम नहीं: यदि 'रम्' आगमही करनेका अभिप्राय होता तो सूत्रमें केवल धातुही लिख्यते, अर्थात्-उस धातुके विशेषवर्णोंका उच्चारण नहीं होता। यथा-'रोपधयोः' इस षष्ठीसमन्वित रेफ और उपधाके कहनेसे स्पष्ट बोध होता है कि-'रम्' आदेश है न कि आगम, अतएव 'रेफ और उपधा-(स्) का लोप हुआ, कारण कि-स्थानषष्ठीका अर्थही यह है-

एकको नष्ट कर उसके स्थानमें और कुछ हो । बभर्ज, बभ्रज्ज (मू० ७७ । २३); बभर्जे, बभ्रज्जे (उसने पकाया)। बभर्जतुः, बभ्रज्जतुः; बभर्जाते, बभ्रज्जाते (उन दोने पकाया) । बभर्जिथ,बभ्रज्जिथ, बभर्ष्ठ (मू० ३३९ । ३३६ । ७९), बभ्रष्ठ; बभर्जिषे, बभ्रज्जिषे, बभ्रक्षे (तूने पकाया) । भर्ष्टा, भ्रष्टा (वोह पकावेगा) । भर्क्ष्यति, भ्रक्ष्यति (मू० ३३९ । ३३६ । १२९) (वोह पकावेगा) । भृज्जतु, भृज्जताम् (वोह पकावे) । अभृज्जत , अभृज्जत (उसने पकाया) । भृज्ज्यात् , (वोह पकावे) । भ्रस्ज्+यास्+त् (मू०४७२। ४८०) यहां रमागम (मू०७०६) की प्राप्ति होनेपर ॥

" ङिति रमागमं बाधित्वा सम्प्रसारणं पूर्वविप्रतिषेधेन " ॥

किन् वा ङित् परे रहने रमागमको बाधकर पूर्वविप्रतिषेधसे सम्प्रसारण (मू०६८६) ही होता है, अर्थात यहां अष्टाध्यायीके क्रमानुसार मू० ७०६ (६–४–४७) की अपेक्षा मू०६८४ (६–१–१६) बलिष्ठ (मू०१३३) है । भृज्ज्यात् (मू० ७७ । २३ । ३३९); भर्क्षीष्ट, भ्रक्षीष्ट (मू० ३३९।३३६।१२९।१७०) (ई०वोह पकावे)। भृज्ज्यास्ताम्; भर्क्षीयास्ताम , भ्रक्षीयास्ताम (ई० वे दो पकावें) । भृज्ज्यासुः; भर्क्षीरन , भ्रक्षीरन् (ई० वे पकावें) । अभार्क्षीत् , अभ्राक्षीत् ; अभर्ष्ट, अभ्रष्ट (उसने पकाया)। अभ्रक्ष्यत , अभर्क्ष्यत् ; अभर्क्ष्येत, अभ्रक्ष्यत (जो वोह पकावे) ॥

कृष विलेखने । ४ । उभ० सक० अनिट् ॥

कृष् (जोतना) । कृषति, कृषते (वोह जोतता है) । चकर्ष, चकृषे (उसने जोता) । कृष्+ता ॥

७०७ अनुदात्तस्य चर्दुपधस्यान्यतरस्याम् । ६।१।५९ ॥

उपदेशेऽनुदात्तो य ऋदुपधस्तस्याम्वा झलादावार्धधातुके ॥

जिस धातुके उपदेशमें अनुदात्त हो और उपधामें ऋ हो ऐसे धातुको अम आगम विकल्पसे हो, किन्भिन्न झलादि आर्धधातुक परे रहते । कृष्टा (मू० २६७ । १९ । ७९), कर्ष्टा (मू०५०० ।

७२) (वोह जोतेगा) । कर्क्ष्यति, कृक्ष्यति; कर्क्ष्यते, कृक्ष्यते (वोह जोतेगा) । कृषतु, कृषताम् (वोह जोतै) । अकृषत्, अकृषत (उसने जोता) । कृष्यात् , कृषेत (वोह जोतै) । कृष्यात्, कृक्षीष्ट (सू० ६४० । ४८१ । ५१९ । १७०) (ई० वोह जोतै) । अकृष्+च्लि+त् ॥

७०८ (स्पृशमृशकृषतृपदृपां च्लेः सिज्वा वाच्यः) ॥

स्पृश् (छूना), मृश् (छूना । अडना), कृष् (जोतना),तृप् (तृप्त होना), दृप् (अभिमान करना) इन धातुओंसे परे च्लि-कू सिच् आदेश विकल्प करके हो यह कहना उचित है । अक्राक्षीत् (सू० ७०७), अकार्क्षीत् (सू० ५१४);अकृक्षत (सू० ६४१), अकृष्ट (उसने जोता) ॥

मिल- सङ्गमे । ९ । उभ० सक० सेट् ॥

मिल् (मिलना) । मिलति, मिलते (वोह मिलता है) । मिमेल, मिमिले (वोह मिला) । मेलिता (वोह मिलेगा) । मेलिष्यति,मेलिष्यते (वोह मिलेगा) । मिलतु, मिलताम् (वोह मिलै) । अमिलत , अमिलत (वोह मिला) । मिलेत्, मिलेत (वोह मिलै)। अमेलीत् (सू० ५००), अमेलिष्ट (वोह मिला) । अमेलिष्यत , अमेलिष्यत (जो वोह मिलै) ॥

मुच्लृ-मोचने । ६ । उभ० सक० अनिट् मुचादिः ॥

मृच्लृ = मुच् (छोडना) । मुच्+अ+ति ॥

७०९ शे मुचादीनाम् । ७ । १ । ५८ ॥

मुच्-लिप्-विद्-लृप्-सिच्-कृत्-खिद्-पिशां नुम् ॥

मुच् (छोडना), लिप् (लीपना (वृद्धि)), विद् (पाना), लृप् (लोप करना । काटना), सिच् (छिडकना), कृत् (काटना), खिद् (मारना), पिश् (पीसना । दलना) इन धातुओंकू नुम् (न्) आगम हो, श परे रहते । मुन्-च्+अ+ति (सू०७७) मुञ्चति, मुञ्चते (सू० ९६ । ९७) (वोह छोडता है) । मुमेच,

मुमुचे (उसने छोडा) । मोक्ता (मू० ३३५) (वोह छोडैगा) । मुच्यात्, मुक्षीष्ट (मू० ६४० । ४८१) (ई० वोह छोडै) । अमुचत् (मू० ५५७), अमुक्त (उसने छोडा) । अमुचताम्, अमुक्षाताम् (उन दोने छोडा) ॥

लुप्लृ-छेदने । ७ । उभ० सक० अनिट् मुचा० ॥

लुप्लृ = लुप् (काटना) । लुम्पति, लुम्पते (वोह काटता है) । लुलोप, लुलुपे (उसने काटा) । लोप्सा (वोह काटेगा) । लुप्यात्, लुप्सीष्ट (ई० वोह काटै) । अलुपत्, अलुप्त (मू० ६४० । ४८१ । ५२८) (उसने काटा) । अलोप्स्यत्, अलोप्स्यत (जो वोह काटै) ॥

विदॢ-लाभे । ८ । अक० उभ० अनिट् ॥

विद् (पाना) । विन्दति, विन्दते (वोह पाता है) । विवेद, विविदे (उसने पाया) ॥ व्याघ्रभूतिमते सेट् । वेदिता-वेत्ता ॥ भाष्यमतेऽनिट् । परिवेत्ता ॥ यह 'विद्' धातु श्रीव्याघ्रभूति व्याकरणाचार्यके मतमें सेट् है । वेदिता-वेत्ता (वोह पावैगा) ॥ और महाभाष्यकारके मतमें अनिट् है । परिवेत्ता (वोह अपने ज्येष्ठ भ्रातासे प्रथम गृहस्थ होगा) ॥

षिच-क्षरणे । ९ । उभ० सक० अनि० मुचा० ॥

षिच = सिच् (छिडकना) । सिञ्चति, सिञ्चते (वोह छिडकता है) । सिषेच, सिषिचे (उसने छिडका) । असिच्+च्लि+त ॥

७१० लिपि सिचि ह्वश्च । ३ । १ । ५३ ॥

एभ्यश्च्लेरङ् स्यात् ॥

लिप् (लीपना), सिच् (सींचना । छिडकना), ह्वे[1](बुलाना) इन धातुओंसे परे च्लि-कू अङ् (अ) हो । असिचत, या-असिच्+च्लि+त ॥

७११ आत्मनेपदेष्वन्यतरस्याम् । ३ । १ । ५४ ॥

१ यहा दूसरे आचार्यका मत होनेके कारण वैकल्पिक इट् होता है ।

लिपि सिचि वहः परस्य च्लेरङ् वा तडि ॥

लिप् (लीपना), सिच् (सींचना), वहेञ् (बुलाना) इन धातुओंसे परे च्लि-कू अङ् (अ) विकल्प करके हो, आत्मनेपद परे रहते । असिचत, असिक्त (मृ० ६४० । ४८१ । ५२८ । ३३५) (उसने छिडका) ॥

लिप-उपदेहे (उपदेहो वृद्धिः) ।१०। उभय०सकर्म०अनिट् मुचादिः॥

लिप् (लीपना-उपदेह वृद्धिको कहते हैं । सो लीपनारूपही है) । लिम्पति, लिम्पते (वोह लीपता है) । लिलेप, लिलिपे (उसने लीपा) । लेप्ता (वोह लीपैगा) । लिप्यात्, लिप्सीष्ट (ई० वोह लीपै) । अलिपत ; अलिपत, अलिप्त (उसने लीपा)। अलेप्स्यत्, अलेप्स्यत (जो वोह लीपै) ॥ इति उभयपदिनः ॥

अथ परस्मैपदिनः ।

कृती छेदने । ११ । पर० सक० अनिट् ॥

कृती = कृत (काटना) । कृन्तति (वोह काटता है) । चकर्त्त (उसने काटा) । कर्तिता (वोह काटेगा) । कर्तिष्यति, कर्त्स्यति (मृ० ६८२) (वोह काटेगा) । कृन्तानु (वोह काटे) । अकृन्तत् (उसने काटा) । कृन्तेत् (वोह काटे) । कृत्यात् (ई० वोह काटै) । अकर्तीत् (उसने काटा) । अकर्तिष्यत्, अकर्त्स्यत् (जो वोह काटै)॥

खिद परिघाते । १२ । पर० सक० अनिट० मुचा० ॥

खिद (पीडा देना) । खिन्दति (वह पीडा देता है) । चिखेद (उसने पीडा दी) । खेत्ता (वोह पीडा देगा) । खेत्स्यति (वोह पीडा देगा) । अखेदीत् (उसने पीडा दी) ॥

पिश-अवयवे । १३ । पर० सक० सेट् मुचा० ॥

पिश (पीसना) । पिंशति (मृ० ७०९ । २६) (वोह पीसता है) । पेशिता (वोह पीसेगा) । पिश्यात् (ई० वोह पीसे)। अपेशिष्यत् (जो वोह पीसे) ॥

ओव्रश्चू-छेदने। १४। पर० सक० वेट्॥

ओ-व्रश्चू=व्रश्च् (काटना)। वृश्चति (सू०६८६।२८६) (वोह काटता है)। वव्रश्च (सू० ४४०। ५९७। ५२३। ४४२) (उसने काटा)। वव्रश्चिथ, वव्रष्ठ (सू० ५२६) (तूने काटा)। व्रश्चिता, व्रष्टा (वोह काटेगा)। व्रश्चिष्यति, व्रक्ष्यति (सू० ३३९। ३३६। ५९९। १७०) (वोह काटेगा)। वृश्चतु (वोह काटे)। अवृश्चत् (उसने काटा)। वृश्च्यात् (सू० ६८६। २८६) (ई० वोह काटे)। अव्रश्चीत् (उसने काटा)। अव्रश्चिष्यत्, अव्रक्ष्यत् (जो वोह काटे)॥

व्यच-व्याजीकरणे। १५। पर० अक० सेट् कुटादिः॥

व्यच (ठगना)। विचति (सू० ६८६। २८६) (वोह ठगता है)। विव्याच (सू० ५१७। २८६। ४४२) (उसने ठगा)। विविचतुः (सू० ६८६) (उन दोने ठगा)। व्यचिता (वोह ठगेगा)। व्यचिष्यति (वोह ठगेगा)। विच्यात् (ई० वोह ठगै)। अव्यच्+स्+त् (सू० ४९३। ४९४)॥

७१२ (व्यचेः कुटादित्वमनसि)॥

इति तु नेह प्रवर्त्तते, अनसीति पर्युदासेन कृन्मात्रविषयत्वात्॥

अस्-रूप कृत्-प्रत्यय-(सू० ३३२) कू छोडकर और कोई प्रत्यय परे हो तौ व्यच्-धातु कुटादि माना जाय। यह वार्तिकरूप निषेध यहां प्रवृत्त नहीं होता, कारण कि-अनसि अर्थात्-अस्रूप कृत्-प्रत्ययकू त्यागकर ऐसा निषेध है, अतएव अस्-रूप कृत्-प्रत्ययके सदृश और जो प्रत्यय हैं उन्हींका उक्त वार्तिकमें ग्रहण है तिङ्-प्रत्ययोंका नहीं; और उक्त उदाहरणमें कृत्-प्रत्यय परे नहीं है, किन्तु-तिङ्-प्रत्यय परे है, क्योंकि अनस् यहां नञ् पर्युदासरूप है-प्रसज्यरूप नहीं, और पर्युदासरूप नञ्-का फलितार्थ यही है कि जहां वोह होता है वहां निषिध्यमानसे भिन्न तत्सदृश विवक्षित होते

१ सम्बन्धे सकर्मक।

है । आशय यह है कि–उक्त उदाहरणमें तिङ्-प्रत्यय परे होनेसे व्यच्-धातुका कुटादिमें ग्रहण नहीं है, इसीसे तत्सम्बंधी प्रत्यय ङित् (सू० ६३८) नहीं माने जाते । अव्याचीत् (सू० ५०६), अव्यचीत् (उसने ठगा) ॥

उछि–उञ्छे । १६ । पर० सक० सेट् ॥

उछि = उछ्–(बीनना) । उञ्छति (सू०५१२) (वोह बीनता है) । औञ्छीत् (उसने बीना था) ॥

ऋच्छ–गतीन्द्रियप्रलयमूर्त्तिभावेषु । १७ । पर०सक०(अकः) सेट ॥

ऋच्छ् (जाना । इन्द्रियोंसे शिथिल होना । मूर्तिरूप (कड़ा) होना) । ऋच्छति (वोह जाता है) । ऋच्छ्+अ (सू० ४३८ । ६६७) अर्च्छ+अ । यहां मूल ५१३ से नुट् होता है, क्योंकि " द्विहल्ग्रहणस्यानेकहल्लक्षणत्वान्नुट् " ॥ सू० ५१३ में दो हल्-ग्रहणसे अनेक हलोंका ग्रहण होता है । आनर्च्छ (वोह गया) । आनर्च्छतुः (वे दो गये) । ऋच्छिता (वोह जायगा) । आर्च्छीत् (वोह गया) ॥

उज्झ उत्सर्गे । १८ । पर० सक० सेट् ॥

उज्झ् (त्यागना) । उज्झति (वोह त्यागता है) । उज्झाञ्चकार (उसने त्यागा) । औज्झीत् (उसने त्यागा था) ॥

लुभ विमोहने । १९ । पर० सक० सेट् ॥

लुभ् (लुभाना) । लुभति (वोह लुभाता है) । लुलोभ (उसने लुभाया) । लुभ्+तास्+आ ॥

७१३ तीषसहलुभरुषरिषः । ७ । २ । ४८ ॥

इच्छत्यादेः परस्य तादेरार्धधातुकस्येट्वा ॥

इष् (इच्छा करना), सह् (सहना), लुभ् (लुभाना), रुष् (मारना), रिष् (मारना) इन धातुओंसे परे तकारादि प्रत्ययोंको इट् आगम विकल्पसे हो । लोभिता, लोब्धा (सू० ६००) (वोह

१ ' उञ्छ कणश आदाने कणिशाद्यर्जने शिलम् " इति यादवकोष ।

लुभावेगा) । लोभिष्यति, लोप्स्यति (वोह लुभावेगा) ॥

तृप–तृप्तौ । २० । पर० सक० सेट् मुचा० ॥

तृप् (तृप्त होना) । तृपति (वोह तृप्त होता है) । ततर्प (वोह तृप्त हुआ) । तर्पिता (वोह तृप्त होगा) । अतर्पीत् (वोह तृप्त हुआ) । अतर्पिष्यत् (जो वोह तृप्त हो) ॥

तृम्फ–तृप्तौ । २१ ।

तृम्फ् (तृप्त होना) । तृन्-फ+अ+ति (मू० ३७७) तृफ्+अ+ति॥

७१४ (शे तृम्फादीनां नुम्वाच्यः) ॥

आदिशब्दः प्रकारे, तेन येऽत्र नकारानुपक्तास्ते तृम्फादयः ॥

श (मू० ७०५) परे रहते तृम्फादि-धातुओंकू नुम् (न्) आगम हो, यह कहना चाहिये । यहां (मू० ७१४) आदिशब्द प्रकारवाची है, इसकारण जिनकी उपधामें नकार हो वे तृम्फादिक समझे जाते हैं । अर्थात्–तृम्फ-धातु और जिनकी उपधामें नकार हो उनको नुम-का आगम हो । तृन्–फ+अ+ति । तृम्फति (वोह तृप्त होता है) ।ततृम्फ (वोह तृप्त हुआ)। तृफ्यात् (मू० ३७७) (ई०वोह तृप्त हो) ॥

मृड–सुखने । २२ । पर० सक० सेट ॥

मृड् (सुखी करना) । मृडति (वोह सुखी करता है) । अमर्डीत् (उसने सुखी किया था) ॥

एव मृद–सुखने । २३ । पर० सक० सेट ॥

मृद् (सुखी करना) । इसकेभी मृड्-धातुकी समान रूप होते हैं॥

शुन–गतौ । २४ । पर० सक० सेट ॥

शुन् (जाना) । शुनति (वोह जाता है) । अशोनीत् (वोह गया था) ॥

इषं–इच्छायाम् । २५ । पर० सक० सेट् ॥

१ नश्चापदान्तस्येत्यनुस्वारे–अनुस्वारस्य ययीति परसवर्णे च कृते 'तृम्फ' इति रूपम् । विग्रहे तु न एव दृश्यते, तस्य–अनदितामिति लोप । २ अत्रोदित्पाठ प्रमाद एव ।

इषु (इच्छा करना) । इच्छति (मू० ५५४) (वोह इच्छा करता है) । एषिता (मू० ७१३), एष्टा (मू० ७९) (वोह इच्छा करैगा) । एषिष्यति (वोह इच्छा करैगा) । इष्यात् (ई० वोह इच्छा करैगा) । ऐषीत् (मू० ४९३ । ४९२ । २१९) (उसने इच्छा की) ॥

कुट-कौटिल्ये । २६ । पर० सक० सेट् कुटादिः ॥

कुट् (कुटिलता करना) । कुटति (वोह कुटिलता करता है) । चुकोट (उसने कुटिलता की) । चुकुटिथ (मू० ६३८।४८१) (तूने कुटिलता की) । चुकोट, चुकुट (मू० ५०५।६३८।४८१) (मैने कुटिलता की) । कुटिता (वोह कुटिलता करैगा) ॥

पुट-सश्लेषणे । २७ । पर० सक० सेट् कुटा० ॥

पुट् (आलिंगन करना) । पुटति (वोह आलिंगन करता है) । पुपोट (उसने आलिंगन किया) । पुटिता (मू० ६३८) (वोह आलिंगन करैगा) ॥

स्फुट-विकसने । २८ । पर० अक० सेट् कुटा० ॥

स्फुट् (खिलना) । स्फुटति (वोह खिलता है) । पुस्फोट (मू० ४४५) (वोह खिला) । स्फुटिता (मू० ६३८) (वोह खिलेगा) ॥

स्फुर-स्फुल-सचलने । २९।३० । पर० अक० सेट् कु० ॥

स्फुर् और स्फुल् (फरकना) । स्फुरति, स्फुलति (वोह फरकता है) । निर्+स्फुरति । निर्+स्फुलति ॥

७१५ स्फुरतिस्फुलत्योर्निर्निविभ्यः । ८ । ३ । ७६ ॥

षत्वं वा स्यात् ॥

निर्-नि-वि इन उपसर्गोंसे परे स्फुर और स्फुल-धातुओंके सकारकू ष-कार विकल्पसे हो । निःष्फुरति, निःस्फुरति, निःष्फुलति, निःस्फुलति (वोह निरन्तर फरकता है) ॥

---

१ केचित्तु-'स्फर' इत्यकारोपध पठन्ति-पस्फार ।

णू-स्तवने। ३१। पर० सक० सेट् कुटा० ॥

णू = नू (स्तुति करना)। 'परिणूतगुणोदयः' यह धातु दीर्घ ऊकारान्त है जैसे-'परिणूतगुणोदयः' अर्थात्-जिसका गुणोदय प्रशंसित हो, इस वाक्यमें णू-का ऊकार यदि ह्रस्व होता तो छन्दोभङ्ग हो जाता। नुवति (मू० २२१) (वोह स्तुति करता है)। नुनाव (उसने स्तुति की)। नुविता (वह स्तुति करैगा) ॥

टु-मस्जो-शुद्धौ। ३२। (मू० ५११) ॥

मस्ज् (शुद्ध करना। डूबना)। मज्जति (मू० ७७।२३) (वोह शुद्ध करता है)। ममज्ज (उसने शुद्ध किया)। ममस्ज्+थ। यहां मू०६८८ से नुम् होता है, परन्तु-मू० २६७ के अनुसार अन्त अच्-से परे प्राप्ति थी, उसका बाधक-॥

७१६ (मस्जेरन्त्यात्पूर्वो नुम्वाच्यः) ॥

सूत्रकारको यह कहना चाहिये कि-मस्ज्-धातुके पिछले अक्षरसे पहले नुम् होय। ममस्+न्+ज्+थ (मू०३३९।७७) ममञ्ज्+ज्+थ (मू० २३।३३५) ममङ्क्थ, ममज्जिथ (मू० ५३२) (तूने शुद्ध किया)। मङ्क्ता (मू० ६८८।७१६।३३९।३३५।९६।९७) (वोह शुद्ध करैगा)। अमाङ्क्षीत् (उसने शुद्ध किया)। अमाङ्क्ताम् (मू०५२८) (उन दोने शुद्ध किया)। अमाङ्क्षुः (उनोंने शुद्ध किया)। अमङ्क्ष्यत् (जो वोह शुद्ध करै) ॥

रुजो-भङ्गे। ३३।

रुजो = रुज् (तोडना)। रुजति (वोह तोडता है)। रुरोज (उसने तोडा)। रोक्ता (वोह तोडैगा)। रोक्ष्यति (वह तोडेगा)। अरौक्षीत् (उसने तोडा)। एवम्-॥

भुजो-कौटिल्ये। ३४।

इसी प्रकार भुजो = भुज्-(कुटिलता करना) धातुके रूप जानो ॥

विश-प्रवेशने। ३५।

विश् (प्रवेश करना)। विशति (वोह प्रवेश करता है)। वि-

वेश (उसने प्रवेश किया) । अवेशीत् (उसने प्रवेश किया) ॥

मृश~आमर्शने । ३६ । (आमर्शन स्पर्शः) ॥

मृश् (छूना) । मृशति (वोह छूता है) । अम्राक्षीत् (मू० ७०७ । ३३६ । ५९९), अमार्क्षीत् (मु० ७०८), अमृक्षत् (मू० ६४१) (उसने छुआ) ॥

षदॢ्~विशरणगत्यवसादनेषु । ३७ । पर० सक० अनिट् ज्वलादिः ॥

षदॢ् = सद् (विशीर्ण होना । जाना । दुःखी होना) । सीदति (मू० ५३७) (वोह जाता है) । असदत् (वोह गया) ॥

शदॢ्~शातने । ३८ ।

शदॢ् = शद् (छीलना) ॥

७१७ शदेः शितः । १ । ३ । ६० ॥

शित्प्रत्ययविनोऽस्मात्तडानौ स्तः ॥

जब शद्-धातुसे परे शित्-प्रत्यय होनेवाला हो तब उससे आत्मनेपदसंज्ञक (मू० ४२३) प्रत्यय हों । शीयते (मू० ५३७) (वोह छीलता है) । शीयताम् (वोह छीले) । अशीयत । शीयेत । शशाद । शत्ता (मू० ५२५) । शत्स्यति । अशदत् (मू० ५५७) । अशत्स्यत ॥

कॄ~विक्षेपे । ३० ।

कॄ (बखेरना । फेंकना) ॥

७१८ ऋत इद्धातोः । ७ । १ । १०० ॥

ऋदन्तस्य धातोरङ्गस्य इत्स्यात् ॥

ऋकारान्त-धातुके अंगको इत् हो । किरति (वोह बखेरता है) । चकार (मू० ५०४) (उसने बखेरा) । चक्रतुः (मू० ६६७) (उन दोने बखेरा) । करीता (मू० ६६८), करिता (वोह बखे-

१ और लिङ्के पीछे इस रूपका लिखना तो टीकाकारोंकी विशेष पण्डिताई दिखाता है । न जाने आप कौनसी श्रेणीके विद्यार्थिओंका उपकार करेंगे । २ (इत्वोत्वाभ्यां गुणवृद्धी विप्रतिषेधेन) ।

रेगा) । कीर्यात् (मू० ६६५) (ई० वोह वखेरै) ॥ विशेषता–उप+किरति ॥

७१९ किरतौ लवने । ६ । १ । १४० ॥

उपात् किरतेः सुट् छेदनेऽर्थे ॥

उप-से परे किरति-(कृ-धातु) कू सुट् (स्) आगम हो, छेदन-(काटना) अर्थमें । उपस्किरति (वोह काटता है) । उप+कृ–कृ ॥

७२० अडभ्यासव्यवायेऽपि । ६ । १ । १३६ ॥

यदि अट् (मू० ४७१) अथवा अभ्यासका व्यवधान होय तौभी उप-से परे कृ-धातुकू सुट्-का आगम हो ॥

७२१ (सुट् कात्पूर्व इति वक्तव्यम्) ॥

ऐसा कहना चाहिये कि–ककारसे पहले सुट्-का आगम (मू० ७१९ । ७२०) हो । उपचस्कार । उपास्किरत् (उसने काटा) । उप+किरति ॥

७२२ हिंसायाम्प्रतेश्च । ६ । १ । १४१ ॥

उपात्प्रतेश्च किरतेः सुट् हिंसायाम् ॥

हिंसा-अर्थमें उप और प्रतिसे परे कृ-धातुकू सुट्-का आगम हो। उपस्किरति । प्रतिस्किरति (वोह हिंसा करता है) ॥

गॄ–निगरणे । ४० ।

गॄ (निगलना) । गॄ+अ+ति–गिर्+अ+ति (मू० ७१८) ॥

७२३ अचि विभाषा । ८ । २ । २१ ॥

गिरते रेफस्य वा लोऽजादौ प्रत्यये ॥

गॄ-धातुके रेफ-कू लकार विकल्पसे हो, अजादि प्रत्यय परे रहते। गिलति–गिरति (वोह निगलता है) । जगाल–जगार (उसने निगला) । जगलिथ–जगरिथ (तूने निगला) । गलीता (मू० ६६८)–गलिता, गरीता–गरिता (वोह निगलेगा) ॥

प्रच्छ–ज्ञीप्सायाम् । ४१ ।

प्रच्छ् (पूछना) । पृच्छति (मू० ६८६) (वोह पूछता है) ।

पप्रच्छ (उसने पूछा) । पप्रच्छतुः (उन दोने पूछा) । प्रष्टा (मू० ३३६ । ७९) (वोह पूछेगा) । प्रक्ष्यति (मू० १७०) (वोह पूछेगा) । अप्राक्षीत् (उसने पूछा)। अप्रक्ष्यत् (जो वोह पूछै)॥

मृङ्-प्राणत्यागे । ४२ ।

मृङ्=मृ (मरना) ॥

७२४ म्रियतेर्लुङ्लिङोश्च । १ । ३ । ६१ ॥

लुङ्लिङोः शितश्च प्रकृतिभूतान्मृङस्तङ्, नान्यत्र ॥

लुङ् तथा लिङ् और शित्-प्रत्ययके विषयमें मृ-धातुसे आत्मनेपद-संज्ञक प्रत्यय हों, अन्यत्र नहीं । मृ+अ+त् (मू० ५९४ । २२१) म्रियते (वोह मरता है) । म्रियताम् (वोह मरे) । अम्रियत (वोह मरा) । म्रियेत (वोह मरै) । ममार (वोह मरा)। मर्त्ता (वोह मरैगा) । मरिष्यति (मू० ५४७) (वोह मरैगा) । मृषीष्ट (मू० ५९५ । ४८१) (ई० वोह मरै) । अमृत (मू० ५९५ । ४८१।५९६) (वोह मरा) । अमरिष्यत् (जो वह मरै)॥

पृङ्-व्यायामे । प्रायेणाय व्याङ्पूर्वः । ४३ ।

पृङ्=पृ (उद्योग करना) । प्रायः इस धातुके प्रथम वि और आङ् यह दो उपसर्ग रहते हैं। व्याप्रियते (वोह उद्योग करता है)। व्यापप्रे (मू० ५६३) (उसने उद्योग किया) । व्यापप्राते (उन दोने उद्योग किया) । व्यापरिष्यते (मू० ५४७) (वोह उद्योग करेगा) । व्यापृत (मू० ५९५ । ५९६ । ४८१) (उसने उद्योग किया) । व्यापृषाताम् (मू० ५९५ । ४८१ । १७०) (उन दोने उद्योग किया) ॥

जुषी-प्रीतिसेवनयोः । ४४ । अकः=आत्मने० सेट् ॥

जुषी=जुष् (प्रीति करना । सेवा करना) । जुषते (वोह प्रीति करता है) । जुजुषे (उसने प्रीति करी) । अजोषिष्ट (उसने प्रीति की) ॥

१ सेवने तु सकर्मक. ।

ओविजी-भयचलनयोः। प्रायेणाय उत्पूर्वः। ४५।

ओविजी = विज् (भय करना। काँपना) बहुधा इस धातुके प्रथम उत्-उपसर्ग देखा जाता है। उद्विजते (वोह भय करता है)। उद्विविजे (उसने भय किया)। उद्विज्+इ+ता ॥

७२५ विज इट्। १। २। २॥

विजे पर इडादिप्रत्ययो ङिद्वत् ॥

विज्-धातुसे परे इडादि प्रत्यय ङित्-की समान माना जाय। उद्विजिता (मू० ४८१) (वोह भय करेगा)। उद्विजिष्यते (वोह भय करेगा) ॥

॥ इति तुदादयः ॥

अथ रुधादयः।

रुधिर्-आवरणे। १। ङिक० उभय० अनिट् ॥

रुधिर् = रुध् (घेरना)॥

७२६ रुधादिभ्यः श्नम्। ३। १। ७८॥

शपोऽपवादः ॥

रुध्-आदि धातुओंसे परे श्नम (न) हो। यह सूत्र शप् (मू० ४३३) का अपवाद है। रु+न+ध्+ति (मू० २६७।१५८।६००। २३) रुणद्धि, रुन्धे (मू० ६२५। ६००) (वोह घेरता है)। रुन्धः (मू० ६४५।६००।२३। ९६। ९७), रुन्धाते (वे दो घेरते हैं)। रुन्धन्ति, रुन्धते (मू० ५७४) (वे घेरते हैं)। रुणत्सि (मू०९१), रुन्त्से (मू० ९६।९१।८७) (तू घेरता है)। रुन्धः (मू० ६०० । २३ । ९६ । ९७), रुन्धाथे (तुम दो घेरते हो)। रुन्ध,रुन्ध्वे (मू०९०) (तुम घेरते हो)। रुणद्धि, रुन्ध्वे (मैं घेरता हूं)। रुन्ध्वः, रुन्ध्वहे (हम दो घेरते हैं)। रुन्ध्मः, रुन्ध्महे

१ मू० ६७९।

(हम घेरते हैं)। रुरोध, रुरुधे (उसने घेरा)। रोद्धा (भू०५००। ६००।२३) (वोह घेरेगा)। रोत्स्यति, रोत्स्यते (वोह घेरेगा)। रुणद्धु (भू० ४५७), रुन्धात् (भू० ४५८); रुन्द्धाम (भू०५६७) (वोह घेरै)। रुद्धाम , रुन्धाताम (वे दो घेरै)। रुन्धन्तु, रुन्धताम् (वे घेरें)। रुन्धि (भू० ९०), रुन्त्स्व (तू घेरै)। रुणधानि, रुणधै (मैं घेरूं) । रुणधाव, रुणधावहै (हम दो घेरें)। अरुणत् (भू०१६६)-अरुणद् , अरुद्ध (उसने घेरा)। अरुन्धाम, अरुन्धाताम (उन दोने घेरा)। अरुन्धन् , अरुन्धत (उन्होंने घेरा)। अरुणत , अरुणः; अरुन्धाः (तूने घेरा) । रुन्ध्यात् , रुन्धीत (वोह घेरै)। रुध्यात , रुत्सीष्ट (भू० ६४० । ४८१)(ई० वोह घेरै)। अरुधत (भू० ६८२), अरौत्सीत् (भू० ५१४); अरुद्ध (उसने घेरा)। अरोत्स्यत् , अरोत्स्यत (जो वोह घेरै)। एवम्-ऐसेही-॥

भिदिर्-विदारणे । २ ।

भिद् (तोडना) ॥

छिदिर् द्वैधीकरणे । ३ । उभय० सक० अनिट् ॥

छिद् (दो खण्ड करना) ॥

युजिर्-योगे । ४ । उभय० सक० अनिट् ॥

युज् (मिलाना) यह तीन धातुभी रुध्-धातुकी समान साधे जाते है । परन्तु-युजिर्-धातुमे परसवर्ण (भू० ९७) विशेष होता है ॥

रिचिर्-विरेचने । ५ । उभय० अक० अनिट् ॥

रिचिर् = रिच् (पेट चलाना)। रिणक्ति, रिङ्क्ते (भू० ६२५। ९६ । ९७) (वोह पेट चलाता है)। रिरेच, रिरिचे (उसने पेट चलाया)। रेक्ता (वोह पेट चलावेगा)। रेक्ष्यति, रेक्ष्यते (वोह पेट चलावेगा)। अरिणक्-ग् (भू० २०० । १६६), अरिक्त (उसने पेट चलाया)। अरिचत् (भू० ६८२), अरैक्षीत् (भू०

५१४); अरिक्त (उसने पेट चलाया)। अरेक्ष्यत्, अरेक्ष्यत (जो वोह पेट चलावै) ॥

विचिर्-पृथक्भावे। ६। उभय० सक० अनिट् ॥

विच् (पृथक् होना)। विनक्ति, विङ्क्ते (वोह पृथक् होता है)। विवेच, विविचे (वोह पृथक् हुआ)। वेक्ता (वोह पृथक् होगा)। विनक्तु, विङ्क्ताम् (वोह पृथक् हो)। अविचत्, अवैक्षीत् ; अविक्त (वोह पृथक् हुआ) ॥

क्षुदिर्-सम्प्रेषणे। ७। उभय० अनिट् ॥

क्षुद् (पीसना)। क्षुणत्ति, क्षुन्ते (वोह पीसता है)। चुक्षोद, चुक्षुदे (उसने पीसा)। क्षोत्ता (वोह पीसेगा)। अक्षुदत्, अक्षौत्सीत् ; अक्षुत्त (उसने पीसा) ॥

उन्दृदिर्-दीप्तिदेवनयोः। ८। उभय० अक० सेट् ॥

छृद् (चमकना। खेलना)। छृणत्ति, छृन्ते (वोह चमकता है)। चच्छर्द, चच्छृदे (वोह चमका)। चच्छर्दिथ; चच्छृदिषे, चच्छृत्से (म० ६८२) (तू चमका)। छर्दिता (वोह चमकेगा)। छर्दिष्यति, छर्त्स्यति; छर्दिष्यते, छर्त्स्यते (वोह चमकेगा)। अच्छृदत्, अच्छर्दीत् ; अच्छर्दिष्ट (वोह चमका) ॥

उतृदिर्-हिंसानादरयोः। ९। उभय० सक० सेट् ॥

तृद् (हिंसा करना। अनादर करना)। तृणत्ति, तृन्ते (वोह हिंसा करता है)। अतृदत्, अतर्दीत् ; अदर्ष्ट (उसने हिंसा करी)॥

कृती-वेष्टने। १०।

कृत् (घेरना)। कृणत्ति (वोह घेरता है) ॥

तृह-हिंसायाम्। ११। पर० सक० सेट् ॥

तृह् (हिंसा करना)। तृ+न+ह्+ति ॥

७२७ तृणह इम्। ७। ३। ९२ ॥

तृह-श्नमि कृते इमागमो हलादौ पिति ॥

तृह-धातुसे परे श्नम् करनेकी पश्चात् इम (इ) आगम• हो, ह-

१ सकारादौ वेट्। २ तुदादिस्तु वेट्।

लादि-पित् प्रत्यय परे रहते । तृणेढि (मू० ३३ । २७९ । ६०० । ७९ । ६०१) (वोह हिंसा करता है) । तृण्ढः (मू० १५८ । ६२५ । २७९ । ६०० । ७९ । ६०१ । ९६ । ९७) (वे दो हिंसा करते हैं) । तृंहन्ति (वे हिंसा करते हैं) । ततर्ह (उसने हिंसा की) । तर्हिता (वोह हिंसा करेगा) । अतृणेट्-ड् (मू० २३ । २०० । २७९ । ८३ । १६६) (उसने हिंसा की) । अतर्हीत् (उसने हिंसा की) । अतर्हिष्यत् (जो वोह हिंसा करै) ॥

हिंसि-हिंसायाम् । १२ । पर० सक० सेट् ॥

हिंस् (हिंसा करना) । हिंन+न्+स्+ति (मू० ५१३) ॥

७२८ श्नान्नलोपः । ६ । ४ । २३ ॥

श्नमः परस्य नस्य लोपः स्यात् ॥

श्नम्-से परे जो नकार उसका लोप हो । हिनस्ति (वोह हिंसा करता है) । हिंस्तः (वे दो हिंसा करते हैं) । हिंसन्ति (वे हिंसा करते हैं) । जिहिंस (उसने हिंसा करी) । हिंसिता (वोह हिंसा करेगा) । अहिन-न्+स्+ति (मू० ७२८ । ४७२) ॥

७२९ तिप्यनस्तेः । ८ । २ । ७३ ॥

पदान्तस्य सस्य दः स्यात्तिपि, नत्वस्तेः ॥

तिप् परे रहते पदान्तके सकारकू दकार हो, अस्-धातुकू छोड-कर । यह सूत्र स-(मू० १२५) का बाधक है । अहिनत् (मू० १६६ । २००)-अहिनद् (उसने हिंसा की) । अहिंस्ताम् (उन दोने हिंसा की) । अहिंसन् (उनोंने हिंसा की) । अहिन+न्+स्+सि (मू० ४७२ । ७२८ । २००) ॥

७३० सिपि धातो रुर्वा । ८ । २ । ७४ ॥

पदान्तस्य धातोः सस्य रुर्वा स्यात् ॥

धातुके पदान्तके सकारकू रु विकल्पकरकै हो । अहिनः, अहि-नत् (मू० ८३)-द् (मू० १६६) (उने हिंसा की) । अहिंसीत् (उसने हिंसा की) ॥

उन्दी-क्लेदने। १३। पर०॥

उन्द् (भिगोना)। उनत्ति (मू० ७२८) (वोह भिगोता है)। उन्तः (मू० ७२८।६२५।९०।९६।९७) (वे दो भिगोते हैं)। उन्दन्ति (मू० ७२८ । ६२५) (वे भिगोते हैं)। उन्दाञ्चकार (मू० ५६१) (उसने भिगोया)। औनत् (मू० ७२८ ।२०० । ४९२ । २१९) (उसने भिगोया)। औन्ताम् (मू० ७२८।६२५। ९०) (उन दोने भिगोया)। औन्दन् (मू० ७२८ । ६२५) (उनोंने भिगोया)। औनः, औनत्-ह (तूने भिगोया)। औनदम् (मैंने भिगोया)॥

अञ्जू व्यक्तिम्रक्षणकान्तिगतिषु। १४। पर० सक० वेट्॥

अञ्ज् (अनज्) (प्रकाश करना। तेलादि लगाना। सुन्दर होना। जाना)। अनक्ति (मू०७२८। ३३५) (वोह प्रकाश करता है) अङ्क्तः (मू० ७२८।६२५।९३५) (वे दो प्रकाश करते हैं)। अञ्जन्ति (वे प्रकाश करते हैं)। आनञ्ज (मू० ४४० । ४४२ । ४९१ । ५१३) (उसने प्रकाश किया)। अनञ्जिथ, अनङ्क्थ (मू० ५२६) (तूने प्रकाश किया)। अञ्जिता, अङ्क्ता (मू०५२६) (वोह प्रकाश करेगा)। अञ्जिष्यति, अङ्क्ष्यति (वोह प्रकाश करेगा)। अनक्तु, अङ्क्तात् (वोह प्रकाश करे)। अङ्धि (मू०६०७) (तू प्रकाश कर)। अनजानि (मू०७२८) (मैं प्रकाश करूं)। अनक् (मू०७२८ । २००) (उसने प्रकाश किया)। अञ्ज्+स्+त (मू० ४८४ । ४९२)॥

७३१ अञ्जेः सिचि। ७। २। ७१॥

अञ्जेः सिचौ नित्यमिट् स्यात्॥

अञ्ज्-धातुसे परे सिच्-कृ नित्य इट्-का आगम हो। आञ्ज्+इ+स्+त (मू० ४९३।४९४) आञ्जीत् (उसने प्रकाश किया)॥

तञ्चू-सङ्कोचने। १५। पर० सक० वेट्॥

तञ्च् (तनच्) (सुकडना)। तनक्ति (वोह सुकडता है)।

तक्षिता, तङ्क्ता (मू० ५२६) (वोह सुकडेगा)। अतक्षीत्, अताङ्क्षीत् (उसने सकोडा)॥

ओ-विजी-भयचलनयोः। १६। पर० अक० सेट॥

विज् (भय करना। काँपना)। विनक्ति (मू० ३३५) (वोह भय करता है)। विङ्क्तः (वे दो भय करते हैं)। विञ्जन्ति (वे भय करते हैं)। विवेज (उसने भय किया)। विविजिथ (मू० ७२५। ४८१) (तूने भय किया)। विजिता (वोह भय करेगा)। अविनक् (मू० २००।३३५) (उसने भय किया)। अविजीत् (मू० ४९४) (उसने भय किया)॥

शिष्लृ-विशेषणे। १७। पर० सक० अनिट॥

शिष् (विशेष करना)। शिनष्टि (मू०७१) (वोह विशेष करता है)। शिष्टः (मू० ६२५। ९६) (वे दो विशेष करते हैं)। शिंषन्ति (मू० ६२५।९६) (वे विशेष करते हैं)। शिनक्षि (मू० ५९९। १७०) (तू विशेष करता है)। शिशेष (उसने विशेष किया)। शिशेषिथ (मू० ५२९) (तूने विशेष किया)। शेष्टा (वोह विशेष करेगा)। शेक्ष्यति (मू०५९९।१७०) (वोह विशेष करेगा)। शिनष्टु, शिष्टात् (वोह विशेष करे)। शिण्डि (मू० ६०७। ७९। ८३। ६२५। ९०। ९६। ९७) (तू विशेष कर)। शिनषाणि (मू० १५८) (मैं विशेष करूं)। अशिषट् (मू० ८३। १६६) (उसने विशेष किया)। शिष्यात् (मू० ७२८। ९६) (वोह विशेष करे)। शिष्यात् (ई० वोह विशेष करे)। अशिषत् (मू० ५५७) (उसने विशेष किया)। अशेक्ष्यत् (जो वोह विशेष करे)। एवम्-ऐसेही-॥

पिष्लृ-सचूर्णने। १८। पर० सक० अनिट॥

पिष्-(पीसना) धातुके रूप शिष्-की समान होते हैं॥

भञ्जो-आमर्दने। १९। पर० सक० अनिट॥

भञ्ज् (भनज्) (तोडना)। भनक्ति (मू० ७२८। ३३५)

(वोह तोड़ता है) । बभञ्जिथ (मू०५३२), बभङ्क्थ (मू०५३१) (तुने तोड़ा) । भङ्क्षा (मू० ३३५।९६ । ९७) (वोह तोड़ेगा)। भङ्क्ष्यति (वोह तोड़ेगा) । भङ्ग्धि (मू० ६०७।२३।९६।९७) (तू तोड़) । अभनक्- ग् (उसने तोड़ा) । अभाङ्क्षीत् (मू० ५१५ । ३३५ । ९६ । ९७ । ४९३ । १७०) (उसने तोड़ा) ॥

भुज-पालनाभ्यवहारयोः । २० । पर० सक० अनिट ॥

भुज् (पालना । खाना) । भुनक्ति (वोह पालता है) । बुभोज (उसने पाला) । भोक्ता (वोह पालेगा) । भोक्ष्यति (वोह पालेगा) । भुनक्तु (वोह पाले) । अभुनक् (उसने पाला) । भुञ्ज्यात् (वोह पाले) । भुज्यात् (ई० वोह पाले) । अभौक्षीत् (उसने पाला) । अभोक्ष्यत् (जो वोह पाले) ॥ उक्त 'भुज' धातु पालन-अर्थमें परस्मैपदी होती है । भोजन-अर्थमें नीचे लिखे सूत्रपर ध्यान दो ॥

७३२ भुजोऽनवने । ३ । ३ । ६६ ॥

तङानौ स्तः ।

पालन-अर्थको छोड़कर अर्थात्-भोजन करने अर्थमें भुज्-धातुसे आत्मनेपद संज्ञक प्रत्यय हों । जैसे- ओदनं भुङ्क्ते (वोह भात खाता है) यहां आत्मनेपद हुआ॥ अनवने किम् ॥ पालन-अर्थमें आत्मनेपदका निषेध करनेसे-मही भुनक्ति (वोह पृथ्वीको पालता है) ॥ यहां आत्मनेपद न होकर परस्मैपद हुआ । भुङ्क्ते (वोह खाता है)॥ बुभुजे (उसने खाया) । भोक्ष्यते (वोह खायगा) । भुङ्क्ताम् (वोह खाय) । अभुङ्क्त (उसने खाया) । भुञ्जीत (वोह खाय) । भुक्षीष्ट (ई० वोह खाय) । अभुक्त (उसने खाया) । अभोक्ष्यत (जो वोह खाय) ॥

ञिइन्धी-दीप्तौ । २१ । आत्मने० अक० सेट ॥

ञिइन्धी = इन्धू (चमकना) । इन्धे (मू० ७२८ । ६२५ । ५५८) (वोह चमकता है) । इन्धाते (वे दो चमकते हैं) । इ-

न्धते (सू० ५७४) (वे चमकते हैं)। इन्त्से (तू चमकता है)। इन्ध्वे (सू० ७२८। ६२५। ९०। ९६। ९७) (तुम चमकते हो)। इन्धाञ्चक्रे (सू० ५६१) (वोह चमका)। इन्धिता (वोह चमकेगा)। इन्धाम् (सू० ५६७) (वोह चमकै)। इन्धाताम् (वे दो चमकें)। इनधै (सू० ७२८। ५६९। ४६४। २१९) (मैं चमकूं)। ऐन्ध (वोह चमका)। ऐन्धीत (वोह चमका)॥

विद्-विचारणे। २२। आत्मने० सक० अनिट॥

विद् (विचारना)। विन्ते (वोह विचारता है)। वेत्ता (वोह विचारेगा)। अविन्त (उसने विचारा)॥

॥ इति रुधादयः ॥

अथ तनादयः।

तनु-विस्तारे। १। उभय० सक० सेट॥

तन (विस्तार करना)॥

७३३ तनादिकृञभ्य उः। ३।१।७९॥

शपोऽपवादः॥

तन-आदि धातु तथा कृ-धातुसे परे उ-प्रत्यय हो। यह सूत्र शप-(सू० ४३३) का अपवाद है। तनोति (सू० ४३४), तनुते (सू० ५५०। ४८१। ५५८) (वोह विस्तार करता है)। ततान, तेने (सू० ८०९) (उसने विस्तार किया)। तनिता (वोह विस्तार करेगा)। तनितासि, तनितासे (तू विस्तार करेगा)। तनिष्यति, तनिष्यते (वोह विस्तार करेगा)। तनोतु, तनुताम् ; तनुताम (सू० ५६७) (वोह विस्तार करै)। अतनोत्, अतनुत (उसने विस्तार किया)। तनुयात (सू० ४७४), तन्वीत (सू० ५७०। १९) (वोह विस्तार करै)। तन्यात्, तनिषीष्ट (सू० ५७३) (ईं० वोह विस्तार करै)। अतानीत (सू० ५०६), अतनीत् ; अतन्+सु+त (सू० ४८४)॥

७३४ तनादिभ्यस्तथासोः । २ । ४ । ७९ ॥

तनादेः सिचो वा लुक् स्यात् तथासोः परयोः ॥

तनादि-धातुओंसे परे सिच्-का लुक् (लोप) विकल्प करके हो, त तथा थास् परे रहते। अतत (म्र० ६१०), अतनिष्ट (म्र० १७० । ७९) (उसने विस्तार किया)। अतनीः, अतानीः; अतथाः, अतनिष्ठाः (तने विस्तार किया)। अतनिष्यत्, अतनिष्यत (जो वोह विस्तार करै) ॥

षणु-दाने । २ । उभयः सकर्मः सेट ॥

षणु=सन् (म्र० २८३) (देना)। सनोति, सनुते (वोह देता है)। सनिता (वोह देगा)। सनुयात् (वोह दे)। सन्+या+त् (म्र० ४८०) ॥

७३५ ये विभाषा । ६ । ४ । ४३ ॥

जनसनखनामात्त्व वा यादौ क्ङिति ॥

जन् (जन्म लेना), सन् (देना), खन् (खोदना) इन धातुओंकू विकल्प करके आकार हो, यकारादि कित् वा ङित् परे रहते। सायात्, सन्यात्; सनिषीष्ट (ई० वोह दे)। असानीत्, असनीत् (म्र० ५०६); असन्+सु+त (म्र० ७३४) ॥

७३६ जनसनखनां सञ्झलोः । ६ । ४ । ४२ ॥

एषामाकारोऽन्तादेशः स्यात्सनि झलादौ क्ङिति ॥

जन् (पैदा होना), सन् (देना), खन् (खोदना) इन धातुओंकू आकार अन्तादेश हो, सन तथा झलादि कित् वा ङित् परे रहते। असात, असनिष्ट (उसने दिया)। असानीः, असनीः; असाथाः (म्र० ७३४), असनिष्ठाः (तने दिया)। असनिष्यत्, असनिष्यत (जो वोह दे) ॥

क्षणु-हिंसायाम् । ३ । उभयः सकर्मः सेट ॥

क्षण् (हिंसा करना)। क्षणोति, क्षणुते (वोह हिंसा करता है)। अक्षणीत् (म्र० ५१५); अक्षत (म्र० ६१० । ७३४), अक्षणिष्ट

(उसने हिंसा की) । अक्षणीः, अक्षयाः, अक्षणिष्ठाः (तूने हिंसा की) ॥

क्षिणु-हिंसायाम् । ४ । उभय० सकर्म० सेट ॥

क्षिण् (मारना) ॥

" उ-प्रत्यये लघूपधस्य गुणो वा " ॥

उ-प्रत्यय परे रहते लघूपध-धातुकू गुण विकल्प करके हो । क्षेणोति, क्षिणोति; क्षिणुते (वोह मारता है) । क्षेणिता (वोह मारेगा) । अक्षेणीत ; अक्षित (मू० ७३४ । ६१० । ५५० । ४८१), अक्षेणिष्ट (उसने मारा) ॥

तृणु-अदने । ५ । उभय० सकर्म० सेट ॥

तृण् (खाना) । तर्णोति, तृणोति; तृणुते, तर्णुते (वोह खाता है) । अतर्णीत्, अतर्णिष्ट (उसने खाया) ॥

डुकृञ्-करणे । ६ । (मू० ५११) उभय० सकर्म० अनिट् ॥

कृञ्=कृ (करना) । करोति, कर्+उ+ते (मू० ५५८ । ४३४ । ५५०) ॥

७३७ अत उत्सार्वधातुके । ६ । ४ । ११० ॥

उप्रत्ययान्तकृञोऽकारस्य उत्स्यात्सार्वधातुके क्ङिति ॥

जिसके अन्तमें उ-प्रत्यय हो ऐसे कृ-धातुके अकारकू उ हो, कित् वा ङित् सार्वधातुक परे रहते । कुरुते (वोह करता है) । कुरुतः (मू० ७३७), कृ+उ+आते (मू० ४३४ । ७३७ । २२१) इस अवस्थामें मू० ६६५ की प्राप्ति होनेपर—॥

७३८ न भकुर्छुराम् । ८ । २ । ७९ ॥

१ यह वाक्य सूत्र वार्त्तिक अथवा भाष्य नहीं है, किन्तु कल्पित वाक्य है । इसके बनानेका अभिप्राय यह है कि-किसीके मतमें सन्नाम्सूत्रकी अपेक्षा गुणविधायक सूत्र (मू०७००) अनित्य है, अत: 'क्षिणोति' में गुण प्राप्त नहीं, कारण कि मू०७०० विधिसूत्र मू०५३१ सन्नाम्सूत्रकी अपेक्षा रखता है । कोई २ इस विवादको अप्रमाण मान उक्त रूपमें नित्य गुण (मू० ७००) करते हैं । अतएव इन दोनों आशयोंको लेकर विद्वानोंने एक वाक्य कल्पना किया है ।

भस्य कुर्हुरोरुपधाया न दीर्घः ॥

भ-संज्ञक-(सू० १८६) की तथा कृ (करना) और हुर् (काटना) इन धातुओंकी उपधाकू दीर्घ न हो। कुर्वाते (वे दो करते हैं)। कुर्वन्ति, कुर्वते (वे करते है)। करोषि, कुरुषे (तू करता है)। कृ+उ+वस् ॥

७३९ नित्यं करोतेः। ६। ४। १०८ ॥

करोतेः प्रत्ययोकारस्य नित्य लोपो म्वोः परयोः ॥

कृ-धातुसे परे प्रत्ययरूप उकारका नित्य लोप हो, म तथा व परे रहते। कुर्वः (सू० ७३७), कुर्वहे (दो करते हैं)। कुर्मः, कुर्महे (हम करते है)। चकार, चक्रे (उसने किया)। कर्त्ता (वोह करैगा)। करिष्यति (सू०५४७), करिष्यते (वोह करैगा)। करोतु, करुताम् (सू० ७३७) (वोह करै)। अकरोत, अकुरुत (उसने किया)। कृ+उ+या+त् ॥

७४० ये च। ६। ४। १०९ ॥

कृञ उलोपो यादौ प्रत्यये परे ॥

कृ-(करना) धातुसे परे उकारका लोप हो, यकारादि प्रत्यय परे रहते। कुर्यात्, कुर्वीत (वोह करै)। क्रियात् (सू० ५९४), कृषीष्ट (सू० ५९५। ४८१) (ई० वोह करै)। अकार्षीत्, अकृत (सू० ५९६) (उसने किया)। अकरिष्यत्, अकरिष्यत (जो वोह करै) ॥ सम+करोति ॥

७४१ सम्परिभ्यां करोतौ भूषणे। ६। १। १३७ ॥

सम्परिपूर्वस्य करोतेः सुट् भूषणेऽर्थे ॥

सम और परि-पूर्वक कृ-धातुकू सुट् (स्) आगम हो, भूषण-अर्थमें। संस्करोति (वोह अलंकृत करता है) ॥ सम्पूर्वस्य क्वचिदभूषणेऽपि सुट्, संस्कृतं भक्षा इति ज्ञापकात् ॥ 'संस्कृतं भक्षाः' सू०११३७ इस सूत्रके 'संस्कृतं' पदके देखनेसे विदित होता है कि—कहीं अभूषण अर्थमेंभी सं-पूर्वक कृ-धातुसे सुट् हो जाता है,

क्योंकि उक्त-'संस्कृतं' शब्दका संस्कार करना अर्थ है न कि भूषित करना ॥

७४२ समवाये च । ६ । १ । १३८ ॥

संघाते चार्थे सुट् ॥

सम और परि-पूर्वक कृ-धातुसे संघात-(समूह) अर्थमेंभी सुट् हो । संस्कुर्वन्ति (वे इकट्ठे होते हैं) ॥

७४३ उपात्प्रतियत्नवैकृतवाक्याध्याहारेषु च ।६।१।१३९॥

उपात् कृञः सुट् स्यादेष्वर्थेषु, चात्प्रागुक्तयोरर्थयोः । प्रतियत्नो ? गुणाधानम् । विकृतमेव वैकृतं विकारः । वाक्याध्याहारः ? आकांक्षितैकदेशपूरणम् ॥

उप-उपसर्गसे परे कृञ्-धातुकू सुट् आगम हो, प्रतियत्न, वैकृत और वाक्याध्याहार अर्थमें । चकारसे पूर्वोक्त (सू० ७४१ । ७४२) अर्थोंमेंभी सुट् हो । किसी वस्तुमें नवीन गुण देनेको प्रतियत्न कहते हैं । विकारको वैकृत कहते हैं । संभाषणमें जो बातें छूट जांय उनको इहासे पूरा करना वाक्याध्याहार कहाता है । उक्त पांचों अर्थोंमें कृ-कू सुट् आगम होता है ॥ १ **भूषण**–उपस्कृता कन्या(कन्या अलंकृत हुई) । २ **संघात**–उपस्कृता ब्राह्मणाः (ब्राह्मण इकट्ठे हुए) । ३ **प्रतियत्न**–एधो दकस्योपस्कुरुते (लकडी जलकू नवीन गुण देती है) । ४ **वैकृत**–उपस्कृतं भुङ्क्ते (वोह विकृत अन्न खाता है)। ५ **वाक्याध्याहार**–उपस्कृतं ब्रूते (वोह पदोंका अध्याहार कर बोलता है) ॥

वनु-याचने । ७ । आत्म० द्विक० सेट् ॥

वनु (मांगना) । **वनुते** (वोह मांगता है) । **ववने** (सू०५९२) (उसने मांगा) । **अवनिष्ट** (उसने मांगा) ॥

मनु-अवबोधने । ८ । आत्मने० सक० सेट् ॥

मनु (मानना) । **मनुते** (वोह मानता है) । **मेने** (सू० ५०९)

१ क्वा-क्त्वेति शेषम् ।

(उसने माना) । मनिता (वोह मानेगा) । मनिष्यते (वोह मानेगा) । मनुताम् (वोह माने)। अमनुत (उसने माना) । मन्वीत (मू० १९) (वोह माने) । मनिषीष्ट (ई० वोह माने) । अमनिष्ट (उसने माना) । अमनिष्यत (जो वोह माने) ॥

॥ इति तनादयः ॥

अथ क्र्यादयः ।

डुक्रीञ्-द्रव्यविनिमये । १ । उभय० सकर्म० अनिट ॥

क्री (द्रव्यका अदलाबदला- मोल लेना) ॥

७४४ क्र्यादिभ्यः श्ना । ३ । १ । ८१ ॥

शपोऽपवादः ॥

क्री-आदि धातुओंसे परे श्ना-(ना) प्रत्यय हो । यह श्ना शप्- (मू० ४३३) का अपवाद है । क्रीणाति (मू० १५८), क्रीणीते (मू० ६७१) (वोह मोल लेता है) । क्रीणीतः (मू० ६७१), क्रीणाते (मू० ६७२) (वे दो मोल लेते है) । क्रीणन्ति (मू० ६७२), क्रीणते (वे मोल लेते हैं) । क्रीणासि, क्रीणीषे (तू मोल लेता है) । क्रीणीथः, क्रीणाथे (तुम दो मोल लेते हो) । क्रीणीथ, क्रीणीध्वे (तुम मोल लेते हो) । क्रीणामि, क्रीणे (मैं मोल लेता हूं) । क्रीणीवः, क्रीणीवहे (हम दो मोल लेते है) । क्रीणीमः, क्रीणीमहे (हम मोल लेते हैं) । चिक्राय (मू० २०३ । २७), चिक्रिये (मू० २२१) (उसने मोल लिया)। चिक्रियतुः, चिक्रियाते (उन दोने मोल लिया) । चिक्रियुः, चिक्रियिरे (उनोंने मोल लिया)। चिक्रयिथ (मू० ५३२), चिक्रेय (मू० ५३०); चिक्रियिषे (तूने मोल लिया)।क्रेता(वोह मोल लेगा)। क्रेष्यति, क्रेष्यते(वोह मोल लेगा) । क्रीणातु, क्रीणीतात्; क्रीणीताम् (वोह मोल ले) । अक्रीणात्, अक्रीणीत (उसने मोल लिया) । क्रीणीयात् (मू० ६७१), क्रीणीत

(मू० ६७२) (वोह मोल ले) । क्रीयात्, क्रेषीष्ट (ईं० वोह मोल ले) । अक्रैषीत् (मू० ५३४), अक्रेष्ट (उसने मोल लिया) । अक्रेष्यत्, अक्रेष्यत (जो वोह मोल ले) ॥

प्रीञ्–तर्पणे, कान्तौ च । २ । उभ० सक० अनिट् ॥

प्रीञ् = प्री (तृप्त करना । इच्छा करना) । प्रीणाति (मू० १५८), प्रीणीते (वोह तृप्त करता है) । पिप्राय, पिप्रिये (उसने तृप्त किया) । अप्रैषीत्, अप्रेष्ट (उसने तृप्त किया) ॥

श्रीञ्–पाके । ३ । उभ० सक० अनिट् ॥

श्री (पकाना) । श्रीणाति, श्रीणीते (वोह पकाता है) । अश्रैषीत्, अश्रेष्ट (उसने पकाया) ॥

मीञ् हिंसायाम् । ४ । उभय० सकर्म० अनिट् ॥

मी (मारना) । मीनाति, मीनीते (वोह मारता है) । ममौ (मू० ६९१।५३८।३९), मिम्ये (उसने मारा) । मिम्यतुः (मू० २२२), मिम्याते (उन दोने मारा) । ममिथ (मू० ६९१।५३२। ५३९), ममाथ (मू० ६९१।५३०); मिमीषे (तूने मारा) । माता (मू० ६९१) (वोह मारेगा) । मास्यति, मास्यते (वोह मारेगा) । मीयात्, मासीष्ट (वोह मारे) । अमासीत् (मू० ६९१।५४५), अमास्त (मू० ६९१) (उसने मारा) । अमासिष्टाम्, अमासाताम् (उन दोने मारा) । अमास्यत्, अमास्यत (जो वोह मारे) । प्र+मीनाति ॥

७४५ हिनुमीना । ८ । ४ । १५ ॥

उपसर्गस्थान्निमित्तात्परस्यैतयोर्नस्य णः ॥

उपसर्गस्थ निमित्त-(र-ष) से परे हिनु और मीनाके नकारकू णकार हो । प्रमीणाति, प्रमीणीते (वोह अत्यंत हिंसा करता है) ॥

षिञ्–बन्धने । ५ । उभय० सकर्म० अनिट् ॥

सि (बांधना) । सिनाति, सिनीते (मू० ६७१) (वोह बांधता है) । सिषाय, सिष्ये (मू० २२२ । १७०) (उसने बांधा) ।

सेता (वोह बांधेगा) । असैषीत्, असेष्ट (उसने बांधा) ॥

स्कुञ्–आस्पवने । ६ । उभय० सकर्म० अनिट् ॥

स्कु (पैरना । उद्धार करना) । स्कु+ति ॥

७४६ स्तम्भु-स्तुम्भु-स्कम्भु-स्कुम्भु-स्कुञ्भ्यः श्नुः स्यादात् श्ना ॥ ३ । १ । ८२ ॥

एभ्यो धातुभ्यः श्नुः स्यादात् श्ना ॥

स्तम्भ्-स्तुम्भ्-स्कम्भ्-स्कुम्भ्-(रोकना), स्कुञ् (पैरना । तैरना) इन धातुओंसे परे श्नु (सू० ६९९) प्रत्यय हो, एकवार श्नाभी हो । स्कुनोति, स्कुनाति (सू० ७४४); स्कुनुते, स्कुनीते (वोह उद्धार करता है) । चुस्काव, चुस्कुवे (उसने उद्धार किया) । स्कोता (वोह उद्धार करेगा) । अस्कौषीत्, अस्कोष्ट (उसने उद्धार किया) ॥

स्तम्भ् (१) स्तुम्भ् (२)
स्कम्भ् (३) स्कुम्भ् (४) } सौत्राः । रोधने । पर० सक० सेटः ॥

उक्त 'स्तम्भ्' आदि चार धातु सूत्रलिखित है, अर्थात्–पाणिनीमुनिकृत-धातुपाठमें नहीं है । इनका रोकना अर्थ है ॥ इनकी साधनकामें जो विशेष है सो साथे देते हैं। स्तम्भ्+ना+हि (सू० ४६१) ॥

७४७ हलः श्नः शानज्झौ । ३ । १ । ८३ ॥

हलः परस्य श्नः शानजादेशः झौ परे ॥

हल्-से परेश्ना-कू शानच् (आन) आदेश हो, झि परे रहते । स्तम्भ्+आन+झि (सू० ३७७।४६२) स्तभान (तू रोक) । अस्तभ्+च्लि+त् ॥

७४८ जॄ-स्तम्भु-मुचु-म्लुचु-मुचु-ग्लुचु-ग्लुञ्चु-श्विताभ्यश्च । ३ । १ । ८४ ॥

भ्यश्च्लेरङ् वा स्यात् ॥

जॄ (वृद्ध होना), स्तम्भ् (रोकना), मुच् (जाना), म्लुच् (जाना), मुच् (चुराना), ग्लुच् (चुराना), ग्लुञ्च् (जाना),

ष्टिव (जाना) इन धातुओंसे परे च्लि-कू अङ् विकल्प करके हो। अस्तभत् । वि-अस्तभ्+अ+त् ॥

७४९ स्तन्भेः । ८ । ३ । ६७ ॥

स्तन्भेः सोत्रस्य सस्य षः स्यात् ॥

र तथा ष-से परे सूत्रोक्त स्तन्भ्-(सू० ७४६) धातुके स-कारकू ष-कार हो। व्यष्टभत् (सू० ७९) वा अस्तम्भीत् (सू० ४९४) (उसने रोका) ॥

यु अ्-बन्धने । ७ । उभय० सकर्म० अनिट ॥

यु (बांधना) । युनाति, युनीते (सू० ६७१) (वोह बांधता है) । युयाव, युयुवे (उसने बांधा) । योता (वोह बांधेगा)। अयौषीत् , अयोष्ट (उसने बांधा) ॥

क्रूञ्-शब्दे । ८ । उभय० सक० सेट ॥

क्रू (शब्द करना) । क्रुनाति, क्रुनीते (वोह शब्द करता है) । क्राविता (वोह शब्द करेगा) । अक्रावीत् , अक्राविष्ट (उसने शब्द किया) ॥

दृञ्-हिंसायाम् । ९ । उभय० सकर्म० सेट् ॥

दृ (मारना) । दृणाति, दृणीते (वोह मारता है) ॥

दॄञ्-हिंसायाम् । १० । उभय० सकर्म० सेट ॥

दॄ (मारना) । दॄणाति, दॄणीते (वोह मारता है) । अद्रावीत् , अद्राविष्ट (उसने मारा) ॥

पूञ्-पवने । ११ । उभय० सकर्म० सेट ॥

पू (पवित्र करना) । प+ना+ति (सू० ७४४)॥

७५० प्वादीनां ह्रस्वः । ७ । ३ । ८० ॥

पूञ्-लूञ्-स्तॄञ्-कॄञ्-वॄञ्-धूञ्-शॄ-पॄ-वॄ-भॄ-मॄ-दॄ-जॄ-धॄ-नॄ-पॄ-स्तॄ-ऋ-गॄ-ज्या-री-ली-व्ली-ट्ली-ट्लीनां चतुर्विंशतेः शिति ह्रस्वः ॥

पू (पवित्र करना), लू (काटना), स्तृ (आच्छादन करना), कॄ (हिंसा करना), वॄ (स्वीकार करना), धूञ् (कांपना),

शॄ (मारना), पॄ (पालना । पूर्ण करना), वॄ (स्वीकार करना), भॄ (भय देना), मॄ (हिंसा करना), जॄ (वृद्ध होना), शॄ (वृद्ध होना), धॄ (वृद्ध होना), नॄ (प्राप्त करना), कॄ (हिंसा करना), ध्वॄ (टेढा होना), ऋ (जाना), गॄ (शब्द करना), ज्या (वृद्ध होना), री (हिंसा करना), ली (मिलाना), व्ली (स्वीकार करना), प्ली (जाना) इन चौबीस धातुओंकू ह्रस्व हो, शित्-प्रत्यय परे रहते । पुनाति, पुनीते (वोह पवित्र करता है) । पविता (वोह पवित्र करेगा) । अपावीत्, अपविष्ट (उसने पवित्र किया) ॥

लूञ्-छेदने । १२ । उभय० सक० सेट् प्यादिः ॥

लू (काटना) । लुनाति, लुनीते (वोह काटता है) । लुलाव, लुलुवे (उसने काटा) । लूयात्, लविषीष्ट (ई० वोह काटे) ॥

स्तॄञ्-आच्छादने । १३ । उभय० सक० सेट् प्यादिः ॥

स्तृ (आच्छादन करना) । स्तृणाति (मू० २३७), स्तृणीते (वोह आच्छादन करता है) तस्तार (मू० ७०२), तस्तरे (मू० ६६७) (उसने आच्छादन किया) । तस्तरतुः, तस्तराते (उन दोने आच्छादन किया) । स्तरीता (मू० ६६८), स्तरिता (वोह आच्छादन करेगा) । स्तृणीयात्, स्तृणीत (मू० ६७२) (वोह आच्छादन करै) । स्तीर्यात् (मू० ७१८।६६५), स्तृ+सी+स्+त ॥

७५१ लिङ्सिचोरात्मनेपदेषु । ७ । २ । ४२ ॥

वृङ वृञ्भ्यामुदन्ताच्च परयोर्लिङ्सिचोरिट्वा तडि ॥

वृङ् (सेवा करना) और वृञ् (स्वीकार करना) तथा ऋदन्त धातुओंसे परे लिङ् और सिच्-कू इट् आगम विकल्प करकै हो, आत्मनेपदमें । स्तृ+इ+सी+स्+त । यहां दीर्घ (मू० ६६८) की प्राप्ति होनेपर—॥

७५२ न लिङि । ७ । २ । ३९ ॥

वृत इटो लिङि न दीर्घः ॥

वृङ् तथा वृञ् और ऋदन्त-धातुओंसे परे इट्-कू दीर्घ न हो, लिङ् परे रहते। स्तरिषीष्ट, स्तीर्षीष्ट (मू० ५९५।७१८। ६६५) (ई० वोढ़ आच्छादन करे)। अस्तारीत् (मू० ६६९); अस्तरिष्ट (मू० ७५१), अस्तीर्ष्ट (मू० ५९५। ७१८। ६६५) (उसने आच्छादन किया)। अस्तारिष्टाम (मू० ५३१); अस्तरिषाताम्, अस्तीर्ष्टाम् (उन दोने आच्छादन किया) ॥

कृञ्-हिंसायाम्। १४। उभ० सक० सेट् ष्वादिः ॥

कृ (मारना)। कृणाति, कृणीते (वोह मारता है)। चकार, चक्रे (मू०६६७) (उसने मारा)। चकरिथ, चकरिषे (तुने मारा)॥

वृञ्-वरणे। १५। उभय० सकर्म० सेट् ष्वादिः ॥

वृ (स्वीकार करना)। वृणाति, वृणीते (वोह स्वीकार करता है)। ववार, ववरे (मू० ६६७) (उसने स्वीकार किया)। वरीता (मू० ६६८), वरिता (वोह स्वीकार करैगा)। वर्यात् (मू० ५९५। ६६४। ६६५); वरिषीष्ट (मू० ७५१), वृषीष्ट(मू०५९५। ६६४। ६६५) (ई० वोह स्वीकार करै)। अवारीत्; अवरीष्ट (मू० ७५१। ६६८), अवरिष्ट (मू० ७५१), अवृष्ट (मू०५९५। ६६४। ६६५) (उसने स्वीकार किया)। अवरीष्टाम, अवरिष्टाम् (मू० ६६८); अवरीषाताम्, अवरिषाताम् (उन दोने स्वीकार किया) ॥

धूञ्-कम्पने। १६। उभय० सकर्म० सेट् ष्वादिः ॥

धू (कंपाना)। धुनाति, धुनीते (वोह कँपाता है)। दुधाव, दुधुवे (उसने कँपाया)। धविता (मू० ५२६), धोता (वोह कँपावेगा)। अधावीत् (मू० ७००); अधविष्ट, अधोष्ट (उसने कँपाया)। अधविष्यत्, अधोष्यत्; अधविष्यत, अधोष्यत (जो वोह कँपावै) ॥

---

१ "धुनोति चम्पकवनानि" अत्र 'धूञ्' धातु स्वादि। "धूनोति" इत्युदाहरणं प्रमाद एव, "धूत धुनाति" इति दर्शनात्।

ग्रह–उपादाने । १७ । उभय० सकर्म० सेट् ॥

ग्रह् (लेना) । गृह्णाति (मू० ६८६), गृह्णीते (वोह लेता है)। अग्राह, अगृह्ण (उसने लिया) । ग्रह्+इ+ता ॥

७५३ ग्रहोऽलिटि दीर्घः । ७ । २ । ३७ ॥

एकाचो ग्रहेर्विहितस्येटो दीर्घो, नतु लिटि ॥

एकाच ग्रह-धातुसे विहित इट्-कू दीर्घ हो, परन्तु लिट् परे रहते दीर्घ न हो । ग्रहीता (वोह लेगा) । ग्रहीष्यति, ग्रहीष्यते (वोह लेगा) । गृह्णातु, गृह्णीताम् (वोह ले) । गृहाण, गृह्णीष्व (मू०७४७ । ४६२) (तू ले) । गृह्णात् . ग्रहीषीष्ट (मू०७५३) (ई० वोह ले)। अग्रहीत् (म० ७१५), अग्रहीष्ट (उसने लिया) । अग्रहीष्टाम , अग्रहीषाताम (उन दोने किया) ॥

कुप निष्कर्षे । १८ । पर० सक० सेट् ॥

कुप् (निश्चय करना । बाहर निकालना)। कुप्णाति (मू०२९५) (वोह बाहर निकालता है) । चुकोप (उसने बाहर निकाला) । कोपिता (वोह बाहर निकालेगा) । अकोपीत् (उसने बाहर निकाला) ॥

अश् भोजने । १९ । परस्मै० सकर्म० सेट् ॥

अश् (भोजन करना) । अश्नाति (वोह भोजन करता है) । आश (उसने भोजन किया) । अशिता (वोह भोजन करेगा) । अश्नातु (वोह भोजन करे) । अशान (मू० ७४७ । ४६२) (तू भोजन कर) । आशीत् (उसने भोजन किया) ॥

मुष–स्तेये । २० । पर० द्विकर्म० सेट् ॥

मुष् (चुराना) । मुष्णाति (वोह चुराता है) । मुमोष (उसने चुराया) । मोषिता (वोह चुरावेगा) । मुषाण (मू० ७४७ । ४६२ । १५८) (तू चुरा) । अमोषीत् (उसने चुराया) ॥

ज्ञा–अवबोधने । २१ । परस्मै० सकर्म० अनिट् ॥

ज्ञा (जानना) । जानाति (मू० ६९३) (वोह जानता है)।

जज्ञौ (सू० ५३८) (उसने जाना) । अज्ञासीत् (उसने जाना) ॥

वृङ्-सम्भक्तौ । २२ । आत्मने० सकर्म० सेट् ॥

वृ (सेवा करना) । वृणीते (वोह सेवा करता है) । ववृषे (सू० ५२९) (तूने सेवा की) । ववृढ्वे (तुमने सेवा की) । वरीता (सू० ६९८), वरिता (वोह सेवा करैगा) । अवरीष्ट (सू० ६६८), अवरिष्ट (सू० ७५१), अवृत (सू० ५९५ । ६९६) (उसने सेवा की) ॥

॥ इति क्र्यादयः ॥

अथ चुरादयः ।

चुर स्तेये । १ । उभयप० सकर्म० सेट् ॥

चुर् (चुराना) ॥

७५४ सत्यापपाशरूपवीणातूलश्लोकसेनालोमत्वचवर्म्मवर्ण-चूर्णचुरादिभ्यो णिच् । ३ । १ । २५ ॥

एभ्यो णिच् स्यादात्मनेपदे । चूर्णादिभ्यः 'प्रातिपदिकाद्धात्वर्थे' इत्येव सिद्धे तेषामिह ग्रहणं प्रपञ्चार्थम् ॥

सत्याप (आपुक्-सहित-सत्य शब्द), पाश (फांसी), रूप (आकार), वीणा (बीन), तूल (रुई), श्लोक (पद्यात्मक श्लोक वा यश), सेना (फौज), लोम (रुवां), त्वच् (खाल), वर्मन् (कवच), वर्ण (रंग), चूर्ण (चूरन) इन शब्दोंसे और चुर-आदि धातुओंसे परे स्वार्थमें णिच्-प्रत्यय हो । चूर्णान्त अर्थात्-सत्यापादि-शब्दोंसे तो 'प्रातिपदिकसे धात्वर्थमें हो' यही सिद्ध था यहां सू० ७५४ उन शब्दोंका ग्रहण पृथक् करनेके लिये है । चुरयति (सू० ५१७ । ५०० । १४९) चोरयति (सू० ४३० । ४३४ । २७) चोरयते (वोह चुराता है) ॥

७५५ णिचश्च । १ । ३ । ७४ ॥

णिजन्तादात्मनेपद स्यात्कर्तृगामिनि क्रियाफले ॥

यदि क्रियाका फल कर्त्ताको पहुँचता हो तौ णिच्-(सू० ७५४) प्रत्ययान्तसे परे आत्मनेपद प्रत्यय (सू० ५१९) हों । चोरयते (वोह अपने अर्थ चुराता है) । चोरयामास, चोरयाञ्चक्रे (उसने चुराया) । चोरयिता (वोह चुरावेगा) । चोर्यात् (सू० ५८०), चोरयिषीष्ट (ई० वोह चुरावै) । अचचुरत् (सू० ५७८ । ५७९ । ५८१ । ४४२ । ५८४), अचूचुरत (उसने चुराया) । अचोरयिष्यत्, अचोरयिष्यत (जो वोह चुरावै) ॥

कथ-वाक्यप्रबन्धे । २ । उभय० सक० सेट् ॥

कथ् (भ० ५२०) (कहना) । कथ्+इ+अति । यहां वृद्धि (सू० ५०४) की प्राप्ति होनेपर—॥

७५६ अचः परस्मिन्पूर्वविधौ । १ । १ । ५७ ॥

परनिमित्तोऽआदेश स्थानिवत्स्यात्स्थानिनोऽदृश्यस्य विधौ कर्तव्ये । इति स्थानिवत्त्वात्क्रोपधावृद्धि ॥

जो अच्-के स्थानमें आदेश परवर्णको निमित्त मानके हुआ हो तौ वोह आदेश जिस अच्-के स्थानमें हुआ हो उसीके समान माना जाय, यदि कोई सूत्र उस अच्-से पहले वर्णमें लगनेवाला हो तौ इस प्रकार लोपको स्थानिवत् माननेसे उपधाको वृद्धि नहीं हुई । क्योंकि—अलोप असिद्ध माननेसे थ्-की उपधा-संज्ञा होती है न कि—ककारकी । कथयति, कथयते (वोह कहता है) । कथयाञ्चकार, कथयाञ्चक्रे (उसने कहा) । कथयेत्, कथयेत (वोह कहै) । कथ्यात्, कथयिषीष्ट (ई० वोह कहै) ॥ अग्लोपित्वादीर्घसन्वद्भावौ न ॥ सू० ५२० से अकारका लोप होनेके कारण दीर्घ (सू० ५८४) और सनवद्भाव मानकर कार्य (सू० ५८२) भी नहीं होते, कारण—कथ-धातु अग्लोपी है । अचकथत्, अचकथत (उसने कहा) ॥

गण-सङ्ख्याने । ३ । उभय० सकर्म० सेट् ॥

गण् (गिनना) । गणयति, गणयते (वोह गिनता है) । गण-

यामास, गणयाञ्चक्रे (उसने गिना) । गणयिता (वोह गिनेगा) । गण्यात्, गणयिषीष्ट (ई० वोह गिने) । अजगण्+इ+अ+त् (मू० ५७८) ॥

७५७ ई च गणः । ७ । ४ । ९७ ॥

गणयतेरभ्यासस्य ईत् स्याच्चादड्परे णौ ॥

गण-धातुके अभ्यासकू ई हो चकारसे अ-भी, जिसके परे चङ् हो ऐसी णि परे रहते । अजीगणत, अजगणत; अजीगणत अजगणत (उसने गिना) । अगणयिष्यत्, अगणयिष्यत (जो वोह गिने)॥

॥ इति चुरादयः ॥

इति श्रीवरदराजप्रेक्षावतप्रणीतलघुसिद्धान्तकौमुद्याः श्रीमन्निखिलविद्यापारंगमज्योतिर्विच्छ्रीचन्द्रमणिसूरिसूनुश्रीमन्नारायणमलचरणकमलरसानुभवशालिश्रीज्वालानाथभट्टकोविदतनयेन मुरादाबादनिवासिना उदीच्य-व्रजरत्नभट्टाचार्येण प्रणीतभाषानुवादे तिङन्ते दशगणविभागः समाप्तः ।

अथ ण्यन्तप्रक्रिया ।

७५८ स्वतन्त्रः कर्ता । १ । ४ । ५४ ॥

क्रियायां स्वातन्त्र्येण विवक्षितोऽर्थः कर्त्ता स्यात् ॥

किसी क्रियामें जिस अर्थकी स्वतन्त्रतासे विवक्षा हो (कि-जैसे—यहां क्रिया करनेवाला है) उसकी कर्त्ता संज्ञा हो ॥

७५९ तत्प्रयोजको हेतुश्च । १ । ४ । ५५ ॥

कर्तुः प्रयोजको हेतुसंज्ञः कर्तृसंज्ञश्च स्यात् ॥

कर्त्ताके प्रेरणा करनेवालेकी हेतु-संज्ञा और कर्तृ-संज्ञा हो ॥

७६० हेतुमति च । ३ । १ । २६ ॥

१ रसोइया पकाता है । आग पकाती है । ईंधन पकाता है । यहां वक्ताकी इच्छानुसार तीनों कर्ता हो सके है ।

प्रयोजकव्यापारे प्रेषणादौ च वाच्ये धातोर्णिच् स्यात्। भवन्तं प्रेरयति-भावयति॥

जब प्रेरणा करनेवालेका व्यापार प्रेषणादि-(प्रेरणा, अध्येषणा, विज्ञापना) मेंसे किसी प्रकारकी प्रेरणा प्रकट करनी हो तौ धातुसे परे णिच् (इ) प्रत्यय हो। भू+इ (सू० २०३। ५१७)भौ+इ+अ+ति (सू० ४३३। ४३४। २७) भावयति (सू० २७) (वोह होनेवालेको प्रेरणा करता है)। भावयाम्बभूव (सू० ५१९) (उसने होनेवालेको प्रेरणा की)। भावयिता (वोह होनेवालेको प्रेरणा करैगा)। भावयिष्यति (वोह होनेवालेको प्रेरणा करैगा)। भावयतु (वोह होनेवालेको प्रेरणा करै)। अभावयत् (उसने होनेवालेको प्रेरणा की)। भावयेत् (वोह होनेवालेको प्रेरणा करै)। भावयात् (ई० वोह होनेवालेको प्रेरणा करै)। अ–भू+इ+अ+त् (सू० ७६०। ५७८। ४७२। ५८१। ५७९। ४४५) अ–भु भू+इ+अ+त (सू० ५८२)॥

७६१ अोः पुयण्ज्यपरे। ७। ४। ८०॥

सनि परे यदङ्गं तदवयवस्याभ्यासोकारस्य इत्स्यात्यवर्गयणजहलेष्वर्णेषु परतः॥

जिस अंगसे परे सन हो उस (अंग) के अवयव अभ्यासके उकारकू इकार हो, जिससे परे अवर्ण हो ऐसे पवर्ग तथा यण् वा जकार परे रहते। अवि-भू+इ+अ+तु (सू० ५८४। ४३४। २७। २०३। २७) अबीभवत् (सू० ६७२) (उसने होनेवालेको प्रेरणा की)। अभावयिष्यत् (जो वोह प्रेरणा करै)॥

ष्ठा-गतिनिवृत्तौ॥

ष्ठा = स्थाँ (सू० २८३) (स्थित होना)। स्था+इ+अ+ति॥

१ नीचको प्रेरणा करना प्रेरणा कहाती है। गुरुआदि शिष्ट पुरुषको सत्कारपूर्वक प्रेरण करना अध्येषणा कहाती है। स्वामीको प्रार्थनासे प्रेरण करनेको विज्ञापना कहते है। २ सू०७५५ से आत्मनेपदभी हो जाता है। ३ "निमित्तापाये नैमित्तिकस्याप्यपायः" अर्थात्–जब निमित्तका नाश हो जाता है तब नैमित्तिककाभी नाश हो जाता है। जैसे–घकारका नाश होनेसे तन्निमित्त ठकारकाभी नाश हो गया।

७६२ अर्तिह्रीब्लीरीक्नूयीक्ष्माय्यातां पुङ् णौ।७।३।३६॥

ऋ (जाना), ह्री (लज्जित होना), ब्ली (स्वीकार करना), री (मारना), क्नूयी (शब्द करना), क्ष्मायी (कांपना) और आकारान्त-धातुओंसे परे पुक् (प्) आगम हो, णि परे रहते। स्था+प्+इ+अ+ति (भू० ४३४ । २७) स्थापयति (वोह स्थित करवाता है) । अस्था+प्+इ+अ+त् (भू० ५७८) ॥

७६३ तिष्ठतेरित् । ७ । ४ । ५ ॥

उपधाया इदादेशः स्याच्चङ्परे णौ ॥

स्था-धातुकी उपधाके स्थानमें इ हो, चङ्-परक णि परे रहते। अस्थिप+इ+अ+त् (भू० ५८१ । ७०२ । ४४५ । ५८०) अतिस्थिप्+अ+त (भ० १७० । ७२) अतिष्ठिपत् (उसने स्थित करवाया) ॥

घट-चेष्टायाम् ॥

घट् (चेष्टा करना) । घट+इ+अ+ति (भू० ५०४) ॥

७६४ मितां ह्रस्वः । ६ । ४ । ९२ ॥

घटादीनां ज्ञपादीनां च ह्रस्वः स्यात् ॥

घट-आदि तथा ज्ञप्-आदि मित्-धातुओंको ह्रस्व हो । घटयति (भू० ४३४ । २७) (वोह चेष्टा करवाता है) । अजीघटत (उसने चेष्टा कराई) ॥

ज्ञप ज्ञाने ज्ञापने च ॥

ज्ञप् (जानना वा जनाना) । ज्ञपयति (वोह जानता है) । अजिज्ञपत (भू० ५८२ । ५८३) (उसने जाना) ॥

॥ इति ण्यन्तप्रक्रिया ॥

अथ सन्नन्तप्रक्रिया ।

पठ-व्यक्तायां वाचि ॥

पठ् (पढना) ॥

७६५ धातोः कर्म्मणः समानकर्तृकादिच्छायामा वा ३ । १ । ७ ॥

इषिकर्मण इषिणैककर्तृकाद्धातोः सन्प्रत्ययो वा स्यादिच्छायाम् ॥

जिस क्रियाका कर्त्ता और इच्छा करनेवाला दोनों एकही हों और यदि वोह धातु इच्छारूप क्रियाका कर्म हो तौ उस धातुसे परे इच्छा-अर्थमें सन-प्रत्यय विकल्प करके हो । पठ्+स+अ+ति ॥

७६६ सन्यङोः । ६ । १ । ९ ॥

सन्नन्तस्य यङन्तस्य च प्रथमस्यैकाचो द्वे स्तोऽजादेस्तु द्वितीयस्य ॥

सन-(सू० ७६५) प्रत्ययान्त और यङ-(सू० ७७१) प्रत्ययान्त धातुके प्रथम एकाच्-भागकू द्वित्व हो, और यदि प्रथम एकाच्-भागके आदिमें अच् हो तौ दूसरे एकाच्-भागकू द्वित्व हो । पठ् पठ+स+अ+ति (सू० ४४२ । ५८३ । ४४७ । १७०) पिपठिषति (पठितुमिच्छति) (वोह पढनेकी इच्छा करता है) ॥

कर्मणः किम् ? गमनेनेच्छति ॥

सू० ७६५ में ' यदि वोह धातु इच्छारूप क्रियाका कर्म हो ' ऐसा कहनेसे—गमनेनेच्छति (गमनसे कुछ करनेकी इच्छा करता है) । यहां सन् नहीं हुआ, क्योंकि—उक्त वाक्यमें गमनरूप क्रिया इच्छारूप क्रियाका कर्म नहीं है—किन्तु करण है ॥

समानकर्तृकात्किम् ? शिष्याः पठन्तु-इतीच्छति गुरुः ॥

और सू० ७६५ में ' जिस क्रियाका कर्त्ता और इच्छा करनेवाला एकही हो ' यह कहनेसे—शिष्याः पठन्तु—इतीच्छति गुरुः (शिष्य पढें—गुरु यह इच्छा करता है) । यहां सन्-प्रत्यय नहीं हुआ, कारण—उक्तोदाहरणमें पठनरूप क्रियाके कर्त्ता शिष्य और इच्छारूप क्रियाके कर्त्ता गुरु यह दोनों पृथक् २ कर्त्ता हैं ॥

वाग्रहणाद्वाक्यमपि ॥

सन-प्रत्यय विकल्प करके हो, यह कहनेसे ज्ञात होता है कि—सन-के अभाव-पक्षमें वाक्यकाभी ग्रहण होता है। जैसे—'पिपठिषति' के

स्थानमें–'पठितुमिच्छति' इत्यादि वाक्यान्तरोंका प्रयोगभी होता है ॥ अद्+स+ति (सू० ६०९ । ७६६।४४२।५०३।५८३) जिघस्+स+अ+ति (सू० ४५०) ॥

७६७ सः स्यार्धधातुके । ७ । ४ । ४९ ॥

सस्य तः स्यात्सादावार्धधातुके ॥

सकारकू तकार हो, सकारादि-आर्धधातुक परे रहते । जिघत्स-ति (सू० ३०२ । ५२७) (अत्तुमिच्छति–वा) (वोह खानेकी इच्छा करता है) ॥ कृ+स+अ+ति (सू० ७६६ । ५२३ । ५८३) चिकृ+स+अ+ति ॥

७६८ अज्झनगमां सनि । ६ । ४ । १६ ॥

अजन्तानां हन्तेरजादेशगमेश्च दीर्घो झलादौ सनि ॥

अजन्त-धातुओंकू तथा हन् (मारना) और अच्-रूप (इ-इक् आदिके स्थानमें हुए) गम्-आदेशकूभी दीर्घ हो, झलादि सन्-प्रत्य-य परे रहते । चिकृ+स+अ+ति ॥

७६९ इको झलि । १ । २ । ९ ॥

इगन्ताज्झलादिः सन् कित् स्यात् ॥

जिसके अन्तमें इक् हो उस धातुसे परे झलादि सन्-प्रत्यय कित् माना जाय । चिकीर्षति (सू० ७१८।६६५) (कर्तुमिच्छति) (वोह करनेकी इच्छा करता है)॥ भू+स+अ+ति = बुभ्+स+अ+ति । यहां इट्-(सू० ४४७) की प्राप्ति हुई, परन्तु–॥

७७० सनि ग्रहगुहोश्च । ७ । २ । १२ ॥

ग्रहेर्गुहेरुगन्ताच्च सन इण् न स्यात् ॥

ग्रह (लेना), गुह (ढांपना) इन धातुओंसे और उक्-प्रत्याहारा-न्त धातुओंसे परे सन्-कू इट् न हो । बुभूषति (भवितुमिच्छति) (वोह होनेकी इच्छा करता है) ॥

॥ इति सन्नन्ताः ॥

अथ यङन्तप्रक्रिया।

७७१ धातोरेकाचो हलादेः क्रियासमभिहारे यङ्। ३।१।२२॥

पौनःपुन्ये भृशार्थे च द्योत्ये धातोरेकाचो हलादेर्यङ् स्यात्॥

जब क्रियाका वारंवार करना हो अथवा उस क्रियाकी अत्यन्तता प्रकट करनी हो तौ हलादि एकाच्-धातुसे परे यङ् (य) हो। भू+य (मू० ७६६।४४५) बुभू+य (मू० ५१७।४२४) बुभू+य+अ+ते (मू० ५५८)- ॥

७७२ गुणो यङ्लुकोः। ७। ४। ८२॥

अभ्यासस्य गुणो यङि यङ्लुकि च परतः॥

अभ्यास-(मू० ४४१) कू गुण हो, यङ् परे रहे तौ अथवा यङ्का लुक् (मू० ७७८) परे हो तौ। बोभूयते (मू० ३०२) (पुनः पुनः अतिशयेन वा भवति) (वोह वारंवार अथवा अत्यंत करके होता है)। बोभूयाञ्चके (वोह वारंवार हुआ)। अबोभूयिष्ट (वोह वार २ हुआ)॥ 'व्रज्'धातुसे क्रियासमभिहारमें यङ् (मू० ७७१) प्राप्त था, परन्तु-॥

७७३ नित्यं कौटिल्ये गतौ। ३। १। २३॥

गत्यर्थात् कौटिल्य एव यङ् स्यात्, नतु क्रियासमभिहारे॥

गति-अर्थवाले धातुओंसे परे कुटिलता-अर्थमेंही यङ् प्रत्यय हो, न कि-क्रियासमभिहार अर्थात्-क्रियाके वारंवार करने वा अतिशयार्थमें। व्रज्+य+अ+ते (मू० ७६६) वव्रज्य+अ+ते (मू० ३०२)॥

७७४ दीर्घोऽकितः। ७। ४। ८३॥

अकितोऽभ्यासस्य दीर्घो यङ्यङ्लुकोः॥

जिसकी कित्-संज्ञा न हो तिस अभ्यासकू दीर्घ हो, यङ् वा यङ्-लुक् परे रहते। वाव्रज्यते (कुटिलं व्रजति) (वोह कुटिल जाता है)। वाव्रज्य+आम्+चकृ+ए (मू० ५१९। ५२२। ५६३)॥

७७५ यस्य हलः । ६ । ४ । ४९ ॥

हलः परस्य य-शब्दस्य लोप आर्धधातुके ॥

हल्-से परे य-कारका लोप हो, आर्धधातुक प्रत्यय परे रहते । मू० ८९ के अनुसार य-का लोप होता है । और मू० ५२० से य-कारके 'अ' का लोप होता है । वाव्रजाञ्चक्रे (वोह कुटिल गया)। वाव्रजिता (वोह कुटिल जायगा) ॥ वृवृत्+य+ते । इस अवस्थामें—॥

७७६ गीगृदुपधस्य च । ७ । ४ । ९० ॥

ऋदुपधस्य धातोरभ्यासस्य गीगागमो यङ्यङ्लुक्यो. ॥

जिस धातुकी उपधामें ऋकार हो तिसके अभ्यासकू रीक् (री) आगम हो, यङ् वा यङ्-लुक् परे रहते । वर्+री+वृत्य+ते (मू० ४३४ । १३१) वरीवृत्यते (वोह वारंवार होता है) । वरीवृताञ्चक्रे (वोह वार २ हुआ) । वरीवृतिता (वोह वार २ होगा) ॥ नृनृत्+य+अ+ते । यहां नकारकू ण (मू० १५८) प्राप्त हुआ था, परन्तु—॥

७७७ क्षुभ्नादिषु च । ८ । ४ । ३९ ॥

णत्वं न ॥

क्षुभ्नादि-पठितधातुओंकू णकार न हो । नरीनृत्यते (मू०७७६) (वोह वार २ नाचता है) ॥ गृगृह्+य+अ+ते(मू० ७७६) जरीगृह्यते (वोह वारंवार लेता है) ॥

॥ इति यङन्तप्रक्रिया ॥

अथ यङ्लुगन्तप्रक्रिया ।

७७८ यङोऽचि च । २ । ४ । ७४ ॥

यङोऽचि प्रत्यये लुक् स्याच्चकारान्त विनापि क्वचित् । अनैमित्तिकोऽयम् अन्तरङ्गत्वादादौ भवति । ततः प्रत्ययलक्षणेन यङन्तत्वाद्द्वित्वमभ्यास-

१ 'यस्येति सघातग्रहणम्' ।

कार्य्यञ्च। धातुत्वाल्लडादयः। शेषात्कर्तरीति परस्मैपदम्। चर्करीत चेत्यादौ पाठाच्छपो लुक्॥

अच्-(सू० ८५१) प्रत्यय परे रहते यङ्-(सू० ७७१) का लुक् हो, सूत्र-लिखित चकारसे ज्ञात होता है कि-कभी अच्-प्रत्ययके परे न रहतेभी यङ्-का लुक् हो जाता है। यह अच्-प्रत्ययके विना यङ्-का लुक् होना अनैमित्तिक (निमित्तरहित) है, कारण कि-उसके लिये किसी निमित्तकी अपेक्षा नहीं है, और इसको किसी आश्रयणका आश्रय न होनेके कारण यह अन्तरङ्ग है, इसीसे पहले हो जाता है। तदनन्तर यङ्-का लुक् हो जानेपरभी सू० २१० के अनुसार यङन्त मानकर सू० ७६६ के अनुसार द्वित्व और यथासम्भव अभ्यासके कार्य होते हैं। फिर सू० ५१७ के अनुसार धातुत्व होनेसे लट्-आदि धातुकार्य किये जाते हैं। और सूत्र ४२६ के अनुसार परस्मैपद प्रत्यय होते हैं। सू० ६५० के अनुसार यङ्-लुगन्तकू अदादि मान सू० ६०३ के अनुसार शप्-का लुक् होता है॥ बुभू+ति। इस अवस्थामें-॥

७७९ यङो वा। ७। ३। ९४॥

यङ्लुगन्तात्परस्य हलादेः पितः सार्वधातुकस्येड्वा स्यात्। भूसुवोरिति गुणनिषेधो यङ्लुकि भाषायां न, "बोभूतु तेतिक्ते" इति छन्दसि निपातनात्॥

जिस धातुसे परे यङ्-का लुक् हुआ हो तिससे परे हलादि-पित् सार्वधातुकको इट् (इ) आगम विकल्प करके हो। भाषा अर्थात्-वेदभिन्न अन्य शास्त्रोंमें यङ्-लुक् होनेपर गुणका निषेध करनेवाला (सू० ४८६) सूत्र नहीं लगता, क्योंकि-' बोभुतु ' इस वैदिक प्रयोगमें गुण न हो, इसलिये " बोभूतु तेतिक्ते " इस सूत्रद्वारा वेदमें ' बोभूतु ' यह निपातन किया है। यदि यहांभी गुणनिषेध (सू० ४८६) लगता तो उसीसे गुणका निषेध सिद्ध था निपात करनेकी क्या आवश्यकता थी, इससे विदित होता है कि-वेदमें यङ्-

लुगन्त प्रयोगमें गुण नहीं होता; अर्थात्–शास्त्रमें गुण हो जाता है। बुभू+ई+ति = बोभो+ई+ति (सू० २७) बोभवीति, बोभोति (वोह वार २ होता है)। बोभूतः (वे दो वार २ होते हैं)। बोभुवति (सू० ६५९ । २२१) (वे वार २ होते हैं)। बोभवीषि, बोभोषि (तू वार २ होता है)। बोभवीमि, बोभोमि (मैं वार २ होता हूं)। बोभवाञ्चकार, बोभवामास (वोह वार २ हुआ)। बोभविता (वोह वार २ होगा)। बोभविष्यति (वोह वार २ होगा)। बोभवीतु, बोभोतु, बोभूतात् (सू० ४५८) (वोह वार २ हो)। बोभूताम् (वे दो वार २ हों)। बोभुवतुः (वे वार २ हों)। बोभूहि (सू० ४६१) (तू वार २ हो)। बोभवानि (सू० ४६४) (मैं वार २ होऊं)। अबोभवीत्, अबोभोत् (वोह वार २ हुआ)। अबोभूताम (वे दो वार २ हुए)। अबोभवुः (वे वार २ हुए)। बोभूयात् (वोह वार २ हो)। बोभूयाताम् (वे दो वार २ हों)। बोभूयुः (वे वार २ हों)। बोभूयात् (ई० वोह वार २ हो)। बोभूयास्ताम् (ई० वे दो वार २ हों)। बोभूयासुः (ई० वे वार २ हों)। अबोभू+स्+त (सू० ४८४) ॥

गातिस्थेति सिचो लुक् । यडो वेतीट्पक्षे गुण बाधित्वा नित्यत्वाद्वुक् ॥

उक्त अवस्थामें सिच्-का लुक् (सू० ४८५) हो गया। और जिस पक्षमें सू० ७७९ से इट्-का आगम होता है, उस पक्षमें गुण-(सू० ४३४) को बाधकर नित्य होनेके कारण वुक् (सू० ४३९) आगम होता है, क्योंकि–वुक् नित्य और गुणसे विशेष बलवान् है। अबोभू+व्+ई+त् = अबोभवीत्, अबोभोत् (वोह वारंवार हुआ)। अबोभूताम (वे दो वारंवार हुए)। अबोभूवुः (वे वारंवार हुए)। अबोभविष्यत् (जो वोह वारंवार हो) ॥

॥ इति यङ्लुगन्तप्रक्रिया ॥

५ इस विधिको नित्य कहते हैं जो अपने विरोधी सूत्रके लग जानेपरभी उसी उदाहरणमें लग सकती हो।

अथ नामधातवः।

७८० सुप आत्मनः क्यच्। ३। १। ८॥

इषिकर्मण एषितुः सम्बन्धिन सुबन्तादिच्छायामर्थे क्यच् प्रत्ययो वा स्यात्॥

जिस सुबन्तका इच्छा करनेवालेके साथ आत्मसम्बन्ध हो और वोह सम्बन्धी इष-धातुका कर्म हो तिस सुबन्तसे परे इच्छा-अर्थमें विकल्प करके क्यच् (मू० १५६। ३) (य) प्रत्यय हो॥ जब कोई मनुष्य पुत्रकी इच्छा करता है तब पुत्रवाची शब्द इष्-(इच्छा करना) धातुका कर्म होता है, क्योंकि-पुत्रवाचक शब्द तिसका विषय हो रहा है, और इच्छा करनेवालेका आत्मसंबंधभी है, कारण उस पुरुषको अपने लिये पुत्रकी इच्छा है, दूसरेके लिये नहीं॥ पुत्र+अम्+य+अ+ति। इस अवस्थामें-॥

७८१ सुपो धातुप्रातिपदिकयोः। २। ४। ७१॥

एतयोरवयवस्य सुपो लुक्॥

धातु अथवा प्रातिपदिक-(मू० १३६। १३७) का अवयव जो सुप् (मू० १३८) तिसका लुक् हो। पुत्र+य+अ+ति(मू०३०२)॥

७८२ क्यचि च। ७। ४। ३३॥

अवर्णस्य ई॥

क्यच्-(मू० ७८०) प्रत्यय परे रहते अवर्णकू ई हो। पुत्रीयति (आत्मनः पुत्रमिच्छति) (वोह अपने लिये पुत्रकी इच्छा करता है)। राजन्+अम्+य+अ+ति (मू० ७८१। ३०२। ७८२) राजीन+यति॥

७८३ नः क्ये। १। ४। १५॥

क्यचि क्याडि च नान्तस्य पदस्य नान्यत्॥

क्यच् (मू० ७८०) अथवा क्याच् (मू० ७८९) परे रहते

१ यह अम् द्वितीयाका चिन्ह है।

नकारान्तकीही पद-संज्ञा हो, नकारान्तसे भिन्नकी नहीं । पदसंज्ञा होकर नकारका लोप (सू० २०१) हो गया । राजीयति (आत्मनः राजानमिच्छति) (वोह अपने लिये राजाकी इच्छा करता है)॥

नान्तमेवेति किम् ? वाच्यति ॥

नान्तकीही पद-संज्ञा हो यह कहनेसे—वाच्यति (वोह वाणीकी इच्छा करता है) । यह पद-संज्ञा न हुई । क्योंकि—वाच्-शब्द नकारांत नहीं किन्तु चकारान्त है, पद-संज्ञा न होनेसे 'च' कू 'क' (सू० ३३५) न हुआ ॥ गिर्+अम्+यति (सू० ७८१ । ६६५) गीर्यति (आत्मनः गिरमिच्छति) (वोह अपने लिये वाणीकी इच्छा करता है) । पूर्यति (आत्मनः पुरमिच्छति) (वोह अपने लिये नगरीकी इच्छा करता है) । दिव्यति (आत्मनः दिवमिच्छति) (वोह अपने अर्थ स्वर्गकी इच्छा करता है) । यहां दीर्घ नहीं होता, क्योंकि— सू० ६६५ धातुहीमें लगता है, और यहां दिव्-शब्द स्वर्गवाची है ॥ समिध्यति (आत्मनः समिधमिच्छति) (वोह अपने लिये ईंधनकी इच्छा करता है) । समिध्+य+इ+ता (सू० ४४७) ॥

७८४ क्यस्य विभाषा । ६ । ४ । ५० ॥

हलः परयोः क्यच्क्यङोर्लोपो वार्धधातुके । आदेः परस्य । अनेन लोपः। तस्य स्थानिवत्त्वाल्लघूपधगुणो न ॥

हल्-से परे जो क्यच् और क्यङ् तिनका विकल्प करके लोप हो, आर्धधातुक प्रत्यय परे रहते । सू० ८९ के अनुसार केवल 'य्' का लोप होता है । सू० ५२० से 'अ' का लोप होता है । उस अकारके लोपकू स्थानिवत् माननेसे गुण (सू० ५००) नहीं होता । समिधिता, समिध्यिता (वो ईंधनकी इच्छा करैगा) ॥

७८५ काम्यच्च । ३ । १ । ९ ॥

उक्तविषये काम्यच् स्यात् ॥

उक्त विषय-(सू० ७८०) हीमें काम्यच् (काम्य) प्रत्ययभी हो। पुत्रकाम्यति (वोह पुत्रकी इच्छा करता है) । पुत्रकाम्यिता (वोह पुत्रकी इच्छा करेगा) ॥

७८६ उपमानादाचारे । ३ । १ । १० ॥

उपमानात्कर्मणः सुबन्तादाचारेऽर्थे क्यच् ॥

उपमानवाचक कर्म-संज्ञक सुबंतसे परे आचरणअर्थमें क्यच् (य) प्रत्यय हो । पुत्रीयति—छात्रम् (सू० ७८२) (पुत्रमिवाचरति) (वोह छात्रको पुत्रकी समान आचरण करता है) । विष्णुयति—द्विजम् (विष्णुमिवाचरति) (वोह ब्राह्मणकू विष्णुकी समान मानता है) ॥

७८७ (सर्वप्रातिपदिकेभ्यः क्विब्वा वक्तव्यः) ॥

सम्पूर्ण प्रातिपदिकोंसे परे सू० ७८६ के विषयमें क्विप्-प्रत्यय विकल्प करके हो ऐसा कहना चाहिये । क्विप्-का लोप (सू० १५६ । ३३१) हो जाता है । कृष्ण+क्विप्+अ+ति (सू० ३०२) कृष्णति (कृष्ण इवाचरति) (वोह कृष्णकी सदृश आचरण करता है) । स्वति (स्व इवाचरति) (वोह अपनी सदृश आचरण करता है) । सस्वौ (सू० ५३८) (उसने अपनी समान आचरण किया) ॥ इदम+क्विप्+अ+ति ॥

७८८ अनुनासिकस्य क्विझलोः क्ङिति । ६ । ४ । १५ ॥

अनुनासिकान्तस्योपधाया दीर्घः क्वौ झलादौ च क्ङिति ॥

अनुनासिकान्तकी उपधाको दीर्घ हो, क्विप् अथवा झलादि कित् वा ङित् प्रत्यय परे रहते । इदामति (इदमिवाचरति) (वोह इसकी सदृश आचरण करता है) । राजानति (राजेवाचरति) (वोह राजाकी सदृश आचरण करता है) । पथीनति (पन्था इवाचरति) (वोह मार्गसरीखा आचरण करता है) ॥

७८९ कष्टाय क्रमणे । ३ । १ । १४ ॥

चतुर्थ्यन्तात्कष्टशब्दादुत्साहेऽर्थे क्यङ् स्यात् ॥

चतुर्थ्यन्त कष्ट-(कष्टाय) शब्दसे परे उत्साह अर्थमें क्यङ् (य) प्रत्यय हो । कष्टाय+य+ते (सू० ७८१) कष्टायते (पापं कर्तुमुत्सहत इत्यर्थः) (वोह पाप करनेके अर्थ उत्साह करता है) ॥

७९० शब्दवैरकलहाभ्रकण्वमेघेभ्यः करणे । ३।१।१७ ॥

एभ्यः कर्मभ्यः करोत्यर्थे क्यङ् स्यात् ॥

शब्द (शब्द), वैर (विरोध), कलह (लडाई, टंटा), अभ्र (बादल), कण्व (पाप), मेघ (बादल) जब यह शब्द कर्म हों तब इनसे करने-अर्थमें क्यङ् प्रत्यय हो । शब्द+अम+य+अ+ते (सू० ७८१ । ५३३ । ३०२) शब्दायते (शब्दं करोति) (वोह शब्द करता है)।

७९१ (प्रातिपदिकाद्धात्वर्थे बहुलमिष्टवच्च) ॥

प्रातिपदिकाद्धात्वर्थे णिच् स्यात्, इष्ट यथा-प्रातिपदिकस्य पुंवद्भाव-रभाव-टिलोप-विन्मतुक्लोप-यणादिलोप-प्रस्थ स्फादादेश-भसञ्ज्ञास्तद्वण्णावपि स्यु ॥

प्रातिपदिक-से परे धातुके अर्थमें णिच् प्रत्यय हो, और जैसे इ-ष्णुच्-(सू० १३२९) प्रत्यय परे रहते स्त्रीलिंगका पुंल्लिंग होता है, ऋकारकू र-आदेश होता है, टि-(सू० ४९) का लोप होता है, तथा विन्-(सू० १३०३) प्रत्यय और मतुप्-(सू० १२९०) प्रत्ययका लोप होता है, यण्-आदिका लोप होता है, तथा प्रियशब्द-कू प्र-आदेश स्थिर-शब्दकू स्थ आदेश और स्फिर-शब्दकू स्फ आदेश होते हैं, भ-(सू० १८६) संज्ञा होती है, वैसेही यह कार्य णि परे रहतेभी हो ॥ यह (सू० ७९१) णिच्-विधान करनेमें सामान्य विधि है, विशेषविधि नीचे (सू० ७९२) लिखते हैं-॥

७९२ (तत्करोति तदाचष्टे) इति णिच् ॥

वोह अमुक कार्य करता है, अथवा वोह अमुक वार्त्ताको कहता है, इन अर्थोंमें णिच् प्रत्यय हो; अर्थात् सू० ७९१ से जो णिच्-प्रत्यय धात्वर्थमें प्रातिपदिकोंसे प्राप्त है वोह केवल करना और क-

हना इन्ही दो अर्थोंमें हो, अन्य धात्वर्थमें न हो। घट+इ+अ+ति। यहां भ-संज्ञक अकारका लोप (सू० ७९१) हो गया। घटि+अ+ति (सू० ४३४ । २७) घटयति (घटं करोति-आचष्टे वा) (वोह घटकू बनाता है, वा घटकू कहता है) ॥

॥ इति नामधातवः ॥

अथ कण्ड्वादयः ।

कण्ड्वृ गात्रविघर्षणे । १ । उभयः सकर्म० सेट ॥

कण्ड् (खुजाना) ॥

७९३ कण्ड्वादिभ्यो यक् । ३ । १ । २७ ॥

एभ्यो धातुभ्यो नित्य यक् स्यात्स्वार्थे ॥

कण्ड्-आदि धातुओंसे परे स्वार्थमें नित्य यक् (य) प्रत्यय हो। कण्ड्य+अ+ति (सू०३०२) कण्ड्यति, कण्ड्यते (वो खुजाता है) इत्यादि ॥

॥ इति कण्ड्वादिगणः समाप्तः ॥

अथ आत्मनेपदप्रक्रिया ।

७९४ कर्तरि कर्मव्यतिहारे । १ । ३ । १४ ॥

क्रियाविनिमये द्योत्ये कर्त्तर्यात्मनेपद स्यात् ॥

जब क्रियाका विनिमय (अदला-बदला) प्रकाश करना हो तब कर्त्ता-अर्थमें आत्मनेपद हो। वि-अति+लुना+ते (सू०७४४।६७१) व्यतिलुनीते (अन्यस्य योग्यं लवनं करोतीत्यर्थः) (वोह दूसरेके योग्य काटना कर्म करता है) ॥

७९५ न गतिहिंसार्थेभ्यः । १ । ३ । १५ ॥

गति (जाना) और हिंसाअर्थवाची धातुओंसे आत्मनेपद प्रत्यय

(सू० ७९४) न हो । व्यतिगच्छन्ति (वे परस्पर विरुद्ध जाते हैं)। व्यतिघ्नन्ति (वे परस्पर मारते हैं) ॥

७९६ नेर्विशः । १ । ३ । १७ ॥

नि-पूर्वक विश-धातुसे परे आत्मनेपद-संज्ञक प्रत्यय हों । निविशते (वोह अन्तरमें प्रवेश करता है) ॥

७९७ परिव्यवेभ्यः क्रियः । १ । ३ । १८ ॥

परि, वि और अव उपसर्गोंसे परे जो क्री-धातु तिससे आत्मनेपद-संज्ञक प्रत्यय हों । परिक्रीणीते (वोह मोल लेता है) । विक्रीणीते (वोह बेचता है) । अवक्रीणीते (वोह मोल लेता है) ॥

७९८ विपराभ्यां जेः । १ । ३ । १९ ॥

वि और परा उपसर्गोंसे परे जो जि-धातु तिससे आत्मनेपद प्रत्यय हों । विजयते (वोह जीतता है)। पराजयते(वोह हारता है)॥

७९९ समवप्रविभ्यः स्थः । १ । ३ । २२ ॥

सम् , अव, प्र और वि यह उपसर्ग जिसके पहले हों ऐसे ष्ठा-(स्था) धातुसे आत्मनेपद प्रत्यय हो। संतिष्ठते (वोह भली प्रकार स्थित होता है)। अवतिष्ठते (वोह स्थित होता है) । प्रतिष्ठते (वोह अच्छी रीतिसे स्थित होता है)। वितिष्ठते (वोह विशेषकरके स्थित होता है) ॥

८०० अपह्नवे ज्ञः । १ । ३ । ४४ ॥

ज्ञा-धातुसे परे छिपाने-अर्थमें आत्मनेपद-संज्ञक प्रत्यय हों । शतमपजानीते (अपलपतीत्यर्थः) (वोह सौ रुपये छिपाता है—अर्थात्—१०० रुपयेकू नाटता है) ॥

१ इन दोनों उदाहरणोंमेंभी कर्मव्यतिहार है, क्योंकि—जब वे उनके पर जाते हैं तब वे उनके पर जाते हैं । और जब वे उनको मारते हैं तब वे उनको मारते हैं । ऐसे अ. ३ पहलेकीभी महाभाष्यकारने कर्मव्यतिहार माना है । अंपके लोग काम्को और कर इसकोही क्रियाविनिमय (कर्मव्यतिहार) नहीं कहते हैं । चाहे जैसा क्रियाप्रबंधी अदल-बदल हो वोह सब कर्मव्यतिहार कहाता है ।

८०१ अकर्म्मकाच्च। १। ३। ४५॥

यदि ज्ञा-धातु अकर्मक हो तौ उससे परे आत्मनेपद-संज्ञक प्रत्यय हो। सर्पिषो जानीते (सर्पिषोपायेन प्रवर्त्तत इत्यर्थः) (वोह घृतउपायसे प्रवृत्त होता है)॥

८०२ उदश्चरः सकर्म्मकात्। १। ३। ५३॥

जिसके प्रथम उत् उपसर्ग हो ऐसे सकर्मक चर्-धातुसे आत्मनेपद-संज्ञक प्रत्यय हों। धर्ममुच्चरते (उल्लङ्घ्य गच्छतीत्यर्थः) (वोह धर्मका उल्लंघन कर जाता है)॥

८०३ समस्तृतीयायुक्तात्। १। ३। ५४॥

तृतीयान्त-पदसे युक्त और सम्-पूर्वक जो चर् धातु तिससे आत्मनेपद हो। रथेन संचरते (वोह रथद्वारा सुखसे जाता है)॥

८०४ दाणश्च सा चेच्चतुर्थ्यर्थे। १। ३। ५५॥

सम्पूर्वाद्दाणस्तृतीयान्तेन युक्तादुक्तः स्यात् तृतीया चेच्चतुर्थ्यर्थे॥

तृतीयान्त-पदसे युक्त तथा सम्-पूर्वक दाण्-धातुसे परे आत्मनेपद प्रत्यय हों, यदि वोह तृतीया चतुर्थीके अर्थमें हो तौ। दास्या संयच्छते कामी (कामी रतिकी कामनासे दासीको देता है)॥

८०५ पूर्ववत्सनः। १। ३। ६२॥

सनः पूर्वो यो धातुस्तेन तुल्य सन्नन्ताद्प्यात्मनेपद स्यात्॥

सन्-प्रत्ययसे पहले जो धातु आत्मनेपदी हो उसके सदृश सन्-प्रत्ययान्त धातुसेभी आत्मनेपद हो। एदिधिषते (मू० ४४७। ७६६) (वोह बढनेकी इच्छा करता है)॥

८०६ हलन्ताच्च। १। २। १०॥

इक्समीपाद्धलः परो झलादिः सन् कित् स्यात्॥

इक्-के समीप जो हल् तिससे परे झलादि अर्थात्-अनिट् सन् कित्-संज्ञक हो। निविविक्षते (वोह प्रवेश करनेकी इच्छा करता है)॥

८०७ गन्धनावक्षेपणसेवनसाहसिक्यप्रतियत्नप्रकथनोपयोगेषु कृञः। १। ३।३२॥

गन्धन (चुगली करना), अवक्षेपण (डराना), सेवन (सेवा करना), साहसिक्य (बलात्कार करना), प्रतियत्न (गुणका ग्रहण करना), प्रकथन (कहना), उपयोग (धर्मार्थ देना) इन अर्थोंमें कृ-धातुसे परे आत्मनेपद प्रत्यय हो। जैसे उत्कुरुते (सूचयतीत्यर्थः) (वोह चुगली करता है)। श्येनो वर्तिकामुत्कुरुते (भर्त्सयतीत्यर्थः) (बाज बटेरकू डराता है)। हरिमुपकुरुते (सेवते इत्यर्थः) (वोह विष्णुकी सेवा करता है)। परदारान् प्रकुरुते (तेषु सहसा प्रवर्त्तते) (वोह परस्त्रीके साथ बलात्कार करता है)। एधो दकस्योपस्कुरुते (गुणमाधत्ते) (जलकू ईंधन अपना गुण देता है)। कथाः प्रकुरुते (कथयतीत्यर्थः) (वोह कथा कहता है)। शतं प्रकुरुते (धर्मार्थं विनियुङ्क्ते) (वोह धर्मार्थ सौ (१००) रुपये लगाता है)॥

एषु किम्? कटं करोति॥

उक्त गन्धन-आदि अर्थोंहीमें कहनेसे—कटं करोति (वोह चटाई बनाता है) इस उदाहरणमें आत्मनेपद न हुआ, क्योंकि—यहां पूर्वोक्त अर्थोंमेंसे कोईभी अर्थ नहीं है॥

भुजोनवने-ओदनं भुङ्क्ते॥

भुज-धातुसे भोजन अर्थमें आत्मनेपद (प्र० ७३२) होता है। जैसे—ओदनं भुङ्क्ते (वोह भात खाता है)। और पालन-अर्थमें नहीं॥

अनवने किम्? महीं भुनक्ति॥

पालन-अर्थमें आत्मनेपदका निषेध करनेसे—महीं भुनक्ति (वोह भूमिको पालता है)। यहां पालनार्थमें आत्मनेपद न हुआ॥

॥ इति आत्मनेपदप्रक्रिया समाप्ता ॥

---

१ इस शब्द नित्य स्त्रीवाचक होनेपरभी नित्य पुल्लिंग भाव बहुवचनान्त होता है, उसीका विवरण होनेसे यहां 'तेषु' पद लिखा। २ "दिव मरुत्स्यानिव भोक्ष्यते भुवम्"

अथ परस्मैपदप्रक्रिया ।

८०८ अनुपराभ्यां कृञः । १ । ३ । ७९ ॥

कर्तृगे च फले गन्धनादौ च परस्मैपदं स्यात् ॥

क्रियाका फल कर्त्ता-कू पहुंचता हो तथा गन्धन आदि (सू० ८०७) अर्थोंमेंसे कोई अर्थ हो तो अनु और परा-उपसर्गसे परे कृ-धातुसे परस्मैपद-संज्ञक प्रत्यय हो । अनुकरोति (वोह अनुकरण करता है) । पराकरोति (वोह निराकरण करता है) ॥

क्षिप प्रेरणे । स्वरितेत् ॥

क्षिप (फेंकना) यह धातु स्वरितेत् है, इसीसे उभयपदी (सू० ४२५) है ॥

८०९ अभिप्रत्यतिभ्यः क्षिपः । १ । ३ । ८० ॥

अभि, प्रति और अति उपसर्गोंसे परे जो क्षिप्-धातु तिससे परस्मैपद प्रत्यय हों । अभिक्षिपति (वोह सब प्रकारसे फेंकता है) । इत्यादि ॥

८१० प्राद्वहः । १ । ३ । ८१ ॥

प्र-पूर्वक वह-धातुसे परस्मैपद-संज्ञक प्रत्यय हों । प्रवहति (वोह वहता है ॥

८११ परेर्मृषः । १ । ३ । ८२ ॥

परि-पूर्वक मृष-धातुसे परे परस्मैपद हो । परिमृषति (वोह सहता है) ॥

रमु-क्रीडायाम् ॥

रमु = रंम (क्रीडा करना) ॥

यद्यपि यहां 'भोजयते' का भोजन अर्थ नहीं है, परन्तु-पालन अर्थभी नहीं है किन्तु-भोगना अर्थ है, इसीसे यहां आत्मनेपद प्रयोग कालिदासने दिया है । भोगनेमें और पालनेमें अन्तर है । १ यह रमु धातु श्रीनागेशभट्टके मतमें उदन्त नहीं है ।

८१२ व्याङ्परिभ्यो रमः । १ । ३ । ८३ ॥

वि, आङ् और परि उपसर्गसे परे जो रम-धातु तिससे परस्मैपद हो। विरमति (वोह निवृत्त होता है) ॥

८१३ उपाच्च । १ । ३ । ८४ ॥

उप-उपसर्गसे परे जो रम्-धातु तिससेभी परस्मैपद प्रत्यय हों । यज्ञदत्तमुपरमति (उपरमयतीत्यर्थः) (वोह यज्ञदत्तकू निवृत्त करता है) । अन्तर्भावितण्यर्थोऽयम् । अर्थात्—इस उक्त उदाहरणमें णि- (सू० ७६०) का अर्थ अन्तर्भूत है। भाव यह है कि उप-पूर्वक रम-धातुका अर्थ निवृत्त होना नहीं, किन्तु निवृत्त करना है ॥

॥ इति परस्मैपदप्रक्रिया समाप्ता ॥

इति पदव्यवस्था सम्पूर्णा ।

अथ भावकर्मप्रक्रिया ।

८१४ भावकर्मणोः । १ । ३ । १३ ॥

लस्यात्मनेपदम् ॥

यदि भाव अथवा कर्म-अर्थमें लकार लाना इष्ट हो तो लकारके स्थानमें आत्मनेपद प्रत्यय हों ॥

८१५ सार्वधातुके यक् । ३ । १ । ६७ ॥

धातोरेकः भावकर्मवाचिनि सार्वधातुके । भाव- क्रिया । सा च-भावार्थकलकारेणानुक्ता । युष्मदस्मद्भ्यां सामानाधिकरण्याभावात्प्रथमपुरुषः । तिङ्वाच्यक्रियाया अद्रव्यरूपत्वेन द्वित्वाद्यप्रतीतेर्न द्विवचनादि- किन्त्वेकवचनमेवोत्सर्गतः ॥

धातुसे परे यक्-(य) प्रत्यय हो, भावकर्मवाचक सार्वधातुक परे रहते। भाव नाम क्रियाका है। और वह क्रिया भाव-अर्थवाले लकार (सू० ८१४) से अनुवाद की जाती है, क्योंकि-भाव (क्रिया) धातुका वाचक है। इस अवस्थामें लकारके स्थानमें प्रथमपुरुषही

होता है, कारण जब लकार भाव-अर्थमें होता है तब लकारका अर्थ भावही होता है और युष्मद् तथा अस्मद्-शब्द कर्त्ताका बोध करते हैं इस कारण उनका समानाधिकरण (सू० ४२९। ४३०) नहीं है। अतएव सू० ४२९। ४३० भाव-प्रत्ययान्तमें नहीं लगते। तिङ्वाच्य क्रियाके अदृश्यरूप होनेसे द्विवचन और बहुवचनकी प्रतीति नहीं होती अर्थात्–द्रव्यवाचकसेही द्विवचन और बहुवचन हो सक्ते है इसीकारण द्विवचनादिके प्रत्यय भावकर्ममें नहीं किये जाते, किन्तु स्वाभाविक एकवचनही होता है, अर्थात्–जहां द्वित्वादि संज्ञाका ज्ञान नहीं होता वहां एकवचन स्वभावसेही हो जाता है। भू+य+ते (सू० ८१४। ८१५) त्वया मया अन्यैश्च भ्रयते (तुझसे मुझसे अन्योंसे हुआ जाता है)। बभूवे (सू० ४४६) (उससे हुआ गया अर्थात्–वोह हुआ)। भू+ता+आ॥

८१६ स्यसिचसीयुट्तासिषु भावकर्मणोरुपदेशेऽज्झनग्रहदृशां वा चिण्वदिट् च। ६। ४। ६२॥

उपदेशे योऽच् तदन्तानां हनादीनाञ्च चिणीवाङ्कार्यं वा स्यात्स्यादिषु भावकर्मणोर्गम्यमानयोः, स्यादीनामिडागमश्च। चिण्वद्भावपक्षेऽयमिट्। चिण्वद्भावाद्वृद्धिः॥

जो धातु उपदेशमें अजन्त हों उनको, और हन्, ग्रह्, दृश् इन धातुओंको अंगसंज्ञा-निमित्तक कार्य इस प्रकार विकल्प करके हों, जैसे कि–चिण्-प्रत्यय (सू० ८१७) परे रहते होते हैं, जब स्य (सू० ४४९), सिच् (सू० ४८४), सीयुट् (सू० ५७०) वा तासि (सू० ४४९) प्रत्यय परे हों तौ, और जब लकार भाव वा कर्म-अर्थमें हुआ हो तौ 'स्य' आदि प्रत्ययोंको इट् आगमभी हो। जिस पक्षमें चिण्वद्भाव होता है यह इट्भी उसी पक्षमें होता है। चिण्वद्भाव होनेके कारण वृद्धि (सू० २०३) होती है। भौ+

१ द्रव्य वोह कहाता है कि जिसमें–लिङ्ग संख्या और कारकत्व रहते हैं। २ अर्थात् तू होता है, म होता हूं, और होते हैं ऐसेही सर्वत्र जानना।

इ+ता (सू० २७) भाविता, भविता (सू० ४४७) (होगा)। भाविष्यते, भविष्यते (होगा)। भूयताम् (होय) । अभूयत (हुआ) । भाविषीष्ट, भविषीष्ट (ईश्वर करै कि–होय) । अ+भू+च्लि+त (सू० ४८३) ॥

८१७ चिण् भावकर्मणोः । ३ । १ । ६६ ॥

च्लेश्चिण् स्याद्भावकर्मवाचिनि तशब्दे परे ॥

च्लि-कू चिण् (इ) आदेश हो, भावकर्मवाचक त-प्रत्यय परे रहते । अभू+इ+त (सू० २०३ । २७), अभावि+त (सू० ६९५) अभावि (हुआ) । अभाविष्यत (सू० ८१६), अभविष्यत (जो वोह हो) ॥

अकर्मकोऽप्युपसर्गवशात्सकर्मकः । चैत्रेण त्वया मया च आनन्दः अनुभूयते ॥

अकर्मक-धातुभी उपसर्गके संयोगसे सकर्मक हो जाता है । चैत्र-नामक पुरुषसे तुझसे और मुझसे आनन्द अनुभव किया जाता है । अनुभूयेते (चैत्रसे तुझसे मुझसे दो आनन्द अनुभव किये जाते हैं)। अनुभूयन्ते (चैत्रसे० आनन्द अनुभव किये जाते हैं) । चैत्रेण त्वमनुभूयसे (चैत्रसे तू अनुभव किया जाता है) । चैत्रेणाहमनुभूये (चैत्रसे मैं अनुभव किया जाता हूं) । चैत्रेणान्वभावि (चैत्रसे वोह अनुभव किया गया) । अन्वभाविषाताम . अन्वभाविषाताम् (चैत्रसे वे दो अनुभव किये जाते हैं) । भू-धातुसे परे णिच् (सू० ७६०) होता है, सू० ५८० से णिका लोप होता है, तब–भाव्यते (उससे वोह हुवाया जाता है) । भावयाञ्चक्रे, भावयाम्बभूवे, भाव-यामासे (उससे वोह हुवाया गया) ॥

आभीयस्त्वेनासिद्धत्वाण्णिलोपः ॥

भू-धातुसे चिण्वद्भाव (सू० ८१६) होकर इट् आगम होता है तब–भावितः (उससे वोह हुवाया जायगा) इस उदाहरणमें णि-का लोप (सू० ५८०) हुआ है, क्योंकि–सू० ६१३ के अनुसार

सू० ५८० की दृष्टिमें सू० ८१६ असिद्ध है। सू० ८१६ के दूसरे पक्षमें– भावयिता (सू० ४४७। २०३। २७) (उससे वोह हुवाया जायगा)। भावयिषीष्ट (ई० उससे वोह हुवाया जाय)। अभावि (सू० ५८०) (उससे वोह हुवाया गया)। अभाविषाताम् (सू० ५८०), अभावयिषाताम् (उससे वे दो हुवाए गये)॥ भू-धातुसे सन-प्रत्यय (सू० ७६५) कर यक् करनेसे–बुभूष्यते (वोह होनेकी इच्छा करता है)। बुभूषाञ्चक्रे (उसने होनेकी इच्छा की)। बुभूषिता (वोह होनेकी इच्छा करेगा)। बुभूषिष्यते (वोह होनेकी इच्छा करेगा)॥ भू-धातुसे यङ् प्रत्यय (सू० ७७१) किया फिर यङन्तसे यक किया तो–बाभूय्यते (वोह वार २ होता है)। बोभूयिष्यते (वोह वार २ होगा)॥ यङ्लुगन्तमें–बोभूयते (वोह वार २ होता है)॥

ष्टुञ्-स्तुतौ ॥

स्तु (स्तुति करना)। स्तु+य+ते (सू० ८१५। ५३३) स्तूयते विष्णुः (उससे विष्णु स्तुति किया जाता है)। स्ताविता (सू० ८१६), स्तोता (उससे विष्णु स्तुति किया जायगा)। स्ताविष्यते, स्तोष्यते (वोह किसीसे स्तुति किया जायगा)। अस्तावि (वोह किसीसे स्तुति किया गया)। अस्ताविषाताम , अस्तोषाताम् (उससे वे दो स्तुति किये गये) ॥

ऋ-गतौ ॥

ऋ (जाना)। अर्यते (सू० ५४८) (किसीसे वोह गमन किया जाता है) ॥

उपदेशग्रहणाच्चिण्वदिट । आरिता-अर्त्ता ॥

ऋ और निम्नलिखित स्मृ-धातु उपदेशमें अजन्त हैं, इसलिये चिण्वद्भाव मान विकल्पकरके इट् (सू० ८१६) आगम होता है। आरिता (सू० २०३), अर्त्ता (किसीसे वोह गमन किया जायगा)॥

स्मृ-स्मरणे ॥

स्मृ (स्मरण करना) । स्मर्यते (मू० ९४८) (किसीसे वोह स्मरण किया जाता है) । सस्मरे (किसीसे वोह स्मरण किया गया) । स्मारिता, स्मर्त्ता (किसीसे वोह स्मरण किया जायगा) ॥

स्रस्यते । अनुदितामिति नलोपः । इदितस्तु नन्द्यते ॥

स्रन्स्-धातुके नकारका लोप (मू० ३७७) होकर–स्रस्यते (वोह गिरता है) यह रूप होता है । परन्तु–आनन्दित होना वा बढने अर्थवाले नदि-(नन्द) धातुके सदृश इदित्-धातुके 'न्' का लोप नहीं होता । नन्द्यते (वह आनन्दित होता है) ॥ इज्यते (मू० ५९८) (वोह पूजा जाता है) ॥ तन्+य+ते (मू० ८१५) इस अवस्थामें–॥

८१८ तनोतेर्यकि । ६ । ४ । ४४ ॥

आकारान्तादेशो वा स्यात् ॥

तन्-(तनु) (विस्तार करना) धातुकू आकारान्तादेश विकल्प करके हो, यक् प्रत्यय परे रहते । तायते, तन्यते (वोह विस्तार किया जाता है) ॥ तप्यते (वोह तापित होता है) । अतप्+चिच्+त । यहां च्लि-के स्थानमें चिण्- (मू० ८१७) की प्राप्ति थी, परन्तु–॥

८१९ तपोऽनुतापे च । ३ । १ । ६५ ॥

तपेश्चेश्चिण् न स्यात्कर्मकर्तर्यनुतापे च । अन्वतप्त पापेन ।

सन्तापवाचक तप्-धातुकी च्लि-कू चिण् न हो यदि कर्मही कर्त्ता हो तो, अथवा तप्-का अर्थ पश्चात्ताप हो तो । पापेन अन्वतप्त (पापीने पश्चात्ताप किया) । यहां भाव-अर्थमें लकार हुआ, यदि–कर्म-अर्थमें लकार हो तो यह अर्थ होगा कि–पापरूप कर्त्तासे वोह सन्तापित हुआ ॥ दीयते (मू० ६३९) (किसीसे वोह दिया जाता है) । ददे (किसीसे वोह दिया गया) । दा+ता+आ । यहां विकल्पसे चिण्वद्भाव (मू० ८१६) हुआ–॥

८२० आतो युक् चिण्कृतोः । ७ । ३ । ३३ ॥

आदन्तानां युगागमः स्याच्चिणि ञ्णिति कृति च ॥

आकारान्त-धातुओंको युक्-(यु) का आगम हो जब चिण् परे रहे अथवा ञित्-कृत् (मू० ३३२) परे रहते वा णित्-कृत् प्रत्यय परे रहते। दायिता वा दाता (किसीसे वोह दिया जायगा)। दायिषीष्ट (मू० ८१६), दासीष्ट (ई० करे किसीसे वोह दिया जाय)। अदायि (मू० ८१७। ६९५) (किसीसे वोह दिया गया)। अदायिषाताम् (मू०८१६) (किसीसे वे दो दिये गये) ॥ धा+य+ते (मू० ६३९) धीयते (किसीसे वोह धारण किया जाता है)। दधे (किसीसे वोह धारण किया गया)। धायिषीष्ट, धासीष्ट (ई० वोह किसीसे धारण किया जाय)। अधायि (वोह किसीसे धारण किया गया) ॥ भञ्ज्+य+ते (मू० ३७७) भज्यते (वोह किसीसे तोडा जाता है)। अभञ्ज्+इ+त ॥

८२१ भञ्जेश्च चिणि । ६ । ४ । ३३ ॥

नलोपो वा स्यात् ॥

चिण् परे रहते भञ्ज्-(भनज्ज्) धातुके न-कारका लोप विकल्प करके हो। अभाजि (मू० ५०४), अभञ्जि (वोह किसीसे तोडा गया) ॥ लभ्+य+ते = लभ्यते (वोह किसीसे लिया जाता है)। अलभ्+इ+त ॥

८२२ विभाषा चिण्णमुलोः । ७ । १ । ६९ ॥

लभेर्नुमागमो वा स्यात् ॥

लभ्-धातुको नुम्-(न) आगम विकल्प करके हो, चिण् वा णमुल्-(मू० ८४९) प्रत्यय परे रहते। अल+न+भ्+इ+त (मू० ९६। २७। ६९५) अलम्भि, अलाभि (मू० ५०४) (किसीसे वोह पाया गया) ॥

॥ इति भावकर्मप्रक्रिया समाप्ता ॥

अथ कर्मकर्तृप्रक्रिया।

जिस प्रक्रियामें कर्ताहीको कर्म माना जाता है, उसे कर्मकर्तृप्रक्रिया कहते हैं ॥

८२३ यदा कर्म्मैव कर्तृत्वेन विवक्षितं, तदा सकर्म्मकाणामप्यकर्मकत्वात्कर्तरि भावे च लकारः ॥

जब कर्महीको कर्त्ता माननेकी विवक्षा हो तब सकर्मक-धातुभी अकर्मक हो जाते हैं, इस कारण उन अकर्मक-धातुओंसे परे कर्त्ता अथवा भाव-अर्थमें लकार होते हैं ॥

८२४ कर्मवत्कर्मणा तुल्यक्रियः । ३ । १ । ८७ ॥

कर्मस्थयथा क्रियया तुल्यक्रियः कर्त्ता कर्मवत् स्यात् । कार्यातिदेशोऽयम् । तेन यगात्मनेपदचिणुचिण्वदिटः स्युः ॥

कर्मस्थ क्रियाके सदृश क्रियावाला कर्त्ता कर्मवत् हो, अर्थात्—उस कर्त्ताकू कर्मके कार्य हों । यह कार्यातिदेश है । इस कारण यकू (सू०८१५),आत्मनेपद प्रत्यय (सू०८१४), चिण् (सू०८१७), चिण्वद्भाव और इट् (सू० ८१६) हों ॥ पच्यते फलम् (फल स्वयं पकता है) । अपाचि (सू० ८१७ । ६९५ । ५०४) (वोह स्वयं पका) । भिद्यते काष्ठम् (काष्ठ स्वयं फटता है) । अभेदि (सू० ५००) (वोह स्वयं फटा) । इन उक्त उदाहरणोंमें पकना और फटना यह क्रियाके फल जैसे कर्मकर्त्तामें हैं वैसेही कर्तृ-प्रत्ययान्त प्रयोग कर्ममें रहते हैं ॥

भावे तु—भिद्यते काष्ठेन । पच्यते फलेन ॥

जब भाव-अर्थमें लकार होता है तब कर्त्ता तृतीयान्त हो जाता है । जैसे—भिद्यते काष्ठेन (काष्ठ स्वयं फटता है) । पच्यते फलेन (फल स्वयं पकता है) ॥

॥ इति कर्मकर्तृप्रक्रिया ॥

अथ लकारार्थप्रक्रिया।

८२५ अभिज्ञावचने लृट्। ३। २। ११२॥

स्मृतिर्वोधित्युपपदे भूतानद्यतने धातोर्लृट् स्यात्। लङोऽपवादः। वस-निवासे॥

स्मरण-वाचक शब्द उपपद होय तौ अनद्यतनभूत-अर्थमें धातुसे परे लृट् लकार हो। यह सूत्र लङ्-(मू० ४७०) का अपवाद है। वस् (निवास करना)। वस्+स्य+मस् (मू० ४३६)-स्मरसि कृष्ण! गोकुले वत्स्यामः (कृष्ण! स्मरण करते हो कि-हम गोकुलमें रहते थे)॥ एवं-बुध्यसे, चेतयसे, इत्यादि प्रयोगेऽपि॥ ऐसेही बुध्यसे (क्या तू स्मरण करता है), चेतयसे (क्या तू याद करता है) इत्यादिके प्रयोगमभी लृट्-लकारही होता है, क्योंकि-उक्त दो धातुओंकाभी स्मरणही अर्थ है॥

८२६ न यदि। ३। २। ११३॥

यद्योगे उक्तं न॥

जो यद्-के योगमें स्मरणवाचक शब्द हो तौ धातुसे लृट् (मू० ८२५) न हो। अभिज्ञानासि कृष्ण! यद्वने अभुङ्ग्महि (हे कृष्ण! स्मरण करते हो जो कि हमने वनमें भोजन किया था)। यहां लङ् लकारही हुआ॥

८२७ लट् स्मे। ३। २। ११८॥

लिटोऽपवादः॥

स्म उपपद रहते धातुसे लट्-लकार हो। यह सूत्र लिट्-(मू० ४३७) लकारका अपवाद है। इससे ज्ञात होता है कि-यह लकार भूत अनद्यतन परोक्षकालकीभी अपेक्षा रखता है। जैसे-यजति स्म युधिष्ठिरः (युधिष्ठिरने यज्ञ किया था)। वसति स्म मदोत्कटः (मदोत्कट रहता था)॥

१ स्म-के योगमें 'यजति' इस वर्त्तमानप्रयोगका भूतार्थ हुआ है।

८२८. वर्त्तमानसामीप्ये वर्त्तमानवद्वा । ३ । ३ । १३१ ॥

वर्त्तमाने ये प्रत्यया उक्तास्ते वर्त्तमानसामीप्ये भूते भविष्यति च वा स्युः॥

जो प्रत्यय वर्त्तमान अर्थमें स्थापित किये जाते हैं, वे प्रत्यय वर्त्तमान कालके समीपवर्त्ती भूत-अर्थ और भविष्यत्-अर्थमेंभी विकल्प करके हों॥ प्रश्न—कदागतोऽसि ? (तू कब आया है ?)। उत्तर (भूत)—अयमागच्छामि अयमागमम् वा (मैं अभी आया हूं)। प्रश्न—कदा गमिष्यसि ? (तू कब जायगा ?)। उत्तर (भविष्यत्)—एष गच्छामि गमिष्यामि वा (मैं अभी जाता हूं)। इन उक्त उदाहरणोंमें क्रमसे वर्त्तमानके आगे एकमें भूत दूसरेमें भविष्यत् प्रत्यय किये गये हैं, परन्तु-उनकाभी अर्थ वर्त्तमानही होता है ॥

८२९. हेतुहेतुमतोर्लिङ् । ३ । ३ । १५६ ॥

वा स्यात् ॥

जहां कार्यकारणभाव प्रकाश करना हो, तहां धातुसे परे लिङ् (सू० ४७३) लकार विकल्प करके हो । कृष्णं नमेच्चेत् सुखं यायात्, कृष्णं नंस्यति चेत्सुखं यास्यति (यदि कृष्णको नमस्कार करै तौ सुख पावै) ॥

भविष्यत्येव । नेह-हन्तीति पलायते ॥

यह उक्त-विधि (सू० ८२९) केवल भविष्य-अर्थमेंही होती है ॥ इस कारण यहां वर्त्तमानमें नहीं होती । हन्ति इति पलायते (एक मारता है इस कारण दूसरा भागता है) ॥

विधिनिमन्त्रणेति लिङ् ॥

विधि और निमन्त्रण आदि अर्थोंमें लिङ् (सू०४७३) होता है॥

विधिः? प्रेरणम्-भृत्यादेर्निकृष्टस्य प्रवर्त्तनम् ॥

विधि प्रेरणा-कू कहते हैं, अर्थात् भृत्यआदि क्षुद्र मनुष्यको किसी काममें प्रवृत्त करना । जैसे—यजेत (वोह पूजन करै) ॥

निमन्त्रणम् ? नियोगकरण । आवश्यके श्राद्धभोजनादौ दौहित्रादेः प्रवर्त्तनम् ॥

निमन्त्रण भोजनादिककी प्रेरणाकू कहते हैं, अर्थात्–आवश्यक श्राद्ध-भोजनादिकमें दौहित्र (धेवता) आदिकू प्रवृत्त करना । जैसे–इह भुञ्जीत (वोह यहां भोजन करै) ॥

आमन्त्रणम् ? कामचारानुज्ञा ॥

आमंत्रण किसीकी इच्छानुसार सम्मति देनेकू कहते हैं । जैसे–इहासीत (आपकी इच्छा हो तौ यहां बैठें) ॥

अधीष्ट ? सत्कारपूर्वको व्यापारः ॥

अधीष्ट सत्कार-पूर्वक व्यापारकू कहते हैं । जैसे–पुत्रमध्यापयेद्भवान् (आप हमारे पुत्रको पढाइये) ॥

सम्प्रश्न ? सम्प्रधारणम् ॥

संप्रश्न उचित वा अनुचित वार्ताकू पूछकर निश्चय कर लेनेको कहते हैं । जैसे–किं भो वेदमधीयीय उत तर्कम (क्या मैं वेद पढूं वा न्यायशास्त्र) ॥

प्रार्थनम् ? याच्ञा ॥

प्रार्थना मांगनेकू कहते हैं । जैसे–भो भोजनं लभेय (अजी ! हमें भोजन मिलैगा) ॥

एव लोट् ॥

इसी प्रकार इन अर्थोंमें लोट्-(सू० ४५५) लकारका प्रयोग होता है ॥

॥ इति लकारार्थप्रक्रिया ॥

अथ कृदन्तकृत्यप्रक्रिया ।

८३० धातोः । ३ । १ । ९१ ॥

आतृतीयाध्यायसमाप्त्यन्ता ये प्रत्ययास्ते धातोः परे स्युः । कृदतिङ् इति कृत्संज्ञा ॥

अष्टाध्यायीके तीसरे अध्यायकी समाप्ति पर्यन्त जितने प्रत्यय हैं, वे सब प्रत्यय धातुसे परे हों । यह अधिकारसूत्र है । इस सूत्र

(सू० ८३०) के अधिकारमें जो प्रत्यय होते हैं, उनकी कृत्-संज्ञा (सू० ३३२) होती है ॥

८३१ वाऽसरूपोऽस्त्रियाम् । ३ । १ । ९४ ॥

अस्मिन्धात्वधिकारेऽसरूपोऽपवादप्रत्यय उत्सर्गस्य बाधको वा स्यात् स्त्र्यधिकारोक्तं विना ॥

'धातोः' इस सूत्र-(सू० ८३०) के अधिकारमें किसी प्रत्ययका असदृश कोई प्रत्यय अपवाद हो तो वह स्त्रीके अधिकारवाले प्रत्ययों-(सू० ९३२) को छोडकर उत्सर्ग-(बाध्य) को विकल्प करके बाधे ॥

८३२ कृत्याः । ३ । १ । ९५ ॥

ण्वुल्तृचावित्यतः प्राक् कृत्यसंज्ञाः स्युः ॥

इस सूत्रसे लेकर 'ण्वुल्तृचौ' (सू० ८४९) इस सूत्रके पहले जो प्रत्यय हैं उनकी कृत्य-संज्ञा हो ॥

८३३ कर्तरि कृत् । ३ । ४ । ६७ ॥

कृत्प्रत्ययः कर्त्तरि स्यात् । इति प्राप्ते ॥

कृत्-संज्ञक (सू०३३२) प्रत्यय कर्त्ता-अर्थमें हो। ऐसी प्राप्ति हुई॥

८३४ तयोरेव कृत्यक्तखलर्थाः । ३ । ४ । ७० ॥

एते भावकर्मणोरेव स्युः ॥

कृत्य-(सू० ८३२) प्रत्यय, क्त (सू० ८८१) और खल-अर्थमें होनेवाले प्रत्यय (सू० ९४७) भाव और कर्म अर्थमें हों॥

८३५ तव्यत्तव्यानीयरः । ३ । १ । ९६ ॥

धातोरेते प्रत्ययाः स्युः ॥

तव्यत् (तव्य) तथा तव्य और अनीयर् (अनीय) यह प्रत्यय धातुसे परे हों । एध्+तव्यत् (सू० ४५०।४४७) एधितव्य (सू० १३७।१३८) एधितव्यम् । एध्+अनीय = एधनीयम् ॥

भावे औत्सर्गिकमेकवचनं क्लीवत्वम् ॥

भाव-अर्थमें एकवचन और क्लीबत्व (नपुंसकलिंगका व्यवहार) स्वभावहीसे होता है । एधितव्यम्, एधनीयं त्वया (तुझे बढना उचित है) । चि+तव्यः (म० ४३४) चेतव्यः । चि+अनीयः (म० ४३४।२७) चयनीयः । चेतव्यः चयनीयो वा धर्मस्त्वया (तुझे धर्मसंचय करना चाहिये) ॥

८३६ (केलिमर उपसंख्यानम्) ॥

वार्तिककारका यह मत है कि–भाव और कर्म अर्थमें जिन प्रत्ययोंका विधान किया है, उनमें केलिमर् (एलिम) प्रत्ययकाभी विधान करना चाहिये । पचू+एलिम+जस् (म० १४७) पचेलिमाः माषाः (उडद पकाने योग्य है) । भिदेलिमाः सरलाः (देवदारु काटनेके योग्य है) । यहां कर्ममें प्रत्यय है ॥

८३७ कृत्यल्युटो बहुलम् । ३ । ३ । ११३ ॥

कृत्य-(म० ८३२) संज्ञक प्रत्यय और ल्युट् इन दो प्रत्ययोंका व्यवहार बहुल (अनेक प्रकार) करके हो ॥

क्वचित्प्रवृत्तिः क्वचिदप्रवृत्तिः । क्वचिद्विभाषा क्वचिदन्यदेव ॥
विधेर्विधानम्बहुधा समीक्ष्य । चतुर्विधं बाहुलकं वदन्ति ॥ १ ॥

कहीं तो प्रवृत्ति हो अर्थात्–जहां उनका विधान करनेके लिये कोई सूत्र न हो तहांभी उनका प्रयोग हो, कहीं अप्रवृत्ति हो, अर्थात्–जहां उनका विधान करनेवाला सूत्र विद्यमानभी हो और उनकी प्रवृत्ति न हो, कहीं २ उनका विधान विकल्प करके होता है, और कहीं इन तीनों प्रकारोंसे भिन्न उनका व्यवहार होता है, अर्थात्–औरका औरही होता है, इस प्रकार विधिविधानको देखकर आचार्य बहुधा (अक्सर) उक्त रीतिसे चार प्रकारका बाहुलक कहते हैं ॥ १ ॥ उदाहरण–स्ना+अनीयर् = स्नानीयम् चूर्णम् (जिससे स्नान किया जाय वोह उबटन) । दा+अनीयर् = दानीयो विप्रः (जिसके अर्थ दिया जाय सो ब्राह्मण) । अनीयर्-(सू० ८३९) प्रत्यय कृत्य-(सू० ८३२) संज्ञक होनेके कारण सू० ८३४ के अनुसार

भाव और कर्म अर्थहीमें होता है, परन्तु—उक्त दो उदाहरणोंमें आचार्योंने उसका विपरीत व्यवहार किया है, जैसे कि पहले उदाहरणमें चूर्णरूप कार्य-कारकमें प्रत्यय हुआ है। और दूसरे उदाहरणमें विप्ररूप सम्प्रदान-कारकमें प्रत्यय हुआ है ॥

८३८ अचो यत् । ३ । १ । ९७ ॥

अजन्ताद्धातोर्यत् स्यात् ॥

अजन्त-धातुसे परे यत् (य) प्रत्यय हो। चि+य+अम् (मू० ४३४) चेयम् (संचय करने योग्य) ॥ दा+य+अम् (मू० ८३८) इस अवस्थामें—॥

८३९ ईद्यति । ६ । ४ । ६५ ॥

यति परे आत ईत्स्यात् ॥

यत् प्रत्यय परे रहते आकार-कू ईकार हो। दी+य+अम् (मू० ४३४) देयम् (देनेके योग्य)। ग्लेयम् (ग्लानि करनेके योग्य)॥

८४० पोरदुपधात् । ३ । १ । ९८ ॥

पवर्गान्तादुपधाद्यत् स्यात् । ण्यतोऽपवादः ॥

जिस पवर्गान्त-धातुकी उपधा अत् हो उस धातुसे परे यत्-प्रत्यय हो। यह ण्यत्-(मू० ८४५) का अपवाद है। शप्+यत् = शप्यम् (शपथ करने योग्य)। लभ्+यत् = लभ्यम् (प्राप्त करने योग्य) ॥

८४१ एतिस्तुशास्वृदृजुषः क्यप् । ३ । १ । १०९ ॥

एभ्यः क्यप स्यात् ॥

इण् (जाना), टु (स्तुति करना), शास् (शिक्षा करना), वृ (स्वीकार करना), दृ (आदर करना), जुष् (प्रीति करना। सेवन करना) इन धातुओंसे परे क्यप्-(मू० १५६) (य) प्रत्यय हो। इ+क्यप् (मू० १५६ । ३३२) इ+यप् (मू० ५) ॥

८४२ ऋहस्वस्य पिति कृति तुक् । ६ । १ । ७१ ॥

ह्रस्व-कृ तुक्-(त्) का आगम हो जिसके पकारकी इत्संज्ञा हो ऐसा कृत् परे रहते। इ+त्+य (सू० ४८१) इत्यः (जानेके योग्य)। स्तुत्यः (स्तुति करनेके योग्य) ॥ शासु-अनुशिष्टौ ॥ शास् (शासन (शिक्षा) करना)। शास्+य (सू० ८४१) ॥

८४३ शास इदङ्हलोः। ६। ४। ३४ ॥

शास उपधाया इत्यादङि हलादौ ङिति ॥

शास-धातुकी उपधा-कू इकार हो, अङ् (सू० ६४८) प्रत्यय परे हो तौ वा हलादि कित् वा ङित् प्रत्यय परे रहते ॥ शिस्+य (सू० ६०५) शिष्यः (शिक्षा देने योग्य)। वृ+यः (सू०४८२) वृत्यः (स्वीकार करने योग्य)। आ-दृ+त+यः = आदृत्यः (आदर करने योग्य)। जुष्यः (प्रीति करने योग्य) ॥

८४४ मृजेर्विभाषा। ३। १। ११३ ॥

मृजे क्यप्वा स्यात् ॥

मृज्-(शुद्ध करना) धातुसे परे क्यप प्रत्यय विकल्प करके हो। मृज्यः (शुद्ध करने योग्य) ॥

८४५ ऋहलोर्ण्यत्। ३। १। १२४ ॥

ऋवर्णान्ताद्धलन्ताच्च धातोर्ण्यत् ॥

ऋकारान्त और हलन्त-धातुसे परे ण्यत्-(य) प्रत्यय हो। कृ+ण्यत (सू० १४९। ३०३) कार्यम् (करनेके योग्य)। हृ+य+अम = हार्यम (हरनेके योग्य)। धृ+य+अम = धार्यम (धारण करनेके योग्य) ॥ मृज्+य (सू० ८४५) इस अवस्थामें—॥

८४६ चजोः कु घिण्ण्यतोः। ७। ३। ५२ ॥

चजोः कुरस्यात् घिति ण्यति च परे ॥

चकार और जकारके स्थानमें कवर्ग हो, जिसका चकार इत्-संज्ञक हो ऐसा प्रत्यय वा ण्यत्-प्रत्यय परे रहते। मृग्+य (सू० ४५०) ॥

८४७ मृजेर्वृद्धिः । ७ । २ । ११४ ॥

मृजेरिको वृद्धिः सार्वधातुकार्धधातुकयोः ॥

मृज्-धातुके इक्-को वृद्धि हो, सार्वधातुक वा आर्धधातुक प्रत्यय परे रहते । मार्ग्यः (शुद्ध करनेके योग्य) ॥

८४८ भोज्यं भक्ष्ये । ७ । ३ । ६९ ॥

भोज्यमन्यत् ॥

भुज् धातुका 'भक्षण करनेके योग्य' इस अर्थमें 'भोज्यम्' रूप बनता है । अन्यत्र 'भोग्यम्' रूप होता है ॥ जानना चाहिये कि—कृत्यसंज्ञक प्रत्यय शक्य १, योग्य २, प्रेरणा ३, आमन्त्रण ४, और प्राप्तकाल ५ इन अर्थोंमें होते हैं, सो इनका नियामक सूत्र और विस्तार सिद्धान्तकौमुदीमें किया है ॥

॥ इति कृदन्तकृत्यप्रक्रिया ॥

अथ कृदन्तप्रकरणम् ।

८४९ ण्वुल्तृचौ । ३ । १ । १३३ ॥

धातोरेतौ स्तः ॥

धातुसे परे ण्वुल् और तृच् प्रत्यय हों । यह प्रत्यय कर्त्ता-अर्थमें (सू० ८३३) होते हैं । कृ+ण्वुल् (सू० १२६ । ५) ॥

८५० युवोरनाकौ । ७ । १ । १ ॥

यु तु एतयोरनाकौ स्तः ॥

यु और वु के स्थानमें क्रमसे अन और अक आदेश हों । कृ+अक+सु (सू० २०३) कारकः (करनेवाला) । कृ-तृच् (सू० ४३४) कर्+तृ+सु (सू० २२८ । २२९ । २०० । २०१) कर्त्ता (करनेवाला) ॥

८५१ नन्दिग्रहिपचादिभ्यो ल्युणिन्यचः । ३ । १ । १३४ ॥

नन्द्यादेर्ल्युः, ग्रह्यादेर्णिनिः, पचाद्यच् स्यात् ॥

नन्दि (टुनदि) आदि धातुओंसे परे ल्यु-(मू० १५६) (यु) प्रत्यय हो, ग्रह-आदि धातुओंसे परे णिनि (इन्) प्रत्यय हो । और पच आदि धातुओंसे परे अच् प्रत्यय हो । उदाहरण—नन्द्+ल्यु (मू० ८५० । ५१२) नन्दनः (आनन्द करनेवाला) । जॅन—अर्द्+यु (मू० ८५० । ५३) जनार्दनः (दुष्ट मनुष्योंको पीडा करनेवाला = विष्णु) । लू+यु (मू० ८५० । ४३४ । २७) लवण (नौन) ॥ ग्रह्+इन् (मू० ५०४) ग्राहिन् (म० १३७ । १३९ । २०० । १५८ । २०१) ग्राही (लेनेवाला) ॥ स्था+इन् (मू० ८५०) स्थायी (ठिकनेवाला) ॥ मन्त्री (मन्त्री) । पच आदिगण आकृति गण है ॥

८५२ इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः । ३ । १ । १३५ ॥

एभ्यः क स्यात् ॥

जिनकी उपधा इक् हो जिन धातुओंसे परे और ज्ञा (जानना), प्री (प्रीति करना), कॄ (फेंकना) इन धातुओंसे परे क-(अ) प्रत्यय हो । बुध् अ (म० ४८१) बुधः (जाननेवाला) । कृश्+अ = कृशः (दुर्बल) । ज्ञा+अ (म० ५३९) ज्ञः (जाननेवाला) । प्री+अ (मू० ३२१) प्रियः (प्रीति करनेवाला = प्यारा) । कॄ+अ (म० ७१८) किरः (फेंकनेवाला) ॥

८५३ आतश्चोपसर्गे । ३ । १ । १३६ ॥

उपसर्गे उपपदे सति आकारान्त-धातुभ्यः परः क-प्रत्ययो हो । प्र—ज्ञा+अ (क) (मू० ५३९) प्रज्ञः (पण्डित) । सु+ग्लै+अ (मू० ५४३) सुग्लः (म० ५३९) (बडी ग्लानि करनेवाला) ॥

८५४ गेहे कः । ३ । १ । १४४ ॥

१ मनुष्यवाचक 'जन' शब्द उपपद (म० १०३०) रहते पहले अर्थवाला 'अर्द' धातुसे ल्यु प्रत्यय हुआ है, 'जनस्य अर्दनं यत्र' उपपदसमास (मू० १०३०) होकर 'जनस्य' की षष्ठ्यन्तोक्ति रद्द (मू० ८८१) हो गयी तो उक्तरीतिसे सिद्धि हुई ।
२ यह णत्व निपातसे होता है ।

गेहे कर्त्तरि ग्रहेः कः स्यात् ॥

यदि गेह (घर) ही कर्त्ता हो तो ग्रह्-धातुसे परे क प्रत्यय हो। ग्रह्+अ (सू० ६८६) ग्रह+अम् (सू० १५५ । ४८१) गृहम् (धान्यादि ग्रहण करनेवाला = घर) ॥

८५५ कर्मण्यण् । ३ । २ । १ ॥

कर्मण्युपपदे धातोरण्प्रत्ययः स्यात् । कुम्भ करोति कुम्भकारः ॥

कर्म उपपद (सू० १०३६) रहते धातुसे परे अण् (अ) प्रत्यय हो। कुम्भ+कृ+अ (सू० ७८१ । २०३) कुम्भकारः (घड़ेका बनानेवाला = कुम्हार) ॥

८५६ आतोऽनुपसर्गे कः । ३ । २ । ३ ॥

आदन्ताद्धातोरनुपसर्गात्कर्मण्युपपदे कः स्यात् । अणोऽपवादः ॥

यदि उपसर्ग उपपद न हो और कर्म उपपद हो तो आकारान्त धातुसे परे क-प्रत्यय हो। यह सूत्र अण्-(सू० ८५५) का अपवाद है। गां ददाति = गो+दा+अ (सू० ५३९) गोदः (गौ देनेवाला)। धन+दा+अ = धनदः (धन देनेवाला = कुबेर)। कम्बलदः (कम्बल देनेवाला) ॥

अनुपसर्गे किम् ? गोसम्प्रदायः ॥

उपसर्ग उपपद न हो यह कहनेसे-गो+सं-प्र+दा+अ (सू० ८५५ । ८२०) गोसंप्रदायः (देशाचारपूर्वक गौ देनेवाला)-यहां क-प्रत्यय न हुआ क्यों कि-यहां उपसर्ग उपपद है ॥

८५७ (मूलविभुजादिभ्यः कः) ॥

मूलानि विभुजति मूलविभुजो रथः । आकृतिगणोऽयम् ॥

मूल विभुज आदि गणपठित शब्दोंसे परे क-प्रत्यय हो। मूलविभुज्+अ = मूलविभुजः (वृक्षोंकी जडको टेढा करनेवाला = रथ)। मूलविभुजादिगण आकृतिगण है। जैसे-महीं+धृ+अ (सू० १९) महीध्रः (पहाड) । कु+धृ+अ (सू० १९) कुंध्रः (पर्वत) ॥

८५८ चरेष्टः । ३ । २ । १६ ॥

अधिकरणे उपपदे ॥

अधिकरण अर्थात्—सप्तम्यन्त उपपद रहते चर्-धातुसे परे ट(अ) प्रत्यय हो । कुरुषु चरति = कुरु+चर्+अ (सू० ७८१) कुरुचरः (कुरुदेशमें चलनेवाला) ॥

८५९ भिक्षासेनादायेषु च । ३ । २ । १७ ॥

आदायेति ल्यबन्तम् ॥

यदि भिक्षा वा सेना अथवा आदाय यह चर्-धातुके उपपद हों तो चर्-धातुसे ट (अ) प्रत्यय हो । आदाय इसमें ल्यप्-(सू० ९५९) प्रत्ययान्तका ग्रहण है । भिक्षाम् चरति = भिक्षाम्+चर्+अ (सू० ७८१) भिक्षाचरः (भिक्षाको जानेवाला = भिखारी) । सेनाचरः (सेनाको जानेवाला) । आदायचरः (लेकर जानेवाला) ॥

८६० कर्त्रीप्सितेष्टतात्स्थ्यानुलोम्येषु । ३ । २ । २० ॥

एषु द्योत्येषु कर्मोपपदे टः स्यात् ॥

हेतु वा तात्स्थ्य (स्वभाव) अथवा अनुकूलता इन अर्थोंके प्रकट करनेमें कृ-धातुसे परे ट-प्रत्यय हो । यशः+कृ+अ ॥

८६१ अतः कृकमिकंसकुम्भपात्रकुशाकर्णीष्वनव्ययस्य । ८ । ३ । ४६ ॥

आदुत्तरस्यानव्ययस्य विसर्गस्य समासे नित्य सादेशः कर्मण्यादिषु परेषु ॥

अकारसे परे जो विसर्ग तिनको समासमें नित्य स-आदेश हो, यदि वोह विसर्ग अव्यय (सू० ४१३) की न हों तो, कृ (करना), कमि (इच्छा करना), कंस (कटोरा), कुम्भ (घडा), पात्र (वासन), कुशा (दाभ । गूलरकी खुंटी), कर्णी (कान) इन शब्दोंमेंसे कोई शब्द परे हो तो । हेतु—यशस्करी (सू० १३३७ । ७८१) विद्या (यश देनेवाली विद्या) । तात्स्थ्य—श्राद्धकरः (सू० ७८१) (श्राद्ध करनेके स्वभाववाला) । अनुकूलता—वचनकरः(सू० ७८१) (आज्ञाकारी) ॥

८६२ एजेः खश् । ३ । २ । २८ ॥

एयन्तादेजेः खश् स्यात् ॥

णि-३ १ (मू० ७६०) एज्-(कांपना) धातुसे परे खश् (मू० १ . . . ३ । ५) (अ) प्रत्यय हो । जन+एज्+इ+अ ॥

८६३ अरुर्द्विषदजन्तस्य मुम् । ६ । ३ । ६७ ॥

अरुष् द्विषतोऽजन्तस्य च मुमागमः स्यात् खिदन्ते परे, नञ्व्ययस्य । शित्त्वाच्छबादिः ॥

अरुष् (मर्मस्थान), द्विषत् (शत्रु) इनको और अजन्त-शब्दोंको मुम् (म) आगम (मू० २६७) हो, खित्प्रत्ययान्त परे रहते; परन्तु अव्यय उपपद रहते न हो । खश्-(मू० ८६२) प्रत्यय शित् होनेके कारण सार्वधातुक (मू० ४३२) माना जाता है, इससे शप्-(मू० ४३३) आदि होते हैं । जन+म+एज्+इ+अ+अ (मू० ४३४ । २७ । ३०२) जनमेजयः (मनुष्योंको कँपानेवाला) ॥

८६४ प्रियवशे वदः खच् । ३ । २ । ३८ ॥

प्रिय वा वश उपपद रहते वद्-(बोलना) धातुसे परे खच् (अ) प्रत्यय हो । प्रिय+वद्+अ (मू० ८६३) प्रियंवदः (प्रिय बोलनेवाला) । वशंवदः (मू० ८६३) वशंवदः ('मैं तुम्हारे वश हूं' यह कहनेवाला) ॥ भृ-हिंसायाम् ॥ भृ (हिंसा करना) ॥

८६५ अन्येभ्योऽपि दृश्यन्ते । ३ । २ । ७५ ॥

मनिन् क्वनिप् वनिप् विच् एते प्रत्यया धातोः स्युः ॥

मनिन् (मन्), क्वनिप् (वन्), वनिप् (वन्), विच् (व्) यह प्रत्यय अकारान्त-धातुके अतिरिक्त और धातुओंसे परे हों । सु-भृ+मन् (मू० ४३४) सुभर्+मन् । यहां इट्-(मू० ४४७) की प्राप्ति होनेपर—॥

८६६ नेड्वशि कृति । ७ । २ । ८ ॥

१ यह महाराज परीक्षितके पुत्रका नाम है ।

वशादेः कृत इण् न स्यात् ॥

जिसके आदिमें वश्-प्रत्याहारका वर्ण हो ऐसे कृत्-प्रत्ययकू इट् आगम न हो । सुशर्मन+सु (सू० १९८।२००।२०१) सुशर्मा[1] (भलीभांति मारनेवाला) । प्रातर्-इ+क्विप् = वन् = प्रातरि+वन् (सू० ८४२) प्रातरि त+वन+सु (सू० १९८।२००।२०१) प्रातरित्वा (प्रातःकालका जानेवाला) ॥ वि-जन+वन (सू० ८६५) इस दशामें-॥

८६७ विट्वनोरनुनासिकस्यात् । ६ । ४ । ४१॥

स्यनुनासिकस्यात् स्यात् ॥

विट् अथवा वन (सू० ८६५) प्रत्यय परे रहते अनुनासिकके स्थानमें आकार हो । वि-जा+वन (सू० १९८।२००।२०१) विजावा (उत्पन्न होनेवाला) ॥ ओणृ-अपनयने ॥ ओण् (दूर करना) । ओण्+वन+सु (सू० ८६७।२७।१९८।२००।२०१) अवावा (ब्राह्मणी) (पाप दूर करनेवाली ब्राह्मणी) ॥ रुप्-हिंसायाम् ॥ रुप (मारना) । रुप्+क (सू०८६५।५००।३३१) रोप्+सु (सू० २००।८३।१६६) रोढ्-रोढ़ (हिंसा करनेवाला) । ऐसेही-॥ रिप्-हिंसायाम ॥ रिप (मारना) । रेट्-रेड़ (मारनेवाला) ॥

सु-गण+क्व+सु (सू० २००।३३१) सुगण् (भलीप्रकार गिननेवाला) ॥

८६८ क्विप् च । ३ । २ । ७६ ॥

अयमपि दृश्यते ॥

धातुसे परे कर्त्ता-अर्थमें क्विप्-प्रत्ययभी होता है । उक्षाम स्रन्सति = उक्षां+स्रन्स्+क्विप्[2] (सू० ७८५।३७७) उक्षास्स्+सु (सू०

---

१ सु+शृ-मरिन । सु सुष्ठु शर्म सुख यस्य । अर्थात्-पाप या अज्ञानादिको विधिपूर्वक नष्ट करनेवाला । २ क्विप् प्रत्ययका सू० १।८ । ३३१ । ३४ । १ । ५ के अनुसार सर्वापहारी लोप हो जाता है, यह सदा ध्यान रखना ।

२९०।२००) उखास्रत् (हँडियासे गिरनेवाला) ॥ पर्णं ध्वंसति = पर्ण+ध्वन्स्+सु (सू०३७७।२९०।२००) पर्णध्वत् (पत्तोंसे गिरनेवाला) ॥ वाहात् भ्रन्सति = वाह+भ्रन्स्+सु (सू० ३७७।३३६।८३। १६६) वाहभ्रट्-ड् (घोडेसे गिरनेवाला) ॥

८६९ सुप्यजातौ णिनिस्ताच्छील्ये । ३ । २ । ७८ ॥

अजात्यर्थे सुपि धातोर्णिनिस्ताच्छील्ये द्योत्ये ॥

सुबन्त उपपद रहते स्वभाव प्रकाश करने अर्थमें धातुसे परे णिनि प्रत्यय हो, यदि उसके उपपद जाति न हो तो। उष्णं भोजनं तच्छीलमस्य = उष्णं+भुज्+णिनि (सू०१४९।३४।७८१।५००) उष्णभोजिन्+सु (सू०१९८।२००।२०१) उष्णभोजी (उष्ण भोजन करनेके स्वभाववाला) ॥

८७० मनः । ३ । २ । ८२ ॥

सुपि मन्यतेर्णिनिः स्यात् ॥

सुबन्त उपपद रहते मन्-(मानना) धातुसे णिनि (इन्) प्रत्यय हो। दर्शनीयं+मन्+इन् (सू० ७८१।१९८) दर्शनीयमानिन्+सु (सू० २००।२०१) दर्शनीयमानी (अपनेको सुन्दर माननेवाला)॥

८७१ आत्ममाने खश्च । ३ । २ । ८३ ॥

स्वकर्मके मनने वर्त्तमानान्मन्यतेः सुपि खश् स्यात् । चाण्णिनिः ॥

सुप् उपपद रहते मन्-(मानना) धातुसे परे खश् (अ) प्रत्यय हो, यदि उसका स्वकर्म-(मानना) अर्थ होता हो तो। सूत्रमें 'च' का पाठ करनेसे विदित होता है कि—उसी अर्थमें णिनि-(सू०८६९) प्रत्ययभी होता है। पण्डितमात्मानं मन्यते = पण्डित+मन्+अ+सु (सू० ७८१। ८६३। ६८१) पण्डितम्मन्यः, पण्डितमानी (सू० ८६९) (अपनेको पण्डित माननेवाला) ॥ काली+मन्+अ (सू० ८७१) ॥

८७२ खित्यनव्ययस्य । ६ । ३ । ६६ ॥

खिदन्ते परे पूर्वपदस्य ह्रस्वः ॥

खित्-प्रत्यय परे रहते धातुके पूर्व-पदकू ह्रस्व हो, यदि वोह अव्यय न हो तौ । कालि+मन्+अ (सू० ८६३ । ६८१) कालि-मन्या (सू० १३६६) (अपनेको काली देवी माननेवाली स्त्री) ॥

८७३ करणे यजः । ३ । २ । ८५ ॥

करणे उपपदे भूतार्थयजेर्णिनिः कर्त्तरि ॥

करण अर्थात्-तृतीयान्त उपपद रहते भूत-अर्थवाले यज्-(पूजा करना) धातुसे परे णिनि (इन्) प्रत्यय हो । सोमेन-इष्टवान् = सोम+यज्+इन्+सु (सू० ५०४ । १९८ । २०० । २०१) सोम-याजी (जिसने सोमयज्ञ द्वारा निज इष्टकी भावना की थी) । अग्नि-ष्टोमयाजी (जिसने अग्निष्टोम यज्ञ करके अपने इष्टकी भावना की) ॥

८७४ दृशेः क्विनिप् । ३ । २ । ९४ ॥

कर्मणि भूते ॥

कर्म उपपद हो तौ भूत-अर्थमें दृश-धातुसे परे क्विनिप् (वन्) प्रत्यय हो । पारं दृष्टवान् = पार+दृश्+वन्+सु (सू० १९८ । २०० । २०१) पारदृश्वा (जिसने आरपार देखा हो) ॥

८७५ राजनि युधि कृञः । ३ । २ । ९५ ॥

क्विनिप्स्यात् । युधिरन्तर्भावितण्यर्थः ॥

राजन्-शब्द उपपद रहते युध् और कृ-धातुसे परे क्विनिप् प्रत्यय हो । युध-धातुमें ण्यर्थ अन्तर्भूत है । जैसे-राजयुध्वा (सू० १९८ । २०० । २०१) (जिसने राजाकू लडवाया हो) । राजकृत्वा (सू० ८४२) (जिसने राजा किया) ॥

८७६ सहे च । ३ । २ । ९६ ॥

कर्मणीति निवृत्तम् ॥

यदि सह उपपद हो तौभी युध् और कृ-धातुसे परे क्विनिप्-प्रत्यय हो । यहांसे ' कर्मउपपदे ' की निवृत्ति हो गई । सहयोधितवान् = सह+युध्+वन्+सु (सू० १९८ । २०० । २०१) सहयुध्वा (जिस-

ने साथ लड़वाया) । सहकृत्वा (सू० ८४२)(जिसने सहायता की)॥

८७७ सप्तम्यां जनेर्डः । ३ । २ । ९७ ॥

सप्तम्यन्त उपपद हो तो जन्-धातुसे परे ड-(सू० १५६) (अ) प्रत्यय हो । सरसि+जन्+अ (सू० २६९) सरसि+ज्+अ । यहां ङिका लुक् (सू० ७८१) प्राप्त हुआ, परन्तु—॥

८७८ तत्पुरुषे कृति बहुलम् । ६ । ३ । १४ ॥

तत्पुरुष समास-(सू० ९९६) में कृत्-प्रत्ययान्त परे रहते ङि-का लुक् बहुल (सू० ८३७) करके हो अर्थात्—विकल्पसे हो । सरसिजम्, सरोजम् (सू० ७८१ । १२५ । १२७ । ३३) (सरोवरमें उत्पन्न होनेवाला = कमल) ॥

८७९ उपसर्गे च संज्ञायाम् । ३ । २ । ९९ ॥

उपसर्ग उपपद हो तो जन-धातुसे परे ड (अ) प्रत्यय हो यदि ड-प्रत्ययान्त संज्ञावाचक हो तो । प्र+जन्+अ (सू० २६९) प्रजा (सू० १३६६) (सन्तान का प्रजा)॥

८८० क्तक्तवतू निष्ठा । १ । १ । २६ ॥

एतौ निष्ठासंज्ञौ स्त ॥

क्त और क्तवतु इन दो प्रत्ययोंकी निष्ठा संज्ञा हो । इसका फल—॥

८८१ निष्ठा । ३ । २ । १०२ ॥

भूतार्थवृत्तेर्धातोर्निष्ठा स्यात् । तत्र तयोरेवेति भावकर्मणोः क्तः । कर्तरि कृदिति कर्तरि क्तवतुः ॥

भूत-अर्थमें धातुसे परे निष्ठा-(सू० ८८०) संज्ञक अर्थात्—क्त और क्तवतु प्रत्यय हो । उनमें क्त-प्रत्यय सू० ८३४ से भाव और कर्ममें होता है । और सू० ८३३ से क्तवतु कर्त्ता-अर्थमें होता है ॥ उदाहरण—स्ना+क्त (सू० १५६) स्नातं मया (मैंने स्नान किया)। स्तु+क्त (सू० १५६) स्तुतः त्वया विष्णुः (तुझसे विष्णु स्तुति किया गया) । कृ+क्तवतु (सू० १५६।३१) कृतवत्+सु (सू०

३१८ । १९८ । २०० । २४) कृतवान् विश्वं विष्णुः (विष्णुने विश्व बनाया) ॥ शॄ–हिंसायाम् ॥ शॄ (हिंसा करना) । शॄ+क्त (सू० ८८१ । १५६ । ७१८ । ३५) शिर्+त (म० ६६५) ॥

८८२ रषाभ्यां निष्ठातो नः पूर्वस्य च दः । ८ । २ । ४२ ॥

रद ।भ्यां निष्ठातस्य नः स्यात्, निष्ठापेक्षया पूर्वस्य धातोर्दस्य च॥

र वा द-से परे जो निष्ठा-(सू० ८८०) का तकार तिस नकार हो, और निष्ठासे पूर्व जो धातु तिसके द-कारकभी नकार हो । शीर्णः (सू० ११८) (जो मारा गया) ॥ भिद्+त = भिन्नः (जो विदीर्ण किया गया) । छिद्+त = छिन्नः (जो काटा गया) ॥ द्रै–कुत्सायां गतौ ॥ द्रै (कुत्सितगति) । द्रै+त (सू०८८१ । ५४३) द्रा+तः ॥

८८३ संयोगादेर्गतो धातोर्यण्वतः । ८ । २ । ४३ ॥

निष्ठातस्य नः स्यात् ॥

जिसमें यण प्रत्याहारगत र्ण हो तिस संयोगादि आकारान्त धातुसे परे निष्ठा-(सू० ८८०) के तकारकू न-कार हो । द्राणः (जिसने कुत्सित गति की) । ग्लै+तः (सू० ८८१ । ५४३ । ८८३) ग्लानः (जिसने ग्लानि की) ॥ लू+तः (सू० ८८१) ॥

८८४ ल्वादिभ्यः । ८ । २ । ४४ ॥

एकविंशतेर्धात्वादिभ्य प्राग्वत् ॥

लूञ-आदि (सू० ७५०) इक्कीस धातुओंसे परे पूर्वोक्त विधि (सू० ८८२) अर्थात्–निष्ठाके त-कू न हो । लूनः (जो काटा गया)॥ ज्या–वयोहानौ ॥ ज्या+तः (म० ६८६ । ८८४) जू+इ+त॥

८८५ हलः । ६ । ४ । २ ॥

अङ्गावयवाद्धल्यः परो यत्सम्प्रसारणं तदन्तस्य दीर्घः ॥

अङ्गका अवयव जो हल् तिससे परे जो सम्प्रसारण (सू०२८४) तदन्तका दीर्घ हो । जीनः (जो जीर्ण हो गया) ॥ भुज्+तः (सू० ३३५) भुग्+तः ॥

८८६ ओदितश्च । ८ । २ । ४५ ॥

जिस धातुके ओकारकी इत्संज्ञा हो तिससे परे निष्ठा-के तकारकू नकार हो । भुग्नः (जो टेढा किया गया) । टुओ-श्वि-गति-वृद्ध्योः ॥ श्वि = श्वि (जाना वा बांधना) । श्वि+तः (मू० ७७ । ८८६ । १३) उच्छूनः (मू० ८८५) (ऊंचा हुआ) ॥ शुष्+तः (मू०८८१) इस अवस्थामें–॥

८८७ शुषः कः । ८ । २ । ५१ ॥

निष्ठातस्य कः ॥

शुष्-धातुसे परे निष्ठा- (मू० ८८१) के त-कारकू क-कार हो । शुष्कः (सूखा) ॥ पच्+तः (मू० ८८१ । ३३५) पक्+तः ॥

८८८ पचो वः । ८ । २ । ५२ ॥

निष्ठातस्य वः ॥

पच्-धातुसे परे निष्ठा-के त-कू व हो । पक्वः (पका) ॥ क्षै-हर्षक्षये ॥ क्षै (हर्षका नाश) । क्षै+त (मू० ५४३) क्षा+तः ॥

८८९ क्षायो मः । ८ । २ । ५३ ॥

निष्ठातस्य मः ॥

क्षै-धातुसे परे निष्ठा-के त-कू म हो । क्षामः (कृश) ॥ भू+तः (मू० ७६० । २०३ । २७) भावि+तः (मू० ४४७) भाव्+इ+इ+तः ॥

८९० निष्ठायां सेटि । ६ । ४ । ५२ ॥

णेर्लोपः ॥

इट्-सहित निष्ठा-संज्ञक प्रत्यय परे रहते णि-(मू० ७६०) का लोप हो । भावितः (होनेको प्रेरणा किया गया) । भू+इ+तवत् (मू० ४४७ । २०३ । २७ । ८९०) भावि+तवत् (मू० ३१८ । ३८६ । २४) भावितवान् (जिसने हुवाया) ॥ दह–हिंसायाम् ॥ दह् (हिंसा करना) । दह्+त ॥

८९१ दृढः स्थूलबलयोः । ७ । २ । २० ॥

स्थूले बलवति च निपात्यते ॥

निष्ठा-प्रत्ययान्त दृह्-धातुका स्थूल और बलवान अर्थमें ' दृढः ' ऐसा रूप निपातन किया जाता है । दृह्+त (म० २७९ । ६०० । ७१) दृढ्+ढः (मू० ६०१) दृढः (स्थूल । बलवान्) ॥ धा+क्त (मू० ८८१ । १५६) धा+त ॥

८९२ दधातेर्हिः । ७ । ४ । ४२ ॥

तादौ किति ॥

त-कारादि कित्-प्रत्यय परे रहते धा-धातुको हि आदेश हो । हि+त+सु (म० २६०) हितम (धारण किया गया) ॥ दा+तः (म० ८८१ । ६७६) ॥

८९३ दो दद्घोः । ७ । ४ । ४६ ॥

घुसंज्ञकस्य दाङ्स्थस्य दद् स्याच्चादौ किति ॥

घु-संज्ञक दा-धातुको दद् आदेश हो, तकारादि कित्-प्रत्यय परे रहते । दद् तः (म० ९१) दत्तः (दिया गया) ॥

८९४ लिटः कानज्वा । ३ । २ । १०६ ॥

८९५ क्वसुश्च । ३ । २ । १०७ ॥

लिट् कानच् क्वसुश्च वा स्यः ॥

लिट्-के स्थानमें कानच (आन) और क्वसु (वस्) प्रत्यय विकल्प करके हों। चक्र+त = चक्र+आन (म० ११९।१५८) चक्राणः (जिसने किया) ॥ गम+त = जगम्+वस् (म० ८९५) ॥

८९६ म्वोश्च । ८ । २ । ६५ ॥

मान्तस्य धातोर्नस्य म्वोः परतः ॥

मान्त-धातुको 'न' हो म अथवा व परे रहते । जगन+वस् (मू०

१ यह मू० ४०३ के अनुसार आत्मनेपदी धातुओंमेंही होता है । क्योंकि—इस कानच्की आत्मनेपद संज्ञा है ।

२५) जगन्वस् (मू० ३८५ । ३१८ । २४) जगन्वान् (जो जा चुका) ॥

८९७ लटः शतृशानचावप्रथमासमानाधिकरणे ।३।२।१२४॥

अप्रथमान्तेन समानाधिकरणे लट एतौ वा स्तः ॥

जब अप्रथमान्तके साथ लट्का समानाधिकरण (एकअर्थ) हो तो लट्के स्थानमें शतृ (अत्) और शानच (आन) प्रत्यय विकल्पसे हो। यह दोनों प्रत्यय ञित् (मू० १५६) हैं, इसकारण यह जहां होते हैं तहां शप् (मू० ४३३) आदि प्रत्ययभी होते हैं ॥ पच्-अ+अत् (मू० ३०२।३१८) पचन्त्+अम = पचन्तं चैत्रं पश्य (पकाते हुए चैत्रको देख) । पच+अ+आम ॥

८९८ आने मुक् ।७।२।८२ ॥

अदन्तादङ्गात्परस्यानशब्दस्यावयवो मुगागमः स्यादाने परे ॥

अदन्त-अङ्गसे परे आन (म) आगम हो, आन परे रहते । पच+म+आन+अम = पचमानं चैत्रं पश्य (पकानेवाले चैत्रको देख) ॥

लडित्यनुवर्तमाने पुनर्लड्ग्रहणमप्रथमासामानाधिकरण्येऽपि क्वचित् । सन् द्विजः ॥

मू० ८९७ में मू० ४२० से लट्का अनुवर्तन करनेसेही कार्य हो जाता पुनः यहां म० ८९७ में लट्-ग्रहण करनेसे ज्ञात होता है कि-कहीं २ लट्का प्रथमान्तके साथभी समानाधिकरण हो तोभी शतृ शानच हो जाय। जैसे-अस्+अ-अत् (म० ६०३।६२५।३१८।२४) सन् द्विजः (विद्यमान ब्राह्मण)॥ विद्+अ-अत् (मू०६०३)॥

८९९ विदः शतुर्वसुः ।७।१।३६ ॥

वेत्तेः परस्य शतुर्वसुरादेशो वा ॥

विद्-धातुसे परे जो शतृ (अत्) तिसे विकल्प करके वसु (वस्) आदेश हो । विद्-वस (मू ३८५।३१८।२४) विद्वान्,

१ यहां अप्रथमान्तके साथ एक अर्थ करना है इसीलिये प्रथमा विभक्ति छोड़ द्वितीयान्त आदि के साथ समानाधिकरणता इच्छानेसे अम् स्थापित किया है ।

विद्+अ+अत् (सू० ३१८ । २४) विदत् (जाननेवाला) ॥

९०० तौ सत् । ३।२।१२७ ॥

तौ शतृशानचौ सत्संज्ञौ स्तः ॥

उक्त शतृ और शानच्-की सत्-संज्ञा हो । इसका फल—॥

९०१ लृटः सद्वा । ३।३।१४ ॥

व्यवस्थितविभाषेयम् । तेनाप्रथमासामानाधिकरण्ये प्रत्ययोत्तरपदयोः सम्बोधने लक्षणहेत्वोश्च नित्यम् ॥

लृट् लकारके स्थानमें सत् संज्ञक प्रत्यय विकल्प करके हों । यह वैकल्पिक सूत्र है । इस कारण अप्रथमाके समानाधिकरणमें, सम्बोधनमें और प्रत्यय परेवाले लक्षण हेतुमें नित्य हो । करिष्यन्तं करिष्यमाणं पश्य (जो करनेको है उसे देख) ॥

९०२ आक्रोशन्यञ्छीलधर्मतत्साधुकारिषु । ३।२।१३४ ॥

क्विप्प्रभृतिभिरुच्यमाणा अप्यर्थाः स्वरूपाख्यानेऽपि द्योत्याः ॥

इस सूत्रसे लेकर क्विप्-(सू० ९०७) प्रत्यय पर्यन्त जितने प्रत्यय हैं वे सब जैसे कर्त्ताओंमें हों, जैसे-किसी प्रकारका स्वभाव प्रकाश करना हो वा किसी प्रकारका धर्म प्रकाश करना हो वा किसी प्रकारकी सुन्दरता प्रकाश करनी हो ॥

९०३ तृन् । ३ । २ । १३५ ॥

धातुसे परे तच्छील-(सू० ९०२) आदि अर्थोंमें तृन् (तृ) प्रत्यय हो । कृ-तृ (सू० ४३४) कर्तृ । सु (सू० २२८ । १९८ । २०० । २०१) कर्त्ता कटस्य (चटाई बनानेका स्वभाववाला) ॥

९०४ जल्पभिक्षकुट्टलुण्टवृङः पाकन् । ३ । २ । १५५ ॥

जल्प (बकवाद करना), भिक्ष (भीख मांगना), कुट्ट(कूटना), लुण्ट (लूटना = लोटना), वृङ (सेवा करना) इन धातुओंसे परे तच्छीलादि- (सू० ९०२) अर्थोंमें पाकन् प्रत्यय हो । जल्प+पाकन् (सू० ३) ॥

९०५ षः प्रत्ययस्य । १ । ३ । ६ ॥

प्रत्ययस्यादिः षः इत्संज्ञः स्यात् ॥

प्रत्ययकी आदिका जो ष-कार उसकी इत्संज्ञा हो । जल्प+आक+सु (सू० ५३) जल्पाकः (बकवादी) । भिक्ष+(ष) आकः = भिक्षाकः (भिखारी) । कुट्ट+आकः = कुट्टाकः (कूटनेके स्वभाववाला) । लुण्ट्+आकः = लुण्टाकः (लुटेरा) । वृ+आकः (सू० ४३४) वराकः (नीच । कंगाल) ॥

९०६ सनाशंसभिक्ष उः । ३ । २ । १६८ ॥

सन्नंत-(सू० ७६५) से परे तथा आङ्-पूर्वक शंस-धातुसे परे और भिक्ष-धातुसे परे तच्छीलादि- (सू० ९०२) अर्थोंमें उ-प्रत्यय हो । चिकीर्षु+उः = चिकीर्षुः (करनेकी इच्छाके स्वभाववाला) । आशंसुः (जिसका स्तुति करनेका स्वभाव हो) । भिक्षुः (जिसका भिक्षा मांगनेका स्वभाव हो) ॥

९०७ भ्राजभासधुर्विद्युतोर्जिपृजुग्रावस्तुवः क्विप् । ३ । २ । ७७ ॥

भ्राज् (चमकना), भास् (चमकना), धुर्व् (हिंसा करना), द्युत् (चमकना), ऊर्ज (बलवान होना), पृ (पूर्ण करना), जु (जाना), ग्राव (पाषाण) शब्दपूर्वक स्तु (स्तुति करना) इन धातुओंसे परे तच्छील आदि (सू० ९०२) अर्थोंमें क्विप्-प्रत्यय हो । विभ्राज्+क्विप् = विभ्राज्+सु (सू० ३३६ । २०० । ८३ । १६६) विभ्राट् । विभ्राड् (चमकनेके स्वभाववाला) । भास्+क्विप् = भाः (जो चमके = दीप्ति) । धुर्व्+क्विप् ॥

९०८ गलोपः । ६ । ४ । २१ ॥

रेफान्तधुरोपः क्ङिति झलादौ क्ङिति च ॥

रेफ-से परे जो छ अथवा व तिसका लोप हो, यदि क्विप्-प्रत्यय परे हो तो अथवा झलादि कित् वा डित् प्रत्यय परे रहते । धुर्+

१ यहां सू० ८३८ की टिप्पणीपर ध्यान देना चाहिये ।

सु (सू० ३९४ । २०० । ११३) धूः (भार) । वि-द्युत्+क्विप् = विद्युत् (बिजली) । ऊर्क् (सू० ३३५) (बलवान्) । पूः(पुरी)। जु+क्विप्+सु—॥

दृशिग्रहणस्यापकर्षो ज्ञापकोऽतेर्दीर्घः ॥

अर्थात्—सू८६५ में 'दृश्यन्ते' (देखे जाते हैं) इस पदके अनुकर्षणसे महाभाष्यके अनुकूल जु-धातुकोभी दीर्घ होता है। जूः (शीघ्रगामी) । आवस्तु+क्विप् (सू० ८४२) आवस्तुत् (पाषाणकी स्तुति करनेवाला) ॥

९०९. क्विब्वचिप्रच्छायतस्तुकटप्रुजुश्रीणां दीर्घोऽसम्प्रसारणञ्च) ॥

वच् (बोलना), प्रच्छ (पूछना), आयत (शब्दपूर्वक) स्तु (स्तुति करना), कटप्र (चटाईसे जाना), जु (जाना), श्रि (सेवा करना) इन धातुओंसे परे क्विप् प्रत्यय हो, तथा इनको दीर्घ हो, और सम्प्रसारण (सू० ७१८ । ६८६) न हो । वच्+क्विप् (सू० ३३५) वाक् (वाणी) ॥ पृच्छति—इति-पृच्छ+क्विप् ॥

९१० चश्छोः शूडनुनासिके च । ६ । १ । १९ ॥

सान्तस्य चस्य छस्य च क्रमात् श ऊठ् एतावादेशौ स्तोऽनुनासिके क्वौ झलादौ च क्ङिति ।

तुक्सहित छ-कारको और च-को क्रमसे श और ऊठ् आदेश हों, अनुनासिक वा क्वि-प्रत्यय अथवा झलादि किन् डित् परे रहते । पृच्छति इति = प्राट् (सू० ९१० । ३३६ । ८३ । १६६), प्राड् (पूछनेवाला) । आयतं स्तौति = आयतस्तु+क्विप् = आयतस्तूः (बडी स्तुति करनेवाला) । कटे प्रवते = कटप्र+क्विप्+सु = कटप्रूः (चटाईमें होनेवाला क्रीडा) । जूः (शीघ्रगामी) । श्रयति हरिं =

१ अर्थात्—अत्यधिक स्तुति करना । आयत स्तु ॥

२ इस सू० की वृत्ति सू० १०८ में देखो ।

श्रि+क्विप् (सू० ९०९) श्रीः (जो विष्णुकी सेवा करती है = लक्ष्मी) ॥

९११ दाम्नीशसयुयुजस्तुदसिसिचमिहपतदशनहः करणे । ३ । २ । १८२ ॥

दात्रादेः ष्ट्रन् स्यात्करणेऽर्थे ॥

दाप् (काटना), नी (ले जाना), शस् (हिंसा करना), यु- (मिलाना), युज् (जोडना), स्तु (स्तुति करना), तुद् (प्रेरणा करना), षि (बांधना), षिच् (छिडकना), मिह (मूतना), पत (गिरना), दंश (काटना), नह (बांधना) इन धातुओंसे परे करण-(तृतीया) अर्थमें ष्ट्रन्-(त्र) प्रत्यय होता है । दाति अनेन = दा+त्र+अम् = दात्रम (जिसद्वारा काटा जाता है = दरांति)॥ शस्+त्र+अम । यहां इट्-(सू० ४४७) की प्राप्ति हुई-॥

९१२ तितुत्रतथसिसुसरकसेषु च । ७ । २ । ९ ॥

एषां दशानां कृत्प्रत्ययानामिण् न ॥

ति (क्तिन वा क्तिच्) तुन, ष्ट्रन्, क्थन्, क्सि,सुच् , सरन्, कन् और स इन दश प्रत्ययोंको इट् आगम न हो । शस्त्रम् (जिस करके हिंसा की जाती है = शस्त्र) । यु+त्र (सू०४३४) योत्रम् (जोत) । युज्+त्र (सू०१००।३३१) योक्त्रम् (जुआ) । स्तु+त्र (सू० २८३) स्तोत्रम् (स्तोत्र) । तुद्+त्र (सू० ९१ । ५००) तोत्रम् (कोडा) । षि+त्र (सू० ४३४ । २८३) सेत्रम् (बंधन) । सिच्+त्र (सू० ३३१ । ५००) सेक्त्रम् (छिडकनेका पात्र) । मिह्+त्र (सू०५०० । २७९ । ६०० । ७९ । ६०१) मेढ्रम् (लिङ्ग) । पत्+त्र = पत्त्रम् (वाहन) । दंश् (इ)+त्र (सू० ५१२ । ३३६ । ९६ । ७९) दंष्ट्रा (दांत) । नह्+त्र (सू० ४०३ । ६०० । १३७३) नद्री (चर्मकी रज्जु) ॥

९१३ अर्त्तिलूधूसूखनसहचर इत्रः । ३ । २ । १८४ ॥

ऋ (जाना), लू (काटना), धू (कांपना), सू (प्रसव करना), खन् (खोदना), सह् (सहना), चर् (जाना) इन धातुओंसे परे करण-अर्थमें इत्र प्रत्यय हो । ऋ+इत्र (सू० ४३४)अरित्रम (पतवार) । लू+इत्र (सू०४३४ । २७) लवित्रम् (दरांती)। धू+इत्र (सू० ४३४ । २७) धवित्रम (बीजना-पंखा) । सू+इत्र = सवित्रम (उत्पत्तिकारण) । खन्+इत्र = खनित्रम (कस्सी। खुरपा-आदिक) । सह्+इत्र = सहित्रम (धैर्य) । चर+इत्र = चरित्रम (चरित्र) । यहां ' इत्र ' प्रत्यय इस कारण किया है कि इकारकाभी श्रवण रहे. यदि ' त्र ' प्रत्यय करते तौ इट्-का निषेध (सू० ९१२) हो जाता ॥

९।१४ पूञः संज्ञायाम । ३ । २ । १८५ ॥

पू-(पवित्र करना) धातुसे परे संज्ञा-अर्थमे इत्र प्रत्यय हो । पू+इत्र (सू० ४३४ । २७) पवित्रम (पवित्री, पैती) ॥

अथ उणादयः ।

९।१५ कृवापाजिमिस्वदिसाध्यशूभ्य उण् ॥

कृ (करना), वा (जाना), पा (पीना), जि (जीतना), ट्टमिञ् (फेकना), स्वद् (स्वाद् लेना), साध् (साधना), अश् (व्याप्त होना) इन धातुओंसे परे उण् (उ) प्रत्यय हो । कृ+उ (सू० २०३) कारुः (शिल्पी = कारीगर) । वा+उ (सू०८२०) वायुः (पवन) । पा+उ (सू० ८२०) पायुः (गुदा) । जि+उ (सू० २०३ । २७) जायुः (औषधि) । मि+उ (सू० २०३। २७) मायु (पित्त) । स्वद्+उ (सू० ५०४) स्वादुः(स्वाद)। साध्+उ = साधुः (परकार्यको सिद्ध करनेवाला) । अश्+उ (सू० ५०४) आशुः (शीघ्र) ॥

श्रि+क्विप् (मू० ९०९) श्रीः (जो विष्णुकी सेवा करती है = लक्ष्मी) ॥

९११ दात्रीशस्युयुजस्तुतुदसिसिचमिहपतदशनहः करणे । ३ । २ । १८२ ॥

दात्रादेः ष्ट्रन् स्यात्करणेऽर्थे ॥

दात्र् (काटना), नी (ले जाना), शस् (हिंसा करना), यु- (मिलाना), युज् (जोडना), स्तु (स्तुति करना), तुद् (प्रेरणा करना), षि (बांधना), षिच् (छिडकना), मिह (मूतना), पत (गिरना), दश (काटना), नह (बांधना) इन धातुओंसे परे करण-(तृतीया) अर्थमें ष्ट्रन्-(त्र) प्रत्यय होता है । दात्रति अनेन = दा+त्र+अम् = दात्रम (जिसद्वारा काटा जाता है = दरांति)॥ शस्+त्र+अम । यहां इट्-(मू० ४४७) की प्राप्ति हुई-॥

९१२ तितुत्रतथसिसुसरकसेषु च । ७ । २ । ९ ॥

एषां दशानां कृत्प्रत्ययानामिण् न ॥

ति (क्तिन वा क्तिच्) तुन, ष्ट्रन्, क्थन, क्सि,सुच् , सरन, कन और स इन दश प्रत्ययोंको इट् आगम न हो । शस्त्रम (जिस करके हिंसा की जाती है = शस्त्र) । यु+त्र (मू०४३४) योत्रम (जोत) । युज्+त्र (मू०५००।३३५) योक्त्रम् (जुआ) । ष्टु+त्र (मू० २८३) स्तोत्रम (स्तोत्र) । तुद्+त्र (मू० ९१ । ५००) तोत्रम (कोडा) । षि+त्र (मू० ४३४ । २८३) सेत्रम (बंधन) । सिच्+त्र (मू० ३३५ । ५००) सेक्त्रम (छिडकनेका पात्र) । मिह्+त्र (मू०५०० । २७९ । ६०० । ७९ । ६०१) मेढ्रम (लिङ्ग) । पत्+त्र = पत्रम् (वाहन) । दश् (इ)+त्र (मू० ५१२ । ३३६ । ९६ । ७९) दंष्ट्रा (दांत) । नह्+त्र (मू० ४०३ । ६०० । १३७३) नध्री (चर्मकी रज्जु) ॥

९१३ अर्त्तिलूधूसूखनसहचर इत्रः । ३ । २ । १८४ ॥

ऋ (जाना), लू (काटना), धू (कांपना), सू (प्रसव करना), खन् (खोदना), सह् (सहना), चर् (जाना) इन धातुओंसे परे करण-अर्थमें इत्र प्रत्यय हो । ऋ+इत्र (सू० ४३४)अरित्रम (पतवार) । लू+इत्र (सू० ४३४ । २७) लवित्रम् (दरांती)। धू+इत्र (सू० ४३४ । २७) धवित्रम (बीजना—पंखा) । सू+इत्र = सवित्रम (उत्पत्तिकारण) । खन्+इत्र = खनित्रम (कस्सी। खुरपा-आदिक) । सह्+इत्र = सहित्रम (धैर्य) । चर्+इत्र = चरित्रम (चरित्र) । यहां ' इत्र ' प्रत्यय इस कारण किया है कि इकारकाभी श्रवण रहे, यदि ' त्र ' प्रत्यय करते तो इ-का निषेध (सू० ९१२) हो जाता ॥

९१४ पूः पवित्रे संज्ञायाम् । ३ । २ । १८५ ॥

पू-(पवित्र करना) धातुसे परे संज्ञा-अर्थमें इत्र प्रत्यय हो । पू+इत्र (सू० ४३४ । २७) पवित्रम (पवित्री, पैती) ॥

अथ उणादयः ।

९१५ कृवापाजिमिस्वदिसाध्यशूभ्य उण् ॥

कृ (करना), वा (जाना), पा (पीना), जि (जीतना), डुमिञ् (फेंकना), स्वद् (स्वाद लेना), साध् (साधना), अश् (व्याप्त होना) इन धातुओंसे परे उण् (उ) प्रत्यय हो । कृ+उ (सू० २०३) कारुः (शिल्पी = कारीगर) । वा+उ (सू० ८२०) वायुः (पवन) । पा+उ (सू० ८२०) पायुः (गुदा) । जि+उ (सू० २०३ । २७) जायुः (औषधि) । मि+उ (सू० २०३। २७) मायु (पित्त) । स्वद्+उ (सू० ५०४) स्वादुः(स्वाद)। साध्+उ = साधुः (परकार्यको सिद्ध करनेवाला) । अश्+उ (सू० ५०४) आशुः (शीघ्र) ॥

९१६ उणादयो बहुलम् । ३ । ३ । १ ॥

एते वर्त्तमाने संज्ञायां च बहुलं स्युः । केचिदविहिता अप्यूह्याः ॥

यह उणादि-प्रत्यय वर्त्तमान-अर्थमें और संज्ञा-अर्थमें अनेक प्रकारसे हों । कोई २ प्रत्यय उणादि सूत्रसे नहीं विधान किये गये हों, उनकाभी तर्क करना उचित है । सो दिखलाते हैं—॥

संज्ञासु धातुरूपाणि प्रत्ययाश्च ततः परे ।
कार्याद्विद्यादनबन्धमेतच्छास्त्रमुणादिषु ॥ १ ॥

उणादिकोंमें यह विधि है कि—संज्ञा-अर्थमें धातुओंके रूप, उनसे परे प्रत्यय, तथा गुण आदि कार्य समझकर तर्कना कर लेने, अर्थात्—जो संज्ञा (किसीके वाचक) शब्द हैं, और वे किसी प्रकार साधे नहीं जा सक्ते हों तो उनमें ऐसे धातु और उनसे परे ऐसे प्रत्यय कल्पना करो जो उनमें हो सकें ॥

९१७ तुमुन्ण्वुलौ क्रियायां क्रियार्थायाम् ।३।३।१०॥

क्रियार्थाया क्रियायामुपपदे भविष्यत्यर्थे धातोर्मेतौ स्तः । मान्तत्वादव्ययत्वम् ।

क्रिया-अर्थवाली जब एक क्रिया उपपद हो तो भविष्यत्-अर्थमें धातुसे परे तुमुन् (तुम्) और ण्वुल् (वु) प्रत्यय हों । तुमुन् प्रत्ययान्त मान्त होनेके कारण अव्यय-(सू० ४५४) संज्ञक होता है । उदाहरण—कृष्णं+दृश+तुम्+याति (सू० ५२५ । ६९८।१९ । ३३६ ७९) कृष्णं द्रष्टुं याति । कृष्णं+दृश+वु+याति (सू० ८५० । ५००) कृष्णं दर्शको याति (वह कृष्णको देखने जाता है) । यहां 'याति' क्रियाके उपपद 'दृश' क्रिया है, ऐसेही सर्वत्र समझ लो ॥

१ यहां 'उणादि' शब्द यह संज्ञावाचक है यह भाव इसी प्रकार सिद्ध नहीं होता इस कारण इसे उणादिप्रकारसे सिद्ध करते हैं, जैसे 'याति' इसमें पर आणादिक 'कि' प्रत्यय कल्पना किया और उस संज्ञावाचकशब्दसे गुण न देखकर किंतु प्रत्ययको देख (सू० ८५०) मानो 'या' धातु 'इसर' हुआ । और लोकमेंभी प्रसिद्ध है कि उणादिकोंमें प्रत्यय व्यर्थ भैलाते हैं । सारांशतः सिद्ध कर दिये, मोक्ष मूलर मीमांसा ॥

९।८ कालसमयवेलासु तुमुन् । ३ । ३ । १६७ ॥

कालादिषूपपदेषु तुमुन् ॥

काल, समय, वेला, इनमेंसे जब कोई उपपद हो तो धातुसे परे तुमुन्-प्रत्यय हो। कालः+भुज्+तुम (मु० ५०० । ३३५) कालः समयो वेला भोक्तुम् (भोजन करनेका समय) ॥

९।९ भावे । ३ । ३ । १८ ॥

सिद्धावस्थापन्ने धात्वर्थे वाच्ये धातोर्घञ् ॥

यदि धातुका अर्थ सिद्धावस्थाको प्राप्त हो तो उस धातुसे परे भाव-अर्थमें घञ् (अ) प्रत्यय हो। पच्+अ (मु०५०४ । ८४६) पाकः (रसोई) ॥

९।१० अकर्तरि च कारके संज्ञायाम् । ३ । ३ । १९ ॥

कर्तृभिन्ने कारके घञ् स्यात् ॥

कर्त्ता-भिन्न कारकमें धातुसे परे संज्ञा-अर्थमें घञ् (अ) प्रत्यय हो। रञ्ज्+अ = रञ्ज्+अ ॥

९।११ घञि च भावकरणयोः । ६ । ४ । २७ ॥

रञ्जेर्नेलोपः स्यात् ॥

भाव और करण-अर्थमें जो घञ्-प्रत्यय सो परे रहते रञ्ज्-(रँगना) धातुके न-कारका लोप हो। रञ्ज्+अ (मु० ५०४ । ८४६) रागः (रँगनेका यन्त्र) ॥

अनयोः किम् ? रञ्ज्यन्तीभिस्त्रियो रङ्गः ॥

भाव और करण अर्थहीमें न-का लोप हो, यह कहनेसे—रञ्ज्+अ (मु० ८४६) रङ्गः (नाटकशाला) यहां न-का लोप न हुआ, क्योंकि—यहां अधिकरण-अर्थमें घञ् प्रत्यय है ॥

९।१२ निवासचितिशरीरोपसमाधानेष्वादेश्च कः । ३ । ३ । ४३ ॥

एषु चिनोतेर्घञ् , आदेश्च ककारः ॥

१ जहां सिद्धपद दूसरी क्रियाकी आकांक्षा रखता है वहां सिद्धावस्थापन्न क्रिया होती है ।

निवास, चिति, शरीर और उपसमाधान इन चार अर्थोंमें चि-धातुसे परे घञ् प्रत्यय हो, और चि-धातुके आदिके च-कारकू ककार हो। निचि+अ = निकि+अ (मू० २०३ । २७) निकायः (निवास)। चि+अ = कि+अ (मू० २०३ । २७) कायः (शरीर)। गोमयनिकायः (गोबरका ढेर) ॥

१२३ एरच् । ३ । ३ । ५६ ॥

इवर्णान्तादच् स्यात् ॥

इवर्णान्त-धातुसे परे अच्-प्रत्यय हो। चि+अ (मू० ४३४ । २७) चयः (समूह) । जि+अ (मू० ४३४ । २७) जयः (जीतना) ॥

१२४ ऋदोरप् । ३ । ३ । ५७ ॥

ऋवर्णान्तादुवर्णान्ताच्चाप् ॥

ऋकारान्त और उकारान्त धातुओंसे परे अप् प्रत्यय हो। कृ+अ (मू० ४३४ । ३५) करः (छिडकना) । गृ+अ = गरः (विष) । यु+अ (मू० ४३४ । २७) यवः (जौ) । लु+अ = लवः (काटना) । स्तु+अ = स्तवः (स्तोत्र) । पू+अ = पवः (पवित्र करना) ॥

१२५ (घञर्थे कविधानम्) ॥

घञ्-प्रत्ययके अर्थमें क-(अ) प्रत्ययभी हो प्र+स्था+अ (मू० ५३९) प्रस्थः (तोल) । वि+हन+अ (मू० ५५५ । ३१६) विघ्नः (बाधा) ॥

१२६ ङितः क्विः । ३ । ३ । ८८ ॥

जिस धातुके ङु-की इत्संज्ञा हो उससे परे क्वि-प्रत्यय हो। ङुपच-ष् = पच+क्वि (मू० ३३५) ॥

१२७ क्वेर्मम् नित्यम् । ४ । ४ । २० ॥

क्विप्रत्ययान्तात् मम् स्यात्स्वार्थे ॥

क्ति-प्रत्ययान्तसे परे सिद्ध अर्थमें मम् प्रत्यय हो । पाकेन निवृत्तं पक्तिमम् (पाककियासे जो सिद्ध हुआ) । डुवप् = वप्+क्ति+मम् (सू० ५२८) उप्तिमम (जो बोनेसे सिद्ध हुआ) ॥ डुवेपृ–कम्पने॥ वेप् (कांपना) ॥

९२८ दृतोऽथुच् । ३ । ३ । ८९ ॥

जिस धातुका ऋ इत जाय तिससे परे अथुच् (अथु) प्रत्यय हो । वेप्+अथु = वेपथुः (कंप) ॥

९२९ यजयाचयतविच्छप्रच्छरक्षो नङ् । ३ । ३ । ९० ॥

यज (पूजना), याच (मांगना), यत (प्रयत्न करना), विच्छ (जाना वा चमकना), प्रच्छ (पूछना), रक्ष (रक्षा करना) इन धातुओंसे परे नङ् (न) प्रत्यय हो । यज्+न (सू० ७७) यज्ञः (अश्वमेधादि यज्ञ) । याच्+न (सू० ७७ । १६६) याच्ञा (मांगना) । यत्+न = यत्नः (उपाय) । विच्छ्+न (सू० ९१० । ७८) विश्नः (प्रताप) । प्रच्छ्+न (सू० ९१० । ७८) प्रश्नः (पूछना) । रक्ष्+न (सू० ७९) रक्षणः (रक्षा) ॥

९३० स्वपो नन् । ३ । ३ । ९१ ॥

स्वप्-(ञिष्वप्) धातुसे परे नन (न) प्रत्यय हो । स्वप्+न = स्वप्नः (स्वप्न) ॥

९३१ उपसर्गे घोः किः । ३ । ३ । ९३ ॥

उपसर्ग-पूर्वक घु-संज्ञक (सू० ६७६) धातुसे परे कि (इ) प्रत्यय हो । प्र–धा+इ (सू० ५३९) प्रधिः (चक्रधारा) । उप–धा+इ (सू० ५३९) उपधिः (छल) ॥

९३२ स्त्रियां क्तिन् । ३ । ३ । ९४ ॥

स्त्रीलिङ्गे भावे क्तिन् स्यात् । घञोऽपवादः ॥

यदि स्त्रीलिंग-भाव प्रकाश करना हो तो धातुसे परे क्तिन्-(ति)

प्रत्यय हो । यह घञ्-(सू० ९१९) का अपवाद है । कृ+ति = कृतिः (करना) । स्तु+ति (सू० २८३) स्तुतिः (प्रशंसा) ॥

९३३ (ऋल्वादिभ्यः क्तिन्निष्ठावद्वाच्यः) ॥

ऋकारान्त धातुओंसे और लू-आदि (सू० ७५०) धातुओंसे परे क्तिन्-प्रत्यय निष्ठा-(सू० ८८०) की समान हो यह कहना चाहिये । कृ+ति (सू० ७१८ । ६६५ । ८८२ । २९५) कीर्णिः (छीटना) । लू+ति (सू० ८८२) लूनिः (खुरपी) । धू+ति (सू० ८८४ । ८८२) धूनिः (कांपना) । पू+ति (सू० ८८४ । ८८२) पूनिः (विनाश) ॥

९३४ (सम्पदादिभ्यः क्विप्) ॥

सम्पत्-आदिकोंसे परे क्विप्-प्रत्यय हो । सम्पत्+क्विप् = सम्पत् (धन) । विपत् (संकट) । आपत् (दुःखावस्था) ॥ क्तिन्नपीष्यते ॥ उक्त धातुओंसे परे क्तिन्-प्रत्ययकीभी विवक्षा की जाती है । सम्पत्तिः (सम्पदा) । विपत्तिः (विपत्) । आपत्तिः (आपत, आफत) ॥

९३५ ऊतियूतिजूतिसातिहेतिकीर्तयश्च । ३ । ३ । ९७ ॥

एते निपात्यन्ते ॥

ऊति (रक्षा करना), यूति (मिलाना), जूति (शीघ्रगति), साति (घर्षण), हेति (अस्त्र), कीर्ति (यश) यह निपातन किये जाते हैं ॥

९३६ ज्वरत्वरस्रिव्यविमवामुपधायाश्च । ६ । ४ । २० ॥

एषामुपधावकारयोरूठ् अनुनासिके क्ङिति झलादौ क्ङिति ॥

ज्वर (ज्वर), त्वर (त्वरा करना), स्रिव (जाना), अव (रक्षा करना), मव (बांधना) इनकी उपधाको तथा– व-को ऊठ् हो । अनुनासिकप्रत्यय वा क्विप्-प्रत्यय झलादि कित् और ङित् परे रहते ॥ ज्वर्+क्विप् = ज्-ऊ-र्+सु (सू० २०० । ११३) जूः (ज्वरवाला

योगी)। स्वर्+क्विप्=त्-ऊ-र् (मृ० ११३) तूः (त्वरावान्)। सि-क्विप्=स्+ऊ=सूः (सुवा) । अव्+क्विप्=ऊ=ऊः (रक्षक)। मव्+क्विप्=म+ऊ=मूः (बांधनेवाला) ॥

९३७ इच्छा। ३। ३। १०१ ॥

[1]निपातोऽयम् ॥

इष-धातुसे इच्छा यह श-प्रत्ययान्त निपातन किया जाता है। इष्+अ (मृ० ५५४। १२२। ७७) इच्छा (अभिलाषा) ॥

९३८ अः प्रत्ययात्। ३। ३। १०२ ॥

प्रत्ययान्तेभ्यो धातुभ्यः स्त्रियामकारः प्रत्ययः ॥

प्रत्ययान्त-धातुओंसे परे स्त्रीलिंगमें अकार प्रत्यय हो। चिकीर्ष+अ (मृ० १३६६) चिकीर्षा (करनेकी इच्छा) । पुत्रकाम्या (पुत्रकी इच्छा) ॥

९३९ गुरोश्च हलः। ३। ३। १०३ ॥

गुरुमतो हलन्तात्स्त्रियामप्रत्ययः स्यात् ॥

गुरुमान् (मृ० ४९८। ४९९) हलन्त-धातुसे परे अ-प्रत्यय हो, यदि सिद्धपद स्त्रीलिंग हो तो। ईह्+अ=ईहा (चेष्टा करना) ॥

९४० ण्यासश्रन्थो युच्। ३। ३। १०७ ॥

अकारस्यापवादः ॥

णि-(मृ० ७६०) प्रत्ययान्त धातुओंसे परे और आस (बैठना), श्रन्थ (ढीला होना) इन धातुओंसे परे युच् (यु) प्रत्यय हो। यह चकारका अपवाद है। कृ+इ+यु (मृ० २०३। ८५०। ९८०। १०५०) कारणा (मृ० १३६६) (करवाना) । ह्+इ+यु=हारणा (हरवाना) ॥

९४१ नपुंसके भावे क्तः। ३। ३। ११४ ॥

भाव प्रकाश करनेमें धातुसे परे क्त प्रत्यय हो, यदि सिद्ध-शब्द

[1] यहां मनआदि कार्य हुए हैं। [2] यहां काम्यच् प्रत्यय है।

नपुंसक लिंग हो तौ । हस्+त (सू० ४४७) हसितम् (हँसी) ॥

९४२ ल्युट् च । ३ । ३ । ११५ ॥

भावही प्रकाश करनेमें धातुसे परे ल्युट् (यु) प्रत्यय हो, जो सिद्धशब्द नपुंसकलिंग हो तौ । हस्+यु (सू० ८५०) हसनम् (हँसी) ॥

९४३ पुंसि संज्ञायां घः प्रायेण । ३ । ३ । ११८ ॥

संज्ञामें धातुसे परे प्रायः घ (अ) प्रत्यय होता है जो सिद्ध होनेवाला शब्द पुँल्लिंग हो तौ । दन्ताश्छाद्यन्तेऽनेन = दन्तछद्+इ+अ (सू० ५०४) दन्तछाद्+इ+अ ॥

९४४ छादेर्घेऽद्व्युपसर्गस्य । ६ । ४ । ९६ ॥

द्विप्रभृत्युपसर्गहीनस्य छादेर्ह्रस्वो घे परे ॥

दो आदि उपसर्गसे रहित छद्- (छादना) धातुको ह्रस्व हो, घ-प्रत्यय परे रहते । दन्तछद्+इ+अ (सू० ५८० । १२२ । ७७) दन्तच्छदः (ओष्ठ) ॥ आकुर्वन्त्यस्मिन्निति = आ+कृ+अ (सू० ४३४) आकरः (खान) ॥

९४५ अवे तॄस्त्रोर्घञ् । ३ । ३ । १२० ॥

अव उपसर्ग उपपद रहते तॄ (तरना) और स्तृ (ढकना) इन दो धातुओंसे परे घञ् प्रत्यय हो । अव+तॄ+अ (सू० २०३।३५) अवतारः (अवतार) । अव+स्तॄ+अ (सू० २०३ । ३५) अवस्तारः (कनात) ॥

९४६ हलश्च । ३ । ३ । १२१ ॥

हलन्तात् घञ् । घापवादः ॥

हलन्त-धातुओंसे परे घञ् (अ) प्रत्यय हो । यह सूत्र घ-प्रत्यय-(सू० ९४३) का अपवाद है ॥ रमन्ते योगिनोऽस्मिन्निति = रम+अ (सू०५६४) रामः (जिसमें योगी रमण करते हैं, अर्थात्–राम)। अपमृज्यतेऽनेन व्याध्यादिरिति = अप–आ+मृज्+अ (सू० ८४६ ।

८४७) अपामार्गः (जिससे रोग दूर हों=औषधि) ॥

९४७ ईषदुस्सुषु कृच्छ्राकृच्छ्रार्थेषु खलू । ३।३।१२६ ॥

एषु दुःखसुखार्थेषूपपदेषु खलू । तयोरेवेति भावे कर्मणि च । करणाधिकरणयोरिति निवृत्तम् ॥

दुःख-अर्थमें दुर् और सुख-अर्थमें ईषद् वा सु उपपद हो तो धातुसे परे खलू (अ) प्रत्यय हो । यह खलू-प्रत्यय म० ८३४ से भाव तथा कर्म-अर्थमें होता है । यहां करण तथा अधिकरण अर्थकी निवृत्ति हो गई । दुर्+कृ+अ (म० ४३४ । ११३ । ११७।१७०) दुष्करः=दुष्करः कटो भवता (आपसे चटाईका बनना कठिण है)। ईषत्+कृ+अ=ईषत्करः (अनायाससे बन सक्ता है) । सु+कृ+अ=सुकरः (सुगमतासे बन सक्ता है) ॥

९४८ आतो युच् । ३ । ३ । १२८ ॥

खलोऽपवादः ॥

आकारान्त-धातुसे परे युच् (यु) प्रत्यय हो । यह प्रत्यय खलू-(म० ९४७) का अपवाद है ॥

ईषत्+पा+यु (म० ८५०) ईषत्पानः-सोमो भवता (आपसे सोमरस अनायाससे पिया जा सक्ता है) । सु+पा+यु (म०८५०) सुपानः (सुगमतासे पिया जा सक्ता है) । दुष्पानः (कठिनतासे पिया जा सक्ता है) ॥

९४९ अलंखल्वोः प्रतिषेधयोः प्राचां क्त्वा ।३।४।१८॥

प्रतिषेधार्थयोरलंखल्वोरुपपदयोः[1] क्त्वा स्यात् ॥

निषेध-अर्थवाले अलं और खलु उपपद रहते धातुसे परे क्त्वा (त्वा) प्रत्यय हो । अलं+दा+त्वा (म० ८९३।९१) अलं दत्त्वा (मत दो) । खलु+पा+त्वा (म०६३१) खलु पीत्वा (मत पिओ) ॥

अलंखल्वोः किम् ? मा कार्षीत् । प्रतिषेधयोः किम् ? अलंकारः ॥

---

१ प्राचां ग्रहणं पूजार्थम् । २ अमैवाव्ययेनेति नियमात्रोपपदसमास ।

अलं और खलु उपपद हो यह कहनेसे–मा कार्षीत् (मू० ४८७) (वोह मत करै) । यहां क्त्वा न हुआ । और निषेध-अर्थवाले ऐसा कहनेसे–अलंकारः (भूषण) यहां क्त्वा न हुआ क्योंकि–यहां अलं निषेधार्थक नहीं है ॥

९५० समानकर्तृकयोः पूर्वकाले । ३ । ४ । २१ ॥

समानकर्तृकयोर्धात्वर्थयोः पूर्वकाले विद्यमानाद्धातोः क्त्वा स्यात् ॥

जो अधिक धातुओंका कर्त्ता एकही हो तौ उनमें जो धातु पूर्वकाल अर्थमें विद्यमान हो तिससे परे क्त्वा (त्वा) प्रत्यय हो । स्नात्वा व्रजति (वोह स्नान करके जाता है) अर्थात् प्रथम स्नान करता है फिर जाता है ॥ द्वित्वमतन्त्रम् ॥ उक्त सूत्रमें 'समानकर्तृकयोः' इस द्विवचनके दिखलानेसे यह नियम दोही धातुओंमें नहीं लगता अर्थात्–दोसे अधिकमेंभी लगता है । भुज्+त्वा (मू० ३३५ । ४८१) भुक्त्वा । पा+त्वा (मू० ६३९) पीत्वा=भुक्त्वा पीत्वा व्रजति (खा पीकर जाता है) ॥ शी+इ+त्वा । इस दशामें–॥

९५१ न क्त्वा सेट् । १ । २ । १८ ॥

सेट् क्त्वा कित् स्यात् ॥

सेट् क्त्वा कित् न होय । शयित्वा (मू० ४३४ । २७) (सोकर) ॥

सेट् किम् ? कृत्वा ॥

सेट् कहनेसे–कृ+त्वा=कृत्वा (करके) यहां क्त्वा-कृ कित् मानके गुण न हुआ ॥

९५२ ग्लोव्युपधाद्धलादेः संश्च । १ । २ । २६ ॥

इवर्णोवर्णोपधाद्धलादेरन्तात्परौ क्त्वासनौ सेटौ वा कितौ स्तः ॥

जिसकी उपधामें तौ इवर्ण वा उवर्ण हो, और आदिमें हल्, और अन्तमें र वा ल हों ऐसे धातुसे परे सेट् क्त्वा और सन् प्रत्यय विकल्प करके कित् हों । द्युत्+इ+त्वा=द्युतित्वा, द्योतित्वा(चमककर) । लिखित्वा, लेखित्वा (लिखकर) ॥

व्युपधात् किम्? वर्तित्वा। रलः किम्? सेवित्वा। हलादेः किम्? एधित्वा। सेटः किम्? भुक्त्वा॥

जिसकी उपधा इवर्ण और उवर्ण हो यह कहनेसे–वृत्+त्वा= (सू० ४४७) वर्तित्वा (रहकर)। यहां लघूपधगुण नित्य होता है, न कि–कित मानके वैकल्पिक। और अन्तमे र वा ल हो यह कहनेसे–सेवित्वा (सेवा करके)। यहांभी क्त्वा कित न मानकर नित्य गुण हुआ। हलादि कहनेसे–इष्+इ+त्वा=एषित्वा (जाकर)। यहांभी वैकल्पिक गुण न हुआ। सेट् कहनेमे–भुज्+त्वा=भुक्त्वा (खाकर)। यहां सू० ९५२ नहीं लगता॥ शम्+त्वा=शमित्वा॥

९५३ उदितो वा। ७। २। ५६॥

उदित परस्य क्त्वा इट् वा॥

जिसके उ-कारकी इत्संज्ञा हो ऐसे धातुसे परे क्त्वा-को इट् आगम विकल्प करके हो। शम् उ+त्वा=शमित्वा, शान्त्वा (सू० ७८८) (शान्त होकर)। दिव्+उ+त्वा=देवित्वा (सू० ९५१), द्यूत्वा (सू० ९५० । १९) (खेलकर)। धा+इ+त्वा (सू० ८९२) हि+इ+त्वा हित्वा (धारण करके)॥ हा त्वा॥

९५४ जहातेश्च क्त्वि। ७। ४। ४३॥

ओहाक्-धातुकभी हि आदेश हो क्त्वा-प्रत्यय परे रहते। हित्वा (त्यागकर)। हात्वा (जाकर)॥ प्र+कृ+त्वा। इस अवस्थामें–॥

९५५ समामेऽनञ्पूर्वे क्त्वो ल्यप्। ७। १। ३७॥

अव्ययपरपदेऽनञ्समासे क्त्वो ल्यबादेशः॥

नञ्-सम-भिन्न अव्यय पूर्वपद रहते क्त्वा-कृ ल्यप् (य) आदेश हो। प्रकृ+य (सू० ८४२) प्रकृत्य (आरम्भ करके)॥

अनञ् किम्? अकृत्वा। अव्ययपरपदे किम्? परमकृत्वा॥

नञ्-भिन्न कहनेसे–अकृत्वा (न करके)। यहां नञ्पूर्वपदमें ल्यप्

१ यह 'ओहाङ्-गतौ' धातुका रूप है, इसकारण यहांपर (सू० ९५४) आदेश न हुआ।

आदेश न हुआ । अव्यय पूर्वपद हो यह कहनेसे-परमकृत्वा (श्रेष्ठ करके) । यहांभी क्त्वा-कृ ल्यप् न हुआ ॥

९५६ आभीक्ष्ण्ये णमुल् च । ३ । ४ । २२ ॥

आभीक्ष्ण्ये द्योत्ये पूर्वविषये णमुल् स्यात् क्त्वा च ॥

जब बारंबार करना प्रकाश करना हो तो अव्यवहित नञ्-समासरहित अव्यय पूर्वपद रहते धातुसे परे णमुल् और क्त्वा प्रत्यय हों । स्मृ+णमुल् (अम) (मू० २०३) ॥

९५७ नित्यवीप्सयोः । ८ । १ । ४ ॥

आभीक्ष्ण्ये वीप्सायां च द्योत्ये पदस्य द्वित्वं स्यात् । आभीक्ष्ण्ये तिङन्तेष्वव्ययसंज्ञकेषु कृदन्तेषु ॥

बारम्बार करना वा वीप्सा प्रकाश करनेमें पद-कृ द्वित्व हो । तिङन्तोंमें और अव्ययसंज्ञक कृदन्तों-(मू० ४१४) में बारम्बार करना अर्थ रहता है । स्मारं स्मारं नमति शिवम् (बारम्बार स्मरण कर शिवको नमस्कार करता है) । स्मृत्वा स्मृत्वा (बार २ स्मरण करके) । पायं पायम् (मू० ८२०) (बार २ पीकर) । भोजं भोजम् (मू० ५००) (बार २ भोजन करके) । श्रावं श्रावम् (मू० २०३ । २७) (बार २ सुनकर) ॥

९५८ अन्यथैवंकथमित्थंसु सिद्धाप्रयोगश्चेत् । ३ । ४ । २७ ॥

एषु कृञो णमुल् स्यात् सिद्धोऽप्रयोगोऽस्य एवभूतश्चेत् कृञ् । व्यर्थत्वात्प्रयोगानर्ह इत्यर्थः ॥

अन्यथा (प्रकारान्तरसे), एवं (ऐसा), कथं (कैसा), इत्थं (इस प्रकार) यह शब्द उपपद रहते कृञ्-धातुसे परे णमुल् (अम) प्रत्यय हो, यदि उस कृञ्-धातुका अप्रयोग सिद्ध हो अर्थात्-कृञ्-धातु निरर्थक हो । व्यर्थ होनेसे उसका प्रयोगभी अयोग्य हो । अन्यथा+कृ+अम् (मू० २०३) अन्यथाकारं भुङ्क्ते (वोह प्रकारान्तरसे खाता है) । एवंकारं । इत्थंकारं भुङ्क्ते (इस प्रकार खाता है) ।

कथंकारं भुंक्ते (कैसे खाता है) । इन उदाहरणोंमें कृ-का प्रयोग व्यर्थही है, इसीसे णमुल् हुआ है ॥

सिद्धेति किम् ? शिरोऽन्यथा कृत्वा भुंक्ते ॥

कृञ्-धातुका अप्रयोग सिद्ध हो ऐसा कहनेसे—शिरोऽन्यथा कृत्वा भुङ्क्ते (शिरको टेढा कर खाता है) । यहा णमुल् न हुआ, क्योंकि—यहां कृ-धातु अर्थवान है ॥

॥ इति कृदन्तप्रकरणं समाप्तम् ॥

अथ विभक्त्यर्थाः ।

५५९. प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा । २ । ३ । ४६ ॥

नियमेनोपस्थितः प्रातिपदिकार्थः । मात्रशब्दस्य प्रत्येकं योगः । प्रातिपदिकार्थमात्रे लिङ्गमात्राद्याधिक्ये परिमाणमात्रे संख्यामात्रे च प्रथमा स्यात्॥

प्रातिपदिकके उच्चारणमात्रसे जो अर्थ नियमसे उपस्थित होता है उसे प्रातिपदिकार्थ कहते हैं । सूत्रमें जो मात्रशब्द है तिसका प्रत्येक शब्दके साथ योग करना । जिस शब्दमें केवल प्रातिपदिकार्थही हो वा केवल लिङ्ग अर्थ अधिक हो किंवा केवल परिमाण अर्थ अधिक हो अथवा जो शब्द केवल संख्यावाचक हो तिससे परे प्रथमा हो ॥ केवल प्रातिपदिकार्थका उदाहरण—उच्चैः (ऊंचा) । नीचैः (नीचा) । कृष्णः (कृष्ण) । श्रीः (लक्ष्मी) । ज्ञानम् (ज्ञान) । इन उदाहरणोंमें प्रत्येक शब्दसे जो २ अर्थ निकले हैं, सो नियमसे उपस्थित होते हैं ॥ केवल लिंग अर्थकी अधिकताका उदाहरण—तटः । तटी । तटम् (नदीका किनारा) । इन उदाहरणोंमें 'नदीका किनारा' यह अर्थ तो नियमसे उपस्थित होता है, परन्तु—लिंग नहीं, क्योंकि—'तटः' से पुल्लिंग, 'तटी' से स्त्रीलिंग, 'तटम्' से नपुंसकलिंग उपस्थित होते हैं ॥ केवल परिमाण-अर्थकी अधिकताका

उदाहरण–द्रोणो व्रीहिः (द्रोणभर चावल) । इस उदाहरणमें द्रोणका अर्थ तौल है नाप, और सुप्रत्ययका अर्थ परिमाण है, इस कारण प्रातिपदिक (पात्र) के साथ परिमाण-(सु) के अर्थका अभेद है, अर्थात्–द्रोणरूप जो परिमाण तिससे परिछिन्न व्रीहि (चावल) ॥ वचनं संख्या । अर्थात्–वचनका अर्थ संख्या है । एकः (एक) । द्वौ (दो) । बहवः (बहुत) । सूत्रमें वचन-शब्द ग्रहण करनेका यही प्रयोजन है कि–यदि वचन ग्रहण न करते तो एक-शब्दसे परे सु, द्विसे परे औ, और बहुसे परे जस् प्रत्यय न धर सक्ते; क्योंकि–शब्दसे जो अर्थ ज्ञात होता है उसीके द्योतन करनेके अर्थ फिर किसी प्रत्ययका लगाना अयोग्य है, जैसे–एक-शब्दसे परे उसी अर्थमें सु-प्रत्यय लगाना इत्यादि ॥

९६० सम्बोधने च । २ । ३ । ४७ ॥

प्रथमा स्यात् ॥

सम्बोधन अर्थमेंभी प्रथमा विभक्ति हो । हे राम–सु । प० १५४ हे राम (हे राम) ॥

९६१ कर्तुरीप्सिततमं कर्म । १ । ४ । ४९ ॥

कर्तुः क्रियया आप्तुमिष्टतमं कारकं कर्मसंज्ञं स्यात् ॥

कर्त्ताकू क्रियाजनित फलके साथ जिसका संबंध कराना अत्यन्त इष्ट हो वोह कारक-संज्ञक होकर कर्म-संज्ञक हो । इसका फल–॥

९६२ कर्मणि द्वितीया । २ । ३ । २ ॥

अनुक्ते कर्मणि द्वितीया स्यात् ॥

किसी प्रत्ययसे जब कर्म उक्त न हो तो कर्मसे परे द्वितीया विभक्ति हो । स हरिं भजति (वोह हरिको भजता है) । इस उदाहरणमें तिप्-प्रत्यय कर्त्ताको प्रकाश करता है, कर्मको नहीं, इसीसे कर्म अनुक्त होकर द्वितीया हो गई ॥

अभिहिते तु कर्मादौ प्रथमा ॥

और जब कर्म किसी प्रत्ययसे उक्त होता है तो उसमें प्रथमा हो

जाती है। हरिः सेव्यते (हरि सेवन किया जाता है।) लक्ष्म्या सेवितः (लक्ष्मीसे सेवा किया गया) ॥

९६३ अकथितं च। १। ४। ५१ ॥

अपादानादिविशेषैरविवक्षितं कारकं कर्मसंज्ञं स्यात् ॥

अपादान आदि विशेष कारकोंसे अर्थात्—अपादान (पंचमी), सम्प्रदान (चतुर्थी), करण (तृतीया), अधिकरण (सप्तमी) इन विभक्तियोंसे जो विवक्षित न हो तिस कारककी कर्म संज्ञा हो ॥

९६४ दुह्याच्पचदण्डरुधिप्रच्छिचिब्रूशासुजिमथ्मुषाम्। (एषाम्) कर्मयुक् स्यादकथितं तथा स्यान्नीहृकृष्वहाम् ॥१॥

दुह (दुहना), याच (मांगना), पच (पकाना), दण्ड्(दंड देना), रुध (रोकना), प्रच्छ (पूछना), चि (इकट्ठा करना) ब्रू (स्पष्ट बोलना), शास (शिक्षा करना), जि (जीतना), मन्थ (मथना), मुष (चोरी करना) इन धातुओंके तथा नी (ले जाना), हृ (प्राप्त करना), कृष (खींचना), वह (पहुंचाना) इन धातुओंके कर्मके साथ जिसका योग हो, और अपादानादिसे अविवक्षित हो वह कारक कर्म संज्ञक हो। गां दोग्धि पयः (गौसे दूध दुहता है) । बलिं याचते वसुधाम् (वह राजा बलिसे भूमि मांगता है) । तण्डुलान् ओदनं पचति (वह चावलोंका भात पकाता है) । गर्गान् शतं दण्डयति (वह गर्गोंसे सौ रुपये दण्ड लेता है) । व्रजम् अवरुणद्धि गाम् (वह गोष्ठमें गौको रोकता है) । माणवकं पन्थानं पृच्छति (वह बालकसे मार्ग पूछता है) । वृक्षं अवचिनोति फलानि (वह वृक्षसे फल इकट्ठे करता है) । माणवकं धर्मं ब्रूते शास्ति वा (वह बालकको धर्म बतलाता है, वा सिखाता है) । शतं जयति देवदत्तम् (वह देवदत्तसे सौ मुद्रा जीतता है) । सुधां क्षीरनिधिं मथ्नाति (वह क्षीरसागरसे अमृत मथता है) । देवदत्तं शतं मुष्णाति (वह देवदत्तसे सौ रुपया चुरा-

ता है) । ग्रामं अजां नयति, हरति, कर्षति, वहति वा (वोह बकरीको ग्राममें ले जाता है, प्राप्त करता है, खींचता है वा पहुंचाता है) ॥

अर्थनिबन्धनेय सज्ञा ॥

यह सूत्रमें जो सोलह धातुओंकी संज्ञा बांधी है सो अर्थ निबन्धना संज्ञा है, अर्थात्-इनके सदृश औरभी जिन धातुओंके अर्थ हों उनमेंभी उक्त सूत्र लगता है । जैसे-बलिं भिक्षते वसुधाम् (वोह बलिसे भूमि मांगता है) यहां ' भिक्ष ' धातु ' याच ' के अर्थकी समान है ॥ माणवकं धर्म भाषते, अभिधत्ते, वक्तीत्यादि (वोह बालकसे धर्म कहता है इत्यादि) यहां ' भाष ' आदि धातु ' ब्रू ' के अर्थकी समान है ॥

९६५ साधकतमं करणम् । १ । ४ । ४२ ॥

क्रियासिद्धौ प्रकृष्टोपकारकं करणसंज्ञं स्यात् ॥

क्रियाकी सिद्धिमें अत्यन्त उपकारक (जिसके द्वारा कार्य सिद्ध हो) जो कारक सो करणसंज्ञक हो । करणसंज्ञाका फल-॥

९६६ कर्तृकरणयोस्तृतीया । २ । ३ । १८ ॥

अनभिहिते कर्तरि करणे च तृतीया स्यात् ॥

यदि कर्त्ता और करण तिङ्-आदि प्रत्ययसे उक्त न हो तो उनमें तृतीया विभक्ति हो । रामेण बाणेन हतो वाली (रामसे बाणकरके वाली मारा गया) ॥

९६७ कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् । १ । ४ । ३२ ॥

दानस्य कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानसंज्ञः स्यात् ॥

दानरूप क्रियाके कर्मके साथ जिसका संबंध करनेकी इच्छा हो वह कारक सम्प्रदान संज्ञावाला हो । इस संज्ञाका फल-॥

९६८ चतुर्थी सम्प्रदाने । २ । ३ । १३ ॥

सम्प्रदान-कारकमें चतुर्थी विभक्ति हो । विप्राय गां ददाति (ब्राह्मणको गौ देता है) ॥

९६९ नमस्स्वस्तिस्वाहास्वधालंवषड्योगाच्च।२।३।१६ ॥

एभियोगे चतुर्थी स्यात् ॥

नमस्, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम्, वषट् इनके योगमें चतुर्थी हो । हरये नमः (हरिको नमस्कार) । प्रजाभ्यः स्वस्ति (प्रजाका कल्याण) । अग्नये स्वाहा (अग्निमें आहुति देना) । पितृभ्यः स्वधा (पितरोंको देना) ॥

अलमिति पर्याप्त्यर्थग्रहणम् ॥

अलं-शब्दका यहां परिपूर्णशक्ति-प्रदर्शक अर्थ है, इस कारण 'अलम्' के पर्यायवाची शब्दोंके योगमेंभी चतुर्थी विभक्ति होती है । दैत्येभ्यो हरिः अलं प्रभुः समर्थः शक्त इत्यादि (दैत्योंके लिये हरि परिपूर्ण शक्तिमान है, समर्थ है, शक्तिमान है) ॥

९७० ध्रुवमपायेऽपादानम् । १ । ४ । २४ ॥

अपाये विश्लेषमात्रविवक्षायां यो ध्रुवमवधिभूतं तदपादानसंज्ञं स्यात्॥

अपाय विभागको कहते हैं, ध्रुव निश्चल अवधिका नाम है । जिस निश्चल अवधिसे विभाग हो वह (अवधिभूत) कारक अपादान-संज्ञक हो । इसका फल—॥

९७१ अपादाने पञ्चमी । २ । ३ । २८ ॥

अपादान-कारकमें पञ्चमी विभक्ति हो । ग्रामादायाति (वोह ग्रामसे आता है) । यहां निश्चल अवधि जो ग्राम है, तिससे आनेवालेका विभाग है । धावतोऽश्वात्पतति (दौडते घोडे परसे गिरता है) यहांभी घोडेकी कमर ध्रुव-अवधि है ॥

९७२ षष्ठी शेषे । २ । ३ । ५० ॥

कारकप्रातिपदिकार्थेभ्योऽन्यः स्वस्वामिभावादिः सम्बन्धः शेषस्तत्र षष्ठी॥

कारक और प्रातिपदिकार्थसे भिन्न स्वस्वामिभाव (स्वत्व स्वामित्व-रूप सम्बन्ध) आदि सम्बन्ध सो शेष कहाता है, उसमेंहो । राज्ञः पुरुषः (राजाका मनुष्य) । इस उदाहरणमें राजा स्वामी और

पुरुष स्वकीय है, अतः राजामें स्वामित्व और पुरुषमें स्वकीयत्व रहता है ॥

कर्मादीनामपि सम्बन्धमात्रविवक्षायां षष्ठ्येव ॥

कर्मआदिकोंकीभी जब केवल संबंधमात्र करके विवक्षा हो तौ षष्ठी विभक्तिही हो । सतां गतम् (सज्जनोंका गमन) । सर्पिषो जानीते (वोह घृतके उपायसे प्रवृत्त होता है) । मातुः स्मरति (वोह माताका स्मरण करता है) । एधो दकस्योपस्कुरुते (ईधन जलकू नया गुण देता है) । भजे शम्भोः चरणयोः (मै महादेवजीके चरणोंकू भजता हूं) ॥

९७३ आधारोऽधिकरणम् । १ । ४ । ४५ ॥

कर्तृकर्मद्वारा तन्निष्ठक्रियाया आधारः कारकमधिकरणं स्यात् ॥

कर्त्ता और कर्मके द्वारा कर्ता और कर्मकी क्रियाका जो आधार सो कारक अधिकरण-संज्ञक हो ॥

९७४ सप्तम्यधिकरणे च । २ । ३ । ३६ ॥

अधिकरणे सप्तमी स्यात् चकाद्दूरान्तिकार्थेभ्यः ॥

अधिकरणमे सप्तमी विभक्ति हो, चकारसे दूर और समीप अर्थवाचक शब्दोंसे परभी सप्तमी हो ॥

औपश्लेषिकश्चैषयिकोऽभिव्यापकश्चेत्याधारस्त्रिधा ॥

आधार तीन प्रकारका होता है. एक तौ—औपश्लेषिक, दूसरा—वैषयिक, तीसरा—अभिव्यापक । औपश्लेषिक उस आधारको कहते है कि—जिसके किसी अवयवसे सम्बन्ध हो । वैषयिक आधार वोह कहाता है कि—जिससे विषयका बोध हो । और अभिव्यापक उस आधारका नाम है कि—जिसमे आधेय पूर्णरूपसे हो ॥ औपश्लेषिकका उदाहरण—कटे आस्ते (वोह चटाईपर बैठता है) अर्थात्—चटाईके किसी अवयवमें बैठता है । स्थाल्यां पचति (वोह बटलोईमें पकाता है) ॥ वैषयिकका उदाहरण—मोक्षे इच्छास्ति (मोक्षमें

१ यहां प्रथम 'सतां गतम्' था, इसीप्रकार सर्वत्र जानो ।

इच्छा है) अर्थात्–इच्छाका विषय मोक्ष है ॥ **अभिव्यापकका उदाहरण**–सर्वस्मिन्नात्मास्ति (आत्मा सबमें व्याप्त है) ॥ वनस्य दूरे अन्तिके वा (वनके दूर वा निकट) ॥

॥ इति विभक्त्यर्थाः समासाः ॥

अथ समासाः ।

९.७५ समसनं समासः । समासः पञ्चधा । तच्च विशेषसंज्ञाविनिर्मुक्तः केवलसमासः प्रथमः । प्रायेण पूर्वपदार्थप्रधानोऽव्ययीभावो द्वितीयः । प्रायेणोत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुषस्तृतीयः, तत्पुरुषभेदः कर्मधारयः, कर्मधारयभेदो द्विगुः । प्रायेणान्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहिश्चतुर्थः प्रायेणोभयपदार्थप्रधानो द्वन्द्वः पञ्चमः ॥

अनेक पदोंको एकमें मिला देनेको समास कहते हैं । वह समास पांच प्रकारका होता है । जिसका कोई विशेष नाम नहीं है वह ' केवलसमास ' कहाता है, यह पहला है । बहुधा जिसमें पूर्वपदका अर्थ प्रधान होता है वह ' अव्ययीभाव ' नामक दूसरा समास है । प्रायः जिसके उत्तरपदका अर्थ प्रधान हो वह ' तत्पुरुष ' नामका तीसरा समास होता है, तत्पुरुषका एक भेद ' कर्मधारय ' है, इसमें दोनों विभक्ति समान होती है, और विशेषण विशेष्यभाव होता है; कर्मधारयका भेद ' द्विगु ' है, इसके प्रथम संख्यावाचक शब्द होता है । जिसमें समासके पदोंको छोड़ और ही पदका अर्थ प्रधान हो वह ' बहुव्रीहि ' नामका चौथा समास होता है । जिसमें दोनों पदका अर्थ प्रधान हो वह ' द्वन्द्व ' नामक पांचवां समास होता है ॥

९.७६ समर्थः पदविधिः । २ । १ । १ ॥

पदसम्बन्धी यो विधिः स समर्थाश्रितो बोध्यः ॥

पदसे संबंध रखनेवाली जो विधि है वोह सामर्थ्य-(एकार्थीभाव) के आश्रय होती है ॥

१७७ प्राक्कडारात्समासः । २ । १ । ३ ॥

' कडाराः कर्मधारये ' इत्यतः प्राक् समास इत्यधिक्रियते ॥

यहांसे लेकर ' कडाराः कर्मधारये ' सूत्रसे पहले तक ' समास ' इस पदका अधिकार किया जाता है ॥

१७८ सह सुपा । २ । १ । ४ ॥

सुप् सुपा सह वा समस्यते । समासत्वात्प्रातिपदिकत्वेन सुपो लुक् । पदार्थाभिधानं वृत्तिः। कृत्तद्धितसमासैकशेषसनाद्यन्तधातुरूपाः पञ्च वृत्तयः । वृत्त्यर्थावबोधकं वाक्यं विग्रहः । सच लौकिकोऽलौकिकश्चेति द्विधा । तत्र-पूर्वं भूत इति लौकिकः । पूर्व अम् भूत सु इत्यलौकिकः । भूतपूर्वः । भूतपूर्वे चरडिति निर्देशात्पूर्वनिपातः ॥

एक सुबन्तके साथ दूसरे सुबन्तका समास विकल्प करके हो। जिन पदोंका समास होता है उनकी प्रातिपदिक (सू० १३७) संज्ञा होती है, अतएव सुप्-का लुक् (सू०७८१) होता है। एकरूपसे अर्थ प्रकाश करनेकी शक्तिको वृत्ति कहते हैं। उस वृत्तिके पांच भेद हैं, यथा-कृत् (सू० ३३२), तद्धित (सू० १०८३), समास (सू० ९७५), एकशेष (सू० १४६) और सनाद्यन्त धातु (सू० ५१७)। वृत्तिके अर्थको बोधन करनेवाले वाक्यको विग्रह कहते हैं। वह विग्रह लौकिक और अलौकिक इन दो भेदोंसे दो प्रकारका है। तहां पूर्व भूतः (पहले हुआ) यह लौकिक है। और पूर्व+अम्, भूत+सु यह अलौकिक है। परन्तु यहां कालवाचक पूर्वशब्द भूत क्रियाका विशेषण है इसकारण पूर्वशब्द लौकिक उपसर्जन होनेसे पूर्वशब्दका पहिले (सू० ९८३) प्रयोग पाया, परन्तु ' भूतपूर्वे चरट् ' इस सूत्रके देखनेसे भूतशब्द पूर्वनिपात होता है। भूतपूर्वः (पहले हुआ)॥

१७९ (इवेन सह समासो विभक्त्यलोपश्च) ॥

इव-शब्दके साथ सुबन्तका समास हो, परन्तु-विभक्तिका लोप न हो । वागर्थौ+इव = वागर्थाविव (शब्द और अर्थकी सदृश) ॥

॥ इति केवलसमासः प्रथमः ॥

अथ अव्ययीभावसमासः ।

९८० अव्ययीभावः । २ । १ । ५ ॥

अधिकारोऽयम्, प्राक् तत्पुरुषात् ॥

अव्ययीभाव शब्दका सू० ९९६ से प्रथमतक अधिकार है ॥

९८१ अव्ययं विभक्तिसमीपसमृद्धिव्यृद्ध्यर्थाभावात्ययासंप्रतिशब्दप्रादुर्भावपश्चाद्यथानुपूर्व्ययौगपद्यसादृश्यसम्पत्तिसाकल्यान्तवचनेषु । २ । १ । ६ ॥

विभक्त्यादिषु वर्त्तमानमव्ययं सुबन्तेन सह नित्यं समस्यते । सोऽव्ययीभावः । प्रायेणाविग्रहो नित्यसमासः प्रायेणाऽन्यपदविग्रहो वा । विभक्तौ-हरि डि अधि इति स्थिते ॥

विभक्तिका अर्थ समीपवाची, समृद्धिवाचक, व्यृद्धि-(घटती) वाचक, अर्थका अभाव, नाशवाचक, असंप्रति-(नहीं लगती) वाचक, शब्दका प्रकाश पीछे, यथा-वाचक, क्रमवाचक, समकाल-वाचक, सदृशवाची, अपने योग्य प्राप्ति, सम्पूर्ण-(समग्र) ता, अन्तवाचक इन अर्थोंमें वर्त्तमान अव्ययका सुबन्तके साथ नित्य समास किया जाता है, वोही अव्ययीभाव कहाता है । बहुधा नित्य-समासके अर्थ विग्रह (सू० ९७८) नहीं होता, अथवा प्रायकरके समस्यमान पदोंसे भिन्न अर्थात्-औरही पदोंसे उसका विग्रह होता है । विभक्तिके अर्थमें अव्ययका उदाहरण जैसे-हरि+डि+अधि । इस विग्रहमें अधि ' अव्यय है, और उसका ' डि ' के अर्थमें व्यवहार है ॥

९८२ प्रथमानिर्दिष्टं समास उपसर्जनम् । १ । २ । ४३ ॥

समासशास्त्रे प्रथमानिर्दिष्टमुपसर्जनसंज्ञं स्यात् ॥

समास-विधायक शास्त्रमें जो प्रथमाद्वारा निर्दिष्ट हो उसकी उपसर्जन संज्ञा होय । उक्त (सू० ९८१) सूत्रमें ' अव्ययं ' पद प्रथमानिर्दिष्ट है, इसकारण ' हरि+ङि+अधि ' इस अव्ययका इस उदाहरणमें ' अधि ' अव्ययकी ' उपसर्जन ' संज्ञा हुई । इसका फल—॥

९८३ उपसर्जनं पूर्वम् । २ । ३ । ३० ॥

समासे उपसर्जनं प्राक् प्रयोज्यम् । इत्यर्थः प्राक् प्रयोगः । सुपो लुक् । एकदेशविकृतस्यानन्यत्वात्प्रातिपदिकसंज्ञाया स्वाद्युत्पत्तिः । अव्ययीभावश्चेत्यव्ययत्वात्सुपो लुक् ॥

समासमें उपसर्जन-(सू० ९८२) का प्रथम प्रयोग करना चाहिये । इसकारण ' अधि ' का पहिले प्रयोग हुआ । अधि+हरि+ङि । और सुप्-का लुक् (सू० ७८१) होता है । अधि+हरि । जिसका एकदेश विकृत हो जाता है वोह औरकी समान नहीं होता, यद्यपि यहां सुप्-का लुक् होकर कुछ रूपान्तर हो गया है तथापि वह प्रातिपदिकही कहाता है, इसकारण फिरभी सु-आदि (सू० १३८) प्रत्यय होते है । अधि+हरि+सु । फिरभी अव्यय-संज्ञा (सू० ४१६) होनेके कारण सु-आदिकोंका लुक् (सू० ४१७) हो जाता है । अधिहरि (हरिके विषय) ॥ गाः पातीति गोपास्तस्मिन् = अधि+गोपा+सु ॥

९८४ अव्ययीभावश्च । २ । ४ । १८ ॥

अयं नपुंसकं स्यात् ॥

अव्ययीभाव-समासभी नपुंसकलिंग हो । अधि+गोपा+अम् (सू० २६० । २७०) अधिगोपम् (ग्वालियेके विषे) ॥

५ लौकिक और शास्त्रीय भेदोंसे उपसर्जन दो प्रकारके होते है, लौकिक उपसर्जन विशेषण कहाते है शास्त्रीय उपसर्जन वोह होते है जिनका सूत्रादिमें उपसर्जन संज्ञा की जाय ।

९८५ नाव्ययीभावादतोऽत्वपञ्चम्याः । २ । ४ । ८२ ॥

अदन्तादव्ययीभावात्सुपो न लुक् तस्य पञ्चमी विना अमादेशः स्यात् ॥ **ह्रस्व-अकारान्त अव्ययीभावसे परे सुप्-का लुक् न हो, परन्तु-पंचमीको छोडकर शेष विभक्तियोंकू अम् आदेश हो ॥**

९८६ तृतीयासप्तम्योर्बहुलम् । २ । ४ । ८४ ॥

अदन्ताद्व्ययीभावात्तृतीयासप्तम्योर्बहुलमम्भवति ॥ उपकृष्णम् उपकृष्णेन वा मद्रेण समृद्धि सुमद्रम । यवनानां दुर्वृद्धिर्दुर्यवनम् । मक्षिकाणामभावो निर्मक्षिकम् । हिमस्यात्ययोऽतिहिमम् । निद्रा सम्प्रति न युज्यत इत्यतिनिद्रम् । हरिशब्दस्य प्रकाश इतिहरि । विष्णोः पश्चादनुविष्णु । योग्यतार्थेष्वप्यव्ययानिवृत्तिसादृश्यानि यथार्थानि । रूपस्य योग्यमनुरूपम् । अर्थमर्थं प्रति प्रत्यर्थम् । शक्तिमनतिक्रम्य यथाशक्ति ॥

अदन्त-अव्ययीभावसमासमें परे तृतीया और सप्तमी विभक्तिको अम् (सू० ९८५) आदेश बहुल (सू० ८३७) करके हो । जैसे उपकृष्ण डा = उपकृष्णम्, उपकृष्णेन (सू० ९६०) । कृष्णके समीप) ॥ **समृद्धिका उदाहरण**-सु मद्र + अम् = सुमद्रम (भद्रदेशवालोंकी समृद्धि) ॥ **दुर्वृद्धिका उदाहरण**-दुर् + यवन + अम् = दुर्यवनम (यवनोंकी घटती) ॥ **अभाववाचकका उदाहरण** निर् + मक्षिका - अम् (सू० ९७०) निर्मक्षिकम (मक्खियोंका अभाव) ॥ **नाशवाचकका उदाहरण**-अति + हिम अम् = अतिहिमम (हिमका नाश) ॥ **असंप्रतिका उदाहरण**-अति निद्रा अम् (सू० ९७०) अतिनिद्रम (निद्रा नहीं लगती) ॥ **प्रादुर्भावका उदाहरण**-इति + हरि सु (सू० ९७१) इतिहरि (हरिशब्दका प्रकाश) ॥ **पश्चाद्वाचीका उदाहरण**-अनु + विष्णु सु (सू० ९७१) अनुविष्णु (विष्णुके पीछे) ॥ यथा-अव्ययके चार अर्थ हैं. योग्यता १, वीप्सा (अनेकता) २, पदार्थानतिवृत्ति (किसी पदार्थका उल्लंघन न करना) ३, सादृश्य (तुल्यता) ४ ॥ **योग्यताका उदाहरण**-अनु +

१ यहां २ पार्श्वस्यासमासेऽयं यहां 'सु' के स्थानमें 'अम्' आदेश करके कहा है, सो उनकी सत्यता आती है, क्योंकि यहां अम्-की प्रवृत्तिही नहीं ।

रूप+अम् = अनुरूपम् (रूपके योग्य) ॥ **वीप्सा**का उदाहरण–प्रति+अर्थ+अम् = प्रत्यर्थम् (सब अर्थोंमें) ॥ **पदार्थानतिवृत्ति**का उदाहरण–यथा+शक्ति+सु (सू० २७१) यथाशक्ति (शक्तिको उल्लंघन न करके, अर्थात्–शक्तिके अनुसार) ॥ **सादृश्य**का उदाहरण–सह+हरि+सु (सू० २७१) ॥

९८७ अव्ययीभावे चाकाले । ६ । ३ । ८१ ॥

सहस्य सः स्यादव्ययीभावे नतु काले । हरेः सादृश्ये सहरि । ज्येष्ठस्यानुपूर्व्येणेत्यनुज्येष्ठम् । चक्रेण युगपत्सचक्रम् । सदृशैः सख्या ससखि । क्षत्राणां सम्पत्तिः सक्षत्रम् । तृणमप्यपरित्यज्य सतृणम् । अग्निग्रन्थपर्यन्तमधीते साग्नि ॥

यदि उत्तरपद कालवाचक न होय तौ अव्ययीभावसमासमें सह-कू स-आदेश हो । सहरि (हरिकी समान) ॥ **क्रमवाचक**का उदाहरण–अनु+ज्येष्ठ+अम् = अनुज्येष्ठम् (ज्येष्ठके क्रमसे) ॥ **समकाल**का उदाहरण–सह+चक्र+अम् (सू० ९८७) सचक्रम् (चक्रके समकाल) ॥ **सदृशवाची**का उदाहरण–सह+सखि+सु (सू० ९८७ । २७१) ससखि (मित्रके सदृश) ॥ **सम्पत्ति**का उदाहरण–सह+क्षत्र+अम् = सक्षत्रम् (क्षत्रियोंकी पूर्णता) ॥ **समग्रता**का उदाहरण–सह+तृण+अम् = सतृणम् (अत्ति) (तृणसहित खाता है) ॥ **अन्तवाचक**का उदाहरण–सह+अग्नि+सु(सू० ९८७ । २७१ । ५३) साग्नि (अग्निप्रतिपादक ग्रन्थपर्यन्त वेद पढता है) ॥

९८८ नदीभिश्च । २ । १ । २० ॥

नदीभिः सह सख्या वा समस्यते । समाहारे चायमिष्यते । पञ्चानां गङ्गानां समाहारः पञ्चगङ्गम् । द्वियमुनम् ॥

नदी-वाचक शब्दोंके साथ संख्यावाचक शब्दोंका विकल्प करके समास किया जाता है । पतञ्जलिकी यह इच्छा है कि–यह सूत्र समाहार (सू० १०१९) हीमें लगे, अन्यत्र नहीं । पञ्च+गङ्गा+सु

(सू० २७०) पञ्चगङ्गम् (पांच गंगाका समुदाय) । द्वि+यमुना+सु (सू०२७०) द्वियमुनम् (दो यमुनाका समुदाय) ॥

९८९ तद्धिताः । ४ । १ । ७६ ॥

आ पञ्चमसमाप्तेरधिकारोऽयम् ॥

इस सूत्रसे लेकर अष्टाध्यायीके पञ्चम अध्यायकी समाप्तिपर्यन्त " तद्धित " इस पदका अधिकार है ॥

९९० अव्ययीभावे शरत्प्रभृतिभ्यः । ५ । ४ । १०७ ॥

शरदादिभ्यस्तद्धितः स्यात्समासान्तोऽव्ययीभावे । शरदः समीपमुपशरदम् । प्रतिविपाशम् ॥

अव्ययीभाव समासमें शरद्-आदिसे परे समासका अन्त अवयव टच (अ) प्रत्यय हो । उप+शरद्+अ+अम (सू० ९८५) उपशरदम (शरद ऋतुके समीप) । प्रति+विपाश्+अ+अम = प्रतिविपाशम (विपाशा नाम नदीके समीप) ॥ उप+जरा+अम ॥

९९१ जरायाः जरश्च । उपजरसम् । इत्यादि ॥

जरा-शब्दके स्थानमें जरस आदेश हो उप+जरस+अम = उपजरसम (वृद्धावस्थाके समीप) ॥

९९२ अनश्च । ५ । ४ । १०८ ॥

अन्तात्तदव्ययीभावाट्टच् स्यात् ॥

जिसके अन्तमें ' अन ' हो ऐसे अव्ययीभाव समाससे परे टच (अ) प्रत्यय हो । उप+राजन+अ ॥

९९३ नस्तद्धिते । ६ । ४ । १४४ ॥

नान्तस्य भस्य टेर्लोपस्तद्धिते ॥

नकारान्त भ-(सू० १८६) संज्ञक शब्दकी टि-(सू० ४९) का लोप हो, तद्धित प्रत्यय (सू० ९८९) परे रहने । उप+राज्+अ+अम = उपराजम (राजाके समीप) । अधि+आत्मन्+अ = अधि+आत्म+अ+अम = अध्यात्मम (आत्मामें) ॥

१ यह स्थान 'पचगगा' नामसे प्रसिद्ध है, और काशीस्थ माधवरायके घाटके निकट है।

९९४ नपुंसकादन्यतरस्याम् । ५ । ४ । १०९ ॥

अत्रान्त यत् क्लीबं तदन्तादव्ययीभावाट्टच् वा स्यात् ॥

जिसके अन्तमें 'अन्' हो ऐसा नपुंसकलिंग जिसके अन्तमें हो तिस अव्ययीभावसमाससे परे टच्-(अ) प्रत्यय विकल्पसे हो । उप+चर्मन्+अ+अम् (सू० ४९) उपचर्मम्, उपचर्म (सू० २७१) (चमडेके समीप) ॥

९९५ झयः । ५ । ४ । ११९ ॥

झयन्तादव्ययीभावाट्टच् वा स्यात् ॥

जिसके अन्तमें झय्-प्रत्याहारका कोई अक्षर हो तिस अव्ययीभाव समाससे परे टच्-(अ) प्रत्यय विकल्पसे हो । उप+समिध्+अ+अम् = उपसमिधम्, उपसमित (सू० १६६) (समिधाके समीप) ॥

॥ अव्ययीभावसमासः सम्पूर्णः ॥

अथ तत्पुरुषसमासः ।

९९६ तत्पुरुषः । २ । १ । २२ ॥

अधिकारोऽयम् प्राग्बहुव्रीहेः ॥

बहुव्रीहि (सू० १०४९) समाससे पहले तक 'तत्पुरुष' पदका अधिकार है ॥

९९७ द्विगुश्च । २ । १ । २३ ॥

द्विगुरपि तत्पुरुषसंज्ञकः स्यात् ॥

द्विगु-नामवाला (सू० १०१८) समासभी तत्पुरुष-(सू० ९९६) संज्ञक हो ॥

९९८ द्वितीयाश्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः । २ । १ । २४ ॥

द्वितीयान्तं श्रितादिप्रकृतिकैः सुबन्तैः सह वा समस्यते । कृष्णं श्रितः-कृष्णश्रितः । इत्यादि ॥

श्रित (जिसने आश्रयण किया), अतीत (जो अतिक्रमण कर आगे गया), पतित (जो गिर पडा), गत (जो गया), अत्यस्त (जो उल्लंघन कर गया), प्राप्त (जो पहुँच गया) और आपन्न (जो प्राप्त हुआ) इन सुबन्त प्रकृतियोंके साथ द्वितीयान्तका समास विकल्प करके हो । कृष्णम्+श्रितः = कृष्णश्रितः (जिसने कृष्णका आश्रयण किया) इत्यादि जानना ॥

९९९ तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन । २ । १ । ३० ॥

तृतीयान्तं तृतीयान्तार्थकृतगुणवचनेनार्थेन च सह वा समस्यते । शङ्कुलया खण्डः-शङ्कुलाखण्डः । धान्येनार्थो धान्यार्थः । तत्कृतेति किम् ? अक्ष्णा काणः ॥

तृतीयान्तके अर्थसे जिस गुणको सम्पादन किया जाय तिस गुणके वाचक शब्दके साथ और अर्थ-शब्दके साथ तृतीयान्तका विकल्प करके समास होय । शङ्कुलया+खण्डः = शङ्कुलाखण्डः (सरौतेसे किया गया खण्ड) । धान्येन+अर्थः = धान्यार्थः (धान्यसे प्राप्त हुआ अर्थ) । तृतीयान्तके अर्थसे जिस गुणको सम्पादन किया जाय यह कहनेसे-अक्ष्णा काणः (एक आंखसे काणा) इस उदाहरणमे समास न हुआ, क्योंकि-तृतीयान्त जो ' अक्ष्णा ' पद है सो काणत्वका सम्पादक नहीं है ॥

१००० कर्तृकरणे कृता बहुलम् । २ । १ । ३१ ॥

कर्तरि करणे च तृतीया कृदन्तेन सह बहुलं समस्यते ॥

कर्त्ता और करण अर्थमे जो तृतीयान्त सो कृदन्तके साथ बहुल (सू० ८३७) करके समासको प्राप्त होय । जैसे-हरिणा त्रातः, वा-हरित्रातः (हरिसे रक्षा किया गया) । नखैर्भिन्नः, वा-नखभिन्नः (नखोंसे विदीर्ण किया गया) ॥

कृदग्रहणे गतिकारकपूर्वस्यापि ग्रहणम् ॥

इस सूत्रमें 'कृता' के ग्रहण करनेसे गति (सू० २३३) और कारक (सू० ९१९) जिस कृदन्तके पूर्व हो तिसकाभी ग्रहण कि-

या जाता है । जैसे-नखैः+निर्भिन्नः = नखनिर्भिन्नः (नखोंसे सम्पूर्ण फाडा गया) ॥

१००१ चतुर्थी तदर्थार्थबलिहितसुखरक्षितैः । २ । १ । ३६ ॥

चतुर्थ्यन्तार्थाय यत्तद्वाचिना अर्थादिभिश्च चतुर्थ्यन्तं वा प्रागयत् । यूपाय दारु यूपदारु । तदर्थेन प्रकृतिविकृतिभाव एवेष्टः । तेनेह न । स्रुघ्नाय स्थाली ॥

अर्थ (निमित्त), बलि (बलिदान), हित (उपकारक), सुख (सुख), रक्षित (रक्षा किया हुआ) इन शब्दोंके साथ और चतुर्थ्यन्तके लिये जो हो तिसके वाचक शब्दके साथ चतुर्थ्यन्तका विकल्प करके समास हो । यूपाय दारु = यूपदारु (यज्ञस्तम्भके लिये लकडी) । चतुर्थ्यन्तके लिये जो हो तिसके वाची शब्दके साथ ऐसा कहनेसे यह इष्ट है कि-जो चतुर्थ्यन्तके लिये (वस्तु) हो, उसका विकार होता हो, जैसे-यूप-(स्तंभ) के लिये दारु-(लकडी) का विकार होता है । इसीकारण-स्रुघ्नाय स्थाली (पकानेके लिये बटलोयी), इस उदाहरणमे समास नही होता कारण कि-जैसे लकडी विकार (रूपान्तर) होकर स्तम्भ होता है, इस प्रकार बटलोयीका रूपान्तर पकानेसे नही होता ॥

१००२ (अर्थेन नित्यसमासो विशेष्यलिङ्गता चेति वक्तव्यम्) ॥ द्विजार्थः सूपः । द्विजार्था यवागूः । द्विजार्थं पयः ॥

अर्थ-शब्दके साथ चतुर्थ्यन्त सुबन्तका समास नित्य हो और विशेष्यका लिङ्ग हो यह कहना चाहिये । द्विजार्थः सूपः (ब्राह्मणके लिये दाल) । द्विजार्था यवागूः (ब्राह्मणके लिये लपसी) । द्विजार्थं पयः (ब्राह्मणके लिये दूध) ॥ जो सू० १००१ में और

५ जो गुण प्रकाश करनेवाला वस्तु हो उसे विशेषण कहते है, और जिसका गुण प्रकाश किया जाय उसे विशेष्य कहते है । जैसे 'सुन्दर बालक' यहा 'बालक' विशेष्य और 'सुन्दर' विशेषण है । और उक्त उदाहरणोंमे जो जिस रूप आदिका है वोही लिंग अर्थ शब्दके साथ समस्यमान पदका है ।

शब्द लिखे थे अब उनके समासके उदाहरण लिखते हैं । भूतबलिः (भूतोंके लिये बलिदान) । गोहितम (गौके लिये उपयोगी) । गोसुखम (गौके लिये सुखदायक) । गोरक्षितम (गौके लिये रक्षा किया हुआ) । यदि इनका समास न किया जाय तो ' भूतेभ्यो बलिः ' ऐसा विग्रह होगा ॥

१००३ पञ्चमी भयेन । २ । १ । ३७ ॥

भय-शब्दके साथ पञ्चम्यन्तका समास हो चोराद्भयम = चोरभयम (चोरसे भय) ॥

१००४ स्तोकान्तिकदूरार्थकृच्छ्राणि क्तेन । २ । १ । ३९ ॥

स्तोक (थोडा), अन्तिक (निकट), दूर (दूर) यह शब्द और इन शब्दोंके अर्थमें जो शब्द होवे तथा पञ्चम्यन्त कृच्छ्र-(दुःखवाचक) शब्द इनका क्त (प० ८८१) प्रत्ययान्तके साथ समास हो । स्तोकान्मुक्तः ॥

१००५ पञ्चम्याः स्तोकादिभ्यः । ६ । ३ । २ ॥

[अलुगुत्तरपदे ॥

उत्तर पद पर रहते स्तोक आदि-(प० १००४) शब्दोंसे पर पञ्चमीका लुक् (प० ७८१) न होय । स्तोकान्मुक्तः (प० १८४) (थोडेसे छूटा) । अन्तिकात् आगतः = अन्तिकादागतः (निकटसे आया) । अभ्यासादागतः (समीपसे आया) । दूरात् आगतः = दूरादागतः (दूरसे आया) । कृच्छ्रात् आगतः = कृच्छ्रादागतः (दुःखसे आया) ॥

१००६ षष्ठी । २ । २ । ८ ॥

सुबन्तेन प्रायेण ॥

सुबन्तके साथ षष्ठ्यन्तका समास विकल्प करके हो । राज्ञः पुरुषः = राजन् पुरुषः (प० २०१) राजपुरुषः (राजाका पुरुष) ॥

१००७ पूर्वापरधरोत्तरमेकदेशिनैकाधिकरणे । २ । १ । १ ॥

अवयविना सह पूर्वादयः समस्यन्ते एकत्वसङ्ख्याविशिष्टश्चेदवयवी । षष्ठी-समासापवादः ॥

पूर्व (पहिला-अगला भाग), अपर (पिछला भाग), अधर (नीचेका भाग), उत्तर (पिछला भाग) इन शब्दोंका एकत्व संख्या-(गणना) विशिष्ट अवयवीके साथ विकल्प करके समास होता है । यह षष्ठीसमास (सू० १००६) का अपवाद है । पूर्व कायस्य = पूर्वकायः (सू० ९८२ । ९८३ (शरीरका पूर्वभाग = शिर) । अपरकायः (शरीरका पिछला भाग) ॥

एकाधिकरणे किम् ? पूर्वश्छात्राणाम् ॥

एकत्व-संख्याविशिष्ट अवयवीके साथ ऐसा कहनेसे ' पूर्वश्छात्राणाम् ' इस उदाहरणमें समास नहीं हुआ, कारण कि–अवयवी (छात्राणाम) एकवचनान्त नहीं, किन्तु–बहुवचनान्त है ॥

१००८ अर्धं नपुंसकम् । २ । २ । २ ॥

समाशान्त्यर्थशब्दो नित्यं क्लीबे प्रायेण ॥

आधा-(समांश) वाची अर्ध-शब्द नित्य नपुंसकलिङ्गमें हो, उसका सुबन्तके साथ विकल्प करके समास हो । अर्धं पिप्पल्याः–अर्धपिप्पली (आधी पीपल) ॥

१००९ समर्थो शौण्डः । २ । १ । ४० ॥

समस्यन्ते शौण्डादिनि. प्रायेण ॥

शौण्डादिगण-पठित सुबन्तोंके साथ समस्यन्तका समास विकल्पसे हो । अक्षेषु शौण्डः = अक्षशौण्डः (पाशोंमे निपुण) ॥

द्वितीया तृतीयेत्यादियोगविभागादन्यत्रापि तृतीयादिविभक्तीनां प्रयोग-वशात्समासो ज्ञेयः ॥

यह नियम है कि–उक्त (सू० ९९८ । ९९९ । १००१ । १००३ । १००९) इन सूत्रोंमे जो शब्द परिगणित हैं उनके साथ द्वितीयान्त तृतीयान्त आदिकोंका समास हो, परन्तु–गिने शब्दोंसे भिन्नभी पदोंके साथ समासकी आवश्यकता (जरूरत) होती है

इस कारण—द्वितीया तृतीया आदि पदोंको अपने २ सूत्रोंमें योगविभाग करनेसे द्वितीयान्त तृतीयान्त आदिकोंका औरोंके साथभी समास हो ऐसा जानना चाहिये ॥

१०१० दिक्संख्ये संज्ञायाम् । २ । १ । ५० ॥

पूर्वेषुकामशमी । सप्तर्षयः । संज्ञायामेवेति नियमार्थं सूत्रम्, तेनेह न—उत्तरा वृक्षाः पञ्च ब्राह्मणाः ॥

दिशा-वाचक तथा संख्या-वाचक सुबन्तके समान अधिकरणवाले सुबन्तके साथ संज्ञा-अर्थमें समस्यमान हो । पूर्वेषुकामशमी (पूर्व-वाला इषुकामशमी ग्राम) । सप्तर्षयः (सात ऋषि) । यह सूत्र नियमसे संज्ञा-अर्थहीमें लगता है,इसकारण यहां नहीं लगता—उत्तरा वृक्षाः (उत्तरवाले वृक्ष) । पञ्च ब्राह्मणाः (पांच ब्राह्मण) । 'उत्तरा वृक्षाः' और 'पञ्च ब्राह्मणाः' यह किसीकी संज्ञा (नाम) नहीं है ॥

१०११ तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च । २ । १ । ५१ ॥

तद्धितार्थविषये उत्तरपदे च परत समाहारे च, वाच्ये दिक्संख्ये स प्राग्वत् ॥

जब तद्धित (म० १८९) प्रत्ययके अर्थकी विषयता हो वा उत्तर पद परे हो अथवा समाहार वाच्य होय तो दिशावाचक और संख्यावाचक शब्दोंका विकल्प करके समास हो । पर्वस्यां शालायां भवः जब इन पदोंका समास होता है तब 'भव' शब्दको तद्धितकी विषयता रहती है, क्योंकि—भव-रूप अर्थमें जो 'अ' प्रत्यय (म० १०१३) है सो समास होनेके अनन्तर आता है फिर समास होकर पर्वशाला (म० ७८१) ऐसा रूप होता है, फिर—॥

१०१२ (सर्वनाम्नो वृत्तिमात्रे पुंवद्भावः) ॥

पांचो वृत्ति-(म० १७८) योंमेंसे किसीभी वृत्तिमें सर्वनाम हो तो उसका पुंल्लिंगकी समान रूप हो । महामति श्रीपतञ्जलि मुनिके

कहनेसे ' पूर्वा ' में जो स्त्रीलिंगका चिन्ह ' आ ' है, उसे निकाल दिया जाता है । पूर्व+शाला ॥

१०१३ दिक्पूर्वपदादसंज्ञायां ञः । ४ । २ । १०७ ॥

अस्माद्भवार्थे ञः स्यादसंज्ञायाम् ॥

दिशा-वाचक शब्द पूर्वपद हो तब समास किये हुए पदसे परे भव आदि अर्थोंमें ञ प्रत्यय हो, यदि समास किया हुआ पद किसीकी संज्ञा (नाम) न हो तौ । पूर्व+शाला+ञ (मु० १४९) ॥

१०१४ तद्धितेष्वचामादेः । ७ । २ । ११७ ॥

ञिति णिति च तद्धितेष्वचामादेरचो वृद्धिः स्यात् ॥

ञित् वा णित् तद्धित-संज्ञक प्रत्यय हो तौ अचोंमें पहिले अच्-कू वृद्धि हो । पौर्व+शाला+अ (मु० २६२) पौर्व+शाल्+अ+सु = पौर्वशालः (जो पूर्व शालामें हुआ) ॥

पञ्च गावो धनं यस्येति त्रिपदे बहुव्रीहौ ॥

' पञ्च गावः धनं यस्य ' इस उदाहरणमें तीनों पद बहुव्रीहि (मु० १०४९) समासके हैं, उसमें वक्ष्यमाण वार्त्तिक (मु० १०५१) लगता है ॥

१०१५ (द्वन्द्वतत्पुरुषयोरुत्तरपदे नित्यसमासवचनम्) ॥

उत्तरपद परे रहते द्वन्द्व (मु० १०६९) और तत्पुरुष (मु० ९९६) नित्य हों । पञ्च+गो+धनः ॥

१०१६ गोस्तद्धितलुकि । ५ । ४ । ९२ ॥

गोन्तात्तत्पुरुषाट्टच् स्यात्समासान्तो नतु तद्धितलुकि ॥

जिसके अन्तमें गो हो तिस तत्पुरुषसे परे तद्धित-संज्ञक टच् प्रत्यय समासका अन्त अवयव हो, यदि तद्धित-प्रत्ययका लुक् न हुआ हो तौ । पञ्च+गो+अ+धनः (मु० २७) पञ्चगवधनः (जिसका पांच गौ धन हों) ॥

१०१७ तत्पुरुषः समानाधिकरणः कर्मधारयः । १ । २ । ४२ ॥

जिस तत्पुरुष (सू० १ । २ । ६) समासके पद समान अधिकरणवाले अर्थात्–एकही पदार्थको कहते हों, तिस (तत्पुरुष) की कर्मधारय संज्ञा हो ॥

१०१८ संख्यापूर्वो द्विगुः । १ । २ । ५२ ॥

तद्धितार्थेऽर्थयोरुक्तविषयः समासः संख्यापूर्वो द्विगुसंज्ञः स्यात् ॥

जिस समासके पहले संख्यावाचक शब्द हो और वोह समास सू० १०११ के तीन प्रकाशोंमेंसे कोई हो तो उसकी द्विगु संज्ञा होय॥

१०१९ द्विगुरेकवचनम् । २ । ४ । १ ॥

द्विगुरर्थे समाहारे एकवच्चस्यात् ॥

जिस समाहारका द्विगु (सू० १०१८) समासमें प्रकाश किया जाय उसमें पर एकवचन हो ॥

१०२० स नपुंसकम् । २ । ४ । १७ ॥

समाहारे द्विगुद्वन्द्वौ नपुंसकलिङ्गप्रत्ययौ स्यात् ॥

समाहार-अर्थमें द्विगु (सू० १०१८) और द्वन्द्व (सू० १०६०) समासमें परे नपुंसकलिङ्गप्रत्यय हो । पञ्चानां गवां समाहारः = पञ्च-गो-अ-अम् (सू० १०१६ । २७) पञ्चगवम् (पांच गायोंका समह) ॥

१०२१ विशेषणं विशेष्येण बहुलम् । २ । १ । ५७ ॥

नीलम् नीलेन समानाधिकरणेन बहुलं प्राप्नोति । नीलमुत्पलम् नीलोत्पलम् । बहुलग्रहणात् क्वचिन्नित्यम् कृष्णसर्पः । क्वचिन्न रामो जामदग्न्यः ॥

विशेष्यके साथ विशेषणका बहुल (सू० ८३७) करके समास हो । नीलम् उत्पलम् (सू० ७८१) नीलोत्पलम् (नीलकमल) । बहुलग्रहणसे यह आशय है कि–कहीं तो समास नित्यही हो, जैसे–कृष्णसर्पः (काला सर्प) । और कहीं २ न हो, जैसे–रामो जामदग्न्यः (राम जो कि–जमदग्निके पुत्र) अर्थात्–परशुराम ॥

१०२२ उपमानानि सामान्यवचनैः । २ । १ । ५५ ॥

सामान्यवचनोंके साथ उपमानवाचक शब्दोंका समास हो । घन इव श्यामः = घनश्यामः (मेघके समान श्याम) ॥

१०२३ (शाकपार्थिवादीनां सिद्धये उत्तरपदलोपस्योपसंख्यानम्) ॥

'शाकपार्थिव' आदि समासरूप शब्दोंकी सिद्धिके लिये उत्तरपदका लोप हो ऐसा जानना चाहिये । शाकप्रियः पार्थिवः = शाकपार्थिवः (जिस राजाको खङ्गमुष्टि प्रिय हो) । यहां 'प्रिय' उत्तरपदका लोप हुआ है । देवपूजको ब्राह्मणः = देवब्राह्मणः (देवतापूजक ब्राह्मण) ॥

१०२४ नञ् । २ । ३ । ६ ॥

नञ् सुपा सह समस्यते ॥

सुबन्तके साथ नञ्-अव्ययका समास हो । न+ब्राह्मणः ॥

१०२५ नलोपो नञः । ६ । ३ । ७४ ॥

नञो नस्य लोप उत्तरपदे ॥

नञ्-अव्ययके नकारका लोप हो, उत्तरपद परे रहते, अर्थात्—'अ' शेष रहे । अब्राह्मणः (जो ब्राह्मण न हो = द्विजबन्धु) ॥ न अश्वः—न+अश्वः (सू० १०२५) अ+अश्वः ॥

१०२६ तस्मान्नुडचि । ६ । ३ । ७५ ॥

लुप्तनकारात्तत्र उत्तरपदस्याजादेर्नुडागमः स्यात् ॥

जिसके नकारका लोप हो गया हो ऐसे नञ्-से परे जो अजादि पद तिसे नुट् (न) का आगम हो । अ+न्+अश्वः = अनश्वः (जो अश्व न हो) ॥

१ जिससे उपमा दी जाती है वोह उपमान कहाता है, और जिसकी उपमा दी जाती है वोह उपमेय कहाता है, जो धर्म उपमान और उपमेयमें सामान्य रहता है उसके वाचकको सामान्यवाचक कहते हैं जैसे "बालाका मुख चन्द्रमाकी समान सुन्दर है" यहां मुख उपमेय और चन्द्रमा उपमान है, और सुन्दरता सामान्यधर्म तद्वाचक 'सुन्दर' शब्द सामान्यवाचक है ।

नैकधेत्यादौ तु नञ्शब्देन सह सुप्सुपेति समासः ॥

'न एकधा' इत्यादि उदाहरणोंमें तो भिन्न-भिन्न 'न' के साथ सू० ९७८ से समास होता है। इसीकारण 'न' का लोप (सू०१०२५) नहीं होता। न+एकधा (सू०४१७। ३९) नैकधा (एक प्रकारसे नहीं) ॥

१०२७ ऊर्यादिच्विडाचश्च। १। ४। ६१ ॥

ऊर्यादयश्च्यन्ताश्च क्रियायोगे गतिसंज्ञाः स्युः ॥

ऊरी-आदि गणपठित शब्द और च्वि (सू०१३५५) प्रत्ययान्त शब्द तथा डाच (सू० १३६२) प्रत्ययान्त शब्द क्रियाके योगमें गतिसंज्ञक हों ॥

१०२८ कुगतिप्रादयः। २। २। १८ ॥

एते समर्थेन नित्यं समस्यन्ते ॥

कु-शब्द (सू० ४१३) और गति-संज्ञक (सू० २२३।१०२७) तथा अ-आदि (सू०४५) शब्द इनका एकार्थीभावके योग्य शब्दोंके साथ नित्य समास हो। कुत्सितः पुरुषः=कु+पुरुषः=कुपुरुषः (कुत्सित मनुष्य)। ऊरी+कृत्य (सू०१०२७। ९५५) ऊरीकृत्य (अङ्गीकार करके)। शुक्ली+कृत्य (सू० १३५५) (श्वेत करके)। पटत्-पटत्+आ (डाच)-कृत्य (सू० २६९) पटपटाकृत्य(पटत् २ शब्द करके)। सु-पुरुष (सू० १०२८। ४५) सुपुरुषः (सुन्दर पुरुष) ॥

१०२९ (प्राग्यो गताद्यर्थे प्रथमया) ॥

प्र-आदि (सू० ४५) उपसर्गोंका गत इस शब्दके अर्थमें अथवा गत-शब्दके समान शब्दोंके अर्थमें प्रथमान्तके साथ समास हो। प्रगत आचार्यः=प्र+आचार्यः (सू० ५३) प्राचार्यः (कुलपरम्परासे प्राप्त आचार्य) ॥

१०३० (अत्याद्यः क्रान्ताद्यर्थे द्वितीयया) ॥

अति-आदि उपसर्ग उल्लंघन आदि अर्थमें अथवा क्रान्त-शब्दोंके

तुल्य शब्दोंके अर्थमें द्वितीयान्तके साथ समासकू प्राप्त होय । 'अतिक्रान्तो मालाम् ' इस विग्रहमें—॥

१०३१ एकविभक्ति चापूर्वनिपाते । १ । २ । ४४ ॥

विग्रहे यन्नियतविभक्तिक तदुपसर्जनसञ्ज्ञ स्यात्तु तस्य पूर्वनिपातः ॥

विग्रहमें जो नियतविभक्ति (एकही विभक्तिवाला) हो तिसकी उपसर्जनसंज्ञा तौ हो, परन्तु उसका पूर्व प्रयोग (सू० ९८३) न हो । अति+माला+सु ॥

१०३२ गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य । १ । २ । ४८ ॥

उपसर्जन यो गोशब्दः स्त्रीप्रत्ययान्त च तदन्तस्य प्रातिपदिकस्य ह्रस्वः स्यात् ॥

जिस प्रातिपदिकका अन्त अवयव उपसर्जन संज्ञक गो-शब्द हो अथवा—स्त्रीप्रत्ययान्त (सू० १३६९) हो, तिसे ह्रस्व होय । अति+माल+सु = अतिमालः (जिसने मालाको अतिक्रमण किया) ॥

१०३३ (अवादयः क्रुष्टाद्यर्थे तृतीयया) ॥

अव-आदि उपसर्ग क्रुष्ट-(बुलाना) अर्थमें वा इसके समान शब्दोंके अर्थमें तृतीयान्तके साथ समासकू प्राप्त हो । अवक्रुष्टः कोकिलया = अव+कोकिला+सु (सू० १०३२) अवकोकिलः (कोकिलाद्वारा बुलाया गया) ॥

१०३४ (पर्यादयो ग्लानाद्यर्थे चतुर्थ्या) ॥

परि-आदि उपसर्ग ग्लान-(ग्लानियुक्त) अर्थमें अथवा इसके सदृश अर्थमें चतुर्थ्यन्तके साथ समासकू प्राप्त हो । परिग्लानोऽध्ययनाय = परि+अध्ययनः (सू० २९) पर्यध्ययनः (अध्ययनके अर्थ ग्लानियुक्त) ॥

१०३५ (निरादयः क्रान्ताद्यर्थे पञ्चम्या) ॥

निर्-आदि उपसर्ग क्रान्त-(गया) अर्थमें तथा इसके तुल्य-अर्थमें पंचम्यन्तके साथ समासकू प्राप्त हो । निष्क्रान्तः कौशाम्ब्याः =

निर्+कौशाम्बी (सू० १०३२ । ११३ । ११७ । १७०) निष्कौशाम्बिः (जो कौशाम्बी नगरीसे निकला हो) ॥

१०३६ तत्रोपपदं सप्तमीस्थम् । ३ । १ । ९२ ॥

सप्तम्यन्ते पदे कर्मण्यित्यादौ वाच्यत्वेन स्थिते यत् कुम्भादि तद्वाचक पदमुपपदसंज्ञ स्यात् ॥

कर्मणि (सू० ८७९) इत्यादि सप्तम्यन्त पदोंमें वाच्यमान जो ' कुम्भ ' आदि अर्थ तिनके वाचक पद उपपद संज्ञक हो ॥

१०३७ उपपदमतिङ् । २ । २ । १९ ॥

उपपद सबन्त समर्थेन नित्य समस्यते अतिङन्तेनाथ समासः । कुम्भं करोतीति कुम्भकारः । अतिङ् किम् ? मा भवान् भूत् । माङि लुङिति समासनिषेधान्मा उपपदम् । मतिकारकोपपदानां कृद्भि सह समासवचनं प्रायेण सुबुत्पत्तेः । व्याघ्री । अश्वक्रीतो । इत्यादीन्यदि ॥

उपपद-संज्ञक (सू० १०३६) सुबन्तका समर्थ-(एकार्थीभावके योग्य शब्द) के साथ नित्यसमास होय यह समास तिङन्तके साथ नहीं होय । कुम्भकारः (सू०८७९ । ७८१ । २०३) (कुम्हार)। तिङन्तके साथ न हो ऐसा कहनेसे ' मा भवान् भूत् ' (आप न होय) यहां समास न हुआ, क्योंकि-सू० ४८७ से सप्तमीनिर्देश होनेके कारण माङ्-की उपपद-(सू० १०३६) संज्ञा होती है । कृदन्तसे परे सुप्की उत्पत्तिके प्रथमही गति (सू०२२३ । १०२७), कारक (सू० ९५०) और उपपद (सू० १०३६) इन तीनोंका कृदन्तके साथ समास हो जाता है । व्याजिघ्रतीति = वि+आङ्+घ्रा (सू० ८५३ । ५३९ । १३९१) व्याघ्री (सिंही) । अश्वेन क्रीयते = अश्व+क्रीता (सू० १३९४) अश्वक्रीती (अश्वद्वारा मोल ली हुई) । कच्छे पिबति = कच्छ+पा (सू० ५३९ । १३९९) कच्छपी (कछुवी) ॥

१०३८ तत्पुरुषस्यांगुलेः संख्याव्ययादेः । ५ । ४ । ८६ ॥

सङ्ख्याव्ययादेरंगुल्यन्तस्य समासान्तोऽच् स्यात् ॥

जिस तत्पुरुष (सू० ९९६) समासके आदिमें संख्यावाचक शब्द हो अथवा अव्यय हो और अन्तमें अंगुली शब्द हो तिस (तत्पुरुष) का अन्त अवयव अच् होय । द्वे अंगुली प्रमाणमस्य = द्वि+अंगुली+अ (सू० २६२) द्व्यंगुलम (दो अंगुल प्रमाण) । निर्गतमंगुलिभ्यो = निर्+अंगुली+अ+अम् (सू० २६२) निरंगुलम् (जो अंगुलीसे निकल गया) ॥

१०३९ अहः सर्वैकदेशसंख्यातपुण्याच्च रात्रेः ।५।४।८७॥

एभ्योऽत्रेरच् स्याच्चात्संख्याव्ययादेः । अहग्रहण द्वन्द्वार्थम् ॥

अहन् (दिन), सर्व (सब), एकदेश (अवयव), संख्यात (गिना हुआ), पुण्य (पवित्र) इन शब्दोंसे परे यदि रात्रि शब्द हो तौ तिससे परे अच् प्रत्यय हो, चकारसे संख्यावाचक शब्द और अव्यय जिस रात्रिके आदिमें हो तिससेभी परे अच् (अ) प्रत्यय हो । और इस सूत्रमें अहन्-शब्द द्वन्द्व (सू० १०६९) समासके अर्थ है, क्योंकि-' अहन्+रात्रिः ' इसमें तत्पुरुष समासका होना सम्भव नहीं ॥

१०४० रात्राह्नाहाः पुंसि । २ । ४ । २९ ॥

एतदन्तौ द्वन्द्वतत्पुरुषौ पुस्येव ॥

जिसके अन्तमें रात्र (सू० १०३९) अथवा अह्न वा अह्न हों ऐसे द्वन्द्व (सू० १०६९) और तत्पुरुष (सू० ९९६) समास पुंल्लिङ्गमें हों । अहश्च रात्रिश्च = अहन्+रात्रि+अ (सू० ४०८।१२६। ३३ । २६२) अहोरात्रः (दिन और रात) । सर्वरात्रः (सम्पूर्ण रात) । संख्यातरात्रः (गिनी हुई रात) ॥

१०४१ संख्यापूर्वं रात्रं क्लीबम् । द्विरात्रम् । त्रिरात्रम् ॥

जिसके प्रथम संख्यावाचक शब्द हो ऐसा रात्र-शब्द नपुंसकलिङ्गमें हो । द्वि+रात्रि (सू० १०३९ । २६२) द्विरात्रम् (दो रातका समाहार) । त्रिरात्रम (तीन रातका समाहार) ॥

१०४२ राजाहःसखिभ्यष्टच्। ५। ४। ९१॥

एतदन्तात्तत्पुरुषाट्टच् स्यात्॥

राजन् (राजा), अहन् (दिन), सखि (मित्र) यह शब्द जिसके अन्तमें हों तिस तत्पुरुष (सू० ९९६) समाससे परे टच्-(अ) प्रत्यय होय। परम+राजन्+अ (सू० ९९३) परमराजः (प्रधान राजा)॥ महत्+राजन्+अ (सू० १०४२)॥

१०४३आन्महतः समानाधिकरणजातीययोः।६।३।४६॥

महत आकारोन्तादेशः स्यात्समानाधिकरणे उत्तरपदे जातीये च परे। महाराजः। प्रकारवचने जातीयर्। महाप्रकारः महाजातीयः॥

महत्-(बडा) शब्दको आकार अन्तादेश हो, समान अधिकरणवाला उत्तरपद परे रहते अथवा जातीयर् (जातीय) प्रत्यय परे रहते। महाराजः (सू० ९९३) (महाराज)। प्रकार-अर्थमें जातीयर् है, जैसे-महत्+जातीयः (सू०१०४३) महाजातीयः (बडे प्रकारवाला)॥ द्वौ च दश च=द्वि+दश॥

१०४४ द्वयष्टनः संख्यायामबहुव्रीह्यशीत्योः।६।३।४७॥

आन्स्यात्॥

द्वि और अष्टन्-शब्दको संख्यावाचक शब्द उत्तरपद परे रहते आ होय, यदि बहुव्रीहि (सू० १०४९) समास हो तौ अथवा अशीति-शब्द परे हो तो। द्वादश (बारह)। अष्टन्+विंशति=अष्टाविंशति (अट्ठाईस)॥

१०४५ परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः। २। ४। २६॥

एतयोः पदमेव लिङ्गं स्यात्॥

द्वन्द्व (सू० १०६२) और तत्पुरुष (सू० ९९६) समासका लिङ्ग परपद (उत्तरपद) के लिङ्गके अनुकूल हो। जैसे-कुक्कुटमयूर्यौ इमे (ये कुक्कुट और मयूरी)। मयूरीकुक्कुटौ इमौ (यह मयूरी और कुक्कुट)। अर्धपिप्पली (पीपलका आधा)॥

१०४६ (द्विगुप्राप्तापन्नालंपूर्वगतिसमासेषु प्रतिषेधो वाच्यः)॥

द्विगु (सू० १०१८) समासमें और प्राप्त आपन्न और अलम् यह जिसके प्रथम हों तिसमें तथा गतिसमास (सू० १०२८) में उत्तरपदके समान लिंग (सू० १०४५) न होय। पञ्चसु कपालेषु संस्कृतः = पञ्च+कपाल (सू० १०११) पञ्चकपालः पुरोडाशः (पांच कसेरोंमें पकाया हुआ पुरोडाश)। प्राप्तो जीविकां = प्राप्त-जीविकः, आपन्नजीविकः (जिसको जीविका प्राप्त हुई हो)। अलं कुमार्यै-अलंकुमारिः (सू० १०३२) (कुमारीके अर्थ समर्थ)। अतएव ज्ञापकात्समासः, अर्थात्-उक्त उदाहरणमें 'अलं' पूर्वक समासमें उत्तरपदके अनुकूल लिंगके निषेधविधानहीकी सामर्थ्यसे समास होता है। निष्कौशाम्बिः (कौशाम्बी नगरीसे निकला हुआ)॥

१०४७ अर्धर्चाः पुंसि च । २ । ४ । ३१ ॥

अर्धर्चादय शब्दाः पुसि क्लीवे च स्युः ॥

अर्धर्च-आदि गणपठित शब्द पुंल्लिंग और नपुंसकलिंगमें हों। अर्धर्चः, अर्धर्चम् (ऋचाका आधा) ॥

एष-ध्वज-तीर्थ शरीर-मण्डप-यूप देह-अङ्कुश-कलश-पात्र-सूत्रादयः ॥

इसी प्रकार-ध्वज (ध्वजा), तीर्थ (प्रयागराज आदि तीर्थ), शरीर (देह), मण्डप (यज्ञभवन), यूप (स्तम्भ), देह (शरीर), अंकुश (अंकुस), कलश (कलसा), पात्र (बासन), सूत्र (डोरा आदिक) इत्यादि शब्दभी पुंल्लिंग और नपुंसक लिंगमें होते हैं ॥

१०४८ सामान्ये नपुंसकम् ॥

सामान्य-अर्थकी विवक्षामें नपुंसकलिंग होता है। मृदु पचति (वोह कोमल पकाता है)। इस उदाहरणमें 'मृदु' शब्द सामान्य अर्थात्-किसी विशेषलिंग घटित पदार्थका विशेषण नहीं

१ यहां 'द्विगोर्लुगनपत्ये' इस सूत्रसे तद्धितप्रत्ययका लुक् होता है। यह सूत्र सिद्धान्तकौमुदीमें है।

है, इसकारण नपुंसकलिंग है । प्रातः कमनीयम् (प्रातःकाल रमणीक है) ॥

॥ तत्पुरुषसमासः समाप्तः ॥

अथ बहुव्रीहिसमासः ।

१०४९ शेषो बहुव्रीहिः । २ । २ । २३ ॥

अधिकरोऽयं प्राग्द्वन्द्वात् ॥

यहांसे लेकर द्वन्द्व-(सू० १०६९) समासके पर्वपर्यन्त 'बहुव्रीहि' इस पदका अधिकार है ॥ भाष्य-इस सूत्रके 'शेष' पदकी अनुवृत्ति केवल सू० ९१८ । १०५० हीमें होती है, कारण कि-द्वितीयान्तसे लेकर सप्तम्यन्तपर्यन्तका समास तो सू० ९१८ । ९९९ । १००४ । १००३ । १००५ । १००७ से उक्त है, अतः 'शेष' प्रथमान्त रहता है, और सू० १०५० भी केवल प्रथमान्तहीमें लगता है ॥

१०५० अनेकमन्यपदार्थे । २ । २ । २४ ॥

अनेकं प्रथमान्तमन्यस्य पदस्यार्थे वर्तमानं सत् समस्यते स बहुव्रीहिः ॥

अनेक प्रथमान्त-शब्द जो कि अन्यपदार्थ द्वितीयादि किसी पदके अर्थके लिये वर्तमान हो उनका विकल्प करके समास हो, और वह समास बहुव्रीहि संज्ञक हो ॥

१०५१ सप्तम्यविशेषणे बहुव्रीहौ । १ । २ । ३५ ॥

सप्तम्यन्तं विशेषणे बहुव्रीहौ स्यात् । अतएव ज्ञापकाद्व्यधिकरणपदो बहुव्रीहिः ॥

बहुव्रीहि-समासमें सप्तम्यन्त और विशेषणका पर्वप्रयोग होना है। इस सूत्रमें सप्तम्यन्तका पूर्व प्रयोग कहनेसे विदित होता है कि-कहीं प्रथमान्तसे भिन्न विभक्त्यन्तपदोंका भी बहुव्रीहि (सू० १०५०) समास होता है । कण्ठेकालः (सू० १०५१) ॥

१०५२ हलदन्तात्सप्तम्याः संज्ञायाम् । ६ । ३ । ९ ॥

हलन्ताददन्ताच्च सप्तम्या अलुक् ॥

संज्ञा-अर्थमें हलन्तसे और अदन्तसे परे सप्तमीका लुक् (सू० ७८१) न होय। कण्ठेकालः (जिनके कण्ठमें काला हो = महादेव) त्वचिसारः (जिसका सार त्वचामें हो = बांस) ॥

बहुव्रीहिसमासके अन्य उदाहरण।

तृतीयान्त बहुव्रीहि–प्राप्तमुदकं यं = प्राप्तोदको ग्रामः (जिसको जल प्राप्त हुआ हो वोह ग्राम) । **तृतीयान्त** बहुव्रीहि–ऊढो रथो येन = ऊढरथोऽनड्वान् (जिसने रथ उठाया हो वोह वृष) । **चतुर्थ्यन्त** बहुव्रीहि–उपहृतः पशुः यस्मै = उपहृतपशु रुद्रः (सू० ११३१। ११३२) (जिनके लिये पशु समर्पण किया हो वोह महादेव) । **पञ्चम्यन्त** बहुव्रीहि–उद्धृतं ओदनं यस्याः = उद्धृतौदना स्थाली (जिससे भात निकाल लिया हो वोह थाली) । **षष्ठ्यन्त** बहुव्रीहि–पीतं अम्बरं यस्य = पीताम्बरो हरिः (जिनके वस्त्र पीले हों वोह श्रीकृष्ण) । **सप्तम्यन्त** बहुव्रीहि–वीरः पुरुषकः यस्मिन् = वीरपुरुषको ग्रामः (जिसमे वीरपुरुष हों वोह ग्राम) ॥

१०५३ (प्रादिभ्यो धातुजस्य वाच्यो वा चोत्तरपदलोपः ॥

ऐसा कहना उचित है कि–प्रआदि (सू० ४५) से परे धातुज (धातुसे उत्पन्न हुआ शब्द) विकल्प करके समस्यमान हो, और समासपक्षमें विकल्पसे उत्तरपदका लोप हो। प्रपतितं पर्ण यस्मात् = प्रपर्णः, प्रपतितपर्णः (जिसके पत्ते गिर गये हों)। इस उदाहरणमें उत्तरपद ' पतित ' का विकल्पसे लोप हुआ है यहां ' प्र ' से परे ' पतित ' शब्दके समास करनेका यह अभिप्राय है कि–' पतित ' शब्दभी उत्तरपद कहाया, अन्यथा लोप नहीं होता ॥

१०५४ (नञोऽस्त्यर्थानां वाच्यो वा चोत्तरपदलोपः) ॥

यह कहना चाहिये कि नञ् (सू० १०२५) से परे विद्यमानता-

वाचक शब्द विकल्प करके समस्यमान हों, और समासपक्षमें विकल्पसे उत्तरपदका लोप होय। अविद्यमानः पुत्रो यस्य=अपुत्रः, अविद्यमानपुत्रः (जिसका पुत्र विद्यमान न हो)। यहां उत्तरपद 'विद्यमान' शब्दका विकल्पसे लोप हुआ है॥

१०५५ स्त्रियाः पुंवद्भाषितपुंस्कादनूङ् समानाधिकरणे स्त्रियामपूर्णीप्रियादिषु। ६। ३। ३४॥

उक्तपुंस्कादनूङ् ऊङोऽभावो यत्र तथाभूतस्य स्त्रीवाचकस्येव रूपं स्यात्समानाधिकरणे स्त्रीलिङ्गे उत्तरपदे नतु पूरण्यां प्रियादौ च परतः॥

जिस समासमें समानाधिकरण स्त्रीलिंग उत्तरपद हो और उसका पूर्वपद भाषितपुंस्क स्त्रीलिंग हो तथा तिसके परे ऊङ् (प्र०१४०३) प्रत्यय न हो तौ पुंवाचककी समानरूप हो जिस गणके आदिमें प्रियाशब्द हो तिसका कोई शब्द उत्तरपद परे हो तौ नहीं। यथा—चित्राः गावो यस्य=चित्रा+गो। इस उदाहरणमें उत्तरपद 'गो' शब्द स्त्रीलिंगवाचक है, और तिसके समानाधिकरण (सदृश विभक्तिवाला) 'चित्रा' शब्द है तिसका पुंवाचककी सदृश रूप(चित्र) होगा। चित्र-गो (प्र० १०३२। २७८) चित्रगु (जिसकी विचित्र गौ हो)। ऐसेही रूपवती भार्या यस्य=रूपवद्भार्यः (जिसकी स्त्री सुन्दर हो)॥

अनङ् किम्? वामोरूभार्यः॥

ऊङ् प्रत्यय परे न हो ऐसा कहनेसे—वामोरूभार्यः (जिसकी स्त्रीकी जंघा सुन्दर हो) यहां ऊङ् दीर्घ हुआ है, और पुंवद्भाव नहीं हुआ क्योंकि—यहां ऊङ् (प्र० १४०७) प्रत्यय होता है॥

कल्याणी पञ्चमी यासां स्त्रीणां ताः=कल्याणी+पञ्चमी॥

१०५६ अपूर्णीप्रमाण्योः। ५। ३। ११६॥

पूरणार्थप्रत्ययान्तं यत्स्त्रीलिङ्गं तदन्तात्प्रमाणयन्ताच्च बहुव्रीहेरप्यात्॥

जिसके अन्तमें पूरणार्थ प्रत्ययान्त स्त्रीलिंग हो अथवा प्रमाणी-

शब्द हो तिस बहुव्रीहि (सू० १०४९) से अप् प्रत्यय हो । कल्याणीपञ्चमाः रात्रयः (जिन रात्रियोंकी पांचमी रात्रि मंगलदायक हो) । इस उदाहरणमें ' पञ्चमी ' शब्द पूरणार्थ प्रत्ययान्त स्त्रीलिंग है, इस कारण ' कल्याणी ' शब्दमें पुंवद्भाव नहीं हुआ । स्त्री प्रमाणी यस्य = स्त्रीप्रमाणः (जिसकू स्त्री प्रमाण हो) ॥

अप्रियादिषु किम् ? कल्याणीप्रियः ॥

उक्त सूत्र-(सू० १०५५) में प्रिया-आदि गणपठित शब्दका निषेध करनेसे-कल्याणी प्रिया यस्य सः = कल्याणीप्रियः (जिसकी स्त्री मंगलदायक हो)। इस उदाहरणमें ' प्रिया ' शब्द परे रहते ' कल्याणी ' शब्दको पुंवद्भाव न हुआ ॥

१०५७ बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोः स्वाङ्गात्षच् । ५ । ४ । ११३ ॥

स्वाङ्गवाचिसक्थ्यक्ष्यन्ताद्बहुव्रीहेः षच् स्यात् ॥

जिसके अन्तमें सचेतन शरीरके अवयववाचक सक्थि (जंघा), अक्षि (आंख) इनमेंसे कोई शब्द हो तिस बहुव्रीहिसे परे षच्(अ) प्रत्यय हो । दीर्घसक्थः (जिसकी लंबी जंघा हों) । जलजाक्षी (सू० १३७३) (जिसके नेत्र कमलकी समान हो) ॥

स्वाङ्गात्किम् ? दीर्घसक्थि शकटम् । स्थूलाक्षा वेणुयष्टिः । " अक्ष्णोऽदर्शनात् " इत्यत्र वक्ष्यमाणोऽच् ॥

स्वांगवाची सचेतन सक्थि और अक्षिसे षचका विधान करनेसे दीर्घसक्थि शकटम (लम्बी फटोंवाला छकडा) और-स्थूलाक्षा वेणुयष्टिः (लम्बी आंख (गांठ) वाली वांसकी लाठी) इन उदाहरणोंमे षच् नहीं हुआ । पिछले हरणमें वक्ष्यमाण सू० १०७९ से अच्-प्रत्यय हुआ है ॥

१०५८ द्वित्रिभ्यां ष मूर्ध्नः । ५ । ४ । ११५ ॥

आभ्यां मूर्धन् ष स्याद्बहुव्रीहौ ॥

बहुव्रीहि-समासमें द्वि (दो) और त्रि (तीन) शब्दसे परे जो मूर्धन्-शब्द तिससे परे ष (अ) प्रत्यय हो । द्विमूर्धः (सू० ९९३)

(जिसके दो मस्तक हों = दुमुयी सर्प) । त्रिमूर्धः (जिसके तीन मस्तक हों, त्रिशिरा-राक्षस) ॥

१०५९ अन्तर्बहिर्याँ च लोम्नः । ५ । ४ । ११७ ॥

अभ्यां लोम्नोऽप् स्यादबहुव्रीहौ ॥

बहुव्रीहि-समासमें अन्तर और बहिससे परे जो लोमन-शब्द तिससे परे अप (अ) प्रत्यय हो । अन्तर् लोमन अ (म०९०३) अन्तर्लोमः (जिसके रोम भीतर हों) । बहिर्लोमः (जिसके रोम बाहर हों) ॥ व्याघ्रस्येव पादावस्य = व्याघ्र-पद ॥

१०६० पादस्य लोपोऽहस्त्यादिभ्यः । ५ । ४ । ११८ ॥

हस्त्यादिवर्जितादुपमानात्परस्य पादशब्दस्य लोपः स्याद्बहुव्रीहौ ॥

बहुव्रीहि-समासमें हस्ति-आदि शब्दोंको छोड़कर उपमानसे परे जो पाद शब्द तिसका लोप हो । व्याघ्र पात = व्याघ्रपात (म० २५) (जिसके चरण बघेरके चरणोंकी तुल्य हों) ॥

पादस्य किम् ? हस्तिवत्पादावस्य । हस्तिपद ॥

हस्ति-आदि शब्दोंको छोड़कर कहनेसे हस्तिपादः = हस्ति-पादः (जिसके पग हाथीके पदकी समान हों) । कुशलपादः (जिसके पद कुशलके तुल्य हों) ॥ द्वौ पादौ यस्य = द्विपाद ॥

१०६१ संख्यासुपूर्वस्य । ५ । ४ । ११९ ॥

पादस्य लोपः स्यात्समासान्तो बहुव्रीहौ ॥

बहुव्रीहिसमासमें जिसके पहिले संख्यावाचक शब्द हो अथवा जिसके पहिले सु हो तिस समासान्त पाद-शब्दका लोप हो । द्विपात (जिसके दो चरण हों) । सुपाद (जिसके सुन्दर चरण हों) ॥

१०६२ उद्विभ्यां काकुदस्य । ५ । ४ । १२० ॥

आभ्यां परस्य लोपः स्यात् ॥

उत् और वि-से परे जो काकुद-(तालुवा) शब्द तिसका लोप हो । उत्+काकुद = उत्काकुत (जिसका तालुआ ऊंचा हो) । विकाकुत (जिसका तालुआ बिगड़ा हो) ॥

१०६३ पूर्णाद्विभाषा । ५ । ४ । १४९ ॥

पूर्ण-शब्दसे परे काकुद-शब्दके अन्तका लोप (सू० १०६२) विकल्प करके हो । पूर्णकाकुत्, पूर्णकाकुदः (जिसका तालुवा पूर्ण हो)॥

१०६४ सुहृदुर्हृदौ मित्रामित्रयोः । ५ । ४ । १५० ॥

सुदुर्भ्यां परस्य हृदयस्य हृद्भावो निपात्यते ॥

सु और दुर् से परे हृदय-शब्दका हृद्रूप निपातन किया जाता है, अर्थात्-सुहृद् (मित्र), दुर्हृद् (अमित्र) शब्द मित्र और अमित्र वाचक निपातन किये जाते हैं । जैसे-सु+हृदय+सु (सू० १०६४। २००) सुहृत् (मित्र) । दुर् हृदय+सु = दुर्हृत् (शत्रु) ॥

१०६५ उरःप्रभृतिभ्यः कप् । ५ । ४ । १५१ ॥

समासान्त उरस्-आदि गणपठित शब्दसे परे कप् (क) प्रत्यय हो । व्यूढ+उर (:) स्+क ॥

१०६६ कस्कादिषु च । ८ । ३ । ४८ ॥

एतेषु उत्तरस्य विसर्गस्य योऽन्यस्य तु सः ॥

कस्कादि-गणमें इण्-प्रत्याहारसे परे जो विसर्ग तिनको ष हो, और अन्यविसर्ग (जो इण्-से परे न हो तिस) को स हो । व्यूढोरस्कः (जिसकी चौड़ी छाती हो) । प्रिय+सर्पि (:) स्+कः = प्रियसर्पिष्कः (जिसको घृत प्रिय हो) ॥

१०६७ निष्ठा । २ । २ । ३६ ॥

निष्ठान्तं बहुव्रीहौ पूर्वं स्यात् ॥

जिस शब्दके अन्तमें निष्ठा-(सू० ८८०) संज्ञक प्रत्यय हो वोह शब्द बहुव्रीहि समासमें पूर्व (पहले) होय । युक्तयोगः (जो योगाभ्यासमें युक्त हो) ॥

१०६८ शेषाद्विभाषा । ५ । ४ । १५४ ॥

अनुक्तसमासान्ताद्बहुव्रीहेः कप्वा स्यात् ॥

जिस समाससे परे समासान्तका विधान नहीं किया हो तिस

बहुव्रीहिसे परे विकल्प करके कप् (क) प्रत्यय हो । महा+यशस्+क = महायशस्कः, महायशाः (जिसका बड़ा यश हो) ॥

॥ बहुव्रीहिसमासः समाप्तः ॥

अथ द्वन्द्वसमासः ।

१०६९ चार्थे द्वन्द्वः । २ । २ । २९ ॥

स्वतन्त्र सुबन्त चार्थमें वर्त्तमान वा समर्थ सु द्वन्द्व । समुच्चयान्वाचयेतरेतरयोगसमाहारार्थेषु । तत्र ईश्वरं गुरुं च भजस्व इति परस्परनिरपेक्षयोरनेकक्रियान्वये समुच्चय । भिक्षामट गां चानय इति अन्यतरस्य प्रधानस्येतरान्वयेऽन्वाचय । अनयोरसामर्थ्यात्समासो न । धवश्च खदिरश्च धवखदिरौ इति भिन्नविभक्तीनामन्वय इतरेतरयोग । सज्ञापरिभाषम् इति । समृद्ध समासत्व ॥

चकारके अर्थमें वर्त्तमान जो अनेक सुबन्त वे विकल्प करके समर्थ (मान हो, और वोह समास द्वन्द्वसंज्ञक हो । च-कारके चार अर्थ है, समुच्चय १, अन्वाचय २, इतरेतरयोग ३, समाहार ४ इन्हीं चार अर्थोंमें चकार आता है । अनेक पदार्थ जो परस्पर निरपेक्ष (आकांक्षारहित) हो तिनका एक-क्रियामें जो अन्वय (सम्बन्ध) तिसको समुच्चय कहते है, जैसे-ईश्वरं गुरुं च भजस्व (ईश्वर और गुरुको भज) इस उदाहरणमें 'ईश्वर' और 'गुरु' परस्पर निरपेक्ष है, और 'भजस्व' इस एकही क्रियामें अन्वय है ॥ एक पदार्थका मुख्य और अन्यका अमुख्य अन्वय जो किसी दूसरे पदार्थमें हो उस अन्वयको अन्वाचय कहते है, जैसे-भिक्षामट गां चानय (भिक्षाको जाआ और गौको लाआ) इस उदाहरणमें 'भिक्षा' का मुख्य अन्वय है और 'गाय' का अमुख्य अन्वय है । समुच्चय और अन्वाचयमें समास नहीं होता, कारण कि-शब्दोंका आपसमें सुपा २ सम्बन्ध (प्र० ९७६) नहीं है । दो शब्दोंके सहितरूप संबंधको इतरेतरयोग कहते है, जैसे-धवश्च खदिरश्च = धवखदिरौ

छिन्धि (धव और खैरको काट) इस उदाहरणमें दोनोंका साथ काटनाही सहितरूप संबन्ध है ॥ अनेक पदार्थोंके समुदायको समाहार कहते हैं, जैसे—संज्ञा च परिभाषा च = संज्ञापरिभाषम (संज्ञा और परिभाषाका समुदाय) ॥ दन्तानां राजा = दन्त+राजा ॥

१०७० राजदन्तादिषु परम् । २ । २ । ३१ ॥

एषु पूर्वप्रयोगार्हं परं स्यात् ॥

राजदन्तादि गणमें जिसका प्रयोग पहले (सू० ९८३) होना चाहिये तिसका पर (पीछे) प्रयोग होय । राजदन्तः (दांतोंका राजा) । इस उदाहरणमें दन्त-शब्दका प्रयोग पहिले (सू० १००६) न हुआ ॥

१०७१ (धर्मादिष्वनियमः) ॥

जिस गणके आदिमें धर्म-शब्द हो तिसमें पूर्व प्रयोग (सू० १०७०) का नियम नहीं है । जैसे—अर्थधर्मौ, धर्मार्थौ (अर्थ और धर्म) इत्यादि ॥

१०७२ द्वन्द्वे घि । २ । २ । ३२ ॥

द्वन्द्वे घिसंज्ञं पूर्वं स्यात् ॥

द्वन्द्व-(सू० १०६९) समासमें घिसंज्ञक (सू० १०१) शब्दका पूर्वप्रयोग होय । हरिश्च हरश्च = हरिहरौ (विष्णु और महादेव) ॥

१०७३ अजाद्यदन्तम् । २ । २ । ३३ ॥

इदं द्वन्द्वे पूर्वं स्यात् ॥

जिस शब्दके आदिमें अच और अन्तमें ह्रस्व अकार हो उसकाभी द्वन्द्व (सू० १०६९) समासमें पूर्व प्रयोग हो । ईशश्च कृष्णश्च = ईशकृष्णौ (शिव और कृष्ण) ॥

१०७४ अल्पाच्तरम् । २ । २ । ३४ ॥

जिस शब्दमें अल्प (थोडे) अच् हों उसकाभी द्वन्द्व (सू०

१०६९) समासमें पूर्वप्रयोग हो । शिवश्च केशवश्च = शिवकेशवौ (शिव और केशव) ॥

१०७७ पिता मात्रा । ३ । २ । ७० ॥

मात्रा सहोक्तौ पिता स्यात् शिष्यते ॥

समासमें मातृ-शब्दके साथ प्रयोग किया हुआ पितृ शब्द विकल्प करके शेष रहे । माता च पिता च = पितरौ, मातापितरौ (माता और पिता) ॥

१०७८ द्वन्द्वश्च प्राणितूर्यसेनाङ्गानाम् । २ । ४ । २ ॥

एषां द्वन्द्व एकवद्भवति ॥

प्राणी (जीव), तूर्य (बाजा), सेना (फौज) इनके अवयववाचक शब्दोंका द्वन्द्वसमास एकवचनान्तकी तुल्य होय । पाणिपादम् (हाथ और पैर) । मार्दङ्गिकपाणविकम् (मृदङ्ग और ढोल बजानेवाला) । रथिकाश्वारोहम् (रथ और अश्वका चढ़नेवाला) ॥

१०७७ द्वन्द्वाच्चुदषहान्तात्समाहारे । ५ । ४ । १०६ ॥

चवर्गान्त तथा द-ष-ह यह जिसके अन्तमें हो ऐसे द्वन्द्व-(म० १०६०) समासमें परे टच् (अ) प्रत्यय हो समाहारमें । वाक् च त्वक् च = वाक्त्वक् + अ + अम् = वाक्त्वचम् (वाणी और त्वचाका समुदाय) । स्वक्स्रजम् (वकले और मालाका समुदाय) । शमीषदम् (शमी और पाषानका समुदाय) । वाक्त्विषम् (वाणी और कान्तिका समुदाय) । लेहोपानहम् (छाते और जूतेका समुदाय) ॥

समाहारे किम् ? प्रावृट्शरदौ ॥

समाहारमें टचुका विधान करनेसे प्रावृट्शरदौ (वर्षा ऋतु और शरद् ऋतु) यहां टच् न हुआ क्योंकि—यहां समाहार (समुदाय) नहीं है ॥

॥ द्वन्द्वसमासः समाप्तः ॥

अथ समासान्तप्रकरणम् ।

१०७८ ऋक्पूरब्धूःपथामानक्षे । ५ । ४ । ७४ ॥

ऋगाद्यन्तस्य समासस्य अप्रत्ययोऽन्तावयवः अक्षे या धूस्तदन्तस्य न ॥

ऋच् (वैदिक ऋचा), पुर् (नगर), अप् (जल), धुर् (भार), पथिन् (मार्ग) यह शब्द जिस समासके अन्तमें हों तिस (समास) का अन्तअवयव अ-प्रत्यय हो, परन्तु—जहां अक्ष (धुरी) में धुर् शब्द हो तिसका अन्तावयव अ-प्रत्यय न होय । अर्ध+ऋच्+अ = अर्धर्चः (ऋचाका आधा) । विष्णु+पुर्+अ+(अम) = विष्णुपुरम् (विष्णुलोक) । विमल+आप्+अ = विमलाः—सरः (निर्मल जल-वाला सरोवर) । राज+धुर्+अ (मू० १३६६) राजधुरा (राजा-संबंधी भार) । धुरीवाचक धुर-के उदाहरण, यथा—अक्ष+धुर्+सु (मू० २०० । ६६* । ११३) अक्षधूः (पहियेकी धुरी) । दृढ-धुर्+सु = दृढधूः—अक्षः (पुष्ट धुरीवाला पहिया) । सखि+पथिन्+अ (मू० ९९३) सखिपथः—देशः (जिस देशका मार्ग मित्र हो) । रम्य+पथिन्+अ (मू० ९९३) रम्यपथो देशः (रमणीक मार्ग-वाला देश) ॥

१०७९ अक्ष्णोऽदर्शनात् । ५ । ४ । ७५ ॥

अचक्षुःपर्यायाददर्शनोऽच् स्यात्समासान्तः ॥

अचक्षुके पर्यायवाची अर्थात्—जो चक्षु (नेत्र) का पर्याय-(प्रतिशब्द) वाची न हो ऐसे अक्षि-शब्दसे समासान्त अच् (अ) प्रत्यय हो । गवाक्षीव = गो+अक्षि+अ (मू० ६० । ९९३) गवाक्षः (गायोंकी आंखोंके सदृश झरोखा) । इस उदाहरणमें 'अ-क्षि' शब्द 'चक्षु' वाची नहीं है, अतएव अचक्षु पर्याय माना जाता है ॥

१०८० उपसर्गादध्वनः । ५ । ४ । ८५ ॥

उपसर्ग (सू० ४५) से परे जो अध्वन्-शब्द तिससे परे समासान्त अच् (अ) प्रत्यय होय । प्रगतोऽध्वानम् = प्र+अध्वन्+अ (सू० ९९३) प्राध्वो रथः (मार्गको पहुंचा हुआ रथ) ॥

१०८१ न पूजनात् । ५ । ४ । ६९ ॥

पूजनार्थात्परस्य समासान्तो न स्यात् ॥

स्तुति-अर्थवाचक शब्दोंसे परे जो शब्द तिनसे पर समासान्तरूप प्रत्यय (सू० १०४२) न होय । परन्तु—॥

१०८२ (स्वतिक्रामेव) ॥

उक्त निषेध सु और अति उपसर्गहीसे परे लगता है । जैसे—सु+राजन्-सु (सू०२०० । १९८ । २०१) सुराजा (भला राजा) । अतिराजा (सर्वोत्कृष्ट राजा) ॥

॥ समासान्तप्रकरणं समाप्तम् ॥

अथ तद्धिताः ।

१०८३ समर्थानां प्रथमाद्वा । ४ । १ । ८२ ॥

इदं पदत्रयमधिक्रियते प्राग्दिशो दृति यावत् ॥

इस सूत्रके तीनों पदोंका सू० १३०७ तक अधिकार है ॥ जिन शब्दोंसे एकार्थीभावकी विवक्षा हो उनमेंसे सूत्रोक्त शब्द-बोध्य जो अर्थ तद्वाचक शब्दसे परे तद्धित प्रत्यय किये पसे हो । इस सूत्रमें 'समर्थ' पद लिखनेका यह अभिप्राय है कि—जिस पदमें सन्धि तथा समासकार्य आदि संभव हो, वे पहिले हो जाय, तदनन्तर तद्धित प्रत्यय हो ॥

१०८४ अश्वपत्यादिभ्यश्च । ४ । १ । ८४ ॥

एभ्योऽण् स्यात्प्रातृ यत्र प्रत्ययेषु ॥

अश्वपति आदि गणपठित शब्दोंसे परे अष्टाध्यायीके क्रमसे सू० १२२३ से पहिलेके भिन्न २ प्रत्ययोंके अर्थमें अण (अ) प्रत्यय हो ॥

अश्वपति+अ (सू० १०१४ । २६२) आश्वपतम् (अश्वपति राजाकी सन्तान) इत्यादि । गणपति+अ = गाणपतम् (गणेशजीका सन्तान आदिक) ॥

१०८५ दित्यदित्यादित्यपत्युत्तरपदाण्ण्यः । ३।४।८५ ॥

दित्यादिभ्यः पत्युत्तरपदाच्च प्राग्दीव्यतीयेऽर्थेषु ण्यः स्यात् । अणोऽपवादः ॥

दिति, अदिति, आदित्य और जिसके अन्तमें पति-शब्द हो ऐसे शब्दोंसे परे प्राग्दीव्यति आदि अर्थोंमें ण्य (य) प्रत्यय होय । यह सूत्र अण्-(सू० १०८४) का अपवाद है । दितेरपत्यम् = दिति+य (सू० १०१४ । २६२) दैत्यः (दितिका सन्तान आदि) । अदितेरादित्यस्य वा = अदिति+य (सू० १०१४।२६२) आदित्यः (अदितिका सन्तान आदि) । आदित्य+य ॥

१०८६ हलो यमां यमि लोपः । ८ । ४ । ६४ ॥

हलः परस्य यमो लोपः स्याद्यमि ॥

हल्-प्रत्याहारसे परे जो यम्-प्रत्याहार तिसका लोप हो, यम परे रहते । आदित्+य = आदित्यः (आदित्यकी सन्तान आदि) । प्रजापति+अ (सू० १०१४ । २६२) प्राजापत्य (प्रजापतिका सन्तान आदि) ॥

१०८७ (देवाद्यञञौ) ॥

देव-शब्दसे परे यञ (य) तथा अञ् (अ) प्रत्यय हो । देव+य (सू० १०१४ । २६२) दैव्यम् . दैवम् (सू० २६२) (देवसे उत्पन्न हुआ इत्यादि) ॥

१०८८ (बहिषष्टिलोपो यञ्च) ॥

बहिष्-शब्दकी टि (सू० ४९) का लोप हो और यञ (य) प्रत्यय हो । बहिष्+य (सू० १०१४ । १०८८) बाह्यः (जो बाहर हो) ॥

१०८९ (ईकक् च) ॥

बहिष्-शब्दसे ईकक् (ईक) प्रत्यय हो और टि-(सू० ४९) का लोप हो। बह्+ईक ॥

१०९० किति च। ७। २। ११८॥

किति तद्धिते च आदेरचो वृद्धिः स्यात् ॥

कित्-तद्धित प्रत्यय परे रहते आदि-अचको वृद्धि हो। बाहीकः (जो बाहर हो) ॥

१०९१ (गोरजादिप्रसंगे यत्) ॥

गो-शब्दसे जहां अजादि-प्रत्यय प्राप्त हो तहां उन्हे बाधकर यत् (य) प्रत्यय हो। गो+य (सू० २०) गव्यम (जो गौमे उत्पन्न हो इत्यादि) ॥

१०९२ उत्सादिभ्योऽञ्। ४। १। ८६॥

उत्सादिगण-पठित शब्दोंसे परे अञ् (अ) प्रत्यय होय। उत्स+अ (सू० १०१४। २६२) औत्सः (उत्सका सन्तान आदि) ॥

॥ इत्यपत्यार्थादिविकारान्तार्थाः प्रत्ययाः ॥

सन्तान (सू० १०१४) आदि अर्थोंसे लेकर विकार (सू० १२१९) अर्थ पर्यन्त अर्थोंमे होनेवाले प्रत्यय समाप्त हुए ॥

१०९३ स्त्रीपुंसाभ्यां नञस्नञौ भवनात्। ४। १। ८७॥

भवनात् यावत् इत्यर्थः। आभिधेयैः स्त्रीपुंसाभ्यां क्रमात् नञ्स्नञौ स्तः ॥

इस सूत्रसे लेकर सू० १२६ के पहिले जितने अर्थोंमे प्रत्यय होते है उन्ही अर्थोंमे स्त्री और पुंस शब्दसे परे क्रमसे नञ् (न) और स्नञ् (स्न) प्रत्यय हो। स्त्री न (सू०१०१३।१०८) स्त्रैणः (स्त्रियोंमे जो होय इत्यादि) । पुंस स्न (सू० १०१४। २४) पौंस्नः (पुरुषोंमे जो हो इत्यादि) ।

१०९४ तस्यापत्यम्। ४। १। ९२॥

षष्ठ्यन्तात्कृतसन्धेः समर्थादपत्येऽर्थे उक्ता वक्ष्यमाणाश्च प्रत्यया वा स्युः ॥

जिस षष्ठ्यन्तपदमें सन्धि हुई हो और जोह तद्धित-प्रत्ययके अर्थके साथ एकार्थीभावसे मिल सके उससे परे उक्त (कहे गये) और वक्ष्यमाण (जो कहे जाँयगे) प्रत्यय अपत्य-अर्थमें विकल्प करके हों । उपगोरपत्यम् = उपगु+अ (सू० १०८४) ॥

१०९५ ओर्गुणः । ६ । ४ । १४६ ॥

उवर्णान्तस्य भस्य गुणस्तद्धिते ॥

उवर्णान्त भ-संज्ञक (सू० १८६) को गुण हो तद्धित-प्रत्यय परे रहने । उपगो+अ (सू० १०१४ । २७) औपगवः (उपगुऋषिका सन्तान) । आश्वपतः (सू० १०१४ । २६२) (अश्वपतिका सन्तान) । दैत्यः (दितिका सन्तान) । औत्सः (उत्सका सन्तान)। स्त्रैणः (स्त्रीका सन्तान) । पौंस्नः (पुरुषका सन्तान) ॥

१०९६ अपत्यं पौत्रप्रभृति गोत्रम् । ४ । १ । १६२ ॥

अपत्यत्वेन विवक्षित पौत्रादि गोत्रसंज्ञ स्यात् ॥

सन्तानत्वरूपसे वक्ताको इष्ट जो पौत्र-आदि सो गोत्र-संज्ञक हों । इसका फल—॥

१०९७ एको गोत्रे । ४ । १ । ९३ ॥

गोत्रे एक एवापत्यप्रत्ययः स्यात् ॥

गोत्र-संज्ञक (सू० १०९६) में एकही अपत्य-(सन्तान) अर्थक प्रत्यय होय । उपगोर्गोत्रापत्यम् = औपगवः (उपगुका पौत्र वा प्रपौत्र आदि सन्तान) ॥

१०९८ गर्गादिभ्यो यञ् । ४ । १ । १०५ ॥

गोत्रापत्ये ॥

गोत्र-(सू० १०९६) रूप सन्तान-अर्थमें गर्गादि गणपठित शब्दोंसे परे यञ् (य) प्रत्यय होय । गर्गस्य गोत्रापत्यम् = गर्ग+य (सू० १०१४ । २६२) गार्ग्यः (गर्गका पौत्र वा प्रपौत्रादि सन्तान) । वात्स्यः (वत्सका पौत्र वा प्रपौत्रादि सन्तान) ॥

१०९९ यञञोश्च । २ । ४ । ६४ ॥

गोत्रे यञ्यञन्तमञन्तं च तदवयवयोरेतयोर्लुप् स्यात्तल्लुप्ते बहुत्वे न तु स्त्रियाम् ॥

गोत्र-(सू० १०९६) रूप सन्तान-अर्थमें जो यञन्त और अञन्त शब्द तिनके अवयव यञ् (सू० १०९८) और अञ् (सू० १०९२) का लुक् (लोप) हो यदि तन्निमित्तक बहुवचन हो तो, परन्तु-गोत्र-प्रत्ययान्त यदि स्त्रीलिंग हो तो नहीं । गर्गाः (गर्गके पौत्र वा प्रपौत्रादि सन्तान) । वत्साः (वत्सके पौत्र वा प्रपौत्रादि सन्तान) ॥

११०० जीवति तु वंश्ये युवा । ४ । १ । १६३ ॥

वंश्ये पितरौ जीवति पितृव्यादेरपत्ये चतुर्थादि तत्समजमेव स्यात्, न तु गोत्रसमजम ॥

पिता वा पितामह अथवा प्रपितामह इनके जीवित रहते चतुर्थ श्रेणी (पीढी) अर्थात्-प्रपौत्र आदि सन्तानकी युवन-संज्ञा हो गोत्र (सू० १०९६) संज्ञा नहीं ॥

११०१ गोत्रादुन्यस्त्रियाम् । ४ । १ । १४ ॥

अन्यस्मिन्ये गोत्रप्रत्ययान्तादेव प्रत्ययः स्यात् स्त्रियां तु न युवसंज्ञा ॥

यदि युवन (सू० ११००) संज्ञक सन्तान अर्थ प्रत्यय करना हो तो प्रथम गोत्र-(सू० १०९६) रूप सन्तान-अर्थमें प्रत्यय हो जाय, तब उसी पदसे युवनरूप सन्तान-अर्थमें प्रत्यय होय परन्तु-स्त्रीलिंगमें युवन संज्ञा न होय ॥

११०२ यञिञोश्च । ४ । १ । १०१ ॥

गोत्रे यौ यञिञौ तदन्तात्फक् स्यात् ॥

गोत्र (सू १०९६) रूप सन्तान-अर्थमें जो यञन्त तथा इञन्त शब्द तिनसे पर युवन-(सू० ११००) रूप सन्तान-अर्थमें फक् (फ)

१ यहां "गोत्रे" रूप होना चाहिये परन्तु "गोत्रे" रूप होना अशुद्ध है, यह बात न समझ कर ऐसा लिखा है।

प्रत्यय होय । गर्गस्य युवापत्यम् = गार्ग्य+फ (सू० १०९८) ॥

११०३ आयनेयीनीयियः फढखच्छघां प्रत्ययादीनाम् । ७ । १ । २ ॥

प्रत्ययादेः फस्य-आयन्, ढस्य-एय्, खस्य-ईन, छस्य-ईय्, घस्य-इय्, एते स्युः ॥

प्रत्ययकी आदिके फ-कू-आयन्, ढ-कू-एय्, ख-कू-ईन्, छ-कू-ईय्, ध-कू-इय् यह आदेश क्रमसे हों। गार्ग्य+आयन्+अ (सू० १९८। २६२) गार्ग्यायणः (गर्गका प्रपौत्र आदि सन्तान) । दाक्षायणः (दक्षका प्रपौत्र आदि सन्तान) ॥

११०४ अत इञ् । ४ । १ । ९५ ॥

अपत्येऽर्थे ॥

अकारान्तसे परे अपत्य-(सन्तान) अर्थमें इञ् (इ) प्रत्यय हो । दक्ष+इ (सू० १०१४। २६२) दाक्षिः (दक्षका सन्तान)॥

११०५ बाह्वादिभ्यश्च । ४ । १ । ९६ ॥

बाहु-आदि गणपठित शब्दोंसे परभी इञ् (इ) प्रत्यय होय । बाहु+इ(सू० १०१४ । १०९९ । २७) बाह्विः (बाहुका सन्तान)॥ उडुलोमन्+इ (सू० १०१४ । १९३) आडुलोमिः (उडुलोमाका सन्तान) ॥

११०६ (लोम्नोऽपत्येषु बहुष्वकारो वक्तव्यः) ॥

लोमन्-शब्दकू बहुवचनमे अकार आदेश हो, यदि अपत्य-अर्थ होय तो । उडुलोमाः (उडुलोमाके सन्तान) ॥

११०७ अनृष्यानन्तर्ये विदादिभ्योऽञ् । ४ । १ । १०४ ॥

ऐतिह्यानृषयमन्येभ्योऽपत्येऽन्यत्र तु गोत्रेऽञ् स्यात् ॥

विदादिगणपठित जो शब्द ऋषिवाचक न हों तिनसे परे अव्यवहित सन्तानरूप अर्थमें अञ् (अ) प्रत्यय हो, और जो विदादिगणपठित ऋषिवाचक शब्द हैं तिनसे परे गोत्र-(सू० १००६)

रूप सन्तान-अर्थमें अञ् (अ) प्रत्यय होय। विदस्य गोत्रम = विद+अ (मू० १०१४। २६२) वैदः (विद ऋषिका गोत्र)। वैदौ (विद ऋषिके गोत्र)। विदाः (म० १०२९) (विदऋषिके गोत्र)। पुत्रस्यापत्यम = पुत्र+अ (मू० १०१४। २६२) पौत्रः (पुत्रका सन्तान पोता)। पौत्रौ (पुत्रके सन्तान)। पौत्राः (पुत्रके सन्तान)॥ एवं दौहित्रादयः॥ इसीप्रकार दौहित्र-(पुत्रीका सन्तान) आदि शब्दोंकू जानो॥

११०८ शिवादिभ्योऽण। ४। १। ११२॥

अपत्ये॥

शिवादिगण-पठित शब्दोंसे पर अपत्य (सन्तान) अर्थमें अण (अ) प्रत्यय होय। शिव+अ (म० १०१४ । २६२) शैवः (शिवका सन्तान)। गङ्गा अ (म० १०१४। २६२) गाङ्गः (गंगाका सन्तान)॥

११०९ ऋष्यन्धकवृष्णिकुरुभ्यश्च। ४। १। ११३॥

ऋषिभ्य वंशेभ्यु वृष्णिभ्य। ४।३।५५ अणाफल्क। वृष्णिभ्य वासुदेवः। कुरुभ्य नकुल सहदेव॥

ऋषि, अन्धक वंशसंबंधी व्यक्ति, वृष्ण वंशसंबंधी व्यक्ति, कुरु वंशसंबंधी व्यक्ति इनके नामसे पर अण (अ) प्रत्यय होय। ऋषिवाचक नामसे पर-वसिष्ठ+अ (म० १०१४। २६२) वासिष्ठः (वसिष्ठका सन्तान)। विश्वामित्र अ (म० १०१४। २६२) वैश्वामित्रः (विश्वामित्रका सन्तान)। अन्धकवंशसंबंधी व्यक्तिके नामसे पर-इवफल्क अ (म० १०१४। २६२) इवाफल्कः (इवफल्कका सन्तान)। वृष्णिवंश संबंधी व्यक्तिसे वसुदेव+अ = वासुदेवः (वसुदेवका सन्तान)। कुरुवंशसंबंधी व्यक्तिके नामसे-नकुल+अ (मू० १०१४। २६२) नाकुलः (नकुलका सन्तान)। माहदेवः (सहदेवका सन्तान)॥

१११० मातुरुत्संख्यासंभद्रपूर्वायाः । ४ । १ । ११५ ॥

संख्यादिपूर्वस्य मातृशब्दस्य उदादेशः स्यादणप्रत्ययश्च ॥

जिसके पहिले संख्यावाचक शब्द हो वा सम् पहिले हो अथवा भद्र पहिले हो ऐसे मातृ-शब्दको उकार आदेश और अण् (अ) प्रत्यय हो । द्वि+मातृ = (सू० १११०।३५) द्वि+मातुर्+अ (सू० १०१४) द्वैमातुरः (जिसकी दो माता हों = गणेशजी) । षाण्मातुरः (जिसको छः माता हों = कार्त्तिकेय) । सांमातुरः (जिसकी भली माता हो) । भाद्रमातुरः (जिसकी कल्याणी माता हो) ॥

११११ स्त्रीभ्यो ढक् । ४ । १ । १२० ॥

स्त्रीप्रत्ययान्तेभ्यो ढक् स्यात् ॥

स्त्रीप्रत्ययान्त (सू० १३६६) से परे सन्तान अर्थमें ढक् (ढ) प्रत्यय होय । विनता+ढ (सू० ११०३ । १०१४ । २६२) वैनतेयः (विनताका सन्तान = गरुड) ॥

१११२ कन्यायाः कनीन च । ४ । १ । ११६ ॥

चादण् । कानीनो व्यासः कर्णश्च ॥

सन्तान-अर्थमें कन्या-शब्दको कनीन आदेश हो और चकारसे अण् हो । कन्या = कानीन+अ (सू० १०१४ । २६२) कानीनः (अनब्याही स्त्रीका सन्तान = कर्ण और व्यास) ॥

१११३ राजश्वशुराद्यत् । ४ । १ । १३७ ॥

राजन् और श्वशुर शब्दसे पर सन्तान-अर्थमें यत् (य) प्रत्यय होय । परन्तु—॥

१११४ (राज्ञो जातावेवेति वाच्यम्)॥

राजन्-शब्दसे पर जातिकी प्रतीति होय तो यत् (सू० १११३) प्रत्यय होय ऐसा कहना चाहिये । राजन्+य (सू० १११३) ॥

१११५ ये चाभावकर्मणोः । ६ । ४ । १६८ ॥

यादौ तद्धिते परेऽन्त्यस्य प्रकृत्या स्याद्भावकर्मणोः ॥

यकारादि तद्धित प्रत्यय पर रहते शब्दके अन्तका अवयव जो अन् सो स्वाभाविक रहे, परन्तु-भाव तथा कर्म-अर्थमें नहीं । राजन्यः (क्षत्रिय) ॥

जातावेवेति किम् ? ॥

उक्त सू० ११११४ में यह क्यों कहा कि-जातिकी प्रतीतिमें हो यदि यह न कहते तो-॥

१११६ अन् । ६ । ४ । १६७ ॥

अन् प्रकृत्या स्याट्टिणि परे ॥

अण प्रत्यय परे रहते शब्दके अन्तका अवयव अन् प्रकृतिसे रहे । राजन्-अ = राजनः (राजाका सन्तान) । जो विवाहिता स्त्रीसे उत्पन्न न हो । श्वशुर्-य (सू० १११३) श्वशुर्यः (श्वशुरका सन्तान) ॥

१११७ क्षत्राद् घः । ४ । १ । १३८ ॥

क्षत्र शब्दसे पर सन्तान-अर्थमें घ प्रत्यय होय । यहभी जातिमें होता है । क्षत्र-घ (सू० ११०३) क्षत्र-इय (सू० २६२) क्षत्रियः (जो क्षत्री जातिका हो) । अन्यत्र क्षात्रिः (सू० ११०४ । १०१४ । २६२) (क्षत्रीसे उत्पन्न हुआ विजातीय स्त्रीका सन्तान)॥

१११८ रेवत्यादिभ्यष्टक् । ४ । १ । १४६ ॥

रेवती आदि गणपठित शब्दोंसे परे अपत्य-अर्थमें टक् (ठ) प्रत्यय होय । रेवती-ठ ॥

१११९ ठस्येकः । ७ । ३ । ५० ॥

अङ्गात्परस्य ठस्येकादेशः ॥

अङ्गसे परे जो ठ तिसे इक आदेश हो । रेवती-इक-अ (सू० १०१४ । २६२) रैवतिकः (रेवतीका सन्तान) ॥

११२० जनपदशब्दात् क्षत्रियादञ् । ४ । १ । १६८ ॥

जनपदाख्यात्क्षत्रियवाचिनः शब्दादञ् स्यादपत्ये ॥

देशवाची शब्द यदि क्षत्रियवाचक हो तो उससे परे सन्तान-अर्थमें अञ् (अ) प्रत्यय होय । पञ्चाल+अ (मू० १०१४।२६२) पाञ्चालः (पंचालदेशीय क्षत्रियका सन्तान) ॥

११२१ (क्षत्रियसमानशब्दाज्जनपदात्तस्य राजन्यपत्यवत्)॥

क्षत्रियवाची शब्द यदि देशवाचक हो तो उससे परे जिसका राजा इस अर्थमें अपत्यवत् अर्थात् जैसे प्रत्यय अपत्य-अर्थमें होते हैं वैसे प्रत्यय हों । पञ्चालानां राजा=पञ्चाल+अ–पाञ्चालः (पंचाल देशका राजा) ॥

११२२ (पूरोरण् वक्तव्यः) ॥

पूरु-शब्दसे परे अण् (अ) प्रत्यय हो अपत्य-अर्थमें, तथा पूरुदेशका राजा इस अर्थमें । पूरु+अ (मू० १०१४ । १०१५।२७) पौरवः (पुरुका सन्तान वा पुरुदेशका राजा) ॥

११२३ (पाण्डोर्ड्यण्) ॥

पाण्डुशब्दसे परे अपत्य वा राजावाचक अर्थमें ड्यण् (य) प्रत्यय होय । पाण्डु+य (मू० २६१) पाण्ड्यः (पाण्डुका सन्तान वा पाण्डुदेशका राजा) ॥

११२४ कुरुनादिभ्यो ण्यः । ४ । १ । १७२ ॥

कुरु-शब्दसे परे तथा नकारादि शब्दोंसे परे ण्य (य) प्रत्यय हो, अपत्य वा राजा-अर्थमें । कुरु+य (मू० १०१४।१०१५।२९) कौरव्यः (कुरुका सन्तान वा कुरुदेशका राजा) । निषध+य (मू० १०१४ । २६२) नैषध्यः (निषधका सन्तान वा निषधदेशका राजा) ॥

११२५ ते तद्राजाः । ४ । १ । १७४ ॥

अञादयस्तद्राजसंज्ञाः स्युः ॥

अञ्-आदि (मू० ११२०) प्रत्ययोंकी तद्राज संज्ञा हो ॥

११२६ तद्राजस्य बहुषु तेनैवास्त्रियाम् । २ । ४ । ६२॥

बहुष्वर्थेषु तद्राजस्य लुक् तदर्थकृते बहुत्वे नतु स्त्रियाम् ॥

बहुत्व-अर्थकी प्रतीति होय तो तद्राज-संज्ञक (सू० ११२५) प्रत्ययका लुक् (लोप) हो, परन्तु स्त्रीलिंगमें लोप न होय। इक्ष्वाकु+अ+जस् (सू० ११२० । ११२६ । १८९ । २७) इक्ष्वाकवः (इक्ष्वाकु देशके क्षत्रियके सन्तान वा इक्ष्वाकु देशके राजे) । पञ्चाल+अ+जस = पञ्चालाः (पंचाल देशके राजे वा पंचाल देशके क्षत्रियके सन्तान) ॥

११२७ कम्बोजाल्लुक् । ४ । १ । १७५ ॥

अस्मात्तद्राजस्य लुक् ॥

कम्बोज-शब्दसे परे तद्राज (सू० ११२५) संज्ञक प्रत्ययका लोप हो । कम्बोज+अ (सू० ११२०) = कम्बोजः (कम्बोजदेशके राजाका सन्तान वा कम्बोजदेशका राजा) ॥

११२८ (कम्बोजादित्य इति वक्तव्यम्) ॥

ऐसा कहना चाहिये कि कम्बोजसे परे और कम्बोजकी सदृश शब्दोंसे परे तद्राज (सू० ११२५) का लुक् होय । चोलः (चोल देशका राजा) । शकः (शक देशका राजा) । केरलः (केरल देशका राजा) । यवनः (यवनदेशका राजा) ॥

॥ इत्यपत्याधिकारः समाप्तः ॥

अथ चातुरर्थिकाः ।

११२९ तेन रक्तं रागात् । ४ । २ । १ ॥

अण् स्यात् ॥

रंग वाचक तृतीयान्त शब्दसे परे रंगा गया इस अर्थमें अण् (अ) प्रत्यय होय । कषायेण रक्तं = कषाय+अ (सू० १०१४ । २६२) काषायं वस्त्रम् (गेरूसे रंगा गया वस्त्र) ॥

११३० नक्षत्रेण युक्तः कालः । ४ । २ । ३ ॥

अण् स्यात् ॥

नक्षत्रवाची तृतीयान्त-शब्दमे परे युक्त-अर्थमें अण् (अ) प्रत्यय हो, युक्तपदार्थ यदि कालपदार्थ होवे । पुष्येण युक्तं = पुष्य+अ ॥

११३१ (तिष्यपुष्ययोर्नक्षत्राणि यलोप इति वाच्यम्) ॥

नक्षत्रवाचक जो तिष्य तथा तिष्यका पर्यायी जो पुष्य-शब्द तिनके यका लोप हो, अण् परे रहते । पुष्+अ (मू० १०१४) पौषं-अहः (पुष्यनक्षत्रयुक्त दिन) ॥

११३२ लुब्विशेषे । ४ । २ । ४ ॥

पूर्वेण विहितस्य लुप्स्यात्पष्ठिदण्डात्मकस्य कालस्यावान्तरविषयश्चेत्र गम्यते ॥

पूर्व सूत्र (मू० ११३०) से विहित अण्-का लुप् (मू० २११) होय यदि साठ दंडरूपी कालके अन्तर्गत अवयवकी अतिशय प्रतीति न होय तो । अद्य+पुष्य+अ (मू० ११३०।११३१) अद्य पुष्यः (आज पुष्य नक्षत्र है) । यहां अद्य कहनेसे रात्रि वा दिनका विशेष ज्ञान नहीं होता ॥

११३३ दृष्टं साम । ४ । २ । ७ ॥

तेनेत्येव ॥

देखा गया इस अर्थमें तृतीयान्तसे परे अण् (अ) प्रत्यय होय यदि देखा हुआ पदार्थ सामवेद हो तो । वसिष्ठेन दृष्टं साम = वसिष्ठ+अ (मू० १०१४।२६२) वासिष्ठं साम (वसिष्ठ मुनि करके देखा गया सामवेद) ॥

११३४ वामदेवाड्ड्यड्ड्यौ । ४ । २ । ९ ॥

देखा गया इस अर्थमें तृतीयान्त वामदेव-शब्दसे परे ड्यत् (य) और ड्य (य) प्रत्यय हों यदि दृष्टवस्तु सामवेद हो तो । वामदेवेन दृष्टं साम = वाम+य (मू० २६२) वामदेव्यम् (वामदेव मुनि करके देखा गया सामवेद) ॥

११३५ परिवृतो रथः । ४ । २ । १७ ॥

अस्मिन्नर्थेऽण् प्रत्ययो भवति ॥

परिवृत-(लपेटा गया) अर्थमें तृतीयान्तसे परे अण् (अ) प्रत्यय होता है, यदि परिवृत पदार्थ रथ होय तो । वस्त्रेण परिवृतो रथः = वस्त्र+अ (सू० १०१४ । २६२) वास्त्रः (वस्त्रसे लपेटा गया रथ) ॥

११३६ तत्रोद्धृतममत्रेभ्यः । ४ । २ । १४ ॥

उद्धृत-(औरसेसे निकाल उसमें धरा) अर्थमें पात्रवाचक सप्तम्यन्तसे परे अण् (अ) प्रत्यय होता है। शरावे उद्धृतः आदनः = शराव +अ (सू० १०१४।२६२) शारावः (सरइयामें धरा गया भात)॥

११३७ संस्कृतं भक्षाः । ४ । २ । १६ ॥

सप्तम्यन्तादण् स्यात्संस्कृतेऽर्थे यत्संस्कृत भक्षाश्चेत्ते स्यु ॥

संस्कृत- (संस्कार) अर्थमें सप्तम्यन्तसे परे अण् (अ) प्रत्यय हो, यदि संस्कार होनेवाला पदार्थ भक्षण करनेके योग्य हो तो । भ्राष्ट्रपु संस्कृता भक्षाः = भ्राष्ट्र+अ (सू० १०१४ । २६२) भ्राष्ट्राः (भाड़में संस्कार हुए गहे) ॥

११३८ माऽस्य देवता । ४ । २ । २४ ॥

वोह इसका देवता है इस अर्थमें देवतावाचक प्रथमान्तसे परे अण् (अ) प्रत्यय होय । इन्द्रो देवता अस्य इति = इन्द्र+अ (सू० १०१४।२६२) ऐन्द्रं हविः (जिसके इन्द्र देवता हो वोह हवि) । पशुपति+अ (सू०१०१४।२६२) पाशुपतम् (महादेवजीकी हवि) । बृहस्पति+अ (सू० १०१४।२६२) बार्हस्पत्यम् (बृहस्पति देवताकी हवि) ॥

११३९ शुक्राद् घन् । ४ । २ । २६ ॥

वोह इसका देवता है इस अर्थमें प्रथमान्त शुक्रशब्दसे परे घन् (घ) प्रत्यय होय । शुक्र+घ (सू० ११०३) शुक्र+इक+अ (सू० २९२) शुक्रियं (शुक्रदेवताकी जो हवि) ॥

११४० सोमाट्ट्यण् । ४ । २ । ३० ॥

वोढ इसका देवता है इस अर्थमें प्रथमान्त सोम-शब्दसे परे ट्यण् (य) प्रत्यय होय । सोम+य (सू० १०१४ । २६२) सौम्यम् (चन्द्रमा जिसके देवता हो वोढ हवि) ॥

११४१ वाय्वृतुपित्रुषसो यत् । ४ । २ । ३१ ॥

वोढ इसका देवता है इस अर्थमें प्रथमान्त वायु, ऋतु, पितृ और उषस् इन शब्दोंसे परे यत् (य) प्रत्यय होय । वायु+य (सू० १०९५ । २९) वायव्यम (वायु देवताकी जो हवि) । ऋतव्यम (ऋतु देवताकी जो हवि) । पितृ+य ॥

११४२ रीङ् ऋतः । ७ । ४ । २७ ॥

अकृद्व्यकारे असार्वधातुके यकारे स्त्रौ च परे ऋदुदन्ताङ्गस्य रीङादेशः ॥

कृत् (सू० ३३०) भिन्न यकार तथा सार्वधातुक (सू०४३२) से भिन्न यकार परे रहे तो अथवा स्त्रि (सू० १३१५) परे रहते ऋकारान्त अंगको रीङ् (री) आदेश हो । पित्री+य (सू०२६२) पित्र्यम (पितररूप देवताकी जो हवि) । उषस्यम् (प्रातःकालरूप देवताकी जो हवि) ॥

११४३ पितृव्यमातुलमातामहपितामहाः।४।२।३६ ॥

एते निपात्यन्ते ॥

पितृव्य (चचा), मातुल (मामा), मातामह (नाना), पितामह (दादा) यह शब्द निपातन किये जाते हैं ॥

११४४ तस्य समूहः । ४ । २ । ३७ ॥

१ पितुर्भ्रातरि व्यत्=पिताका भाई इस अर्थमें पितृशब्दसे परे व्यत् (व्य) प्रत्यय होता है । पितृ+व्य=पितृव्यः । २ मातुर्डुलच्=माताका भाई इस अर्थमें मातृशब्दसे परे डुलच् (उल) प्रत्यय होय । मातृ+उल (सू० २६९) मातुल । ३ मातापित्रोः पितरि डामहच्=माता और पिताके पिता इस अर्थमें मातृ और पितृशब्दसे परे डामहच् (आमह) प्रत्यय होय । मातृ+आमह (सू० २६९) मातामहः । पितृ+आमह=पितामहः । यह सिद्धान्तकौमुदीका आशय है ।

समूह-अर्थमें षष्ठ्यन्तसे परे अण् (अ) प्रत्यय होय । काकानां समूहः = काक+अ (सू० १०१४।२६२) काकम् (काकोंका समूह)॥

११४५ भिक्षादिभ्योऽण् । ४ । २ । ३८ ॥

समूह-अर्थमें भिक्षा आदि षष्ठ्यन्त शब्दोंसे परे अण् (अ) प्रत्यय होय । भिक्षाणां समूहः = भिक्षा+अ (सू० १०१४ । २६२) भैक्षम् (भिक्षाका समूह) । गार्भिणी+अ (सू० १८६) ॥

इह भस्याढे तद्धिते इति पुंवद्भावे कृते ॥

ढकारभिन्न तद्धित प्रत्यय परे रहते पूर्व भसंज्ञकको पुंवद्भाव हो, इसके अनुसार पुंवद्भाव करने पर—। गर्भिन्+अ । यहां टि-लोप (सू० ९९३) की प्राप्ति होनेपर ॥

११४६ इनण्यनपत्ये । ६ । ४ । १६४ ॥

अनपत्यार्थेऽणि परे इन प्रकृत्या स्यात् ॥

सन्तान-अर्थभिन्न अण प्रत्यय परे रहते जो इन् सो प्रकृतिसे (जैसा हो वैसाही) रहे । गार्भिणम् (सू० १०१४) (गर्भवती स्त्रियोंका समूह) । युवनी+अ = यौवतम् (युवतियोंका समूह) ॥

११४७ ग्रामजनबन्धुसहायेभ्यस्तल् । ४ । २ । ४३॥

तल्लन्ता स्त्रियाम् ॥

ग्राम (गांव), जन (लोक), बन्धु (भ्राता) इन शब्दोंसे परे समूह-अर्थमें तल् (त) प्रत्यय हो । तल-प्रत्ययान्त शब्द स्त्रीलिंग-में होते है । ग्राम+त (सू० १३६६) ग्रामता (ग्रामोंका समूह) । जनता (लोकोंका समूह) । बन्धुता (भ्राताओंका समूह) ॥

११४८ (गजसहायाभ्यां चेति वक्तव्यम्) ॥

ऐसा कहना चाहिये कि—गज (हाथी) और सहाय (सहायक) इन शब्दोंसेभी परे समूह-अर्थमें तल (सू० ११४७) प्रत्यय होय । गजता (हाथियोंका समूह) । सहायता (सहायकोंका समूह) ॥

११४९ (अङ्कः स्वः करणे) ॥

समूह-अर्थमें षष्ठ्यन्त अहन्-शब्दसे परे ख प्रत्यय होय, प्रकृति-प्रत्ययके समूहसे यज्ञ-वाचक हो तौ । अहन्+ख (सू० ११०३) अहन्+ईन्+अ (सू० ९९३) अहीनः (जो यज्ञ अनेक दिनोंसे साध्य हो) ॥

११५० अचित्तहस्तिधेनोष्ठक् । ४ । २ । ४७ ॥

अचित्त (अचेतन), हस्ति (हाथी), धेनु (गौ), षष्ठ्यन्त इन शब्दोंसे परे समूह-अर्थमें ठक् (ठ) प्रत्यय हो । सक्तु+ठ ॥

११५१ इसुसुक्तान्तात्कः । ७ । ३ । ५४ ॥

इस् उस् उक् तान्तात्परस्य ठस्य कः ॥

इस् प्रत्यय जिसके अन्तमें हो वा उस् प्रत्यय जिसके अन्तमें हो अथवा उक् प्रत्याहार जिसके अन्तमें हो तथा तकार जिसके अन्तम हो तिनसे परे जो ठकार तिसे क-आदेश हो । सक्तु+क (सू० १०१४) साक्तुकम् (सतुओंका समूह) । हास्तिकम् (हाथियोंका समूह) । धैनुकम् (गायोंका समूह) ॥

११५२ तदधीते तद्वेद । ४ । २ । ५९ ॥

वोह पढता है तथा वोह जानता है इन अर्थोंमें द्वितीयान्तसे परे अण् (अ) आदि प्रत्यय हों । व्याकरणमधीते वेद वा = व्याकरण+अ । इस अवस्थामें वृद्धि (सू० १०१४) की प्राप्ति हुई, परन्तु—॥

११५३ न य्वाभ्यां पदान्ताभ्यां पूर्वौ तु ताभ्यामैच् । ७ । ३ । ३ ॥

पदान्ताभ्यां यकारवकाराभ्यां परस्य न वृद्धिः, किन्तु ताभ्यां पूर्वौ क्रमादैजागमौ स्तः ॥

पदान्तके यकार तथा वकारसे परे अच्-कू वृद्धि न होय, किन्तु उन यकार वकारसे पहिले ऐ और औ आगम क्रमसे हों । व्+ऐ+या+करण+अ = वैयाकरणः (व्याकरणका पढनेवाला या उसका जाननेवाला) ॥

११५४ क्रमादिभ्यो वुन् । ४ । २ । ६१ ॥

वोह पढता है तथा वोह जानता है इन अर्थोंमें क्रमादि गणान्तर्गत शब्दोंसे परे वुन् (वु) प्रत्यय होय । क्रम+वु (मू० २६२ । ८५०) क्रमकः (वैदिक द्वितीय विकृतिका जाननेवाला) । पदकः (वैदिक प्रथम विकृतिका जाननेवाला) । शिक्षकः (वैदिक षडंगोंमेंसे शिक्षाका जाननेवाला) । मीमांसकः (मीमांसा शास्त्रका जाननेवाला) ॥

११५५ तदस्मिन्नस्तीति देशे तन्नाम्नि । ४ । २ । ६७ ॥

जिस प्रथमान्त-शब्दका अस्ति (है) क्रियाके साथ समानाधिकरण हो तिससे परे अस्मिन् (इसमें) के अर्थमें अण्-आदिक प्रत्यय हों, यदि सिद्ध होनेवाला शब्द तन्नामक देशवाची हो तौ । उदुम्बराः सन्त्यस्मिन्देशे = उदुम्बर+अ (मू० १०१४ । २६२) औदुम्बरो देशः (जिसमें गूलरके वृक्ष हों वोह देश) ॥

११५६ तेन निर्वृत्तम् । ४ । २ । ६८ ॥

बनाया गया इस अर्थमें तृतीयान्तसे परे अण्-आदि प्रत्यय होंय कुशाम्बेन निर्वृत्ता नगरी = कुशाम्ब+अ (मू० १०१४ । २६२) कौशाम्बी (मू० १३६६) (कुशाम्बराजा द्वारा बनायी गयी नगरी) ॥

११५७ तस्य निवासः । ४ । २ । ६९ ॥

षष्ठ्यन्त-शब्दसे परे निवास अर्थमें अण्-आदि प्रत्यय हों । शिबीनां निवासः देशः = शिबि+अ (मू० १०१४ । २६२) शैब (शिबि नाम क्षत्रियोंके रहनेका देश) ॥

११५८ अदूरभवश्च । ४ । २ । ७२ ॥

षष्ठ्यन्त-शब्दसे परे अदूर-(निकट) अर्थमें अण्-आदि प्रत्यय हों, सिद्ध होनेवाला शब्द यदि देशवाचक होय तौ । विदिशायाः अदूरभवं नगरं = विदिशा+अ (मू० १०१४ । २६२) वैदिशम (विदिशानगरीके निकटका नगर) ॥

११५९ जनपदे लुप् । ४ । २ । ८१ ॥

जनपदे वाच्ये चातुरर्थिकस्य लुप् ॥

जनपद (देश) की विवक्षा हो तौ चातुरर्थिक प्रत्ययोंका लुप् (लोप) होय । पञ्चालानां निवासो जनपदः = पञ्चाल+अ (सू० ११५७।११५९) पञ्चाल–॥

११६० लुपि युक्तवद्व्यक्तिवचने । १ । २ । ५१ ॥

लुपि सति प्रकृतिवल्लिङ्गवचने स्तः ॥

लुप् (सू० ११५९) हो जानेके अनन्तर प्रकृतिहीका लिंग और वचन हों । पञ्चालाः (पंचालवंशियोंके निवासका देश) । कुरवः (कुरुवंशवालोंके निवासका देश) । अङ्गाः (अंगवंशवालोंके निवासका देश) । वङ्गाः (बंगालियोंके निवासका देश = बंगाल) । कलिङ्गाः (कलिंगोंके निवासका देश) ॥

११६१ वरणादिभ्यश्च । ४ । २ । ८२ ॥

अजनपदार्थं आरम्भः ॥

वरणादि गणपठित शब्दोंसे परे जो प्रत्यय तिनका लुप् होय । यह सूत्र देशवाचक शब्दोंसे भिन्न शब्दोंके अर्थ है । वरणानामदूरभवं नगरं–वरणाः (सू० १।६०) (जो वरणोंके निकट नगर हो) ॥

११६२ कुमुदनडवेतसेभ्यो ड्वतुप् । ४ । २ । ८७ ॥

कुमुद (बबूला), नड (नरकट), वेतस (बेंत) इन शब्दोंसे परे ड्वतुप् (मतु = मत्) प्रत्यय होय । कुमुद+मत् (सू०२६९) ॥

११६३ झयः । ८ । ३ । १२ ॥

झयन्तान्मतोर्मस्य वः ॥

झयन्तसे परे मतुप् (सू० ११६२) के म-कू व होय । कुमुद्+वत् (सू० ३१८।२००।२४।१९८) कुमुद्वान् (जहां बबूले हों) । नड्वान् (जहां नरकट हों) । वेतस्+मत् ॥

११६४ मादुपधायाश्च मतोर्वोऽयवादिभ्यः । ८।२।९ ॥

मवर्णावर्णान्तान्मवर्णावर्णोपधाच्च यवादिवर्जितात्तस्य मतोर्मस्य वः ॥

यवादिगणको छोडकर जिसके अन्तमें अथवा उपधामें मकार वा अकार हो तिससे परे जो मतु (सू० ११६२) तिसके म-कू व होय । वेतस्वान् (जिसमें वेत हो) ॥

११६५ नडशादाड्वलच् । ४ । २ । ८८ ॥

नड (नरकट), शाद (घास) इन शब्दोंसे परे ड्वलच् (वल) प्रत्यय होय । नड+वल (सू० २६९) नड्वलः (नरकटसे पूर्ण देश) । शाद्वलः (घासपूर्ण देश) ॥

११६६ शिखाया वलच् । २ । ४ । ८९ ॥

शिखा शब्दसे परे चार अर्थोंमें वलच् (वल) प्रत्यय होय । शिखा+वल = शिखावलः (मयूर) ॥

॥ इति चातुरर्थिकाः ॥

अथ शैषिकाः ।

११६७ शेषे । ४ । २ । ९२ ॥

अपत्यादिचतुरर्थ्यन्तादन्योर्थः शेषस्तत्राणादय स्युः ॥

अपत्य-(सू० १०९४) अर्थसे लेकर सू० ११५५ पर्यन्त जो चार अर्थोंसे भिन्न अर्थ शेष कहात है तिनमेभी अण्-आदि प्रत्यय हो । जैसे–चक्षुषा गृह्यते = चक्षुष्+अ (सू० १०१४) चाक्षुषं रूपम् (जो नेत्रसे जाना जाय–रूप) । श्रावणः (सू० १०१४ । २६२) शब्दः (जो कानसे सुना जाय–शब्द) । औपनिषदः (सू० १०१४) पुरुषः (जो उपनिषदसे जाना जाय–आत्मा) । दृषदि पिष्टा दार्षदाः (सू० १०१४) सक्तवः (जो चक्कीमें पीसे जांय–सत्तु) । चतुर्भिरुह्यते = चातुरं (सू० १०१४) शकटम् (जो चारसे ढोया जाय–छकडा) । चतुर्दश्यां दृश्यते = चातुर्दश[1]

[1] सू० ११५५ । ११५६ । ११५७ । ११५८ । यह चार अर्थ है ।

शं (मू० १०१४।२६२) रक्षः (जो चौदशमें देखा जाय-राक्षस) ।

तस्य विकार इत्यतः प्राक् शेषाधिकारः ॥

इस सूत्रसे लेकर मू० १२१५ के पूर्वपर्यन्त शेष-पदका अधिकार जाता है ॥

११६८ राष्ट्रावारपाराद् घखौ । ४ । २ । ९३ ॥

आभ्यां क्रमाद् घखौ स्तः शेषे ॥

राष्ट्र (देश) और अवारपार (दोनों तट) इन शब्दोंसे परे शेष-अर्थमें क्रमसे घ और ख प्रत्यय हों । राष्ट्रे जातादिः = राष्ट्र+घ (मू० ११०३।२६२) राष्ट्रियः (जो देशमें उत्पन्न हुआ हो इत्यादि) । अवारपार+ख (मू० ११०३।२६२) अवारपारीणः (दोनों तटमें उत्पन्न हुआ आदिक) ॥

११६९(अवारपाराद्विगृहीतादपि विपरीताच्चेति वक्तव्यम्)॥ पारीणः पारावारीणः । इह प्रकृतिविशेषाद् घादयश्च्युटचुलन्ताः प्रत्यया उच्यन्ते तेषां जातादयोर्थाविशेषाः समर्थविभक्तयश्च वक्ष्यन्ते ॥

यह कहना चाहिये कि-अवारपार शब्दके अवयव जो अवार और पार इनका पृथक् २ भी ग्रहण करना तथा-तिनके क्रमको बदलकर अर्थात्-पूर्वको पर और परको पूर्व करकेभी ग्रहण करना चाहिये अर्थात् तौभी उनसे परे ख-प्रत्यय होय । अवार+ख (मू० ११०३।२६२) अवारीणः (इस पारका) । पार+ख = पारीणः (उस पारका) । पारावारीणः (इस पार और उस पारका) ॥ इस प्रकरणमें प्रकृतिविशेषसे परे घ (मू० ११६८) से लेकर च्यु ट्युल् (मू० ११९०) पर्यन्त जो प्रत्यय कहे जाते हैं, तिनके जात (मू० ११९१) आदि अर्थ तथा समर्थका विभक्तियोंके साथ एकार्थीभावका वर्णन आगे करेंगे ॥

११७० ग्रामादखञौ । ४ । २ । ९४ ॥

ग्राम-शब्दसे परे य तथा खञ् (ख) प्रत्यय हों। ग्राम+य (सू० २६२) ग्राम्यः, ग्राम+ख (सू० ११०३।२६२) ग्रामीणः (जो ग्राममें रहता हो) ॥

११७१ नद्यादिभ्यो ढक्। ४। २। ९७ ॥

नदी आदि गणपठित शब्दोंसे परे ढक् (ढ) प्रत्यय होय। नदी+ढ (सू० ११०३।१०९०।२६२) नादेयम् (जो नदीमें हुआ वा जो नदीसे आया)। माहेयम् (भूमिमें जो हुआ)। वाराणसेयम् (जो बनारसमें हुआ) ॥

११७२ दक्षिणापश्चात्पुरसस्त्यक्। ४। २। ९८ ॥

दक्षिणा, पश्चात्, पुरस् इन शब्दोंसे परे त्यक् (त्य) प्रत्यय होय। दक्षिणा+त्य (सू० १०९०) दाक्षिणात्यः (जो दक्षिणमें उत्पन्न हुआ हो)। पाश्चात्यः (जो पश्चिममें उत्पन्न हुआ हो)। पौरस्त्यः (जो पूर्वमें उत्पन्न हुआ हो) ॥

११७३ दिग्प्राग्पागुदक्प्रतीचो यत्। ४। २। १०१ ॥

दिव् (आकाश), प्राच् (पूर्व), अपाच् (दक्षिण), उदच् (उत्तर), प्रतीच् (पश्चिम) इन शब्दोंसे परे यत् (य) प्रत्यय होय। दिव्+य=दिव्यम् (जो स्वर्गमें उत्पन्न हुआ हो)। प्राच्यम् (जो पूर्वमें उत्पन्न हुआ हो)। अपाच्यम् (जो दक्षिणमें उत्पन्न हुआ हो)। उदच्+य (सू०३८०)उदीच्यम् (जो उत्तरमें उत्पन्न हुआ हो)। प्रतीच्यम् (सू० ३७९) (जो पश्चिममें उत्पन्न हुआ हो) ॥

११७४ अव्ययात्त्यप्। ४। २। १०४ ॥

अव्ययसे परे त्यप् (त्य) प्रत्यय होय। परन्तु—॥

११७५ (अमेहक्कतसित्रेभ्य एव) ॥

अमा, इदम्, क से और तसि (सू० १३०९) तथा त्र (सू० १३१४) जिनके अन्तावयव हों तिनसे परेही त्यप् (सू० ११७४)

प्रत्यय हो औरसे परे नहीं । अमा+त्य = अमात्यः (जो साथ रहे = मन्त्री) । इहत्यः (जो यहां हो) । कुत्यः (जो कहां हो) । ततस्त्यः (जो तहां हो) । तत्रत्यः (जो तहां हो) ॥

११७६ (त्यब्नेर्ध्रुव इति वक्तव्यम्) ॥

नि-अव्ययसे परे ध्रुव-(स्थिर) अर्थमें त्यप् (त्य) प्रत्यय होय। नित्यः (जो सदा विद्यमान रहे) ॥

११७७ वृद्धिर्यस्याचामादिस्तद्वृद्धम् । १ । १ । ७३ ॥

यस्य समुदायस्याचां मध्ये आदिर्वृद्धिस्तद् वृद्धसञ्ज्ञम् ॥

जिस समुदायके अचोंका प्रथम अच् वृद्धि-संज्ञक होय उस समुदायकी वृद्ध संज्ञा हो ॥

११७८ त्यदादीनि च । १ । १ । ७४ ॥

वृद्धसञ्ज्ञानि स्युः ॥

त्यद्-आदिक (सू० १७१) शब्दोंकीभी वृद्ध संज्ञा होय । वृद्धसंज्ञाका फल—॥

११७९ वृद्धाच्छः । ४ । २ । ११४ ॥

वृद्ध-संज्ञक शब्दोंसे परे छ प्रत्यय होय । शाला+छ (सू०११०३। २६२) शालीयः (जो शालामें होय) । मालीयः (जो मालामें हो) । तदीयः (जो तिसमें हो) ॥

११८० (वा नामधेयस्य वृद्धसंज्ञा वक्तव्या) ॥

नाम-वाचक शब्दकी विकल्प करके वृद्ध संज्ञा हो ऐसा कहना चाहिये । देवदत्त+छ (सू० ११०३ । २६२) दैवदत्तीयः, देवदत्त+अ (सू० १०१४ । २६२) दैवदत्तः (जो देवदत्तका हो) इत्यादि ॥

११८१ गहादिभ्यश्च । ४ । २ । १३८ ॥

गह-आदि शब्दोंसे परेभी छ प्रत्यय होय । गह+छ (सू०११०३। २६२) गहीयः (जो गुहामें हो) ॥

११८२ युष्मदस्मदोरन्यतरस्यां खञ् च । ४ । ३ । १ ॥

छाच्छः । पक्षेऽण् ॥

युष्मद् और अस्मद्-शब्दसे परे खञ् (ख) प्रत्यय विकल्प करके हो । चकारसे छ-(सू० ११७९) प्रत्ययभी हो । दूसरे पक्षमें अण्-प्रत्यय हो । युष्मद्+ख । अस्मद्+ख ॥

११८३ तस्मिन्नणि च युष्माकास्माकौ । ४ । ३ । २ ॥

युष्मदस्मदोरेतावादेशौ स्तः, खञि अणि च ॥

युष्मद् और अस्मद्-शब्दकू क्रमसे युष्माक और अस्माक आदेश हो, खञ् (सू० ११८२) और अण्-प्रत्यय परे रहते । युष्माक+ख । अस्माक+ख (सू० ११०३ । १०१८ । २६२) यौष्माकीणः (तुम्हारा जो हो) । आस्माकीनः (हमारा जो हो) । युष्मद्+छ । अस्मद्+छ (सू० ११०३) युष्मदीयः (जो तुम्हारा हो) । अस्मदीयः (जो हमारा हो) । युष्मद्+अ । अस्मद्+अ (सू० ११८३) युष्माक+अ । अस्माक+अ (सू० १०१४) यौष्माकः (तुम्हारा जो हो) । आस्माकः (हमारा जो हो) ॥

११८४ तवकममकावेकवचने । ४ । ३ । ३ ॥

एकार्थवाचिनोर्युष्मदस्मदोरेतवकममकौ स्तः खञि अणि च ॥

एक अर्थवाचक युष्मद् और अस्मद् शब्दोंकू तवक और ममक आदेश क्रमसे हो । तवक+ख । ममक+ख (सू० १०१४ । २६२ । ११०३) तावकीनः, तवक+अ (सू० १०१८ । २६२) तावकः (तेरा) । मामकीनः, मामकः (मेरा) । युष्मद्+छ । अस्मद्+छ । इस दशामें—॥

११८५ प्रत्ययोत्तरपदयोश्च । ७ । २ । ९८ ॥

मपर्यन्तयोरेकार्थवाचिनोस्त्वमौ स्तः प्रत्यये उत्तरपदे च परतः ॥

एकार्थ-वाची मपर्यन्त युष्मद् अस्मद् शब्दकू क्रमसे त्व और म आदेश हों यदि कोई प्रत्यय परे हो तो तथा उत्तरपद परे रहते ।

त्व+अद्+छ । म+अद्+छ (मू० ११०३।३०२) त्वदीयः(तेरा) । मदीयः (मेरा) । युष्मद्+पुत्रः । अस्मद्+पुत्रः (मू० ११८५) त्व+अद्+पुत्रः । म+अद्+पुत्रः (मू० ३०२ । ८३) त्वत्पुत्रः (तेरा पुत्र) । मत्पुत्रः (मेरा पुत्र) ॥

११८६ मध्यान्मः । ४ । ३ । ८ ॥

मध्य-शब्दसे परे म प्रत्यय होय । मध्य+म = मध्यमः (बीचका)॥

११८७ कालाट्ठञ् । ४ । ३ । ११ ॥

कालवाचिभ्यष्ठञ् स्यात् ॥

काल-वाचक शब्दोंसे परे ठञ् (ठ) प्रत्यय होय । काल+ठ (मू० १११९ । २६२ । १०१४) कालिकम् (समयका) । मासिकम् (मू० १११९ । २६२ । १०१४) (मासिक) । सांवत्सरिकम् (मू० १११९) (वार्षिक) । सायंप्रात्+ठ (मू०१८६) ॥

११८८ (अव्ययानां भमात्रे टिलोपः) ॥

केवल भसंज्ञक अव्ययोंकी टि-(मू० ४९) का लोप हो । सायंप्रात्+ठ (मू० १११९) सायंप्रातिकः (जो संध्या और प्रातःकालमें होय) । पुनः पुनर्+ठ (मू० ११८८ । १११९।१०१४) पौनःपुनिकः (जो वारंवार हो) ॥

११८९ प्रावृष एण्यः । ४ । ३ । १७ ॥

प्रावृष्-(वर्षाकाल) शब्दसे परे एण्य प्रत्यय हो । प्रावृष्+एण्य = प्रावृषेण्यः (जो वर्षाकालमें होय) ॥

११९० सायंचिरंप्राह्णेप्रगेऽव्ययेभ्यष्टयुटयुलौ तुट् च । ४ । ३ । २३ ॥

सायमित्यादिभ्यश्चतुर्भ्योऽव्ययेभ्यश्च कालवाचिभ्यष्टयुट्युलौ स्तस्तयोस्तुट् च ॥

सायम् (संध्या), चिरम् (बहुतकाल), प्राह्णे (दिनका पूर्वा-

र्घ), प्रगे (प्रातःकाल) इन चार शब्दोंसे परे तथा कालवाचक अव्ययोंसे परे ट्यु (यु), ट्युल् (यु) प्रत्यय हों, और उन प्रत्ययोंको तुट् (त्) आगम होय । सायम्+त्+यु (सू० ८५०) सायंतनम् (जो संध्यामें हो) । चिरंतनम् (जो बहुतकालमें हो) ॥

प्राह्णेप्रगेऽनयोरेदन्तत्व निपात्यते ॥

प्राह्णे और प्रगे इन एकारान्त सिद्ध रूपोंमे एकार निपातन किया है । प्राह्णेतनम् (जो पूर्वाह्नमें उत्पन्न हो) । प्रगेतनम् (जो प्रातःकालमें उत्पन्न हो) । दोषातनम् (जो रात्रिमें होय) ॥

११९१ तत्र जातः । ४ । ३ । २५ ॥

सप्तम्यर्थसमर्थाज्जात इत्यर्थेऽणादयो घादयश्च स्युः ॥

तहां उत्पन्न हुआ इस अर्थमें सप्तम्यन्त समर्थसे परे अण् आदिक और घ आदिक प्रत्यय हों । स्रुघ्ने जातः = स्रुघ्न+अ (सू० १०१४ । २६२) स्रौघ्नः (जो स्रुघ्नदेशमें उत्पन्न हो) । उत्से जातः = उत्स+अ (सू० १०१४ । २६२) औत्सः (जो झरनेमें उत्पन्न हो) । राष्ट्रे जातः = राष्ट्र+घ (सू० ११६८) राष्ट्रियः (सू० ११०३) (जो किसी देशमें उत्पन्न हुआ हो) । अवारपारे जातः = अवारपार+ख (सू० ११६८) अवारपारीणः (सू० ११०३) (जो आरपारमें उत्पन्न हुआ हो) इत्यादिक ॥

११९२ प्रावृषष्ठप् । ४ । ३ । २६ ॥

एण्यापवादः ॥

तहां उत्पन्न हुआ इस अर्थमें प्रावृष्-शब्दसे परे ठप् (ठ) प्रत्यय हो । यह एण्य (सू० ११८९) प्रत्ययका अपवाद है । प्रावृष्+ठ (सू० १११९) प्रावृषिकः (जो वर्षाऋतुमें उत्पन्न हुआ हो) ॥

११९३ प्रायेभवः । ४ । ३ । ३९ ॥

तत्रेत्येव ॥

प्रायः होता है इस अर्थमें सप्तम्यन्तसमर्थसे परे अण्-आदि

प्रत्यय हों। सुघ्ने प्रायेण बाहुल्येन भवति = सुघ्न+अ (मू० १०१४। २६२) सौघ्नः (जो प्रायः सुघ्नदेशमें होता हो) ॥

११९४ सम्भूते। ४। ३। ४१ ॥

संभूत-अर्थमें सप्तम्यन्तसे परे अण्-आदि प्रत्यय हों। सुघ्ने संभवति = सुघ्न+अ (मू० १०१४।२६२) सौघ्नः (सुघ्नदेशमें जिसका सम्भव हो) ॥

११९५ कोशाड्ढञ्। ४। ३। ४२ ॥

कोश (रेशमीकीडोंके रहनेका) इस सप्तम्यन्त समर्थसे ढञ् (ढ) प्रत्यय हो। कोश+ढ (मू० ११०३। १०१४। २६२) कौशेयं वस्त्रम् (रेशमी वस्त्र) ॥

११९६ तत्र भवः। ४। ३। ५४ ॥

तहां हो इस अर्थमें सप्तम्यन्त समर्थसे परे अण्-आदि प्रत्यय हों। सुघ्ने भवः = सुघ्न+अ (मू० १०१४ । २६२) सौघ्नः (जो सुघ्नदेशमें हो) । औत्सः (जो झरनेमें हो) । राष्ट्रियः (जो किसी देशमें हो) ॥

११९७ दिगादिभ्यो यत्। ४। ३। ५४ ॥

तहां हो इस अर्थमें दिश-आदि शब्दोंसे परे यत् (य) प्रत्यय होय। दिश+य = दिश्यम् (जो दिशामें हो) । वर्ग+य (मू० २६२) वर्ग्यम् (जो वर्गमें हो) ॥

११९८ शरीरावयवाच्च। ४। ३। ५५ ॥

तहां हो इस अर्थमें शरीरके अवयववाची शब्दसे परे यत् (य) प्रत्यय हो। दन्त+य (मू० २६२) दन्त्यम् (जो दांतमें हो) । कण्ठ+य = कण्ठ्यं (जो कण्ठमें हो) ॥

११९९ (अध्यात्मादेश्ञिष्यते) ॥

महाभाष्यकारकी यह इच्छा है कि— ध्यात्मआदि सप्तम्यन्त

शब्दोंसे परे भव-(हो) अर्थमें ठञ् (ठ) प्रत्यय होय । अध्यात्मं भवम् = अध्यात्म+ठ (सू० १११९ । १०१४ । २६२) आध्यात्मिकम् (जो आत्मामें हो) ॥ अधिदैव+ठ । इस दशामें—॥

१२०० अनुशतिकादीनाञ्च । ७ । ३ । २० ॥

एषामुभयपदवृद्धिर्भवति णिति किति च ॥

अनुशतिक आदि शब्दोंके पूर्व तथा उत्तर इन दोनों पदोंके आदि अच्को वृद्धि हो, ञित् वा णित् और कित् प्रत्यय परे रहते । आधिदैव+ठ (सू० १११९ । २६२) आधिदैविकम् (जो देवमें हो) । अधिभत+ठ = आधिभौतिकम् (जो पंचभूतमें हो) । इहलोक+ठ = ऐहलौकिकम् (जो इस लोकमें हो) । परलोक+ठ = पारलौकिकम् (जो परलोकमें हो) ॥ आकृतिगणोऽयम् ॥ यह आकृतिगण है ॥

१२०१ जिह्वामूलांगुलेश्छः । ४ । ३ । ६२ ॥

तहां हो इस अर्थमें जिह्वामूल और अंगुल इन सप्तम्यन्त-शब्दोंसे परे छ प्रत्यय हो । जिह्वामूल+छ (सू० ११०३ । २६२) जिह्वामूलीयम् (जो जिह्वाके मूलमें हो) । अंगुलीयम् (जो अंगुलीमें हो)॥

१२०२ वर्गान्ताच्च । ४ । ३ । ६३ ॥

जिसके अन्तमें वर्ग-शब्द हो ऐसे सप्तम्यन्तसमर्थमें परे तहां हो इस अर्थमें छ प्रत्यय हो । कवर्ग+छ (सू० ११०३ । २६२) कवर्गीयम् (जो कवर्गमें हो) ॥

१२०३ तत आगतः । ७ । ३ । ७४ ॥

तहांसे आया इस अर्थमें पञ्चम्यन्त समर्थमें परे अण आदि प्रत्यय हो । सुघ्नादागतः = सुघ्न+अ (सू० १०१४ । २६२) सौघ्नः (जो सुघ्नदेशसे आया हो) ॥

१२०४ ठगायस्थानेभ्यः । ४ । ३ । ७५ ॥

तहांसे आया इस अर्थमें राजाके कर लेनेके स्थानके वाचक पंच-

म्यन्त शब्दोंसे परे ठक् (ठ) प्रत्यय होय । शुल्कशालाया आगतः = शुल्कशाला+ठ (मू० १११९ । २६२ । १०९०) शौल्कशालिकः (शुल्कशाला (चुंगीकी मडइया) से जो आया हो) ॥

१२०५ विद्यायोनिसम्बन्धेभ्यो वुञ् । ४ । ३ । ७७ ॥

तहांसे आया इस अर्थमें विद्यासंबंधवाची और योनि संबंधवाची पंचम्यन्त शब्दोंसे परे वुञ् (वु) प्रत्यय हो । उपाध्याय+वु (मू० ८५० । १०१४ । २६२) औपाध्यायकः (जो उपाध्यायसे आया हो) । पितामह+वु = पैतामहकः (जो पितामहसे आया हो) ॥

१२०६ हेतुमनुष्येभ्योऽन्यतरस्यां रूप्यः । ४ । ३ । ८१ ॥

तहांसे आया इस अर्थमें हेतु वाचक तथा मनुष्यवाचक शब्दोंसे परे विकल्प करके रूप्य प्रत्यय हो । दूसरे पक्षमें छ (मू० ११८१) प्रत्यय हो । समादागतम = सम+रूप्य = समरूप्यम्, सम+छ (मू० ११०३ । २६२) समीयम (तुल्यहेतुसे जो आया हो) । देवदत्त+रूप्य = देवदत्तरूप्यम्, देवदत्त+अ (मू० १०१४ । २६२) दैवदत्तम (देवदत्तसे जो आया हो ॥

१२०७ मयट् च । ४ । ३ । ८२ ॥

तहांसे आया इस अर्थमें हेतुवाचक और मनुष्यवाचक शब्दोंसे परे विकल्पसे मयट् (मय) प्रत्यय होय । सम+मय = सममयम (समानहेतुसे जो आया हो) । देवदत्त+मय = देवदत्तमयम् (देवदत्तसे जो आया हो) ॥

१२०८ प्रभवति । ४ । ३ । ८३ ॥

प्रकाशित होता है इस अर्थमें पंचम्यन्त समर्थसे परे अण्-आदि प्रत्यय हों । हिमवतः प्रभवति = हिमवत+अ (मू० १०१४) हैमवती (मू० १३६८) गङ्गा (जो हिमालयपर्वतसे प्रकाशित हो = गंगाजी) ॥

१२०९ तद्गच्छति पथिदूतयोः । ४ । ३ । ८५ ॥

तहांको जाता है इस अर्थमें द्वितीयान्त-शब्दसे परे अण्-आदि प्रत्यय हों, यदि बोह जानेवाला दूत वा मार्ग हो तौ। सुघ्नं गच्छति = सुघ्न+अ (सू० १०१४।२६२) सौघ्नः-पन्था दूतो वा (दूत वा मार्ग जो सुघ्नदेशकू जाता हो) ॥

१२१० अभिनिष्क्रामति द्वारम् । ४ । ३ । ८६ ॥

सन्मुख निकलता है इस अर्थमें द्वितीयान्त शब्दसे परे अण्-आदि प्रत्यय हों, यदि सन्मुख निकलनेवाला द्वार-वाचक हो तौ। सुघ्नमभिनिष्क्रामति = सुघ्न-अ = सौघ्नं कान्यकुब्जद्वारम् (सुघ्नदेशके सन्मुख जो निकलता है = कान्यकुब्जका द्वार) ॥

१२११ अधिकृत्य कृते ग्रन्थे । ४ । ३ । ८७ ॥

किसी विषयका प्रसंग करके किया इस अर्थमें द्वितीयान्तशब्दसे परे अण्-आदि प्रत्यय हों, जो किया जाय बोह यदि ग्रन्थवाचक होय तौ। शारीरकमधिकृत्य कृतो ग्रन्थः = शारीरक+छ (सू० ११०३।२६२) शारीरकीयः (आत्मविषयक प्रसंग करके निर्मित ग्रंथ) ॥

१२१२ सोऽस्य निवासः । ४ । ३ । ८९ ॥

इसका निवासस्थान इस अर्थमें प्रथमान्तसे परे अण् आदि प्रत्यय हों। सुघ्नो निवासोऽस्य = सुघ्न+अ = सौघ्नः (जिसका निवासस्थान सुघ्नदेश हो) ॥

१२१३ तेन प्रोक्तम् । ४ । ३ । १०१ ॥

कहा गया इस अर्थमें तृतीयान्तसे परे अण्-आदि प्रत्यय हों। पाणिनिना प्रोक्तम = पाणिनि+छ (सू० ११०३।२६२) पाणिनीयम् (पाणिनिमुनि करके कहा गया) ॥

१२१४ तस्येदम् । ४ । ३ । १२० ॥

तिसका यह है इस अर्थमें षष्ठ्यन्तसे परे अण्-आदिक प्रत्यय

हों । उपगोरिदम् = उपगु+अ (सू० १०१४।१०९५।२७) औपगवम (जो उपगुका हो) ॥

॥ इति शैषिकाः ॥

अथ विकारार्थकाः ।

१२१५ तस्य विकारः । ४ । ३ । १३४ ॥

विकार-अर्थमें षष्ठ्यन्त-शब्दसे परे अण्-आदि प्रत्यय होंय । अश्मनो विकारः = अश्मन्+अ ॥

१२१६ (अश्मनो विकारे टिलोपो वक्तव्यः) ॥

अश्मन्-(पाषाण) शब्दकी टिका लोप होय, विकारार्थक प्रत्यय परे रहने । अश्म-अ (सू० १०१४) आश्मः (पाषाणका विकार) । भस्मन्+अ (सू० ९९३।११९६) भस्मनः (भस्मका विकार) । मृत्तिका+अ (सू० १०१४ । २६२) मार्तिकः (मट्टीका विकार) ॥

१२१७ अवयवे च प्राण्योषधिवृक्षेभ्यः । ४।३। १३५ ॥

तद्धितः ॥

प्राणी, औषधि और वृक्षवाचक षष्ठ्यन्त शब्दोंसे परे अवयव-अर्थमें अण्-आदि प्रत्यय हों । चकार कहनेका यह अभिप्राय है कि-विकार-अर्थमेंभी हो । मयूरस्यावयवो विकारो वा = मयूर+अ (सू० १०१४।२६२) मायूरः (मोरका अवयव वा विकार) । मूर्वायाः काण्डं भस्म वा = मूर्वा+अ (सू० १०१४।२६२) मौर्वम् (मूर्वालताका काण्ड वा भस्म) । पिप्पल+अ = पैप्पलम् (पीपलका अवयव वा विकार) ॥

१ प्रकृतिके रूपान्तरको विकार कहते हैं, यथा—दूधका विकार दही होता है ।

२ फल पकने जिसका नाश हो जाता है वह औषधि कहाता है, जैसे-गेहूं पकनेपर डाल नष्ट हो जाती है ।

१२१८ मयड्वैतयोर्भाषायामभक्ष्याच्छादनयोः । ४ । ३ । १४३ ॥

प्रकृतिमात्रान्मयड्वा स्याद्विकारावयवयोः ॥

वैदिकग्रन्थोंसे भिन्न ग्रन्थोंमें प्रातिपदिकमात्रसे परे विकार और अवयव-अर्थमें मयट् (मय) प्रत्यय विकल्प करके हो, परन्तु-विकार और अवयव यदि भोजन और वस्त्रवाचक न हों तो । अश्मन्+मय (सू० १२१६) अश्ममयम् , अश्मन्+अ (सू० १०१४) आश्मनम् (पत्थरका विकार वा अवयव) ॥

अभक्ष्येत्यादि किम् ? मौद्गः-मयः । कार्पासम्-आच्छादनम् ॥

भोजन और वस्त्र-वाचक न हो ऐसा कहनेसे-मुद्ग-अ (सू० १०१४ । २६२) मौद्गः (मूंगका विकार-मूंगकी दाल) । कर्पास+अ=कार्पासम (कपासका विकार-वस्त्र) ॥

१२१९ नित्यं वृद्धशरादिभ्यः । ४ । ३ । १४४ ॥

वृद्ध-संज्ञक (सू० ११७७) और शर-आदि शब्दोंसे परे विकार और अवयव-अर्थमें मयट् (मय) प्रत्यय नित्य होय । आम्र+मय=आम्रमयम (आमका विकार वा अवयव) ॥

१२२० गोश्च पुरीषे । ४ । ३ । १४५ ॥

गोबर-अर्थमें गो-शब्दसे परे मयट् (मय) प्रत्यय होय । गोः पुरीषम्=गो+मय=गोमयम (गौका गोबर) ॥

१२२१ गोपयसोर्यत् । ४ । ३ । १६० ॥

विकार-अर्थमें गो और पयस् (दूध) शब्दोंसे परे यत् (य) प्रत्यय होय । गो+य (सू० २९) गव्यम (गौका विकार) । पयस्+य=पयस्यम (दूधका विकार) ॥

॥ इति प्राग्दीव्यतीयाः ॥

अथ ठगधिकारः ।

१२२२ प्राग्वहतेष्ठक् । ४ । ४ । १ ॥

तद्धर्तीत्यतः प्राक् ठगधिक्रियते ॥

इस सूत्रसे लेकर सू० १२३८ के प्रथमपर्यन्त ठक् प्रत्ययका अधिकार किया जाता है ॥

१२२३ तेन दीव्यति खनति जयति जितम् । ४ । ४ । २ ॥

खेलता है, खोदता है, जीतता है, जीता गया इन अर्थोंमें तृतीयान्त-शब्दसे परे ठक (ठ) प्रत्यय होय । अक्षैर्दीव्यति, खनति, जयति, जितं वा = अक्ष+ठ (सू० १११२ । १०९० । २६२) आक्षिकः (पासोंसे खेलता है, खोदता है, जीतता है वा जो वस्तु जीती गयी) ॥

१२२४ संस्कृतम् । ४ । ४ । ३ ॥

संस्कार किया गया इस अर्थमें तृतीयान्त समर्थसे परे ठक् (ठ) प्रत्यय होय । दध्ना संस्कृतम = दधि+ठ (सू० १११९ । १०९० । ११३) दाधिकम् (जिसका दहीमें संस्कार किया गया हो) । माधीचिकम् (जिसका मरीचमें संस्कार किया गया हो) ॥

१२२५ तरति । ४ । ४ । ५ ॥

पार जाता है इस अर्थमें तृतीयान्त-शब्दसे परे ठक् (ठ) प्रत्यय होय । उडुपेन तरति = उडुप ठ (सू० १११० । १०९०) औडुपिकः (बेड़ा करके जो पार जाता है) ॥

१२२६ चरति । ४ । ४ । ८ ॥

[illegible]

जिसकरके जाता है वा खाता है इस अर्थमें तृतीयान्त-शब्दसे परे ठक (ठ) प्रत्यय होय । हास्तिना चरति = हास्तिन+ठ (सू० १११० । १०९० । ११३) हास्तिकः (हाथी करके जो जाता हो) । दध्ना भक्षयति = दाधिकः (सू० १११९ । १०९० । २६२) (दही करके जो खाता हो) ॥

१२२७ संभूय । ४ । ४ । ९ ॥

मिलाया गया इस अर्थमें तृतीयान्तसे परे ठक् (ठ) प्रत्यय होय। दध्ना संसृष्टम् = दाधिकम (दही करके मिलाया गया) ॥

१२२८ उञ्छति। ४। ४। ३२ ॥

बीनता है इस अर्थमें द्वितीयान्तसे परे ठक् (ठ) प्रत्यय होय। बदराणि उञ्छति = बदर+ठ (म० १११९।१०९०।२६२) बादरिकः (जो बेर बीनता है) ॥

१२२९ रक्षति। ४। ४। ३३ ॥

रक्षा करता है इस अर्थमें द्वितीयान्त-शब्दसे परे ठक् (ठ) प्रत्यय होय। समाजं रक्षति = समाज+ठ (म० १११९।१०९०।२६२) (जो समाजकी रक्षा करता है) ॥

१२३० शब्ददर्दुरं करोति। ४। ४। ३४ ॥

शब्द करता है और दर्दुर करता है इन अर्थोंमें द्वितीयान्त शब्द और दर्दुर-शब्दोंसे परे ठक् (ठ) प्रत्यय होय। शब्दं करोति = शब्द+ठ (म० १११९।१०९०।२६२) शाब्दिकः (जो शब्द करता है)। दर्दुरं करोति = दार्दुरिकः (जो मेंडक करता है) ॥

१२३१ धर्मं चरति। ४। ४। ४१ ॥

धर्म आचरण करता है इस अर्थमें द्वितीयान्त धर्म-शब्दसे परे ठक् (ठ) प्रत्यय होय। धर्मं चरति = धर्म+ठ (म० १११९। १०९०।२६२) धार्मिकः (जो धर्म आचरण करता है) ॥

१२३२ (अधर्माच्चेति वक्तव्यम्) ॥

यह कहना चाहिये कि—अधर्म आचरण करता है इस अर्थमें द्वितीयान्त अधर्म-शब्दसे परे ठक् प्रत्यय होय। अधर्म+ठ = अधार्मिकः (जो अधर्म आचरण करता है) ॥

१२३३ शिल्पम्। ४। ४। ५५ ॥

हस्तकौशल इस अर्थमें प्रथमान्तसे परे ठक् (ठ) प्रत्यय होय।

मृदङ्गवादनं शिल्पमस्य = मृदङ्ग+ठ (मु० १।१।९।१०९०।२६२) मार्दङ्गिकः (जिसका मृदंग बजानेमें हस्तकौशल होय) ॥

१२३४ प्रहरणम् । ४ । ४ । ७७ ॥

इसका प्रहरण इस अर्थमें प्रथमान्तसे परे ठक् (ठ) प्रत्यय होय । असिः प्रहरणमस्य = असि+ठ (मु० १।१।९।१०९०।२६२) आसिकः (खड्गधारी) । धनुष्+ठ (मु० १।१।१ । १०९०) धानुष्कः (धनुषधारी) ॥

१२३५ शीलम् । ४ । ४ । ६१ ॥

स्वभाव-अर्थमें प्रथमान्तसे परे ठक् (ठ) प्रत्यय होय । आपणभक्षणं शीलमस्य = आपण+ठ (मु० १।१।९।१०९०।२६२) आपणिकः (जिसका मालपुए खानेका स्वभाव हो) ॥

१२३६ निकटे वसति । ४ । ४ । ७३ ॥

निकट वसता है इस अर्थमें सप्तम्यन्त निकट-शब्दसे परे ठक् (ठ) प्रत्यय होय । निकटे वसति = निकट+ठ (मु० १।१।९।१०९०। २६२) नैकटिको भिक्षुकः (जो निकट वसता है-भिखारी) ॥

॥ इति ठगधिकारः ॥

अथ प्राग्दीव्यतीयाः ।

१२३७ प्राग्दीव्यतोऽण् । ४ । ४ । ७५ ॥

तस्मै हितमित्यत्र प्राग् यदधिक्रियते ।

इस सूत्रसे लेकर सू० १२४६ के पूर्व पर्यन्त यत्-प्रत्ययका अधिकार किया जाता है ॥

१२३८ तदर्हति रथयुगप्रासङ्गम् । ४ । ४ । ७६ ॥

उसे ले जाता है इस अर्थमें द्वितीयान्त रथ, युग और प्रासंग इन शब्दोंसे परे यत् (य) प्रत्यय होय जो ले जाया जाय, वोह य-

दि रथ वा युग या प्रासङ्ग होय तौ। रथं वहति=रथ+य (सू० २६२) रथ्यः (जो रथ ले जाता है)। युग्यः (सू०२६२) (जो जुआ ले जाता है)। प्रासङ्ग्यः (जो अडगडा ले जाता है)॥

१२३९ धुरो यड्ढकौ। ४। ४। ७७॥

ले जाता है इस अर्थमें द्वितीयान्त धुर्-शब्दसे परे यत् (य) और ढक् (ढ) प्रत्यय होंय। धुरं वहति=धुर्+य (सू० ६६५। ७३८) धुर्यः, धुर्+ढ (सू० १०१४। ११०३) धौरेयः (जो बोझा ले जाता है)॥

१२४० नौवयोधर्मविषमूलमूलसीतातुलाभ्यस्तार्यतुल्यप्राप्यवध्यानाम्यसममितसम्मितेषु। ४। ४। ९३॥

नौ (नाव), वयस् (आयु), धर्म (धर्म), विष (विष), मूल (जड), मूल (मोल लिया हुआ), सीता (हलकी अनी-फल), तुला (तराजू) इन तृतीयान्त शब्दोंसे परे यत् (य) प्रत्यय हो, यदि सिद्ध होनेवाले शब्द क्रमसे आगे लिखे शब्दोंमें वर्ते तौ-तार्य (तरने योग्य), तुल्य (समान), प्राप्य (प्राप्त होनेके योग्य), वध्य (मारनेके योग्य), आनाम्य (नम्र करनेके योग्य), सम (सदृश), समित (समान किया गया), सम्मित (तोला गया)। नावा तार्यम्=नौ+य (सू० २९)नाव्यम्(नौका करके तरने योग्य)। वयसा तुल्यः=वयस्+य=वयस्यः (आयु करके जो समान हो)। धर्मेण प्राप्यम्=धर्म+य (सू० २६२) धर्म्य (जो धर्म करके प्राप्त होनेके योग्य हो)। विषेण वध्यः=विष्यः (सू० २६२) (जो विष करके मारनेके योग्य है)। मूलेन आनाम्यः=मूल्यम् (जो जडकरके नम्र करनेके योग्य हो)। मूलेन समो=मूल्यः (मोल लियेके सदृश)। सीतया समितं=सीत्यं (सू० २६२) क्षेत्रम् (हलके फलसे समान किया खेत)। तुलया समितम्=तुल्यम् (तराजूसे तोला गया)॥

१२४१ तत्र साधुः । ४ । ४ । ९८ ॥

निपुण-(चतुर) अर्थमें सप्तम्यन्त समर्थसे परे यत् (य) प्रत्यय होय। अग्रे साधुः = अग्र+य (सू० २६२) अग्र्यः (अगाडीमें जो चतुर हो)। सामसु साधुः = सामन+य = सामन्यः (जो सामवेदमें निपुण है)। कर्मन्+य = कर्मण्यः (कर्ममें जो निपुण हो)। शरण्यः (शरण देनेमें जो निपुण हो) ॥

१२४२ सभाया यः । ४ । ४ । १०५ ॥

निपुण-अर्थमें सप्तम्यन्त सभा-शब्दसे परे यत् (य) प्रत्यय होय। सभासु साधुः = सभा+य (सू० २६२) सभ्यः (जो सभामें निपुण हो) ॥

॥ इति यतोऽवधिः ॥

अथ छयतोरधिकारः ।

१२४३ प्राक् क्रीताच्छः । ५ । १ । १ ॥

तेन क्रीतमित्यत प्राक् छ्वोऽधिक्रियते ॥

इस सूत्रसे लेकर सू० १२५७ के पूर्वपर्यन्त छ-प्रत्ययका अधिकार किया जाता है ॥

१२४४ उगवादिभ्यो यत् । ५ । १ । २ ॥

उवर्णान्तादवादिभ्यश्च यत् स्यात् । छस्यापवादः ॥

उकारान्त और गो-आदि शब्दोंसे परे यत् (य) प्रत्यय हो। यह छ सू० १२४३ प्रत्ययका अपवाद है। शङ्कवे हितम् = शंकु-य (सू० १०२५ । २०) शङ्क्यं दारु (शंकुको जो हित हो—काष्ठ)। गो+य (सू० २९) गव्यम् (गौको जो हित है) ॥

१२४५ (नाभि नभश्च) ॥

नाभि-शब्दको नभ-आदेश हो और यत् प्रत्यय होय। नाभि

य = नभ+य (सू० २६२) नभ्यः (नाभिको जो हित हो–धुरी)। नभ्यम् (सू० २६२) (अंजन) ॥

१२४६ तस्मै हितम् । ५ । १ । ५ ॥

हितकारी अर्थमें चतुर्थ्यन्तसे परे छ प्रत्यय हो । वत्सेभ्यो हितो = वत्स+छ (सू० ११०३ । २६२) वत्सीयः गोधुक् (बछडोंके लिये हितकारी–बचा हुआ दूध)॥

१२४७ शरीरावयवाद्यत् । ५ । १ । ६ ॥

शरीरके अवयववाचक चतुर्थ्यन्त शब्दोंसे परे हितकारक अर्थमें यत् (य) प्रत्यय हो । दन्तेभ्यो हितम = दन्त+य (सू० २६२) दन्त्यम् (जो दांतोंका हितकारक हो) । कण्ठ+य = कण्ठ्यम् (जो कंठका हितकारक हो) । नस्+य = नस्यम् (जो नासिकाका हितकारक हो) ॥

१२४८ आत्मन्विश्वजनभोगोत्तरपदात् खः । ५ । १ । ९ ॥

हितकारक अर्थमें चतुर्थ्यन्त आत्मन् तथा विश्वजन शब्दोंसे परे और जिनका उत्तरपद भोग-शब्द हो ऐसे शब्दोंसे परे ख प्रत्यय हो । आत्मने हितम = आत्मन्+ख । यहां टि-लोप (सू० ९२३) की प्राप्ति होनेपर–॥

१२४९ आत्माध्वानौ खे । ६ । ४ । १६९ ॥

एतौ खे प्रकृत्या स्तः ॥

आत्मन् और अध्वन्-शब्द ख प्रत्यय परे रहते यथावत् रहें । आत्मन्+ख (सू० ११०३) आत्मनीनम् (जो अपने अर्थ हितकारक हो) । विश्वजनीनम् (जो सब लोकोंको हितकारक हो)। मातृभोग+ख (सू० ११०३।२६२) मातृभोगिणः (जो माताके सुखके लिये हितकारक हो) ॥

॥ इति छयतोर्धिकारः पूर्णोऽवधिः ॥

अथ ठ्यधिकारः ।

१२५० प्राग्वतेष्ठञ् । ५ । १ । १८ ॥

तेन तुल्यमित्यतः प्राक् ठञ्धिक्रियते ॥

इस सूत्रसे लेकर सू० १२७७ के पूर्वपर्यन्त ठञ्-प्रत्ययका अधिकार किया जाता है ॥

१२५१ तेन क्रीतम् । ५ । १ । ३७ ॥

मोल लिया गया इस अर्थमें तृतीयान्त समर्थसे परे ठञ् (ठ) प्रत्यय हो । सप्तत्या क्रीतम् = सप्तत+ठ (सू० १११९ । १०९० । २६२) सांप्ततिकम् (जो सत्तर करके मोल लिया गया हो) । प्रस्थ+ठ = प्रास्थिकम् (प्रस्थपरिमित धान्यादिसे मोल लिया गया)॥

१२५२ तस्येश्वरः । ५ । १ । ४२ ॥

सर्वभूमि पृथिवीभ्यामणञौ वक्तव्यौ ॥

सर्वभूमि और पृथिवी इन षष्ठ्यन्त शब्दोंसे परे ईश्वर-अर्थमें क्रमसे अण् (अ) और अञ् (अ) प्रत्यय हो । सर्वभूमेरीश्वरः = सर्वभूमि+अ (सू०१२००।२६२) सार्वभौमः (सम्पूर्ण भूमिका ईश्वर) । पृथिवी+अ (सू० १०१४।३९।२६२) पार्थिवः (पृथिवीका ईश्वर) ॥

१२५३ षट्त्रिंशतित्रिंशद्वत्वारिंशत्पञ्चाशत्षष्टिसप्तत्यशीतिनवतिशतम् । ५ । १ । ५९ ॥

एते रूढिशब्दा निपात्यन्ते ॥

षट्त्रि (दश वा छन्दविशेष), विंशति (बीस), त्रिंशत् (तीस), चत्वारिंशत (चालीस), पञ्चाशत (पचास), षष्टि (साठ), सप्तति (सत्तर), अशीति (अस्सी), नवति (नब्बे), शत (सौ) यह रूढशब्द निपातन किये जाते हैं ॥

१२५४ तदर्हति । ५ । १ । ६३ ॥

लब्धुं योग्यो भवतीत्यर्थे द्वितीयान्तात्ठञादयः स्युः ॥

लेनेको योग्य है इस अर्थमें द्वितीयान्तसे परे ठञ् (ठ) आदि प्रत्यय हों । श्वेतच्छत्रमर्हति = श्वेतच्छत्र+ठ (मु० ११११।१०१४। २६२) श्वेतच्छत्रिकः (जो श्वेतछत्र लेनेको योग्य हो) ॥

१२५५ दण्डादिभ्यो यत् । ५ । १ । ६६ ॥

एभ्यो यत् स्यात् ॥

योग्य है इस अर्थमें दण्ड आदि शब्दोंसे परे यत् प्रत्यय हो । दण्डमर्हति = दण्ड+य (मु०२६२) दण्ड्यः (जो दण्डके योग्य है) । अर्घ्यः (जो पूजाके योग्य है) । वध्यः (जो मारनेके योग्य हो) ॥

१२५६ तेन निर्वृत्तम् । ५ । १ । ७९ ॥

निष्पन्न-अर्थमें तृतीयान्त-समर्थसे परे ठञ् (ठ) प्रत्यय होय । अह्ना निर्वृत्तम = अहन्+ठ (मु० १०१४।१११९।२७५) आह्निकम् (जो एक दिन करके निष्पन्न हो—नित्यकर्म) ॥

॥ इति ठञोऽधिः ॥

अथ नञ्स्नञोरधिकारः।

१२५७ तेन तुल्यं क्रिया चेद्वतिः । ५ । १ । ११५ ॥

तुल्य-अर्थमें तृतीयान्तसे परे वति (वत्) प्रत्यय हो, जिस धर्मके साथ तुलना की जाय, यदि वोह क्रिया होय तो । ब्राह्मणेन तुल्यं = ब्राह्मण+वत् (मु० ४१३) ब्राह्मणवत्-अधीते (वोह ब्राह्मणके तुल्य पढता है) ॥

क्रिया चेदिति किम्? गुणतुल्ये मा भूत्–पुत्रेण तुल्यः स्थूलः ॥

जिसके साथ तुलना की जाय वोह क्रिया हो ऐसा कहनेसे गुणकी तुल्यतामें वति-प्रत्यय नहीं होता । जैसे–पुत्रेण तुल्यः स्थूलः (पुत्रकी तुल्य स्थूल) ॥

१२५८ तत्र तस्येव । ५ । १ । ११६ ॥

तिसकी सदृश वा तिसमें सदृश इन अर्थोंमें सप्तम्यन्त और षष्ठ्यन्तशब्दोंसे परे वति (वत्) प्रत्यय हो । मथुरायामिव = मथुरा+वत् = मथुरावत् सुघ्ने प्राकारः (जैसा मथुरामें वैसाही सुघ्न-देशमें परिकोटा है) । चैत्रस्येव = चैत्र+वत = चैत्रवन्मैत्रस्य गावः (चैत्रकेसी मैत्रकी गायें हैं) ॥

१२५९ तस्य भावस्त्वतलौ । ५ । १ । ११९ ॥

प्रकृतिजन्यबोधे प्रकारो भावः । स्यान्तं लुप्तम् ॥

तिसका भाव इस अर्थमें षष्ठ्यन्त-समर्थसे परे त्व और तल् (त) प्रत्यय हों । प्रकृतिजनितबोधमें विशेषरूपका भाव कहते हैं । त्व-प्रत्ययान्त शब्द नपुंसकलिंग होता है । गोर्भाव = गो+त्व = गोत्वम्, गोता (गायका धर्म) ॥

१२६० आ च त्वात् । ५ । १ । १२० ॥

ब्राह्मणस्त्व इत्यतः प्राक् त्वतलावधिक्रियेते । अपवादैः सह समाप्तिरर्थ एषितव्यः । चकारो नञ्सुभ्यामपि समाप्तिरर्थः ॥

" ब्राह्मणस्त्वः " इस अष्टाध्यायीके पूर्वपर्यन्त त्व और तल् प्रत्ययका अधिकार किया जाता है । यह सूत्र अपवाद प्रत्ययोंके साथ व्यवहारके अर्थ किया गया है । चकारसे यह आशय है कि नञ् और सुञ् (सू० १०९३) प्रत्ययोंकी समान इनका प्रयोग होय । स्त्रियाः भावः = स्त्री+न (सू० १०९३ । १०९४ । १०९८) स्त्रैणम्, स्त्रीत्वम्, स्त्री-त (सू० १३६६) स्त्रीता (स्त्रीका धर्म) । पुंस्+न (सू० १०९३) पौंस्नम्, पुंस्त्वम्, पुंस्ता (पुरुषका धर्म)॥

१२६१ पृथ्वादिभ्य इमनिज्वा । ५ । १ । १२२ ॥

वायुवचनमणादिसमावेशार्थम् ॥

भाव-अर्थमें पृथु-आदि षष्ठ्यन्त प्रातिपदिकोंसे परे विकल्प करके इमनिच् (•इमन्) प्रत्यय होय । वा-ग्रहण अण्-आदि प्रत्ययोंके समावेशके अर्थ है । पृथोर्भावः = पृथु+इमन ॥

१२६२ र ऋतो हलादेर्लघोः । ६ । ४ । १५१ ॥

हलादेर्लघोर्ऋकारस्य रः स्यात् इष्ठेमेयस्सु परतः ॥

जिसके आदिमें हल् हो ऐसा जो लघु (सू० ४९७) ऋकार तिसको र-आदेश हो इष्ठन्-आदि प्रत्यय परे रहते । परन्तु—॥

" पृथुमृदुभृशकृशदृढपरिवृढानामेव रत्वम् " ॥

पृथु (बडा), मृदु (कोमल), भृश (अत्यन्त), कृश(दुर्बल), दृढ (पुष्ट), परिवृढ (प्रभु) इन्ही शब्दोंके ऋकारको र-आदेश होय । प्रथ्-इमन् ॥

१२६३ टेः । ६ । ४ । १५५ ॥

भस्य टेर्लोपः इष्ठेमेयस्सु ॥

भसंज्ञक टिका लोप होय, इष्ठन (सू० १३२९), इमनिच् (सू० १२६१) तथा ईयसुन् (सू० १३३३) प्रत्यय परे रहते । प्रथ्+इमन् = प्रथिमन्+सु = प्रथिमा, पृथु+अ (सू० १०१४ । १०९५ । २७) पार्थवम (बडेका भाव) । मृदु+इमन = म्रदिमा, मार्दवम (कोमलका भाव—कोमलता) ॥

१२६४ वर्णदृढादिभ्यः ष्यञ्च । ५ । १ । १२३ ॥

चादिमनिच् ॥

भाव-अर्थमें रङ्ग-वाचक तथा दृढ आदिगण-पठित षष्ठ्यन्त शब्दोंसे परे ष्यञ् (य) प्रत्यय होय । चकाराग्रहणसे इमनिच् प्रत्ययभी होता है । शुक्ल+य (सू० १०१४ । २६२) शौक्ल्यम, शुक्लिमा (सू० १२६१) (श्वेतता) । दृढ+य (सू० १०१४ । २६२) दार्ढ्यम, द्रढिमा (सू० १२६१ । १२६२) (दृढता) ॥

१२६५ गुणवचनब्राह्मणादिभ्यः कर्मणि च ।५ । १ । १२४ ॥

चाट्टाचे ॥

गुणवाचक षष्ठ्यन्त-शब्दोंसे और ब्राह्मणआदि षष्ठ्यन्त-शब्दोंसे परे कर्म-अर्थमें ष्यञ् (य) प्रत्यय होय । चकारसे भाव-अर्थमेंभी

हो। जडस्य कर्म भाव वा = जड+य (मु० १०१४ । २६२) जाड्यम् (जड (मूर्ख) का कर्म वा भाव) । मूढस्य कर्म भाव वा = मूढ+य (मु० १०१४ । २६२) मौढ्यम् (मूर्खका भाव वा आचरण) । ब्राह्मण+य (मु० २६२) ब्राह्मण्यम् (ब्राह्मणका कर्म वा भाव) ॥ आकृतिगणोऽयम् ॥ ब्राह्मण आदि शब्द आकृतिगण है ॥

१२६६ सख्युर्यः । ५ । १ । १२६ ॥

भाव और कर्म-अर्थमें षष्ठ्यन्त सखि-शब्दसे परे य प्रत्यय होय । सख्युर्भावः कर्म वा = सखि+य (मु० २६२) सख्यम् (मित्रका भाव वा कर्म–मित्रता) ॥

१२६७ कपिज्ञात्योर्ढक् । ५ । १ । १२७ ॥

भाव और कर्म-अर्थमें षष्ठ्यन्त कपि और ज्ञातिशब्दसे परे ढक् (ढ) प्रत्यय होय । कपि+ढ (मु० ११०३ । १०९० । २६२) कापेयम् (वानरका भाव वा आचरण) । ज्ञाति+ढ (मु० ११०३ । २६२) ज्ञातेयम् (ज्ञातिका भाव वा आचरण) ॥

१२६८ पत्यन्तपुरोहितादिभ्यो यक् । ५ । १ । १२८ ॥

भाव और कर्म-अर्थमें षष्ठ्यन्त पति-शब्दान्त और पुरोहितादि-गणपठित शब्दोंसे परे यक् (य) प्रत्यय होय । सेनापति+य (मु० १०९०।२६२) सैनापत्यम् (सेनापतिका भाव वा कर्म) । पुरोहित+य (मु० १०९०।२६२) पौरोहित्यम् (पुरोहितका भाव वा कर्म)॥

॥ इति नञ्स्नञोरधिकारः ॥

अथ मत्वर्थीयाः ।

१२६९ धान्यानां भवने क्षेत्रे खञ् । ५ । २ । १ ॥

जिस खेतमें धान्य उत्पन्न हों वोह (खेत) वाच्य हो तौ धान्यार्थवाचक षष्ठ्यन्त प्रातिपदिकसे परे खञ् (ख) प्रत्यय होय । यु-

ङानां भवनं क्षेत्रम् = मुङ्+ख (सू० ११०३।१०१४।२६२) मौङ्गीनम् (जिस खेतमें मूंग उत्पन्न हो वोह) ॥

१२७० व्रीहिशाल्योर्ढक् । ५ । २ । २ ॥

उक्त अर्थ (सू० १२६२) में षष्ठ्यन्त व्रीहि और शालि-शब्दोंसे परे ढक् (ढ) प्रत्यय होय । व्रीहि+ढ (सू० ११०३।१०२०।२६२) व्रैहेयम (धान्यकी खेत) । शालि+ढ = शालेयम (सट्टीकी उत्पत्तिका खेत) ॥

१२७१ हैयङ्गवीनं संज्ञायाम् । ५ । २ । २३ ॥

ह्योगोदोहशब्दस्य हियङ्गुरादेशो विकारार्थे खञ्च निपात्यते । दुह्यते इति दोहः क्षीरम् ह्योगोदोहस्य विकारः हैयङ्गवीनं नवनीतम् ॥

हैयङ्गवीनम् यह शब्द संज्ञा अर्थात्—मक्खन-(नैनी, घी) अर्थमें निपातन किया जाता है । ह्योगोदोहशब्दकू तौ हियंगु आदेश और विकार-अर्थमें खञ्-प्रत्ययका निपातन होता है । जो दुहा जाय उसे दोह (दूध) कहते हैं । व्यतीत दिनमें दुहे हुए दूधका विकार हैयङ्गवीन (मक्खन) कहाता है ॥

१२७२ तदस्य संजातं तारकादिभ्य इतच्। ५।२।३६॥

वोह इसके उत्पन्न हुआ इस अर्थमें तारकाआदि प्रथमान्त-शब्दोंसे परे इतच् (इत) प्रत्यय होय । तारकाः संजाता अस्य = तारका+इत (सू० २६२) तारकितं नभः (जिसके तारे उत्पन्न हुए हों—आकाश) । पण्डा संजाता अस्य = पण्डा+इत (सू०२६२) पण्डितः (जिसके सत्यासत्यके विवेककी बुद्धि उत्पन्न हुई हो) ॥ आकृतिगणोऽयम् ॥ यह तारकादि शब्द आकृतिगण है ॥

१२७३ प्रमाणे द्वयसज्दघ्नञ्मात्रचः । ५ । २। ३७ ॥

प्रमाणरूप अर्थमें प्रथमान्त-शब्दसे परे द्वयसच् (द्वयस), दघ्नच् (दघ्न) और मात्रच् (मात्र) प्रत्यय होय । ऊरू प्रमाणमस्य = ऊरु+द्वयस् = ऊरुद्वयसम्, ऊरुदघ्नम्, ऊरुमात्रम् (जिसका प्रमाण जांघभर हो) ॥

१२७४ यत्तदेतेभ्यः परिमाणे वतुप् । ५ । २ । ३९ ॥

यद्, तद् और एतद् शब्दोंसे परे परिमाणरूप अर्थमें वतुप् (वत्) प्रत्यय होय । यत्परिमाणमस्य = यत्+वत् (सू० ३९१) यावत्+सु (सू० ३१८।२००।२४।१९८) यावान् (जिसका जितना परिमाण हो) । तावान् (सू० ३९१।३१८।२००।२४।१९८) (जिसका वोह परिमाण हो) । एतावान् (सू० ३९१।३१८।२००।२४।१९८ (जिसका इतना परिमाण हो) ॥

१२७५ किमिदंभ्यां वो घः । ५ । २ । ४० ॥

आभ्यां वतुप्, वकारस्य घश्च ॥

किम् और इदम्-शब्दसे परे वतुप् (वत्) प्रत्यय हो और वकारकू घ-आदेश हो । किम+वत् । इदम्+वत् = किम्+घ । इदम्+घ (सू० ११०३) ॥

१२७६ इदंकिमोरीश्की । ५ । ३ । ९० ॥

दृग्दृशवतुषु इदम ईश् किमः की ॥

दृक्, दृश् और वत-प्रत्यय परे रहते इदम्-शब्दकू ईश् (ई) और किम शब्दकू की आदेश होय । की+घ । ई+घ (सू० २६२। ११०३) कियान् (कितना) । इयान् (इतना) ॥

१२७७ संख्याया अवयवे तयप् । ५ । २ । ४२ ॥

संख्या-वाचक प्रथमान्त-शब्दोंसे परे अवयव-अर्थमें तयप् (तय) प्रत्यय होय । पञ्च अवयवा अस्य = पञ्चन्+तय (सू० २०१) पञ्चतयम् (जिसके पांच अवयव हों) ॥ द्वि+तय इस अवस्थामें—॥

१२७८ द्वित्रिभ्यां तयस्यायज्वा । ५ । २ । ४३ ॥

द्वि और त्रि इन प्रथमान्त प्रातिपदिकोंसे परे तयकू अयच् (अय) आदेश विकल्पसे होय । द्वि+अय (सू० २६२) द्वयम्, द्वितयम् (जोडा) । त्रि+तय = त्रि+अय (सू० २६२) त्रयम्,

त्रितयम् (जिसके तीन अवयव हों–तिगुना) ॥ उभ+तय (मू० १२७७) ॥

१२७९ उभादुदात्तो नित्यम् । ५ । २ । ४४ ॥

उभशब्दात्तयपोऽयच् स्यात्सचोदात्तः ॥

उभ-शब्दसे परे तयप्-प्रत्ययके स्थानमें आदिउदात्त अयच् (अय) आदेश होय । उभ+अय (मू० २६२) उभयम् (जिसके दो अवयव हों) ॥

१२८० तस्य पूरणे डट् । ५ । २ । ४८ ॥

तिसका पूरण करनेवाला इस अर्थमें प्रथमान्तप्रातिपदिकसे परे डट् (अ) प्रत्यय होय । एकादशानां पूरणः = एकदशन+अ (मू० ९९३) एकादशः (ग्यारहवीं संख्याका पूर्ण करनेवाला–ग्यारहवां) ॥ पञ्चानां पूरणः = पञ्चन्+अ (मू० १२८०) ॥

१२८१ नान्तादसंख्यादेर्मट् । ५ । २ । ४९ ॥

डटो मडागमः ॥

जिस नकारान्त संख्यावाचक शब्दके आदिमें और कोई संख्यावाचक शब्द न हो तिससे परे जो डट् प्रत्यय तिसे मट् (म) का आगम होय । पञ्चन्+म्+अ (मू० ९९३) पञ्चमः (पांच संख्याका पूर्ण करनेवाला–पांचवां) ॥

नान्तात्किम् ? ॥

नकारान्तसे परे डट्-कू मट्-का आगम हो ऐसा कहनेसे । विंशतीनां पूरणः = विंशति+अ (मू० १२८०) ॥

१२८२ तिविंशतेर्डिति । ६ । ४ । १४२ ॥

विंशतेर्भस्य तेरशब्दस्य लोपो डिति परे ॥

भ-संज्ञक (मू० १८६) विंशति-शब्दके ति-शब्दका लोप होय, डित्-प्रत्यय परे रहते । विंश+अ (मू० ३०२) विंशः (बीसवां) । यहां मट् आगम (मू० १२८१) न हुआ ॥

१ 'एकादशस्य' इस निर्देशसे एक-शब्दको दीर्घ हुआ ।

असंख्यादेः किम् ? एकादशः ॥

जिसके आदिमें और कोई संख्यावाचक शब्द न हो(सू०१२८१) ऐसा कहनेसे । एकादशः (ग्यारहवां)। इसमें मट्-आगम(सू०१२८१) न हुआ, क्योंकि—यहां 'एक' शब्द संख्यावाचक 'दश' शब्दकी आदिमें है ॥ षण्णां पूरणः = षष्+अ (सू० १२८०) ॥

१२८३ षट्कतिकतिपयचतुरां थुक् । ५ । २ । ५३ ॥

एषां थुगागमः स्यादिट् ॥

षष्(छः), कति (कितने), कतिपय (कईएक) और चतुर् (चार) इन शब्दोंको थुक् (थ्) आगम हो, इट् प्रत्यय परे रहते । षष्+थ्+अ (सू० ७९) षष्ठः (छै संख्याका पूर्ण करनेवाला—छटा) कति+थ्+अ = कतिथः (कौनसा) ॥

कतिपयशब्दस्यासंख्यावाचकस्यैव ज्ञापकादिट् ॥

यद्यपि कतिपय-शब्द संख्यावाचक नहीं है तथापि इट् प्रत्यय होता है, कारण कि—इट् प्रत्यय परे रहते थुक् (सू०१२८३) विधान किया है, अर्थात्—थुक्-आगमके विधान करनेहीसे ज्ञात होता है कि कतिपय-शब्दसेभी इट्-प्रत्यय होता है। कतिपय+थ्+अ = कतिपयथः (कईएकमें कौनसा) । चतुर्+थ्+अ = चतुर्थः (चौथा) ॥

१२८४ द्वेस्तीयः । ५ । २ । ५४ ॥

इटोऽपवादः ॥

षष्ठ्यन्त द्वि-शब्दसे परे पूरण-अर्थमें तीय प्रत्यय होय । यह इट् (सू० १२८०) का अपवाद है । द्वयोः पूरणः = द्वि+तीय = द्वितीयः (दो संख्याका पूर्ण करनेवाला—दूसरा) ॥

१२८५ त्रेः सम्प्रसारणं च । ५ । २ । ५५ ॥

षष्ठ्यन्त त्रि-शब्दसे परे पूरण-अर्थमें तीय प्रत्यय हो और सम्प्रसारण (सू० २८४) हो । त्रि = तृ+तीय = तृतीयः (तीन संख्याका पूरण करनेवाला—तीसरा) ॥

१२८६ आत्रेयंश्छन्दोऽधीते । ५ । २ । ८४ ॥

श्रोत्रियः । वेत्यनुवृत्तेश्छान्दसः ॥

छन्द (वेद) पढता है इसमें श्रोत्रियन् शब्दका निपात किया जाता है, तिसके अन्तके नकारका लोप (सू० ५) होता है श्रोत्रियः (वेदपाठी) और वा-पदकी अनुवृत्ति करके, छान्दसः (सू० १०१४) वेदपाठी ऐसाभी प्रयोग बनता है ॥

१२८७ पूर्वादिनिः । ५ । २ । ८६ ॥

प्रथमान्त पूर्व-शब्दसे इनि (इन्) प्रत्यय होय यदि अनेन (इसने वा जिसने) इस रूपसे क्रियाके भावकी विवक्षा हो तौ । पूर्वं कृतमनेन = पूर्व+इन् (सू० २६२) पूर्विन+सु (सू० १९८।२००। २०१) पूर्वी (जिसने पहिले किया) ॥

१२८८ सपूर्वाच्च । ५ । २ । ८७ ॥

जिसके प्रथम कोई शब्द हो ऐसेभी प्रथमान्त पूर्व-शब्दसे उक्त अर्थ (सू० १२८७) में इनि (इन्) प्रत्यय होय । कृतं पूर्वमनेन = कृत+पूर्व+इन् = कृतपूर्वी (जिसने पहिले किया) ॥

१२८९ इष्टादिभ्यश्च । ५ । २ । ८८ ॥

इष्ट आदि प्रथमान्त-शब्दोंसे परे उक्त (सू० १२८७) अर्थमें इनि (इन्) प्रत्यय होय । इष्टमनेन = इष्ट+इन् (सू० १९८। २०१) इष्टी (जिसने इच्छा करी) । अधीत+इन = अधीती (जिसने अध्ययन किया) ॥

१२९० तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप् । ५ । २ । ९४ ॥

तिसका यह है वा तिसमें यह है, इस अर्थमें प्रथमान्तसे परे मतुप् (मत्) प्रत्यय होय । गावोऽस्यास्मिन्वा सन्ति = गो+मत्+सु (सू० ३१८ । २४ । १९८) गोमान् (जिसके वा जिसमें गायें हैं)॥ विद्वस्+मत् ॥

१२९१ तसौ मत्वर्थे । १ । ४ । १९ ॥

तान्तसान्तौ भसञ्ज्ञौ स्तो मत्वर्थे प्रत्यये परे ॥

तकारान्त और सकारान्त शब्दोंकी भसंज्ञा हो, जब मतुके अर्थमें कोई प्रत्यय परे हो । विद्वस्+मत् (मू०३९६।१७०।३१८) विदुष्मान् (जिसमें विद्वान् हों) । शुक्लो गुणोऽस्यास्तीति = शुक्ल+मत् (मू० १२९०) ॥

१२९२ (गुणवचनेभ्यो मतुपो लुगिष्टः) ॥

गुणवाचक शब्दोंसे परे मतुप्-प्रत्ययका लुक् महाभाष्यकार पतञ्जलि मुनिको अभिमत है । शुक्लः पटः (जिसमें श्वेतता हो–वस्त्र) । कृष्ण+मत् = कृष्णः (जिसमें कृष्ण (वर्ण) हो) ॥

१२९३ प्राणिस्थादातो लजन्यतरस्याम् । ५ । २ । ९६ ॥

प्राणीमें समवाय-संबंधसे स्थित जो पदार्थ उसके वाचक आकारान्त-शब्दसे परे मतुप् (मू० १२९०) के अर्थमें विकल्प करके लच् (ल) प्रत्यय होय । चूडा+ल = चूडालः, चूडावान् (मू० १२९०) (जिसके प्रशस्त चोटी हो) ॥

प्राणिस्थात् किम् ? शिखावान् दीपः । प्राण्यङ्गादेव, नेह मेधावान् ॥

प्राणीमें स्थित ऐसा कहनेसे, शिखावान् दीपः (शिखावाला दीपक) यहां लच् न हुआ किन्तु मतुप् हुआ है । प्राणीके अंगहीसे परे लच् प्रत्यय होता है, इस हेतु, मेधावान् (जिसको धारणकी बुद्धि हो) इस प्रयोगमें नहीं होता ॥

१२९४ लोमादिपामादिपिच्छादिभ्यः शनेलचः । ५ । २ । १०० ॥

लोम-आदि और पामन्-आदि तथा पिच्छ-आदि शब्दोंसे परे क्रमसे श और न तथा इलच् (इल) प्रत्यय हों ॥

लोमादिभ्यः शः ॥

अर्थात्–लोम-आदि शब्दोंसे परे श प्रत्यय हो । लोमन्+श (मू० २०१) लोमशः, लोमवान् (मू० १२९०) (जिसके देहमें लोम हों) । रोमशः, रोमवान् (जिसके देहमें रुएं हों) ॥

पामादिभ्यो नः ॥

अर्थात्–पामन्-आदि शब्दोंसे परे न प्रत्यय हो। पामन्+न (सू० २०१) पामनः (जिसके खुजली हो)॥

१२९५ (अङ्गात्कल्याणे)॥

प्रथमान्त अङ्ग-शब्दसे परे कल्याण-अर्थमें न (सू० १२९४) प्रत्यय हो। अङ्ग+न (सू० १३६६) अङ्गना (जिसके अङ्ग अच्छे हों–कल्याणी स्त्री)॥

१२९६ (लक्ष्म्या अच्च)॥

प्रथमान्त लक्ष्मी-शब्दसे परे न प्रत्यय हो और लक्ष्मी-शब्दको अकार अन्तादेश हो। लक्ष्मी=लक्ष्म+न (सू० १५८) लक्ष्मणः (कल्याण चिह्न समन्वित)॥

पिच्छादिभ्य इलच्॥

अर्थात्–पिच्छआदि शब्दोंसे परे विकल्प करके इलच् (इल) प्रत्यय होता है। पिच्छ+इल=पिच्छिलः, पिच्छवान (सू०१२९०) (मांड)॥

१२९७ दन्त उन्नत उरच्। ५। २। १०६॥

प्रथमान्त दन्त-शब्दसे परे उन्नत-(ऊंचे) रूप अर्थमें उरच् (उर) प्रत्यय होय। उन्नता दन्ताः सन्त्यस्य=दन्त+उर=दन्तुरः (जिसके दांत ऊंचे हों)॥

१२९८ केशाद्वोऽन्यतरस्याम्। ५। २। १०९॥

प्रथमान्त केश-शब्दसे परे विकल्प करके व प्रत्यय हो। केश+व=केशवः, केशी (सू० १३०१), केशवान (सू० १२९०) (जिसके केश सुन्दर हों)॥

१२९९ (अन्येभ्योऽपि दृश्यते)॥

केश-शब्दके अतिरिक्त और शब्दोंसेभी परे व-प्रत्यय देखा जाता है। जैसे–मणि+व=मणिवः (जिसकी मणी सुन्दर हो)॥

१३०० (अर्णसो लोपश्च)॥

प्रथमान्त अर्णस्-शब्दसे परे व-प्रत्यय हो और सकारका लोप हो। अर्णस् = अर्ण+व = अर्णवः (जिसमें जल हो—समुद्र) ॥

१३०१ अत इनिठनौ। ५। २। ११५ ॥

अदन्त-शब्दोंसे परे मतुप् (सू० १२९०)के अर्थमें इनि (इन्) और ठन् (ठ) प्रत्यय हों। दण्ड+इन् (सू० १९८) दण्डी, दण्ड+ठ (सू० १११९) दण्डिकः (जिसमें दण्ड हो) ॥

१३०२ व्रीह्यादिभ्यश्च। ५। २। ११६ ॥

व्रीहि-आदि शब्दोंसे परेभी इन् और ठन् प्रत्यय हों। व्रीहि+इन् (सू० १९८) व्रीही, व्रीहि+ठ (सू० १११९) व्रीहिकः (जिसमें चावल हों) ॥

१३०३ अस्मायामेधास्रजो विनिः। ५। २। १२१ ॥

जिसके अन्तमें अस्-शब्द हो उस शब्दसे और माया तथा मेधा और स्रज् इन शब्दोंसे परे विनि (विन्) प्रत्यय होय। यशस्+विन् (सू० १९८।२०१) यशस्वी, यशस्वान् (सू० १२९०)(जिसका यश हो)। माया+विन् (सू० १९८।२०१) मायावी (जिसमें माया हो)। मेधावी (जिसमें धारण बुद्धि हो)। स्रज्+विन् (सू० ३३५।१९८।२०१) स्रग्वी (जिसमें माला हो) ॥

१३०४ वाचो ग्मिनिः। ५। २। १२४ ॥

वाच्-शब्दसे परे ग्मिनि (ग्मिन्) प्रत्यय होय। वाच्+ग्मिन् (सू० ३३५।१९८।२०१) वाग्मी (जिसमें वाक्पटुता हो) ॥

१३०५ अर्शआदिभ्योऽच्। ५। २। १२७ ॥

अर्शस्-आदि शब्दोंसे परे अच् (अ) प्रत्यय होय। अर्शोऽस्य विद्यते = अर्शस्+अ = अर्शसः (जिसको बवासीरका रोग हो) ॥ आकृतिगणोऽयम् ॥ यह अर्शस्-आदि शब्द आकृतिगण है ॥

१३०६ अहंशुभमोर्युस्। ५। २। १४० ॥

अहम् और शुभम् इन अव्ययोंसे परे युस् (युः) प्रत्यय होय। अहम्+युः = अहंयुः (अहंकारी)। शुभम्+युः = शुभंयुः (शुभयुक्त)॥

॥ इति मत्वर्थीयाः ॥

अथ स्वार्थिकाः।

१३०७ प्राग्दिशो विभक्तिः। ५। ३। १॥

दिक्शब्देभ्य इत्यतः प्राग्वक्ष्यमाणाः प्रत्यया विभक्तिसंज्ञाः स्युः॥

इस सूत्रसे लेकर "दिक्शब्देभ्यः। ५।३। २७॥" इस सूत्रके पूर्वपर्यन्त जो प्रत्यय आगे कहे जायँगे उनकी विभक्तिसंज्ञा होय॥

१३०८ किंसर्वनामबहुभ्योऽद्व्यादिभ्यः। ५। ३। २॥

किमः सर्वनाम्नो बहुशब्दाच्चेति प्राग्दिशोऽधिक्रियते॥

किम्, सर्वनाम, बहु इन शब्दोंसे परे विभक्ति (सू० १३०७) संज्ञक प्रत्यय हों, परन्तु-जिस सर्वनामकी आदिमें द्विशब्द हो तिससे परे न हों। यह निषेध किम्-शब्दमें प्रवृत्त नहीं होता, कारण की इसका ग्रहण तौ सूत्रमें पृथक्ही किया है। यह अधिकार "दिक्शब्देभ्यः" इस सूत्रके पूर्वपर्यन्त होता है॥

१३०९ पञ्चम्यास्तसिल्। ५। ३। ७॥

पञ्चम्यन्तेभ्यः किमादिभ्यस्तसिल् वा स्यात्॥

किम्-आदि (सू० १३०८) पञ्चम्यन्त शब्दोंसे परे तसिल् (तस्) प्रत्यय विकल्प करके होय। किम्+तस् (सू० १३०७)॥

१३१० कु तिहोः। ७। २। १०४॥

किमः कुः स्यात्तादौ हादौ च विभक्तौ परतः॥

किम्-शब्दकू कु-आदेश हो, तकारादि तथा हकारादि विभक्ति परे रहते। कु+तस् (सू० १२५।११३) कुतः, कस्मात् (सू० २९९) (क्यों वा कहांसे)॥ इदम्+तस् (सू० १३०९)॥

१३११ इदम इश्। ५। ३। ३॥

प्राग्दिशीये परे ॥

इदम्-शब्दकू इश् (इ) आदेश हो, प्राग्दिशीय प्रत्यय परे रहते । इ+तस् (सू० १२५।११३) इतः (इससे वा यहांसे) ॥ एतद्+तस् (सू० १३०९) ॥

१३१२ एतदोऽन् । ५ । ३ । ५ ॥

प्राग्दिशीये परे ॥

प्राग्दिशीय प्रत्यय परे रहते एतद्-शब्दकू अन् (अ) (सू०५८) आदेश होय । अ+तस् (सू० १२५।११३) अतः (इससे वा यहांसे)। अदस् = (सू०२१४।३०२) अद्+तस् (सू० ४००।१२५। ११३) अमुतः (इससे) । यत = (सू०२१४।३०२) य+तस् = यतः (जिससे वा जहांसे) । तत्+तस् (सू० २१४।३०२।१२५। ११३) ततः (तिससे वा तहांसे) । बहु+तस् = बहुतः (बहुतोंसे)॥

द्व्यादेस्तु-द्वाभ्याम् ॥

द्वि-आदि सर्वनामसे परे प्रत्यय नहीं (सू०१३०८) होनेके कारण— द्वि+भ्याम (सू० २१४।१६१) द्वाभ्याम (दोसे) रूप बनता है ॥

१३१३ पर्यभिभ्याञ्च । ५ । ३ । ९ ॥

आभ्यां तसिल् स्यात् ॥

परि और अभि-से परे तसिल् (तस्) प्रत्यय होय । परि+तस् = परितः (चारों ओरसे) । अभि+तस् = अभितः (दोनों ओरसे) ॥

१३१४ सप्तम्यास्त्रल् । ५ । ३ । १० ॥

किम्-आदि (सू० १३०८) सप्तम्यन्तशब्दोंसे परे त्रल् (त्र) प्रत्यय हो । किम्+त्र (सू०१३१०) कुत्र (किसमें वा कहां) । यत्+त्र (सू० २१४।३०२) यत्र (जिसमें वा जहां) । तत्+त्र (सू०२१४। ३०२) तत्र (तिसमें वा तहां) । बहु+त्र = बहुत्र (बहुतोंमें) ॥

१३१५ इदमो हः । ५ । ३ । ११ ॥

त्रलोऽपवादः ॥

सप्तम्यन्त इदम्-शब्दसे परे ह प्रत्यय होय। यह प्रत्यय अल् (मू० १३१४) का अपवाद है। इदम्+ह (मू० १३११) इह (यहां)॥

१३१६ किमोऽत्। ५। ३। १२॥

सप्तम्यन्तात्किमोऽद्वा स्यात्। पक्षे अल्॥

सप्तम्यन्त किम्-शब्दसे परे अत् (अ) प्रत्यय विकल्प करके होय। पक्षान्तरमें अल् (मू० १३१४) प्रत्यय होय। किम्+अ॥

१३१७ क्वाति। ७। २। १०५॥

किमः क्वादेशः स्यादति॥

किम्-शब्दको क्व-आदेश होय अत्-प्रत्यय परे रहते। क्व+अ (मू० २६२) क्व, कुत्र (मू० १३१४।१३१०) (कहां)॥

१३१८ इतराभ्योऽपि दृश्यन्ते। ५। ३। १४॥

पञ्चमीसप्तमीतरविभक्त्यन्तादपि तसिलादयो दृश्यन्ते। दृशिग्रहणाद्भवदादियोग एव॥

पञ्चम्यन्त (मू० १३०९) तथा सप्तम्यन्त (मू० १३१४) को छोडकर औरभी विभक्त्यन्तोंसेभी परे तसिल् आदि प्रत्यय देखनेमें आते हैं। सूत्रमें 'दृश्यन्ते' इस पदके ग्रहण करनेसे विदित होता है कि—भवत्-आदिकोंके योगहीमें प्रत्यय होते हैं। स भवान् वा—तत्+भवान्=तत्+तस् (मू० २१४) ततोभवान् (सो आप)। सभवान् वा तत्रभवान् (सो आप)। तत्रभवन्तं, ततोभवन्तम् (सो तिन आपको)। ऐसेही सदीर्घायुः, ततोदीर्घायुः, तत्रदीर्घायुः (बहुत दिन जीवे)। सदेवानां प्रियः, ततोदेवानां प्रियः, तत्रदेवानां प्रियः, (जो देवताओंको प्रिय हो)। आयुष्मान् (जो बहुत दिन जीवे)। इन शब्दोंके योगमें उक्त प्रत्ययोंका प्रयोग जानना॥

१३१९ सर्वैकान्यकिंयत्तदः काले दा। ५। ३। १५॥

सप्तम्यन्तेभ्यः कालार्थेभ्यः स्वार्थे दा स्यात्॥

कालार्थवाचक सर्व (सब), एक (एक), अन्य (और),

किम् (क्या), यद् (जो), तत् (वोह) इन सप्तम्यन्त शब्दोंसे परे स्वार्थमें दा प्रत्यय हो । सर्वस्मिन्काले = सर्व+दा ॥

१३२० सर्वस्य सोऽन्यतरस्यां दि । ५ । ३ । ६ ॥

दादौ प्राग्दिशीये सर्वस्य सो वा स्यात् ॥

सर्व-शब्दकू स आदेश विकल्प करके हो, दकारादि प्राग्दिशीय प्रत्यय परे रहते । स+दा = सदा, सर्वदा (नित्य) । अन्यदा(और कालमें) । किम्+दा (मू० २९९) कदा (कब) । यत्+दा (मू० २१४ । ३०२) यदा (जब) । तदा (मू० २१४।३०२)(तब)॥

काले किम् ? सर्वत्र देशे ॥

कालार्थ-वाचक कहनेसे, सर्वत्र (मू०१३१४) देशे (सब देशमें) यहां दा-प्रत्यय न हुआ ॥

१३२१ इदमोर्हिल् । ५ । ३ । १६॥

कालाऽर्थे सप्तम्यन्तात् ॥

